# Holy Bible

## *Aionian* Edition®

## बघल्याणी नवां विधान

## Mahasu Pahari Baghlayani Bible

AionianBible.org
The world’s first Holy Bible untranslation
100% free to copy and print
also known as “ The Purple Bible ”

*Holy Bible Aionian Edition ®*

बघल्याणी नवां विधान

Mahasu Pahari Baghlayani Bible

Creative Commons Attribution ShareAlike 4.0 International, 2018-2025
Source text: eBible.org
Source version: 4/25/2025
Source copyright: Creative Commons Attribution ShareAlike 4.0
The Love Fellowship, 2021

Formatted by Speedata Publisher 5.1.9 (Pro) on 6/3/2025
100% Free to Copy and Print
TOR Anonymously
https://AionianBible.org

Published by Nainoia Inc, https://Nainoia-Inc.signedon.net
All profits are given to https://CoolCup.org

We pray for a modern Creative Commons translation in every language
Translator resources at https://AionianBible.org/Third-Party-Publisher-Resources
Report content and format concerns to Nainoia Inc
Volunteer help is welcome and appreciated!

*Celebrate Jesus Christ’s victory of grace!*

# Preface

बघल्याणी at AionianBible.org/Preface

The *Holy Bible Aionian Edition* ® is the world's first Bible *un-translation*! What is an *un-translation*? Bibles are translated into each of our languages from the original Hebrew, Aramaic, and Koine Greek. Occasionally, the best word translation cannot be found and these words are transliterated letter by letter. Four well known transliterations are *Christ*, *baptism*, *angel*, and *apostle*. The meaning is then preserved more accurately through context and a dictionary. The Aionian Bible un-translates and instead transliterates eleven additional Aionian Glossary words to help us better understand God's love for individuals and all mankind, and the nature of afterlife destinies.

The first three words are *aiōn*, *aiōnios*, and *aïdios*, typically translated as *eternal* and also *world* or *eon*. The Aionian Bible is named after an alternative spelling of *aiōnios*. Consider that researchers question if *aiōn* and *aiōnios* actually mean *eternal*. Translating *aiōn* as *eternal* in Matthew 28:20 makes no sense, as all agree. The Greek word for *eternal* is *aïdios*, used in Romans 1:20 about God and in Jude 6 about demon imprisonment. Yet what about *aiōnios* in John 3:16? Certainly we do not question whether salvation is eternal! However, *aiōnios* means something much more wonderful than infinite time! Ancient Greeks used *aiōn* to mean *eon* or *age*. They also used the adjective *aiōnios* to mean *entirety*, such as *complete* or even *consummate*, but never infinite time. Read Dr. Heleen Keizer and Ramelli and Konstan for proofs. So *aiōnios* is the perfect description of God's Word which has *everything* we need for life and godliness! And the *aiōnios* life promised in John 3:16 is not simply a ticket to eternal life in the future, but the invitation through faith to the *consummate* life beginning now!

The next seven words are *Sheol*, *Hadēs*, *Geenna*, *Tartaroō*, *Abyssos*, and *Limnē Pyr*. These words are often translated as *Hell*, the place of eternal punishment. However, *Hell* is ill-defined when compared with the Hebrew and Greek. For example, *Sheol* is the abode of deceased believers and unbelievers and should never be translated as *Hell*. *Hadēs* is a temporary place of punishment, Revelation 20:13-14. *Geenna* is the Valley of Hinnom, Jerusalem's refuse dump, a temporal judgment for sin. *Tartaroō* is a prison for demons, mentioned once in 2 Peter 2:4. *Abyssos* is a temporary prison for the Beast and Satan. Translators are also inconsistent because *Hell* is used by the King James Version 54 times, the New International Version 14 times, and the World English Bible zero times. Finally, *Limnē Pyr* is the Lake of Fire, yet Matthew 25:41 explains that these fires are prepared for the Devil and his angels. So there is reason to review our conclusions about the destinies of redeemed mankind and fallen angels.

The eleventh word, *eleēsē*, reveals the grand conclusion of grace in Romans 11:32. Please understand these eleven words. The original translation is unaltered and a highlighted note is added to 64 Old Testament and 200 New Testament verses. To help parallel study and Strong's Concordance use, apocryphal text is removed and most variant verse numbering is mapped to the English standard. We thank our sources at eBible.org, Crosswire.org, unbound.Biola.edu, Bible4u.net, and NHEB.net. The Aionian Bible is copyrighted with creativecommons.org/licenses/by/4.0, allowing 100% freedom to copy and print, if respecting source copyrights. Check the Reader's Guide and read at AionianBible.org, with Android, and with TOR network. Why purple? King Jesus' Word is royal and purple is the color of royalty! All profits are given to CoolCup.org.

# History

बघल्याणी at AionianBible.org/History

06/21/75 - Two boys, P. and J., wonder if Jesus saves all and pray.
04/15/85 - Aionian Bible conceived as B. and J. pray.
12/18/13 - Aionian Bible announced as J. and J. pray.
06/21/15 - Aionian Bible birthed as G. and J. pray.
01/11/16 - AionianBible.org domain registered.
06/21/16 - 30 translations available in 12 languages.
12/07/16 - Nainoia Inc established as non-profit corporation.
01/01/17 - Creative Commons Attribution No Derivatives 4.0 license added.
01/16/17 - Aionian Bible Google Play Store App published.
07/01/17 - 'The Purple Bible' nickname begins.
07/30/17 - 42 translations now available in 22 languages.
02/01/18 - Holy Bible Aionian Edition® trademark registered.
03/06/18 - Aionian Bibles available in print at Amazon.com.
09/15/18 - Aionian Bible dedicated as J. and J. pray again.
10/20/18 - 70 translations now available in 33 languages.
11/17/18 - 104 translations now available in 57 languages.
03/24/19 - 135 translations now available in 67 languages.
10/28/19 - Aionian Bible nursed as another J. and J. pray.
10/31/19 - 174 translations now available in 74 languages.
02/22/20 - Aionian Bibles available in print at Lulu.com.
05/25/20 - Illustrations by Gustave Doré, La Grande Bible de Tours, Felix Just.
08/29/20 - Aionian Bibles now available in ePub format.
12/01/20 - Right to left and Hindic languages now available in PDF format.
03/31/21 - 214 translations now available in 99 languages.
11/17/21 - Aionian Bible Branded Leather Bible Covers now available.
12/20/21 - Social media presence on Facebook, Twitter, LinkedIn, YouTube, etc.
01/01/22 - 216 translations now available in 99 languages.
01/09/22 - StudyPack resources for Bible translation study.
01/23/22 - Volunteers celebrate with pie and prayer.
02/14/22 - Strong's Concordance from Open Scriptures and STEPBible.
02/14/23 - Aionian Bible published on the TOR Network.
12/04/23 - Eleēsē added to the Aionian Glossary.
02/04/24 - 352 translations now available in 142 languages.
05/01/24 - 370 translations now available in 164 languages.
08/05/24 - 378 translations now available in 165 languages.
08/18/24 - Creative Commons Attribution 4.0 International, if source allows.
10/20/24 - Gospel Primer handout format.
11/24/24 - Progressive Web Application off-line format.
01/28/25 - All profits are given to CoolCup.org.
03/12/25 - 382 translations now available in 166 languages.
05/04/25 - 393 translations now available in 175 languages.
05/27/25 - 462 translations now available in 229 languages.

# Table of Contents

**NEW TESTAMENT**


मत्ती ....................................................11
मरकुस ................................................75
लूका ...............................................117
यूहन्ना ..............................................185
प्रेरितों के काम ....................................237
रोमियों ..............................................305
1 कुरिन्थियों .....................................335
2 कुरिन्थियों .....................................365
गलातियों ..........................................385
इफिसियों ..........................................396
फिलिप्पियों .......................................406
कुलुस्सियों .........................................414
1 थिस्सलुनीकियों ..............................421
2 थिस्सलुनीकियों ..............................428
1 तीमुथियुस .....................................432
2 तीमुथियुस .....................................441
तीतुस ...............................................447
फिलेमोन ..........................................451
इब्रानियों ...........................................453
याकूब ...............................................476
1 पतरस ..........................................484
2 पतरस ..........................................493
1 यूहन्ना ..........................................499
2 यूहन्ना ..........................................507
3 यूहन्ना ..........................................508
यहूदा ...............................................509
प्रकाशित वाक्य ..................................512


**APPENDIX**


Reader's Guide
Glossary
Maps
Destiny
Illustrations, Doré

# NEW TESTAMENT




तेबे यीशुए बोलेया, “ओ पिता! इना खे माफ कर, कऊँकि यो नि जाणदे कि क्या लगी रे करने?”
और तिने चिट्ठिया पायी की तिना रे टाले बांडी ते।
लूका 23:34

# मत्ती

**1** ये यीशु मसीह रे पुर्वजा रे नाओं ए जो राजा दाऊद और अब्राहमो रे वंशो रे
थे। 2 अब्राहमो ते इसहाक ऊआ; इसहाको ते याकूब ऊआ, याकूबो ते यहूदा
और तेसरे ओर बी बऊत पाई ऊए। 3 यहूदा री लाड़ी तामारा ते फिरिस और
जोरह ऊआ, फिरिसो ते हिस्रोन जम्मेया और हिस्रोनो ते एराम ऊआ, 4
एरामो ते अम्मीनादाब ऊआ, अम्मीनादाबो ते नहशोन ऊआ और नहशोनो ते
सलमोन ऊआ। 5 सलमोन और तेसरी लाड़ी राहाबा ते बोअज ऊआ, बोअज
और रूता ते ओबेद ऊआ और ओबेदो ते यिशै ऊआ। 6 यिशै ते दाऊद राजा
जम्मेया। दाऊदो ते सुलेमान तेसा जवाणसा ते ऊआ, जो पईले ऊरिय्याहो
री लाड़ी थी। 7 सुलेमानो ते रहबाम ऊआ, रहबामो ते अबिय्याह ऊआ,
अबिय्याहो ते आसा ऊआ, 8 आसा ते यहोशफात ऊआ, यहोशफातो ते
योराम और योरामो ते उज्जियाह ऊआ। 9 उज्जियाहो ते योताम, योतामो ते
आहाज और आहाजो ते हिजिकिय्याह ऊआ। 10 हिजिकिय्याहो ते मनश्शिह,
मनश्शिहो ते आमोन और आमोनो ते योशिय्याह ऊआ। 11 इस्राएली लोका
खे बेबीलोनो खे बन्दी बणाई की लई जाणे ते पईले योशिय्याहो रे पोते
यकुन्याह और तेसरे पाई ऊए। 12 बन्दी ऊई की बेबीलोनो रे पऊँछाणे ते बाद
यकुन्याहो ते शालतिएल जम्मेया और शालतिएलो रा पोता जरूब्बाबिल
ऊआ। 13 जरूब्बाबिलो ते अबीहूद, अबीहूदो ते इल्याकीम और इल्याकीमो
ते अजोर ऊआ। 14 अजोरो ते सदोक, सदोको ते अखीम और अखीमो ते
इलीहूद ऊआ। 15 इलीहूदो ते इलियाजार, इलियाजारो ते मत्तान और मत्तानो
ते याकूब ऊआ। 16 याकूबो ते यूसुफ ऊआ, जो मरियमा रा लाड़ा था।
मरियमा रे यीशु पवित्र आत्मा ते जम्मेया, जिना खे मसीह बोलेया जाओआ।
17 अब्राहमो ते दाऊदो तक सारिया चौदा पीढ़िया ऊईया और दाऊदो ते
इस्राएलिया खे बाबेलो तक बन्दी बणाई की पऊँछाणे तक चौदा पीढ़िया
ऊईया और बेबीलोनो तक बन्दी बणाई की पऊँछाणे ते मसीह तक चौदा
पीढ़िया ऊईया। 18 एबे यीशु मसीह रा जन्म ईंयां ऊआ, कि जेबे तिना री
आम्मा मरियमा री मंगणी यूसुफो साथे ऊई, तेबे तिना रा ब्या ऊणे ते पईले ई
मरियम पवित्र आत्मा री तरफा ते गर्भवती ऊईगी। 19 तेबे तेसा रा ऊणे
वाल़ा लाड़ा यूसुफ जो तर्मी था, से तेसा खे बदनाम नि करना चाओ था, तिने

आपणे मनो रे सोचेया कि मां ये चुपचाप छाडी देणी। 20 जेबे से एड़ा सोचणे
ई लगी रा था, तेबे प्रभुए रा स्वर्गदूत तेसखे सुपने रे दिशेया और से तेसखे
बोलणे लगेया, "ओ दाऊदो रे वंशो रे यूसुफ! तूँ आपणी ऊणे वाल़ी लाड़ी
मरियमा खे आपणे कअरे ल्याऊणे ते नि डर, कऊँकि जो तेसा रे पेटो रे
बच्चा ए, से पवित्र आत्मा रिया तरफा तेआ। 21 तेसा रे एक पाऊ जमणा, तैं
तेसरा नाओं यीशु राखणा। कऊँकि तेस आपणे लोक तिना रे पापो ते बचाई
देणे।" 22 ये सब कुछ तेबे ऊआ ताकि जो वचन प्रभुए भविष्यबक्ता ते बुलाई
राखे, सेयो पूरे ओ 23 "देखो, एक कुआँरी गर्भवती ऊणी और तेसा रे एक
पाऊ जमणा और तेसरा नाओं इम्मानुएल ऊणा," जेतेरा मतलब ए "परमेशर
आसा साथे ए।" 24 तेबे यूसुफ सयी की उठेया और जिंयाँ ई तेसखे परमेशरो
रे स्वर्गदूते बोलेया था, तिंयाँ ई से आपणी ऊणे वाल़ी लाड़िया खे आपणे
कअरे ली आया 25 और जदुओ तक, तेसा रे पाऊ नि जम्मेया, तदुओ तक
यूसुफ तेसा गे नि गया और तेबे तेसा रे पाऊ जम्मेया और तिने तेसरा नाओं
यीशु राखेया।

**2** हेरोदेस राजे रे राज्य रे बखते जेबे यहूदिया प्रदेशो रे बैतलहम नगरो रे
यीशुए रा जन्म ऊआ, तेबे देखो, पूर्व देशो ते कई ज्योतषी यरूशलेम नगरो रे
आए और पूछणे लगे, 2 "जो यहूदिया रा राजा जम्मी रा, से केई ए? कऊँकि
आसे पूर्वो रे तेसरा तारा देखेया जो तेसरे जन्मो रे बारे रे बताओआ और आसे
तेसगे माथा टेकणे आयी रे।" 3 ये सुणी की हेरोदेस राजा और तेस साथे पूरा
यरूशलेम कबराईगा। 4 तिने लोका रे सब बड़े पुरोईत और शास्त्री कट्ठे कित्ते
और पूछेया, "मसीह रा जन्म केई ऊणा चाईयो?" 5 तिने सबी हेरोदेस राजे
खे बोलेया, "यहूदिया प्रदेशो रे बैतलहम नगरो रे; कऊँकि परमेशरे मीका
भविष्यबक्ते रे जरिए एई अया बोलेया रा 6 "'ओ बैतलहम, जो यहूदा रे
प्रदेशो रे, तूँ किंयाँ बी यहूदा रे अधिकारिया रे सबी ते छोटा निया; कऊँकि तां
बीचा ते एक राज करने वाल़ा निकल़ना जो मेरी प्रजा इस्राएलो रा रखवाल़ा
ऊणा।'" 7 तेबे हेरोदेसे ज्योतषी चोरिए जे बुलाए और तिना ते पूछेया कि
तारा ठीक केस बखते दिशेया था? 8 तिने ये बोली की सेयो बैतलहमो खे
पेजे, "जाओ, और जाई की तेस बच्चे रे बारे रे ठीक-ठीक पता करो। जेबे से
मिली जाओगा, तो आईकि मांगे बताओ, ताकि आऊँ बी आईकि तेसगे माथा

टेकी सकूँ।”  9 सेयो राजे री गल्ल सुणी की चली गे और देखो, जो तारा तिने
पूर्वो रे देखेया था, से तिना ते आगे-आगे चलणे लगेया और जेती बच्चा था,
तेती जाई की रुकी गा।  10 तेस तारे खे देखी की सेयो बऊत खुश ऊए।  11
तेबे सेयो तेस कअरो रे पऊँछे और तिने बच्चा तेसरी माए मरियमा साथे
देखेया, तेबे तिने मुंओ रे पारे लेटी की यीशुए गे माथा टेकेया और आपणा-
आपणा चोल़ा खोलेया और सुईना, लोबान और गन्धरसो री पेंट चढ़ाई।  12
तेबे सुपने रे तिना खे ये आज्ञा मिली कि हेरोदेस राजे गे फेर नि जाणा, तेबे
सेयो दुजिया बाटा रिये आपणे देशो खे चली गे।  13 तिना ज्योतषिया रे चली
जाणे ते बाद परमेशरो रे एक स्वर्गदूते यूसुफो खे सुपने रे दिशणे ते बाद
बोलेया, “उठ, और एस बच्चे और एसरी माया खे लयी की मिस्र देशो खे
नठी जा और जदुओ तक आऊँ ताखे नि बोलूँ, तदुओ तक तेथी रणा, कऊँकि
हेरोदेस राजा एस बच्चे खे काणा चाओआ और से एसखे टोल़ने लगी रा।”
14 तेबे से रातो-रात उठेया और बच्चे और बच्चे री माया खे लई की मिस्र
देशो खे चली गा।  15 जदुओ तक हेरोदेस नि मरेया, तदुओ तक से तेथी रया,
ताकि जो वचन प्रभुए होशे भविष्यबक्ता ते बुलाई राखे, सेयो पूरे ओ कि,
“मैं आपणा पाऊ मिस्र देशो ते बुलाया।”  16 जेबे हेरोदेसो खे पता चलेया
कि ज्योतषिये आऊँ ठगी ता, तेबे तेसखे बड़ा पारी रोष आया। तेबे तिने
ज्योतषिया रे जरिए सई बखत पूछे रे मुताबिक आपणे मांणू बैतलहम और
नेड़े-तेड़े पेजे और जो दो साला रे पाऊ थे और तिना ते छोटे थे, कुल़ाई ते।  17
तेबे जो वचन यिर्मयाह भविष्यबक्ते बोलेया था, से पूरा ऊआ;  18 “रामाह
नगरो रे बड़िया-पारी राड़िया सुणिया, रोणा और शोग; राहेल आपणे बच्चेया
खे रोणे लगी री थी और चुप नि ऊणा चाओ थी, कऊँकि तिना रे बच्चे काईते
थे।”  19 हेरोदेसो रे मरने ते बाद, परमेशरो रे स्वर्गदूते मिस्र देशो रे यूसुफो खे
सुपने रे बोलेया  20 “उठ और बच्चे और तेसरी आम्मा खे लई की इस्राएल
देशो खे चली जा, कऊँकि जो बच्चे खे काणा चाओ थे, सेयो तो मरी गे।”  21
से उठेया और बच्चे और तेसरी आम्मा खे साथे लई की इस्राएल देशो खे
आईगा।  22 पर जेबे तिने सुणेया कि हेरोदेसो री जगा पाँदे एबे तेसरा पाऊ
अरखिलाऊस यहूदिया प्रदेशो रे राज्य लगी रा चलाणे, तो से तेती जाणे ते
डरीगा। तेबे सुपने रे तेसखे चेतावणी मिली और से गलील देशो खे चली गा।

23 तेबे से नासरत नाओं रे नगरो रे बसी गा, ताकि भविष्यबक्ते रे जरिए
बोलेया रा वचन पूरा ओ कि, "तेसखे नासरी बोलेया जाणा।"

3 तिना दिना रे यूहन्ना बपतिस्मा देणे वाऴा यहूदिया रे सुणसाण जगा रे
आयी की ये प्रचार करने लगेया, 2 "मन फेरो; कऊँकि स्वर्गो रा राज्य नेड़े
आईगा रा।" 3 ये सेई मांणू ए, जेसरी गल्ल यशायाह भविष्यबक्ते कित्ती थी
कि, "सुणसाण जगा रे एक आक्का पाणे वाऴे री आवाज ओई, 'प्रभुए री
बाट त्यार करो, और तिना री सड़का सीदिया करो।'" 4 तिने यूहन्ने ऊँटो रे
बाऴो रे टाले पईनी राखे थे और आपणे लको रे चामड़े रा पट्टू बानेया रा था
और तेसरी रोटी टिड्डिया और बणो रा सईत था। 5 तेबे यरूशलेमो रे, सारे
यहूदिया प्रदेशो रे और सारे यरदन देशो रे ओरले-पोरले मांणू तेसगे आए। 6
तेबे तिने आपणे-आपणे पापो खे मानी की यरदन नदिया रे तेसते बपतिस्मा
लया। 7 जेबे तिने देखेया कि बऊत सारे फरीसी और सदूकी मांगे बपतिस्मा
लणे लगी रे आऊणे, तेबे तिना खे बोलेया, "ओ सापो जेड़े जईरीले लोको!
तुसा खे किने जताई ता कि आऊणे वाऴे परमेशरो रे रोषो ते नठो? 8 इजी री
खातर मन फिराओ और अच्छे काम करो। 9 और आपणे-आपणे मनो रे
एड़ा नि सोचो, 'आसा रा बाओ अब्राहम ए।' कऊँकि आऊँ तुसा खे बोलूँआ
कि परमेशर इना पात्थरा ते अब्राहमो खे ल्वाद पैदा करी सकोआ। 10 एबे
परमेशर तुसा खे सजा देणे वाऴा ए, तेबेई तो जो-जो डाऴ खरा फल नि
ल्याऊँदे, से बाडे और आगी रे सेटे जाओए। 11 "आऊँ तो पाणिए की तुसा
खे मन फेरने रा बपतिस्मा देऊँआ, पर जो मांते बाद आऊणे वाऴा ए से मांते
बी जादा महान् ए, आऊँ तेसरे जोड़े चकणे जोगा पनिए। तेस तुसा खे पवित्र
आत्मा और आगी साथे बपतिस्मा देणा। 12 तेसरा सूप तेसरे आथो रे ए और
तेस आपणा खल्याण ठीक टंगो ते साफ करना और कणक तो आपणे
पण्डारो रे राखी देणी, पर जो पूऊ ऊणा, से एड़िया आगी रे सेटणा, जो कदी
नि बिजणी।" 13 तेस बखते यीशु मसीह गलीलो ते यरदन नदिया रे कनारे
यूहन्ने ते बपतिस्मा लणे आये। 14 पर यूहन्ना तेसखे ये बोली की रोकणे
लगेया, "माखे तो तुसा रे आथो ते बपतिस्मा लणे री जरूरत ए और तुसे
मांगे आयी रे" 15 यीशुए तेसखे ये जवाब दित्तेया, "एबे तो एड़ा ई ऊणे दे;
कऊँकि आसा खे ईंयां ई सारी धार्मिकता पूरी करनी ठीक ए।" तेबे तिने

यीशुए री गल्ल मानी 16 और यीशु मसीहे फटाफट बपतिस्मा लया और
पाणिए ते पाँदे आए, और देखो, तिना खे सर्ग खुली गा; तेबे तिने परमेशरो री
पवित्र आत्मा खे जिंयाँ कबूतर उड़दा ऊआ थाले आओआ तिंयाँ ई तिने आपू
पाँदे आऊँदे ऊए देखेया 17 और देखो, स्वर्गो ते ये आवाज आयी, "ये मेरा
प्यारा पुत्र ए, आऊँ एसते बऊत खुश ए।"

**4** तेबे पवित्र आत्मा यीशुए खे सुणसाण जगा रे लईगा, ताकि शैतानो ते
तिना री परीक्षा ओ। 2 सेयो चाली दिन और चाली राती पूखे रये और तेबे
तिना खे पूख लगी। 3 तेबे शैताने यीशुए गे आई की बोलेया, "जे तूँ परमेशरो
रा पुत्र ए, तो इना पात्थरा खे बोल कि रोटी बणी जाओ।" 4 यीशुए जवाब
दित्तेया, "पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, "'मांणू रोटिया साथे ई जिऊँदा नि
रणा, पर हर एक वचन, जो परमेशरो रे मुंओ ते निकली रे तिना खे मानी
की जिऊँदा रओआ।'" 5 तेबे शैतान यीशुए खे पवित्र नगर यरूशलेमो खे
लईगा और सेयो मन्दरो री चूँडिया पाँदे खड़े करी ते। 6 तेबे तिना खे बोलणे
लगेया, "जे तूँ परमेशरो रा पुत्र ए, तो आपू खे एथा ते थाले रुड़ाई दे; कऊँकि
पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया कि परमेशरो तेरिया तंईं आपणे स्वर्गदूता खे
आज्ञा देणी, "'और तिना तूँ आपणे आथो-आथ चकी लणा, केथी एड़ा नि
ओ कि तेरे पैरो रे पात्थरो साथे बूड़ो।'" 7 यीशुए तेसखे बोलेया, "पवित्र
शास्त्रो रे एड़ा बीए लिखे रा, 'तूँ प्रभु, आपणे परमेशरो खे नि परख।'" 8 तेबे
शैतान तिना खे एक ऊच्चे पाहड़ो पाँदे लईगा और सारी दुनिया रे सारे राज्य
और तिजी रे एशो-आराम दखाई की 9 तिना खे बोलेया, "जे तां मांगे माथा
टेकणा, तो मां ताखे ये सब कुछ देई देणा।" 10 तेबे यीशुए तेसखे बोलेया,
"हईओ शैतान; मेरी नजरा ते दूर ऊई जा, कऊँकि पवित्र शास्त्रो रे एड़ा
लिखी राखेया, 'तूँ प्रभु आपणे परमेशरो गे ई माथा टेक और बस तिना री ई
आराधना कर।'" 11 तेबे शैतान यीशुए गे ते चली गा और स्वर्गदूत तिना
री सेवा करने लगे। 12 जेबे यीशुए सुणेया कि यूहन्ना पकड़वाईता, तेबे
सेयो यहूदिया प्रदेशो खे छाडी की गलील प्रदेशो रे नासरत नगरो खे चली
गे। 13 और फेर सेयो नासरत नगरो खे छाडी की कफरनहूम नगरो रे रणे
लगे, जो जबूलून और नप्ताली इलाके रे समुद्रो रे कनारे था। 14 ताकि जो
यशायाह भविष्यबक्ते बोलेया था, से पूरा ओ, 15 "जबूलून और नप्तालिया रे

इलाके, समुद्रो री बाटा रिये यरदन नदिया रे पार, दूजी जातिया रा गलील।
16 जो मांणू परमेशरो खे नि जाणदे और न्हेरे रे जिऊणे लगी रे थे, तिने बड़ी
जोति देखी; और जो मौता ते डरी की जिऊणे लगी रे थे, तिना पाँदे जोति
चमकी।" 17 तेस बखतो ते यीशुए ये प्रचार करना और ये बोलणा शुरू
करी ता कि, "मन फेरो कऊँकि स्वर्गो रा राज्य नेड़े आईगा रा।" 18 तेबे
तिने गलीलो रे समुद्रो रे कनारे कूमदे ऊए दो पाई, मतलब-शमौन, जेसखे
पतरस बी बोलोए और तेसरा पाई अन्द्रियास समुद्रो रे जाल़ पाँदे ऊए देखेया,
कऊँकि सेयो मछलिया पकड़ने वाल़े थे। 19 तेबे यीशुए तिना खे बोलेया,
"मां पीछे आओ और जिंयाँ तुसे मच्छली पकड़ना जाणोए तिंयाँ ई मां तुसा
खे परमेशरो गे मांणू पकड़ी की ल्याऊणे सिखाणे।" 20 सेयो तेबुई जाल़
छाडी की यीशुए पीछे चली पड़े। 21 तेथा ते आगे जाई की यीशुए और दो
पाई मतलब जब्दिए रे पाऊ याकूब और तेसरा पाई यूहन्ना आपणे पिते साथे
किस्तिया पाँदे जाल़ ठीक करदे ऊए देखे और तिने सेयो बी बुलाए। 22 सेयो
तेबुई आपणी किस्ती और आपणे पिते खे छाडी की यीशुए रे पीछे चली पड़े।
23 यीशु गलील प्रदेशो रे बऊत सारी जगा रे कूमदे रए और तिना री प्रार्थना रे
कअरो रे उपदेश और राज्य रा सुसमाचार प्रचार करदे रए और लोका री
बमारिया और कमजोरिया खे दूर करदे रए। 24 तेबे सारे सीरिया प्रदेशो रे
सेयो मशुर ऊईगे और लोक सारे बमारा खे, जो कई प्रकारा रिया बमारिया ते
और दु: खो रे जकड़ी रे थे, जिना रे दुष्टात्मा थिया, मिर्गी वाल़े और अदरंगो रे
रोगिया खे यीशुए गे ल्याए और तिने सेयो ठीक कित्ते। 25 तेबे गलील प्रदेश,
दिकापुलिस इलाका, यरूशलेम नगर, यहूदिया प्रदेश और यरदनो री नदिया
ते पारो ते पीड़ा री पीड़ तिना पीछे आईगी।

**5** यीशु तेसा पीड़ा खे देखी की पाह्ड़ो पाँदे चढ़ी गे, जेबे सेयो उपदेश देणे
बैठे, तेबे तिना रे चेले तिना गे आए। 2 तेबे यीशु ये उपदेश देणे लगे: 3 "धन्य
ए सेयो, जो मनो रे सल़ीन ए, कऊँकि स्वर्गो रा राज्य तिना रा ईए। 4 धन्य ए
सेयो, जो शोग करोए, कऊँकि परमेशरो तिना खे शान्ति देणी। 5 धन्य ए
सेयो, जो नम्र ए, कऊँकि सेयो तरतिया रे अक्कदार ऊणे। 6 धन्य ए सेयो,
जो धार्मिकता री जिन्दगी जिऊणे खे पूखे ए और त्याय ए, कऊँकि सेयो
रजाए जाणे। 7 धन्य ए सेयो, जो दयालु ए, कऊँकि परमेशरो तिना पाँदे दया

करनी। 8 धन्य ए सेयो, जिना रे मन साफ ए, कऊँकि तिना परमेशर देखणा।
9 धन्य ए सेयो, जो मेल-जोल कराओए, कऊँकि तिना खे परमेशरो रे बच्चे
बोलेया जाणा, 10 धन्य ए सेयो, जो धार्मिकता री जिन्दगी जिऊणे री तंईं
सताए जाओए, कऊँकि स्वर्गो रा राज्य तिना रा ईए। 11 "धन्य ए तुसे, जेबे
लोक मेरी बजअ ते तुसा री निन्दा करोए, तुसा खे सताओए और चूठ बोली-
बोली की तुसा रे खलाफ बुरी-बुरी गल्ला बोलोए। 12 तेबे खुश और मगन
ऊणा, कऊँकि तुसा खे स्वर्गो रे बऊत बड़ा ईनाम मिलणा, कऊँकि तिने, जो
तुसा ते बऊत पईले भविष्यबक्ता थे, सेयो बी ईंयां ई सताए थे। 13 "तुसे
तरतिया रे रणे वाल़े लोका खे लूणो जेड़े ए। पर जे लूणो रा स्वाद बिगड़ी
जाओ, तेबे कुण जी एड़ी चीज ए जेते की लूणका ऊई जाओ। तेबे से किजी
कामो रा नि रंदा सिवाए एतेरे कि तेसखे बारे सेटी देयो और लोक तिजी खे
पैरा निठे केसदे रओ। 14 तुसे दुनिया री जोति ए, जो नगर पाह्ड़ो पाँदे बसी
रा, से लूकी नि सकदा। 15 लोक दिऊआ बाल़ी की टोकरूए निठे नि राखदे,
पर फटिया पाँदे राखोए, तेबे तिजी साथे कअरो रे सारे मांणूआ खे प्रयासा
ओआ। 16 तिंयाँ ई तुसा रा प्रयासा बी लोका सामणे चमको, ताकि तुसा रे
खरे काम देखी की सेयो तुसा रे पिते री, जो स्वर्गो रे ए, तिना री तारीफ करो।
17 "एड़ा नि समजो कि आऊँ मूसे रा बिधान या भविष्यबक्ता री कताबा
खे रचाणे आयी रा, आँऊ रचाणे नि, पर पूरा करने आयी रा। 18 कऊँकि
आऊँ तुसा खे सच लगी रा बोलणे कि जदुओ तक सर्ग और तरती नि टल़ी
जाओगी, तदुओ तक बिधानो ते एक बी मात्रा या एक बी बिन्दु बिना पूरा ऊए
नि टल़ना। 19 तेबेई तो जो कोई इना छोटिया ते छोटी आज्ञा बीचा ते केसी
एकी खे पनि मानोगा और तेड़ा ई लोका खे सिखाओगा, से स्वर्गो रे राज्य रे
सबी ते छोटा ऊणा, पर जो कोई तिना आज्ञा खे मानोगा और तिना खे बी
सिखाओगा, सेई स्वर्गो रे राज्य रे बड़ा ऊणा। 20 कऊँकि आऊँ तुसा खे
बोलूँआ कि जे तुसे परमेशरो री आज्ञा खे शास्त्री और फरीसिया री आज्ञा ते
बड़ी की नि मानो, तो तुसे कदी बी स्वर्गो रे राज्य रे नि जाई सकदे। 21 "तुसे
सुणी चुकी रे कि पुराणे बखतो रे मांणूआ खे बोलेया था कि 'अत्या नि
करनी', और जो कोई बी अत्या करोगा तेसखे कचैरिया रे सजा मिलणी। 22
पर आऊँ तुसा खे ये बोलूँआ कि जो बी आपणे पाईए पाँदे रोष करोगा,

तेसखे कचैरिया रे सजा मिल़णी और जो कोई आपणे पाईए खे नकम्मा
बोलोगा, तेसखे बडिया सभा रे सजा मिलणी और जो कोई दूजे खे 'अरे मूर्ख'
बोलोगा से नरको री आगी री सजा जोगा ऊणा। **(Geenna g1067)** **23** इजी री
खातर जेबे तूँ आपणी पेंट बेदिया पाँदे ल्याओ और तेती तूँ याद करे कि तेरे
पाईए रे मनो रे तेरिया तंईं खोट ए, **24** तो आपणी पेंट तेथी बेदिया रे सामणे
छाडी दे और पईले जाई की आपणे पाईए साथे मेल-जोल कर, तेबे आयी की
आपणी पेंट चढ़ा। **25** जदुओ तक तूँ आपणे दुश्मणो साथे बाटा रेईए, तेस
साथे फटाफट मेल-जोल करी लो, केथी एड़ा नि ओ कि तेरा दुश्मण ताखे
हाकिमो रे आथो रे देई देओ और हाकिम ताखे सिपाईया रे आथो रे देई देओ
और ताखे जेला रे पाई देओ। **26** आऊँ ताखे सच बोलूँआ कि जदुओ तक तूँ
पाई-पाई नि देई देओगा, तदुओ तक तेथा ते छुटणा नि। **27** "तुसे सुणी चुकी
रे कि बोलेया था, 'व्याभिचार नि करना।' **28** पर आऊँ तुसा खे ये बोलूँआ
कि जो कोई बी केसी जवाणसा खे बुरी नजरा ते देखोआ, तो तिने आपणे
मनो रेई तेसा साथे व्याभिचार करी ला। **29** जे तेरी दाँणी आख ताखे ठोकरा
री बजअ बणो ई, तो तूँ तेसा खे काडी की सेटी दे; कऊँकि ताखे येई ठीक
ए कि तेरे अंगा बीचा ते एक नाश बी ऊई जाओ, तो सारा शरीर नरको रे
नि सेटेया जाओ **(Geenna g1067)** **30** जे तेरा दाँणा आथ ताखे ठोकरा री
बजअ बणोआ, तो तेस बाडी की सेटी दे, कऊँकि ताखे येई ठीक ए कि तेरे
अंगा बीचा ते एक नाश बी ऊई जाओ तो सारा शरीर नरको रे नि पड़ना।
(एतेरा मतलब ये नियाँ कि आसा आपणी आख काडी की सेटी देणी या
आपणा आथ बाडी देणा पर ये कि जो काम तुसा खे परमेशरो रे राज्य रे
आगे बड़ने ते रोको ए या जो मांणू तुसा खे गल़त करने खे उकसाओ ए तो
तुसा से मांणू या चीज छाडी देणी चाईयो।) **(Geenna g1067)** **31** "ये बी
बोलेया रा था, 'जो कोई आपणी लाड़िया खे तलाक देणा चाओ, तो से तेसा
खे त्यागपत्र देयो।' **32** पर आऊँ तुसा खे ये बोलूँआ कि जो कोई आपणी
लाड़िया खे व्याभिचारो ते अलावा किजी ओरी बजअ ते छाडोगा, तो से तेसा
ते व्याभिचार करवाओआ और जो कोई तेसा छाडी रिया जवाणसा साथे ब्या
करोआ, से बी व्याभिचार करोआ। **33** "फेर तुसे सुणी चुकी रे कि पुराणे
जमाने रे लोका खे बोलेया रा था, 'चूठी कसम नि खाणी, पर प्रभुए री खातर

आपणी कसम पूरी करनी।' 34 पर आऊँ तुसा खे ये बोलूँआ, कि कदी
कसम नि खाणी, ना तो स्वर्गो री, कऊँकि से परमेशरो रा सिंहासन ए।
35 ना तरतिया री, कऊँकि से तिना रे पैरो री चौकी ए, ना यरूशलेमो री,
कऊँकि से महाराजे रा नगर ए। 36 आपणे सिरो री कसम पनि खाणा,
कऊँकि तूँ एक बी बाल़ो खे न तो सफेद करी सकदा, ना ई काल़ा। 37 पर
तुसा री गल्ल 'आ री आ' और 'ना री ना' ऊणी चाईयो; कऊँकि जो गल्ल
इजी ते जादा ओई, से शैतानो री तरफा तेई ओई। 38 "तुसे सुणी चुकी
रे कि बिधानो रे बोलेया रा था, 'आखी रे बदले आख, और दाँदो रे बदले
दाँद।' 39 पर आऊँ तुसा खे ये बोलूँआ कि जो कोई तां साथे बुरा करो तेतेरा
बदला नि लणा, पर जो कोई तुसा री दाँणी खाखा रे थप्पड़ बाओआ, तो
तेस कनारो खे दूजी खाख बी करी देओ। 40 जे कोई तां पाँदे दोष लगाई
की तांते तेरा कुरता लणा चाओआ, तो तेसखे तोती बी लणे देओ। 41 जे
कोई जबरदस्ती ताखे एक मील लई चलोआ, तो तूँ दो मील तेस साथे चल।
42 जो कोई तांते माँगो, तेसखे दे और जो कोई तांते त्वार लणा चाओआ,
तो तूँ तेसते मूँ नि फेर। 43 "तुसे सुणी चुकी रे कि बिधानो रे बोलेया रा
था, 'आपणे पड़ोसिये साथे प्यार राखो और आपणे बैरिया साथे बैर।' 44
पर आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि आपणे दुश्मणा साथे प्यार राखो और जो
तुसा खे सताओआ, तो तेसखे प्रार्थना करेया करो। 45 ताकि तुसे आपणे
स्वर्गो रे पिते रे बच्चे ठईरो, कऊँकि से खरे लोका और बुरे लोका दूँईं पाँदे
आपणा सूरज निकयाल़ोआ और तर्मी लोका और पापी लोका दूँईं पाँदे बरखा
करोआ। 46 कऊँकि जे तुसे आपू साथे प्यार राखणे वाल़ेया साथे ई प्यार
राखोगे, तो तुसा खे क्या फाईदा ऊणा? क्या कर लणे वाल़े बी एड़ा ई नि
करदे? 47 "जे तुसे आपणे पाईए खेई नमस्कार करोए, तो कुण जा बड़ा
काम करोए? क्या दूजी जातिया रे बी एड़ा ई नि करदे? 48 इजी री तंईं तुसे
सिद्ध बणो, जेड़ा तुसा रा स्वर्गिय पिता सिद्ध ए।

**6** "सावधान रओ! तुसे लोका खे दखाणे रिया तंईं तर्मो रे काम नि करो, नई
तो आपणे स्वर्गिय पिते ते कुछ बी फल नि मिल़णा। 2 तेबेई तो जेबे तूँ दान
करे, तो सबी गे राग नि लगा, जेड़ा कपटी, प्रार्थना रे कअरो रे और गल़िया रे
करोए, ताकि लोक तिना री तारीफ करो। आऊँ तुसा खे सच बोलूँआ कि

सेयो आपणा फल पाई चुके। 3 पर जेबे तूँ दान करे, तो जो तेरा दाँणा आथ
करोआ, से तेरे खूँजे आथो खे पता नि ऊणा चाईए। 4 ताकि तेरा दान गुप्त
रओ और तेबे तेरा पिता जो गुप्तो रे देखोआ, तेस ताखे फल देणा। 5 "जेबे
तूँ प्रार्थना करे, तो कपटिया जेड़ी नि ऊणी चाईयो, कऊँकि लोका खे दखाणे
रिया तंईं प्रार्थना रे कअरो रे और सड़का रे मोड़ो रे खड़े ऊई की प्रार्थना
करना तिना खे अच्छा लगोआ, पर आऊँ तुसा खे सच बोलूँआ कि सेयो
आपणा फल पाई चुके। 6 पर जेबे तूँ प्रार्थना करे, तो आपणे कमरे रे जा और
दरवाजा बन्द करी की आपणे पिते ते, जो गुप्तो रे ए, प्रार्थना कर। तेबे तेरा
पिता, जो गुप्तो रे देखोआ, तेस ताखे फल देणा। 7 जेबे तूँ प्रार्थना करे तो
दूजी जातिया जेड़ी बक-बक नि कर, कऊँकि सेयो समजोए कि तिना रे
बऊत बोलणे ते तिना री सुणनी। 8 इजी री खातर तुसे तिना जेड़े नि बणो,
कऊँकि तुसा रा पिता पईले ई जाणोआ कि तुसा री क्या-क्या जरूरता ए। 9
"तो तुसे ईयां प्रार्थना करेया करो; "'ओ म्हारे पिता, तुसे जो स्वर्गो रे ए, तुसा
रा नाओं पवित्र मानेया जाओ। 10 तुसा रा राज्य आओ, जेड़ी तुसा री इच्छा
स्वर्गो रे पूरी ओई, तेड़ी ई, तरतिया पाँदे बी ओ। 11 आसा रे पूरे दिनो री रोटी
आज आसा खे दे। 12 और जिंयाँ आसे आपणे अपराधिया खे माफ कित्तेया,
तिंयाँ ई म्हारे अपराध बी माफ करो। 13 आसा खे परीक्षा रे नि ल्याओ, पर
शैतानो ते बचाओ, कऊँकि राज्य, पराक्रम और महिमा तुसा री ए। आमीन्।'
14 "तेबेई तो जे तुसे लोका रे अपराध माफ करोगे, तो तुसा रे स्वर्गिय पिते
बी तुसा रे अपराध माफ करने। 15 जे तुसे लोका रे अपराध माफ करो, तुसा
रे पिते बी तुसा रे अपराध माफ करने। 16 "जेबे तुसे बअरत करोए, तो
कपटिया जेड़ी तुसा रे मुंओ पाँदे उदासी नि रओ, कऊँकि सेयो आपणा मूँ
एतेरी तंईं बणाई राखोए, ताकि लोक तिना खे बअरततारी जाणो; आऊँ तुसा
खे सच बोलूँआ कि सेयो आपणा फल पाई चुके। 17 पर जेबे तूँ बअरत करे,
तो आपणे सिरो रे तेल मल़ और मूँ तोओ। 18 ताकि लोक नि, पर तेरा पिता,
जो गुप्तो रे ए, से ताखे बअरततारी जाणो, एड़िया दशा रे तेरा पिता, जो
गुप्तो रे ए, से देखोआ और तेस ताखे फल देणा। 19 "आपणी तंईं तरतिया
पाँदे धन कट्ठा नि करो, जेती कीड़ा और केअट लगी जाओई और जेती चोरा
खे पता लगी जाओआ और चोरी करोए। 20 पर आपू खे खरा काम करी की

स्वर्गो रे धन कट्ठा करो, जेती ना कीड़ा लगो, ना खराब ओ, ना तेती चोरो खे
पता लगोआ और ना ई चोरी करदे। 21 कऊँकि जेती तेरा धन ए, तेती तेरा
मन बी लगेया रा रणा। 22 "शरीरो रा दिऊआ तो आखी ए, तेबे जे तेरी
आखी साफ ए, तो तेरे सारे शरीरो रे बी प्रयासा ऊणा। 23 पर जे तेरी आखी
बुरिया ए, तो तेरे सारे शरीरो रे बी न्हेरा ई ऊणा, इजी बजअ ते से प्रयासा, जो
तांदे ए, जे न्हेरा ओ, तो से न्हेरा कितणा बड़ा ऊणा! 24 "कोई बी मांणू एकी
बखतो रे दो मालका री सेवा नि करी सकदा, कऊँकि तेस एकी साथे प्यार
और दूजे साथे बैर राखणा या एकी साथे मिले रा रणा और दूजा तेस तुच्छ
जाणना। तुसे परमेशर और धन दूँईं री सेवा नि करी सकदे। 25 तेबेई तो
आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि आपणी जिन्दगिया रे बारे रे ये चिन्ता नि करो कि
आसे क्या खाऊँगे और क्या पिऊँगे? ना आपणे शरीरो रे बारे रे कि क्या
पईनुँगे? क्या जिन्दगी रोटिया ते और शरीर टालेया ते बढ़ी की निए? 26 सर्गो
रे पंछिया खे देखो, सेयो ना बांदे, ना बाडदे और ना ई पण्डारो रे कट्ठा करदे,
तेबे बी आसा रा स्वर्गिय पिता तिना खे खुल़ाओआ। क्या तुसे तिना ते जादा
किमती निए? 27 तुसा बीचा ते एड़ा कुण ए, जो चिन्ता करी की आपणिया
जिन्दगिया री एक कअड़ी बी बढ़ाई सकोआ? 28 "तुसे टालेया री चिन्ता
कऊँ करोए? बांके जंगल़ी फूला पाँदे त्यान करो कि सेयो किंयाँ बड़ोए?
सेयो ना तो मईणत करदे ना आपू खे टाले बणाओए। 29 पर आऊँ तुसा खे
बोलूँआ कि राजा सुलेमान आपणे सारे एशो-आरामो रे रओ था और बऊत
बांके टाले पईनो था, पर तेबे बी तेसरे टाले तिना जंगल़ी फूला ते जादा बांके
नि थे। 30 तेबेई तो जेबे परमेशर मैदानो रे काओ खे, जो आज आए और
काल आगी बीचे फूकी देणा, तो जो तिदे बी एड़े बांके फूल खिलाओआ, तो
ओ कम विश्वास करने वाल़ेयो! तुसा खे तेस इना ते बढ़ी की बांके टाले कऊँ
नि पनयाणे? 31 "तेबेई तो तुसे चिन्ता करी की ये नि बोलणा, 'आसे क्या
खाऊँगे?' और 'क्या पिऊँगे?' और 'क्या पईनुँगे?' 32 दूजी जातिया रे लोक
इना सबी चीजा री चिन्ता करोईया, पर तुसे इना चीजा री चिन्ता नि करो।
कऊँकि तुसा रा स्वर्गिय पिता जाणोआ कि तुसा खे इना सबी चीजा री
जरूरत ए। 33 इजी री खातर, जे पइले तुसे परमेशरो रे राज्य री टोल़ करो
और धार्मिकता री जिन्दगी जिओ, तो यो सब चीजा तुसा खे मिली जाणिया।

34 इजी खे कालकी चिन्ता नि करो, कऊँकि काल का जो दिन ऊणा, तेस
आपणी चिन्ता आपू करी लणी, आजो खे तो आजका दु: ख ई बऊत ए।
7 “दोष मत लगाओ, ताकि तुसा पाँदे बी दोष नि लगाया जाओ। 2 कऊँकि
जिंयाँ तुसे दोष लगाओए, तिंयाँ ई परमेशरो तुसा पाँदे बी दोष लगाणा और
जेड़ा बर्ताव तुसे लोका साथे करोए परमेशरो बी तेड़ा ई बर्ताव तुसा साथे
करना। 3 “तूँ कऊँ आपणे पाईए री छोटी-छोटी गल़तिया टोल़ेया तांदे
आपणिया बड़ी-बड़ी गल़तिया नजर कऊँ नि आँऊदिया? 4 जेबे तांदे आपू दे
बड़ी-बड़ी गल़तिया ए, तो तूँ आपणे पाईए खे किंयाँ बोली सकेया, ‘तूँ गल़त
ए?’ 5 ओ कपटी! पईले आपणी बड़ी-बड़ी गल़तिया देख, तेबेई तो तूँ आपणे
पाईए री गल़तिया ठीक-टंगो रे देखी की निकयाल़ी सकेया। 6 “पवित्र चीज
कुत्तेया खे नि देओ और आपणे मोती सूंअरो रे आगे नि सेटो, एड़ा नि ओ कि
सेयो तिना खे आपणे पैरा निठे केसी देयो और ताखे खाणे पड़ो। 7 “तुसा
री जो बी जरूरत ए से परमेशरो ते माँगो और परमेशरो ते पाणे री उम्मीद
बी राखो। 8 कऊँकि जो कोई माँगोआ तेसखे मिलोआ। जो टोल़ोआ, से
पाओआ। जो खटखटाओआ तेसखे खोलेया जाओआ। 9 तुसा बीचा ते कुण
एड़ा मांणू ए कि तेसरा पाऊ तेसते रोटी मांगोगा और से तेसखे पात्थर देओ?
10 या मछली माँगो और तेसखे साप देओ? 11 तो तेबे तुसे बुरे ऊई की
आपणे बच्चेया खे खरी चीजा देणा जाणोए, तो तुसा रे स्वर्गिय पिते आपणे
मांगणे वाल़ेया खे अच्छी चीजा कऊँ नि देणियां? 12 इजी बजअ ते जो कुछ
तुसे चाओए कि मांणू तुसा साथे करो, तुसे बी तिना साथे तेड़ा ई करो,
कऊँकि मूसे रा बिधान और भविष्यबक्तेया री येई शिक्षा ए। 13 “स्वर्गो
रे परमेशरो तक पऊँछणे री बाट बऊत कठण ए। पर एते बाटा रिये तुसा
चलणा ईए। एक और चौड़ी बाट ए जिदे जादातर लोक चलणा पसंद करोए,
से बाट नरको खे जाओई और लोक तिदे मरी जाणे। (questioned) 14
कऊँकि संगड़ा ए से फाटक और कठण ए से बाट, जो अनन्त जिन्दगिया खे
पऊँछाओई और सेयो थोड़े ईए, जिना खे से मिलोई। 15 “चूठे भविष्यबक्तेया
ते सावधान रओ, जो पेडा रे पेषो रे तुसा गे आओए, पर पीतरो ते सेयो
फाड़ने वाल़े भेड़िए ओए। 16 तिना रे बुरे कामो ते तुसा सेयो पछयाणी लणे,
क्या जाड़ो रे अँगूर और कांडेया ते दाऊगल़े तोड़े जाओए? 17 तिंयाँ ई हर

एक अच्छा डाल़ अच्छा फल ल्याओआ और नकम्मा डाल़ बुरा फल। 18
अच्छा डाल़ बुरा फल नि ल्याई सकदा और ना नकम्मा डाल़ अच्छा फल
ल्याई सकदा। 19 जिंयाँ जो-जो डाल़ अच्छा फल नि ल्याऊँदे, सेयो बाडे
जाओए और आगी बीचे सेटे जाओए। तिंयाँ ई चूठे भविष्यवक्ता बी नरको
री आगी रे सेटे जाणे। (questioned) 20 ईंयां तिना रे कामो ते तुसा सेयो
पछयाणी लणे। 21 “जो माखे, ‘ओ प्रभु, ओ प्रभु’ बोलोआ, तिना बीचा ते
हर एक स्वर्गो रे राज्य रे नि जाणा, पर सेई, जो-जो मेरे स्वर्गिय पिते री इच्छा
पाँदि चलोआ। 22 न्याय रे तेस दिने बऊत मांणूआ माखे बोलणा, ‘ओ प्रभु,
ओ प्रभु, क्या आसे तेरे नाओं ते भविष्यबाणी नि कित्ती, और तेरे नाओं ते
दुष्टात्मा नि निकयाल़िया, और तेरे नाओं ते बऊत सामर्था रे काम नि कित्ते?’
23 तेबे मां तिना खे खुली की बोली देणा, ‘आऊँ तो तुसा खे कदी नि जाणदा।
ओ कुकर्म करने वाल़ेयो, मांगा गे ते चली जाओ।’ 24 “इजी री खातर जो
कोई मेरिया गल्ला सुणी की तिना खे मानोआ, से तेस अक्लमंद मांणूए जेड़ा
ऊणा, जिने आपणा कअर चट्टानी पाँदि बणाया। 25 तेबे बरखा उईया, बाढ़ा
आईया और तूफान चले, और तेस कअरो रे टकराए, पर से कअर नि टल़ेया,
कऊँकि तिजी री निऊँ चट्टानी पाँदि थी बणाई री। 26 पर जो कोई मेरी इना
गल्ला तो सुणोआ, पर मानदा नि, से तेस मूर्ख मांणूए जेड़ा ऊणा, जिने
आपणा कअर बालूए पाँदि बणाया। 27 जेबे बरखा ऊईया, बाढ़ा आईया,
तूफान चले और तेस कअरो साथे टकराए और से कअर तेबुई टल़ीगा और
सत्यानाश ऊईगा।” 28 जेबे यीशु इना गल्ला करी चुके, तो एड़ा ऊआ कि
जो तेती पीड़ थी, से हैरान उईगी। 29 कऊँकि सेयो तिना शास्त्रिया जेड़े नि,
पर अक्को साथे उपदेश देयो थे।

**8** जेबे यीशु तेस पाह्ड़ो ते उतरे, तो एक बऊत बड़ी पीड़ तिना पीछे आईगी।
2 तेबे देखो, एक कोढ़िए तिना गे आयी की तिना गे माथा टेकेया और बोलेया,
“ओ प्रभु, जे तुसे चाओ तो माखे ठीक करी सकोए।” 3 यीशुए आपणा
आथ आगे कित्तेया और से छूँयां और तेसखे बोलेया, “आऊँ चाऊँआ कि तूँ
ठीक ऊई जाए।” से तेबुई आपणे कोढ़ो ते ठीक ऊईगा। 4 यीशुए तेसखे
बोलेया, “देख, केसी गे नि बताणा, पर जाई की आपू खे पुरोईतो गे दखा
और जो कुछ मूसे नबीए चढ़ावा ठराई राखेया, तेस चढ़ा, ताकि तिना खे

गवाई ओ कि तूँ ठीक ऊईगा।" 5 जेबे यीशु कफरनहूम नगरो रे आए, तो
एकी सूबेदारे तिना गे आयी की तिना ते बिनती कित्ती, 6 "ओ प्रभु! मेरा दास
कअरे अदरंगो ते दु: खी पड़ी रा।" 7 यीशुए तेसखे बोलेया, "आऊँ आयी
की तेसखे ठीक करूँगा।" 8 सूबेदारे जवाब दित्तेया, "ओ प्रभु! आऊँ एते
जोगा निए कि तुसे मेरे कअरे आयी सको, पर जे तुसे आपणे मुंओ तेई
बोली देओ, तो से मेरा दास ठीक ऊई जाणा। 9 कऊँकि आऊँ बी पराधीन
मांणू ए और सिपाई मेरे आथो रे ए। जेबे एकी खे बोलूँआ, 'जा,' तो से
जाओआ और दूजे खे बोलूँ, 'आओ,' तो से आओआ। आपणे दासा खे बोलूँ,
'ये कर,' तो से करोए।" 10 ये सुणी की यीशु हैरान ऊईगे और जो तिना
पीछे आऊणे लगी रे थे, तिने तिना खे बोलेया, "आऊँ तुसा खे सच लगी रा
बोलणे कि मैं इस्राएलो रे बी एड़ा विश्वास नि देखेया। 11 आऊँ तुसा खे
बोलूँआ कि बऊत सारे दूजिया जातिया रे लोक पूर्वो और पच्छमो ते आयी
की अब्राहम, इसहाक और याकूबो साथे स्वर्गो रे राज्य रे रोटी खाणे बैठणे।
12 पर बऊत सारे इस्राएली जिना खे स्वर्गो रा राज्य त्यार कित्तेया राए, बारे
न्हेरे रे पाई देणा, तेती रोणा और दाँदा रा किरड़ना ई ऊणा।" 13 तेबे यीशुए
सूबेदारो खे बोलेया, "कअरे जा, जेड़ा तेरा विश्वास ए, तेड़ा ई ताखे ओ।"
और तेबुई तेसरा दास ठीक ऊईगा। 14 जेबे यीशु पतरसो रे कअरे आए, तो
तिने पतरसो री सासु बुखारो साथे पड़ी री देखी। 15 तिने तेसा रा आथ छूँयां
और तेसा रा बुखार उतरी गा। तेबे से उठी की तिना री सेवा करने लगी। 16
जेबे साँज ऊई, तेबे सेयो बऊत लोका खे यीशुए गे ल्याए, जिना रे दुष्टात्मा
थिया और तिने दुष्टात्मा आपणे वचनो साथे निकयाल़िया और सब बमार
ठीक कित्ते। 17 ताकि जो वचन यशायाह भविष्यबक्ते बोलेया था से पूरा ओ
"तिने आपू ई म्हारिया कमजोरिया लयी लिया और म्हारिया बमारिया चकी
तिया।" 18 यीशुए जेबे आपणे चऊँ कनारे लोका री एक बड़ी पीड़ देखी, तो
तिने आपणे चेलेया खे गलीली समुद्रो ते पार जाणे री आज्ञा दित्ती। 19
तेबे एक शास्त्रिए तिना गे नेड़े आयी की बोलेया, "ओ गुरू! जेती केथी
तुसे जाओगे, मां तुसा पीछे-पीछे चली पड़ना।" 20 यीशुए तेसखे बोलेया,
"गीदड़िया रे डवार और सर्गो रे पंछिया रे बसेरे ओए, पर मां माणूं रे पुत्रो खे
सिर राखणे खे बी आपणा कअर निए।" 21 एक और चेले तिना खे बोलेया,

“ओ प्रभु! पईले माखे जाणे दे कि आऊँ आपणे पिते खे दबाई आऊँआ। तेबे
तां पीछे चली पड़ुँगा।” 22 यीशुए तेसखे बोलेया, “तूँ मां पीछे आईजा, और
जो आत्मिक रूपो रे मरे रे ए तिना खे आपणे मुड़दे दबाणे दे।” 23 जेबे यीशु
किस्तिया रे चढ़े, तो तिना रे चेले तिना पीछे आईगे। 24 तेबे देखो, समुद्रो रे
बऊत बड़ा तूफान आया जेते की किस्ती पाणिए साथे टखी गी और यीशु
सये रे थे। 25 तेबे चेलेया नेड़े आयी की यीशु जगाए और तिना खे बोलेया,
“ओ प्रभु! आसा खे बचा, आसे डूबणे वाल़े ए।” 26 यीशुए आपणे चेलेया खे
बोलेया, “ओ कम विश्वास करने वाल़ेयो! कऊँ डरोए?” तेबे यीशु उठे और
तूफान और पाणिए खे बकणे लगे और तेबे सब शान्त ऊईगा। 27 तेबे लोक
हैरान ऊई की बोलणे लगे, “ये केड़ा मांणूए? तूफान और पाणी बी एसरी
आज्ञा खे मानोए।” 28 जेबे सेयो पार गदरेनिया रे देशो रे पऊँछे, तेबे दो मांणू
जिना रे दुष्टात्मा थिया कब्रा ते निकल़दे ऊए तिना खे मिले। सेयो इतणे
प्रचण्ड थे कि कोई बी तेसा बाटा रिये जाई नि सको था। 29 तेबे तिने चींगी
की बोलेया, “ओ परमेशरो रे पुत्र! आसा रा तां साथे क्या काम? क्या तूँ
बखतो ते पइले ई आसा खे एती दु: ख देणे आयी रा?” 30 तिना ते थोड़ी जी
दूर सूंअरो रा एक चूण्ड चरने लगी रा था। 31 दुष्टात्मे तिना ते ये बोली की
बिनती कित्ती, “जे तूँ आसा खे निकयाल़ने ई लगी रा तो सूंअरा रे चूण्डो रे
पेजी दे।” 32 तिने तिना खे बोलेया, “जाओ!” सेयो निकल़ी की सूंअरा रे
बैठी गिया और सारा चूण्ड काअड़ी ते छवाल़ लयी की डूबी गा और मरी गा।
33 तिना खे चराणे वाल़े नठे और नगरो रे गए और जिना रे दुष्टात्मा थिया
तिना रा सारा आल सुणाया। 34 तेबे सारे नगरो रे लोक यीशुए खे मिलणे
आए, और तिना खे देखी की बिनती कित्ती कि म्हारे बन्ने ते निकल़ी जाओ।
**9** तेबे यीशु किस्तिया रे चढ़ी की पार गए, और आपणे नगरो खे आए।
2 तेबे यीशुए देखेया, कई लोक एक अदरंगो रे रोगिए खे माँजे पाँदे चकी
की तिना गे ल्याए, यीशुए तेसरा विश्वास देखेया और तेस अदरंगो रे रोगिए
खे बोलेया, “ओ पाऊआ! याओ राख; तेरे पाप माफ ऊईगे।” 3 तेबे कई
शास्त्रिए सोचेया, “ये तो परमेशरो री निन्दा करने लगी रा।” 4 यीशुए तिना रे
मनो री गल्ल जाणी की तिना खे बोलेया, “तुसे आपणे मनो रे बुरा बिचार
कऊँ करने लगी रे? 5 ये बोलणा बऊत आसान ए कि, ‘तेरे पाप माफ ऊईगे’,

पर ये बोलणा बऊत कठण ए कि, ‘आपणा मांजा चकी की चल फिर।’ 6
पर इजी री खातर कि तुसे जाणी लओ कि मां माणूं रे पुत्रो खे तरतिया पाँदे
पाप माफ करने रा बी अक्क ए।” यीशुए तेस अदरंगो रे रोगिए खे बोलेया,
“उठ, आपणा मांजा चक और आपणे कअरो खे चली जा।” 7 से उठी की
आपणे कअरो खे चली गा। 8 लोक ये देखी की डरी गे और परमेशरो री
महिमा लगे करने, जिने मांणूआ खे एड़ा अक्क देई राखेया। 9 तेथा ते आगे
चली की यीशुए मत्ती नाओं रा एक मांणू करो री चौकिया पाँदे बैठेया रा
देखेया और तिने तेसखे बोलेया, “मां पीछे आओ।” से उठेया और तिना पीछे
चली पड़ेया। 10 जेबे यीशु कअरे रोटी खाणे बैठेया, तेबे बऊत जणे कर लणे
वाल़े और पापी आयी की यीशु और तिना रे चेलेया साथे रोटी खाणे बैठे। 11
ये देखी कि फरीसिये तिना रे चेलेया खे बोलेया, “तुसा रा गुरू इना कर लणे
वाल़े और पापिया साथे रोटी खाणे कऊँ बैठी रा।” 12 यीशुए ये सुणी की
तिना खे बोलेया, “बैद बमारा खे चाईयो, पलेया-चंगेया खे नि। 13 तो तुसे
जाओ और इजी रा मतलब जाणी लओ कि, ‘आऊँ बलिदान नि, पर दया
चाऊँआ।’ कऊँकि आऊँ तर्मिया खे नि, पर पापिया खे बुलाणे आयी रा।” 14
तेबे बपतिस्मा देणे वाल़े यूहन्ने रे चेलेया तिना गे आयी की बोलेया, “क्या
बजअ ए कि आसे और फरीसी इतणे बअरत करूँए और तेरे चेले बअरत नि
करदे?” 15 यीशुए तिना खे बोलेया, “क्या बराती, जदुओ तक लाड़ा तिना
साथे ए, तदुओ तक शोग मनाई सको ए? पर सेयो दिन आऊणे, जेबे लाड़ा
बरातिया ते लग करेया जाणा, तेस बखते तिना बअरत करना। 16 नये टाले
री टाली, पुराणे टालेया रे कोई नि लगांदा, कऊँकि टाली पुराणे टालेया खे
ओर बी कट्ठा करी देओ ई, मतलब-नया टाला पुराणे साथे ओर बी जादा फटी
जाओआ। 17 नया अँगूरा रा रस पुराणे खल्लड़ुआ रे कोई नि परदा। कऊँकि
एड़ा करने ते खल्लड़ु फटी जाओए और अँगूरा रा रस बारे निकल़ी जाओआ
और खल्लड़ु नाश ऊई जाओ। पर जे नया अँगूरा रा रस नये खल्लड़ुआ रे परो
तो दोनो बचे रे रओए।” 18 जेबे यीशु इना गल्ला तिना खे बोलणे ई लगी रे
थे, तेबे एक अधिकारी तिना गे आया और तिना गे माथा टेकेया और बोलेया,
“मेरी बेटी एबु-एबु मरी गी, पर जे तुसे चलो और आपणा आथ राखो तो से
जिऊँदी ऊई जाणी।” 19 यीशु उठे और आपणे चेलेया लयी की तेस पीछे

चली गे। 20 तेबे एक जवाणस आयी, तेसा खे बारा साला ते खून बड़णे री
बमारी थी, से पीछे ते आयी और तेसे यीशुए रे टालेया रा कनारा छूँयां। 21
कऊँकि से आपणे मनो रे बोलो थी, "जे आऊँ तिना रे टाले ई छुँईं लऊँगी, तो
ठीक ऊई जाणी।" 22 यीशुए तेसा खे मुड़ी की बोलेया, "बेटिये! याओ राख,
तेरे विश्वासे तूँ बचाईती।" तेबे से जवाणस तेबुई ठीक ऊईगी। 23 जेबे यीशु
तेस अधिकारिए रे कअरे पऊँछे, तेबे तिने बांसळी बजाणे वाळे और पीड़
आल्ला-गोल्ला करदे ऊए देखी। 24 तेबे यीशुए बोलेया, "आटी जाओ, मुन्नी
मरी नि रई, पर सऊणे लगी री।" ये सुणी की सेयो तिना रा मजाक लगे
ऊड़ाणे। 25 पर जेबे पीड़ तेथा निकयाळी ती, तेबे तिने पीतरे जाई की तेसा
मुन्निया रा आथ पकड़ेया और से ठीक ऊईगी। 26 तेबे ये गल्ल पूरे देशो रे
फैली गी। 27 जेबे यीशु तेथा ते आगे गए, तेबे दो अन्दे तिना पीछे ये बोली
की आक्का लगे पाणे, "ओ दाऊदो री ल्वाद! आसा पाँदे दया कर।" 28 जेबे
सेयो कअरे पऊँछे, तेबे सेयो दो अन्दे तिना गे आए, तेबे यीशुए तिना खे
बोलेया, "क्या तुसा खे विश्वास ए कि आऊँ तुसा खे ठीक करी सकूँआ?"
तिने बोलेया, "आ प्रभु।" 29 तेबे यीशुए तिना रिया आखिया छुँईं की तिना
खे बोलेया, "तुसा रे विश्वासो रे मुताबिक तुसा साथे ओ।" 30 और सेयो
तेबुई देखणे लगे। यीशुए तिना खे सावधान करदे ऊए बोलेया, "देखो! कोई
बी एसा गल्ला खे नि जाणो।" 31 पर तिने बारे निकळी की तिना रा यश सारे
देशो रे फैलाई ता। 32 जेबे सेयो बारे लगी रे थे जाणे, तेबे लोक एक गूँगे खे
जेसरे दुष्टात्मा थी, यीशुए गे ल्याए। 33 जेबे यीशुए दुष्टात्मा निकयाळी ती,
तेबे गूँगा बोलणे लगेया और लोके हैरान ऊई की बोलेया, "इस्राएलो रे एड़ा
कदी नि देखेया।" 34 पर फरीसिये बोलेया, "ये तो दुष्टात्मा रे सरदारो री
मतादा ते दुष्टात्मा खे निकयाळोआ।" 35 यीशु और तिना रे चेले गलील
प्रदेशो रे कई नगर और कई गांव रे कूमदे रए और तिना रे प्रार्थना रे कअरो रे
उपदेश देंदे रए और परमेशरो रे राज्य रा सुसमाचार प्रचार करदे रए और हर
बमारी और कमजोरी दूर करदे रए। 36 जेबे तिने पीड़ देखी तो तिना खे लोका
पाँदे तरस आया, कऊँकि सेयो तिना पेडा जेड़े, जिना रा कोई रखवाळा नि
ऊँदा, बेचैन और पटके ऊए रे थे। 37 तेबे यीशुए आपणे चेलेया खे बोलेया,

“पाक्के रे डोरू तो बऊत ए, पर मजूरदार कम ए। 38 इजी री खातर डोरूआ रे
मालको ते प्रार्थना करो कि सेयो आपणे डोरूआ बडाणे खे मजूरदार पेजो।”

10 तेबे यीशुए आपणे बारा चेले बुलाए और तिना खे दुष्टात्मा पाँदे अक्क
दित्तेया कि हर बमारिया खे निकयाल़ो और हर कमजोरिया खे दूर करो। 2
इना बारा प्रेरिता रे नाओं यो ए-पईला शमौन, जेसखे पतरस बी बोलोए, और
तेसरा पाई अन्द्रियास, जब्दियो रा पाऊ याकूब और तेसरा पाई यूहन्ना। 3
फिलिप्पुस, बरतुल्मै थोमा, कर लणे वाल़ा मत्ती, हलफईसो रा पाऊ याकूब
और तद्दै। 4 शमौन कनानी, यहूदा इस्करियोती, जिने सेयो पकड़वाए बी थे।
5 यो बारा जणे यीशुए ये आज्ञा देई की पेजे कि ओरी जातिया बीचे नि जाणा,
“ना ई सामरिया रे केसी बी देशो रे जाणा। 6 पर इस्राएलो रे कराने री राची
रिया पेडा गे ई जाणा 7 और चलदे-चलदे ये प्रचार करो कि स्वर्गो रा राज्य
नेड़े आईगा रा। 8 बमारा खे ठीक करो, मरेया रे खे जिऊँदा करो, कोढ़िया खे
शुद्ध करो, दुष्टात्मा खे निकयाल़ो, तुसे मुफ्त पाई राखेया और मुफ्त ई देओ।
9 आपणी गाठड़िया रे ना सुईना, ना रूपा और ना तांबा राखणा। 10 बाटा खे
ना चोल़ा, ना दो कुरते, ना जोड़े और ना ई सोठा लओ, कऊँकि मजूरदारो खे
तेसरी रोटी तो मिलणी ई चाईयो। 11 “तुसे जेते बी गांव या नगरो रे जाओ तो
पता लगाओ कि कुण खरा ए? और जदुओ तक तेथा ते नि निकल़ो, तेसगे ई
रओ। 12 जेबे तुसे तेसरे कअरे जाओ तो तेसखे आशीष देणी। 13 जे तेस
कअरो रे मांणू खरे ओगे तो तुसा रा कल्याण तिना गे पऊँछणा, पर सेयो खरे
नि ओगे तो तुसा रा कल्याण तुसा गे वापस आयी जाणा। 14 जो कोई तुसा
खे मानोगा नि और तुसा री गल्ला नि सुणो, तो तेस कअरो या नगरो ते
निकल़दे ऊए आपणे पैरा री तूड़ तेथी चाड़ी देयो। 15 आऊँ तुसा खे सच
बोलूँआ कि जेबे न्याय रा दिन आऊणा, तेबे तेस नगरो री दशा ते, सदोम और
गमोरा रे देशो री दशा जादा सईणे जोगी ऊणी।” 16 और यीशुए बोलेया,
“देखो, आऊँ तुसा खे पेडा जेड़े तिना लोका बीचे पेजुँआ जो भेड़िए जेड़े
खतरनाक ए, तो तुसे सापो जेड़े अक्लमंद और कबूतरो जेड़े शरीफ रओ
बणे रे। 17 पर लोका ते चौकस रओ, कऊँकि तिना तुसे पंचायती रे देई
देणे और आपणी प्रार्थना रे कअरो रे तुसा खे कोड़े बाणे। 18 तुसे मेरी तंईं
हाकिमो और राजेया रे सामणे तिना पाँदे और दूजी जातिया पाँदे गवा ऊणे खे

पऊँछाए जाणे। 19 जेबे सेयो तुसा खे पकड़वाओगे, तेबे ये चिन्ता नि करनी
कि आसा किंयाँ और क्या करना, कऊँकि जो बी तुसा बोलणा ओगा, से
तुसा खे तेस बखते ई बताई देणा। 20 कऊँकि बोलणे वाल़े तुसे नि, पर तुसा
रे पिते रा पवित्र आत्मा तुसा रे बोलोआ। 21 "पाईया आपणे पाई और
पितेया आपणे पाऊ कुल़वाणे खे पकड़वाणे और बच्चे आपणे माया-बाओ रे
खलाफ उठणे और तिना सेयो कुल़ाई देणे। 22 मेरे नाओं री बजअ ते सबी
लोका तुसा ते बैर राखणा, पर जो आखरी तक सब्र राखोगा, तेसरा ई उद्धार
ऊणा। 23 जेबे सेयो तुसा खे एकी जगा रे सताओगे, तो तुसे दूजी जगा खे
नठी जाणा। आऊँ तुसा खे सच लगी रा बोलणे कि तुसे इस्राएलो रे सारे देशो
रे कूमी नि चुकणे कि तदुओ खे माणूं रा पुत्र आयी जाणा। 24 "चेला आपणे
गुरूओ ते बड़ा नि ऊँदा; ना दास आपणे मालको ते। 25 चेले रा गुरूओ रे और
दासो रा मालको रे बराबर ऊणा ई बऊत ए; जेबे तिने कअरो रे मालको खे
शैतान बोलेया, तो तेसरे कअरो वाल़ेया खे क्या कुछ नि बोलणा? 26 "इजी
री खातर मांणूआ ते नि डरो, कऊँकि कुछ बी टकेया रा निए, जो खोलेया नि
जाणा और ना कुछ छिपेया राए, जो जाणी नि सकदे। 27 जो आऊँ तुसा
खे न्हेरे रे बोलूँआ, तिजी खे तुसे लोका बीचे दिनो रे बखते सबी रे सामणे
खुली की बोलेया करो और जो आपणे कानो रे खसफस करोए, तेस छतो
पाँदो ते बोलेया करो। 28 जो शरीरो खे काई सकोए, पर आत्मा खे काई नि
सकदे, तिना ते नि डरो, पर परमेशरो तेई डरो, जो आत्मा और शरीर दूँईं खे
नरको रे नाश करी सकोआ। (Geenna g1067) 29 एकी पैसे साथे दो चिड़िया
बिकोईया? तेबे बी तुसा रे पिते री इच्छा ते बिना तिना बीचा ते एक बी
जमीना रे नि पड़ी सकदी। 30 तुसा रे सिरो रे बाल़ बी सारे गिणे रे ए। 31
इजी री खातर डरो नि; तुसे मुखती चिड़िया ते बी बढ़ी की ए। 32 "जो कोई
मांणूआ सामणे माखे मानी लओगा, से मां बी आपणे स्वर्गिय पिते सामणे
मानी लणा। 33 पर जो कोई मांणूआ सामणे माखे नि मानोगा, तो मां बी से
स्वर्गिय पिते सामणे नि मानणा। 34 "ये नि समजो कि आऊँ तरतिया पाँदे
मेल-जोल करने आयी रा, आऊँ मेल-जोल करने नि, पर तलवार चलवाणे
आयी रा। 35 आऊँ तो आयी इजी खे रया कि 'मांणूए खे तेसरे पिते ते और
बेटिया खे तेसा री माया ते और बऊआ खे तेसा री सासुआ ते लग करुँ। 36

मांणूए रे बैरी तेसरे कअरो रेई लोक ऊणे।' 37 "जो माया-बावा खे मांते जादा
प्यार करोआ, से मेरे लायक निए और जो माठे-बेटिया खे मांते जादा प्यार
करोआ, से बी मेरे लायक निए। 38 जे तुसे मेरे चेले बणना चाओए, पर
मेरिया तंईं मरने खे त्यार निए, तो तुसे मेरे लायक निए। 39 जो आपणे प्राण
बचाओआ, तेस से खोणा और जो मेरी बजअ ते आपणे प्राण खोओआ, तेस
अनन्त जिन्दगी पाणी। 40 "जो तुसा खे मानोआ, से माखे मानोआ और
जो माखे मानोआ, से मेरे पेजणे वाळे खे मानोआ। 41 जो भविष्यबक्ते खे
भविष्यबक्ता जाणी की ग्रहण करोआ, तेस भविष्यबक्ते जेड़ा ईनाम पाणा
और जो तर्मिंयों खे तर्मी जाणी की ग्रहण करो, तेस तर्मिंयों जेड़ा ईनाम
पाणा। 42 जो कोई इना छोटेया बीचा ते एकी खे बी मेरा चेला जाणी की बस
एक ठण्डे पाणिए रा कटोरा पळयाओगा, आऊँ तुसा खे सच लगी रा बोलणे,
तेस किंयाँ बी आपणा प्रतिफल नि खोणा।"

**11** जेबे यीशु आपणे बारा चेलेया खे आज्ञा देई चुके, तेबे सेयो तिना रे नगरो
रे उपदेश और प्रचार करने खे तेथा ते चली गे। 2 यूहन्ने जेला रे मसीह
रे कामो रा प्रचार सुणी की आपणे चेले तिना ते ये पूछणे पेजे, 3 "क्या
आऊणे वाळे मसीह जेते रा वादा परमेशरे करी राखेया से तुसे ईए, या आसे
केसी दूजे री बाट देखूँ?" 4 यीशुए जवाब दित्तेया, "जो कुछ तुसे सुणोए
और देखोए, से सब जाई की यूहन्ने खे बताओ 5 कि अन्दे देखोए, लंगड़े
चलोए, कोढ़ी शुद्ध ऊई जाओए, टऊणे सुणोए, मुड़दे जिऊँदे ऊई जाओए
और कंगाळा खे सुसमाचार सुणाया जाओआ। 6 धन्य ए सेयो, जो मेरी
बजअ ते आपणा विश्वास नि छाडदे।" 7 जेबे यूहन्ना रे चेले तेथा ते चली
गे, तेबे यीशु यूहन्ने रे बारे रे लोका खे बताणे लगे, "तुसे जंगळो रे क्या
देखणे गए थे? क्या अवा साथे ईलदे ऊए काओ जेड़े नगळो खे? 8 तेबे
तुसे क्या देखणे गए थे? क्या तेस मांणूए खे, जिने नरम टाले थे पईने रे?
देखो, जो नरम टाले पईनोए, सेयो राजभवनो रे रओए। 9 तेबे तुसे कऊँ
गए थे? क्या केसी भविष्यबक्ते खे देखणे? आ, आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि
तुसे तो भविष्यबक्ते ते बी बड़े खे देखणे गए थे। 10 ये सेईए, जेसरे बारे रे
पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया कि "'देख, आऊँ आपणे दूतो खे तांते आगे-
आगे पेजुँआ, जेस तांते आगे जाई की तेरी बाट त्यार करनी।' 11 "आऊँ

तुसा खे सच लगी रा बोलणे कि जो जवाणसा ते जम्मी रे, तिना बीचा ते
यूहन्ना बपतिस्मा देणे वाल़े ते, कोई बी बड़ा नि ऊआ, पर जो स्वर्गो रे राज्य रे
छोटे ते छोटा ए से तेसते बड़ा ए। 12 यूहन्ना बपतिस्मा देणे वाल़े रे दिना ते
लयी की एबुए तक स्वर्गो रे राज्य रे बलपूर्वक प्रवेश ऊँदा रया, पर तागतबर
तेसखे जबरदस्ती छुड़ाई लओए। 13 यूहन्ना बपतिस्मा देणे वाल़े तक सारे
भविष्यबक्ता और बिधान भविष्यबाणी करदे रए। 14 जे चाओ, तो मानो कि
एलिय्याह जो आऊणे वाल़ा था, से येईए। 15 जो समजी सकोआ से तिजी
खे त्यानो साथे सुणो और मानी बी लओ। 16 "आऊँ आजकाल के लोका री
उपमा किजी साथे करूँ? सेयो तिना बच्चेया जेड़े ए, जो बजारो रे बैठी की
एकी-दूजे खे आक्का पाई की बोलोए 17 कि आसे तुसा खे बांसल़ी बजाई,
पर तुसे नि नाचे; आसे शोग कित्तेया, पर तुसे छाती नि बजाई। 18 कऊँकि
यूहन्ना ना खांदा आया और ना पींदा आया और सेयो बोलोए, 'तेसरे दुष्टात्मा
ए।' 19 पर आँऊ माणूं रा पुत्र खांदा-पींदा ऊआ आया और सेयो बोलोए कि
देखो, पेटू और पियक्कड़ मांणू, कर लणे वाल़ेया रा और पापिया रा दोस्त ए,
पर ज्ञान आपणे कामो की सच्चा ठराई राखेया।" 20 तेबे यीशु तिना रे लोका
नगरा खे ल़वामे देणे लगेया, जिना बीचे तिने बऊत सामर्था रे काम कित्ते
थे, कऊँकि तिने आपणा मन नि था फेरेया रा। 21 "हाय खुराजीन! हाय
बैतसैदा! जो सामर्था रे काम तुसा रे कित्ते, जे सेयो सूर और सैदा रे नगरा रे
ऊँदे, तो टाटा रे शोको रे टाल्ले पईनी की और आपू दे स्वा मल़ी की और
दुःखी ऊई की सेयो कदका मन फिराई देंदे। 22 पर आऊँ तुसा खे बोलूँआ
कि जेबे न्याय रा दिन ऊणा, तेबे तुसा री दशा ते, सूर और सैदा नगरो री दशा
जादा सईणे जोगी ऊणी। 23 ओ कफरनहूम! क्या तूँ स्वर्गो तक ऊच्चा
करेया जाणा? तूँ तो नरको तक थाले करेया जाणा। जो सामर्था रे काम तांदे
ऊए, जे सेयो काम, सदोम नगरो रे ऊँदे, तो से आजो तक बणेया रा रणा था।
**(Hadēs g86)** 24 पर आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि जेबे न्याय रा दिन आऊणा
तेबे, तेरी दशा ते सदोमो रे नगरो री दशा जादा सईणे जोगी ऊणी।" 25
तेस ई बखते यीशुए बोलेया, "ओ पिता! स्वर्ग और तरतिया रे प्रभु! आऊँ
तुसा रा धन्यवाद करूँआ कि तुसे यो गल्ला ज्ञानी और समजदारा ते लकोई
रिया राखिया और बाल़का गे बताईया। ओ पिता! कऊँकि तुसा खे येई खरा

लगेया।" 26 आ, ओ पिता! कऊँकि तुसा खे येई खरा लगेया। 27 "मेरे
पिते मांगे सब कुछ संबाल़ी राखेया। कोई पुत्रो खे नि जाणदा, बस पिता
जाणोआ। कोई पिते खे नि जाणदा, बस पुत्र जाणोआ और से, जेस पाँदे पुत्र
तिजी खे प्रगट करना चाओ। 28 ओ सब मईणत करने वाल़ेयो! और बोजे
की दबे रे लोको, मांगे आओ, मां तुसा खे आराम देणा। 29 "मेरे चेले बणो
और मेरी गल्ल मानेया करो कऊँकि आऊँ नम्र और मनो ते दीन ए, और तेबे
तुसा आपणे मनो रे आराम पाणा। 30 कऊँकि मेरा काम आसान ए और
बोज अल़का ए।"

**12** तेस बखते यीशु आरामो रे दिने डोरूआ रिये जाणे लगी रे थे। जेबे तिना
रे चेलेया के पूख लगी, तेबे सेयो सिल्ले तोड़ी-तोड़ी की खाणे लगे। 2 तेबे
फरीसिये तिना खे देखी की यीशुए खे बोलेया, "देख, तेरे चेले से काम लगी रे
करने, जो आरामो रे दिने करना ठीक निए।" 3 यीशुए तिना खे बोलेया,
"क्या तुसे पढ़ी नि राखेया कि जेबे दाऊद और तेसरे साथिया खे पूख लगी,
तो तिने क्या कित्तेया? 4 सेयो किंयाँ परमेशरो रे भवनो रे गये और तिने पेंटा
रिया रोटिया खाईया, जबकि बिधानो रे मुताबिक तिना, ना तो से और ना
तेसरे साथी खाई सको थे, पर पुरोईत ई खाई सको थे। 5 क्या तुसे बिधानो
तेबे तिने पीड़ा रे पीछे मुड़ी की पूछेया, “मेरे टाले किने छुँए?” 31 तिना रे
चेलेया तिना खे बोलेया, “तुसा खे पता तो आए कि इतणी पीड़ तुसा पाँदे
पड़ी री और तुसे बोलोए, ‘आऊँ किने छूँयां?’” 32 तेबे यीशु ये देखणे री तंईं,
“आऊँ किने छूँयां” सेयो चऊँ कनारे देखणे लगे। 33 तेबे से जवाणस ये
जाणी गी कि मां साथे केड़ी पलाई ऊई री, से डरदी और थरथरांदी ऊई आई
और यीशुए रे पैरा पाँदे पड़ी गी और तेसे सारा आल सच-सच तिना खे
सुणाया। 34 यीशुए तेसा खे बोलेया, “बेटिये, तेरे विश्वासे तूँ ठीक कित्ती।
बेफिकर ऊई की जा और आपणी एसा बमारिया ते बची री रओ।” 35 यीशु
ये बोलणे ई लगी रे थे कि प्रार्थना रे कअरो रे सरदारो रे कअरो ते कुछ लोक
आए और बोलेया, “तेरी मुन्नी मरी गी। एबे गुरूओ खे कष्ट कऊँ लगी रा
देणे?” 36 जो गल्ल सेयो करने लगी रे थे, से यीशुए अणसुणी करी की
प्रार्थना रे कअरो रे सरदारो खे बोलेया, “डर नि; बस विश्वास राख।” 37 तेबे
यीशुए पतरस, याकूब और तेसरा पाई यूहन्ने खे छाडी की कोई बी आपू
साथे आऊणे नि दित्तेया। 38 तेबे प्रार्थना रे कअरो रे सरदारो रे कअरे पऊँछी
की तिने लोक रोंदे ऊए और राड़िया देंदे ऊए देखे। 39 तेबे यीशुए पीतरे जाई
की तिना खे बोलेया, “तुसे रोणे और राड़िया कऊँ लगी रे देणे? तेरी मुन्नी
मरी नि रई, पर सऊणे लगी री।” 40 सेयो ये गल्ल सुणी की यीशुए रा

मजाक लगे ऊड़ाणे, पर तिने सब जणे बारे निकयाल़ी की मुन्निया रे माए-
बाओ और आपणे तीनो चेलेया साथे पितरे गया, जेती मुन्नी थी पड़ी री। **41**
तेबे तिने मुन्निया रा आथ पकड़ी की तेसा खे बोलेया, “तलीता कूमी!”
मतलब “ओ मुन्निए आऊँ ताखे बोलूँआ कि उठ।” **42** तेबे मुन्नी उठी और
फटाफट चलणे-फिरने लगी। से बारा साला री थी। ये देखी की सारे लोक
बऊत हैरान रई गे। **43** तेबे तिने तिना खे सावधान करी की बोलेया, “ये
गल्ल केसी गे नि बोलणी और एसा मुन्निया खे कुछ खाणे खे देओ।”

**6** यीशु कफरनहूमो ते निकल़ी की आपणे नगर नासरतो खे आए और तिना
रे चेले बी तिना साथे आए। **2** आरामो रे दिने सेयो प्रार्थना रे कअरो रे उपदेश
देणे लगे, उपदेश सुणी की लोक हैरान ऊईगे और बोलणे लगे, “यो गल्ला
एसखे किंयाँ ए पता? और ये कुण जा ज्ञान ए, जो एसखे देई राखेया? और
एसरे आथो साथे यो सामर्थो रे काम किंयाँ ओए? **3** आसे जाणूंए कि ये
लकड़िया रा मिस्त्री ए, जो मरियमो रा पाऊ ए और याकूब, योसेस, यहूदा
और शमौनो रा पाई ए और क्या एसरिया बईणी आसा बीचे ई नि रंदिया?”
इजी बजअ ते तिने तेसखे अपनाणे ते न कित्ती। **4** यीशुए तिना खे बोलेया,
“भविष्यबक्ता रा आपणे इलाके रे, आपणे टब्बर और आपणे कअरो खे
छाडी की ओरथी सारी जगा आदर ओआ।” **5** तेबे सेयो नासरत नगरो रे
बऊत सामर्था रे काम नि करी सके, बस तिने कुछ बमारा पाँदे आथ राखी की
सेयो ठीक कित्ते। **6** तेबे सेयो, तिना रा अविश्वास देखी की हैरान ऊईगे, और
तेबे सेयो गांव रे चऊँ कनारे कूमदे ऊए उपदेश देणे लगे। **7** तेबे यीशुए बारा
चेले बुलाई की दो-दो करी की पेजे और तिना खे दुष्टात्मा खे निकयाल़ने रा
अक्क दित्तेया। **8** तेबे यीशुए तिना खे आज्ञा दित्ती, “बाटा खे आपू साथे
डण्डा छाडी की ओर कुछ नि लणा; ना रोटी, ना चोल़ी और ना बटुए रे पैसे।
**9** पर जोड़े पईनो, और आपू साथे दो जोड़ी टाल्ले नि राखो।” **10** तेबे तिने
तिना खे बोलेया, “जेबे तुसे केसी नगरो रे जाओ और कोई तुसा खे आपणे
कअरे बुलाओ, तो जदुओ तक तुसे तेस इलाके ते चली नि जाओ, तदुओ तक
तेस ई कअरो रे रओ। **11** जेते जगा रे लोक तुसा खे नि मानो और तुसा री नि
सुणो, तो तेथा ते चलदे बणो और आपणे पैरा री तूड़ तेथी चाड़ी देओ, ताकि
तिना रे खलाफ सबूत ओ।” **12** तेबे चेलेया जाई की प्रचार कित्तेया, “मन

फिराओ।” 13 तिने बऊत दुष्टात्मा निकयालि़या और बऊत बमार तेल मल़ी
की ठीक कित्ते। 14 तेबे हेरोदेस राजे यीशुए रे बारे रे सुणेया, कऊँकि तिना रा
नाओं बऊत फैली गा था। तेबे कुछ लोक ईंयां बोलो थे, “यूहन्ना बपतिस्मा
देणे वाल़ा मरे रेया बीचा ते जिऊँदा उई गा रा, तेबेई तो तेसते यो सामर्था रे
काम ओए।” 15 तेबे कुछ जणे बोलेया, “ये तो एलिय्याह ए”, कुछ जणे
बोलेया, “भविष्यबक्तेया बीचा ते कोई एक ए।” 16 हेरोदेसे राजे ये सुणी की
बोलेया, “जेस यूहन्ने रा सिर मैं बडवाया था, ये सेई जिऊँदा ऊईगा रा।” 17
कऊँकि हेरोदेसे आपणे पाई फिलिप्पुसो री लाड़ी हेरोदियासा री बजअ ते,
जेसा साथे तिने ब्या कित्तेया था, लोका खे पेजी की यूहन्ना पकड़वाया और
जेला रे पाईता था। 18 कऊँकि यूहन्ने हेरोदेसो खे बोलेया था, “आपणे पाईए
री लाड़ी राखणा ताखे खरी गल्ल निए।” 19 तेबेई तो हेरोदियास यूहन्ने साथे
दुश्मणी राखो थी और ये चाओ थी कि एसखे कुल़वाई देऊँ, पर एड़ा नि ऊई
सकेया। 20 कऊँकि हेरोदेस यूहन्ने खे तर्मी और पवित्र मांणू मानो था और
तेसते डरो था और तेसखे बचाए रे राखो था और तेसरी सुणी की बऊत
कबराओ था, पर बऊत खुश ओ था। 21 तेबे ठीक मोके पाँदे, जेबे हेरोदेसो
रा जन्मदिन था, तेबे तिने आपणे प्रदाना खे, सेनापतिया और गलीलो रे बड़े
लोका खे पाट्टी राखी। 22 तेबे हेरोदियासा री मुन्नी पीतरे आई और नाचणे
लगी, तेसा रा नाच देखी की हेरोदेस और तेस साथे बैठणे वाल़े खुश ऊईगे।
तेबे हेरोदेस राजे तेसा खे बोलेया, “माँग, जो ताखे चाईयो, मां ताखे देणा”
23 और तिने कसम खाई, “आदे राज्य तक, जो तूँ मांगेगी, मां ताखे देणा।”
24 तेसे बारे जाई की आपणी आम्मा ते पूछेया, “आऊँ क्या मांगू?” माए
बोलेया, “यूहन्ना बपतिस्मा देणे वाल़ेया रा सिर चाईयो।” 25 तेबे मुन्नी
फटाफट राजे गे पितरे आई और तेसते बिनती करी की बोलेया, “आऊँ
चाऊँई कि तूँ एबु यूहन्ना बपतिस्मा देणे वाल़े रा सिर एक थाल़िया रे माखे
मंगवाई दे।” 26 तेबे हेरोदेस राजा बऊत उदास ऊईगा, पर आपणी कसमा री
बजअ ते और आपू साथे बैठे रे लोका री बजअ ते, से तेसा री गल्ल टाल़ी नि
सकेया। 27 तेबे राजे तेबुई एक जलाद पेजेया और तेसखे आज्ञा दित्ती कि
तेसरा सिर बाडी की ल्याओ। 28 तेबे तिने जेला रे जाई की तेसरा सिर
बाडेया और एक थाल़िया रे पाई की ल्याया और हेरोदियासा री मुन्निया खे

दित्तेया, और मुन्निए आपणी आम्मा खे दित्तेया। **29** ये बुरी खबर सुणी की
यूहन्ना रे चेले आए और तेसरी लोथ चकी की कब्रा रे राखी। **30** जेबे बारा
प्रेरित जो यीशुए दुष्टात्माओं खे निकाल़ने रा अक्क देई की दो-दो करी की
पेजे थे वापस आए तो जो कुछ तिने कित्तेया और जो सिखाई राखेया था,
सब तिना गे बताया। **31** यीशुए चेलेया खे बोलेया, "तुसे आपू बी केथी
जंगल़ो रे जाई की आराम करी लो।" तिने ये इजी खे बोलेया था, कऊँकि
बऊत लोक आओ थे और तिना खे रोटी खाणे खे बी बखत नि मिलो था। **32**
तेबे यीशु और तिना रे चेले किस्तिया रे चढ़ी की, सुणसाण जगा रे चली गे।
**33** तेबे बऊत जणेया यीशु और तिना रे चेले जांदे ऊए देखी ले और तेबे सब
नगरो रे लोक कट्ठे ऊई की पैदल ई दौड़ी गे और तिना ते पइले तेती पऊँछी
गे। **34** तेबे तिने किस्तिया ते उतरी की एक बड़ी पीड़ देखी और तिना खे
तेसा पीड़ा पाँदे तरस आया, कऊँकि सेयो तिना पेडा जेड़े थे, जिना रा कोई
रखवाल़ा नि ऊँदा। तेबे यीशु तिना खे बऊत गल्ला सिखाणे लगे। **35** जेबे
साँज ऊणे वाल़ी थी, तेबे तिना रे चेले तिना खे बोलणे लगे, "ये सुणसाण
जगा ए और दिन बऊत चढ़ी गा रा। **36** एबे इना खे बिदा करी देयो, ताकि यो
गांव, और बस्तिया रे जाई की आपू खे खाणे खे कुछ खरीदी सको।" **37**
यीशुए तिना खे बोलेया, "तुसेई इना खे खाणे खे देयो।" चेलेया बोलेया,
"क्या आसे इना खे दो सौ चाँदिए रे सिक्केया रे मोलो रे बराबर (मतलब
दो सौ दिनो री मजदूरिया रे बराबर ए) रोटिया खरीदी लईये और इना खे
खुल़ाईए?" **38** यीशुए तिना खे बोलेया, "जाओ और देखो तुसा गे कितणिया
रोटिया ए?" तिने पता करी की बोलेया, "पाँज रोटिया और दो मछलिया ए।"
**39** तेबे यीशुए चेलेया खे आज्ञा दित्ती कि सबी खे अरे काओ पाँदे बांईठी रे
बठयाल़ी देओ। **40** सेयो सौ-सौ और पंजा-पंजा, बांईठी रे बैठीगे। **41** तेबे
यीशुए सेयो दो मछलिया और पाँज रोटिया लईया और स्वर्गो खे देखी की
धन्यवाद कित्तेया और रोटिया तोड़ी-तोड़ी की आपणे चेलेया खे दित्तिया कि
लोका खे बांडी देओ और सेयो मछलिया बी बांडिया। **42** तेबे सब खाई
की रजी गे। **43** और तेबे तिने बचे रे टुकड़ेया रिया बारा टोकरिया परी की
चकिया और कुछ मछलिया बी थिया। **44** जिने रोटिया खाईया, तिना बीचे
जादातर पाँज ह्जार तो मर्द थे। **45** तेबे यीशुए तेबुई आपणे चेले किस्तिया रे

चढ़ाए, ताकि सेयो तिना ते पईले, पार बैतसैदा नगरो खे चली जाओ, जदुओ
तक की सेयो लोका खे बिदा करोए। 46 तेबे से पीड़ा खे बिदा करी की
पाह्ड़ो पाँदे प्रार्थना करने खे गए। 47 जेबे साँज ऊई, तेबे चेलेया री किस्ती
समुद्रो रे थी और यीशु कल्ले जमीना पाँदे थे। 48 यीशुए देखेया कि तिना रे
चेले बड़ी मुश्किला साथे चप्पू चलांदे-चलांदे ऊए कबराणे लगी रे, कऊँकि
अवा तिना रे खलाफ थी, तेबे सेयो राथियो रे चौथे पइरो रे नेड़े, समुद्रो रे
पाणिए पाँदे चली की तिना गे आए और सेयो तिना ते आगे निकल़ना चाओ
थे। 49 पर जिंयाँ ई चेलेया यीशुए खे समुद्रो रे पाणिए पाँदे चलदे ऊए देखी
की सोचेया कि ये तो पूत ए और सब डरो रे मारे चींगणे लगे। 50 कऊँकि
सब तिना खे देखी की कबराई गे थे, पर यीशुए फटाफट तिना साथे गल्ल
कित्ती और बोलेया, "याओ राखो। आऊँ ए। डरो नि।" 51 तेबे सेयो तिना
साथे किस्तिया रे आए और अवा रूकी गी, तिना रे चेले ये देखी की हैरान
ऊईगे। 52 कऊँकि सेयो एथो तक तिना रोटिया रे बारे रे नि समजे थे। और
तिना रे मन कठोर ऊईगे थे। 53 तेबे यीशु और तिना रे चेले गलीली समुद्रो ते
उतरी की गन्नेसरत नगरो री जगा रे पऊँछे और किस्ती कनारे पाँदे लगाईती।
54 जेबे सेयो किस्तिया ते उतरे, तेबे लोक तिना खे पछयाणने लगे 55 और
ओरे-पोरे सारे-देशो रे दौड़े और बमारा खे माँजे पाँदे लटयाल़ी की, जेती-जेती
सुणेया कि यीशु तेती ए, 56 सेयो तेथी-तेथी पऊँछी गे। और जेती केथी
सेयो, गांव, नगर और बस्तिया रे जाओ थे, तेबे लोक बमारा खे बजारो रे
छाडी की तिना ते बिनती करो थे कि बमारा खे बस आपणे टाले रा पल्ला ई
छूणे दे। और जितणे तिना खे छूँओ थे, सेयो ठीक ऊई जाओ थे।

**7** तेबे फरीसी और कई शास्त्री यीशुए गे कट्ठे ऊए, जो यरूशलेम नगरो ते
आए थे। 2 तेबे तिने तिना रे चेले बिना आथ तोए रोटी खांदे ऊए देखे। 3
कऊँकि फरीसी और सब यहूदी बुजुर्गा रिया रवाजा पाँदे चलो थे और जदुओ
तक तिना री रिवाजा रे मुताबिक ठीक टंगो रे आथ नि तोई लओ थे, तदुओ
तक नि खाओ थे। 4 और बजारो ते आई की जदुओ तक नाई नि लओ थे,
तदुओ तक नि खाओ थे और बऊत एड़िया गल्ला ए, जो सेयो मानोए-
जेड़े-कटोरे, लोटे और तांबेया रे पांडे मांजणे। 5 तेबेई तो तिने फरीसिये
और शास्त्रिए यीशुए ते पूछेया, "तेरे चेले बुजुर्गा रिया गल्ला कऊँ नि मानदे

और बिना आथ तोए रोटी खाओए?" 6 यीशुए तिना खे बोलेया, "यशायाह
भविष्यबक्ते तुसा कपटिया रे बारे रे ठीक भविष्यबाणी ए कित्ती री; जेड़ा
लिखी राखेया, "'यो लोक मुंओ ते तो मेरा आदर करोए, पर मनो ते मांते दूर
रओए। 7 यो बिना मतलबो ते मेरी भक्ति करोए, कऊँकि मांणूए री आज्ञा खे
यो तर्मो रा उपदेश करी की सिखाओए।' 8 कऊँकि तुसे परमेशरो री आज्ञा
खे टाल़ी की मांणूए री रवाजा खे मानोए।" 9 तेबे यीशुए तिना खे बोलेया,
"तुसे मांणूए रे जरिए बणाई री रीति-रिवाजा खे मानणे री तंईं परमेशरो री
आज्ञा खे कितणी चलाकिया साथे टाल़ी देओए। 10 कऊँकि मूसे नबीए
बिधानो रे बोली राखेया, 'आपणे माया-बावा रा आदर कर' और 'जो कोई
तिना खे बुरा बोलोगा से जरूर काया जाणा।' 11 पर तुसे बोलोए कि जे कोई
आपणे माया-बावा खे बोलो, 'जो कुछ तुसा खे मांते फाईदा ऊई सकोआ, से
कुरबान ए, सब कुछ परमेशरो खे।' क्या एड़ा बोलणा ठीक ए? 12 तो तेबे
तुसे तेसखे आपणे माया-बावा री कुछ बी सेवा करने नि देंदे। 13 ईंयां ई तुसे
आपणी रवाजा ते, जो तुसे बणाई राखिया, परमेशरो रा वचन टाल़ी देओए
और एड़े-एड़े ई बऊत बुरे काम करोए।" 14 तेबे यीशुए लोका खे आपू गे
बुलाई की बोलेया, "तुसे सब मेरी सुणो और समजो। 15 एड़ी कोई बी चीज
निए जो मांणूआ खे बाअरा ते अशुद्ध करोई, पर जो गल्ला मांणूए रे पीतरो ते
निकल़ोई, से मांणूए खे अशुद्ध करोई। 16 जो समजी सकोआ से तीजी खे
त्यानो साथे सुणो और मानी बी लओ।" 17 जेबे यीशु पीड़ा गे ते कअरो खे
गए, तेबे तिना रे चेलेया तिना ते एस उदारणो रे बारे रे पूछेया। 18 तिने तिना
खे बोलेया, "क्या तुसे बी एड़े ई नासमज ए? क्या तुसे नि जाणदे कि जो
रोटी मांणू खाओआ, से तिजी ते अशुद्ध नि ऊई सकदा? 19 कऊँकि से तेसरे
मनो रे नि, पर पेटो रे जाओई, और सड़यानी साथे निकल़ोई।" ये बोली की
तिने सारी खाणे रिया चीजा शुद्ध ठईराई राखिया। 20 तेबे तिने बोलेया, "जो
बुरिया गल्ला मांणूआ रे मुंओ ते निकल़ोईया, सेई तेसखे अशुद्ध बणाओईया।
21 कऊँकि मांणूए रे मनो रे बुरे-बुरे बिचार, व्याभिचार, चोरी, अत्या, 22
परस्त्रीगमन, लोब, दुष्टता, छल, लुचपण, बुरी नजर, निन्दा, कमण्ड और
मुर्खता निकल़ोई। 23 यो सब बुरिया गल्ला पीतरो तेई निकल़ोईया और
मांणूए खे बुरा बणाओईया।" 24 तेबे यीशु और तिना रे चेले गलील प्रदेशो ते

उठी की सूर और सैदा रे नगरो खे आए और एक कअरो रे गए और सेयो
चाओ थे कि कोई बी तिना रे बारे रे नि जाणो, पर सेयो लुकी नि सके। **25**
तेबे एक जवाणस थी, जेसा री छोटी मुन्निया रे दुष्टात्मा आत्मा थी, तेसे
यीशुए रे बारे रे सुणेया और तेबे से तिना गे आई और तिना रे पैरो पाँदे पड़ी
गी। **26** ये यूनानी और सूरूफिनीकी जातिया री थी, तेसे यीशुए ते बिनती
कित्ती, "मेरी मुन्निया ते दुष्टात्मा निकयाल़ी दे।" **27** तिने तेसा खे बोलेया,
"पईले बच्चेया खे रजणे दे, कऊँकि बच्चेया री रोटी कुत्तेया रे आगे राखणा
खरी गल्ल निए।" **28** तेसे जवाणसे बोलेया, "सच ए प्रभु, पर तेबे बी तो
छोटे कुत्ते बी बच्चेया री रोटिया ते बचे रे टुकड़ेया रा चूरा खाई लओए।" **29**
यीशुए तेसा खे बोलेया, "जे एड़ी गल्ल ए, तेबे तो तूँ चली जा; दुष्टात्मा तेरी
मुन्निया ते निकल़ी गी री।" **30** तेबे से आपणे कअरे आई और तेसे देखेया
कि तेसा री मुन्नी माँजे पाँदे ए और दुष्टात्मा निकल़ी गी री। **31** तेबे यीशु
सूर और सैदा रे नगरो ते निकल़ी की सिदोन और दिकापुलिसो रे प्रदेशो रे
ऊँदे ऊए गलीलो रे समुद्रो रे नेड़े पऊँछे। **32** तेबे लोके एक मांणू तिना गे
ल्याया जो टौणा और तूतला था, तेबे तिने यीशुए ते बिनती करी की बोलेया,
"आपणा आथ एस पाँदे राखी देयो।" **33** तेबे यीशु तेसखे पीड़ा ते लग जे
लईगे और आपणिया गुठिया तेसरे कानो रे पाईया और थूक लगाई की
तेसरी जीब छुँईं। **34** तेबे तिने स्वर्गो खे लांबा साआ परी की देखेया और
बोलेया, "ईप्फत्तह!" मतलब "खुली जा!" **35** तेबे से तेबुई सुणने लगेया
और तेसरी जीब खुली गी और से साफ-साफ बोलणे लगेया। **36** तेबे तिने
तेसखे सावधान करी की बोलेया, "केसी गे नि बोलणा।" पर जितणा तिने
से सावधान कित्तेया, तिथणा ई से ओर बी प्रचार करने लगेया। **37** तेबे
सेयो लोक बऊत हैरान ऊई की बोलणे लगे, "तिने जो कुछ कित्तेया, अच्छा
कित्तेया, सेयो टौणेया खे सुणने री और गूँगेया खे बोलणे री शक्ति देओ ए।"
**8** तिना दिना रे जेबे बड़ी पीड़ कट्ठी ऊई और तिना गे कुछ खाणे खे नि था,
तेबे तिने आपणे चेलेया खे आपू गे बुलाई की बोलेया, **2** "माखे एसा पीड़ा
पाँदे तरस आओआ, कऊँकि ये तीन दिना ते बराबर मां साथे ए और इना गे
कुछ बी एबे खाणे खे निए। **3** जे आऊँ इना खे पूखा कअरो खे पेजुँगा, तो यो
बाटा रेई थकी जाणे, कऊँकि इना बीचा ते कोई-कोई बड़ी दूरो ते आई रे।" **4**

तिना रे चेलेया तिना खे बोलेया, "एती सुणसाण जगा रे इतणिया सारिया
रोटिया केथा ते ल्याईए, ताकि यो रज्जी जाओ?" 5 यीशुए तिना ते पूछेया,
"तुसा गे कितणी रोटिया ए?" तिने बोलेया, "सात।" 6 तेबे यीशुए तिना खे
बोलेया, "जमीना पाँदे बैठी जाओ।" तिने सेयो सात रोटिया लईया और
परमेशरो रा धन्यवाद करी की तोड़िया और आपणे चेलेया खे देंदे गए कि
इना लोका खे देओ, और सेयो लोका खे देंदे गए। 7 तिना गे थोड़ी जीया
छोटिया मछलिया बी थिया और यीशुए सेयो बी धन्यवाद करी की लोका खे
देणे खे बोलेया। 8 तेबे सेयो खाई की रज्जी गे और जो टुकड़े बची रे थे तिना
रे सात बड़े टोकरू परी की चके। 9 खाणे वाल़े तकरीबन चार ह्जार लोक थे;
तेबे तिने सेयो बिदा करी ते। 10 तेबे यीशु आपणेया चेलेया साथे किस्तिया
पाँदे चढ़ी की दलमनूता नाओं रे नगरो खे चली गे। 11 तेबे फरीसी यीशुए
साथे बईस करने लगे और तिना खे परखणे खे बोलेया, "कोई स्वर्गिय चिह्
बता।" 12 तिने लांबा साआ परी की बोलेया, "एते जमाने रे लोक चिह् कऊँ
टोल़ोए? आऊँ तुसा खे सच बोलूँआ कि एस बखतो रे लोका खे कोई बी चिह्
नि देणा।" 13 तेबे सेयो तिना खे छाडी की किस्तिया रे बैठे और पार चली गे
14 चेले रोटिया लणा पूली गे थे और किस्तिया रे तिना गे बस एक ई रोटी
थी। 15 तेबे यीशुए सेयो सावधान कित्ते कि देखो, "फरीसिये रे सजेड़े और
हेरोदेसो रे सजेड़े ते चौकस रएयो" 16 चेले आपू बीचे सोच-बिचार करी की
बोलणे लगे, "से इजी खे बोलोआ कऊँकि आसा गे तो रोटी आए ई नि।" 17
ये जाणी की यीशुए तिना खे बोलेया, "तुसे आपू बीचे ये बिचार कऊँ लगी
रे करने कि आसा गे रोटी निए? क्या एबुए तक नि जाणदे और समजदे
नि? क्या तुसा रे अक्ल निए? 18 क्या आखी ऊँदे ऊए पनि देखदे और
कान ऊँदे ऊए पनि सुणदे? क्या तुसा खे याद निए? 19 कि जेबे मैं पाँज
ह्जार लोका खे पाँज रोटिया तोड़िया थिया और तुसे टुकड़े रिया कितणिया
टोकरिया चकिया थिया?" तिने तिना खे बोलेया, "बारा टोकरिया।" 20
यीशुए फेर पूछेया, "जेबे चार ह्जारा लोका खे सात रोटिया थिया, तो तेबे
तुसे टुकड़े रिया कितणिया टोकरिया चकिया थिया?" चेलेया बोलेया, "सात
टोकरिया।" 21 यीशुए तिना खे बोलेया, "क्या तुसे एबुए तक नि समजदे?"
22 तेबे सेयो बैतसैदा नगरो खे आए और लोक एक अन्दे खे यीशुए गे ल्याए

और बिनती कित्ती कि तुसे एसखे छुँईं देओ। **23** तेबे यीशु तेस अन्दे खे
आथ पकड़ी की गांव ते बारे लईगे और तेसरी आखी पाँदे थूकी की आथ
राखे और तेसते पूछेया, “क्या तूँ देखी सकेया?” **24** तिने आखी चकी की
बोलेया, “आऊँ मांणूआ खे देखी सकूँआ, सेयो माखे चलदे ऊए डाल़ा जेड़े
दिशोए।” **25** तेबे यीशुए तेसरी आखी पाँदे फेर आथ राखे और तेबे तिने अन्दे
त्यानो साथे देखेया और से ठीक ऊईगा और सब कुछ साफ-साफ देखणे
लगेया। **26** यीशुए से कअरो खे पेजेया और तेसखे बोलेया, “एस गांव रे
पीतरे पैर पनि राखणा।” **27** यीशु और तिना रे चेले कैसरिया फिलिप्पिया
नगरो रे नेड़े-तेड़े गांव खे चली गे; तेबे यीशुए बाटा रे तिना ते पूछेया, “लोक
माखे क्या बोलोए?” **28** चेलेया जबाब दित्तेया, “यूहन्ना बपतिस्मा देणे
वाल़ा; पर कोई-कोई एलिय्याह और कोई-कोई भविष्यबक्ता बीचा ते एक
बी बोलोए।” **29** यीशुए तिना ते पूछेया, “पर तुसे माखे क्या बोलोए?”
पतरसे तिना खे बोलेया, “तुसे मसीह ए, परमेशरो रे पेजे रे।” **30** तेबे यीशुए
तिना खे सावधान करी की बोलेया, ये केसी गे नि बताणा, “आँऊ ई मसीह
ए।” **31** तेबे यीशु तिना खे बताणे लगे कि, “मां माणूं रे पुत्रो खे जरूरी ए
कि आँऊ बऊत दु: ख उठाऊँ और बुजुर्ग, बड़े पुरोईत और शास्त्री माखे
तुच्छ जाणी की काई देओ और आँऊ तीजे दिने जिऊँदा ऊई जाऊँ।” **32**
यीशुए तिना खे साफ-साफ बताई ता। ये सुणी की पतरस तिना खे लग जे
लईगा और थिड़कणे लगेया। **33** पर यीशु मुड़े और आपणेया चेलेया खे
देखी की पतरसो खे थिड़कणे लगे, “ओ शैतान! मेरी नजरा ते दूर ऊई जा;
कऊँकि तूँ परमेशरो रिया गल्ला रे नि, पर मांणूए रिया गल्ला पाँदे आपणा
मन लगाएया।” **34** यीशुए पीड़ा समेत आपणे चेले आपू गे बुलाए और
तिना खे बोलेया, “जो कोई मां पीछे आऊणा चाओआ, से आपणा सब कुछ
छाडी की और आपणे दुःखो और कष्टा रा क्रूस चकी की आपणी इच्छा ते
मां पीछे आई जाओ। **35** कऊँकि जो कोई आपणा प्राण बचाणा चाओगा,
तेस से खोणा, पर जो कोई मेरिया और सुसमाचारो रिया तंईं आपणे प्राण
देओगा, तेस सच्ची ई आपणे प्राण बचाणे। **36** जे मांणूए खे सारी दुनिया
मिली जाओ, और आपणे ई प्राण नि रओ, तो तेसखे क्या फाईदा? **37** और
मांणूए आपणे प्राणो रे बदले ओर क्या देई सकोआ? **38** जो कोई एसा

व्याभिचारिया और पापी जातिया बीचे, मांते और मेरिया गल्ला ते शर्माओगा,
तो तेबे मां माणूं रा पुत्रो बी, जेबे पवित्र स्वर्गदूता साथे आपणे पिते री महिमा
साथे आऊणा, तो मां बी तेसते शर्माणा।"

**9** यीशुए तिना खे बोलेया, "आऊँ तुसा खे सच लगी रा बोलणे कि जो
एती खड़ी रे तिना बीचा ते कई एड़े ए, कि जदुओ तक परमेशरो रे राज्य खे
सामर्था साथे आऊँदा ऊआ नि देखी लओगे, तदुओ तक नि मरने।" **2** छे
दिनो ते बाद यीशुए पतरस, याकूब और यूहन्ना आपू साथे लए और लग जे
ऊच्चे जे पाह्ड़ो पाँदि चली गे और तेती तिना सामणे यीशुए री शक्ल बदली
गी। **3** तेबे तिना रे टाले ईतणे चमकणे लगे कि बड़े पारी साफ ऊईगे और
तरतिया रे कोई बी तोबी इतणा साफ नि करी सकदा। **4** तेबे चेलेया खे
पुराणे बखतो रे दो भविष्यवक्ता मूसा और एलिय्याह दिशे और सेयो यीशुए
साथे गल्ला करो थे। **5** ये देखी की पतरसे यीशुए खे बोलेया, "ओ गुरू!
आसा रा एती रणा ठीक ए और आसे एड़ा करूँए कि तीन तम्बू बणाऊँए;
एक तुसा खे, एक मूसे खे और एक एलिय्याहो खे।" **6** कऊँकि सेयो बऊत
डरी गे थे और पतरस नि जाणो था कि क्या जवाब देऊँ। **7** तेबे एक बादल़
तिना पाँदि छाईगा और तेस बादल़ो ते परमेशरो री ये आवाज आई, "ये मेरा
प्यारा पुत्र ए, एसरी सुणो।" **8** तेबे सेयो फटाफट चऊँ कनारे देखणे लगे
और यीशुए खे छाडी की तिने ओर कोई नि देखेया। **9** पाह्ड़ो ते उतरदे ऊए
यीशुए तिना खे आज्ञा दित्ती कि, "जदुओ तक आँऊ माणूं रा पुत्र, मरे रेया
बीचा ते जिऊँदा नि ऊई जाऊँ, तदुओ तक जो कुछ तुसे देखी राखेया, से
केसी गे नि बताणा।" **10** चेलेया ये गल्ल आपू तक ई राखी और आपू बीचे
बात-चीत करने लगे, "मरे रेया बीचा ते जिऊँदा ऊणे रा क्या मतलब ए?"
**11** तेबे तिने यीशुए ते पूछेया, "शास्त्री कऊँ बोलोए कि मसीह रे आऊणे ते
पईले एलिय्याहो रा आऊणा जरूरी ए?" **12** यीशुए तिना खे जवाब दित्तेया,
"एलिय्याह रा तो सच्ची पईले आऊणा और लोका रे मनो खे मेरिया तंईं
त्यार करना जरूरी ए। पर पवित्र शास्त्रो रे माणूं रे पुत्रो रे बारे रे बी एड़ा
कऊँ लिखी राखेया कि तेसखे बऊत दु: ख ऊणे और से तुच्छ समजेया
जाणा? **13** पर आऊँ तुसा खे सच बोलूँआ कि एलिय्याह तो आई चुकेया
रा और जो तेसरे बारे रे लिखी राखेया था, तिने जो कुछ चाया तेस साथे

कित्तेया।" 14 और जेबे यीशु आपणे तीनो चेलेया साथे ओरी चेलेया नेड़े
आए तो तेबे तिने देखेया कि तिना रे चऊँ कनारे पीड़ लगी री और शास्त्री
तिना साथे बईस करने लगी रे थे। 15 तेबे यीशुए खे देखी की सब हैरान
ऊईगे और तिना गे दौड़ी की तिना खे नमस्कार कित्तेया। 16 यीशुए तिना ते
पूछेया, "तुसे इना साथे क्या बईस लगी रे करने?" 17 पीड़ा बीचा ते एकी
जणे बोलेया, "ओ गुरू! आऊँ आपणे पाऊए खे तुसा गे ल्याई राखेया, जेसे
दुष्टात्मे ये गूँगा करी राखेया। 18 जेती-केथी से तेसखे पकड़ोई, तेथी पटकी
देओई और एसरे मुंओ ते जगुड़ निकल़ने लगी जाओआ और से दाँद किरड़दा
रओआ और सूकदा रओआ। मैं तुसा रे चेलेया खे बोलेया, 'तुसे एसा खे
निकयाल़ी देओ, पर सेयो निकयाल़ी नि सके।'" 19 ये सुणी की यीशुए तिना
खे जवाब दित्तेया, "ओ अविश्वासी लोको! मां कदुओ तक तुसा साथे रणा?
और कदुओ तक तुसा खे सईन करुँ? बच्चे खे मांगे ल्याओ।" 20 तेबे सेयो
बच्चे खे यीशुए गे ल्याए; और जेबे दुष्टात्मे यीशुए खे देखेया, तो तेबे दुष्टात्मे
बच्चा फटाफट मकरेड़ी ता और बच्चा जमीना पाँदे पड़ी गा, और से मुंओ ते
जगुड़ निकयाल़दे ऊए कजणे लगेया। 21 यीशुए तेसरे बाओ ते पूछेया,
"एसरी ये आलत कदुओ ते ए?" 22 तिने बोलेया, "बचपनो ते। दुष्टात्मा
एसरा नाश करने री तंईं, कदी ये आगी रे और कदी पाणिए रे रुड़ाया। पर
जे तुसे कुछ करी सकोए तो आसा पाँदे तरस खाई की एसखे ठीक करी
देयो।" 23 यीशुए तेसखे बोलेया, "जे तुसे करी सकोए तो, ये क्या गल्ल
ऊई? विश्वास करने वाल़ेया खे सब कुछ ऊई सकोआ।" 24 तेस पाऊए रे
बाओ फटाफट गिड़गिड़ाई की बोलेया, "ओ प्रभु! आऊँ विश्वास करूँआ। मेरे
विश्वासो खे और बड़ाई देओ।" 25 जेबे यीशुए देखेया कि लोक दौड़ी की पीड़
लगी रे लगाणे, तो सेयो दुष्टात्मा खे बके कि ओ "गूँगा और टौणा करने वाल़ी
दुष्टात्मा, आऊँ ताखे आज्ञा देऊँआ कि एस बच्चे ते निकल़ी जा; और एसरे
कदी दुबारा नि आऊणा।" 26 तेबे से चींगी की और तेसखे मकरेड़ी की
निकल़ी गी और पाऊ मरे रे जेड़ा ऊईगा। एथो तक बऊत लोक बोलणे लगे,
"ये तो मरी गा रा।" 27 पर यीशुए तेसरा आथ पकड़ी की से ठवाल़ेया और
से खड़ा ऊईगा। 28 जेबे यीशु कअरे आए, तेबे तिना रे चेलेया तिना ते लग जे
जाई की पूछेया, "आसे तेसा खे कऊँ नि निकयाल़ी सके?" 29 यीशुए तिना

खे बोलेया, “ये एड़ी दुष्टात्मा ए जो बअरतो साथे प्रार्थना करने ते अलावा
कोई और उपाय ते नि निकल़ी सकदी।” 30 तेबे यीशु और तिना रे चेले तेथा
ते चली की गलील प्रदेशो ते ऊई की जाणे लगी रे थे और सेयो नि चाओ थे
कि कोई जाणो। 31 तेबे यीशु आपणे चेलेया खे उपदेश देणा चाओ था और
बोलणे लगे, “आँऊ माणूं रा पुत्र, मांणूआ रे आथो रे पकड़वाऊणा और तिना
आँऊ काई देणा और आँऊ मरने ते तीजे दिने जिऊँदा ऊई जाणा।” 32 पर ये
गल्ल तिना री समजा रे नि आई और सेयो तिना ते पूछणे ते डरो थे। 33
तेबे यीशु आपणे चेलेया साथे कफरनहूम नगरो खे आए और कअरे आई
की यीशुए तिना ते पूछेया, “बाटा रे तुसे कुण जी गल्ला रे बईस लगी रे थे
करने?” 34 सेयो चुप रए, कऊँकि बाटा रे तिने बईस कित्ती थी, “आसा
बीचा ते बड़ा कूण ए?” 35 तेबे यीशुए आपणे बारा चेले बुलाए और बोलेया,
“जे कोई बड़ा ऊणा चाओआ तो, सबी ते छोटा और सबी रा सेवक बणो।”
36 तेबे तिने एक बाल़क आपणी गोदा रे लया और तिना बीचे खड़ा कित्तेया
और तिना खे बोलेया, 37 “जो मेरे नाओं ते एड़े केसी एकी बाल़को खे बी
मानोआ, से माखे मानोआ, और जो माखे मानोआ, से माखे नि, पर मेरे
पेजणे वाल़े खे मानोआ।” 38 तेबे यूहन्ने नाओं रे चेले यीशुए खे बोलेया,
“ओ गुरू! आसे एक मांणू तुसा रे नाओं ते दुष्टात्मा खे निकयाल़दा ऊआ
देखेया और आसे तेसखे एड़ा करने ते ना कित्ती। कऊँकि से तेरा चेला नि
था।” 39 यीशुए बोलेया, “तेसखे ना नि करो, कऊँकि एड़ा कोई निए जो मेरे
नाओं ते सामर्था रे काम नि करो और फटाफट माखे बुरा बोली सको। 40
कऊँकि जो म्हारे खलाफ निए, से आसा साथे ए। 41 जो कोई तुसा खे एक
कटोरा पाणिए रा इजी री खातर पल़याओ कि तुसे मसीहे रे ए, तो आऊँ
तुसा खे सच लगी रा बोलणे कि तेस आपणा प्रतिफल किंयाँ पनि खोणा।”
42 यीशुए बोलेया, “पर जो इना छोटेया बीचा ते, जो मां पाँदे विश्वास राखोए,
केसी खे बी पापो रे पाओ तिना खे बऊत खतरनाक सजा मिलणी। तेसखे ये
पला ऊँदा कि तेसरे गल़े रे एक बड़ा चाक्किया रा पूड़ लटकाई देओ और
तेसखे समुद्रो रे सेटी देओ। 43 जे तेरा आथ ताखे पापो री बजअ बणोआ
तो, तेस बाडी दे और टुण्डा ऊई की जिन्दगी जियो। ताखे येई ठीक ए कि
दो आथ रंदे ऊए ताखे नरको री आगी रे सेटी देओ जो कदी बिजणी नि।

(Geenna g1067) 44 जेती कीड़ा शरीरो खे सदा खांदा रओआ और मरदा नि
और आग बी सदा बल़दी रओई। 45 जे तेरा पैर पापो री बजअ बणोआ,
तो तेस बाडी दे। लंगड़ा ऊई की तेरा जिऊणा इजी ते खरा ए कि दो पैर
रंदे ऊए ताखे नरको रे सेटी देओ। (Geenna g1067) 46 जेती कीड़ा शरीरो
खे सदा खांदा रओआ और मरदा नि और आग बी सदा बल़दी रओई। 47
जे तेरी आख ताखे पापो री बजअ बणो ई, तो तेसा निकयाल़ी दे। काणा
ऊई कि परमेशरो रे राज्य रे जाणा ताखे ये पला ए कि दो आखी रंदे ऊए तूँ
नरको रे सेटेया जाओ। (Geenna g1067) 48 जेती कीड़ा शरीरो खे सदा खांदा
रओआ और मरदा नि और आग बी सदा बल़दी रओई। 49 कऊँकि हर एक
मांणू आगी साथे ईंयां परखेया जाणा, जिंयाँ खाणे दे लूणो रा स्वाद चाखेया
जाओआ। 50 लूण अच्छा ए, पर जे लूणो रा स्वाद बिगड़ी जाओ तो से किजी
साथे लूणका करना? आपू रे लूणो जेड़ा मित्रता रा स्वभाव राखो और आपू
बीचे मिली-जुली की रओ।"

10 तेबे यीशु और तिना रे चेले कफरनहूम नगरो ते उठी की यहूदिया प्रदेशो
रे बन्ने रे और यरदनो नदिया ते पार आए। पीड़ फेर तिना गे कट्ठी ऊईगी और
यीशु तिना खे आपणे तरीके ते उपदेश देणे लगे। 2 तेबे फरीसिये तिना खे
परखणे री तंईं तिना ते पूछेया, "क्या मांणूए खे आपणी लाड़िया खे छाडणा
खरी गल्ल ए?" 3 यीशुए तिना खे जवाब दित्तेया, "मूसे बिधानो रे मुताबिक
तुसा खे क्या आज्ञा देई राखी?" 4 फरीसिये बोलेया, "मूसे त्यागपत्र लिखणे
री और छाडणे री आज्ञा देई राखी।" 5 यीशुए बोलेया, "तुसा रे मनो रे जिद्दी
सबाओ री बजअ ते तिने तुसा खे ये आज्ञा लिखी राखी। 6 पर सृष्टिया री
शुरूआता तेई परमेशरे मर्द और जवाणस करी की सेयो बणाई राखे। 7 इजी
बजअ ते मांणू आपणे माया-बावा ते लग ऊई की आपणी लाड़िया साथे रणा
8 और सेयो दोनो एक तन ऊणे। एबे सेयो दो नि, पर एक तन ए। 9 इजी री
खातर जो परमेशरे जोड़ी राखे, तो लाड़ा-लाड़ी आपू बीचे एकी-दूजे खे नि
छाडो।" 10 कअरे जाई की चेलेया एतेरे बारे रे फेर यीशुए ते पूछेया। 11
यीशुए तिना खे बोलेया, "जो कोई आपणी लाड़िया खे छाडी की केसी ओरी
साथे ब्या करोआ, तो से तेसा पईलकिया रे खलाफ व्याभिचार करोआ। 12
जे लाड़ी आपणे लाड़े खे छाडी की दूजा ब्या करो, तो से व्याभिचार करोई।"

13 तेबे लोक बच्चेया खे यीशुए गे ल्याऊणे लगे, ताकि सेयो तिना पाँदे आथ
राखी की आशीर्वाद देओ, पर चेले तिना खे बकणे लगे। 14 यीशुए ये देखी
की तिना खे रोषो रे बोलेया, “बाल़का खे मांगे आऊणे देओ और तिना खे ना
नि करो, कऊँकि परमेशरो रा राज्य एड़े रा ईए। 15 आऊँ तुसा खे सच लगी
रा बोलणे कि जो कोई परमेशरो रा राज्य बाल़को जेड़ा समजी की मानदा नि,
से कदी तिदे नि जाणा।” 16 तेबे यीशुए बच्चे गोदा रे लए और तिना रे सिरो
पाँदे आथ राखी की तिना खे आशीष दित्ती। 17 जेबे यीशु तेथा ते निकल़ी की
बाटा रे चली रे थे, तेबे एक मांणू तिना गे दौड़दा ऊआ आया और तिना रे पैरो
पाँदे पड़ी की तिना ते पूछेया, “ओ उत्तम गुरू! अनन्त जीवनो रा अधिकारी
ऊणे खे आऊँ क्या करुँ?” (aiōnios g166) 18 यीशुए तेसखे बोलेया, “तूँ
माखे उत्तम कऊँ बोलेया? कोई उत्तम निए, बस एक-मतलब, परमेशर ई
उत्तम ए। 19 तूँ आज्ञा खे तो जाणेया, ‘अत्या, व्याभिचार, चोरी नि करना,
चूठी गवाई नि देणी, छल नि करना, आपणे माया-बावा रा आदर करना।’”
20 तिने मांणूए बोलेया, “ओ गुरू! इना सबी आज्ञा खे तो आऊँ बचपनो ते
मानूँआ।” 21 यीशुए तेसखे प्यारो ते देखेया और तेसखे बोलेया, “तांदे एक
गल्ला री कमी ए, जा, जो कुछ तांगे आए, से बेची की कंगाल़ा खे देई दे और
ताखे स्वर्गो रे सच्चा धन मिलणा, और मां पीछे आईजा।” 22 ये सुणी की से
उदास ऊईगा और से दु: खी उई की कअरो खे चली गा, कऊँकि से बऊत
अमीर था। 23 यीशुए चऊँ कनारे देखी की आपणे चेलेया खे बोलेया, “अमीर
लोका खे परमेशरो रे राज्य रे जाणा बऊत कठण ए।” 24 चेले तिना री
गल्ला ते हैरान ऊईगे, ये देखी की यीशुए तिना खे फेर बताया, “ओ बाल़को!
जो धनो पाँदे विश्वास राखोए, तिना खे परमेशरो रे राज्य रे जाणा बऊत
कठण ए। 25 परमेशरो रे राज्य रे अमीरा रा जाणा ईंयां बऊत कठण ए,
जिंयाँ की ऊँटो रा सूईया रे छेदो रिये निकल़ना कठण ए।” 26 चेले बऊत
हैरान ऊईगे और आपू बीचे बोलणे लगे, “तेबे केसरा उद्धार ऊई सकोआ?”
27 यीशुए तिना खे देखी की बोलेया, “मांणूआ ते तो ये ऊई नि सकदा, पर
परमेशरो ते सब कुछ उई सकोआ। कऊँकि परमेशरो खे सब कुछ सम्भव ए”
28 पतरस तिना खे बोलणे लगेया, “देखो, आसे तो सब कुछ छाडी की तुसा
पीछे आईगे रे।” 29 यीशुए तिना खे बोलेया, “आऊँ तुसा खे सच लगी रा

बोलणे कि हर कोई जिने माखे और सुसमाचारो री तंईं कअर, पाई, बईण,
माए-बाओ, बाल-बच्चे या डोरू छाडे ओ, 30 और तेस एबे एस बखते सौ
गुणा फल पाणा। कअर, पाई, बईण माए, बाल-बच्चे और डोरू सताव साथे
पाणे और परलोको रे अनन्त जीवन पाणा। (aiōn g165, aiōnios g166) 31
पर एबे बऊत सारे लोक जो आपणे आपू खे एते दुनिया रे बड़े समजोए,
सेयो परमेशरो री नजरा रे छोटे ऊई जाणे, और जिना खे संसार एबु छोटा
समजोआ, सेयो परमेशरो री नजरा रे बड़े समजे जाणे।" 32 सेयो यरूशलेम
नगरो खे जांदे ऊए बाटा रे थे और यीशु तिना ते आगे चली रे थे और चेले
हैरान ऊईगे और जो लोक पीछे चली रे थे सेयो डरने लगे। तेबे यीशु तिना
बारा चेलेया खे लई की तिना खे सेयो गल्ला बताणे लगे, जो तिना पाँदे
आऊणे वाळिया थिया। 33 यीशुए बोलेया, "देखो, आसे यरूशलेम नगरो खे
जाणे लगी रे और आँऊ माणूं रा पुत्र बड़े पुरोईत और शास्त्रिया रे आथो रे देई
देणा और तिना आँऊ काणे जोगा ठराणा और दुजिया जातिया रे आथो रे देई
देणा। 34 तिना मेरा मजाक उड़ाणा, मां पाँदे थूकणा, माखे कोड़े बाणे,
आँऊ काणा और आँऊ तीजे दिने जिऊँदा ऊई जाणा।" 35 तेबे जब्दिए रे
पाऊए, याकूब और यूहन्ने तिना गे आई की बोलेया, "ओ गुरू! आसे चाऊँ ए
कि जो कुछ आसे तुसा ते मांगू, तेड़ा ई तुसे आसा खे करो।" 36 यीशुए
तिना खे बोलेया, "तुसे क्या चाओए कि आऊँ तुसा खे करुँ?" 37 तिने
बोलेया, "आसे चाऊँए कि जेबे तुसे आपणी महिमामय राज्य रे आओ तो
आसे दोनो एक तुसा रे दाँणे और एक खूँजे कनारे बैठिए।" 38 यीशुए तिना
खे बोलेया, "तुसे नि जाणदे कि क्या लगी रे मांगणे? जो दुःख आँऊ सईन
करने वाळा ए, क्या से दुःख तुसे सईन करी सकोए? और जो मौता रा
बपतिस्मा आऊँ लणे वाळा ए, क्या तुसे लई सकोए?" 39 तिने बोलेया,
"आसे करी सकूँए।" यीशुए तिना खे बोलेया, "जो दुःख आँऊ सईन करने
वाळा ए, से तुसे सईन करी सकोए; और जो मौता बपतिस्मा आऊँ लणे
वाळा ए, से तुसा लणा। 40 पर जो त्यार कित्ते रे ए, तिना खे छाडी की ओर
कोई आपणे दाँणे और खूँजे बठयाळना मेरा काम निए।" 41 ये सुणी की
बाकि दस चेले, याकूब और यूहन्ने पाँदे रोष करने लगे। 42 यीशुए सेयो आपू
गे बुलाए और तिना खे बोलेया, "तुसे जाणोए कि जो दुजिया जातिया रे

हाकिम समजे जाओए, सेयो तिना पाँदि जबरदस्ती राज करोए और जो तिना
बीचे बड़े ए, तिना पाँदि अक्क जताओए। 43 पर तुसा बीचे एड़ा नि ऊणा
चाईयो, बल्कि जो कोई तुसा बीचा ते बड़ा ऊणा चाओआ, से तुसा रा दास
बणो। 44 और जो कोई तुसा रा प्रदान बणना चाओआ, से सबी रा दास
बणो। 45 कऊँकि आँऊ माणूं रा पुत्र इजी खे नि आया कि मेरी सेवा करो,
बल्कि इजी खे आया कि से आपू सेवा करो और बऊत जणेया छुड़ाणे खे
आपणा प्राण देई देओ।” 46 यीशु और तिना रे चेले यरीहो नगरो रे आए।
और जेबे सेयो और तिना रे चेले बाटा रे थे, तेबे एक बड़ी पीड़ तिना पीछे-
पीछे जाणे लगी री थी, तेबे तिमाईयो रा पाऊ बरतिमाई एक अन्दा भिखारी
सड़का रे कनारे बैठेया रा था। 47 जेबे तिने ये सुणेया कि यीशु नासरी ये, तेबे
से जोरे-जोरे की आक्का पाणे लगेया कि, “ओ दाऊदो री ल्वाद, यीशु! मां
पाँदि दया कर।” 48 कई जणे तेसखे बकणे लगे कि चुप रओ, पर से ओर बी
आक्का पाणे लगेया कि, “ओ दाऊदो री ल्वाद! मां पाँदि दया कर।” 49 तेबे
यीशुए रूकी की बोलेया, “तेसखे बुलाओ।” तेबे लोके से अन्दा बुलाई की
तेसखे बोलेया, “याओ राख, उठ, यीशु ताखे बुलाणे लगी रे।” 50 से आपणी
चादर सेटी की फटाफट उठी गा और यीशुए गे आईगा। 51 तेबे यीशुए तेसखे
बोलेया, “तूँ क्या चाएया कि आऊँ ताखे क्या करुँ?” अन्दे बोलेया, “ओ
गुरू! ये कि आऊँ देखणे लगी जाऊँ।” 52 यीशुए तेसखे बोलेया, “चली जा,
तेरे विश्वासे तूँ ठीक करी ता” और से तेबुई देखणे लगेया और बाटा रे से
तिना पीछे चलणे लगेया।

**11** जेबे यीशु और तिना रे चेले यरूशलेम नगरो रे नेड़े जैतून पाह्ड़ो पाँदे,
बैतफगे और बैतनिय्याहो गांव रे नेड़े आए, तो तेबे यीशुए आपणे चेलेया बीचा
ते दो जणे ये बोली की पेजे, 2 “सामणे रे गांव रे जाओ, और तेती पऊँछी की
तुसा खे एक गह्दिया रा बच्चा, जेस पाँदि कदी कोई नि बैठी रा, बाने रा तुसा
खे मिलणा, तेस खोली की ल्याओ। 3 जे तुसा खे कोई पूछो गा ‘एड़ा कऊँ
लगी रे करने?’ तो बोलणा, ‘मेरे प्रभुए खे एसते कुछ काम ए,’ और तिना
फटाफट से एती पेजी देणा।” 4 चेलेया से गह्दिया रा बच्चा बाअरे गल़िया रे
दरवाजे रे नेड़े बाने रा देखेया और सेयो तेसखे खोलणे लगे। 5 तेबे जो तेती
खड़ी रे थे, तिना बीचा ते कोई-कोई बोलणे लगे, “ये क्या लगी रे करने?

गह्दिया रे बच्चे खे कऊँ लगी रे खोलणे?” 6 चेलेया, जिंयाँ यीशुए था बोले
रा, तिंयाँ ई तिना खे बोलणे लगे, तेबे तिने सेयो जाणे दित्ते। 7 चेलेया से
गह्दिया रा बच्चा यीशुए गे ल्याया और तेस पाँदे आपणे टाले पाए और
यीशु तेस पाँदे बैठीगे। 8 तेबे बऊत जणेया आपणी-आपणी चादरी बाटा रे
बछाइतिया और कईए डोरूआ ते खजूरो रिया डाल़िया बाडी-बाडी की तिना रे
स्वागतो खे बछाइतिया। 9 तेबे जो यीशुए रे आगे और पीछे चली रे थे, सेयो
जोरे-जोरे की बोलणे लगी रे थे, “होशन्ना, धन्य ए से, जो प्रभुए रे नाओं ते
आओआ। 10 आसा रे पिता दाऊदो रा राज्य जो आऊणे लगी रा; से धन्य ए;
स्वर्गो रे होशन्ना।” 11 तेबे यीशु यरूशलेमो नगरो रे पऊँछी की मन्दरो रे आए
और चऊँ कनारे सब कुछ देखी की आपणे बारा चेलेया साथे बैतनिय्याहो
गांव खे गए, कऊँकि साँज ऊईगी थी। 12 दूजे दिने जेबे सेयो बैतनिय्याहो
गांव ते निकल़े, तेबे यीशुए खे पूख लगी। 13 तेबे तिने दूरो ते एक दाऊगल़े रा
अरा डाल़ देखेया और तेस डाल़ो रे नेड़े आए कि क्या पता ईदे कुछ लगी रा
ओगा, पर पत्तेया खे छाडी की ओर कुछ नि मिलेया, कऊँकि फल लगणे रा
बखत नि था। 14 तेबे यीशुए तेस डाल़ो खे बोलेया, “आजो ते बाद तेरा फल
केसी नि खाणा” और तिना रे चेले सुणने लगी रे थे। **(aiōn g165)** 15 तेबे
यीशु यरूशलेमो नगरो खे आए और मन्दरो रे गए, तेबे जो तेती लेण-देण लगी
रे थे करने, सेयो तिना खे बारे निकयाल़ने लगे और सर्राफे रिया पेटिया और
कबूतरा खे बेचणे वाल़िया चौकिया मूँदिया करी तिया 16 और मन्दरो रिये
कोई बी सामान लई की आऊणे-जाणे नि दित्तेया। 17 तेबे उपदेश देई की
तिना खे बोलेया, “एड़ा लिखी राखेया, मेरा मन्दर, सब जातिया खे प्रार्थना रा
कअर ऊणा। पर तुसे ये डाकूआ री गुफा बणाई ती री।” 18 ये सुणी की बड़े
पुरोईत और शास्त्री यीशुए खे बर्बाद करने रा मोका टोल़ने लगे, कऊँकि
सेयो तिना ते डरो थे और लोक बी तिना रे उपदेशो ते हैरान थे। 19 साँज
ऊँदे ई यीशु और तिना रे चेले नगरो ते बाअरे चली गे। 20 तेबे प्यागा सेयो
तिसिये गए और चेलेया से दाऊगल़े रा डाल़ जड़ा ते सूकेया रा देखेया। 21
पतरसो खे से गल्ल याद आई और तिने यीशुए खे बोलेया, “ओ गुरू! देख, ये
दाऊगल़े रा डाल़, जेसखे तुसे स्राप दित्तेया था, सूकी गा रा।” 22 यीशुए
जवाब दित्तेया, “परमेशरो पाँदे विश्वास राखो। 23 आऊँ तुसा खे सच बोलूँआ

कि जे कोई एस पाह्ड़ो खे बोलो, 'तूँ पट्ठी जा और समुद्रो रे पड़ी जा,' और
आपणे मनो रे शक नि करो, बल्कि विश्वास राखो कि जो बोलूँआ, से ऊई
जाणा, तो तेसखे से ऊई जाणा। **24** तेबेई तो आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि जो
कुछ तुसे प्रार्थना करी की मांगोगे, तो विश्वास राखो कि तुसा खे मिली गा
और तुसा खे ऊई जाणा। **25** जेबे कदी तुसे खड़े ऊई की प्रार्थना करोए और
तुसा रे मनो रे केसी रे खलाफ कोई गल्ल ओ, तो तेसखे माफ करी देओ।
तुसा रा स्वर्गिय पिता बी तुसा रे पाप माफ करोआ। **26** और जे तुसे माफ नि
करोगे, तो तुसा रे स्वर्गिय पिते बी तुसा रे अपराध माफ नि करने।" **27** तेबे
यीशु और तिना रे चेले फेर यरूशलेमो नगरो खे आए और जेबे यीशु मन्दरो रे
कूमणे लगी रे थे, तेबे बड़े पुरोईत, शास्त्री और बुजुर्ग तिना गे आई की पूछणे
लगे, **28** "तूँ इना कामा केस अक्को ते करेया? और ताखे ये अक्क किने देई
राखेया कि तूँ इना कामा खे करे?" **29** यीशुए तिना खे बोलेया, "आऊँ बी
तुसा ते एक गल्ल पुछूँआ, माखे जवाब देओ, तो मां बी तुसा खे बताणा कि
इना कामा केस अक्को ते करूँआ? **30** यूहन्ने रा बपतिस्मा क्या स्वर्गो ते था
या मांणूए री तरफा ते था? माखे जवाब देओ।" **31** तेबे सेयो आपू बीचे बात-
चीत करने लगे, "जे आसे बोलूँ कि 'स्वर्गो री तरफा ते था,' तो एस बोलणा,
'तेबे तुसे तेस पाँदे विश्वास कऊँ नि कित्तेया?' **32** और जे आसे बोलूँगे,
'मांणूए री तरफा ते ए,' तो लोका रा डर ए, कि लोक गुस्सा ऊई जाणे;
कऊँकि सब जाणोए कि यूहन्ना भविष्यबक्ता था।" **33** तो तेबे तिने यीशुए
खे जवाब दित्तेया, "आसे नि जाणदे।" यीशुए बी तिना खे बोलेया, "मां पनि
बताणा कि ये काम केसरे अक्को ते करूँआ।"

**12** यीशु उदारणा रे तिना साथे गल्ला करने लगे, "एकी मांणूए अँगूरा रा
बगीचा लगाया और तिजी रे चऊँ कनारे बाड़ लगाया और अँगूरा रे रसो खे
पात्थरो दे एक गड्डा खणेया, जुगाळी बणाई और ठेकेदारा खे तिजी रा ठेका
देई की परदेशो खे चली गा। **2** जेबे फल लगणे रा बखत ऊआ तेबे तिने
आपणा एक दास ठेकेदारा गे पेजेया कि तिना ते अँगूरा रे बगीचे रे फलो रा
इस्सा ल्याओ। **3** पर ठेकेदारे से पकड़ी की कूटेया और खाली आथे पेजी
ता। **4** तेबे तिने एक ओर दास पेजेया और तिने तेसरा सिर फोड़ी ता और
तेसरी बेज्जती कित्ती। **5** तेबे तिने एक ओर पेजेया और तिने से काई ता; तेबे

तिने ओर कई जणे पेजे; तिना बीचा ते तिने कई जणे कूटे और कई जणे
काई ते। 6 एबे एक ई रई गा था, जो तेसरा प्यारा पाऊ था, तिने आखरी रे से
बी ये सोची की पेजेया, 'तिना मेरे पाऊए रा तो आदर करना।' 7 पर तिने
ठेकेदारे आपू बीचे बोलेया, 'येई तो बारस ए,' आओ एसखे काई देऊँए, तेबे
जायदात म्हारी ऊई जाणी। 8 तेबे तिने से पकड़ी की काई ता और अँगूरा रे
बगीचे ते बारे सेटी ता।" 9 यीशुए पूछेया, "तो तेबे अँगूरा रे बगीचे रे मालके
क्या करना? तेस आई की तिना ठेकेदारो रा नाश करी देणा और अँगूरा रा
बगीचा ओरी गे देई देणा। 10 क्या तुसे पवित्र शास्त्रो रे ये वचन नि पढ़ेया,
"'जेस पात्थरो खे राजमिस्त्रिए नकम्मा बोलेया था, सेई कूणे रा सिरा ऊईगा'
11 'ये प्रभुए री तरफा ते ऊआ, और आसा री नजरा रे नऊखा ए'?" 12 तेबे
तिने से पकड़ना चाया, कऊँकि सेयो समजी गे थे, "तिने ये उदारण आसा रे
बारे रे बोलेया।" पर सेयो लोका ते डरी गे और तिना खे छाडी की चली
गे। 13 तेबे यहूदी अगुवे यीशु गल्ला रे फसाणे री तंईं कई फरीसी और
हेरोदेस राजे रा समर्थन करने वाल़े यहूदी तिना गे पेजे। 14 और तिने आई की
तिना खे बोलेया, "ओ गुरू! आसे जाणूंए कि तुसे सच्चे ए और केसी री
परवा नि करदे, कऊँकि तुसे मांणूआ रा मूँ देखी की गल्ल नि करदे, पर
परमेशरो री बाट सच्चाईया साथे बताओए। तो क्या कैसरो खे कर देणा खरी
गल्ल या नि? 15 आसे देऊँ या नई देऊँ?" यीशुए तिना रा कपट जाणी
की बोलेया, "माखे कऊँ परखोए? एक चाँदिए रा सिक्का मांगे ल्याओ
ताकि आऊँ देखूँ।" 16 सेयो ली आए और तिने तिना खे बोलेया, "ये मूर्ति
और नाओं केसरा ए?" तिने बोलेया, "रोमो रे राजा कैसरो रा।" 17 यीशुए
तिना खे बोलेया, "जो कैसरो राए, से कैसरो खे और जो परमेशरो राए, से
परमेशरो खे देयो।" तेबे सेयो तिना पाँदे हैरानी करने लगे। 18 तेबे सदूकिये
बी जो एड़ा बोलो थे कि मरेया रा जिऊँदा ऊई नि सकदा, तिने यीशुए गे आई
की पूछेया, 19 "ओ गुरू, मूसे आसा खे लिखी राखेया कि जे केसी मांणूए रा
पाई बिना ल्वादा ते मरी जाओ और तेसरी लाड़ी रई जाओ, तो तेसरा पाई
तेसा बिदुआ साथे ब्या करी लओ और आपणे पाईए खे ल्वाद पैदा करो। 20
एक बार सात पाई थे; पईला पाई ब्या करी की बिना ल्वादा ते मरी गा। 21
तेबे दूजे पाईए तेसा बिदुआ साथे ब्या करी ला और से बी बिना ल्वादा ते मरी

गा; और तिंयाँ ई तीजे बी कित्तेया। 22 साता पाईया ते ल्वाद नि ऊई। सबी ते
बाद से जवाणस बी मरी गी। 23 तो तेबे, जेबे सेयो जिऊँदे ऊणे, तो से तिना
बीचा ते केसरी लाड़ी ऊणी? कऊँकि से साता जणेया री लाड़ी ऊई चुकी
थी।" 24 यीशुए तिना खे बोलेया, "तुसे केथी एते पूला रे तो निए कि ना तुसे
पवित्र शास्त्रो खेई जाणदे और ना ई परमेशरो री सामर्था खे? 25 कऊँकि
जेबे सेयो मरेया रे बीचा ते जिऊँदे ऊणे, तो तिना बीचे शादी-ब्या नि ऊणे, पर
स्वर्गदूतो जेड़े ऊणे। 26 मरे रे बीचा ते जिऊँदे ऊणे रे बारे रे क्या तुसे मूसे
री कताबा रे बळदे ऊए जाड़ो री काणियां रे नि पढ़ेया कि परमेशरे तेसखे
बोलेया, 'आऊँ अब्राहमो रा परमेशर, इसहाको रा परमेशर और याकूबो रा
परमेशर ए'? 27 परमेशर मरेया रा नि, पर जिऊँदेया रा परमेशर ए। तो तुसे
बऊत बड़ी पूला रे पड़ी रे।" 28 तेबे शास्त्रिया बीचा ते एकी जणे आई की
सेयो बईस करदे ऊए सुणे और ये जाणी की कि यीशुए तिना खे खरा जवाब
दित्तेया, तेबे तिने यीशुए ते पूछेया, "सबी ते खास आज्ञा कूण जिए।" 29
यीशुए तेसखे जवाब दित्तेया, "सबी आज्ञा बीचा ते ये आज्ञा बड़ी ए कि, 'ओ
इस्राएल सुण, प्रभु आसा रा परमेशर एक ई प्रभु ए 30 और तूँ प्रभु आपणे
परमेशरो साथे आपणे पुरे मनो ते, पुरे प्राणो ते, पुरे दमाको ते और आपणी
पुरिया तागता ते प्यार राख।' 31 और दूजी ये कि, 'तूँ आपणे पड़ोसिये साथे
आपू जेड़ा प्यार राख' इजी ते बड़ी ओर कोई आज्ञा निए।" 32 शास्त्रिए तिना
खे बोलेया, "ओ गुरू! बऊत खरा।" तुसे सच बोलेया, "परमेशर एक ईए
और परमेशरो खे छाडी की ओर कोई बड़ा निए 33 और तेस साथे पुरे मन,
पुरे दमाक और पुरिया तागता साथे प्यार राख और आपणे पड़ोसिये साथे
आपू जेड़ा प्यार राख। सारे अवन और बलिदानो ते बड़ी की ए।" 34 जेबे
यीशुए देखेया कि तिने समजदारिया साथे जवाब दित्तेया, तो तेसखे बोलेया,
"तूँ परमेशरो रे राज्य ते दूर निए।" तेबे केसी खे बी तिना ते कुछ पूछणे री
इम्मत नि ऊई। 35 तेबे यीशुए मन्दरो रे ये उपदेश देंदे ऊए बोलेया, "शास्त्री
कऊँ बोलोए, कि मसीह दाऊदो रा पाऊ ए? 36 दाऊदे आपू ई पवित्र आत्मा
रे परी की बोलेया था कि: "'प्रभुए मेरे प्रभुए खे बोलेया: "मेरे दाँणे कनारे
बैठ जदुओ तक आऊँ तेरे बैरिया खे तेरे पैरो निठे नि करी देऊँ।"' 37 दाऊद
तो आपू ई तेसखे प्रभु बोलोआ, तो आँऊ तेसरा पुत्र किंयाँ ऊआ?" और जो

पीड़ा रे लोक थे सेयो तिना री गल्ल खुश ऊई की सुणो थे। 38 यीशुए तिना
खे आपणे उपदेशो रे बोलेया, “शास्त्रिया ते चौकस रओ, जो लाम्बे टाले
पईनी की कूमदे रओए और बजारो रे नमस्कार, 39 और प्रार्थना रे कअरो रे
खास-खास जगा और पाट्टिया रे खास जगा चाओए। 40 सेयो बिदुआ रे
कअरो खे खाई जाओए और दखाणे खे मुखती देर तक प्रार्थना करोए, इना
खे जादा सजा मिलणी।” 41 यीशु मन्दरो रे दान-पात्रो रे सामणे बैठी की
देखणे लगी रे थे कि लोक मन्दरो रे दान-पात्रो रे किंयाँ पैसे पाओए और
जादा अमीर लोके बऊत पाया। 42 तेबे एक कंगाल़ बिदुआ आई और तेसे दो
दमड़िया पाईया, जो एक तेअले रे बराबर थिया। 43 तेबे यीशुए आपणे
चेलेया खे बुलाई की बोलेया, “आऊँ तुसा खे सच लगी रा बोलणे कि जिने
मन्दरो रे दान-पात्रो रे पाया, तिना बीचा ते एसे कंगाल़ बिदुए सबी ते जादा
पाई राखेया। 44 कऊँकि सबी आपणे बऊत सारे खजाने बीचा ते थोड़ा जा
पाया, पर एसे आपणी कमिया बीचा ते जो कुछ एसा गे था-मतलब-आपणी
सारी कमाई पाई ती।”

**13** जेबे यीशु मन्दरो ते निकल़ने लगी रे थे, तेबे तिना रे चेलेया बीचा ते
एकी जणे तिना खे बोलेया, “ओ गुरू! देखो, कितणे बड़े-बड़े पात्थर ए और
कितणे अच्छे-अच्छे भवन ए।” 2 यीशुए तेसखे बोलेया, “क्या तूँ ये बड़े-बड़े
भवन लगी रा देखणे? इदे जो पात्थरो पाँदे पात्थर लगी रे, सब टाल़े जाणे।”
3 जेबे यीशु जैतूनो रे पाह्ड़ो पाँदे, मन्दरो रे सामणे थे बैठे रे, तेबे पतरस,
याकूब, यूहन्ने और अन्द्रियासे तिना ते लग जे जाई की पूछेया, 4 “आसा गे
बताओ कि यो गल्ला कदी ऊणिया? और जेस बखते यो गल्ला पुरिया
ऊणे वाल़िया ऊणिया, तेस बखते क्या चिह्न ऊणे?” 5 यीशुए तिना खे
बोलेया, “चौकस रओ कि कोई तुसा खे बईकाओ नि। 6 बऊत एड़े ऊणे, जो
मेरे नाओं ते आऊणे और बोलणा, ‘आऊँ ई मसीह ए,’ और बऊत जणे
बईकाणे। 7 जेबे तुसे लड़ाई और लड़ाईया रे बारे रे सुणो, तो कबराणा नि;
कऊँकि इना रा ऊणा जरुरी ए, पर तेस बखते अंत नि ऊणा। 8 कऊँकि
जातिया पाँदे जातिया और राज्य पाँदे राज्य अमला करना और बऊत जगा
दे ईल्लण ऊणे, अकाल़ पड़ने। ये तो पीड़ा री शुरूआत ई ऊणी। 9 “पर
तुसे आपणे बारे रे चौकस रओ, कऊँकि लोका तुसे पंचायती रे देई देणे

और प्रार्थना रे कअरो रे कूटणे और मेरी बजअ ते हाकिमो और राजेया रे
सामणे खड़े करने, पर ये तुसा खे सुसमाचार सुनाणे रा मोका ऊणा। **10**
पर जरूरी ए कि अंत आऊणे ते पईले सुसमाचार सबी जातिया रे प्रचार
ओ। **11** जेबे सेयो तुसा खे लयी जाई की अधिकारिए रे आथो रे देई देओगे,
तो पईले तेई चिन्ता नि करनी, 'आसा क्या बोलणा।' पर जो कुछ तुसा गे
तेस बखते बताणा, सेई बोलणा, कऊँकि बोलणे वाल़े तुसे नि ऊणे, बल्कि
पवित्र आत्मा ऊणा। **12** पाईए आपणा पाई और पिते आपणे बच्चे काणे
खे देई देणे, बाल-बच्चे आपणे माया-बावा रे खलाफ ऊणे और तिना सेयो
कुल़वाणे। **13** तुसे मां पाँदि विश्वास कित्तेया इजी बजअ ते सबी लोका तुसा
ते बैर राखणा, पर जो आखरी तक सब्र राखोगा, तेसरा ई उद्धार ऊणा। **14**
"पढ़ने वाल़ा समजी लओ। जेबे तुसे तेसा उजाड़ने वाल़ी घृणित चीज जेतेरे
बारे दानिय्यल भविष्यबक्ते बोलेया था, जेती ठीक निए तेती मतलब मन्दरो रे
खड़ी री देखो, तेबे जो लोक यहूदिया प्रदेशो रे ओ, सेयो पाह्ड़ो खे नठी
जाओ। **15** जो कोई छतो पाँदि ओ, सेयो आपणे कअरे कुछ बी लणे खे थाले
नि आओ और ना ई पीतरे जाओ **16** और जो कोई डोरूआ रे ओ, सेयो
आपणे टाले लणे पीछे नि आटो। **17** तिना दिना रे जो गर्भवती ऊणी और जो
दूद पल़याणे वाल़ी ऊणी तिना खे हाय! हाय! **18** प्रार्थना करेया करो कि ये
सब कुछ ठण्डी रे दिना रे नि ओ। **19** कऊँकि तेस बखते एड़े क्ल़ेश ऊणे, जो
सृष्टिया री शुरूआता दे, जो परमेशरे बणाई थी, आजो तक ना ऊआ और ना
कदी फेर ऊणा। **20** और जे प्रभु तिना दिना खे नि कटांदे, तो कोई प्राणी नि
बचणा था; पर तिना परमेशरो रे चुणेया री बजअ ते, सेयो मुश्किल दिन
कटाईते। **21** तेस बखते जे कोई तुसा खे बोलो, 'देखो, मसीह एती ये' या
'देखो, मसीह तेती ये' तो विश्वास नि करना। **22** कऊँकि चूठे मसीह और चूठे
भविष्यबक्ता खड़े ऊणे और तिना बड़े-बड़े चिह्न और अचम्बे रे काम दखाणे,
जे ऊई सको तो जो परमेशरो रे चूणे रे ए, तिना खे बी भरमाई देओ। **23**
पर तुसे चौकस रओ। देखो, मैं तुसा खे सारी गल्ला मुसीबत आऊणे ते
पईले ई बताई ती रिया। **24** "तिना दिना रे, तेस क्ल़ेशो ते बाद सूरजो रा
चमकदा प्रयासा न्हेरा पड़ी जाणा और चांदे प्रयासा नि देणा। **25** और सर्गो ते
तारे छुटणे शुरू ऊणे और सर्गो रिया शक्तिया इलाईया जाणिया। **26** तेबे

लोका आँऊ माणूं रा पुत्र बड़ी सामर्थ और महिमा साथे बादल़ा रे आऊँदे ऊए
देखणा। 27 तेस बखते मां आपणे स्वर्गदूत पेजणे और तरतिया रे एकी
कनारे ते लई की सर्गो रे दूजे कनारे तक, चऊँ दिशा ते आपणे चूणे रे लोक
कट्ठे करने। 28 "दाऊगल़े रे डाल़ो ते एस उदारणो खे सीखो, जेबे तिजी री
डाल़ी नरम ऊई जाओई और पत्ते निकल़ने लगी जाओए, तो तुसा खे पता
लगी जाओआ कि तऊँदी आऊणे वाल़ी ए। 29 ईंयां ई जेबे तुसे इना गल्ला
खे ऊँदे ऊए देखो, तो समजी जाणा कि एबे आँऊ नेड़े ईए, बल्कि द्वारो पाँदे
ईए खड़ेया रा। 30 आऊँ तुसा खे सच लगी रा बोलणे कि जदुओ तक यो सब
गल्ला पूरिया नि ऊई जाओगिया, तदुओ तक एसा पीढ़िया रे लोका री मौत
नि ऊणी। 31 सर्ग और तरती टल़ी जाओगी, पर मेरा वचन कदी नि टल़ना।
32 "यो गल्ला कदी ऊणिया तेस दिनो रे बारे रे या तेसा कअड़िया रे बारे रे
कोई नि जाणदा, न स्वर्गदूत और ना पुत्र, पर बस पिता जाणोआ। 33 देखो,
जागदे और प्रार्थना करदे रओ; कऊँकि तुसे नि जाणदे कि से बखत कदी जे
आई जाणा। 34 ये तेस मांणूए री जी दशा ए, जो परदेशो खे जांदे ऊए
आपणा कअर छाडी जाओ और आपणे दासा खे अक्क देई दो और हर एकी
खे तेसरा काम बताई देओ और चौकीदार खे जागणे री आज्ञा देओ। 35
"जागदे रओ, कऊँकि तुसे नि जाणदे कि कअरो रा मालक कदी जे आई
जाणा, साँजा या आदी राथियो रे या मुर्गे री बांग देणे रे बखते या प्यागा। 36
एड़ा नि ओ कि से केथी अचाणक ई आई जाओ और तुसा खे सऊँदा ऊआ
देखो। 37 से जो आऊँ तुसा खे बोलूँआ, सेई सबी खे बोलूँआ कि जागदे
रओ!"

**14** दो दिन बाद फसह रा त्योआर और बिना सजेड़े री रोटिया रा त्योआर
ऊणे वाल़ा था। बड़े पुरोईत और शास्त्री एड़ी गल्ला री टोल़ा रे थे कि किंयाँ
यीशुए खे तोखे रे मरवाईए। 2 पर बोलो थे, "त्योआरो रे दिने नि, केथी एड़ा
नि ओ कि लोका बीचे हुड़दंग मची जाओ।" 3 जेबे यीशु बैतनिय्याह गांव रे
शमौन जेसखे पईले कोढ़ था तेसरे कअरे रोटी खाणे बैठे रे थे, तेबे एक
जवाणस संगमरमरो रे पांडे (सुराई) रे जटामासिया रा मईंगा और साफ इत्र
लई की आई और पांडा तोड़ी की इत्र तिना रे सिरो रे लटी ता। 4 तेबे कोई-
कोई गुस्सा करी की बोलणे लगे, "एस इत्रो रा सत्यानाश कऊँ कित्तेया? 5

कऊँकि ये इत्र तो तीन सौ चाँदिए रे सिक्केया रे मोलो ते जादा पैसेया रा बेची
की कंगाल़ा खे बांडी सको थे।" सेयो तेसा खे थिड़कणे लगे। **6** यीशुए
बोलेया, "एसा खे छाडी देओ। एसा खे कऊँ सताणे लगी रे? एसे तो मां
साथे पलाई ए कित्ती री। **7** कंगाल़ तो तुसा साथे सदा रओए और तुसे जेबे
चाओ, तेबे तिना साथे पलाई करी सकोए। पर आऊँ तुसा साथे सदा नि
रणा। **8** जो कुछ ये करी सको थी, एसे कित्तेया, एसे मेरे दबाणे री त्यारिया
ते पईले ई मेरे शरीरो रे इत्र मल़ीता। **9** आऊँ तुसा खे सच बोलूँआ कि सारी
दुनिया रे जेती, केथी सुसमाचार प्रचार ऊणा, तेती एसा रे एस कामो री चर्चा,
एसा री यादा रे ऊणी।" **10** तेबे यहूदा इस्करियोती, जो बारा चेलेया बीचा ते
एक था, बड़े पुरोईतो गे गया, ताकि यीशु तिना रे आथे पकड़वाया जाओ। **11**
सेयो ये सुणी की खुश ऊईगे और तेसखे पैसे देणा मंजूर कित्तेया। तेबे से
मोका टोल़ने लगेया कि यीशुए खे किंयाँ पकड़वाऊँ। **12** बिना सजेड़े री
रोटिया रे त्योआरो रे पईले दिने, जिदे सेयो फसह रे मिन्टूओ रा बलिदान करो
थे, तिना रे चेले तिना ते पूछेया, "तुसे केयी चाओए कि आसे तुसा खे फसह
रे त्योआरो री रोटी खाणे री त्यारी करुँ?" **13** यीशु आपणे चेलेया बीचा ते दो
जणे ये बोली की पेजे, "नगरो रे जाओ और तेती तुसा खे एक मांणू मिलणा,
जिने एक पाणिए रा कअड़ा ऊणा चकेया रा, तेस पीछे चली जाणा **14** और
से जेते कअरो रे जाओगा, तेस कअरो रे मालको खे बोलणा, 'गुरू बोलोआ,
"मेरा बैठका रा कमरा, जेती आऊँ आपणे चेलेया साथे फसह रे त्योआरो री
रोटी खाऊँ, से केयी ए?"' **15** तेस तुसा खे एक सजी-सजाई री और त्यार
कित्ती री बड़ी बाऊड़ो दखाणी। तेती आसा खे फसह खाणे री त्यारी करो।"
**16** तेबे चेले निकल़ी की नगरो खे आए और जेड़ा यीशुए तिना खे बोलेया था,
तेड़ा ई पाया और फसह रे त्योआरो री रोटी त्यार कित्ती। **17** जेबे साँज ऊई,
तेबे यीशु बारा चेलेया साथे तेती आए। **18** और जेबे सेयो रोटी खाणे लगी रे
थे, तेबे यीशुए बोलेया, "आऊँ तुसा खे सच लगी रा बोलणे कि तुसा बीचा ते
एक ए, जो मां साथे रोटी लगी रा खाणे, तेस आऊँ पकड़वाणा।" **19** चेले
उदास ऊईगे और तिना बीचा ते एक-एक तिना खे पूछणे लगेया, "क्या से
आऊँ ए?" **20** यीशुए तिना खे बोलेया, "से बारा बीचा ते एक ए, जो मां
साथे थाल़िया रे आथ पाओआ। **21** आँऊ माणूं रा पुत्र पक्का ई मारेया

जाणा जेड़ा मेरे बारे रे पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, पर तेस मांणूए खे
हाय, जेस आऊँ पकड़वाणा। तेस मांणूए खे खरा था कि से जमदा ई नि।"
22 जेबे सेयो खाणे ई लगी रे थे, तेबे यीशुए रोटी लयी और आशीष मांगी की
तोड़ी और चेलेया खे दित्ती और बोलेया, "लओ और खाओ, ये मेरा शरीर
ए।" 23 तेबे तिने कटोरा लयी की धन्यवाद कित्तेया और तिना खे दित्तेया
और तिने सबी तिजी ते पिया। 24 यीशुए तिना खे बोलेया, "ये मेरा से खून
ए, जो परमेशर और तिना रे लोका बीचे नई वाचा ए, और बऊत जणेया रे
पापो री माफिया खे बाह्या जाओआ। 25 आऊँ तुसा खे सच बोलूँआ कि मां
अँगूरा रा रस तेस दिनो तक फेर कदी नि पीणा, जदुओ तक परमेशरो रे राज्य
रे नया नि पीऊँगा।" 26 तेबे सेयो पअजन गायी की बारे जैतूनो रे पाह्ड़ो पाँदे
गए। 27 तेबे यीशुए तिना खे बोलेया, "तुसे सब माखे छाडी की चली जाणे,
कऊँकि लिखी राखेया, 'मां रखवाल़ा काई देणा और पेडा ओरे-पोरे ऊई
जाणिया।' 28 पर मां मुड़देया बीचा ते जिऊँदा ऊणे ते बाद, तुसा ते पईले
गलीलो खे जाणा।" 29 पतरसे तिना खे बोलेया, "जे तुसा खे छाडी की सब
जणे चली बी जाओ, तेबे बी मां तुसा खे छाडी की कदी नि जाणा।" 30
यीशुए तेसखे बोलेया, "आऊँ ताखे सच लगी रा बोलणे कि आज ई राती रे
मुर्गे री दो बार बांग देणे ते पईले तूँ तीन बार माखे जाणने ते मुकरना।" 31
पर पतरसे ओर बी जोर देई की बोलेया, "जे माखे तुसा साथे मरना बी पड़ो,
तो तेबे बी मां तुसा खे ना नि करनी।" ईंयां ई ओरी सबी बी बोलेया। 32 तेबे
सेयो गतसमनी नाओं री जगा रे आए और यीशुए आपणे चेलेया खे बोलेया,
"जदुओ तक आऊँ प्रार्थना करूँआ, तदुओ तक तुसे एथी बैठे रे रओ।"
33 यीशु पतरस, यूहन्ना और याकूबो खे आपू साथे लईगे और बऊत ई
बेचैन और परेशान ऊणे लगे। 34 तेबे यीशुए तिना खे बोलेया, "मेरा जिऊ
बऊत उदास ए, एथो तक कि आऊँ मरने पाँदे ए। तुसे एथी रूको और जागदे
रओ।" 35 यीशु थोड़े जे आगे गए और जमीना पाँदे पड़ी की प्रार्थना करने
लगे कि, "जे ऊई सको तो ये दु:खो री कअड़ी मां पाँदो ते टल़ी जाओ।" 36
और बोलेया, "ओ अब्बा! ओ पिता! तुसा ते सब कुछ ऊई सकोआ, एस
दु:खो खे मांगा गे ते टाई दे, पर तेबे बी जेड़ा आऊँ चाऊँआ, तेड़ा नि, पर जो
तुसे चाओए सेई ओ।" 37 तेबे यीशु आए और चेले सये रे देखी की पतरसो

खे बोलेया, “ओ शमौन तूँ सऊणे लगी रा? क्या तूँ एक कअड़ी पनि जागी
सकेया? 38 जागदे और प्रार्थना करदे रओ, ताकि परीक्षा रे नि पड़ो; आत्मा
तो त्यार ए, पर शरीर कमजोर ए।” 39 यीशु फेर चली गे और सेई प्रार्थना
कित्ती। 40 तेबे दूजी बार आई की सेयो सये रे देखे, कऊँकि तिना री आखी रे
नींज थी और सेयो नि जाणो थे कि यीशुए खे क्या जवाब देईए। 41 तेबे
यीशुए तीजी बार आई की बोलेया, “एबे सऊँदे रओ और आराम करदे रओ,
बस से कअड़ी आईगी री। देखो, आँऊ माणूं रा पुत्र पापिया रे आथे पकड़वाई
जाऊणा। 42 उठो चलो। देखो, माखे पकड़वाणे वाला नेड़े आईगा रा।” 43
सेयो ये बोलणे ई लगी रे थे कि यहूदा, जो बारा चेलेया बीचा ते एक था, से
आया। और तेस साथे बड़े पुरोईत, शास्त्री, और बुजुर्गा री तरफा ते एक बड़ी
पीड़, तलवार और डण्डे लयी की फटाफट आईगी। 44 तिना खे पकड़वाणे
वाले तिना खे बताई ता था, “जेसखे आऊँ नमस्ते करुँ और गले लगूँ, सेई
ऊणा और तुसे से पकड़ी की लई जाणा।” 45 तेबे यहूदा यीशुए गे आया
और बोलेया, “ओ गुरू!” और तेसखे नमस्ते कित्ती और गले लगेया। 46 तेबे
तिने सेयो आथ पाई की पकड़ी ले। 47 तिना बीचा ते जो नेड़े खड़ी रे थे,
एकी जणे तलवार खिंजी की प्रदान पुरोईतो रे दासो पाँदि चलाई और तेसरा
कान ऊड़ाई ता। 48 यीशुए तिना खे बोलेया, “क्या तुसे आऊँ डाकू समजी
राखेया, जो माखे पकड़ने री तंईं डण्डे और तलवारी लई की आई रे? 49
आऊँ तो हर दिन तुसा साथे मन्दरो रे उपदेश देऊँ था और तेबे तो तुसे आऊँ
नि पकड़ेया। पर ये सब कुछ तेबे ऊआ, ताकि पवित्र शास्त्रो रे मेरे बारे जो
गल्ल भविष्यवक्ते लिखी राखी थी, से पूरी ओ।” 50 तेबे तिना रे सारे चेले
तिना खे छाडी की नठीगे। 51 तेबे एक जवान आपणे नांगे शरीरो रे चादर
टखी की तिना पीछे-पीछे चली गा और लोके से चेला समजी की पकड़ी ता।
52 पर से चादर छाडी की नांगा ई नठी गा। 53 तेबे सेयो यीशुए खे बड़े
पुरोईतो रे कअरे लईगे और सब प्रदान पुरोईत, शास्त्री और बुजुर्ग तेसगे कट्ठे
ऊईगे। 54 पतरस दूरो तेई तिना पीछे-पीछे प्रदान पुरोईतो रे आँगणो रे पीतरो
तक गया और चौकीदारा साथे बैठी की आग सेखणे लगेया। 55 बड़े पुरोईत
और सारी बड़ी सभा यीशुए खे काणे री तंईं, तिना रे खलाफ गवाई लगी रे थे
टोल़ने, पर मिली नि। 56 कऊँकि बऊत जणे तिना रे खलाफ चूठी गवाई

लगी रे थे देणे, पर तिना री गवाई एक जेड़ी नि थी। **57** तेबे बऊत जणेया
तिना रे खलाफ ये चूठी गवाई दित्ती कि **58** “आसे ये, ए बोलदे ऊए सुणी
राखेया, ‘मां ये आथो साथे बणाया रा मन्दर टाल़ी देणा और तीजे दिने दूजा
बणाई देणा, जो आथो साथे नि बणे रा ऊणा।’” **59** एते पाँदे बी सबी री
गवाई एक जेड़ी नि निकल़ी। **60** तेबे प्रदान पुरोईते, बीचे खड़े ऊई की, यीशुए
ते पूछेया, “क्या तूँ कोई जवाब नि देणा चांदा? यो लोक तेरे बारे रे क्या
गवाई लगी रे देणे?” **61** पर यीशु चुप रए और कुछ बी जवाब नि दित्तेया।
प्रदान पुरोईते तिना ते फेर पूछेया, “क्या तूँ परमधन्य परमेशरो रा पुत्र मसीह
ए?” **62** यीशुए बोलेया, “आ, आऊँ आए; और तुसा आँऊ माणूं रा पुत्र
सर्वशक्तिमानो रे दाँणे कनारे बैठे रा और सर्गो रे बादल़ो पाँदे आऊँदा ऊआ
देखणा।” **63** तेबे प्रदान पुरोईते आपणे टाले फाड़ी की बोलेया, “एबे आसा
खे गवाओ रा क्या काम ए? **64** तुसे ये निन्दा सुणी, तुसा री क्या राय ए?”
तिने सबी बोलेया, “ये तो काणे जोगा ए।” **65** तेबे कोई तिना पाँदे थूकणे
लगे, कोई मूँ टखणे लगे, कोई मुक्के बाणे लगे और तिना ते बोलणे लगे,
“भविष्यबाणी कर।” और सिपाई तिना खे पकड़ी की थप्पड़ बाणे लगे। **66**
जेबे पतरस आँगणो रे था, तेबे प्रदान पुरोईतो री दासिया बीचा ते एक तेती
आई **67** और जेबे पतरस आग सेखणे लगी रा था, तेबे से तेसखे टकटक
करी की देखणे लगी और बोलणे लगी, “तूँ बी तो तेस यीशु नासरियो साथे
था।” **68** से मुकरी गा, और बोलणे लगेया, “आऊँ तो नि जाणदा और मेरी
समजा रे नि आऊँदा कि तूँ क्या लगी री बोलणे।” तेबे से बारे देऊल़िया गे
गया और मुर्गे बांग दित्ती। **69** तेबे से दासी फेर तेसखे देखी की, जो तेती नेड़े
खड़ी रे थे, तिना गे बोलणे लगी, “ये तो तिना बीचा ते एक ए।” **70** पर से
फेर मुकरी गा और थोड़ी देर बाद जो तेती खड़ी रे थे, तिने फेर पतरसो खे
बोलेया, “पक्का तूँ तिना बीचा ते एक ए, तूँ बी तो गलीली ए, कऊँकि तेरी
बोलिया ते तूँ गलीली लगोआ।” **71** तेबे से आपू खे कोसणे लगेया और
कसम खाणे लगेया, “जेस मांणूए रे बारे रे तुसे बोलणे लगी रे, आऊँ तेसखे
बिल्कुल पनि जाणदा।” **72** तेबे तेबुई मुर्गे दूजी बार फेर बांग दित्ती। तेबे
पतरसो खे से गल्ल, जो यीशुए तेसखे बोली थी, याद आई कि, “मुर्गे री दो

बार बांग देणे ते पईले तूँ तीन बार माखे जाणने ते मुकरना।" तेबे से एसा
गल्ला सोची की जोरे-जोरे की रोणे लगेया।

15 प्यागा ऊँदे ई फटाफट बड़े पुरोईत, बुजुर्ग, शास्त्री और सारी बड़ी सभा
सलाह् कित्ती कि एस साथे क्या करिए। तेबे यीशु बानी ते और तिना खे
लईगे और पिलातुस हाकिमो रे आथो रे देई ते। 2 तेबे पिलातुसे तिना ते
पूछेया, "क्या तूँ यहूदिया रा राजा ए?" यीशुए तेसखे बोलेया, "तूँ आपू ई
लगी रा बोलणे।" 3 बड़े पुरोईत तिना पाँदे बऊत दोष लगाणे लगी रे थे। 4
पिलातुसे तिना ते फेर पूछेया, "क्या तांगे कोई जवाब ए देणे खे? देख, यो तां
पाँदे कितणे दोष लगी रे लगाणे।" 5 यीशुए फेर बी कुछ जवाब नि दित्तेया।
ये देखी की पिलातुस हैरान ऊईगा। 6 पिलातुस हर साल फसह रे त्योआरो रे
एकी कैदियो खे, जेसखे सेयो बोलो थे, तिना खे छाडी देओ था। 7 तेस
बखते बरअब्बा नाओं रा एक मांणू तिना हुड़दंग करने वाळेया साथे जेला रे
था, जिने दंगेया रे अत्या कित्ती थी। 8 तेबे पीड़ ऊबे जाई की तेसते बिनती
करने लगी, "जेड़ा तुसे आसा खे करदे आए, तेड़ा ई करो।" 9 पिलातुसे
तिना खे बोलेया, "क्या तुसे ये चाओए कि आऊँ तुसा खे यहूदिये रे राजे खे
छाडी देऊँ?" 10 पिलातुस जाणो था कि बड़े पुरोईते यीशुए ते जळन राखोए,
तेबेई तिने से पकड़वाया। 11 पर बड़े पुरोईते लोक ऊकसाए, "बरअब्बे
खे आसा खे छाडी देओ।" 12 ये सुणी की पिलातुसे तिना ते फेर पूछेया,
"जेसखे तुसे यहूदिया रा राजा बोलोए, तेस साथे क्या करूँ?" 13 सेयो
ओर बी चिंगणे लगे, "एसखे क्रूसो पाँदे चढ़ाओ।" 14 पिलातुसे तिना खे
बोलेया, "कऊँ?, इने क्या बुरा करी राखेया?" पर सेयो और बी चिंगणे
लगे, "एसखे क्रूसो पाँदे चढ़ाओ।" 15 तेबे पिलातुसे पीड़ा खे खुश करने री
ईच्छा ते बरअब्बा तिना खे छाडीता, और यीशुए खे कोड़े लगवाई की तिना
गे सम्बाळी ता कि क्रूसो पाँदे चढ़ाया जाओ। 16 तेबे रोमी सिपाई यीशुए
खे पीतरे आँगणो दे लईगे, जेतेखे प्रीटोरियुम राज्यपालो रा मुख्यालय बी
बोलोए, और सारी सिपाईया री पलटण बुलाई। 17 तेबे तिने यीशुए खे
बैंगणी टाले पणयाए और कांडेया रा मुकट बूणी की तिना रे सिरो पाँदे राखी
ता। 18 और तिना खे ये बोली की तिना रा मजाक उड़ाणे लगे, "हे यहूदिया रे
राजा, नमस्कार।" 19 सेयो तिना रे सिरो पाँदे नगळो रे डण्डे की बाओ थे,

तिना पाँदे थूको थे और कूटणे टेकी की माथा टेको थे। **20** जेबे सेयो तिना रा
मजाक उड़ाई चूके, तेबे तिना पाँदो ते बैंगणी टाले खुलाई ते और तिना रेई
टाले पणयाईते और यीशुए खे क्रूसो पाँदे चढ़ाणे खे बारे ली आए। **21** जेबे
सेयो यीशुए खे क्रूसो पाँदे चढ़ाणे खे लयी चली रे थे। तेबे सिकन्दर और
रूफुसो रा पिता, शमौन नाओं रा एक कुरेनी मांणू, जो दूजे गांव ते आऊणे
लगी रा था, तेसी बखते से तिसिये निकल़ेया। तेबे सिपाईए से ईंयां ई पकड़ी
ता कि यीशु रा क्रूस चकी की लई चल। **22** तेबे सेयो यीशुए खे गुलगुता
नाओं री जगा रे पकड़ी की लईगे, जेतेखे खोपड़िया री जगा बी बोलोए। **23**
तेबे सेयो तिना खे मुर्र नाओं री जड़ी बूटी मलाई की अँगूरा रा रस पीणे खे
देणे लगे, पर तिने नि पिया। **24** तेबे तिने यीशु क्रूसो पाँदे चढ़ाए और तेबे
तिना रे टाले रिया चिट्ठिया पाईया कि केसी खे क्या मिलणा, और सेयो बांडी
ते। **25** तेबे प्यागा रे नौ बजे रा बखत था, जेबे तिने सेयो क्रूसो पाँदे चढ़ाई ते।
**26** और तिना रा दोष-पत्र लिखी की क्रूसो पाँदे तिना पाँदे लगाई ता कि
"यहूदिया रा राजा।" **27** तेबे तिने दो डाकू, एक तिना रे दाँणे कनारे और एक
खूँजे कनारे, क्रूसो पाँदे चढ़ाए। **28** तेबे धर्मशास्त्रो रा से वचन कि, "से
अपराधिया साथे गिणेया जाणा" पूरा ऊआ। **29** बाटा रे जाणे वाल़े सिर
इलाई-इलाई की ये बोली की तिना री निन्दा करो थे, "वाह! मन्दरो खे टाल़ने
वाल़े और तीन दिना रे बनाणे वाल़े, **30** क्रूसो पाँदा ते उतरी की आपणे आपू
खे बचा।" **31** ईंयां ई बड़े पुरोईत बी, शास्त्रिया साथे, आपू बीचे मजाक करो
थे, "इने ओर तो बचाए, पर आपू खे नि बचाई सकेया। **32** इस्राएलो रा राजा
मसीह, एबे क्रूसो ते ऊतरी की तो आओ, ताकि आसे बी देखी की विश्वास
करिए।" जो तिना साथे क्रूसो पाँदे चढ़ाए राखे थे, सेयो बी तिना री निन्दा
करो थे। **33** और जेबे त्याड़ी ऊई, तेबे सारे देशो रे न्हेरा ऊईगा और तीजे
पईरो तक रया। **34** तीजे पइरो रे यीशुए जोरे की बोलेया, "इलोई, इलोई
लमा शबक्तनी?" जेतेरा मतलब ए, "ओ मेरे परमेशर, ओ मेरे परमेशर! तुसे
आऊँ कऊँ छाडीता?" **35** जो नेड़े थे खड़े रे, तिना बीचा ते कुछ जणेया ये
सुणी की बोलेया, "देखो, ये एलिय्याहो खे आक्का पाणे लगी रा।" **36**
तेबे एकी जणे दौड़ी की स्पंज सिरके रे डबोया और नगल़ो रे डण्डे पाँदे
राखेया और तिना खे चुसाया, और बोलेया, "चलो थोड़ा रूकी कि देखूँए

कि एलिय्याह एसखे उतारने आओआ कि नि।" 37 तेबे यीशुए जोरे की
चींगी की प्राण छाडी ते। 38 तेबे मन्दरो रा पड़दा पाँदो ते लई की थालो तक
फटीगा और तिजी रे दो टुकड़े ऊईगे। ए ये दखाओ कि एबे कोई बी मांणू
परमेशरो री हजुरिया रे जाई सकोआ। 39 जो सूबेदार तेती था खड़े रा, जेबे
तिने यीशु ईंयां चींगी की प्राण छाडदे ऊए देखे, तो तेबे तिने बोलेया, "सच्ची
ये तो परमेशरो रा पुत्र था।" 40 कुछ जवाणसा दूरो ते देखणे लगी री थिया,
तिना बीचा ते मरियम मगदलिनी और छोटे याकूब और योसेसो री आम्मा
मरियम और सलोमी थिया। 41 जेबे यीशु गलील प्रदेशो रे थे, तेबे सेयो
तिना पीछे-पीछे जाओ थिया और तिना री सेवा करो थिया, ओर बी कई
जवाणसा थिया, जो तिना साथे यरूशलेम नगरो रे आईया थिया। 42 जेबे
साँज ऊई, तेबे, कऊँकि से त्यारिया रा दिन था, जो आरामो रे एक दिन पईले
ओआ, 43 तेबे अरिमतियाह रा रणे वाल़ा यूसुफ आया, जो बड़ी सभा रा
खास जाणेया-मानेया रा सदस्य था और आपू बी परमेशरो रे राज्य री बाट
न्याल़ो था। से याओ करी की पिलातुसो गे गया और यीशुए री लोथ मांगी।
44 पिलातुस हैरान ऊईगा कि से ईतणे चट मरी गा; तेबे तिने सूबेदार बुलाया
और तेसते पूछेया, "क्या यीशु सच्ची मरी गा?" 45 जेबे तिने सूबेदारो ते
सारा आल जाणी ला, तेबे पिलातुसे लोथ यूसुफो खे दलाई ती। 46 तेबे तिने
एक मलमलो री चादर खरीदी और लोथ ऊतारी की चादरी रे लपेटी और
कब्रा रे राखी, जो चट्टानी रे थी खणी री। तेबे कब्रा रे द्वारो पाँदे एक पात्थर
खसकेईता। 47 तेबे मरियम मगदलिनी और योसेसो री आम्मा मरियम
देखणे लगी री थिया कि तिने यीशुए री लोथ केयी राखी रिये।

**16** जेबे आरामो रा दिन बीती गा, तेबे मरियम मगदलिनी और याकूबो री
आम्मा मरियम और सलोमिए, अच्छी बासी वालि़या चीजा मोले लईया,
ताकि आई की तिना पाँदे मलि़ए। 2 और अफ़्ते रे पईले दिने, जेबे प्यागा ऊई
और सूरज निकल़ेया ई था, तेबे सेयो कब्रा गे आईया। 3 और आपू बीचे
बोलणे लगीया, "आसा खे कब्रा रे द्वारो पाँदो ते पात्थर केस टाणा?" 4 जेबे
तिने आखी चकिया तो देखेया कि पात्थर तो कनारे टाये राए। कऊँकि से
बऊत बड़ा था। 5 तेबे कब्रा रे पीतरे जाई की तिने एक जवान सफेद टाले
पइने रा और दाणे कनारे बैठे रा देखेया और सेयो बऊत हैरान ऊई गिया। 6

तिने तिना खे बोलेया, “डरो नि। तुसे जेस यीशु नासरिये खे, जो क्रूसो पाँदे
लटकाया था, टोल़ने लगी रिया। से जिऊँदा ऊईगा रा, से एती निए देखी लो;
ये सेई जगा ए जेती से राखी राखेया था। 7 पर तुसे जाओ और तिना रे
चेलेया खे और पतरसो खे बोलो, ‘सेयो तुसा ते पईले गलील प्रदेशो रे पऊँछी
जाणे, जेड़ा तिने तुसा खे बोलेया था, तुसा से तेथी देखणा।’” 8 तेबे सेयो
कब्रा गे ते नठी गिया, कऊँकि सेयो कबराई गिया थिया और तिना रे थुरनी
छूटी गी थी, तिने डरो रे मारे केसी गे कुछ नि बोलेया। 9 **(note: The most
reliable and earliest manuscripts do not include Mark 16:9-20.)** अफ़्ते रे
पईले दिने प्यागा ई, जेबे यीशु मरे रेया बीचा ते जिऊँदे ऊए तेबे सबी ते पईले
मरियम मगदलिनिया खे दिशे। पईले जेसा ते तिने सात दुष्टात्मा निकयाल़िया
थिया। 10 तेसे जाई की तिना रे चेलेया गे, जो बऊत दु: खी थे और रोणे लगी
रे थे, तिना गे समाचार सुणाया। 11 पर तिने मरियम मगदलीनिया री गल्ला
पाँदे विश्वास नि कित्तेया कि यीशु जिऊँदे ऊईगे रे और तेसे सेयो देखे। 12
तिजी ते बाद यीशु दूजे रूपो रे तिना बीचा ते दूँईं जणेया खे दिशे, जेबे सेयो
गांव खे जाणे लगी रे थे। 13 तिने बी जाई की ओरी खे समाचार दित्तेया, पर
तिने तिना पाँदे बी विश्वास नि कित्तेया। 14 बादो ते यीशु तिना ग्यारा चेलेया
खे बी दिशी गे, जेबे सेयो रोटी लगी रे थे खाणे और तिना रे अविश्वासो और
काठे मनो खे ल़वामा दित्तेया, कऊँकि जिने सेयो जिऊँदे ऊणे ते बाद देखे थे,
तिने तिना रा विश्वास नि कित्तेया। 15 यीशुए तिना खे बोलेया, “तुसे सारी
दुनिया रे जाई की सारी सृष्टिया रे लोका खे सुसमाचार प्रचार करो। 16 जेस
विश्वास करना और बपतिस्मा लणा, तेसरा ई उद्धार ऊणा, पर जेस विश्वास
नि करना से दोषी ठईराया जाणा। 17 और विश्वास करने वाल़ेया रे ये चिह्न
ऊणे कि तिना मेरे नाओं ते दुष्टात्मा निकयाल़निया; नई-नई पाषा बोलणिया;
18 साप चकी देणे और जे सेयो नाश करने वाल़ी चीज बी पी लओगे, तो तेबे
बी तिना खे कुछ नि ऊणा, तिना बमारा पाँदे आथ राखणा और सेयो ठीक
ऊई जाणे।” 19 तिना साथे गल्ला करने ते बाद प्रभु यीशु स्वर्गो खे चकी
ते और सेयो परमेशरो रे दाँणे कनारे बैठे। 20 तेबे चेलेया हर जगा प्रचार
कित्तेया, प्रभु तिना साथे काम करदे रए, और तिना चिह्ना साथे, जो साथे-

साथे ऊणे लगी रे थे, और ये सामणे ल्याऊँदे रए कि परमेशरो रा ये सन्देश सच्चा ए। आमीन्।

# लूका
**1** बऊत जणेया सेयो गल्ला, जो आसा बीचे ओईया, इतियास लिखणे रे
आसा री मताद कित्ती, 2 जेड़ा कि पईले ई तिने जो इना गल्ला खे देखणे
वाल़े और वचनो खे मानणे वाल़े सेवक थे, आसा गे पऊँछाईया। 3 तेबेई
तो, ओ श्रीमान् थियुफिलुस! माखे बी ये ठीक लगेया कि तिना सबी गल्ला
रा सारा आल शुरूओ तेई ठीक-ठीक पता लगाई की तिना ताखे एक-एक
करी की लिखूँ। 4 ताकि तूँ ये जाणी लो कि यो गल्ला, जिना री तैं शिक्षा
पाई राखी, केड़िया अटल ए। 5 यहूदिया प्रदेशो रे राजा हेरोदेसो रे बखते
अबिय्याहो रे दलो रे जकरयाह नाओं रा एक पुरोईत था और तेसरी लाड़िया
रा नाओं इलीशिबा था। ये दोनो लाड़ा-लाड़ी हारूणो रे कुलो रे थे। 6 सेयो
दोनो परमेशरो सामणे तर्मी थे और परमेशरो री सारी आज्ञा और बिधिया पाँदे
निर्दोष चलो थे। 7 तिना रे कोई ल्वाद नि थी, कऊँकि इलीशिबा बांझ थी
और सेयो दोनो स्याणे ऊईगे थे। 8 एक दिन जेबे जकरयाह आपणे दलो री
बारिया पाँदे परमेशरो सामणे पुरोईतो रा काम करो था। 9 तेबे पुरोईता री
रवाजा रे मुताबिक, तेसरे नाओं री चिट्ठी निकल़ी, कि परमेशरो रे मन्दरो रे
जाई की तूप बाल़। 10 और तूप बाल़ने रे बखते, लोका री सारी मण्डल़ी बारे
मन्दरो रे आँगणो रे प्रार्थना करने लगी री थी। 11 तेबे जकरयाहो खे प्रभुए
रा स्वर्गदूत तूपो री वेदिया रे दाँणे कनारे खड़ेया रा दिशेया। 12 जकरयाह
तेसखे देखी की कबराईगा और बऊत डरीगा। 13 पर स्वर्गदूते तेसखे बोलेया,
"ओ जकरयाह! डर नि, कऊँकि परमेशरे तेरी प्रार्थना सुणी ली री और जो
तेरी लाड़ी इलीशिबा ए, तेसा रे ताखे एक पाऊ जमणा और तैं तेसरा नाओं
यूहन्ना राखणा। 14 ताखे आनन्द और खुशी ऊणी और बऊत सारे लोक
तेसरे जमणे ते खुश ऊणे। 15 कऊँकि से परमेशरो सामणे महान् ऊणा, तेस
अँगूरा रा रस और शराब कदी नि पीणा और से आपणी माया रे गर्भो तेई
पवित्र आत्मा ते परेया रा ऊणा। 16 तेस इस्राएलो बीचा ते कई जणे, तिना रे
प्रभु परमेशरो री तरफा खे फेरने। 17 से एलिय्याह री आत्मा और सामर्था
रे ऊई की तेसरे आगे-आगे चलणा ताकि पितरा रा मन बाल-बच्चेया री
तरफा खे फेरो। आज्ञा नि मानणे वाल़ेया खे तर्मिया री समजा रे ल्याओ और
प्रभुए खे एक लायक प्रजा त्यार करो।" 18 जकरयाहे स्वर्गदूतो ते पूछेया,

“ये आऊँ किंयाँ जाणूं कि एड़ा ई मां साथे ऊणा? कऊँकि आऊँ और मेरी
लाड़ी तो स्याणे ऊईगे रे।” **19** स्वर्गदूते तेसखे बोलेया, “आऊँ जिब्राईल
ए, जो परमेशरो सामणे खड़ा रओआ। आऊँ तां साथे गल्ला करने और ये
सुसमाचार सुनाणे रिया तंईं पेजी राखेया **20** और देख जदुओ तक यो गल्ला
पूरिया नि ऊई जाओगिया, तदुओ तक तूँ चुप रणा और बोली नि सकदा।
कऊँकि तैं मेरिया गल्ला पाँदि कि सेयो आपणे बखते पूरिया ऊणिया, विश्वास
नि कित्तेया।” **21** लोक जकरयाहो खे न्याल़दे रए और हैरान ऊईगे कि तेसखे
मन्दरो रे इतणी देर किंयाँ ऊईगी? **22** जेबे से बारे आया, तेबे से तिना साथे
गलाई नि सकेया, तेबे तिना खे पता लगी गा कि तिने मन्दरो रे कोई दर्शन
पाई राखेया, से तिना साथे साअरे रे गल्ला करदा रया और गूँगा ऊईगा। **23**
जेबे मन्दरो रे तेसरे पुरोईतो रे कामो री सेवा करने रे दिन पूरे ऊईगे, तेबे से
यरूशलेमो नगरो खे छाडी की आपणे कअरो खे चली गा। **24** तेबे तेसरी
लाड़ी इलीशिबा गर्भवती ऊईगी और पाँज मीन्ने तक आपू खे कअरे ये बोली
की लकोए रे राखेया, **25** “मांणूए जो मेरी बेज्जती करी राखी, तिजी खे दूर
करने खे, परमेशरे मां पाँदि कृपा करने खे एड़ा करी राखेया।” **26** इलीशिबा रे
गर्भावस्था रे छटुए मीन्ने परमेशरो री तरफा ते जिब्राईल स्वर्गदूत गलील
प्रदेशो रे नासरत नाओं नगरो रे, **27** एक कुआँरिया गे पेजेया। तेसारी मंगणी
यूसुफ नाओं रे दाऊदो रे कराने रे एक माठे साथे ऊई थी। तेसा कुआँरिया रा
नाओं मरियम था। **28** स्वर्गदूते तेसा गे पीतरे आयी की बोलेया, “खुशी
और जय तेरी ओ, जेस पाँदे परमेशरो री कृपा ऊई री, प्रभु तां साथे ए।”
**29** से तेस वचनो ते बऊत कबराई गी और सोचणे लगी कि ये केड़ी गल्ल
ए? **30** स्वर्गदूते तेसा खे बोलेया, “ओ मरियम! डर नि कऊँकि परमेशरो री
कृपा तां पाँदि ऊई री। **31** देख, तूँ गर्भवती ऊणी, तेरे एक पाऊ जमणा
और तैं तेसरा नाओं यीशु राखणा। **32** से महान् ऊणा, और परमप्रदानो रा
पुत्र ऊणा और प्रभु परमेशरे तेसरे पुरखा दाऊदो रा सिंहासन तेसखे देणा।
**33** और तेस याकूबो रे कराने रे सदा राज्य करना और तेसरे राज्य रा अंत
कदी नि ऊणा।” **(aiōn g165)** **34** मरियमे स्वर्गदूतो खे बोलेया, “ये किंयाँ
ऊणा? आऊँ तो मर्दो खे जाणदी ई नि, कऊँकि आऊँ तो एबु कुँवारी ए”
**35** स्वर्गदूते तेसा खे जवाब दित्तेया, “पवित्र आत्मा तां पाँदि उतरना और

परमप्रदानो री सामर्थ तां पाँदि छांयाँ करनी, तेबेई तो से, जो जमणे वाळा
ए, तेसखे पवित्र और परमेशरो रा पुत्र बोलेया जाणा। **36** देख, तेरे टब्बरो
री इलीशिबा रे बी स्याणदे बखते पाऊ ऊणे वाळा ए। ये तेसा रा, जेसा
खे बांझ बोलोए, छटा मीन्ना चली रा। **37** कऊँकि परमेशर सब कुछ करी
सकोआ।" **38** मरियमे बोलेया, "देख, आऊँ परमेशरो री दासी ए, मां साथे
तेरे वचनो रे मुताबिक ओ।" तेबे स्वर्गदूत तेसा गे ते चली गा। **39** तिना दिना
रे मरियम उठी की फटाफट पाह्ड़ी इलाके रे यहूदा प्रदेशो रे एक नगरो खे गई
**40** और तेसे जकरयाहो रे कअरे जाई की इलीशिबा खे नमस्ते कित्ती। **41**
जियाँ ई इलीशिबे मरियमा री नमस्ते सुणी, तियाँ ई बच्चा तेसा रे पेटो रे
उटकेया और ईलीशिबा पवित्र आत्मा ते फरी गी। **42** तेबे तेसे मरियमा खे
जोरे की बोलेया, "तूँ सबी जवाणसा बीचे धन्य ए और जेस बच्चे खे तां जन्म
देणा से बी धन्य ए। **43** ये कृपा मां पाँदि केथा ऊई कि मेरे प्रभुए री आम्मा
मांगे आयी? **44** जियाँ ई मैं तेरी नमस्ते सुणी, तियाँ ई बच्चा मेरे पेटो रे
खुश ऊई की उटकणे लगेया। **45** धन्य ए से, जिने विश्वास कित्तेया कि जो
गल्ला प्रभुए री तरफा ते तेसा गे बोलिया, सेयो पुरिया ऊणिया।" **46** तेबे
मरियमे बोलेया, "मेरा प्राण प्रभुए री बढ़ाई करोआ। **47** और मेरी आत्मा मेरा
उद्धार करने वाळे परमेशरो ते खुश ए। **48** कऊँकि तिने आपणी दासिया
कनारो खे देखेया, तेबेई तो, देखो, आजो ते सारे जुगा-जुगा रे लोका माखे
धन्य बोलणा। **49** कऊँकि तिने शक्तिमाने मेरे बड़े-बड़े काम करी राखे और
तेसरा नाओं पवित्र ए। **50** तेस परमेशरो री दया, जो तेसते डरोए, पीढ़िया री
पीढ़िया तक बणी री रओई। **51** तिने आपणे आथो रे जरिए सामर्था रे काम
दिखाए और जो आपू खे बड़ा समजोए, सेयो रूळाई ते। **52** तिने राजेया रा
राज खत्म करी ता और शरीफ ऊच्चे कित्ते। **53** तिने पूखे अच्छी चीजा
ते रजाए और अमीर खाली आथे निकयाळी ते। **54** तिने आपणा सेवक
इस्राएल सम्बाळी ता। ताकि आपणी तेसा दया रे वादे खे याद करुँ, **55** जो
अब्राहम और तेसरे कुळो पाँदि सदा रणी, जेड़ा तिने म्हारे बाओ-दादेया खे
बोलेया था।" **(aiōn g165)** **56** मरियम तकरीबन तीन मीन्ने तक तेती रई और
तेबे कअरो खे चली गी। **57** तेबे इलीशिबा रे बच्चा पैदा करने रा बखत पूरा
ऊईगा और तेसा रे एक पाऊ जम्मेया। **58** तेसा रे पड़ोसी और टब्बरो वाळेया

जेबे ये सुणेया कि प्रभुए तेसा पाँदे बड़ी पारी दया करी राखी, सेयो तेसा साथे
बऊत खुश ऊए। **59** तेबे एड़ा ऊआ कि सेयो आठुए दिने बाल़को रा खतना
करने आए और तेसरा नाओं, तेसरे बाओ रे नाओं पाँदे जकरयाह राखणे
लगे। **60** तेबे बच्चे री आम्मे बोलेया, “ना; एसरा नाओं यूहन्ना राखणा।” **61**
तेबे तिने बोलेया, “तेरे टब्बरो रे एड़ा नाओं केसी रा निए।” **62** तेबे तिने तेसरे
बाओ ते साअरे रे पूछेया, “तूँ एसरा क्या नाओं राखणा चाएया?” **63** तेबे
तिने लिखणे री पट्टी मुंगाई की लिखी ता, “एसरा नाओं यूहन्ना ए” और सब
हैरान ऊईगे। **64** तेबे तेसरा मूँ और जीब तेबुई खुली गी। तेबे से बोलणे जोगा
ऊईगा और परमेशरो रा धन्यवाद करने लगेया। **65** तेसरे ओरे-पोरे रणे वाल़े
लोक डरी गे और तिना सबी गल्ला री चर्चा यहूदिया प्रदेशो रे सारे पाह्ड़ी
इलाके रे फैली गी। **66** सब सुणने वाल़े आपणे-आपणे मनो रे बिचार करने
लगे, “ये बाल़क केड़ा ऊणा?” कऊँकि परमेशरो रा आथ तेस साथे ए। **67**
तेबे तेसरा पिता जकरयाह पवित्र आत्मा ते परी गा और भविष्यबाणी करने
लगेया, **68** “प्रभु इस्राएलो रा परमेशर धन्य ए, जो तिने आपणे लोका कनारो
खे देखेया और तिना खे छुटकारा दित्तेया **69** और आपणे सेवक दाऊदो रे
कराने रे आसा खे उद्धारकर्ता पेजी राखेया। **70** जेड़ा तिने आपणे पवित्र
भविष्यबक्तेया ते बुलवाया था, जो दुनिया रे शुरूओ ते ऊँदे ऊए आयी रे **(aiōn
g165)** **71** मतलब-आसा रे दुश्मणा ते और बैरिया रे आथो ते म्हारा उद्धार
करी राखेया। **72** ताकि आसा रे बाप-दादेया पाँदे कृपा करी की आपणी
पवित्र वाचा याद राखो **73** और से कसम जो तिने आसा रे पिते अब्राहमो
साथे खाई थी **74** कि तेस आसा खे ये देणा, ताकि आसे आपणे दुश्मणा
रे आथो ते बची की **75** परमेशरो सामणे पवित्रता, और धार्मिकता साथे
सारी जिन्दगी नच्चके रई की तेसरी सेवा करदे रईए। **76** ओ बाल़क! ताखे
परमप्रदान परमेशरो रा भविष्यबक्ता बोलेया जाणा, कऊँकि तूँ प्रभुए री बाट
त्यार करने खे तिना रे आगे-आगे चलणा। **77** ताकि तिना रे लोका खे उद्धारो
रा ज्ञान देई सके, जो तिना रे पापो री माफिया ते मिलोआ। **78** ये आसा रे
परमेशरो री तेसा बड़िया दया ते ऊणा; जेसरी बजअ ते, स्वर्गो ते आसा पाँदे
प्यागा रा प्रयासा ऊणा। **79** ताकि न्हेरे रे और मरने वाल़ेया खे जिन्दगी देई
सको, और आसा रे पैरा खे शान्तिया री बाटा रे सिदे चलाई सको।” **80** तेबे

से बाल़क यूहन्ना बड़दा और आत्मा रे तागतबर ऊँदा गया और इस्राएलो रे
सामणे आऊणे रे दिना तक, जंगल़ो रे रया।

2 तिना दिना रे रोमी महाराजा अगस्तुस कैसरो री तरफा ते आज्ञा निकल़ी
की सारे रोमी साम्राज्य रे लोका री गणना कित्ती जाओ। 2 ये पईली गणना
तेस बखते ऊई, जेबे क्विरिनियुस सीरिया प्रदेशो रा राज्यपाल था। 3 तेबे
सब लोक नाओं लिखाणे खे आपणे-आपणे नगरो खे गए। 4 तेबे यूसुफ बी
इजी री खातर कि से दाऊदो रे कराने और कुलो रा था, गलीलो रे नासरत
नगरो ते, यहूदिया दे, दाऊदो रे नगर बैतलहमो खे गया। 5 ताकि आपणी
मंगेतर मरियमा साथे, जो गर्भवती ए, नाओं लिखाऊँ। 6 जेबे सेयो बैतलहम
पऊँछे तेबे मरियमा रे बच्चा जमणे रिया पीड़ा लगी गिया। 7 तेसा रे पईला
बच्चा पाऊ ऊआ, तेसे से टालेया साथे लपेटी की डांगरा री खुरलिया रे
राखेया, कऊँकि तिना खे संरायी रे रणे खे जगा नि मिली। 8 तेस देशो रे
बऊत गाद्दी थे, जो राती मैदानो रे रई की आपणे चूण्डो रा पईरा देयो थे। 9
तेबे परमेशरो रा एक स्वर्गदूत तिना रे सामणे आयी की खड़ा ऊईगा और
परमेशरो रा तेज तिना रे चऊँ कनारे चमकणे लगेया और सेयो बऊत डरी गे।
10 तेबे स्वर्गदूते तिना खे बोलेया, “डरो नि, कऊँकि देखो आऊँ तुसा खे बऊत
खुशिया रा सुसमाचार सुनाणे आयी रा, जो सारे लोका खे ऊणा। 11 कि
आज दाऊदो रे नगर बैतलहमो रे तुसा खे एक उद्धारकर्ता जम्मी रा और येई
मसीह प्रभु ए। 12 और इजी रा पता तुसा खे ईंयां लगणा, तुसा खे एक
बाल़क टालेया रे लपेटेया रा और डांगरा री खुरलिया रे पड़ेया रा मिलणा।”
13 तेबे एकदम तेस स्वर्गदूतो साथे, स्वर्गदूता रा एक दल, परमेशरो री स्तुति
करदे ऊए और ये बोलदे ऊए दिशेया, 14 “स्वर्गो रे परमेशरो री महिमा
और तरतिया रे, तिना मांणूआ खे जिना ते आऊँ खुश ए, शान्ति ओ।” 15
जेबे स्वर्गदूत तिना गे ते स्वर्गो खे चली गे, तेबे गाद्दी आपू बीचे बोलणे लगे,
“आओ आसे बैतलहमो खे चलूँए और जो गल्ल प्रभुए आसा गे बताई राखी,
तेसा देखूँए।” 16 तेबे तिने तेबुई जाई की मरियम और यूसुफ और डांगरा
री खुरलिया रे से बाल़क लेटेया रा देखेया। 17 इना खे देखी की से गल्ल
जो एस बाल़को रे बारे रे तिने बोली थी, सामणे आयी। 18 सबी सुणने
वाल़ेया, तिना गल्ला ते जो गाद्दिये तिना गे बताईया थिया, हैरान ऊईगे। 19

पर मरियम इना सबी गल्ला खे आपणे मनो रे सोचदी रई। **20** तेबे गाद्दी
परमेशरो री स्तुति और गुणगाण करदे ऊए वापस चली गे, कऊँकि जो कुछ
तिने देखी राखेया था, से ठीक तेड़ा ई था जेड़ा स्वर्गदूते तिना खे बोली राखेया
था। **21** जेबे आठ दिन पूरे ऊईगे और खतने रा बखत आया, तेबे तेसरा नाओं
यीशु राखेया, जो स्वर्गदूते तेसरे मरियमा रे पेटो रे आऊणे ते पईले बताया
था। **22** जेबे मूसे रा बिधानो रे मुताबिक मरियम और यूसुफो रे शुद्ध ऊणे रे
दिन पूरे ऊए, तेबे सेयो यरूशलेम मन्दरो खे गए। सेयो बाल़क यीशुए खे बी
आपू साथे यरूशलेमो रे मन्दरो रे ल्याए कि तेसखे प्रभुए रे सामणे अर्पण
करो **23** जेड़ा प्रभुए रा बिधानो रे लिखी राखेया, "हर एक जेठा बाल़क प्रभुए
खे पवित्र ऊणा।" **24** मरियम और यूसुफो रे शुद्ध ऊणे खे प्रभुए रा बिधानो रे
वचनो रे मुताबिक कूगीया रा एक जोड़ा या कबूतरो रे दो बच्चे ल्याई की
बलिदान करो। **25** तेस बखते यरूशलेमो रे शमौन नाओं रा एक मांणू था, से
तर्मी और भक्त था और इस्राएलो री शान्ति और मसीह रे आऊणे री बाट
न्याल़ो था और पवित्र आत्मा तेस पाँदे था। **26** पवित्र आत्मा ते तेसखे
चेतावणी मिली थी कि जदुओ तक तूँ प्रभुए रे मसीह खे नि देखी लएगा,
तदुओ तक मरना नि। **27** तेबे से आत्मा रा सिखाया, मन्दरो रे आया, जेबे
माए-बाओ बाल़क यीशुए खे पीतरे ल्याए, ताकि तेसखे बिधानो री रवाजा रे
मुताबिक करूँए **28** तेबे तिने से बाल़क आपणी गोदा रे लया और परमेशरो रा
धन्यवाद करी की बोलेया, **29** "ओ स्वामी! एबे तूँ आपणे दासो खे आपणे
वचनो रे मुताबिक बेफिकर ऊई की एते दुनिया ते बिदा कर। **30** कऊँकि मेरी
आखी तेरा उद्धार देखी ला रा। **31** जो तुसे सबी लोका रे सामणे त्यार करी
राखेया। **32** ताकि से दूजी जातिया खे सच्चाईया खे सामणे ल्याऊणे खे एक
जोति देओ और तेरे आपणे इस्राएलो रे लोका री महिमा ओ।" **33** यीशुए रे
माए-बाओ, तिना गल्ला ते, जो शमौने तेसरे बारे रे बोली थी, हैरान ऊईगे।
**34** तेबे शमौने तेसखे आशीष देई की तेसरी आम्मा मरियमा खे बोलेया, "देख
ये तो इस्राएलो रे बऊत जणेया रे रूड़ने, उठणे खे और एक एड़ा चिह्न ऊणे खे
ठईराई राखेया, जेसरे खलाफ बऊत गल्ला ऊणिया। **35** एथो तक तेरा प्राण
बी तलवारी रे वारो साथे पार छीदी जाऊणा। इजी ते बऊत मनो रे बिचार
प्रगट ऊणे।" **36** आशेरो रे गोत्रो बीचा ते हन्नाह नाओं री फनुएलो री बेटी

एक भविष्यबक्तणी थी। से बऊत स्याणी थी और ब्या ऊणे ते बाद आपणे
लाड़े साथे बस सात साल तक ई रई। 37 से चुरासी साला ते बिदुआ थी और
जादातर मन्दरो रे रओ थी, से बअरत और प्रार्थना करी की रात-दिन भक्ति
करदी रओ थी। 38 तेबे से तेस बखते तेती आयी की परमेशरो रा धन्यवाद
करने लगी और तिना सबी खे जो यरूशलेमो रे लोका खे छुटकारे री बाट
न्याल़ो थे, तेसरे बारे रे गल्ल करने लगी 39 जेबे यूसुफ और मरियम प्रभुए
रा बिधानो रे मुताबिक सब कुछ नपटेई चूके, तेबे गलीलो रे आपणे नगर
नासरतो खे चली गे। 40 तेबे बाल़क बड़दा, और तागतबर और अक्ला ते
परिपूर्ण ऊँदा गया और परमेशरो री कृपा तेस साथे थी। 41 यीशुए रे माए-
बाओ हर साल फसह रे त्योआरो खे यरूशलेमो खे जाओ थे। 42 जेबे से बारा
साला रा ऊआ, तेबे सेयो त्योआरो रे रवाजा रे मुताबिक, यरूशलेमो खे गये।
43 जेबे सेयो तिना दिना खे पूरा करी की आऊणे लगे, तेबे से बाल़क यीशु,
यरूशलेमो रेई रई गा और ये गल्ल तेसरे माए-बाओ खे नि थी पता। 44 तिने
सोचेया कि से ओरी यात्रिया साथे ऊणा, एक दिन बीती गा और तेबे सेयो
तेसखे आपणे टब्बरो और जाण-पछयाण वाल़ेया गे टोल़ने लगे। 45 पर जेबे
मिलेया नि, तेबे टोल़दे-टोल़दे यरूशलेमो रे पऊँछी गे। 46 और तेबे तीन दिन
बाद तिना खे से मन्दरो रे आँगणो रे, उपदेशका साथे बैठे रे, तिना री सुणदे
और तिना ते प्रश्न करदा ऊआ मिलेया। 47 जितणे जणे तेसरी सुणने लगी रे
थे, सेयो सब तेसरी समज और जवाबो ते हैरान थे। 48 तेबे सेयो तेसखे देखी
की हैरान ऊईगे और तेसरी आम्मे तेसखे बोलेया, "ओ पाऊ! तैं आसा साथे
एड़ा कऊँ कित्तेया? देख, तेरे पिता जी और आऊँ ताखे रोषो रे टोल़ने लगी रे
थे।" 49 यीशुए तिना खे बोलेया, "तुसे माखे कऊँ लगी रे टोल़ने? क्या
जाणो नि थे कि मेरा मेरे परमेशरो रे भवनो रे ऊणा जरूरी ए?" 50 पर जो
गल्ल तिने तिना खे बोली, से तिना खे समज नि आयी। 51 तेबे से तिना साथे
चली गा और नासरतो खे आया और तिना रे कुलो रे रया, तेसरी आम्मे यो
सारिया गल्ला आपणे मनो रेई राखिया। 52 यीशु बुद्धि और डील-डौल,
परमेशर और मांणूए री कृपा रे बड़दे गये।

**3** तिबिरियुस महाराजा कैसरो रे राज्य रे पन्द्रुए साले जेबे पुन्तियुस पिलातुस
यहूदिया प्रदेशो रा राज्यपाल था, और गलीलो रे हेरोदेस, इतुरैया और

त्रखोनितीसो रे तेसरा पाई फिलिप्पुस और अबिलेनो रे लिसानियास रे राजा
थे। 2 जेबे हन्ना और कैफा प्रदान पुरोईत थे, तेस बखते परमेशरो रा वचन
सुनसाण जगा रे जकरयाहो रे पाऊ यूहन्ने गे पऊँछेया। 3 तेबे से यरदन
नदिया रे नेड़े-तेड़े रे सारे देशो रे आयी की, पापो री माफिया खे, मन फेरने रे
और बपतिस्मा लणे रा प्रचार करने लगेया। 4 जेड़ा यशायाह भविष्यबक्ते रे
बोले रे वचनो री कताबा रे लिखे राए कि, "सुणसाण जगा रे एक आक्का
पाणे री आवाज ओई कि, प्रभुए री बाट त्यार करो, तिना री सड़का सीदिया
करो। 5 हर एक काअटी परी जाणी, हर एक पाह्ड़ और टीला थाले करेया
जाणा और जो टेडा ए, से सीदा और जो थाले पाँदि ए, से चौड़ी (सवीं) बाट
बणनी 6 और सबी लोका परमेशरो रा उद्धार देखणा।" 7 जो पीड़ा री पीड़
तेसते बपतिस्मा लणे आओ थी, तिना खे से बोलो था, "ओ सापो जेड़े
जईरीले लोको! तुसा खे किने जताई ता कि आऊणे वाल़े परमेशरो रे रोषो ते
नठो? 8 इजी री खातर मन फिराओ और अच्छे काम करो; और आपणे-
आपणे मनो रे एड़ा नि सोचो, 'आसा रा बाओ अब्राहम ए।' कऊँकि आऊँ
तुसा खे बोलूँआ कि परमेशर इना पात्थरा ते अब्राहमो खे ल्वाद पैदा करी
सकोआ। 9 एबे परमेशर तुसा खे सजा देणे वाल़ा ए, तेबेई तो जो-जो डाल़
खरा फल नि ल्याऊँदे, से बाडे और आगी रे सेटे जाओए।" 10 तेबे लोके
तेसते पूछेया, "परमेशरो री सजा ते बचणे खे आसे क्या करुँ?" 11 यूहन्ने
बोलेया, "जेसगे दो कुरते ए, से तेसखे बांडी देओ, जेसगे आए नि और जेसगे
रोटी ओ, से बी एड़ा ई करो।" 12 तेबे कर लणे वाल़े बी बपतिस्मा लणे आए
और तेसते पूछेया, "ओ गुरू! आसे क्या करुँ?" 13 तिने बोलेया, "जो तुसा
खे रोमी सरकारे ठराई राखेया, तिजी ते जादा नि लणा।" 14 तेबे सिपाईए बी
तेसते पूछेया, "आसे क्या करुँ?" तिने बोलेया, "केसी खे नाजाईज तंग नि
करना, ना चूठा दोष लगाणा और आपणी मजदूरिया पाँदि सन्तुष्टी राखणी।"
15 जेबे सबी लोके मसीह रे आऊणे री उम्मीद लगाई राखी थी और आपणे-
आपणे मनो रे यूहन्ने रे बारे रे बिचार करने लगी रे थे कि केथी येई तो मसीह
तो निए? 16 तेबे यूहन्ने तिना सबी खे जबाब दित्तेया, "आऊँ तो तुसा खे
पाणिए साथे बपतिस्मा देऊँआ, पर जो आऊणे वाल़ा ए, से मांते बी जादा
महान् ए। आऊँ तो एते जोगा पनिए कि तेसरे जोड़े रे फिथे खोली सकूँ। तेस

तुसा खे पवित्र आत्मा और आगी साथे बपतिस्मा देणा। 17 तेसरा सूप
तेसरे आथो रे ए और तेस आपणा खल्याण ठीक टंगो ते साफ करना और
कणक तो आपणे पण्डारो रे राखी देणी पर जो पूऊ ऊणा से एड़िया आगी रे
सेटणा जो कदी नि बिजणी।" 18 तेबे से बऊत शिक्षा देई-देई की लोका खे
सुसमाचार सुणांदा रया। 19 पर जेबे तिने गलील प्रदेशो रे चौथाई देशो रे राजा
हेरोदेसो खे, तेसरे पाई फिलिप्पुसो री लाड़ी हेरोदियासा रे बारे रे और सब
कुकर्मा रे बारे रे जो तिने कित्ते थे, फटकार दित्ती। 20 हेरोदेसे तिना ते बढ़ी की
कुकर्म बी कित्तेया कि यूहन्ना जेला रे पाईता। 21 जेबे सबी लोके बपतिस्मा
लया और यीशु बी बपतिस्मा लयी की प्रार्थना करने लगी रे थे, तेबे सर्ग खुली
गा। 22 तेबे पवित्र आत्मा शारीरिक रूपो रे जिंयाँ कबूतर उड़दा ऊआ थाले
आओआ तिंयाँ तिने आपू पाँदे उतरदे ऊए देखेया और स्वर्गो ते ये आवाज
आयी, "तूँ मेरा प्यारा पुत्र ए और आऊँ तांते खुश ए।" 23 जेबे यीशु आपू
उपदेश देणे लगे, तेबे सेयो तकरीबन तीई साला रे थे (और जेड़ा समजेया
जाओआ) यीशु यूसुफो रे पाऊ थे और यूसुफ एलीयो रा पाऊ था 24 और
एली, मत्तातो रा पाऊ था, मत्तात लेवियो रा पाऊ था, लेवी मलकियो रा पाऊ
था, मलकी यन्ना रा पाऊ था और यन्ना यूसुफो रा पाऊ था। 25 यूसुफ
मत्तियाहो रा पाऊ था, मत्तियाह आमोसो रा पाऊ था, आमोस नहूमो रा पाऊ
था, नहूम असल्याहो रा पाऊ था, असल्याह नोगह रा पाऊ था। 26 नोगह
मातो रा पाऊ था, मात मत्तियाहो रा पाऊ था, मत्तियाह शिमियो रा पाऊ
था, शिमी योसेखो रा पाऊ था और योसेख योदाह रा पाऊ था। 27 योदाह
यूहन्ने रा पाऊ था, यूहन्ना रेसा रा पाऊ था, रेसा जरूब्बाबिलो रा पाऊ था,
जरूब्बाबिल शालतियेलो रा पाऊ था और शालतियेल नेरियो रा पाऊ था। 28
नेरी मलकियो रा पाऊ था, मलकी अद्दियो रा पाऊ था, अद्दी कोसामो रा पाऊ
था, कोसाम इलमोदामो रा पाऊ था और से एरो रा पाऊ था। 29 एर येशुओ
रा पाऊ था, येशु इलाजारो रा पाऊ था, इलाजार योरिमो रा पाऊ था, योरिम
मत्तातो रा पाऊ था, मत्तात लेवियो रा पाऊ था। 30 लेवी शमोनो रा पाऊ था,
शमोन यहूदाह रा पाऊ था, यहूदाह यूसुफो रा पाऊ था, यूसुफ योनानो रा
पाऊ था, योनान इलयाकीमो रा पाऊ था। 31 और इलयाकीम मलेआहो रा
पाऊ था, मलेआह मिन्नाहो रा पाऊ था, मिन्नाह मत्तता रा पाऊ था, मत्तता

नातानो रा पाऊ था, नातान दाऊदो रा पाऊ था। 32 दाऊद यिशै रा पाऊ
था, यिशै ओबेदो रा पाऊ था, ओबेद बोअजो रा पाऊ था, बोअज सलमोनो
रा पाऊ था, सलमोन नहशोनो रा पाऊ था। 33 नहशोन अम्मीनादाबो रा
पाऊ था, अम्मीनादाब अरनीयो रा पाऊ था, अरनी हिस्रोनो रा पाऊ था,
हिस्रोन फिरिसो रा पाऊ था, फिरीस यहूदाहो रा पाऊ था। 34 यहूदाह याकूबो
रा पाऊ था, याकूब इसहाको रा पाऊ था, इसहाक अब्राहमो रा पाऊ था,
अब्राहम तिरहो रा पाऊ था, तिरह नाहोरो रा पाऊ था। 35 नारोहो रा सरूगो रा
पाऊ था, सरूग रऊओ रा पाऊ था, रऊ फिलिगो रा पाऊ था, फिलिग एबिरो
रा पाऊ था, एबिर शिलहो रा पाऊ था। 36 शिलह केनानो रा पाऊ था, केनान
अरफक्षदो रा पाऊ था, अरफक्षद शेमो रा पाऊ था, शेम नूहो रा पाऊ था,
नूह लिमिको रा पाऊ था। 37 लिमिक मथूशिलहो रा पाऊ था, मथूशिलह
हनोको रा पाऊ था, हनोक यिरिदो रा पाऊ था, यिरिद महललेलो रा पाऊ था,
महललेल केनानो रा पाऊ था। 38 केनान इनोशो रा पाऊ था, इनोश शेतो रा
पाऊ था, शेत आदमो रा पाऊ था और से परमेशरो रा पाऊ था।

**4** तेबे यीशु पवित्र आत्मा ते परी की यरदनो नदिया ते वापस आये और
चाळी दिन तक आत्मा रे सिखाणे खे सुणसाण जगा रे फिरदे रये; 2 और
शैतान चाळी दिना तक तिना री परीक्षा करदा रया। तिना दिना रे तिने कुछ नि
खाया और जेबे सेयो दिन पूरे ऊईगे तेबे तिना खे पूख लगी। 3 तेबे शैताने
यीशुए खे बोलेया, "जे तूँ परमेशरो रा पुत्र ए, तो एस पात्थरो खे बोल कि
रोटी बणी जाओ।" 4 यीशुए तेसखे जवाब दित्तेया, "लिखी राखेया कि मांणू
रोटिया साथे ई जिऊँदा नि रंणा।" 5 तेबे शैतान तिना खे लईगा और तिना खे
एकदम दुनिया रे सारे राज्य दखाए। 6 और शैताने तिना खे बोलेया, "मां यो
सब अक्क और इना रे एशो-आराम ताखे देई देणे, कऊँकि ये सब कुछ मांगे
सम्बाळी राखेया और जेसखे चाऊँआ, तेसखे देई देऊँआ।" 7 तेबे तिने
यीशुए खे फेर बोलेया, "जे तां मांगे माथा टेकणा, तो ये सब कुछ तेरा ऊई
जाणा।" 8 यीशुए तेसखे जवाब दित्तेया, "लिखी राखेया कि तूँ बस प्रभु
आपणे परमेशरो गे ई माथा टेक और बस तिना री ई आराधना कर।" 9 तेबे
शैताने यीशु यरूशलेमो रे लयी जाई की मन्दरो री चूँडिया पाँदे खड़े करी ते।
तेबे तिना खे बोलणे लगेया, "जे तूँ परमेशरो रा पुत्र ए, तो आपू खे एथा ते

थाले रुड़ाई दे। 10 कऊँकि पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया कि परमेशरो
तेरिया तंईं आपणे स्वर्गदूता खे आज्ञा देणी कि सेयो तुसा खे बचाओ। 11
और तिना तूँ आपणे आथो-आथ चकी लणा, केथी एड़ा नि ओ कि तेरे पैरो रे
पात्थरो साथे बूड़ो।" 12 यीशुए तेसखे जवाब दित्तेया, "पवित्र शास्त्रो रे ये
बीए लिखेया राए, 'तूँ प्रभु आपणे परमेशरो खे नि परख।'" 13 जेबे शैतान
तिना री सारिया परीक्षा करी चुकेया, तेबे कुछ बखतो खे यीशुए खे छाडी की
चली गा। 14 तेबे यीशु पवित्र आत्मा री सामर्था ते परी की गलीलो खे चली
गे और तिना री चर्चा ओरे-पोरे सारे देशो रे फैली गी। 15 तेबे सेयो तिना रे
प्रार्थना रे कअरो रे उपदेश देंदे रये और सब तिना री तारीफ करदे रये। 16 तेबे
सेयो नासरतो गांव खे वापस आए, जेती सेयो पाल़े थे ओर आपणी रवाजा रे
मुताबिक आरामो रे दिने प्रार्थना रे कअरो रे जाई की पढ़ने खे खड़े ऊए। 17
यशायाह भविष्यबक्ते री कताब तिना खे दित्ती और तिने कताब खोली की से
जगा निकयाल़ी जेती ये लिखी राखेया था, 18 "प्रभुए रा पवित्र आत्मा मां
पाँदि ए, कऊँकि तिने मेरा अभिषेक कंगाल़ा खे सुसमाचार सुनाणे खे करी
राखेया और आऊँ इजी खे पेजी राखेया ताकि दुष्टात्मा रे वशो रे पड़े रे लोका
खे छुटकारे रा और अन्देया खे देखणे रा सुसमाचार प्रचार करुँ और केसेया रे
खे छुडाऊँ। 19 और प्रभुए खे खुश रणे रे सालो रा प्रचार करुँ।" 20 तेबे तिने
कताब बंद करी की सेवको रे आथो रे देईती और बैठीगे और प्रार्थना रे कअरो
रे सब लोक तिना खे देखदे ई रये। 21 तेबे सेयो तिना खे बोलणे लगे, "आज
ई ये लेख तुसा सामणे पूरा ऊई रा।" 22 सबी तिना री तारीफ कित्ती और जो
कृपा री गल्ल तिना रे मुंओ ते निकल़ो थी, तिना ते हैरान ऊईगे और बोलणे
लगे, "क्या ये यूसुफो रा पाऊ निए?" 23 तिने तेसखे बोलेया, "तुसा ये
कहावत मां पाँदे जरूर बोलणी, 'ओ बैद आपू खे ठीक कर! जो कुछ आसे
सुणी राखेया कि कफरनहूमो रे करी राखेया, से एती आपणे देशो रे बी
कर।'" 24 यीशुए बोलेया, "आऊँ तुसा खे सच लगी रा बोलणे कि कोई बी
भविष्यबक्ता आपणे देशो रे मान-सम्मान नि पाँदा। 25 आऊँ तुसा खे सच
लगी रा बोलणे कि जेबे एलिय्याह नबीए रे दिना रे साडे तीन साल तक
सर्ग बंद रया, एथो तक कि सारे देशो रे अकाल़ पड़ी गा था और इस्राएलो
रे बऊत सारी बिदुआ थिया। 26 पर एलिय्याह तिना बीचा ते केसी गे नि

पेजेया, बस सिदोनो रे सारफत गांव रे एक बिदुआ ते अलावा। 27 और
एलीशा भविष्यबक्ता रे बखते इस्राएलो रे बऊत सारे कोढ़ी थे, पर सीरिया
देशो रे नामानो खे छाडी की तिना बीचा ते कोई बी ठीक नि कित्तेया।" 28
इना सारिया गल्ला खे सुणी की जो प्रार्थना रे कअरो रे थे तिना सबी खे
रोष आईगा। 29 तेबे तिने सबी उठी की सेयो बारे निकयाल़ी ते और जेते
पाह्ड़ो पाँदे तिना रा नगर था, तेतेरी चूँडिया पाँदे लयी चले, ताकि तेथा ते
तिना खे थाले सेटी की मारी देओ। 30 पर यीशु तिना बीचा ते निकल़ी की
चली गे। 31 तेबे सेयो गलीलो रे कफरनहूम नगरो खे गये और आरामो रे
दिने लोका खे उपदेश देणे लगी रे थे। 32 सेयो तिना रे उपदेशो ते हैरान
ऊईगे, कऊँकि तिना रा वचन अक्को साथे था। 33 प्रार्थना रे कअरो रे एक
मांणू था, जेसरे दुष्टात्मा थी। 34 से जोरे की चींगणे लगेया कि, "ओ यीशु
नासरी! आसा खे तांते क्या काम ए? क्या तूँ आसा खे नाश करने आयी रा?
आऊँ ताखे जाणूंआ कि तूँ कुण ए? तूँ परमेशरो रा पवित्र पुत्र ए।" 35 यीशु
तेसखे बक्के और बोलेया, "चुप रओ; और एसते निकल़ी जा; तेबे दुष्टात्मा
तेसखे बीचे पटकी की बिना नुकशाण पऊँछाए तेसते निकल़ी गी।" 36 ये
देखी की सब हैरान ऊईगे और सेयो आपू बीचे बोलणे लगे, "ये केड़ा वचन
ए? और ये अक्क और सामर्था साथे दुष्टात्मा खे आज्ञा देओआ और सेयो
निकल़ी जाओईया।" 37 तेबे चऊँ कनारे तिना रा बोल-बाला फैली गा। 38
यीशु प्रार्थना रे कअरो ते उठी की शमौनो रे कअरो खे गये और शमौनो री
सासुआ खे बुखार था और तिने तेसा री खातर, यीशुए ते प्रार्थना कित्ती।
39 सेयो तेसा रे नेड़े जाई की बुखारो खे बके और तेसा रा बुखार ऊतरी
गा और से फटाफट उठी की तिना री सेवा करने लगी। 40 सूरज डूबणे ते
पईले जेती-जेती लोक कईया प्रकारा रिया बमारिया रे पड़ी रे थे, सेयो सब
तिना खे तेसगे ली आए और तिने एकी-एकी पाँदे आथ राखी की सेयो
ठीक कित्ते। 41 तेबे दुष्टात्मा चींगदी ऊई और ये बोलदी उई, "तूँ परमेशरो
रा पुत्र ए," बऊत जणेया ते निकल़ी गी पर सेयो तिना खे बको थे और
बोलणे नि देओ थे, कऊँकि सेयो तिना खे जाणो थिया कि ये मसीह ए। 42
जेबे दिन ऊआ तेबे सेयो निकल़ी की सुनसाण जगा खे चली गे और पीड़ा
री पीड़ तिना खे टोल़दी उई तिना गे आयी और तिना खे रोकणे लगी कि

आसा गे ते नि जाओ। 43 पर तिने तिना खे बोलेया, “माखे ओरी नगरा रे बी
परमेशरो रे राज्य रा सुसमाचार सुनाणा जरूरी ए, कऊँकि आऊँ इजी खेई
पेजी राखेया।” 44 तेबे यीशु यहूदिया प्रदेशो रे प्रार्थना रे कअरो रे प्रचार करदे
रये।

**5** जेबे पीड़ यीशुए पाँदे पड़ो थी और परमेशरो रे वचन सुणो थी और सेयो
गन्नेसरतो री झीला रे कनारे थे खड़े रे, तेबे एड़ा ऊआ 2 कि तिने झीला रे
कनारे दो किस्तिया खड़ी रिया देखिया और मच्छुआरे तिना पाँदो ते ऊतरी
की आपणे जाल़ लगी रे थे तोणे। 3 तिना किस्तिया बीचा ते एक किस्ती जो
शमौनो री थी, चढ़ी की यीशुए तेसखे बोलेया, “थोड़ी जी कनारे जे लई
चल।” तेबे सेयो किस्तिया पाँदे बैठी की लोका खे उपदेश देणे लगे। 4
जेबे सेयो लोका साथे गल्ला करी चुके, तेबे तिने शमौनो खे बोलेया, “डूगे
पाणिए रे लयी चल और मछलिया पकड़ने खे आपणे जाल़ पाओ।” 5 शमौने
बोलेया, “स्वामी! आसे सारी रात मईणत कित्ती पर कुछ नि पकड़ेया, पर
तेबे बी तेरे बोलणे ते जाल़ पाई देऊँआ।” 6 जेबे पतरस और तिना रे साथिए
जाल़ पाईता तेबे बऊत सारिया मछलिया केरिया और तिना रे जाल़ फटणे
लगे। 7 तेबे तिने आपणे साथिया खे, जो दूजी किस्तिया रे थे, तिना खे
साअरा कित्तेया, “आयी की म्हारी मताद करो।” तिने आयी की आपणिया
दोनो किस्तिया मच्छलि़या ते इतणिया परी तिया कि सेयो डूबणे लगिया। 8
ये देखी की शमौन पतरस यीशुए रे पैरा पाँदे पड़ी गा और बोलणे लगेया,
“ओ प्रभु! मांगा गे ते चली जा, कऊँकि आऊँ पापी मांणू ए।” 9 कऊँकि
इतणिया सारिया मछलिया पकड़ी की देखी की से और तेसरे साथी हैरान
ऊईगे। 10 तिंयाँ ई जब्दी और तेसरे पाऊ याकूब और यूहन्ने खे बी, जो
शमौनो साथे थे, सेयो बी हैरान ऊईगे, तेबे यीशुए शमौनो खे बोलेया, “डर
नि, आजो ते तां मांणू परमेशरो री तरफा खे फेरने।” 11 तेबे सेयो किस्तिया
खे कनारे पाँदे ली आए और सब कुछ छाडी की यीशुए पीछे चली पड़े। 12
जेबे सेयो नगरो रे थे, तेबे तिना खे तेती एक कोढ़ी मिलेया और से प्रभुए खे
देखी की तिना रे पैरो पाँदे पड़ी गा और बिनती कित्ती, “ओ प्रभु! जे तुसे
चाओ तो माखे ठीक करी सकोए।” 13 यीशुए आपणा आथ आगे कित्तेया
और से छूँयां और तेसखे बोलेया, “आऊँ चाऊँआ कि तूँ ठीक ऊई जाए” और

तेबुई तेसरा कोढ़ चली गा। 14 तेबे यीशुए से सावधान कित्तेया, "केसी गे नि
बताणा, पर जाई की आपू खे पुरोईतो गे दखा, और आपणे ठीक ऊणे रे बारे
रे, जो कुछ मूसे नबीए चढ़ावा ठईराई राखेया, तेस चढ़ा ताकि तिना खे गवाई
ओ कि तूँ ठीक ऊईगा।" 15 पर यीशुए रे इना कामा री चर्चा ओर बी फैली
गी और पीड़ा री पीड़ तिना खे सुणने खे और आपणी बमारिया खे ठीक
कराने खे कट्ठी ऊईगी। 16 यीशु सुनसाण जगा रे जाई की कल्ले जे प्रार्थना
करेया करो थे। 17 तेबे एक दिन एड़ा ऊआ कि सेयो उपदेश देणे लगी रे थे
तेबे फरीसी और धर्मशास्त्री तेती थे बैठे रे, जो गलील और यहूदिया प्रदेशो रे
हर एक गांव ते और यरूशलेम नगरो ते थे आए रे और ठीक करने खे प्रभुए री
सामर्थ तिना साथे थी। 18 तेबे कई लोक एक मांणूए खे, जो अदरंगो रा रोगी
था, माँजे पाँदे ल्याए और सेयो तेसखे पीतरे लयी जाणे खे और यीशुए
सामणे राखणे रा तरीका टोल़ने लगी रे थे। 19 जेबे पीड़ा री बजअ ते सेयो
तेसखे पीतरे नि लयी जाई सके, तेबे तिने छतो पाँदे चढ़ी की और खेप्रे टाई
की, से माँजे समेत बीचे यीशुए रे सामणे त्वारेया। 20 यीशुए तिना रा विश्वास
देखी की तेस अदरंगो रे रोगिए खे बोलेया, "ओ मांणू! तेरे पाप माफ ऊईगे।"
21 तेबे शास्त्री और फरीसी बईस करने लगे, "ये कूणे, जो परमेशरो री निन्दा
करने लगी रा? परमेशरो खे छाडी की ओर कुण पाप माफ करी सकोआ?"
22 यीशुए तिना रे मनो री गल्ल जाणी की तिना खे बोलेया, "तुसे आपणे
मनो रे क्या सोचणे लगी रे? 23 ये बोलणा बऊत आसान ए कि तेरे पाप
माफ ऊईगे पर ये बोलणा बऊत कठण ए कि आपणा मांजा चकी की चल
फिर। 24 पर इजी री खातर कि तुसे जाणी लओ कि माणूं रे पुत्रो खे तरतिया
पाँदे पाप माफ करने रा बी अक्क ए।" यीशुए तेस अदरंगो रे रोगिए खे
बोलेया, "आऊँ ताखे बोलूँआ कि उठ और आपणा मांजा चकी की आपणे
कअरो खे चली जा।" 25 से तेबु आपणा मांजा चकी की तिना सामणे उठेया
और परमेशरो री तारीफ करदा ऊआ आपणे कअरो खे चली गा। 26 तेबे सब
हैरान ऊईगे और परमेशरो री तारीफ करने लगे और बऊत डरी की बोलणे
लगे कि आज आसे नऊखिया गल्ला देखिया। 27 तेबे इजी ते बाद यीशु बारे
चली गे और लेवी नाओं रा एक कर लणे वाल़ा करो री चौकिया पाँदे बैठे रा
देखेया और तिने तेसखे बोलेया, "मां पीछे आओ और मेरे चेले बणो।" 28

तेबे से सब कुछ छाडी की तिना पीछे चली पड़ेया। 29 तेबे लेविए तिना खे
आपणे कअरे एक बड़ा भोज राखेया और कर लणे वाल़ेया री और ओरी
लोका री जो तिना साथे रोटी खाणे बैठी रे थे तिना री एक बड़ी पीड़ थी। 30
तेबे फरीसी और शास्त्री, तिना रे चेलेया ते कुड़कुड़ाणे लगे और बोलणे लगे,
"तुसे कर लणे वाल़ेया साथे और पापिया साथे कऊँ खाओ-पियोए?" 31
यीशुए तिना खे जवाब दित्तेया, "बैद पलेया-चंगेया खे नि, पर, बमारा खे
जरूरी ए। 32 आऊँ तर्मिया खे नि, पर पापिया रा मन फिराणे खे बुलाणे
आयी रा।" 33 तेबे तिने तिना खे बोलेया, "बपतिस्मा देणे वाल़े यूहन्ने रे चेले
तो सदा बअरत और प्रार्थना करदे रओए और तिंयाँ ई फरीसी बी, पर तेरे चेले
तो खाओ पियो ए।" 34 यीशुए तिना खे बोलेया, "क्या बराती, जदुओ तक
लाड़ा तिना साथे ए, तदुओ तक तिना ते बअरत करवाई सको ए? 35 पर
सेयो दिन आऊणे, जेबे लाड़ा बरातिया ते लग करेया जाणा, तेस बखते तिना
बअरत करना।" 36 यीशुए तिना खे एक उदारण बोलेया, "कोई बी मांणू
नए टाले ते फाड़ी की पुराणे टाले रे टाली नि लगांदा, नई तो नया फटी
जाणा और तेस पुराणे साथे मेल पनि खाणा। 37 नया अँगूरा रा रस पुराणे
खल्लड़ुआ रे कोई नि परदा, नई तो नया अँगूरा रा रस खल्लड़ुआ खे फाड़ी
की बारे निकल़ी जाणा और खल्लड़ुआ रा बी नाश ऊई जाणा। 38 पर जो
नया अँगूरा रा रस ओआ, से नये खल्लड़ुआ रे परना चाईयो। 39 कोई बी
मांणू पुराणा अँगूरा रा रस पी की नया नि चांदा, कऊँकि से बोलोआ कि
पुराणा ई अच्छा ए।"

**6** तेबे आरामो रे दिने यीशु डोरूआ रिये जाणे लगी रे थे और तिना रे चेले
सिल्ले तोड़ी-तोड़ी की और मल़ी-मल़ी की खाणे लगी रे थे। 2 तेबे फरीसिया
बीचा ते कई जणे बोलणे लगे, "तुसे से काम कऊँ करोए, जो आरामो रे दिने
करना ठीक निए?" 3 यीशुए तिना खे जवाब दित्तेया, "क्या तुसे ये नि पढ़ी
राखेया कि जेबे दाऊद और तेसरे साथी पूखे थे, तो, तेबे तिने क्या कित्तेया।
4 से कऊँ परमेशरो रे भवनो दे गया? और पेंटा रिया रोटिया खाईया, जबकि
बिधानो रे मुताबिक सेयो खाणिया पुरोईता खे छाडी की ओरी खे ठीक नि
थिया और तिने आपणे चेलेया खे बी दित्तिया।" 5 तेबे तिने तिना खे बोलेया,
"आँऊ माणूं रा पुत्र आरामो रे दिनो रा बी प्रभु ए।" 6 तेबे एड़ा ऊआ कि

केसी ओरी आरामो रे दिने सेयो प्रार्थना रे कअरो रे उपदेश देणे लगी रे थे, तेबे
तेती एक मांणू आया, जेसरा आथ सूकेया रा था। 7 शास्त्री और फरीसी
यीशुए पाँदे दोष लगाणे री ताका रे थे कि देखूँए कि आरामो रे दिने तेसखे ये
ठीक करोआ की नयी। 8 पर यीशु तिना रे बिचार जाणो थे, तेबे तिने सूके रे
आथो रे मांणूए खे बोलेया, “उठ और बीचे खड़े ऊई जा।” से उठेया और
खड़ा ऊईगा। 9 यीशुए तिना खे बोलेया, “आऊँ तुसा ते पुछूँआ कि बिधानो रे
मुताबिक आरामो रे दिने क्या ठीक ए, पला करना या बुरा करना, प्राणो खे
बचाणा या नाश करना?” 10 तेबे तिने चऊँ कनारे तिना सबी खे देखी की
तेस सूके रे आथो वाल़े मांणूए खे बोलेया, “आपणा आथ आगे कर।” तिने
आगे कित्तेया और तेसरा आथ ठीक ऊईगा। 11 पर शास्त्री और फरीसी
आपणे आपू ते बारे ऊईगे और आपू बीचे बईस करने लगे कि आसे यीशुए
साथे क्या करिए? 12 तेबे तिना दिना रे यीशु पाह्ड़ो पाँदे प्रार्थना करने खे
निकल़े और सारी रात परमेशरो ते प्रार्थना करदे रये। 13 जेबे दिन ऊआ तेबे
तिने आपणे खास चेले बुलाई की तिना बीचा ते बारा चूणी ले और तिना खे
प्रेरित करी की बोलेया। 14 और सेयो यो ए, शमौन जेसरा नाओं तिने पतरस
राखेया, तेसरा पाई अन्द्रियास, याकूब, यूहन्ना, फिलिप्पुस, बरतुल्मै 15
मत्ती, थोमा, हलफईसो रा पाऊ याकूब, शमौन जेसखे जेलोतेस बी बोलोए
16 याकूबो रा पाऊ यहूदा और यहूदा इस्करियोती, जो तिना खे पकड़वाणे
वाल़ा बी था। 17 तेबे सेयो तिना साथे उतरी की चौड़ी जगा रे खड़े ऊईगे और
तिना रे चेलेया री बड़ी पीड़, और सारे यहूदिया प्रदेश, यरूशलेम नगर, सूर
और सैदा नगरो रे समुद्रो रे कनारे रे बऊत लोक, 18 जो तिना री सुणने और
आपणी बमारिया ते ठीक ऊणे खे तिना गे आए थे, तेती थे। और दुष्टात्मा रे
सताए रे लोक बी ठीक ऊई जाओ थे। 19 तेबे सब यीशुए खे छूणा चाओ थे,
कऊँकि तिना ते सामर्थ निकल़ी की सबी खे चंगा करी देयो थी। 20 तेबे
यीशुए आपणेया चेलेया खे देखी कि बोलेया, “धन्य ए तुसे, जो सल़ीन ए,
कऊँकि परमेशरो रा राज्य तिना रा ईए। 21 धन्य ए तुसे, जो एबु पूखे ए,
कऊँकि रजाए जाणे, धन्य ए तुसे, जो एबु रोए, कऊँकि आसणे। 22 धन्य
ए तुसे, जेबे माणूं रे पुत्रो री बजअ ते लोका तुसा ते बैर राखणा और तुसे
निकयाल़ी देणे, तुसा री निन्दा करनी और तुसा रा नाओं बुरा जाणी की कटी

देणा। 23 “तेस दिने खुश ऊई की उटकणा, कऊँकि देखो तुसा खे स्वर्गो रे
बऊत बड़ा ईनाम मिलणा, तिना रे बाप-दादे, भविष्यबक्तेया साथे बी एड़ा ई
करो थे। 24 “पर हाय! तुसा खे, जो पैसे वाल़े ए, कऊँकि तुसे आपणे सारे
सुख पईले ई पाई चुके रे। 25 पर हाय तुसा खे जो एबु रज्जे रे ए, कऊँकि
पूखे ऊणे, हाय तुसा खे, जो एबु आसोए, कऊँकि शोग करना और रोणे। 26
हाय तुसा खे, जेबे सब तुसा खे खरा बोलोए, कऊँकि तिना रे बाप-दादे बी
चूठे भविष्यबक्तेया साथे एड़ा ई करो थे। 27 “पर आऊँ तुसा सुणने वाल़ेया
खे बोलूँआ कि आपणे दुश्मणा साथे प्यार राखो, जो तुसा साथे बैर राखोए,
तिना रा पला करो। 28 जो तुसा खे स्राप देओ, तिना खे आशीष देओ, जो
तुसा रा मजाक करो, तिना खे प्रार्थना करो। 29 जो तुसा री खाखा रे थप्पड़
बाओआ, तो तेस कनारो खे दूजी खाख बी करी देओ और जो तेरा दोहर
(तोती) छुड़ाई लओआ, तेसखे कुरता लणे ते पनि रोक। 30 जो कोई तांते
माँगो, तेसखे दे और जो तेरी चीज छुड़ाई लओआ, तेसते माँग नि 31 और
जेड़ा तुसे चाओए कि लोक तुसा साथे करो, तुसे बी तिना साथे तेड़ा ई करो।
32 “जे तुसे आपू साथे प्यार राखणे वाल़ेया साथे प्यार राखो, तो तुसा री
क्या तारीफ? कऊँकि पापी बी आपू साथे प्यार राखणेया वाल़ेया साथे प्यार
राखोए। 33 जे तुसे आपू साथे खरा करने वाल़ेया साथे ई खरा करोए, तो
तुसा री क्या तारीफ? कऊँकि पापी बी एड़ा ई करोए। 34 जे तुसे तिना खे
त्वार देओ, जिना ते फेर लणे री उम्मीद राखोए, तो तुसा री क्या तारीफ?
कऊँकि पापी बी पापिया खे त्वार देओए, ताकि तिथणा ई फेर पाओ। 35
बल्कि आपणे दुश्मणा साथे प्यार राखो और तिना रा पला करो, और फेर
पाणे री उम्मीद नि राखी की त्वार देओ। तेबे तुसा खे बड़ा फल मिलणा और
तुसे परमप्रदान परमेशरो रे बच्चे ठईरने। कऊँकि से तिना पाँदे जो धन्यवाद
नि करदे और बुरेया पाँदे बी कृपा करोआ। 36 जेड़ा तुसा रा पिता परमेशर
दयालु ए, तेड़े ई तुसे बी दयालु बणो। 37 “दोष मत लगाओ, तो तुसा पाँदे बी
दोष नि लगाया जाणा, दोषी नि ठराओ, तो तुसे बी दोषी नि ठराए जाणे,
माफ करो, तो तुसा खे बी माफ कित्तेया जाणा। 38 देया करो, तेबे तुसा
खे बी दित्तेया जाणा, लोका पूरा नाप दबाई-दबाई की और इलाई-इलाई
की और ऊबरदे ऊए तुसा री गोदा रे पाणा, कऊँकि जेस नापो साथे तुसे

नापोए, तेसी साथे तुसा खे बी नापेया जाणा।" 39 तेबे यीशुए तिना खे एक
उदारण बोलेया, "क्या अन्दा, अन्देया खे बाट दशी सकोआ? क्या दोनो गड्ढे
रे नि पड़ने। 40 चेला आपणे गुरूओ ते बड़ा नि ऊँदा, पर जो कोई सिद्ध
ऊणा, से आपणे गुरूओ जेड़ा ऊणा। 41 तूँ कऊँ आपणे पाईए री छोटी-
छोटी गल़तिया टोल़ेया, तांदे आपणिया बड़ी-बड़ी गल़तिया नजर कऊँ नि
आँऊदिया? 42 जेबे तांदे आपू रे बड़ी-बड़ी गल़तिया ए, तो तूँ आपणे पाईए
खे किंयाँ बोली सकेया कि ओ पाई! तूँ गल़त ए? ओ कपटी! पईले आपणी
बड़ी-बड़ी गल़तिया देख, तेबेई तो तूँ आपणे पाईए री गल़तिया ठीक टंगो रे
देखी की निकयाल़ी सकेया। 43 "कोई बी अच्छा डाल़ निए, जो नकम्मा
फल़ ल्याओ और ना तो नकम्मा डाल़ ए, जो अच्छा फल़ ल्याओ। 44 हर
एक डाल़ आपणे फल़ो साथे पछयाणा जाओआ, कऊँकि लोक जाड़ो ते
दाऊगल़े नि तोड़दे और ना कांडेया ते अँगूर। 45 खरा मांणू आपणे खरे मनो रे
पण्डारो ते खरिया गल्ला निकयाल़ोआ और बुरा मांणू आपणे बुरे मनो रे
पण्डारो ते बुरिया गल्ला निकयाल़ोआ, कऊँकि जो, जेसरे मनो रे परे रा
ओआ, तेड़ा ई मुंओ ते निकल़ोआ। 46 "जेबे तुसे मेरा कईणा नि मानदे, तो,
तेबे कऊँ माखे ओ प्रभु, ओ प्रभु बोलोए? 47 जो कोई मांगे आओआ और
मेरिया गल्ला सुणी की तिना खे मानोआ, आऊँ तुसा खे बताऊँआ कि से
केस जेड़ा ए। 48 से तेस मांणूए जेड़ा ए, जिने कअर बणांदे बखते, तरतिया रे
डूगी निऊँ खणी की पात्थरा री निऊँ पाई और जेबे बाढ़ आयी तो ताअर तेस
कअरो रे लगी, पर से इलाई नि सकी, कऊँकि से पक्का था। 49 पर जो
सुणी की नि मानदा, से तेस मांणूए जेड़ा ए, जिने माट्टिया पाँदे बिना निऊँआ
रा कअर बणाया और जेबे तेस कअरो पाँदे ताअर लगी, तो से कअर तेबुई
टल़ीगा और सत्यानाश ऊईगा।"

7 जेबे यीशु लोका खे इना सबी गल्ला बताई चुके, तेबे सेयो कफरनहूम
नगरो रे आए। 2 तेबे केसी सूबेदारो रा दास, जो तेसखे बऊत प्यारा था,
बमारिया ते मरने वाल़ा था। 3 तिने यीशुए रे बारे रे सुणी की कई यहूदिया रे
बुज़ुर्ग तिना गे ये बिनती करने पेजे कि आयी की मेरे दासो खे बचा। 4 सेयो
यीशुए गे आयी की तिना ते बड़ी बिनती करी की बोलणे लगे, "से एते जोगा
आए कि तुसे तेसखे ठीक करी सको। 5 कऊँकि से म्हारी जातिया खे प्यार

करोआ और तिने ई आसा रा प्रार्थना रा कअर बणाई राखेया।" 6 यीशु तिना
साथे चलणे लगे, जेबे सेयो कअरो रे नेड़े पऊँछणे वाल़े थे, तेबे तिने सूबेदारे
तिना खे आपणे कई दोस्ता रे जरिए सन्देशा पेजेया, "ओ प्रभु कष्ट नि कर
कऊँकि आऊँ एते जोगा निए कि तुसे मेरे कअरे आयी सको। 7 इजी बजअ
ते आऊँ आपू खे एते जोगा पनि समजदा कि तुसा गे आऊँ, पर तुसे आपणे
मुंओ तेई बोली देओ, तो से मेरा दास ठीक ऊई जाणा। 8 आऊँ बी पराधीन
मांणू ए और सिपाई मेरे आथो रे ए। जेबे एकी खे बोलूँआ, 'जा,' तो से
जाओआ और दूजे खे बोलूँ, 'आओ,' तो से आओआ। आपणे दासा खे बोलूँ,
'ये कर,' तो से करोआ।" 9 ये सुणी की यीशु हैरान ऊईगे, तेबे तिने मूँ फेरी
की तेसा पीड़ा खे जो तिना पीछे आऊणे लगी री थी बोलेया, "आऊँ तुसा खे
सच लगी रा बोलणे कि मैं इस्राएलो रे बी एड़ा विश्वास नि देखेया।" 10 तेबे
जो दोस्त सूबेदारे पेजी राखे थे तिने कअरे जाई की से दास ठीक देखेया। 11
थोड़े दिन बाद सेयो नाईन नाओं रे एक नगरो रे गये और तिना रे चेले और
बऊत बड़ी पीड़ तिना साथे चली री थी। 12 जेबे सेयो नगरो रे फाटको गे
पऊँछे, तेबे लोक एक मुड़दे खे बारे निणे लगी रे थे। जो जवान मरी रा था से
आपणी बिदुआ माया रा इकलौता पाऊ था। नगरो रे बऊत सारे लोक तेसा
साथे थे। 13 तेसा बिदुआ माया खे देखी की यीशुए खे तरस आया और तेसा
खे बोलेया, "रोओ नि।" 14 तेबे तिने नेड़े जाई की सीढ़ छुँईं और सीढ़ चकणे
वाल़े रूकी गे, तेबे तिने बोलेया, "ओ जवान आऊँ ताखे बोलूँए कि उठ।"
15 तेबे से मुड़दा उठी गा और बोलणे लगेया, तेबे यीशुए से तेसरी माया
गे सम्बाल़ी ता। 16 तेबे सब डरी गे और सेयो परमेशरो री तारीफ करदे
ऊए बोलणे लगे, "आसा बीचे एक बऊत बड़ा भविष्यबक्ता आईगा रा और
परमेशरे आसा लोका पाँदे कृपा दृष्टि करी राखी।" 17 और तिना रे बारे रे ये
गल्ल सारे रे यहूदिया प्रदेशो और नेड़े-तेड़े सारे देशो रे फैली गी। 18 यूहन्ने खे
तेसरे चेलेया इना सबी गल्ला रा समाचार सुणाया। 19 तेबे यूहन्ने आपणे
चेलेया बीचा ते दो जणे बुलाई की यीशुए गे ये पूछणे पेजे, "क्या आऊणे
वाल़े तुसे ईए या आसे केसी ओरी री बाट देखिये?" 20 तिने यीशुए गे आयी
की बोलेया, "यूहन्ने बपतिस्मे देणे वाल़े आसे ये पूछणे पेजी राखे कि क्या
आऊणे वाल़ा तूँ ई ये या आसे केसी ओरी री बाट देखिये?" 21 तेसी बखते

तिने बऊत जणे बमार और पीड़ा ते ठीक कित्ते और दुष्टात्मा ते छुड़ाए और
बऊत जणेया अन्देया खे आखी दित्तिया। 22 यीशुए तिना खे बोलेया, “जो
कुछ तुसे देखेया और सुणेया, जाई की यूहन्ने खे बताओ कि अन्दे देखोए,
लंगड़े चलोए, कोढ़ी शुद्ध ऊई जाओए, टऊणे सुणोए और मुड़दे जिऊँदे ऊई
जाओए और कंगाल़ा खे सुसमाचार सुणाया जाओआ। 23 धन्य ए सेयो, जो
मेरी बजअ ते आपणा विश्वास नि छाडदे।” 24 जेबे यूहन्ने रे पेजे रे चेले
चली गे, तेबे यीशु यूहन्ने रे बारे रे लोका खे बोलणे लगे, “तुसे जंगल़ो रे
क्या देखणे गये थे? क्या अवा साथे ईलदे ऊए काओ जेड़े नगल़ो खे? 25
तो तुसे तेबे क्या देखणे गये थे? क्या नरम टाले पईने रे मांणूए खे? देखो
जो भड़किले टाले पईनोए और सुख-विलासो रे रओए, सेयो राजभवनो रे
रओए। 26 तो तेबे क्या देखणे गए थे? क्या केसी भविष्यबक्ते खे? आ,
आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि भविष्यबक्ते ते बी बड़े खे। 27 से येई, जेसरे बारे रे
लिखी राखेया कि, “देख, आऊँ आपणे दूतो खे तांते आगे-आगे पेजुँआ,
जेस तांते आगे जाई की बाट ठीक करनी। 28 “आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि
जो जवाणसा ते जम्मी रे तिना बीचा ते यूहन्ने ते बड़ा कोई निए पर जो
परमेशरो रे राज्य रे छोटे ते बी छोटा ए, से तेसते बी बड़ा ए।” 29 तेबे सबी
आम मांणूए सुणी की और कर लणे वाल़ेया बी यूहन्ने रा बपतिस्मा लयी
की परमेशरो खे सच्चा मानी ला। 30 पर फरीसिये और धर्मशास्त्री तेसते
बपतिस्मा ना लयी की परमेशरो री इच्छा आपणे बारे रे टाल़ी ती। 31 यीशुए
फेर बोलेया, “आऊँ आजकाल के लोका री उपमा किजी साथे करूँ? 32
सेयो तिना बच्चेया जेड़े ए, जो बजारो रे बैठी की एकी-दूजे खे आक्का पाई
की बोलोए, ‘आसे तुसा खे बांसल़ी बजाई, पर तुसे नि नाचे; आसे शोग
कित्तेया, पर तुसे छाती नि बजाई।’ 33 कऊँकि यूहन्ना बपतिस्मा देणे वाल़ा
न तो रोटी खांदा आया और ना अँगूरा रा रस पींदा आया और तुसे बोलोए कि
तेसरे दुष्टात्मा ए? 34 पर आँऊ माणूं रा पुत्र खांदा-पींदा ऊआ आया और
तुसे बोलोए कि, ‘देखो, पेटू और पियक्कड़ मांणू कर लणे वाल़ेया रा और
पापिया रा दोस्त ए।’ 35 पर ज्ञान आपणी ल्वादा ते सच्चा ठराई राखेया।”
36 तेबे किने फरीसिये तिना ते बिनती कित्ती कि मां साथे रोटी खाओ; तेबे
सेयो तेसरे कअरे जाई की रोटी खाणे लगे। 37 तेस नगरो री एक पापी

जवाणस ये जाणी की कि यीशु एक फरीसियो रे कअरे रोटी खाणे बैठी रा,
संगमरमरो रे पांडे (सुराई) रे इत्र ल्याई 38 और तेबे तिना रे पैरा गे पीछे खड़ी
ऊई की रोणे लगी और आपणे आसूआ साथे तिना रे पैर तोए और आपणे
सिरो रे बाळो साथे साफ कित्ते और तिना रे पैर बार-बार चूम्मी की तिना पाँदे
इत्र मळेया। 39 ये देखी की से फरीसी, जिने यीशु बुलाए थे, आपणे मनो रे
सोचणे लगेया, "जे ये भविष्यबक्ता ऊँदा तो जाणी लंदा कि ये जो जवाणस
एसखे छूणे लगी री, ये कूणे और केड़ी जवाणस ए? कऊँकि से तो पापी
ए?" 40 ये जाणी की यीशुए बोलेया, "ओ शमौन मां ताखे कुछ बोलणा,"
शमौने बोलेया, "ओ गुरू बोलो।" 41 तेबे यीशुए बोलेया, "केसी साऊकारो
रे दो देणदार थे, एक पाँज सौ चाँदिए रे सिक्के और दूजा पंजा चाँदिए रे
सिक्केया रा देणदार था। 42 जेबे तिना गे वापस करने खे कुछ नि था, तो
तेबे तिने दूँई जणेया रा कर्ज माफ करी ता, तो बता तिना बीचा ते केस तेसखे
जादा प्यार करना।" 43 शमौने जवाब दित्तेया, "मेरी समजा ते तेस, जेसरा
तिने जादा कर्ज माफ कित्तेया।" यीशुए तेसखे बोलेया, "तैं ठीक उतर देई
राखेया।" 44 तेबे तेसा जवाणसा कनारे फिरी की तिने शमौनो खे बोलेया,
"क्या तूँ एसा जवाणसा खे देखणे लगी रा? आऊँ तेरे कअरे आया, पर तैं
माखे पैर तोणे खे पाणी नि दित्तेया पर एसे मेरे पैर आपणे आसूआ साथे तोए
और आपणे बाळा साथे साफ कित्ते। 45 तैं मेरे गळे लगी की मेरा स्वागत नि
कित्तेया, पर जदुओ ते आऊँ आयी रा, तदुओ ते एसे मेरे पैर चूमणे नि छाडी
राखे। 46 तैं मेरे सिरो रे तेल नि मळेया, पर एसे मेरे पैरो रे इत्र मळेया। 47
तेबेई तो आऊँ ताखे बोलूँआ कि एसा रे जो बी पाप थे, सेयो माफ ऊईगे
कऊँकि एसे बऊत प्यार कित्तेया, पर जेसरा थोड़ा माफ ऊआ, से थोड़ा ई
प्यार करोआ।" 48 तेबे यीशुए तेसा जवाणसा खे बोलेया, "तेरे पाप माफ
ऊईगे।" 49 तेबे जो लोक तिना साथे रोटी खाणे बैठी रे थे, सेयो आपणे-
आपणे मनो रे सोचणे लगे, "ये कूणे जो पाप बी माफ करी देओआ? जेते
खे सिर्फ परमेशर ई माफ करी सकोआ।" 50 पर तिने तेसा जवाणसा खे
बोलेया, "तेरे विश्वासे तूँ बचाई ली, बेफिकर ऊई की चली जा।"

**8** इजी ते बाद सेयो नगर-नगर और गांव-गांव रे प्रचार करदे ऊए और
परमेशरो रे राज्य रा सुसमाचार सुणांदे ऊए, फिरने लगे, और सेयो बारा चेले

तिना साथे थे, 2 और कुछ जवाणसा बी जो दुष्टात्मा ते और बमारिया ते
छुड़ाई राखिया थिया, और तिना बीचा ते यो ए-मरियम मगदलिनी, जेसा ते
सात दुष्टात्मा निकाळी राखिया थिया 3 और हेरोदेस राजे रे पण्डारी खोजे री
लाड़ी योअन्ना और सूसन्नाह और मुखती सारिया जवाणसा, जो आपणे पैसे
साथे यीशु और तिना रे चेलेया री मताद करो थिया। 4 जेबे बड़ी पीड़ कट्ठी
ऊई और जगा-जगा रे लोक तिना गे आओ थे, तेबे तिने उदारणो रे बोलेया, 5
"एक बेजा बाणे वाळा बेजा बाणे निकळेया और बांदे बखते कुछ दाँणे बाटा रे
छूटे और सर्गो रे पंछिए सेयो चूगी ले। 6 कुछ सापड़ी पाँदे छूटे और जम्मे पर
सिनक ना मिलणे री बजअ ते सूकी गे। 7 कुछ बिऊ जाड़ो बीचे छूटे और
जाड़े साथे-साथे बढ़ी की सेयो दबाई ते। 8 कुछ अच्छी जमीना पाँदे छूटे और
जम्मी की सौ गुणा फल ल्याए।" ये बोली की तिने जोरे की बोलेया, "जो
समजी सकोआ से तिजी खे त्यानो साथे सुणो और मानी बी लओ।" 9 तिना
रे चेलेया तिना ते पूछेया, "ये उदारण क्या ए?" 10 यीशुए बोलेया, "तुसा खे
परमेशरो रे राज्य रे पेतो री समज दित्ती रिये, पर ओरी खे उदारणो रे सुणाया
एड़ा नि बोलणा कि देखो, एती ए या तेती ए, कऊँकि परमेशरो रा राज्य तुसा
बीचे ए।" 22 तेबे तिने चेलेया खे बोलेया, "सेयो दिन आऊणे, जेबे तुसा माणूं
रे पुत्रो रे दिना बीचा ते एकी दिनो खे देखणा चाणा और देखी नि सकणा। 23
लोका तुसा खे बोलणा, 'देखो, मसीह एती ए!' या 'देखो, मसीह तेती ए!' पर
तुसे चली नि जाणा और ना ई तिना पीछे जाणा। 24 कऊँकि जिंयाँ बिजल़ी
सर्गो री एकी तरफा ते निकल़ी की सर्गो री दूजी तरफा खे चमकोई, तिंयाँ ई

आँऊ माणूं रा पुत्र बी आपणे दिनो रे प्रगट ऊणा। 25 पर पईले जरूरी ए कि
तेसखे दु: ख ओ और एस जुगो रे लोक तेसखे तुच्छ ठराओ। 26 जेड़ा नूहो रे
दिनो रे ऊआ था, तेड़ा ई मां माणूं रे पुत्रो रे दिनो रे बी ऊणा। 27 जेस दिनो
तक नूह जाह्जो रे नि चढ़ेया, तेस दिनो तक लोक खाओ-पियो थे और तिना
रे ब्या-शादिया ओ थिया, तेबे जल-प्रलय आयी की सेयो सब नाश कित्ते। 28
तिंयाँ ई जेड़ा लूतो रे दिना रे ऊआ था कि लोक खाओ-पियो और लेण-देण
करो थे, डाल़ लगाओ थे और कअर बणाओ थे। 29 पर जेस दिने लूत सदोमो
ते निकल़ेया, तेस दिने आग और गन्धक सर्गो ते बरसी और तेते नगरो रे सब
लोक नाश करी ते। 30 "मां माणूं रे पुत्रो रे प्रगट ऊणे रे दिनो रे बी एड़ा ई
ऊणा। 31 तेस दिने जो छतो पाँदे ओ और तेसरा समान कअरे ओ, से तेस
लणे खे नि उतरो और तिंयाँ ई जो डोरूआ रे ओ, सेयो पीछे नि आटो। 32
लूतो री लाड़िया खे याद राखो कि जो तेसा साथे उआ! 33 जो कोई आपणा
प्राण बचाओआ, तेस से खोणा और जो कोई तेसखे खोओआ, तेस अनन्त
जिन्दगी पाणी। 34 आऊँ तुसा खे बोलूँआ, कि तेस राती दो लोक आपणे
माँजे पाँदे ऊणे, एक लयी लणा और दूजा छाडी देणा। 35 दो जवाणसा
साथे-साथे चाक्की पिशणे लगी रिया ऊणिया, एक लयी लणी और दूजी
छाडी देणी। 36 दो जणे डोरूआ रे ऊणे, एक लयी लणा और दूजा छाडी
देणा।" 37 ये सुणी की चेलेया यीशुए ते पूछेया, "ओ प्रभु! ये केयी ऊणा?"
तिने तिना खे बोलेया, "जेती लोथ ऊणी, तेथी इल्ला कट्ठिया ऊणिया।"

**18** तेबे यीशुए इजी रे बारे रे कि हर रोज प्रार्थना करना और याओ नि
छाडणा चाईयो, ये उदारण आपणे चेलेया खे बोलेया, 2 "केसी नगरो रे एक
न्यायी रओ था, जो ना परमेशरो ते डरो था और ना ई केसी मांणूए री परवा
करो था 3 और तेसी नगरो रे एक बिदुआ बी रओ थी, जो तेसगे आयी-आयी
की बोलदी रओ थी कि मेरा न्याय करी की माखे दुश्मणा ते बचा। 4 से थोड़े
बखतो तक नि मानेया पर आखरी रे तिने सोचेया कि हालाँकि आऊँ ना
परमेशरो ते डरदा और ना ई मांणूआ री परवा करदा, 5 तेबे बी ये बिदुआ
माखे सतांदी रओई, इजी री खातर मां तेसा रा न्याय चुकाई देणा, एड़ा नि ओ
कि कअड़िया रे कअड़िया आयी की आखरी रे मेरे नाको रे दम करी देओ।"
6 यीशुए बोलेया, "त्यानो साथे सोचो, ये पापी न्यायी क्या बोलोआ? 7

तो क्या परमेशरे आपणे चूणे ऊए रा न्याय नि करना, जो रात-दिन तेसरी
दुहाई देंदे रओए और क्या तेस तिना रे बारे रे देर करनी? 8 आऊँ तुसा खे
बोलूँआ कि तेस फटाफट तिना रा न्याय करना, तेबे बी आँऊ माणूं रा पुत्र
जेबे आऊणा, तो क्या मां तरतिया पाँदे विश्वास पाणा?" 9 तेबे तिना खे, जो
आपू पाँदे विश्वास राखो थे कि आसे तर्मी ए और ओरी खे तुच्छ जाणो थे, ये
उदारण बोलेया, 10 "दो मांणू प्रार्थना करने खे मन्दरो रे गये, एक फरीसी था
और दूजा कर लणे वाल़ा था। 11 फरीसी खड़ा ऊई की ईंयां प्रार्थना करने
लगेया, 'ओ परमेशर आऊँ तेरा धन्यवाद करूँआ कि आऊँ ओरी मांणूए
जेड़ा अन्देर करने वाल़ा, अन्यायी और व्याभिचारी निए और ना एस कर
लणे वाल़े जेड़ा ए। 12 आऊँ अफ़्ते रे दो बार बअरत करूँआ और आऊँ
आपणी सारी कमाईया रा दसुआ अंश बी तुसा खे देऊँआ।' 13 पर कर लणे
वाल़े दूर खड़े ऊई की स्वर्गो रे कनारो खे आखी पनि चकणिया चाईया,
बल्कि आपणी छाती बजाई-बजाई की बोलेया, 'ओ परमेशर! मां पापिए पाँदे
दया कर।' 14 आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि से दूजा नि पर येई मांणू तर्मी
ठराई की आपणे कअरो खे गया, कऊँकि जो कोई आपू खे बड़ा बणाओगा,
से छोटा करेया जाणा और जो आपू खे छोटा बणाओगा, से बड़ा करेया
जाणा।" 15 तेबे लोक आपणे बच्चेया खे बी तिना गे ल्याऊणे लगे, ताकि
सेयो तिना पाँदे आपणा आथ राखो, पर चेले तिना खे देखी की बकणे लगे।
16 यीशुए बच्चेया खे आपू गे बुलाई की बोलया, "बाल़का खे मांगे आऊणे
देओ और तिना खे ना नि करो, कऊँकि परमेशरो रा राज्य एड़े रा ई ये।
17 आऊँ तुसा खे सच बोलूँआ कि जो कोई परमेशरो रे राज्य खे बाल़को
जेड़ा नि मानोगा, से कदी बी तेती नि जाणा।" 18 तेबे एकी अधिकारिए
यीशुए ते पूछेया, "ओ उत्तम गुरू! अनन्त जीवन पाणे खे आऊँ क्या करुँ?"
(aiōnios g166) 19 यीशुए तेसखे बोलेया, "तूँ माखे उत्तम कऊँ लगी रा
बोलणे? कोई बी उत्तम निए, बस एक, मतलब-परमेशर। 20 तूँ आज्ञा खे तो
जाणेया कि व्याभिचार नि करना, अत्या नि करना, चोरी नि करना, चूठी
गवाई नि देणी, आपणे माए-बाओ रा आदर करना।" 21 तिने बोलेया, "इना
गल्ला खे तो आऊँ बचपनो ते मानदा आयी रा।" 22 ये सुणी की यीशुए
बोलेया, "तांदे एबु बी एक गल्ला री कमी ए, आपणा सब कुछ बेची की

कंगाल़ा खे बांडी दे और ताखे स्वर्गो रे धन मिलणा और आयी की मां पीछे
आईजा।” **23** से ये सुणी की से बऊत उदास ऊईगा, कऊँकि से बऊत अमीर
था। **24** यीशुए तेस देखी की बोलेया, “अमीरा रा परमेशरो रे राज्य रे जाणा
कितणा कठण ए। **25** परमेशरो रे राज्य रे अमीरा रा जाणा, ऊँटो रा सूईया रे
नाके ते निकल़ने रे बराबर ए।” **26** तेबे सुणने वाल़ेया बोलेया, “तेबे केसरा
उद्धार ऊई सकोआ?” **27** यीशुए बोलेया, “जो मांणूआ ते नि उई सकदा, से
परमेशरो ते उई सकोआ।” **28** पतरसे बोलेया, “देख, आसे तो कअर-बार
छाडी की तुसा पीछे आईगे रे।” **29** यीशुए बोलेया, “आऊँ तुसा खे सच
बोलूँआ जो कोई, परमेशरो रे राज्य खे आपणे कअर, लाड़ी, पाई, बईण,
माए-बाओ या बाल-बच्चे छाडी देओगा **30** तेस एस बखते कई गुणा फल
पाणा और आऊणे वाल़े जुगो रे अनन्त जीवन।” **(aiōn g165, aiōnios g166)**
**31** तेबे तिने बारा चेलेया खे साथे लयी की तिना खे बोलेया, “देखो, आसे
यरूशलेम नगरो खे जाणे लगी रे और जितणी गल्ला मां माणूं रे पुत्रो रे बारे रे
भविष्यबक्ते लिखी राखिया, सेयो सब पुरिया ऊणिया। **32** कऊँकि आँऊ
दुजिया जातिया रे आथो रे देई देणा, और तिना मेरा मजाक उड़ाणा, और मां
पाँदे थूकणा **33** और माखे कोड़े बाणे और काणा और आँऊ तीजे दिने
जिऊँदा ऊई जाणा।” **34** पर चेलेया इना गल्ला बीचा ते कोई बी गल्ल नि
समजी और ये गल्ल तिना ते छिपी री रई और जो बोली राखेया था, से तिना
री समजा रे नि आया। **35** जेबे सेयो यरीहो नगरो रे नेड़े पऊँछे, तेबे एक
अन्दा सड़का रे कनारे बैठे रा पीख लगी रा था मांगणे। **36** तेबे से पीड़ा रे
हांडणे री छेड़ सुणी की पूछणे लगेया, “ये क्या लगी रा ऊणे?” **37** तिने
तेसखे बोलेया, “यीशु नासरी लगी रे जाणे।” **38** तेबे तिने आक्का पायी की
बोलेया, “ओ दाऊदो री ल्वाद यीशु! मां पाँदि दया कर।” **39** जो आगे-आगे
लगी रे थे चलणे, सेयो तेसखे बकणे लगे कि चुप रओ, पर से ओर बी चींगणे
लगेया, “ओ दाऊदो री ल्वाद मां पाँदे दया कर!” **40** तेबे यीशुए खड़े ऊई की
आज्ञा दित्ती, “एसखे मांगे ल्याओ।” और जेबे से नेड़े आया, तेबे तिने तेसते
पूछेया, **41** “तूँ क्या चाएया कि आऊँ ताखे क्या करुँ?” अन्दे बोलेया, “ओ
प्रभु ये कि आऊँ देखणे लगी जाऊँ।” **42** यीशुए बोलेया, “देखणे लग, तेरे
विश्वासे तूँ ठीक करी ता।” **43** और से तेबुई देखणे लगेया और परमेशरो री

तारीफ करदा ऊआ तिना पीछे चलणे लगेया और सबी लोके ये देखी की
परमेशरो री स्तुति कित्ती।

**19** यीशु यरीहो नगरो ते जाणे लगी रे थे। 2 तेती जक्कई नाओं रा एक
मांणू कर लणे वाल़ेया रा सरदार था और अमीर था। 3 से यीशुए खे देखणा
चाओ था कि से कुण जा ए? पर पीड़ा री बजअ ते देखी नि सको था, कऊँकि
से बाऊणा था। 4 तेबे से तिना खे देखणे खे आगे दौड़ी की गूलरो रे डाल़ो
पाँदे चढ़ी गा, कऊँकि सेयो तिसिये ई जाणे वाल़े थे। 5 जेबे यीशु तेसा जगा रे
पऊँछे, तेबे तिने पाँदे देखी की बोलेया, "ओ जक्कई फटाफट थाले उतरी
जा! कऊँकि आज मेरा तेरे कअरे रणा जरूरी ए।" 6 से फटाफट गूलरो रे
डाल़ो ते थाले उतरी की तिना खे खुशिया साथे आपणे कअरो खे लयी गा। 7
ये देखी की सब लोक कुड़कुड़ाई की बोलणे लगे, "ये तो एक पापी मांणूए रे
कअरे जाणे लगी रा।" 8 जक्कईये खड़े ऊई की यीशुए के बोलेया, "ओ प्रभु
यीशु! देखो, आऊँ आपणी आदी जायदात कंगाल़ा खे देऊँआ और जे केसी
रा कुछ बी अन्याय करी की लयी राखेया, तो तेसखे चार गुणा वापस करी
देऊँआ।" 9 तेबे यीशुए बोलेया, "आज एते कअरो रे लोका बीचे उद्धार आयी
रा, कऊँकि ये बी अब्राहमो रे वंशो राए। 10 कऊँकि आँऊ माणूं रा पुत्र राचे
रेया खे टोल़ने और तिना खे बचाणे आयी रा।" 11 जेबे सेयो इना गल्ला
सुणने लगी रे थे, तेबे यीशुए एक उदारण बोलेया, कऊँकि सेयो यरूशलेमो रे
नेड़े थे, और सेयो समजो थे कि परमेशरो रा राज्य एबु प्रगट ऊणे वाल़ा ए।
12 तेबे यीशुए बोलेया, "एक अमीर मांणू दूर देशो खे चली गा, ताकि राजपद
पाई की फेर आओ। 13 तिने आपणे दासा बीचा ते दस दासा खे बुलाई
की तिना खे दस सूईने रे सिक्के दित्ते और तिना खे बोलेया कि मेरे वापस
आऊणे तक लेण-देण करी लएओ। 14 पर तेसरे नगरो रे रणे वाल़े तेसते बैर
राखो थे और तेस पीछे दूता खे पेजी की सन्देशा पेजेया कि आसे नि चांदे कि
ये आसा पाँदे राज्य करो। 15 "जेबे से राजपद पाई की वापस आया, तेबे
तिने सेयो दास बुलाए जिना खे तिने सूईने रे सिक्के दित्ते थे, ताकि पता
लगाई सको कि तिने लेण-देणो ते क्या-क्या कमाया। 16 तेबे एकी बोलेया,
ओ मालक! तेरे सूईने रे सिक्के साथे दस ओर सिक्के कमाई राखे। 17 तिने
तेसखे बोलेया कि ओ उत्तम दास तूँ धन्य ए कऊँकि तूँ थोड़े रेई विश्वासो

जोगा निकलेया, एबे दस नगरो रा अक्क राख। 18 दूजे बी आयी की बोलेया,
ओ मालक! तेरे सूईने रे सिक्के साथे पाँज ओर सिक्के कमाई राखे। 19
तिने तेसखे बोलेया कि तूँ बी पाँज नगरा रा हाकिम ऊई जा। 20 तीजे जणे
आयी की बोलेया, ओ मालक! देख, तेरे सूईने रे सिक्के ये ए, जो मैं परने रे
बानी की थे राखे रे। 21 कऊँकि आऊँ तांते डरूँ था, कऊँकि तुसे कठोर
मांणू ए, जो तैं नि राखेया, से चकी लयेआ और जो तैं नि बाया, तेस बाडी
देआ। 22 तिने तेसखे बोलेया, ओ दुष्ट दास! आऊँ तेरे ई मुंओ ते ताखे दोषी
ठईराऊँआ, तूँ माखे जाणे था कि कठोर मांणू ए, जो मैं नि राखेया, तेस चकी
लऊँआ और जो मैं नि बायी राखेया, से बाडी देऊँआ। 23 तो तेबे तैं मेरे पैसे
साऊकारो गे कऊँ नि राखे, ताकि आऊँ आयी की ब्याजो समेत लई लंदा।
24 और जो लोक नेड़े थे खड़े रे, तिने तिना खे बोलेया कि से सिक्का एसते
लई लो और जेसगे दस सूईने रे सिक्के ए, तेसखे देई देओ। 25 तिने तेसखे
बोलेया कि ओ स्वामी!, एसगे दस सिक्के तो आए। 26 आऊँ तुसा खे
बोलूँआ कि जेसगे आए, तेसखे देणा, और जेसगे आया नि, तेसते से बी जो
तेसगे आया, लयी लणा। 27 पर मेरे तिना बैरिया खे, जो नई चाओ थे कि
आऊँ तिना पाँदे राज्य करुँ, तिना खे एती मां सामणे ल्याई की काओ।” 28
ये बोली की यीशु यरूशलेमो री तरफा खे आपणे चेलेया ते आगे-आगे चले।
29 जेबे सेयो जैतून नाओं रे पाह्ड़ो पाँदे बैतफगे गांव और बैतनिय्याहो गांव रे
नेड़े पऊँछे, तेबे तिने आपणे चेलेया बीचा ते दो जणे ये बोली की पेजे, 30
“सामणे रे गांव रे जाओ और तेती पऊँछी की एक गह्दिया रा बच्चा, जेस
पाँदे कदी कोई नि बैठी रा, बाने रा तुसा खे मिलणा, तेस खोली की ल्याओ
31 और जे तुसा खे कोई पूछो कि कऊँ लगी रे खोलणे? तो बताई देणा कि
प्रभुए खे एसते कुछ मतलब ए।” 32 जो पेजे थे तिने जाई की तेड़ा ई पाया,
जो तिना गे बताई राखेया था। 33 जेबे सेयो गह्दे रे बच्चे खे खोलणे लगी रे
थे, तेबे तेसरे मालके तिना ते पूछेया, “एस बच्चे खे कऊँ लगी रे खोलणे?”
34 तिने बोलेया, “प्रभुए खे एसते मतलब ए।” 35 सेयो तेसखे यीशुए गे लयी
गे और आपणे टाले तेस बच्चे पाँदे पाई की यीशु तेस पाँदे बैठीगे। 36 जेबे
सेयो जाणे लगी रे थे, तेबे बऊत जणेया आपणी-आपणी चादरी बाटा रे
बछाइतिया। 37 नेड़े आयी की जेबे सेयो जैतून पाह्ड़ो री टलाना रे पऊँछे,

तेबे चेलेया री सारी मण्डली, तिना सबी सामर्था रे कामो री बजअ ते, जो तिने
देखे थे, खुश ऊई की जोरे-जोरे साथे परमेशरो री स्तुति करने लगी कि, 38
“धन्य ए से राजा, जो प्रभुए रे नाओं ते आओआ, स्वर्गो रे शान्ति और सर्गो रे
महिमा ओ।” 39 तेबे पीड़ा बीचा ते कई फरीसी यीशुए खे बोलणे लगे,
“ओ गुरू! आपणे चेलेया खे बक।” 40 तिने जवाब दित्तेया, “आऊँ तुसा खे
बोलूँआ कि जे यो लोक चुप ऊईगे, तो पात्थर चींगणे लगी जाणे।” 41 जेबे
यीशु नेड़े पऊँछे, तो नगरो खे देखी की तेस पाँदे रोणे लगे 42 और बोलेया,
“पला ऊँदा कि तूँ एस दिनो रे शान्तिया री गल्ला जाणदा। पर एबे बऊत देर
ऊईगी री और एबे शान्ति तेरी नजरा ते छीपी गी री। 43 कऊँकि सेयो दिन तां
पाँदे आऊणे, जेबे तेरे बैरिया मोर्चा बानी की तूँ केरी लणा और चऊँ कनारे ते
तूँ दबाई देणा 44 और तूँ और तेरे बाल़क, जो तां साथे ए, माट्टिया रे मलाई
देणे और एती जो पात्थरो पाँदे पात्थर लगी रे, सब टाल़े जाणे। कऊँकि तैं से
मोका, जेबे तां पाँदे कृपा-दृष्टि कित्ती थी, पछयाणा नि।” 45 तेबे यीशु मन्दरो
रे जाई की बेचणे वाल़ेया खे बारे निकयाल़ने लगे 46 और तिना खे बोलेया,
“लिखी राखेया कि मेरा मन्दर प्रार्थना रा कअर ए, पर तुसे से डाकूआ री
गुफा बणाई ती।” 47 सेयो हर रोज मन्दरो रे उपदेश करो थे और बड़े पुरोईत
और शास्त्री और लोका रे खास तिना खे नाश करने रा मोका टोल़ने लगी रे
थे। 48 पर कोई उपाय नि निकयाल़ी सके कि ये किंयाँ करिए, कऊँकि सब
लोक बड़े त्यानो साथे यीशुए री सुणो थे।

**20** एक दिन एड़ा ऊआ कि जेबे यीशु मन्दरो रे लोका खे उपदेश और
सुसमाचार सुनाणे लगी रे थे, तेबे बड़े पुरोईत, शास्त्री और बुजुर्ग नेड़े आयी
की खड़े ऊईगे 2 और बोलणे लगे, “आसा गे बता कि तूँ इना कामा केसरे
अक्को ते करेया और से कूणे, जिने ताखे ये अक्क देई राखेया?” 3 यीशुए
तिना खे जवाब दित्तेया, “आऊँ बी तुसा ते एक गल्ल पुछूँआ। माखे बी
बताओ 4 यूहन्ने रा बपतिस्मा स्वर्गो री तरफा ते था या मांणूए री तरफा ते?”
5 तेबे सेयो आपू बीचे बोलणे लगे, “जे आसे बोलूँगे कि स्वर्गो री तरफा ते
था, तेबे एस बोलणा कि तेबे तुसे तेस पाँदे विश्वास कऊँ नि कित्तेया? 6 और
जे आसे बोलूँगे कि मांणूए री तरफा ते ए, तो सबी लोका आसा खे पात्थर
बाणे, कऊँकि तिना खे पक्का पता ए कि यूहन्ना भविष्यबक्ता था।” 7 तेबे

तिने जवाब दित्तेया, “आसे नि जाणदे कि से केसरी तरफा ते था।” 8 यीशुए
तिना खे बोलेया, “तेबे आऊँ पनि बतांदा कि आऊँ इना कामा केसरे अक्को
ते करूँआ।” 9 तेबे सेयो लोका खे ये उदारण बोलणे लगे, “एकी मांणूए
अँगूरा रा बगीचा लगाया और ठेकेदारा खे तिजी रा ठेका देई की बऊत दिना
खे परदेशो खे चली गा। 10 जेबे बखत आया तेबे तिने ठेकेदारा गे एक दास
पेजेया कि से अँगूरा रे बगीचे रा कुछ इस्सा तेसखे देओ, पर ठेकेदारे से कुटी
की खाली आथ पेजी ता। 11 तेबे तिने एक ओर दास पेजेया, पर तिने से
बी कुटी की और तेसरी बेज्जती करी की खाली आथ पेजी ता। 12 तेबे
तिने तीजा पेजेया, तेबे तिने से बी कायल करी की निकयाल़ी ता। 13 तेबे
तिने मालके सोचेया कि एबे आऊँ क्या करुँ? आऊँ आपणे प्यारे पाऊए
खे तिना गे पेजुँआ, क्या पता सेयो तेसरा आदर करो। 14 जेबे ठेकेदारे से
देखेया तो आपू बीचे बिचार करने लगे कि ये तो बारिस ए आओ एसखे काई
देऊँए, ताकि जायदात म्हारी ऊई जाओ। 15 तेबे तिने से अँगूरा रे बगीचे ते
बारे निकयाल़ी की काई ता। तेबे अँगूरा रा बगीचे रे मालके तिना साथे क्या
करना? 16 तेस आईकि तिना ठेकेदारा रा नाश करी देणा और अँगूरा रा
बगीचा ओरी गे सम्बाल़ी देणा।” ये सुणी की तिने बोलेया, “परमेशर करो कि
एड़ा नि ओ।” 17 यीशुए तिना री तरफा खे देखी की बोलेया, “तेबे ये क्या
लिखी राखेया, “जो पात्थर राजमिस्त्रिए तुच्छ ठराई राखेया था, सेई कूणे रा
सिरा ऊईगा। 18 “जो कोई तेस पात्थरो पाँदे पड़ना, से चूर-चूर ऊई जाणा
और जेस पाँदे ये पड़ना, तेस से पीसी देणा।” 19 तेसी बखते शास्त्रीए और
बड़े पुरोईते सेयो पकड़ना चाए, कऊँकि सेयो समजी गे थे कि इने ये उदारण
आसा पाँदे ई बोलेया, पर सेयो लोका ते डरी गे। 20 तेबे सेयो तिना री ताका
रे रये और आपणे, पेतिये पेजे कि तर्मो रा पेष बदली की तेसरी कोई ना कोई
गल्ल पकड़नी, ताकि तेसखे हाकिमो रे आथो रे और अक्को रे देई देऊँ। 21
तिने यीशुए ते पूछेया, “ओ गुरू! आसा खे पता ए कि तुसे ठीक बोलोए और
सिखाओए और केसी रा पक्षपात नि करदे, पर परमेशरो री बाट सच्चाईया
साथे बताओए। 22 तो क्या कैसरो खे कर देणा खरी गल्ल या नि?” 23
यीशुए तिना री चलाकी जाणी की तिना खे बोलेया, 24 “एक चाँदिए रा
सिक्का मांगे बताओ। इदे केसरी मूर्ति और नाओं ए?” तिने बोलेया, “कैसरो

रा।” 25 यीशुए तिना खे बोलेया, “जो कैसरो राए, से कैसरो खे देओ और
जो परमेशरो राए, से परमेशरो खे देओ।” 26 सेयो लोका सामणे एसा गल्ला
रे तिना खे पकड़ी नि सके, बल्कि तिना रा जवाब सुणी की हैरान ऊईगे और
चुप रये। 27 तेबे सदूकी, जो बोलो थे कि मरेया रा जिऊँदा ऊणा आए ई नि,
तिना बीचा ते कई जणेया आयी की यीशुए ते पूछेया, 28 “ओ गुरू! मूसे
आसा खे ये लिखी राखेया कि जे केसी रा पाई आपणी लाड़िया रे रंदे ऊए
बिना ल्वादा ते मरी जाओ, तो तेसरा पाई तेसरी लाड़िया साथे ब्या करी लो
और आपणे पाईए खे कुल पैदा करो। 29 सात पाई थे पईला पाई ब्या करी
की बिना ल्वादा तेई मरी गा। 30 तेबे दूजे और तीजे बी तेसा जवाणसा साथे
ब्या करी ला। 31 ईंयां ई सातो पाई बिना ल्वादा ते मरी गे। 32 सबी ते बाद
से जवाणस बी मरी गी। 33 तेबे जिऊँदी ऊणे पाँदे से तिना बीचा ते केसरी
लाड़ी ऊणी? कऊँकि से साता जणेया री लाड़ी ऊई चुकी थी।” 34 यीशुए
तिना खे बोलेया, “एस जुगो रे लोका बीचे तो ब्या-शादिया ओईया। (aiōn
g165) 35 पर जो लोक एते जोगे ऊणे कि तेस जुगो खे और मरे रे बीचा ते
जिऊँदे ऊणे ओ, तेबे तिना बीचे ब्या-शादिया नि ऊणिया। (aiōn g165) 36
सेयो फेर मरने पनि, कऊँकि सेयो स्वर्गदूता जेड़े ऊणे, और जिऊँदे ऊणे री
ल्वाद ऊणे ते, परमेशरो री बी ल्वाद ऊणे। 37 पर ये गल्ल कि मरे रे बी फेर
जिऊँदे ओए, मूसे जाड़ो री कथा रे प्रगट करी राखी कि से प्रभुए खे अब्राहम,
इसहाक और याकूबो रा परमेशर करी की बोलोआ। 38 परमेशर मुड़देया रा
नि, बल्कि जिऊँदेया रा परमेशर ए, कऊँकि तेसरे नेड़े सब जिऊँदे ए।” 39
तेबे ये सुणी की शास्त्रिया बीचा ते कई जणे बोलेया, “ओ गुरू! तुसे अच्छा
बोलेया।” 40 तेबे तिना खे फेर तिना ते कुछ ओर पूछणे री इम्मत नि ऊई।
41 तेबे यीशुए तिना ते पूछेया, “मसीहे खे दाऊदो री ल्वाद कऊँ बोलोए? 42
दाऊद आपू ई भजनसंहिता री कताबा रे बोलोआ, “प्रभुए मेरे प्रभुए खे
बोलेया, 43 मेरे दाँणे बैठ, जदुओ तक आऊँ तेरे बैरिया खे तेरे पैरा निठे नि
करी देऊँ। 44 “दाऊद तो तेसखे प्रभु बोलोआ, तो तेबे से तेसरी ल्वाद किंयाँ
ऊआ?” 45 जेबे सब लोक सुणने लगी रे थे तेबे यीशुए आपणे चेलेया खे
बोलेया, 46 “शास्त्रिया ते चौकस रओ, जो लाम्बे टाले पईनी की कूमदे
रओए और बजारो रे नमस्कार, और प्रार्थना रे कअरो रे खास-खास जगा और

पाट्टिया रे खास जगा चाओए। 47 सेयो बिदुआ रे कअरो खे खाई जाओए
और दखाणे खे मुखती देर तक प्रार्थना करोए, इना खे जादा सजा मिलणी।"

21 तेबे यीशुए आखी चकी की अमीर लोक आपणा-आपणा दान पण्डारो
रे पाँदे ऊए देखे। 2 तिने एक कंगाल़ बिदुआ खे बी तिदे दो दमड़िया पाँदे ऊई
देखी। 3 तेबे तिने बोलेया, "आऊँ तुसा खे सच बोलूँआ कि एसे कंगाल़ बिदुए
सबी ते जादा पाई राखेया। 4 कऊँकि तिने सबी आपणिया सारिया सम्पतिया
बीचा ते थोड़ा जा पाया, पर एसे आपणी कमाईया ते सारी आऊँदणी पाई
ती।" 5 जेबे कई जणे मन्दरो रे बारे रे बोलणे लगी रे थे कि यो कितणे सुन्दर
पात्थर और पेंटा रिया चीजा साथे सजाई राखेया, तेबे तिने बोलेया, 6 "सेयो
दिन आऊणे, जेबे, जो तुसे लगी रे देखणे, तिना बीचा ते एती जो पात्थरो पाँदे
पात्थर लगी रे, सब टाल़े जाणे।" 7 तिने यीशुए ते पूछेया, "ओ गुरू! ये सब
कदी ऊणा? और जेबे यो सब गल्ला पुरिया ऊणे वाल़िया ऊणिया, तेबे, तेस
बखतो रा क्या चिह्न ऊणा?" 8 यीशुए बोलेया, "चौकस रओ कि कोई तुसा
खे बईकाओ नि जाओ, कऊँकि बऊत जणे मेरे नाओं ते आऊणे और बोलणा
कि आऊँ सेईए और ये बी कि बखत नेड़े आईगा रा, तुसे तिना पीछे नि चली
जाणा। 9 जेबे तुसे लड़ाई और हुड़दंगा रे बारे रे सुणो, तेबे कबराणा नि,
कऊँकि इना रा पईले ऊणा जरूरी ए, पर तेस बखते तेबुई अंत नि ऊणा।"
10 तेबे तिने तिना खे बोलेया, "जातिया पाँदे जातिया और राज्य पाँदे राज्य
अमला करना 11 और बऊत ईल्लण ऊणे और जगा-जगा अकाल़ और
बमारिया पड़नियां और सर्गो रे डराऊणिया गल्ला और बड़े-बड़े चिह्न प्रगट
ऊणे। 12 पर इना सबी गल्ला ते पईले तिना तुसे मेरे नाओं ते पकड़ने और
सताणे, प्रार्थना रे कअरो रे देई देणे, जेला रे पाणे और राजेया और हाकिमो
सामणे लयी जाणे। 13 पर तुसा खे ये गवाई देणे रा मोका ऊई जाणा। 14
इजी री खातर आपणे-आपणे मनो रे ठाणी लो कि आसे पईले तेई जवाब
देणे री चिन्ता नि करूँगे। 15 कऊँकि मां तुसा खे एड़ा बोल और बुद्धि देणी
कि तुसा रे सब बिरोदी तुसा रा सामणा या खण्डन नि करी सकदे। 16 तुसा
रे माए-बाओ, पाई-बईण, टब्बरो रे और दोस्ता बी तुसे पकड़वाणे, एथो तक
कि तुसा बीचा ते कई जणे काई देणे। 17 मेरे नाओं री वजह ते सबी लोका
तुसा ते बैर राखणा। 18 पर तुसा रे सिरो रा एक बी बाल़ बांगा नि ऊणा। 19

आपणे सब्रो ते तुसा आपणे प्राण बचाणे। **20** "जेबे तुसे यरूशलेमो खे सेना
ते घिरे रा देखो, तो जाणी लणा कि तीजी रा नाश नेड़े ए। **21** तेबे जो यहूदिया
प्रदेशो रे ओ, तिने पाह्ड़ो खे नठी जाणा और जो यरूशलेमो नगरो रे पीतरे
ओ, सेयो बारे निकळी जाएओ और जो गांव रे ओ। सेयो तिदे नि जाओ। **22**
कऊँकि यो बदला लणे रे एड़े दिन ऊणे, जिना रे लिखी रिया सारिया गल्ला
पुरिया ऊई जाणिया। **23** तिना दिना रे जो गर्भवती और दूद पळयाणे वाळी
ऊणी, तिना खे हाय! हाय! कऊँकि देशो रे बड़ा क्लेश और लोका पाँदे बड़ा
प्रकोप ऊणा। **24** सेयो तलवारा रे ग्रा ऊई जाणे और बऊत सारे देशो रे
लोका बीचे बन्दुए ऊई की पऊँछाए जाणे और जदुओ तक दुजिया जातिया
रा बखत पूरा नि ऊई जाणा, तदुओ तक यरूशलेम दुजिया जातिया साथे
केसेया जाणा। **25** "सूरज, चाँद और तारेया रे चिह्न दिखणे और तरतिया
पाँदे देशो-देशो रे जातिया रे लोका खे संकट ऊणा, कऊँकि सेयो समुद्रो रे
गिड़ने और लईरा री छेड़ा ते कबराई जाणे **26** और डरो रे मारे और दुनिया रे
आऊणे वाळी घटणा री बाट देखदे-देखदे लोका रे जानी पाँदे जान नि रणी,
कऊँकि सर्गो रिया शक्तिया इलाईया जाणिया। **27** तेबे तिना माणूं रा पुत्र
सामर्थ और बड़ी महिमा साथे बादळो पाँदिए आऊँदा ऊआ देखणा। **28** जेबे
यो गल्ला ऊणे लगो, तेबे सीदे ऊई की आपणा सिर ऊबे चकणा, कऊँकि
तुसा रा छुटकारा नेड़े ऊणा।" **29** यीशुए तिना खे एक उदारण बी बोलेया,
"दाऊगळे रे डाळो खे और सबी डाळा खे बी देखो। **30** जिंयाँ ई तिना रे
पलँगूर निकळोए, तेबे तुसे देखी की आपू ई जाणी लओए कि तऊँदी नेड़े
ए। **31** ईंयां ई जेबे तुसे इना गल्ला खे ऊँदे ऊआ देखो, तेबे जाणी लो कि
परमेशरो रा राज्य नेड़े ए। **32** आऊँ तुसा खे सच लगी रा बोलणे कि जदुओ
तक यो सब गल्ला पूरिया नि ऊई जाओगिया, तदुओ तक एसा पीढ़िया रे
लोका री मौत नि ऊणी। **33** सर्ग और तरती टळी जाओगी, पर मेरा वचन
कदी नि टळना। **34** इजी री खातर सावधान रओ, एड़ा नि ओ कि तुसा रे
मन, खुमार, मतवाळापण और एसा जिन्दगिया री चिन्ता ते सुस्त ऊई जाओ
और सेयो दिन तुसा पाँदे फंदे जेड़ा अचाणक आयी जाओ। **35** "कऊँकि से
सारी तरतिया पाँदे और सब रणे वाळेया पाँदे ईंयां ई पड़ना। **36** इजी री
खातर जागदे रओ, हर बखत प्रार्थना करदे रओ, ताकि तुसे इना सबी आऊणे

वालि़या घटणा ते बचणे, और माणूं रे पुत्रो सामणे खड़े ऊणे जोगे बणो।"
37 यीशु दिने मन्दरो रे उपदेश करो थे और राती बारे जाई की जैतून नाओं रे
पाह्ड़ो पाँदे रओ थे 38 और प्यागा तड़के सब लोक तिना री सुणने खे मन्दरो
रे तिना गे आया करो थे।

22 बिना सजेड़े री रोटिया रा त्योआरो, जेतेखे फसह रा त्योआर बी बोलोए,
नेड़े था 2 और बड़े पुरोईत और शास्त्री एड़ी गल्ला री टोल़ा रे थे कि यीशुए
खे किंयाँ मरवाईए, पर सेयो लोका ते डरो थे। 3 तेबे शैतान यहूदा रे समायी
गा, जेसखे, इस्करियोती बी बोलोए और बारा चेलेया बीचे गिणेया जाओ था।
4 तिने जाई की बड़े पुरोईत और पईरेदारा रे सरदारा साथे गल्ल कित्ती कि
यीशुए खे तिना रे आथो रे किंयाँ पकड़वाईये। 5 सेयो खुश ऊईगे और तेसखे
पैसे देणे रा वचन दित्तेया। 6 से मानी गा और बिना उपद्रवो ते यीशुए खे तिना
रे आथो रे पकड़वाणे रा मोका लगेया टोल़ने। 7 तेबे बिना सजेड़े री रोटिया रा
त्योआरो था, जिदे फसह रे त्योआरो रा मिन्टू बलि करना जरूरी था। 8
यीशुए पतरस और यूहन्ना ये बोली की पेजे, "जाई की आसा खे खाणे
खे फसह रे त्योआरो री रोटी त्यार करो।" 9 तिने तिना ते पूछेया, "तुसे
केयी चाओए कि आसे तुसा खे फसह त्यार करुँ?" 10 यीशुए तिना खे
बोलेया, "देखो नगरो रे जांदे ई तुसा खे एक मांणू पाणिए रा कअड़ा चकी की
मिलणा, जेते कअरो रे से जाओ, तुसे तेस पीछे चली जाणा 11 और तेस
कअरो रे मालको खे बोलणा कि गुरूए ताखे बोली राखेया कि से मईमाना
रा कमरा केयी ए, जेती आऊँ आपणे चेलेया साथे फसह रे त्योआरो री
रोटी खाऊँ? 12 तेस तुसा खे एक सजी-सजाई री बाऊड़ो दखाणी, तुसे
तेथी त्यारी करनी।" 13 चेलेया जाई की तेड़ा ई पाया, जेड़ा यीशुए तिना खे
बोलेया था तेड़ा ई पाया और फसह रे त्योआरो री रोटी त्यार कित्ती। 14 जेबे
बखत आया तेबे सेयो प्रेरिता साथे रोटी खाणे बैठे। 15 तेबे यीशुए तिना खे
बोलेया, "मेरी बड़ी इच्छा थी कि दु: ख सईन करने और मेरे मरने ते पईले
तुसा साथे ये फसह रे त्योआरो री रोटी खाऊँ। 16 कऊँकि आऊँ तुसा खे
बोलूँआ कि जदुओ तक से परमेशरो रे राज्य रे पूरा नि ओ, तदुओ तक मां से
कदी नि खाणा।" 17 तेबे तिने अँगूरो रे रसो रा कटोरा लयी की परमेशरो रा
धन्यवाद कित्तेया और बोलेया, "पकड़ो और आपू बीचे बांडी लओ। 18

कऊँकि आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि जदुओ तक परमेशरो रा राज्य नि आओ,
तदुओ तक मां अँगूरा रा रस आजो ते कदी नि पीणा।" 19 तेबे तिने रोटी
लयी और धन्यवाद करी की तोड़ी और तिना खे ये बोली कि दित्ती, "ये मेरा
शरीर ए, जो तुसा खे देणे लगी रा, मेरी यादा रे एड़ा ई करेया करना।" 20
ईंयां ई तिने रोटिया ते बाद कटोरा लया और ये बोलदे ऊए दित्तेया, "ये
कटोरा मेरे तेस खूनो दे, जो तुसा री खातर बाह्या जाओआ, नयी वाचा ए। 21
पर देखो, मेरे पकड़वाणे वाल़े रा आथ मां साथे मेजो पाँदे ए। 22 कऊँकि
आँऊ माणूं रा पुत्र, जेड़ा मेरे बारे रे ठराई राखेया, जाणा ई ये। पर हाय! तेस
मांणूए खे जेसरी बजअ ते आँऊ पकड़वाया जाणा।" 23 तेबे सेयो आपू-बीचे
बात-चीत करने लगे कि आसा बीचा ते एड़ा कूणे जेस एड़ा काम करना?
24 तिना बीचे ये बईस बी ऊणे लगी कि आसा बीचा ते बड़ा कुण ए? 25
यीशुए तिना खे बोलेया, "दुजिया जातिया रे राजा तिना पाँदे राज करोए और
जो तिना पाँदे अक्क राखोए, तिना खे उपकारक बोलोए। 26 पर तुसे एड़े
नि ऊणा, बल्कि जो तुसा बीचे बड़ा ए, से छोटेया जेड़ा और जो बड़ा ए,
से सेवको जेड़ा बणो। 27 कऊँकि बड़ा कुण ए? क्या से जो रोटिया पाँदे
बैठी रा या से जो सेवा करने लगी रा? क्या से नि जो रोटिया पाँदे बैठी रा?
पर आऊँ तुसा बीचे सेवको जेड़ा ए। 28 "पर तुसे सेयो ए, जो परीक्षा रे
लगातार मां साथे रये 29 और जियाँ मेरे पिते माखे एक राज्य ठराई राखेया।
30 तियाँ ई आऊँ बी तुसा खे ठराऊँआ, ताकि तुसे मेरे राज्य रे मां साथे
खाओ-पियो, बल्कि सिंहासनो रे बैठी की इस्राएलो रे बारा गोत्रा रा न्याय
करो। 31 "शमौन, ओ शमौन! देख, शैताने तुसे लोक मांगी लये रे, ताकि
कणका जेड़े फड़ाकुओ। 32 पर मैं तेरिया तंईं प्रार्थना कित्ती कि तुसे मां पाँदे
विश्वास करना नि छाडी देओ, और जेबे तूँ आपणा मन फेरो, तो आपणे पाई
मजबूत करने।" 33 तिने बोलेया, "ओ प्रभु! आऊँ तुसा साथे जेला रे जाणे
खे, बल्कि मरने खे बी त्यार ए।" 34 प्रभुए बोलेया, "ओ पतरस! आऊँ
ताखे बोलूँआ कि आज मुर्गे बांग नि देणी, जदुओ तक तूँ माखे तीन बार
जाणने ते नि मुकरना।" 35 यीशुए तिना खे बोलेया, "जेबे मैं तुसे सुसमाचार
प्रचार करने बटुए, चोल़ी और जोड़ेया ते बिना पेजे थे, तेबे क्या तुसा खे
किजी चीजा री कमी ऊई?" तिने बोलेया, "किजी चीजा री नि।" 36 तेबे

यीशुए बोलेया, “पर एबे जेसगे बटुआ ए, से लयी लो और तिंयाँ ई चोल़ा बी
और जेसगे तलवार निए, से आपणे टाले बेची की एक खरीदी लो। 37
कऊँकि आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि ये जो पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, ‘से
अपराधिया साथे गिणेया गया।’ से मां पाँदे ऊणा जरूरी ए, कऊँकि मेरे बारे
रिया गल्ला पुरिया ऊणे वाल़िया ए।” 38 चेलेया बोलेया, “ओ प्रभु! देखो,
एती दो तलवारी आए, तिने बोलेया बऊत ए।” 39 तेबे यीशु बारे निकल़ी की
आपणी रवाजा रे मुताबिक जैतूनो रे पाह्ड़ो पाँदे गये और चेले बी तिना पीछे
चली गे। 40 तेते जगा रे पऊँछी की तिने आपणे चेलेया खे बोलेया, “प्रार्थना
करदे रओ, ताकि परीक्षा रे नि पड़ो।” 41 तेबे सेयो आपू तिना ते थोड़ी जी दूर
चली गे और कुटणे टेकी की प्रार्थना करने लगे 42 और बोलणे लगे, “ओ
पिता! जे तुसे चाओ तो एस दु: खो खे मांगा गे ते दूर करी सकोए, तेबे बी
मेरी इच्छा नि पर तुसा री इच्छा पूरी ओ।” 43 तेबे स्वर्गो ते एक स्वर्गदूत
तिना खे दिशेया, जो तिना खे सामर्थ देयो था। 44 तेबे सेयो जादा मुश्किला
रे, व्याकुल ऊई की ओर बी दिलो ते दु: खी ऊई की प्रार्थना करने लगे और
तिना रा पसीना, मानो खूनो रे बड़े-बड़े टीपेया जेड़ा जमीना पाँदे छुटणे लगी
रा था। 45 तेबे सेयो प्रार्थना करी की उठे और आपणे चेलेया गे गये ओर तिने
सेयो उदास ऊई की सये रे देखे। 46 और तिना खे बोलेया, “सऊणे कऊँ
लगी रे? उठो और प्रार्थना करो, ताकि परीक्षा रे नि पड़ो।” 47 सेयो ये बोलणे
ई लगी रे थे कि एक बड़ी पीड़ तिना गे आयी और तिना बारा बीचा ते, एक
जेसरा नाओं यहूदा था, तिना ते आगे-आगे आऊणे लगी रा था और से यीशुए
गे आया, ताकि तेसखे चूमो। 48 यीशुए तेसखे बोलेया, “ओ यहूदा! क्या तूँ
माणूं रे पुत्रो खे चूमा लयी की पकड़वाएया?” 49 तिना रे साथिये जेबे देखेया
कि क्या ऊणे वाल़ा ए, तेबे बोलेया, “ओ प्रभु! क्या आसे तलवार चलाऊँ?”
50 तेबे तिना बीचा ते एकी जणे प्रदान पुरोईतो रे दासो पाँदि तलवार चलाई
की तेसरा दाँणा कान ऊड़ाई ता। 51 तेबे यीशुए बोलेया, “एबे बस करो”
और तेसरा कान छुँईं की से ठीक करी ता। 52 तेबे यीशुए बड़े पुरोईतो ते,
मन्दरो रे पईरा देणे वाल़े सरदारो ते, बुजुर्गा ते और जो तिना पाँदे चढ़ने लगी रे
थे, तिना खे बोलेया, “क्या तुसे आऊँ डाकू समजी राखेया जो माखे पकड़ने
खे तलवारी और डण्डे लयी की निकल़ी रे? 53 जेबे आऊँ मन्दरो रे हर दिन

तुसा साथे था, तेबे तो तुसे मां पाँदे आथ नि पाया। पर ये तुसा रा बखत ए
और न्हेरे रा अक्क ए।" 54 तेबे सेयो तिना खे पकड़ी की प्रदान पुरोईतो रे
आँगणो रे ल्याए और पतरस दूरो-दूरो तेई तिना पीछे-पीछे आईगा 55 और
जेबे सेयो आँगणो रे आग बाल़ी की बैठी रे थे, तेबे पतरस बी तिना बीचे बैठे
गा। 56 तेबे एक दासी तेसखे आगी रे प्रयासे रे देखी की और तेसरे कनारो खे
ताकि की बोलणे लगी, "ये बी तो तेस साथे था?" 57 पर तिने ये बोली की
ना करी ती कि, "ओ जवाणसे! आऊँ तेसखे नि जाणदा।" 58 थोड़ी देर बाद
किने ओरी तेसखे देखी की बोलेया, "तूँ बी तो तिना बीचा ते ए," पतरसे
बोलेया, "ओ मांणू! आऊँ निए।" 59 तेबे कोई एक कंटे ते बाद एक ओर
मांणू पक्का ऊई की बोलणे लगेया, "पक्का ये बी तेस साथे था, कऊँकि ये
बी गलीली ए।" 60 पतरसे बोलेया, "ओ मांणू! आऊँ नि जाणदा कि तूँ क्या
लगी रा बोलणे?" से ये बोलणे ई लगी रा था कि तेबुई मुर्गे बांग दित्ती।
61 तेबे यीशुए तेसखे मुड़ी की देखेया, तेबे पतरसो खे तिना री गल्ल याद
आयी, जो तिने बोली थी कि, "आज मुर्गे री बांग देणे ते पईले तूँ माखे तीन
बार जाणने ते मुकरना।" 62 तेबे से बारे निकल़ी की फूटी-फूटी की रोणे
लगेया। 63 जिने मांणूए यीशु पकड़ी राखे थे, सेयो तिना रा मजाक ऊड़ाणे
लगे और टीशणे लगे 64 और तिना रिया आखी टखी की तिना ते पूछेया,
"भविष्यबाणी करी की बता कि तांदे किने बाई?" 65 तेबे तिने ओर बी
बऊत निन्दा रिया गल्ला तिना रे बिरोदो रे बोलिया। 66 जेबे दिन ऊआ तेबे,
बुजुर्गे, बड़े पुरोईते और शास्त्रिए तिना खे आपणी बड़ी सभा रे ल्याई की
पूछेया, 67 "जे तूँ मसीह ए, तो आसा गे बताई दे।" यीशुए बोलेया, "जे
आऊँ बोलूँगा तो तुसा विश्वास नि करना। 68 और जे पूछूँ तो जवाब नि देणा।
69 पर आजो ते आँऊ माणूं रा पुत्र सर्वशक्तिमान् परमेशरो रे दाँणे कनारे बैठे
रा रणा।" 70 ये सुणी की सबी जणे बोलेया, "तो क्या तूँ परमेशरो रा पुत्र
ए?" तिने तिना खे बोलेया, "तुसे आपू ई बोलणे लगी रे, कऊँकि आऊँ
आए।" 71 तेबे तिने बोलेया, "एबे आसा खे गवाईया री क्या जरूरत ए,
कऊँकि आसे आपू ई एसरे मुंओ ते सुणी ता रा।"

**23** तेबे सारी सभा उठी की तिना खे पिलातुसो गे लयी गी। 2 सेयो ये
बोली की तिना पाँदे दोष लगाणे लगे, "आसे ये लोका खे रोमी सरकारा रे

खलाफ बरोद करने खे बईकांदे ऊए और कैसरो खे कर देणे खे ना करदे ऊए
और आपू खे मसीह, राजा बोलदे ऊए सुणी राखेया।" 3 पिलातुसे तेसते
पूछेया, "क्या तूँ यहूदिये रा राजा ए?" यीशुए तेसखे बोलेया, "तूँ आपू ई
लगी रा बोलणे।" 4 तेबे पिलातुसे बड़े पुरोईत और लोका खे बोलेया, "आऊँ
एस मांणूए रे कोई दोष नि देखदा।" 5 पर सेयो ओर बी पक्के ऊई की
बोलणे लगे, "ये गलीलो ते लयी की एथो तक, सारे यहूदिया रे उपदेश देई-
देई की लोका खे उकसाओआ।" 6 ये सुणी की पिलातुसे पूछेया, "क्या
ये मांणू गलीलो रा रणे वाला ए?" 7 तेबे ये जाणी की कि ये हेरोदेसो री
रियासता राए, से हेरोदेसो गे पेजी ता, कऊँकि तिना दिना रे से बी यरूशलेमो
रे था। 8 हेरोदेस यीशुए खे देखी की बऊत खुश ऊईगा, कऊँकि से बऊत
दिना ते तिना खे देखणा चाओ था, कऊँकि तिने तिना रे बारे रे सुणी राखेया
था और यीशुए ते कोई चिह्न देखणे री उम्मीद राखो था। 9 तेबे से तिना ते
मुखती गल्ला पूछदा रया, पर तिने तेसखे कुछ बी जवाब नि दित्तेया। 10 तेबे
बड़े पुरोईत और शास्त्री खड़े ऊई की तनो-मनो साथे तिना पाँदे दोष लगांदे
रये। 11 तेबे हेरोदेसे आपणे सिपाईया साथे तिना रा मजाक उड़ाया और
भड़किले टाले पणयाई की पिलातुसो गे वापस पेजी ता। 12 तेसी दिनो ते
हेरोदेस और पिलातुस दोस्त बणी गे, इजी ते पईले सेयो एकी-दूजे रे बैरी थे।
13 पिलातुसे बड़े पुरोईत, अधिकारी और लोक बुलाई की तिना खे बोलेया,
14 "तुसे एस मांणूए खे लोका खे रोमी सरकारा रे खलाफ बरोद करने खे
बईकाणे वाला बोली की मांगे ल्याई राखे और देखो, मैं तुसा सामणे एसरी
जांच कित्ती, पर जिना गल्ला रा तुसे एस पाँदे दोष लगी रे लगाणे, तिना
गल्ला रे मैं एसरे कोई बी दोष नि पाया। 15 ना ई हेरोदेसे, कऊँकि तिने ये
आसा गे वापस पेजी ता रा और देखो, एसते एड़ा कुछ नि ऊई रा, जेतेरी
बजअ ते एसखे मृत्यु दण्ड मिलो। 16 तेबे आऊँ तेसखे कोड़े लगवाई की
छाडी देऊँआ।" 17 यहूदिया रे फसह रे त्योआरो रे दिने पिलातुस हर साल
एकी कैदियो खे तिना खे छाडी देओ था। 18 तेबे सब मिली की चींगणे लगे,
"एसरा काम-तमाम कर और आसा खे बरअब्बे खे छाडी दे।" 19 ये सेईए
जो हुड़दंगो री बजअ ते, जो नगरो रे ऊआ था और अत्या री बजअ ते जेला
रे पायी ता था। 20 पर पिलातुसे यीशुए खे छाडणे री इच्छा ते लोक फेर

समजयाए। 21 पर तिने चींगी की बोलेया, “एसखे क्रूसो पाँदे चढ़ाई देओ,
क्रूसो पाँदे।” 22 तिने तीजी बार तिना खे बोलेया, “कऊँ, इने कुण जी बुराई
करी राखी? मैं एसरे मृत्यु दण्डो लायक कोई बी गल्ल नि देखी। इजी री
खातर आऊँ एसखे कुटवाई की पेजी देऊँआ।” 23 पर सेयो चींगी-चींगी की
पीछे ई पड़ी गे कि एसखे क्रूसो पाँदे चढ़ाओ और तिना रा चींगणा प्रबल
ऊईगा। 24 तेबे पिलातुसे आज्ञा दित्ती कि इना री बिनतिया रे मुताबिक
कित्तेया जाओ। 25 तिने से मांणू जो हुड़दंग और अत्या री बजअ ते जेला रे
पाया था और जेसखे सेयो माँगो थे, छाडीता और यीशु तिना री इच्छा रे
मुताबिक तिना रे आथो रे देई ते। 26 जेबे सेयो यीशुए खे नीणे लगी रे थे, तेबे
तिने शमौन नाओं रा एक कुरेनी मांणू, जो दूजे गांव ते आऊणे लगी रा था,
तेसी बखते से तिसिये निकल़ेया, पकड़ी की तेस पाँदे क्रूस लादी ता, ताकि
एसखे यीशुए पीछे लयी चलो। 27 तेबे लोका री बड़ी पीड़ तिना पीछे चली
पड़ी और मुखती जवाणसा बी, जो तिना पीछे रोओ थिया और छाती पीटो
थिया। 28 यीशुए तिना खे मुड़ी की बोलेया, “ओ यरूशलेमो री बेटियो! माखे
नि रोओ, बल्कि आपू और आपणे बाल़का खे रोओ जो तुसा साथे ऊणे वाल़ा
ए 29 कऊँकि सेयो दिन आऊणे, जेबे बोलणा कि धन्य ए से जवाणसा जो
बांझ ए और से गर्भ जिने बच्चे पैदा नि कित्ते और सेयो स्तन जिने दूद नि
पल़याया। 30 तेस बखते तिना पाह्ड़ो ते बोलणा कि आसा पाँदे आयी जाओ
और टिलेया खे कि आसा खे टखी देओ। 31 “कऊँकि जेबे सेयो अरेया डाल़ा
साथे एड़ा करोए, तो सूकेया साथे क्या कुछ नि करेया जाणा।” 32 सिपाई
यीशुए साथे दो ओर मांणूआ खे जो कुकर्मी थे, काणे खे लयी चले। 33 तेबे
सेयो तेते जगा रे जेतेखे खोपड़ी बोलो थे, पऊँछे, तेबे तिने तेती यीशु और
सेयो दो जणे जो कुकर्मी थे, एक दाँणे कनारे और दूजा खूँजे कनारे क्रूसो
पाँदे चढ़ाए। 34 तेबे यीशुए बोलेया, “ओ पिता! इना खे माफ कर, कऊँकि
यो नि जाणदे कि क्या लगी रे करने?” और तिने चिट्ठिया पायी की तिना रे
टाले बांडी ते। 35 लोक खड़े-खड़े देखणे लगी रे थे और अधिकारी बी मजाक
करी-करी की बोलो थे, “इने ओर बचाए, जे ये परमेशरो रा मसीह ए और
तेसरा चूणे राए, तो आपणे आपू खे बचाई लो।” 36 सिपाई बी नेड़े आओ थे
और सिरका देई की तिना रा मजाक करी की बोलो थे, 37 “जे तूँ यहूदिया रा

राजा ए, तो आपू खे बचा।" 38 तिना पाँदे एक दोष-पत्र बी था लगे रा कि,
"ये यहूदिया रा राजा ए।" 39 जो कुकर्मी लटाकाई राखे थे, तिना बीचा ते
एकी जणे यीशुए री निन्दा करी की बोलेया, "क्या तूँ मसीह निए? तो आपू
और आसा खे बचा।" 40 तेबे दूजे जणे तेसखे बकी की बोलेया, "क्या तूँ
परमेशरो रा डर पनि मानदा? तूँ बी तो सेई सजा पुगतणे लगी रा। 41 आसे
तो न्याय रे मुताबिक सजा पाणे लगी रे, कऊँकि आसे आपणे कामो रा
अच्छा फल लगी रे पाणे, पर इने कोई बी बुरा काम नि कित्तेया।" 42 तेबे
तिने बोलेया, "ओ यीशु! जेबे तूँ आपणे राज्य रे आए, तो मेरी सम्बाल़ बी
लयी लया।" 43 तिने तेसखे बोलेया, "आऊँ ताखे सच लगी रा बोलणे कि तूँ
आज ई मां साथे स्वर्गलोको रे ऊणा।" 44 और तकरीबन दोपईरो रे तीजे
पईरो तक सारे देशो रे न्हेरा ऊईगा। 45 और सूरजो रा प्रयासा चली गा, तेबे
मन्दरो रा पड़दा पाँदो ते लई की थालो तक फटीगा और तिजी रे दो टुकड़े
ऊईगे। ए ये दखाओ कि एबे कोई मांणू परमेशरो री हजुरिया रे जाई सकोआ।
46 तेबे यीशुए जोरे की बोलेया, "ओ पिता! आऊँ आपणी आत्मा तुसा रे
आथो रे सम्बालूँआ और ये बोली की तिने प्राण छाडी ते।" 47 सूबेदारे जो
कुछ ऊई रा था देखी की परमेशरो री तारीफ कित्ती और बोलेया, "सच्ची ये
मांणू तर्मी था।" 48 तेबे पीड़ जो ये देखणे खे कट्ठी ऊई री थी, ये घटणा देखी
की छाती पिटदी ऊई वापस ऊईगी। 49 पर तिना रे सब जाण-पछयाण वाल़े
और जो जवाणसा गलील प्रदेशो ते तिना साथे आयी रिया थिया, दूर खड़िया
ऊई की ये सब देखणे लगी री थिया। 50 तेती यूसुफ नाओं रा बड़ी सभा रा
एक सदस्य था, जो पला और तर्मी मांणू था 51 और तिना री योजना और
तिना रे इना कामो ते खुश नि था। से यहूदिया रे नगर अरिमतियाह रा रणे
वाल़ा था और परमेशरो रे राज्य री बाट न्याल़ने वाल़ा था। 52 तिने पिलातुसो
गे जाई की यीशुए री लोथ मांगी। 53 और से उतारी की मलमलो री चादरी रे
लपेटी और कब्रा रे राखी, जो चट्टानी रे खणी राखी थी और तिदे कदी कोई नि
राखी राखेया था। 54 से त्यारिया रा दिन था और आरामो रा दिन शुरू ऊणे
वाल़ा था। 55 तिने जवाणसे जो गलीलो ते तिना साथे आयी री थिया, पीछे-
पीछे जाई की से कब्र देखी और ये बी कि तिना री लोथ किंयाँ थी राखी
री। 56 तेबे तिने आपणे कअरे वापस आयी की खुशबूदार चीजा और इत्र

यीशुए रे शरीरो पाँदे मल़ने खे त्यार कित्तेया और आरामो रे दिने तिने आज्ञा रे
मुताबिक आराम कित्तेया।

**24** तेबे सेयो अफ़्ते रे पईले दिने प्यागा-प्यागा खुशबूदार चीजा जो तिने
त्यार कित्तिया थिया, कब्रा पाँदे लयी की आईया। 2 तिने पात्थर कब्रा पाँदा
ते कनारे पाँदे खसकेया रा देखेया। 3 पर पीतरे जाई की यीशुए री लोथ नि
पायी। 4 जेबे सेयो एसा गल्ला ते हैरान ऊणे लगी री थिया, तेबे दो मांणू
सफेद टाले पईनी की तिना सामणे खड़े ऊईगे, मतलब दो स्वर्गदूत एकदम
आयी तिना सामणे खड़े ऊईगे। 5 जेबे सेयो डरी गिया और तरतिया कनारे
खे मूँ जूँगेया रा राखेया, तेबे तिने तिना खे बोलेया, "तुसे जिऊँदे खे मरे रेया
बीचे कऊँ लगी रिया टोल़ने? 6 से एती निए बल्कि जिऊँदा ऊईगा रा, याद
करो कि तिने गलीलो रे रंदे ऊए तुसा खे बोलेया था, 7 जरूरी ए कि आँऊ
माणूं रा पुत्र पापिया रे आथो रे पकड़वाया जाओ और क्रूसो पाँदे लटकाया
जाओ और तीजे दिने जिऊँदा ऊई जाओ।" 8 तेबे यीशुए रिया गल्ला तिना
खे याद आईया। 9 तेबे तिने कब्रा ते वापस ऊई कि तिना ग्यारा जणेया खे
और ओरी सबी खे, यो सब गल्ला बताईया। 10 जिने प्रेरिते यो सब गल्ला
बोलिया, सेयो, मरियम मगदलिनी, यूहन्ना और याकूबो री आम्मा मरियम
और तिना साथलिया ओर बी जवाणसा थिया। 11 पर तिना खे तिना री
गल्ला काणियां जेड़िया लगीया और तिने तिना रा विश्वास नि कित्तेया। 12
तेबे पतरस उठी की कब्रा आओखे दौड़ी की चली गा और तिने नपी की बस
टाले ई पड़े रे देखे और जो ऊआ था तिजी ते हैरान ऊई की कअरो खे चली
गा। 13 तेबे तेसी दिने तिना बीचा ते दो चेले इम्माऊस नाओं रे गांव खे जाणे
लगी रे थे, जो यरूशलेमो ते तकरीबन ग्यारा किलोमीटर दूर था। 14 सेयो
इना सबी गल्ला खे, जो ऊई रिया थिया, आपू बीचे बातचीत करदे ऊए चली
रे थे 15 और जेबे सेयो आपू बीचे बातचीत और पूछताछ करने लगी रे थे, तेबे
यीशु आपू तिना साथे-साथे चलणे लगे। 16 पर तिना री आखिया एड़िया बंद
करी ती थिया कि सेयो तिना खे पछयाणी नि सके। 17 यीशुए तिना ते
पूछेया, "यो केड़िया गल्ला ए, जो तुसे चलदे-चलदे ऊए आपू बीचे करने लगी
रे?" सेयो उदास जे खड़े रे रई गे। 18 ये सुणी की तिना बीचा ते क्लियुपास
नाओं रे मांणूए बोलेया, "क्या तूँ यरूशलेमो रे कल्ला परदेशी ए, जो जाणदा

नि कि आजकाल तेती क्या ऊई रा?" 19 तिने तिना ते पूछेया, "कुण जीया
गल्ला?" तिने बोलेया, "यीशु नासरियो रे बारे रे, जो परमेशर और सबी
लोका रे नेड़े काम और वचनो रे सामर्थी भविष्यबक्ता था 20 और बड़े पुरोईत
और म्हारे अधिकारिए से पकड़वाईता, ताकि तेसखे मौता री सजा दित्ती
जाओ और से क्रूसो पाँदे चढ़ाया। 21 पर आसा खे उम्मीद थी कि एस ई
इस्राएलो खे छुटकारा देणा और इना सबी गल्ला ते अलावा एसा घटणा खे
आज तीजा दिन ए। 22 और एबे आसा बीचा ते बी कई जवाणसे आसे
हैरानिया रे पायी ते रे, जो आज प्यागा कब्रा पाँदे गईया थिया 23 और जेबे
तेसरी लोथ नि मिली, तेबे ये बोलदिया ऊईया आईया कि आसे स्वर्गदूता रा
दर्शन पायी राखेया, जिने आसा गे बताया कि यीशु जिऊँदा ए। 24 तेबे
आसा रे साथिया बीचा ते कई जणे तेती गये और जेड़ा तिने जवाणसे बोलेया
था, तेड़ा ई पाया, पर से नि देखेया।" 25 तेबे यीशुए तिना दो चेलेया खे
बोलेया, "ओ मूर्खो! और भविष्यबक्तेया रिया सबी गल्ला रे विश्वास करने रे
मंदबुध्दियो! 26 क्या ये जरूरी नि था कि मसीह एस दु: खो ते बाद आपणी
महिमा रे आओ?" 27 तेबे तिने मूसे ते और सबी भविष्यबक्तेया ते शुरूओ ते
और सारे पवित्र शास्त्रा बीचा ते, आपणे बारे रे लिखी रिया सबी गल्ला रा
मतलब तिना खे समजयाई ता। 28 तदुओ कि सेयो तेस गांव रे पऊँछी गे,
जेती सेयो जाणे लगी रे थे और यीशुए रे चलणे ते एड़ा लगो था कि सेयो
आगे जाणा चाओए। 29 पर तिने सेयो ये बोली की रोके, "आसा साथे
रओ, कऊँकि साँज ऊईगी री।" तेबे सेयो तिना साथे पीतरे रणे खे चली गे।
30 जेबे यीशु तिना साथे रोटी खाणे बैठे, तेबे तिने रोटी तोड़ी की धन्यवाद
कित्तेया और तोड़ी की तिना खे देणे लगेया। 31 तेबे तिना री आखिया खुली
गिया और तिने सेयो पछयाणी ले, तेबे यीशु तिना ते लूकी गे। 32 तिने आपू
बीचे बोलेया, "जेबे से बाटा रे आसा साथे गल्ला करने लगी रा था और पवित्र
शास्त्रो रा मतलब आसा खे समजयाणे लगी रा था, तेबे क्या आसा रे मनो रे
उतेजना नि ओ थी?" 33 सेयो तेसी बखते उठी की यरूशलेमो खे वापस
ऊईगे, और तिना ग्यारा चेलेया खे और तिना रे साथिया खे कट्ठे देखेया। 34
सेयो बोलो थे, "प्रभु सच्ची जिऊँदे ऊईगे रे और शमौन पतरसो खे दिशेया।"
35 तेबे तिने बाटा रिया गल्ला तिना खे बताई तिया और ये बी कि तिने रोटी

तोड़दे बखते सेयो किंयाँ पछयाणे? **36** सेयो इना गल्ला करने ई लगी रे थे
कि यीशु आपू ई तिना बीचे खड़े ऊईगे और तिना खे बोलेया, “तुसा खे
शान्ति मिलो।” **37** पर सेयो कबराई गे, डरी गे और समजणे लगे कि केसी
पूतो खे देखणे लगी रे। **38** यीशुए तिना खे बोलेया, “कबराणे कऊँ लगी रे?
और तुसा रे मनो रे शक कऊँ ए? **39** मेरे आथा खे और मेरे पैरा खे देखो कि
आऊँ सेईए, माखे छुँईं की देखो, कऊँकि आत्मा रे आड्डु और मांस नि ऊँदे,
जेड़ा मांदे देखणे लगी रे।” **40** ये बोली की तिने आपणे आथ पैर तिना गे
बताए। **41** जेबे खुशिया रे मारे तिना खे विश्वास नि ऊआ कि यीशु जिऊँदा
ऊईगा रा और हैरान ऊईगे, तेबे यीशुए बोलेया, “क्या एती तुसा गे कुछ रोटी
आयी।” **42** तिने तिना खे पुजी रिया मछलिया रा टुकड़ा दित्तेया। **43** तिने
लयी की तिना सामणे खाया। **44** तेबे यीशुए तिना खे बोलेया, “यो मेरिया
सेयो गल्ला ए, जो मैं तुसा साथे रंदे ऊए, तुसा खे बोली थिया, कि जरूरी ए
कि जितणिया गल्ला मूसे रा बिधान और भविष्यबक्ता और पजनो री कताबा
रे मेरे बारे रे लिखी राखिया, सेयो सब पुरिया ओ।” **45** तेबे यीशुए पवित्र
शास्त्र समजणे खे तिना खे अक्ल दित्ती **46** और तिना खे बोलेया, “पवित्र
शास्त्रो रे ईंयां लिखी राखेया कि मसीहे दु: ख उठाणा और तीजे दिने मरे रेया
बीचा ते जिऊँदा ऊणा **47** और यरूशलेम नगरो ते लयी की सबी जातिया खे
मन फिराणे रा और पापो रिया माफिया रा प्रचार, तेसरे ई नाओं ते कित्तेया
जाणा। **48** तुसे इना सबी गल्ला रे गवा ए **49** और देखो, मां आपू पवित्र
आत्मा पेजणी जेतेरी प्रतिज्ञा मेरे पिते करी राखी और जदुओ तक स्वर्गो
ते सामर्थ नि पाओ, तदुओ तक एस नगरो रेई रओ।” **50** तेबे यीशु तिना
खे बैतनिय्याह नगरो तक बारे लईगे, और आपणे आथ चकी की तिना खे
आशीष दित्ती। **51** और तिना खे आशीष देंदे ऊए सेयो तिना ते लग ऊईगे
और स्वर्गो खे चकी ते। **52** तेबे चेले तिना गे माथा टेकी की और बडिया
खुशिया साथे यरूशलेमो खे वापस ऊईगे। **53** और हर रोज मन्दरो रे आजीर
ऊई की परमेशरो री स्तुति करेया करो थे।

# यूहन्ना

**1** सृष्टिया ते पईले वचन था, वचन परमेशरो साथे था और वचन परमेशर था।
2 येई शुरूओ ते परमेशरो साथे था। 3 परमेशरे सब कुछ तेसरी जरिए पैदा
कित्तेया और जो कुछ पैदा ऊई रा, तिना बीचा ते कोई बी चीज तेसते बिना नि
ऊई। 4 तेसदे जीवन था और से जीवन मांणूआ री जोति थी। 5 जोति न्हेरे रे
चमकदी रई; पर न्हेरा तिजी पाँदे हावी नि ऊई सकेया। 6 परमेशरे एक माणूं
पेजेया, जेसरा नाओं यूहन्ना था। 7 से तेसा ई जोतिया री गवाई देणे आया,
ताकि सब तेसरी बजअ ते विश्वासो रे आओ। 8 यूहन्ना आपू तो, से जोति नि
था, पर तेसा जोतिया री गवाई देणे आयी रा था। 9 सच्ची जोति जो हर एक
मांणूए खे प्रयासा देओई, से आपणे आपू खे दुनिया रे लोका पाँदे प्रकट करने
वाल़ी थी। 10 से दुनिया रे था और दुनिया तेसरे जरिए पैदा ऊई, पर दुनिया
रे लोके से नि पछयाणा। 11 से आपणे कअरे आपणे लोका बीचे आया
पर तेसरे आपणेया से नि मानेया। 12 पर जितणेया से मानेया, तिना खे
तिने परमेशरो री ल्वाद ऊणे रा अक्क दित्तेया। मतलब-जो तेसरे नाओं पाँदे
विश्वास राखो थे। 13 सेयो ना तो खूनो ते, ना शरीरो री इच्छा ते, ना मांणूए री
इच्छा ते, पर परमेशरो ते पैदा ऊई रे। 14 और वचन माणूं रे शरीरो रे आया
और कृपा और सच्चाईया ते परिपूर्ण ऊई की आसा बीचे डेरा कित्तेया और
आसे तेसरी एड़ी महिमा देखी, जेड़ी पिते रे एकलौते री महिमा। 15 यूहन्ने
तेसरे बारे रे गवाई दित्ती और आक्का पाई की बोलेया, "से येईए, जेसरे बारे
रे मैं बोलेया कि जो मांते बाद आऊणे लगी रा, से मांते बढ़ी की ए, कऊँकि से
मांते पईले था।" 16 कऊँकि तेसरी कृपा री परिपूर्णता बीचा ते आसा सबी
खे आशीषा पाँदे आशीष मिली। 17 तेबेई परमेशरे बिधान तो मूसे रे जरिए
दित्तेया, पर तिने यीशु मसीह रे जरिए कृपा और सच्चाई दखाई। 18 परमेशर
कदी बी किने नि देखेया, केवल एकलौता पुत्रे, जो सच्ची ई आपू परमेशर
ए, और जो पिते री गोदा रे ए, तिने ई ये प्रगट कित्तेया कि परमेशर केड़ा
ए। 19 जेबे यहूदी अगुवे यरूशलेम नगरो ते पुरोईत और लेविया खे यूहन्ना
ते ये पूछणे खे पेजेया, "तूँ कुण ए?" तो यूहन्ने गवाई दित्ती, 20 "आऊँ
मसीह निए।" 21 तेबे तिने तेसते पूछेया, "तेबे तूँ कुण ए? क्या तूँ एलिय्याह
भविष्यवक्ता ए?" तिने बोलया, "आऊँ निए।" "तेबे तूँ क्या भविष्यबक्ता

ए?" तिने बोलेया, "ना।" 22 तेबे तिने तेसते पूछेया, "तेबे तूँ कुण ए? ताकि
आसे आपणे पेजणे वाल़ेया खे जवाब देऊँ, तूँ आपणे बारे रे क्या बोलेया?"
23 यूहन्ने तिना लोका खे यशायाह भविष्यबक्ते रे वचना रा इस्तेमाल करी की
बोलेया, "आऊँ सुणसाण जगा रे एक आक्का पाणे वाल़े री आवाज ए, ताकि
तुसे प्रभुए री बाट सीदी करो।" 24 सेयो फरीसिये री तरफा ते पेजी राखे थे।
25 तिने तेसते ये सवाल पूछेया, "जे तूँ ना तो मसीह ए, ना एलिय्याह और ना
भविष्यबक्ता ए, तो बपतिस्मा कऊँ देआ?" 26 यूहन्ने तिना सबी खे जबाब
दित्तेया, "आऊँ तो पाणिए की बपतिस्मा देऊँआ, पर तुसा बीचे एक मांणू
खड़ी रा, जेसखे तुसे नि जाणदे। 27 मतलब-मांते बाद आऊणे वाल़ा ए,
जेसरे जोड़े रे फिथे बी आऊँ खोलणे जोगा निए।" 28 यो गल्ला यरदन
नदिया ते पार बैतनिय्याह गांव रे ऊईया, जेती यूहन्ना लोका खे बपतिस्मा
देओ था। 29 दूजे दिने तिने यीशुए खे आपू गे आऊँदे ऊए देखी की बोलेया,
"देखो, ये परमेशरो रा मिन्टू ए, जो दुनिया रे पाप चकी की लयी जाओआ।
30 ये सेईए, जेसरे बारे रे मैं बोलेया था कि एक मर्द मां पीछे आओआ, जो
मांते बी बड़ा ए, कऊँकि से मांते पईले था। 31 आऊँ तो तेसखे पछयाणुँ नि
था कि से मसीह ए, पर आऊँ इजी री खातर पाणिए की बपतिस्मा देंदा ऊआ
आया, ताकि से इस्राएलो रे प्रगट ऊई जाओ।" 32 यूहन्ने ये गवाई दित्ती,
"जियाँ कबूतर उड़दा ऊआ थाले आओआ तियाँ ई तिने पवित्र आत्मा सर्गो ते
उतरदे ऊए देखेया। और से तेस पाँदे रूकी गा। 33 आऊँ तो तेसखे पछयाणुँ
नि था, पर जिने आऊँ पाणिए साथे बपतिस्मा देणे खे पेजेया, तिने ई मांगे
बोलेया, 'जेस पाँदे तूँ आत्मा खे उतरदे ऊए और रुकदे ऊए देखेगा, सेई
पवित्र आत्मा ते बपतिस्मा देणे वाल़ा ए।' 34 मैं से देखेया और आँऊ तुसा खे
सच-सच बोलूँआ कि येई परमेशरो रा पुत्र ए।" 35 दूजे दिने फेर यूहन्ना और
तेसरे चेलेया बीचा ते दो जणे खड़ी रे थे। 36 और तिने यीशुए खे, जो जाणे
लगी रा था, देखी की बोलेया, "देखो, ये तो परमेशरो रा मिन्टू ए।" 37 तेबे
सेयो दोनो चेले तेसते ये सुणी की यीशुए पीछे चली पड़े। 38 यीशुए तिना खे
आऊँदे ऊए देखी की पीछे मुड़ी की बोलेया, "तुसे केसखे लगी रे टोल़ने?"
तिने तिना खे बोलेया "ओ गुरू! तुसे केयी रओए?" 39 यीशुए बोलेया,
"चलोगे तो देखी लओगे।" तेबे तिने आयी की तिना रे रणे री जगा देखी और

तेस दिने तिना साथे ई रये और ये दोपईरो ते बाद तकरीबन चार बजे रे करीब
था। 40 तिना दूँईं बीचा ते, जो यूहन्ने री गल्ल सुणी की तिना पीछे आए थे
तिना बीचा ते एक शमौन पतरसो रा पाई अन्द्रियास था। 41 तिने पईले
आपणे सके पाई शमौनो खे मिली की बोलेया, "आसा खे ख्रीस्ट, मतलब
मसीह, मिली गा।" 42 अन्द्रियास तेसखे यीशुए गे ल्याया, यीशुए तेसखे
देखी की बोलेया, "तूँ यूहन्ने रा पाऊ शमौन ए, तूँ कैफा नाओं ते जाणेया
जाणा," या पतरस जेतेरा मतलब पात्थर ऊणा। 43 दूजे दिने यीशुए गलील
प्रदेशो खे जाणा चाया। जेबे फिलिप्पुस तिना खे मिलेया तो तेसखे बोलेया,
"मां पीछे आईजा।" 44 फिलिप्पुस, अन्द्रियास और पतरसो रे नगर बैतसैदा
रा रणे वाल़ा था। 45 फिलिप्पुसे नतनएलो ते मिली की बोलेया, "जेसरे बारे
रे मूसे बिधानो रे और भविष्यबक्ते बोली राखेया, से आसा खे मिली गा रा,
से यूसुफो रा पाऊ यीशु नासरी ए।" 46 नतनएले तेसखे बोलेया, "क्या
कोई खरी चीज बी नासरतो ते निकल़ी सकोई?" फिलिप्पुसे तेसखे बोलेया,
"चली की देखी लो।" 47 यीशुए नतनएलो खे आपू गे आऊँदे ऊए देखी की
तेसरे बारे रे बोलेया, "देखो, ये सच्ची इस्राएली ए, एसरे कोई कपट निए।"
48 नतनएले तिना खे बोलेया, "तूँ माखे किंयाँ जाणेया?" यीशुए तेसखे
जवाब दित्तेया, "इजी ते पईले फिलिप्पुसे तूँ बुलाया, जेबे तूँ दाऊगल़े रे डाल़ो
निठे था, तेबे मैं तूँ देखेया था।" 49 नतनएले तिना खे जवाब दित्तेया, "ओ
गुरू! तूँ परमेशरो रा पुत्र ए, तूँ इस्राएलो रा महाराजा ए।" 50 यीशुए तेसखे
उतर दित्तेया, "मैं जो ताखे बोलेया कि मैं तूँ दाऊगल़े रे डाल़ो निठे देखेया,
क्या तूँ तेबेई विश्वास करेया? तां इजी ते बी बड़े-बड़े काम देखणे।" 51 फेर
तेसखे बोलेया, "आऊँ ताखे सच-सच बोलूँआ कि तां स्वर्ग खुलेया रा और
परमेशरो रे स्वर्गदूत माणूं रे पुत्रो पाँदि उतरदे और ऊबे जांदे ऊए देखणे।"

**2** तीजे दिने गलील प्रदेशो रे काना नगरो रे केसी रा ब्या था और यीशुए री
आम्मा बी तेती थी। 2 यीशु और तिना रे चेले बी तेती ब्याओ खे बुलाई राखे
थे। 3 जेबे अँगूरा रा रस कम ऊईगा, तेबे यीशुए री आम्मे तिना खे बोलेया,
"तिना गे अँगूरा रा रस नि रया।" 4 यीशुए तेसा खे बोलेया, "ओ जवाणसे!
ताखे मांते क्या काम ए? एबु मेरा आपणे आपू खे प्रकट करने रा बखत नि
आयी रा।" 5 पर तिना री आम्मे दासा खे बोलेया, "जो कुछ ये तुसा खे

बोलोगा, सेई करना।” 6 तेती यहूदिया री शुद्ध करने री रवाजा रे मुताबिक,
पात्थरा रे छे बड़े कअड़े राखे रे थे, जिना रे दो-दो और तीन-तीन मण आओ
था। 7 यीशुए दासा खे बोलेया, “कअड़ेया रे पाणी परी देओ।” तिने परी-परी
करी ते। 8 यीशुए तेस दासो खे बोलेया, “एबे इजी बीचा ते थोड़ा पाणी
निकयाल़ी की पाट्टिया (भोज) रे प्रदानो गे लयी जाओ और तिने दासे एड़ा ई
कित्तेया।” 9 जेबे पाट्टिया रे प्रदाने से पाणी चाखेया, जो अँगूरा रा रस बणीगा
था, पर ये नि जाणो था कि केथा ते आया (पर जिने दासे पाणी निकयाल़ेया
था, सेयो जाणो थे) तेबे पाट्टिया रे प्रदाने लाड़े खे बुलाई की तेसखे बोलेया,
10 “हर एक मांणू पईले बढ़िया अँगूरा रा रस देओआ और जेबे लोक पी की
थकी जाओए, तेबे आदा देओआ, पर तैं बढ़िया अँगूरा रा रस एबुए तक राखी
राखेया।” 11 यीशुए गलील प्रदेशो रे काना नगरो रे आपणा ये पईला चिह्
दखाई की आपणी महिमा प्रगट कित्ती और तिना रे चेलेया तिना पाँदे विश्वास
कित्तेया कि सच्ची येई ई मसीह ए। 12 इजी ते बाद यीशु, तिना री आम्मा,
तिना रे पाई और तिना रे चेले कफरनहूम नगरो खे गये और तेती कुछ दिन
तक रये। 13 यहूदिया रा फसह रा त्योआर नेड़े था और यीशु यरूशलेम नगरो
खे गये। 14 तेबे तिने मन्दरो रे बल़द, पेड, और कबूतरा खे बेचणे वाल़े और
सर्राफे बैठे रे देखेया। 15 तेबे तिने रस्सिया रा कोड़ा बणाई की सब पेडा और
बल़द मन्दरो ते बारे निकयाल़ी ते और सर्राफे रे पैसे बखेरी ते और चौकिया
मूँदिया करी तिया 16 और कबूतरा खे बेचणे वाल़ेया खे बोलेया, “इना खे
एथा ते लयी जाओ, मेंरे पिते रे कअरो खे बपारो रा कअर नि बणाओ।” 17
तेबे तिना रे चेलेया खे याद आया कि पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, “तेरे
कअरो री चिन्ता आऊँ पितरे-पितरे ई खाई जाणा” 18 तेबे यहूदिये तिना खे
बोलेया, “तूँ जो ये करेया, तो आसा खे क्या चिह् दखाएया?” 19 यीशुए
तिना खे जवाब दित्तेया, “एस मन्दरो खे टाल़ी देओ और मां ये तीन दिना
रे फेर खड़ा करी देणा।” 20 यहूदिये बोलेया, “एस मन्दरो खे बनाणे खे
छयाल़ी साल लगी रे और क्या तां ये तीन दिना रे फेर खड़ा करी देणा?”
21 पर तिने आपणे शरीरो रे मन्दरो रे बारे रे बोलेया था। 22 तो जेबे सेयो
मुड़देया बीचा ते जिऊँदे ऊईगे थे, तेबे तिना रे चेलेया खे याद आया कि तिने
ये बोलेया था और तिने पवित्र शास्त्रो पाँदे और जो वचन यीशुए बोलेया था,

विश्वास कित्तेया। 23 जेबे सेयो फसह रे त्योआरो रे बखते यरूशलेमो रे थे,
तेबे बऊत जणेया, सेयो चिह्न, जो सेयो दखाओ थे, देखी की तिना पाँदे
विश्वास कित्तेया। 24 पर यीशुए आपणे आपू खे तिना रे परोसे नि छाडेया,
कऊँकि सेयो सबी खे जाणो थे 25 और तिना खे जरूरत नि थी कि मांणूए रे
बारे रे कोई गवाई देओ, कऊँकि सेयो आपू जाणो थे कि मांणूए रे मनो रे क्या
ए?

**3** फरीसिया बीचा ते एक नीकुदेमुस नाओं रा मांणू था, जो यहूदिया रा
धार्मिक अगुवा था। 2 तिने राती आयी की यीशुए खे बोलेया, "ओ गुरू!
आसे जाणूंए कि तूँ परमेशरो री तरफा ते गुरू ऊई की आयी रा, कऊँकि कोई
बी इना चमत्कारा खे, जो तूँ दखाएया, जे परमेशर तेस साथे नि ओ, तो
दखाई नि सकदा।" 3 यीशुए तेसखे बोलेया, "आऊँ ताखे सच-सच बोलूँआ
कि जे कोई नये सिरे ते नि जम्मो, तो परमेशरो रा राज्य जेती परमेशर राज
करोआ देखी नि सकदा।" 4 नीकुदेमुसे तिना खे बोलेया, "जेबे मांणू स्याणा
उई गा, तेबे किंयाँ जम्मी सकोआ? क्या से आपणी आम्मा रे गर्भो रे दूजी
बार जाई की जम्मी सकोआ?" 5 यीशुए बोलेया, "आऊँ ताखे सच-सच
बोलूँआ कि जदुओ तक कोई मांणू पाणी और आत्मा साथे नि जम्मो, तो से
परमेशरो रे राज्य रे नि जाई सकदा। 6 कऊँकि जो शरीरो साथे जम्मी रा, से
शरीर ए और जो आत्मा साथे जम्मी रा, से आत्मा ए। 7 हैरान नि ओ कि मैं
ताखे बोलेया, 'तुसा खे नये सिरे ते जमणा जरूरी ए।' 8 अवा जेथो खे चाओ,
तेथो खे चलो ई और तूँ तिजी री छेड़ सुणेया, पर जाणदा नि कि से केथा ते
आयी री और केथो खे जाओई? जो कोई आत्मा ते जम्मी रा, से एड़ा ईए।"
9 नीकुदेमुसे तिना खे बोलेया, "यो गल्ला किंयाँ ऊई सकोईया?" 10 ये सुणी
की यीशुए तेसखे उतर दित्तेया, "तूँ इस्राएलिया रा गुरू ऊई की बी क्या
इना गल्ला खे नि समजदा? 11 आऊँ ताखे सच-सच बोलूँआ कि आसे जो
जाणूंए, से बोलूँए और जो आसे देखी राखेया, तिजी री गवाई देऊँए, और
तुसे म्हारी गवाई नि मानदे। 12 जेबे मैं तुसा गे तरतिया रिया गल्ला बोलिया
और तुसे विश्वास नि कित्तेया, तो जे आऊँ तुसा गे स्वर्गो रिया गल्ला बोलूँ, तो
तुसा किंयाँ विश्वास करना। 13 कोई स्वर्गो रे नि चढ़ेया, बस से जो स्वर्गो ते
उतरेया, मतलब आँऊ माणूं रा पुत्र जो स्वर्गो रे ए। 14 और जेते टंगो रे मूसे

जंगल़ो रे पीतल़ो रा साप ऊच्चे पाँदे चढ़ाया था, तिंयाँ ई जरूरी ये कि आँऊ
माणूं रा पुत्र बी ऊच्चे पाँदे चढ़ाया जाओ। 15 ताकि जो कोई मां पाँदे विश्वास
करो, से अनन्त जीवन पाओ। (aiōnios g166) 16 "कऊँकि परमेशरे दुनिया रे
लोका ते एड़ा प्यार कित्तेया कि तिने आपणा एकलौता पुत्र देईता, ताकि
जो कोई तेस पाँदे विश्वास करो, से नाश नि ओ, पर अनन्त जीवन पाओ।
(aiōnios g166) 17 परमेशरे आपणा पुत्र दुनिया रे इजी खे नि पेजेया कि से
दुनिया पाँदे दण्डो री आज्ञा देओ, पर इजी खे कि दुनिया रे लोक तेसरी बजअ
ते उद्धार पाओ। 18 जो मां पाँदे विश्वास करोआ, तेस पाँदे दण्डो री आज्ञा नि
ऊँदी, पर जो मां पाँदे विश्वास नि करदा, से दोषी ठईरी चुकेया, कऊँकि तिने
परमेशरो रे एकलौते पुत्रो रे नाओं पाँदे विश्वास नि कित्तेया। 19 और दण्डो री
आज्ञा री बजअ ये कि जोति दुनिया रे आयी री और मांणूआ खे न्हेरा जोतिया
ते प्यारा लगेया, कऊँकि तिना रे काम बुरे थे। 20 कऊँकि जो कोई बुराई
करोआ, से जोतिया ते बैर राखोआ और जोतिया रे नेड़े नि आऊँदा, एड़ा नि
ओ कि तेसरे कामो पाँदे दोष लगाया जाओ। 21 पर जो सच्चाईया पाँदे
चलोआ, से जोतिया रे नेड़े आओआ, ताकि तेसरे काम सामणे आओ कि
सेयो परमेशरो री तरफा ते ऊई रे।" 22 इजी ते बाद यीशु और तिना रे चेले
यहूदिया प्रदेशो रे आए और यीशु तेती तिना साथे रई की बपतिस्मा देणे लगे।
23 यूहन्ना बी सामरिया प्रदेशो रे शालेम नगरो रे नेड़े, ऐनोन गांव रे बपतिस्मा
देओ था, कऊँकि तेती बऊत पाणी था और लोक आयी की बपतिस्मा लओ
थे। 24 यूहन्ना तेस बखतो तक जेला रे नि पायी राखेया था। 25 तेती यूहन्ने
रे चेलेया रा केसी यहूदिये साथे शुद्ध करने री रवाजा रे बारे रे बईस उई। 26
तेबे यूहन्ने रे चेलेया आयी की तेसखे बोलेया, "ओ गुरू! जो मांणू यरदनो ते
पार तां साथे था और जेसरे बारे रे तैं गवाई दित्ती थी, देखो, से बपतिस्मा
देओआ और लोक तेसगे आओए।" 27 यूहन्ने जवाब दित्तेया, "जदुओ तक
मांणूए खे स्वर्गो ते नि दित्तेया जाओ, तदुओ तक से कुछ नि पायी सकदा।
28 तुसे तो आपू ई मेरे गवा ए कि मैं बोली राखेया, 'आऊँ मसीह निए, पर
तेसते आगे पेजी राखेया।' 29 जेसरी लाड़ी ए, सेई लाड़ा ए, पर लाड़े रा
दोस्त जो खड़ा ऊई की तेसरी सुणोआ, लाड़े रे बोलो ते बऊत खुश ओआ,
एबे मेरी ये खुशी पूरी ऊई री। 30 जरूरी ए कि से बढ़दा जाओ और आऊँ

कम ऊँदा जाऊँ। 31 “जो स्वर्गो ते आओआ, से सबी ते उत्तम ओआ, जो
तरतिया ते आओआ, से तरतिया राए और तरतिया री गल्ला करोआ, जो
परमेशरो री तरफा ते आओआ, से सबी ते ऊबे ए। 32 जो कुछ तिने देखेया
और सुणेया, तेतेरी ई गवाई देओआ और कोई तेसरी गवाई नि मानदा।
33 पर जिने तेसरी गवाई मानी ली, तिने एते गल्ला पाँदे छाप देईती कि
परमेशर सच्चा ए। 34 कऊँकि जो परमेशरे पेजी राखेया, से परमेशरो री
गल्ला बोलोआ, कऊँकि परमेशर तेसखे आपणा आत्मा नापी-नापी की नि
देंदा पर खुले दिलो ते देओआ। 35 पिता पुत्रो साथे प्यार राखोआ और तिने
सारी चीजा तेसरे आथो रे देईती रिया। 36 जो परमेशरो रे पुत्रो पाँदे विश्वास
राखोआ, अनन्त जीवन तेसरा ईए, पर जो परमेशरो रे पुत्रो री नि मानदा, तेस
जीवन नि देखणा, पर परमेशरो रा रोष तेस पाँदे रओआ।” (aiōnios g166)

4 तेबे, जेबे यीशुए खे पता लगेया कि फरीसिये सुणी राखेया कि यीशु यूहन्ने
ते जादा चेले बणाओआ और तिना खे बपतिस्मा देओआ। 2 हालाँकि यीशु
आपू नि, पर तिना रे चेले बपतिस्मा देओ थे। 3 तेबे सेयो यहूदिया प्रदेशो खे
छाडी की फेर गलील प्रदेशो खे चली गे 4 और तिना खे सामरिया प्रदेशो रिये
ऊई की जाणा पड़ेया। 5 तेबे सेयो सूखार नाओं रे सामरिया प्रदेशो रे एक
नगरो तक आए, जो तेसा जमीना रे नेड़े ए, जो याकूबे आपणे पाऊ यूसुफो
खे दित्ती थी 6 और से कूँआं बी जो याकूबे खणेया था, तेथी था। तेबे यीशु
बाटा रे थके रे तेस कुँएं पाँदे ईंयां ई बैठीगे। ये गल्ल दोपईरो रे तकरीबन ऊई।
7 तदुओ की एक सामरी जवाणस पाणी परने आयी। यीशुए तेसा खे बोलेया,
“माखे पाणी पल़याई दे।” 8 कऊँकि तिना रे चेले नगरो रे रोटी खरीदणे
जाई रे थे। 9 तेबे सामरी जवाणसे तिना खे बोलेया, “तूँ यहूदी ऊई की
मां सामरिया जवाणसा ते पाणी कऊँ मांगेया?” कऊँकि यहूदी सामरिया
साथे कोई बी मिलणा-बर्तणा नि राखो थे। 10 यीशुए जवाब दित्तेया, “जे तूँ
परमेशरो रे बरदानो खे जाणदी और ये बी जाणदी कि से कुण ए, जो ताखे
बोलोआ, ‘माखे पाणी पल्या,’ तो तूँ तेसते मांगदी और से ताखे पवित्र आत्मा
जीवनो रे पाणिए रे रूपो रे देंदा।” 11 जवाणसे तिना खे बोलेया, “ओ प्रभु!
तुसा गे तो पाणी परने खे कुछ आया ई नि और कूँआं डूगा ए, तो तेबे से
जीवनो रा पाणी तुसा गे केथा ते आया? 12 क्या तुसे म्हारे पिता याकूबो ते

बी बड़े ए, जिने आसा खे ये कूँआं दित्तेया और आपू बी आपणे बाल-बच्चेया
साथे और डांगरा साथे तिजी ते पिया।” 13 यीशुए तेसा खे जवाब दित्तेया,
“जेस केसी बी ये पाणी पीणा, से फेर त्याया ऊणा। 14 पर जो कोई तेस
पाणिए ते पीओगा, जो मां तेसखे देणा, से कदी फेर अनन्तकालो तक त्याया
नि ऊणा, बल्कि जो पाणी मां तेसखे देणा, से तेसरे एक सूबल़ बणी जाणी
जो अनन्त जीवनो तक बईंदी रणी।” (aiōn g165, aiōnios g166) 15 जवाणसे
तिना खे बोलेया, “ओ प्रभु! से पाणी माखे दे ताकि आऊँ त्यायी नि रऊँ और
ना आऊँ पाणी परने खे इतणी दूर आऊँ।” 16 यीशुए तेसा खे बोलेया,
“जा और आपणे लाड़े खे एती बुलाई की ली आओ।” 17 जवाणसे जवाब
दित्तेया, “आऊँ बिना लाड़े तेई,” यीशुए तेसा खे बोलेया, “तूँ ठीक लगी री
बोलणे कि आऊँ बिना लाड़े तेई। 18 कऊँकि तूँ पाँज लाड़े करी चुकी री और
जेस मांणूए साथे तूँ एबुए, से बी तेरा लाड़ा निए, ये तैं सच बोली राखेया।”
19 जवाणसे तिना खे बोलेया, “ओ प्रभु! माखे लगोआ कि तुसे भविष्यबक्ता
ए। 20 आसा रे बाप-दादे एस पाह्ड़ो पाँदे ई आराधना कित्ती और तुसे बोलोए
कि जेती भक्ति करनी चाईयो से जगा यरूशलेम ए।” 21 यीशुए बोलेया,
“ओ जवाणसे! मेरी गल्ला पाँदे विश्वास कर कि से बखत आऊणा, जेबे ना
तुसा एते पाह्ड़ो पाँदे पिते री भक्ति करनी और ना ई यरूशलेमो रे। 22 तुसे
सामरी लोक जेसखे जाणदे नि, तेसरी भक्ति करोए और आसे यहूदी जेसखे
जाणूंए, तेसरी भक्ति करूँए, कऊँकि उद्धार आसा यहूदिया बीचा ते ए। 23
पर से बखत आऊणा, बल्कि एबु बीए, जेबे सच्चे भक्ता, पिते री भक्ति
आत्मा और सच्चाईया साथे करनी, कऊँकि पिता आपू खे एड़े ई भक्ति करने
वाल़ेया खे टोल़ोआ। 24 परमेशर आत्मा ए, इजी खे जरूरी ए कि तेसरी
भक्ति करने वाल़े आत्मा और सच्चाईया साथे भक्ति करो।” 25 जवाणसे
तिना खे बोलेया, “आऊँ जाणूंई कि मसीह जेसखे ख्रीस्ट बोलोए, आऊणे
वाल़ा ए, जेबे से आऊणा, तेबे तेस आसा खे सब गल्ला बताणिया।” 26
यीशुए तेसा खे बोलेया, “आऊँ जो ताखे बोलणे लगी रा, सेई ये।” 27 तदुओ
तक तिना रे चेले आईगे और हैरान ऊईगे कि सेयो जवाणसा साथे गल्ला
करने लगी रे, तेबे बी किने नि बोलेया, “तूँ क्या चाएया?” या “तेसा साथे
कऊँ लगी रा गलाणे?” 28 तेबे जवाणस आपणा कअड़ा छाडी की नगरो खे

चली गी और लोका खे बोलणे लगी, 29 “आओ, एक मांणूए खे देखो, जिने
सब कुछ, जो मैं करी राखेया, माखे बताई ता, केथी येई तो मसीह तो निए?”
30 तेबे सेयो नगरो ते निकल़ी की यीशुए खे देखणे खे तिना गे आऊणे लगे।
31 तदुओ खे यीशुए रे चेले तिना ते बिनती करने लगे, “ओ गुरू! कुछ खाई
लो।” 32 पर तिने तिना खे बोलेया, “मांगे खाणे खे एड़ी रोटी ए, जो तुसे
नि जाणदे।” 33 तेबे चेले आपू बीचे बोलणे लगे, “जेबे आसे चली गे थे
तो क्या कोई गुरूए खे कुछ खाणे खे ल्याई राखेया?” 34 यीशुए तिना खे
बोलेया, “मेरी रोटी ये कि आऊँ आपणे पेजणे वाल़े री इच्छा पाँदे चलूँ और
तेसरा काम पूरा करुँ। 35 क्या तुसेई नि बोलदे कि बडाई ऊणे खे एबु चार
मीन्ने पड़े रे ए। देखो, आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि आपणिया आखिया चकी
की डोरूआ खे देखो, कि सेयो बाडणे खे पाक्की चुके रे। 36 बाडणे वाल़ा
मजदूरी पाओआ और अनन्त जीवनो खे फल कट्ठा करोआ, ताकि बाणे वाल़ा
और बाडणे वाल़ा दोनो मिली की खुशी मनाओ। (aiōnios g166) 37 कऊँकि
इजी पाँदे ये कहावत ठीक बैठो ई कि बाणे वाल़ा ओर ए और बाडणे वाल़ा
ओर ए। 38 मैं तुसे तेस डोरूआ खे बाडणे खे पेजी राखे, जिदे तुसे मईणत नि
करी राखी, ओरी मईणत कित्ती और तुसे तिना री मईणता रे फलो रे इस्सेदार
ऊए।” 39 तेस नगरो रे बऊत सामरिये तेसा जवाणसा रे कईणे पाँदे यीशुए
पाँदे विश्वास कित्तेया, कऊँकि तेसे ये गवाई दित्ती थी, “तिने सब कुछ जो मैं
करी राखेया, माखे बताई ता।” 40 तेबे जेबे सेयो सामरी यीशुए गे आए, तेबे
तिना ते बिनती करने लगे कि आसा साथे एथी रओ, तेबे सेयो तेती दो दिन
तक रये। 41 तिना रे उपदेश सुणी की ओरी बी कई जणे विश्वास कित्तेया।
42 तेबे तेसे जवाणसे बोलेया, “एबे आसे तुसा रे बोलणे तेई विश्वास नि
करदे, कऊँकि आसे आपू सुणी राखेया और जाणूंए कि सच्ची, येई दुनिया रा
उद्धारकर्ता ए।” 43 तेबे दो दिनो ते बाद सेयो तेथा ते निकल़ी की गलीलो खे
गये। 44 कऊँकि यीशुए आपू ई बोली राखेया कि भविष्यबक्ता आपणे देशो रे
आदर नि पाँदा। 45 जेबे सेयो गलीलो रे आये तेबे गलीली तिना साथे खुश
ऊई की मिले, कऊँकि जितणे काम तिने यरूशलेमो रे त्योआरो रे बखते कित्ते
थे, तिने सेयो सब देखे थे, कऊँकि सेयो बी त्योआरो खे जाई रे थे। 46 तेबे
यीशु फेर गलील प्रदेशो रे काना गांव रे आए, जेती तिने पाणी अँगूरा रा रस

बणाई ता था। तेती राजे रा एक कर्मचारी था, जेसरा पाऊ कफरनहूम नगरो रे
बमार था। 47 जेबे तिने ये सुणेया कि यीशु यहूदिया ते गलीलो खे आईगा रा,
तेबे से तिना गे गया और तिना ते बिनती करने लगेया कि चली की मेरे
पाऊए खे ठीक करी दे, कऊँकि से मरने वाल़ा ए। 48 यीशुए तेसखे बोलेया,
"जदुओ तक तुसे चिह्न और अचम्बे काम नि देखी लओगे, तदुओ तक कदी
बी विश्वास नि करी सकदे।" 49 राजे रे कर्मचारिये तिना खे बोलेया, "ओ
प्रभु! मेरे पाऊए रे मरने ते पईले चलो।" 50 यीशुए तेसखे बोलेया, "जा, तेरा
पाऊ जिऊँदा ए।" तिने मांणूए यीशुए री बोली री गल्ला पाँदे विश्वास कित्तेया
और चली गा। 51 से जेबे बाटा रेई था कि तदुओ खे तेसरे दास तेसखे मिली
गे और बोलणे लगे, "तेरा पाऊ जिऊँदा और तन्दरूस्त ए।" 52 तिने तेसते
पूछेया, "कुण जी कअड़िया से ठीक ऊणे लगेया था?" तिने तेसखे बोलेया,
"काल तकरीबन दोपईरो रे एक बजे रे करीब तेसरा बुखार उतरी गा था।"
53 तेबे से पिता समजी गा कि ये तेस बखते ई ऊआ, जेस बखते यीशुए
तेसखे बोलेया था, "तेरा पाऊ जिऊँदा ए।" और तिने और तेसरे सारे कराने
यीशुए पाँदे विश्वास कित्तेया। 54 ये दूजा सामर्था रा काम था, जो यीशुए
यहूदिया प्रदेशो ते आई कि गलील प्रदेशो रे दखाया।

5 इना गल्ला ते बाद यहूदिया रा एक त्योआर ऊआ और यीशु यरूशलेमो खे
गये। 2 यरूशलेमो रे पेडा रे फाटको (प्रवेश द्वार) रे नेड़े एक कुण्ड ए, जेतेखे
इब्रानी पाषा रे बैतसैदा बोलोए और तिदे पाँज बरंडे ए। 3 इना रे बऊत लंगड़े,
बमार, अन्दे और सूके रे अंग वाल़े पाणिए रे ईलणे री उम्मीदा दे पड़े रे रओ
थे। 4 कऊँकि ठराए रे बखतो रे परमेशरो रे स्वर्गदूत कुण्डो रे उतरी की
पाणिए खे ईलाया करो थे, पाणी ईलदे ई जो कोई पईले उतरो था, से ठीक
ऊई जाओ था, चाए तेसरी कोई बी बमारी कऊँ नि ओ। 5 तेती एक मांणू था,
जो ठती साला ते बमार था। 6 यीशुए तेसखे पड़ेया रा देखी की और ये जाणी
की कि से बऊत दिना ते एड़िया ई दशा रे ए, तेसते पूछेया, "क्या तूँ ठीक
ऊणा चाएया?" 7 तिने बमारे बोलेया, "ओ प्रभु! मेरी मताद करने खे कोई
मांणू निए कि जेबे पाणी ईलाया जाओ, तो माखे कुण्डो रे उतारो, पर मेरे
पऊँछणे ते पईले ई कोई दूजा मांते पईले ई उतरी जाओआ।" 8 यीशुए
तेसखे बोलेया, "उठ और आपणा मांजा चकी की चल-फिर।" 9 से मांणू

तेबुई ठीक ऊईगा और आपणा मांजा चकी की चलणे-फिरने लगेया। से
आरामो रा दिन था। 10 तेबे यहूदी अगुवे तेसखे, जो ठीक ऊई रा था, बोलणे
लगे, "आज तो आरामो रा दिन ए, मूसे रा बिधानो रे मुताबिक ताखे मांजा
चकणा ठीक निए।" 11 तिने तिना खे जवाब दित्तेया, "जिने आऊँ ठीक
कित्तेया, तिने ई माखे बोलेया, 'आपणा मांजा चकी की चल-फिर।'" 12 तिने
तेसते पूछेया, "से कुण मांणू ए, जिने ताखे बोलेया, 'आपणा मांजा चकी की
चल-फिर?'" 13 पर जो ठीक ऊईगा था, से नि जाणो था कि से कुण ए,
कऊँकि तेते जगा रे पीड़ ऊणे री बजअ ते यीशु तेथा ते आटी गे थे। 14
इना गल्ला ते बाद से यीशुए खे मन्दरो रे आँगणो रे मिलेया। यीशुए तेसखे
बोलेया, "देख, तूँ ठीक ऊईगा रा, दुबारा पाप नि करना, एड़ा नि ओ कि इजी
ते जादा मुसीबत तां पाँदे पड़ी जाओ।" 15 तिने मांणूए जायी की यहूदी
अगुवे गे बताई ता कि जिने आऊँ ठीक करी राखेया से यीशु ए। 16 इजी
बजअ ते यहूदी अगुवे यीशुए खे सताणे लगे, कऊँकि सेयो एड़े काम आरामो
रे दिने करो थे। 17 तेबे यीशुए तिना खे बोलेया, "मेरा पिता परमेशर एबुए
तक काम करोआ और आऊँ बी काम करूँआ।" 18 इजी री बजअ ते यहूदी
अगुवे ओर बी जादा तिना खे काणे री कोशिश करने लगे, कऊँकि से ना बस
आरामो रे दिनो री बिधि-बिदान तोड़ोआ, बल्कि परमेशरो खे आपणा पिता
बोली की आपणे आपू खे परमेशरो जेड़ा मानोआ। 19 तेबे यीशुए तिना खे
बोलेया, "आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि आँऊ आपणे आपू ते कुछ नि
करी सकदा, बस से जो पिते खे करदा ऊआ देखूँआ, कऊँकि जो-जो काम से
करोआ, आँऊ बी तिंयाँ ई करोआ। 20 कऊँकि पिता मांते ते प्यार राखोआ
और जो-जो काम से आपू करोआ, तिना सबी खे से माखे दखाओआ और
तेस इना ते बी बड़े काम माखे दखाणे, ताकि तुसे हैरान ओ। 21 कऊँकि
जियाँ पिता मरे रेया खे उठाल़ोआ और जिऊँदा करोआ, तिंयाँ ई आँऊ बी
जिना खे चाओआ, जिऊँदा करूँआ। 22 पिता केसी रा बी न्याय नि करदा,
पर न्याय करने रा सारा काम मांगे गे सम्बाल़ी ता रा। 23 ताकि सब लोक
जियाँ पिते रा आदर करोए, तिंयाँ ई मेरा बी आदर करो, जो मेरा आदर नि
करदा, से पिते रा आदर पनि करदा, जिने से पेजी राखेया। 24 आऊँ तुसा खे
सच-सच बोलूँआ कि जो मेरा वचन सुणी की मेरे पेजणे वाल़े रा विश्वास

करोआ, अनन्त जीवन तेसरा ईए और तेस पाँदे दण्डो री आज्ञा नि ऊँदी,
बल्कि से मौता ते पार ऊई की जीवनो रे जाई चुकेया रा। (aiōnios g166) 25
“आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि से बखत आओआ, और एबुए, जिदे
मरे रेया लोका, परमेशरो रे पुत्रो री आवाज सुणनी और जिना सुणनी, सेयो
सदा खे जिऊँदे ऊई जाणे। 26 कऊँकि जियाँ पिता आपणे आपू रे जीवन
राखोआ, तियाँ ई तिने माखे बी अक्क देई राखेया कि आपणे आपू रे जीवन
राखूँ, 27 बल्कि पिते माखे लोका रा न्याय करने रा अक्क बी देई राखेया,
कऊँकि आँऊ माणूं रा पुत्र ए। 28 इजी ते हैरान नि ओ, कऊँकि से बखत
आऊणा, जेबे जितणे बी कब्रा रे ए, मेरी आवाज सुणी की जिऊँदे ऊई जाणे।
29 जिने-जिने खरा करी राखेया सेयो दुबारा जीवन पाणे खे उठणे और जिने
बुराई करी राखी, सेयो दण्ड पाणे खे दुबारा उठणे। 30 “आऊँ आपणे आपू
ते कुछ नि करी सकदा, जेड़ा पिते ते सुणूँआ, तेड़ा ई न्याय करूँआ और मेरा
न्याय सच्चा ए, कऊँकि आऊँ आपणी इच्छा नि, पर आपणे पेजणे वाल़े री
इच्छा चाऊँआ। 31 जे आऊँ आपू ई आपणी गवाई देऊँ, तो मेरी गवाई सच्ची
निए। 32 एक ओर ए जो मेरी गवाई देओआ और आऊँ जाणूंआ कि मेरी
जो गवाई से देओआ, से सच्ची ए। 33 तुसे यूहन्ना बपतिस्मा देणे वाल़े गे
आपणे लोक पूछणे खे पेजे और तिने सच्चाईया री गवाई दित्ती। 34 पर
आऊँ आपणे बारे रे मांणूआ री गवाई नि चांदा, तेबे बी आऊँ इना गल्ला इजी
खे बोलूँआ, ताकि तुसा खे उद्धार मिलो। 35 यूहन्ना बपतिस्मा देणे वाल़ा
बल़दा और चमकदे ऊए दिऊए जेड़ा था और तुसा खे कुछ देरा खे तेसरी
जोतिया रे मग्न ऊणा अच्छा लगेया। 36 “पर जो मांगे गवाई ए, से यूहन्ना
बपतिस्मा देणे वाल़े री गवाईया ते बड़ी ए। कऊँकि जो काम पिते मांगे पूरा
करने खे सम्बाल़ी राखेया, मतलब-येई काम जो आऊँ करूँआ, सेयो मेरे गवा
ए कि पिते आऊँ पेजी राखेया। 37 और पिते जिने आऊँ पेजी राखेया, तिने ई
मेरी गवाई देई राखी, तुसे ना कदी तेसरी आवाज सुणी राखी और ना कदी
तेसरा रूप देखी राखेया 38 और तेसरे वचनो खे मनो रे नि बठयाल़दे, कऊँकि
जो तिने पेजी राखेया, तुसे तेसरा विश्वास नि करदे। 39 तुसे पवित्र शास्त्रो रे
टोल़ोए, कऊँकि तुसे समजोए कि तुसा खे अनन्त जीवन तिदे मिलोआ और
ये सेईए, जो मेरी गवाई देओआ। (aiōnios g166) 40 “तेबे बी तुसे अनन्त

जिन्दगी पाणे खे मांगे नि आऊणा चांदे। 41 आऊँ मांणूआ ते आदर नि चांदा।
42 पर आऊँ तुसा खे जाणूंआ कि तुसा रे परमेशरो रा प्यार निए। 43 आऊँ
आपणे पिता परमेशरो रे नाओं ते आयी रा और तुसे माखे नि मानदे, जे कोई
दूजा आपणे ई नाओं ते आओ, तो तुसा से मानी लणा। 44 तुसे जो एकी-दूजे
ते आदर चाओए और से आदर जो एक मात्र परमेशरो री तरफा ते ए, चांदे
नि, किंयाँ विश्वास करी सकोए? 45 ये नि समजो कि मां पिते सामणे तुसा
पाँदे दोष लगाणा, तुसा पाँदे तो दोष लगाणे वाला अया, मतलब-मूसा, जेस
पाँदे तुसे उम्मीद राखी री ए। 46 कऊँकि जे तुसे मूसे रा विश्वास करदे, तो
मेरा बी विश्वास करदे, कऊँकि तिने मेरे बारे रे लिखी राखेया। 47 पर जे तुसे
तेसरी लिखी री गल्ला रा विश्वास नि करदे, तो मेरी गल्ला रा किंयाँ करना?"

**6** इना गल्ला ते बाद यीशु गलीलो रे समुद्रो दे, मतलब-तिबिरियास समुद्रो ते
पार गये। 2 तेबे एक बड़ी पारी पीड़ तिना पीछे आईगी, कऊँकि जो सामर्थ रे
काम यीशु बमारा पाँदे करो थे, सेयो तिना खे देखो थे। 3 तेबे यीशु पाह्ड़ो
पाँदे चढ़ी की आपणे चेलेया साथे तेती बैठीगे। 4 यहूदिया रा फसह रा
त्योआर नेड़े था। 5 तेबे यीशुए आपणिया आखी चकी की एक बड़ी पीड़
आपू गे आऊँदी ऊई देखी, तेबे फिलिप्पुसो खे बोलेया, "एबे आसे इना खे
केथा ते रोटी खरीदी की ल्याऊँ?" 6 पर तिने ये गल्ल तेसखे परखणे खे
बोली, कऊँकि सेयो आपू जाणो थे कि मां क्या करना। 7 फिलिप्पुसे तिना
खे बोलेया, "दो सौ चाँदिए रे सिक्केया रे मोलो री रोटी तिना खे थोड़ी-थोड़ी
करी की बी पूरी नि ऊणी।" 8 तिना रे चेलेया बीचा ते शमौन पतरसो रे पाईए
अन्द्रियासे तिना खे बोलेया, 9 "एती एक पाऊ ए, जेसगे पाँज जौ रिया
रोटिया और दो मछलिया ए, पर इतणे लोका खे यो केयी ऊणिया?" 10
यीशुए बोलेया, "लोका खे बठयाली देओ।" तेते जगा रे बऊत काआ था, तेबे
लोक, जिना रे मर्दा री संख्या तकरीबन पाँज ह्जारा री थी, तेती बैठीगे। 11
तेबे यीशुए सेयो रोटिया लईया और धन्यवाद करी की बैठणे वालेया खे बांडी
तिया और तिंयाँ ई मछलिया बी जितणिया सेयो चाओ थे, तिना खे बांडी
तिया। 12 जेबे सेयो खाई की रज्जी गे, तेबे तिने आपणे चेलेया खे बोलेया,
"बचे रे टुकड़े कट्ठे करी देओ, कुछ बी सेटणा नि।" 13 तेबे तिने कट्ठे करी ते
और बारा टोकरिया परी तिया, जबकि सेयो पांजा रोटिया रे टुकड़े थे, जो

खाणे वाल़ेया ते बाद बची रिया थिया। 14 तेबे जो सामर्था रे काम यीशुए
करी की दखाए, तिना देखी की लोक बोलणे लगे, “से भविष्यबक्ता जो
दुनिया रे आऊणे वाल़ा था, पक्का येईए।” 15 यीशु ये जाणी की कि सेयो
माखे राजा बनाणे खे पकड़ना चाओए, फेर सेयो पाह्ड़ो पाँदे कल्ले चली गे।
16 जेबे साँज ऊई, तेबे तिना रे चेले समुद्रो रे कनारे चली गे 17 और किस्तिया
रे चढ़ी की समुद्रो ते पार कफरनहूमो खे जाणे लगे। तेस बखते न्हेरा ऊईगा
था और यीशु एबुए तक तिना गे नि पऊँछी रे थे। 18 तेबे तूफानो री बजअ ते
समुद्रो रे लईरा उठणे लगिया। 19 जेबे सेयो किस्तिया रे सैर करदे ऊए
तकरीबन पाँज-छ: किलोमीटर निकल़ी गे, तेबे तिने यीशु समुद्रो रे चलदे ऊए
और किस्तिया रे नेड़े आऊँदे ऊए देखे और सेयो डरी गे। 20 पर तिने तिना खे
बोलेया, “आऊँ ए, डरो नि।” 21 तेबे सेयो तिना खे किस्तिया रे चढ़ाणे खे
त्यार ऊईगे और तेबे से किस्ती फटाफट तेती पऊँछी गी, जेती सेयो जाणा
चाओ थे। 22 दूजे दिने तेसे पीड़े, जो समुद्रो ते पार थी खड़ी री, तिने देखेया
कि एती तो एक किस्तिया खे छाडी की ओर कोई किस्ती नि थी और यीशु
आपणे चेलेया साथे तेसा किस्तिया रे नि चढ़े, पर बस तिना रेई चेले गये। 23
तेबे बी ओर किस्तिया तिबिरियास नगरो ते तेते जगा रे नेड़े आईया, जेती तिने
यीशुए रे धन्यवाद करने ते बाद रोटी खाई थी। 24 तेबे जेबे पीड़े देखेया कि
एती ना तो यीशु ए और ना तिना रे चेले, तेबे सेयो बी किस्तिया रे चढ़ी की
यीशुए खे टोल़दे ऊए, कफरनहूम नगरो रे पऊँछी गे। 25 समुद्रो ते पार जेबे
सेयो यीशुए खे मिले तेबे तिने बोलेया, “ओ गुरू! तुसे एती कदी आये?” 26
यीशुए जवाब दित्तेया, “आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि तुसे माखे इजी
री खातर नि टोल़दे कि तुसे मेरे सामर्था रे काम देखो, पर इजी री खातर कि
तुसे रोटिया खाई की रज्जी गे। 27 नाशवान रोटिया खे मईणत नि करो,
पर तेसा रोटिया खे मईणत करो, जो अनन्त जीवनो देओई, जो मां माणूं रे
पुत्रो तुसा खे देणी, कऊँकि पिता परमेशरे माखे इजी खे देणे रा अक्क देई
राखेया।” (aiōnios g166) 28 तिने यीशुए खे बोलेया, “परमेशरो रे काम करने
खे आसे क्या करुँ?” 29 यीशुए बोलेया, “परमेशरो रा काम ये कि तुसे तेस
पाँदे, जो तिने पेजी राखेया, विश्वास करो।” 30 तेबे तिने तिना खे बोलेया,
“तेबे तुसे कुण जा चिह्न दखाओ कि आसे तेस देखी की तुसा पाँदे विश्वास

करिए, तुसे कुण जा काम दखाओए? 31 आसा रे बाप-दादे जंगलो रे मन्ना
खाया, जियाँ पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया कि तिने तिना खे खाणे खे
स्वर्गो ते रोटी दित्ती।" 32 यीशुए तिना खे बोलेया, "आऊँ तुसा खे सच-सच
बोलूँआ कि मूसे सेयो रोटिया तुसा खे स्वर्गो ते नि दित्तिया, बल्कि मेरा पिता
तुसा खे सच्ची रोटिया स्वर्गो ते देओआ। 33 कऊँकि परमेशरो री रोटी सेईए,
जो स्वर्गो ते ऊतरी की दुनिया रे लोका खे जीवन देओई।" 34 तेबे तिने तिना
खे बोलेया, "ओ प्रभु! एसा रोटिया आसा खे सदा देया कर।" 35 यीशुए
तिना खे बोलेया, "जीवनो री रोटी आऊँ ए; जो मांगे आऊणा, से कदी पूखा
नि ऊणा और जेस मां पाँदि विश्वास करना, से कदी त्याया नि ऊणा। 36 पर
मैं तुसा खे बोलेया था कि तुसे आऊँ देखी बी लया रा, तेबे बी विश्वास नि
करदे। 37 जो कुछ पिता माखे देओआ, से सब मांगे आऊणा। जो कोई मांगे
आऊणा से मां कदी नि निकयाल़ना। 38 कऊँकि आऊँ आपणी इच्छा नि
बल्कि आपणे पेजणे वाल़े री इच्छा पूरी करने खे स्वर्गो ते उतरी रा। 39
और मेरे पेजणे वाल़े री इच्छा ये कि, जो कुछ तिने माखे देई राखेया, तिजी
बीचा ते आऊँ कुछ नि रचाऊँ, पर तेस आखरी दिना रे फेर जिऊँदा करूँ। 40
कऊँकि मेरे पिते री इच्छा ये कि जो कोई पुत्रो खे देखो और तेस पाँदि विश्वास
करो, से अनन्त जीवन पाओ और मां से आखरी दिनो रे फेर जिऊँदा करना।"
(aiōnios g166) 41 तेबे यहूदी तिना पाँदि कुड़कुड़ाणे लगे, कऊँकि तिने
बोलेया था, "जो रोटी स्वर्गो ते उतरी, से आऊँ ई ये।" 42 तेबे तिने बोलेया,
"क्या ये यूसुफो रा पाऊ यीशु निए, जेसरे माए-बाओ खे आसे जाणूंए? तेबे
ये कऊँ बोलोआ कि आऊँ स्वर्गो ते उतरी रा?" 43 यीशुए तिना खे जवाब
दित्तेया, "आपू बीचे नि कुड़कुड़ाओ। 44 कोई मांगे नि आयी सकदा, जदुओ
तक पिता, जिने आऊँ पेजी राखेया, तेसखे खिंजी ना लओ और आऊँ तेसखे
आखरी दिनो रे फेर जिऊँदा नि करी देऊँ। 45 भविष्यबक्ता रे लेखो रे ये
लिखी राखेया, सेयो सब परमेशरो री तरफा ते सखाए रे ऊणे। जिने किने बी
पिते ते सुणेया और सीखी राखेया, से मांगे आओआ। 46 किने बी पिता
परमेशर नि देखी राखेया, मांते अलावा, जो पिता री तरफा ते पेजी राखेया,
बस तिने ई पिता देखी राखेया। 47 "आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि जो
कोई विश्वास करोआ, अनन्त जीवन तेसरा ईए। (aiōnios g166) 48 जीवनो री

रोटी आऊँ ई ये। 49 तुसा रे बाप-दादे जंगलो रे मन्ना खाया और मरी गे। 50
ये से रोटी ये, जो स्वर्गो ते उतरोई, ताकि मांणू तिजी बीचा ते खाओ और मरो
नि। 51 जीवनो री रोटी, जो स्वर्गो ते उतरी, से आऊँ ई ये। जे कोई इजी
रोटिया ते खाओ, तो सदा जिऊँदा रणा। जो रोटी मां दुनिया रे लोका खे सदा
री जिन्दगिया खे देणी, से मेरा शरीर ए।" (aiōn g165) 52 ये सुणी की यहूदी
लोक आपू बीचे लड़ने लगे, "ये मांणू किंयाँ आसा खे आपणा मांस खाणे
खे देई सकोआ?" 53 यीशुए तिना खे बोलेया, "आऊँ तुसा खे सच-सच
बोलूँआ कि जदुओ तक मां माणूं रे पुत्रो रा मांस नि खाओ और मेरा खून नि
पियो, तुसा रे अनन्त जीवन निए। 54 जो मेरा मांस खाओआ और मेरा खून
पियोआ, अनन्त जीवन तेसरा ईए; और मां आखरी दिनो रे से फेर जिऊँदा
करना। (aiōnios g166) 55 कऊँकि मेरा मांस ई तो खाणे री चीज ए और
मेरा खून ई तो पीणे री चीज ए। 56 जो मेरा मांस खाओआ और मेरा खून
पियोआ, से मांदे पक्का बणेया रा रओआ और आऊँ तेसरे। 57 जियाँ जिऊँदे
पिता परमेशरे आऊँ पेजी राखेया और आऊँ पिते री बजअ ते जिऊँदा ए,
तिंयाँ ई से बी, जो माखे खाओगा, जिऊँदा रणा। 58 आँऊ ई से रोटी ए जो
स्वर्गो ते उतरी री। तेसा रोटिया जेड़ी निए, जो बाप-दादेया खाई और मरी गे,
जो कोई एसा रोटिया खाओगा, से सदा जिऊँदा रणा।" (aiōn g165) 59
यो गल्ला यीशुए कफरनहूम नगरो रे प्रार्थना रे कअरो रे, उपदेश देंदे ऊए
बोलिया। 60 तेबे तिना रे चेलेया बीचा ते कई जणे ये सुणी की बोलेया, "यो
गल्ला तो कठोर ए, इना कुण सुणी सकोआ?" 61 यीशु आपणे मनो रे ये
जाणी की कि मेरे चेले आपू बीचे एते गल्ला पाँदे कुड़कुड़ाओए, तिना ते
पूछेया, "क्या तुसा खे इना गल्ला ते ठोकर लगोई? 62 और जे तुसे मां माणूं
रे पुत्रो खे, जेती आँऊ पईले था, तेती ऊबे स्वर्गो खे जांदे ऊए देखोगे, तो क्या
ऊणा? 63 परमेशरो रा आत्मा ईए जो जीवन देणे वाला ए, पर शरीर ये नि देई
सकदा, जो मैं तुसा खे बोली राखिया, सेयो आत्मिक बी ए और जीवन बी ए।
64 पर तुसा बीचा ते कई जणे तो एड़े ए, जो विश्वास नि करदे।" कऊँकि यीशु
तो पईले तेई जाणो था कि जो विश्वास नि करदे, सेयो कूणे? और केस आऊँ
पकड़वाणा? 65 और तिने बोलेया, "तेबेई तो मैं तुसा खे बोलेया था कि
जदुओ तक केसी खे पिते री तरफा ते ये बरदान नि दित्तेया जाओ, तदुओ तक

से मांगे नि आयी सकदा।” 66 ये सुणी की तिना रे चेलेया बीचा ते कई जणे
उल्टे फिरी गे और तिजी ते बाद तिना साथे नि चले। 67 तेबे यीशुए तिना बारा
चेलेया खे बोलेया, “क्या तुसे बी जाणा चाओए?” 68 शमौन पतरसे तिना
खे जवाब दित्तेया, “ओ प्रभु! आसे केसगे जाऊँ? अनन्त जीवनो री गल्ला तो
तुसा गे ई ये (aiōnios g166) 69 और आसे विश्वास कित्तेया और जाणी गे रे
कि परमेशरो रा पवित्र जन तूँ ई ये।” 70 यीशुए तिना खे बोलेया, “क्या मैं
तुसे बारा जणे नि चूणी राखे? तेबे बी तुसा बीचा ते एक मांणू शैतान ए।” 71
ये तिने शमौन इस्करियोतियो रे पाऊ यहूदा रे बारे रे बोलेया था, कऊँकि येई
तिना बारा चेलेया बीचा ते था, जो यीशुए खे पकड़वाणे वाला था।
7 इना गल्ला ते बाद यीशु गलील प्रदेशो रे कुमदे-फिरदे रये, कऊँकि यहूदी
अगुवे तिना खे काणे री कोशिश करने लगी रे थे, तेबेई तो सेयो यहूदिया
प्रदेशो रे कूमणा नि चाओ थे। 2 यहूदिया रा चूँगड़िया रा त्योआर नेड़े था। 3
यीशुए रे पाईए तिना खे बोलेया, “एथा ते यहूदिया प्रदेशो खे चली जा, ताकि
जो चमत्कारा रे काम तूँ करेया, तिना कामा तेरे और चेले तेती बी देखो। 4
कऊँकि एड़ा कोई नि ऊणा, जो मशुर ऊणा चाओ और लुकी की काम करो,
जे तूँ इना काम करोआ, तो आपू खे दुनिया रे सामणे ल्याओ।” 5 कऊँकि
तिना रे पाई बी तिना पाँदि विश्वास नि करो थे। 6 तेबे यीशुए तिना खे बोलेया,
“मेरा सई बखत एबु नि आयी रा, पर तुसा रिया तंईं सारा बखत ए। 7 दुनिया
रे लोक तुसा ते बैर नि करी सकदे, पर से मांते बैर करोए, कऊँकि आऊँ तेसा
रे बिरोदो रे येई गवाई देऊँआ कि तेसा रे काम बुरे ए। 8 तुसे त्योआरो रे
जाओ, आऊँ एबु एस त्योआरो खे नि जाई सकदा, कऊँकि एबुए तक मेरा
सई बखत पूरा नि ऊई रा।” 9 यीशु तिना साथे इना गल्ला करी की गलील
प्रदेशो रेई रई गे। 10 पर जेबे तिना रे पाई त्योआरो खे चली गे, तेबे सेयो आपू
बी सामणे नि, पर चोरिए जे चली गे। 11 तेबे यहूदी अगुवे त्योआरो रे तिना
खे ये बोली की टोल़ने लगे कि, “से केयी ए?” 12 और लोका बीचे चोरिए-
चोरिए तिना रे बारे रे मुखती गल्ला ऊईया, बऊत जणे बोलो थे, “से पला
मांणू ए और कई जणे बोलो थे कि नई, से तो लोका खे भरमाओआ।” 13
तेबे बी यहूदिया रे डरो रे मारे कोई बी मांणू तिना रे बारे रे खुली की नि बोलो
था। 14 जेबे त्योआरो रे आदे दिन बीती गे, तेबे यीशु मन्दरो रे आँगणो रे जाई

की उपदेश देणे लगे। **15** तेबे यहूदिये हैरान ऊई की बोलेया, “एसखे बिना
पढ़े बिद्या केथा ते आईगी?” **16** यीशुए तिना खे बोलेया, “मेरा उपदेश मेरा
नि, बल्कि मेरे पेजणे वाल़े राए। **17** जे कोई परमेशरो री इच्छा पाँदे चलणा
चाओ, तो तेसखे एस उपदेशो रे बारे रे पता लगी जाणा कि ये परमेशरो रिया
तरफा तेया या आऊँ आपू ते बोलूँआ। **18** जो आपू ते कुछ बोलोआ, से
आपणी तारीफ चाओआ, पर जो आपणे पेजणे वाल़े री तारीफ चाओआ,
सेई परोसे रे जोगा ए और से पापी निए। **19** क्या मूसे तुसा खे बिधान नि देई
राखेया? तेबे बी तुसा बीचा ते कोई बी बिधानो पाँदे नि चलदा। तुसे माखे
काणा कऊँ चाओए?” **20** लोके जवाब दित्तेया, “तांदे दुष्टात्मा ए, ताखे कुण
काणा चाओआ।” **21** यीशुए तिना खे जवाब दित्तेया, “मैं आरामो रे दिने एक
चमत्कार कित्तेया और तुसे सब हैरानी करोए। **22** तुसे बोलोए कि मूसे तुसा
खे खतने री आज्ञा देई राखी। इजी री बजअ ते तुसे आरामो रे दिने मांणूआ रा
खतना करोए। ये नियम मूसे री तरफा ते निए, पर तुसा रे बाप-दादेया रे
बखतो ते चले आयी रे। **23** तेबेई तो आरामो रे दिने मांणूए रा खतना करेया
जाओआ, ताकि मूसे रे बिधानो री आज्ञा टल़ी नि जाओ, तो तुसे मां पाँदे रोष
कऊँ करोए कि मैं आरामो रे दिने एक मांणू अच्छी रीतिया ते ठीक कित्तेया।
**24** मूँ देखी की न्याय नि करो, पर ठीक-ठीक न्याय करो।” **25** तेबे कई
यरूशलेमी लोक बोलणे लगे, “क्या ये सेई निए, जेसखे काणे री कोशिश
ऊणे लगी री? **26** पर देखो, ये तो खुल्लमखुल्ला गल्ला करोआ और कोई
एसखे कुछ नि बोलदा, केथी एड़ा तो निए कि अधिकारिए सच-सच जाणी
ला रा कि येई मसीह ए? **27** एसखे तो आसे जाणूंए कि ये केथो राए; पर
मसीह जेबे आऊणा, तेबे केसी नि जाणना कि से केथो राए?” **28** तेबे यीशुए
मन्दरो रे आँगणो रे उपदेश देंदे ऊए जोरे की बोलेया, “तुसे माखे जाणोए और
ये बी जाणोए कि आऊँ केथो राए, आऊँ आपू ते नि आयी रा, पर माखे
पेजणे वाल़ा सच्चा ए, तेसखे तुसे नि जाणदे। **29** पर आऊँ तेसखे जाणूंआ,
कऊँकि आऊँ तेसरी तरफा ते और तिने आऊँ पेजी राखेया।” **30** तेबे तिने
सेयो पकड़ना चाए, पर तेबे बी किने बी तिना पाँदे आथ नि पाया, कऊँकि
तिना रा सई बखत एबुए तक नि आयी रा था। **31** तेबे बी पीड़ा बीचा ते कई
जणेया तिना पाँदे विश्वास कित्तेया और बोलणे लगे, “मसीह जेबे आऊणा,

तो क्या एसते जादा सामर्थी रे काम दखाणे, जो इने दखाए?" 32 फरीसिये,
लोका ते तिना रे बारे रे यो गल्ला चोरिए-चोरिए करदे ऊए सुणिया और बड़े
पुरोईत और फरीसिये तिना खे पकड़ने खे मन्दरो रे पईरेदार पेजे। 33 तेबे
यीशुए बोलेया, "आऊँ थोड़ी देर तक ओर तुसा साथे ए, तेबे आपणे पेजणे
वाल़े गे चली जाणा। 34 तुसा आऊँ टोल़ना, पर मिलणा नि और जेती आऊँ
ए, तेती तुसे आयी नि सकदे।" 35 तेबे यहूदिये अगुवे आपू बीचे बोलेया, "ये
केयी जाणा, कि आसा खे नि मिलणा? क्या ये तिना बीचे जाणा, जो यूनानो
रे ओरे-पोरे ऊई की रओए और यूनानिया खे बी उपदेश देओगा? 36 ये क्या
गल्ल ए, जो इने बोली कि, 'तुसा आऊँ टोल़ना, पर मिलणा नि और जेती
आऊँ ए, तेती तुसे आयी नि सकदे?'" 37 तेबे त्योआरो रे आखरी दिने, जो
खास दिन था, यीशु खड़े ऊईगे और आक्का पाई की बोलेया, "जेसखे त्याय
ए, तो से मांगे आओ और पियो। 38 जो मां पाँदे विश्वास करोगा, जेड़ा पवित्र
शास्त्रो रे लिखी राखेया, 'तेसरे दिलो ते जिन्दगिया रे पाणिए रिया नदिया
बईंदिया निकल़निया।'" 39 तिने ये वचन पवित्र आत्मा रे बारे रे बोलेया, जो
तिना पाँदे विश्वास करने वाल़ेया खे मिलणे वाल़ी थी। कऊँकि पवित्र आत्मा
एबुए तक नि उतरी रा था, कऊँकि यीशु एबुए तक आपणी महिमा रे नि
पऊँछेया था। 40 तेबे पीड़ा बीचा ते किने-किने ये गल्ला सुणी की बोलेया,
"सच्ची येई से भविष्यबक्ता ए, जेसरे आऊणे री आसे उम्मीद लगाई राखी।"
41 कईए बोलेया, "ये मसीह ए।" पर कईए बोलेया कऊँ, "क्या मसीह
गलील प्रदेशो ते आऊणा? 42 क्या पवित्र शास्त्रो रे नि लिखी राखेया कि
मसीह दाऊदो रे कुलो रे और बैतलहमो रे गांव ते आऊणा, जेती दाऊद रओ
था?" 43 तेबे तिना री बजअ ते लोका बीचे फूट पड़ी गी। 44 तिना बीचा ते
कई जणे यीशुए खे पकड़ना चाओ थे, पर किने बी तिना पाँदे आथ नि पाया।
45 तेबे मन्दरो रे पईरेदार, बड़े पुरोईत और फरीसिया गे वापस आए, तेबे
तिने तिना खे बोलेया, "तुसे तेसखे कऊँ नि ल्याए?" 46 मन्दरो रे पईरेदारे
बोलेया, "किने बी मांणूए कदी बी एड़िया गल्ला नि बोलिया।" 47 फरीसिये
पईरेदारा खे बोलेया, "क्या तुसे बी भरमाई गे दे? 48 क्या अधिकारी और
फरीसिया बीचा ते किने बी तेस पाँदे विश्वास करी राखेया? 49 पर यो लोक
जो मूसे रे बिधानो खे नि जाणदे, परमेशरो री तरफा ते स्रापित ए।" 50

नीकुदेमुसे जो पईले यीशुए गे राती आया था और तिना बीचा ते एक था,
तिना खे बोलेया, 51 "क्या आसा रा बिधान केसी मांणूए खे, जदुओ तक
तेसरी सुणी की जाणी नि लओ कि से क्या करोए; दोषी मानोआ?" 52 तिने
तेसखे जबाब दित्तेया, "ओ नीकुदेमुस, क्या तूँ बी गलील प्रदेशो राए? पवित्र
शास्त्रो रे टोल़ और देख कि गलील प्रदेशो ते कोई बी भविष्यबक्ता आई नि
सकदा।" 53 तेबे सब आपणे-आपणे कअरो खे चली गे।

8 यीशु जैतूनो रे पाह्ड़ो पाँदे चली गे। 2 आगले दिने प्यागा फेर से मन्दरो रे
आईगे और बऊत लोक तिना गे आईगे और यीशु मन्दरो रे आँगणो रे बैठी की
तिना खे उपदेश देणे लगे। 3 तेबे शास्त्री और फरीसी एक जवाणसा खे
ल्याए, जो व्याभिचार करदे ऊए पकड़ी थी और से बीचे खड़ी करी ती 4 और
यीशुए खे बोलेया, "ओ गुरू! ये जवाणस व्याभिचार करदे ऊए पकड़ी राखी।
5 बिधानो रे मूसे आसा खे आज्ञा देई राखी कि एड़िया जवाणसा खे पत्थराव
करना चाईयो। तो तुसे एसा जवाणसा रे बारे रे क्या बोलोए?" 6 तिने तिना
खे परखणे खे ये गल्ल बोली, ताकि तिना रे दोष लगाणे खे कोई गल्ल
पकड़ो, पर यीशु चुकी की गूठिये की जमीना पाँदे लिखणे लगे। 7 जेबे सेयो
तिना ते पुछदे ई रये, तेबे तिने सीदे ऊई की तिना खे बोलेया, "तुसा बीचा ते
जो निष्पाप ए सेई एसा पाँदे पईले पात्थर बाओ।" 8 और तेबे फेर चुकी की
जमीना पाँदे गुठिया साथे लिखणे लगे। 9 पर सेयो ये सुणी की बड़ेया ते
लयी की छोटेया तक, एक-एक करी की निकल़ी गे और यीशु कल्ले रई गे
और जवाणस तेथी बीचे खड़ी री रईगी। 10 यीशुए सीदे ऊई की तेसा खे
बोलेया, "ओ जवाणसे! सेयो केयी गे? क्या किने बी तां पाँदे दण्डो री आज्ञा
नि दित्ती?" 11 तेसे बोलेया, "ओ प्रभु! किने पनि।" यीशुए बोलेया, "आऊँ
बी तां पाँदे दण्डो री आज्ञा नि देंदा, जा और फेर पाप नि करना।" 12 तेबे
यीशुए फेर लोका खे बोलेया, "दुनिया री जोति आऊँ ई ये, जो मां पीछे
आऊणा, से न्हेरे रे नि चलणा, बल्कि तेस जोति पाणी जो जीवन देओई।"
13 फरीसिये तिना खे बोलेया, "तूँ आपणी गवाई आपू देओआ, तेरी गवाई
ठीक निए।" 14 यीशुए तिना खे बोलेया, "बेशक आऊँ आपणी गवाई आपू
ई देऊँआ, तेबे बी मेरी गवाई ठीक ए, कऊँकि आऊँ जाणूंआ कि आऊँ केथा
ते आयी रा और केथो खे जाऊँआ? पर तुसे नि जाणदे कि आऊँ केथा ते

आयी रा और केथो खे जाऊँआ? 15 तुसे मूँ देखी की न्याय करोए, आऊँ
केसी रा न्याय नि करदा 16 और जे आऊँ न्याय करुँ बी, तो मेरा न्याय सच्चा
ए, कऊँकि आऊँ कल्ला निए, पर पिता जिने आऊँ पेजी राखेया मां साथे ए।
17 तुसा रा बिधानो रे बी लिखी राखेया कि दो जणेया री गवाई मिली की
ठीक ओई, 18 एक तो आऊँ आपणी गवाई देऊँआ और दूजा पिता मेरी
गवाई देओआ, जिने आऊँ पेजी राखेया।" 19 तिने तिना खे बोलेया, "तेरा
पिता केयी ए?" यीशुए बोलेया, "ना तुसे माखे जाणदे और ना मेरे पिते खे,
जे तुसे माखे जाणदे तो मेरे पिते खे बी जाणदे।" 20 यो गल्ला तिने मन्दरो रे
आँगणो रे उपदेश देंदे ऊए पण्डार कअरो रे बोलिया और किने बी सेयो पकड़े
नि, कऊँकि एबुए तक तिना रा सई बखत नि आयी रा था। 21 यीशुए फेर
तिना खे बोलेया, "आऊँ जाऊँआ और तुसा आऊँ टोल़ना और आपणे पापो रे
मरने। जेती आऊँ जाऊँआ, तेती तुसे नि आयी सकदे।" 22 तेबे यहूदिये
अगुवे बोलेया, "क्या ये आपणे आपू खे कायी देओगा, जो बोलोआ, 'जेती
आऊँ जाऊँआ तेती तुसे नि आयी सकदे'?" 23 यीशुए तिना खे बोलेया,
"तुसे ऊँदले ए और आऊँ स्वर्गो राए, तुसे दुनिया रे ए और आऊँ दुनिया रा
निए। 24 तेबेई तो मैं तुसा खे बोलेया कि तुसे आपणे पापो ते मरने, कऊँकि
जे तुसे विश्वास नि करोगे कि आऊँ सेईए, तो आपणे पापो रे मरने।" 25
यहूदी अगुवे तिना खे बोलेया, "तूँ कूणे?" यीशुए तिना खे बोलेया, "आँऊ
सेईए, जो शुरूओ ते तुसा खे बोलदा ऊआ आयी रा, 26 तुसा रे बारे रे मां
बऊत कुछ बोलणा और न्याय करना ए, पर मेरा पेजणे वाल़ा सच्चा ए और
जो मैं तेसते सुणी राखेया, सेई दुनिया रे लोका खे बोलूँआ।" 27 सेयो एबुए
तक ये नि समजे कि यीशु तिना गे आपणे पिता परमेशरो रे बारे रे बोलणे
लगी रा। 28 तेबे यीशुए बोलेया, "जेबे तुसा आँऊ माणूं रा पुत्र ऊच्चे पाँदे
चढ़ाणा, तेबे जाणना कि आऊँ सेईए और आपणे आपू ते कुछ नि करदा,
बल्कि जिंयाँ पिता परमेशरे माखे सखयाल़ी राखेया, तिंयाँ ई इना गल्ला खे
बोलूँआ। 29 माखे पेजणे वाल़ा मां साथे ए, तिने आऊँ कल्ला नि छाडी
राखेया, कऊँकि आऊँ सदा सेई काम करूँआ, जेते साथे से खुश ओआ।"
30 सेयो इना गल्ला बोलणे ई लगी रे थे कि बऊत जणेया तिना पाँदे विश्वास
कित्तेया। 31 तेबे यीशुए तिना यहूदिया खे, जिने तिना पाँदे विश्वास कित्तेया

था, बोलेया, “जे तुसे मेरे वचनो रे बणे रे रओगे, तो सच्ची मेरे चेले ठईरने।
32 तुसा सच जाणना और सच्चो तुसे आजाद करने।” 33 तिने यीशुए खे
बोलेया, “आसे तो अब्राहमो रे कुल़ो ते ए और कदी केसी रे दास नि ऊए।
तेबे तुसे कऊँ बोलोए कि तुसे आजाद ऊई जाणे?” 34 यीशुए तिना खे
जवाब दित्तेया, “आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि जो कोई पाप करोआ,
से पापो रा दास ए। 35 दास सदा कअरे नि रंदा, पाऊ सदा कअरे रओआ।
(aiōn g165) 36 तेबे जे पुत्र तुसा खे आजाद करोगा, तो सच्ची तुसे आजाद
ऊई जाणे। 37 आऊँ जाणूंआ कि तुसे अब्राहमो रे कुल़ो ते ए, तेबे बी मेरा
वचन तुसा रे दिलो रे नि बसदा, तेबेई तो तुसे माखे काणा चाओए। 38 आऊँ
सेई बोलूँआ, जो मैं पिते गे देखी राखेया और तुसे सेई करदे रओए, जो तुसे
आपणे पिते ते सुणी राखेया।” 39 तिने बोलेया, “आसा रा पिता तो अब्राहम
ए।” यीशुए तिना खे बोलेया, “जे तुसे अब्राहमो री ल्वाद ऊँदे तो अब्राहमो
जेड़े काम करदे। 40 पर एबे तुसे मां जेड़े मांणूए खे काणा चाओए, जिने तुसा
गे से सच्चा वचन बताया, जो परमेशरो ते सुणेया, ये तो अब्राहमे नि कित्तेया
था। 41 तुसे आपणे पिते जेड़ा काम करोए।” तिने यीशुए खे बोलेया, “आसे
व्याभिचारो ते नि जम्मी रे, आसा रा एक ई पिता ए, मतलब-परमेशर।” 42
यीशुए तिना खे बोलेया, “जे परमेशर तुसा रा पिता ऊँदा, तो तुसे मां साथे
प्यार राखदे, कऊँकि आऊँ परमेशरो री तरफा ते आयी रा, आऊँ आपू ते नि
आयी रा, बल्कि तिने ई आऊँ पेजी राखेया। 43 तुसे मेरी गल्ल कऊँ नि
समजदे? क्या तेबे कि तुसे मेरा वचन नि सुणी सकदे? 44 तुसा रा पिता
शैतान ए और तुसे आपणे पिते री इच्छा पूरी करना चाओए। से तो शुरूओ
तेई अत्यारा ए और सच्चो पाँदे खड़ा नि रंदा, कऊँकि सच तेसरे आया ई नि,
जेबे से चूठ बोलोआ, तेबे से आपणे ई सबाओ ते बोलोआ, कऊँकि से चूठा
ए, बल्कि चूठो रा पिता ए। 45 पर आऊँ जो सच बोलूँआ, तेबेई तो तुसे मेरा
विश्वास नि करदे। 46 तुसा बीचा ते कुण माखे पापी ठराओआ? जे आऊँ
सच बोलूँआ, तो तुसे मेरा विश्वास कऊँ नि करदे? 47 जो कोई परमेशरो राए,
से परमेशरो री गल्ला सुणोआ। ये गल्ला तुसे तेबे नि सुणदे, कऊँकि तुसे
परमेशरो रे निए।” 48 ये सुणी की यहूदिये तिना खे बोलेया, “क्या आसे
ठीक नि बोलदे कि तूँ सामरी ए और तांदे दुष्टात्मा ए?” 49 यीशुए जवाब

दित्तेया, “मांदे दुष्टात्मा निए, पर आऊँ आपणे पिते रा आदर करूँआ और तुसे
मेरा आदर नि करदे। 50 पर आऊँ आपणा आदर नि चांदा, पर आ, एक तो
आए, जो मेरा आदर करवाणा चाओआ और से इजी रा न्याय करोआ। 51
आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि जे कोई मांणू मेरे वचनो पाँदे चलोगा, तो
तेसखे अनन्तकालो तक मौत नि आऊणी।” (aiōn g165) 52 यहूदिये यीशुए
खे बोलेया, “एबे तो आसे जाणी ला रा कि तांदे दुष्टात्मा ए, अब्राहम तो मरी
गा रा और भविष्यबक्ता बी मरी गे रे और तूँ बोलेया कि ‘जो कोई मेरे वचनो
पाँदे चलोगा, तो तेसखे अनन्तकालो तक मौत नि आऊणी।’ (aiōn g165) 53
आसा रा पिता अब्राहम तो मरी गा रा, क्या तूँ तेसते बड़ा ए? भविष्यबक्ता बी
मरी गे रे, तूँ आपणे आपू खे क्या समजेया?” 54 यीशुए बोलेया, “जे आऊँ
आपणी महिमा आपू ई करने लगी जाऊँ, तो मेरी महिमा कुछ निए, पर मेरी
महिमा करने वाल़ा मेरा पिता ए, जेसखे तुसे बोलोए कि आसा रा परमेशर
ए। 55 तुसे तो से नि जाणेया, पर आऊँ तेसखे जाणूंआ, और जे बोलूँ कि
आऊँ तेसखे नि जाणदा, तो आऊँ तुसा जेड़ा चूठा ठईरूँगा, पर आऊँ तेसखे
जाणूंआ और तेसरे वचनो पाँदे चलूँआ। 56 तुसा रा पिता अब्राहम मेरा दिन
देखणे री इच्छा रे बऊत मग्न था और तिने देखेया और खुश ऊआ।” 57
यहूदिये तिना खे बोलेया, “एबुए तक तूँ पंजा साला रा नि ऊआ, तेबे बी तैं
अब्राहम देखी राखेया?” 58 यीशुए तिना खे बोलेया, “आऊँ तुसा खे सच-
सच बोलूँआ कि अब्राहमो रे पैदा ऊणे ते पईले, आऊँ ए।” 59 तेबे तिने
यीशुए खे बाणे खे पात्थर चके, पर यीशु लुकी की मन्दरो ते निकल़ी गे।

**9** यीशु और तिना रे चेलेया तीसिए जांदे ऊए एक एड़ा मांणू देखेया, जो
जन्मो तेई अन्दा था। 2 तेबे तिना रे चेलेया तिना ते पूछेया, “ओ गुरू! किने
पाप कित्तेया था, इने मांणूए, जो अन्दा जम्मेया या एसरे माए-बाओ?” 3
यीशुए जवाब दित्तेया, “ना तो इने पाप करी राखेया और ना एसरे माए-बाओ
कि ये अन्दा जम्मेया, पर ये तेबे ऊआ, ताकि परमेशरो रे सामर्था रे काम एस
पाँदे प्रगट ओ। 4 जिने आऊँ पेजी राखेया, आसा खे जरूरी ये कि आसे तेसरे
काम दिनो-दिने ई नपटयाणा जरूरी ए, कऊँकि से रात आऊणे वाल़ी ए, जिदे
कोई काम नि करी सकदा। 5 जदुओ तक आऊँ दुनिया रे ए, तदुओ तक,
दुनिया री जोति ए।” 6 ये बोली की तिने जमीना पाँदे थूकेया और तेस थूको

साथे माट्टी सीन्नी कित्ती और से माट्टी तेस अन्दे रिया आखी रे मल़ी की 7
तेसखे बोलेया, “जा, और शीलोहो रे कुण्डो रे आपणी आखी तोई लो”
(जेतेरा मतलब पेजे राए) तेबे तिने जायी की आखी तोईया और देखदा ऊआ
आया। 8 तेबे तेस मांणूए रे पड़ोसिये और जिने से पईले पीख मांगदा ऊआ
देखेया था, एकी दूजे ते बोलणे लगे, “क्या ये सेई निए, जो बैठेया रा पीख
माँगो था?” 9 कईए बोलेया, “ये सेईए,” ओरी बोलेया, “ना, ये तो तेसरा
हमशक्ल ए।” तिने बोलेया, “आऊँ सेईए।” 10 तेबे सेयो तेसते पूछणे लगे,
“तेरिया आखी किंयाँ ठीक ऊईगिया?” 11 तेबे तिने बोलेया, “यीशु नाओं रे
एक मांणूए माट्टी सेड़ी और मेरी आखी रे मल़ी और माखे बोलेया, ‘जा और
शीलोहो रे कुन्डो रे आपणी आखी तोई लो।’ तेबे आऊँ कुण्डो रे गया और
आखी तोई की देखणे लगी गा।” 12 तिने तेसते पूछेया, “से मांणू केयी ए?”
तिने बोलेया, “आऊँ नि जाणदा।” 13 तेबे लोक तेसखे, जो पईले अन्दा था,
फरीसिये गे लयी गे। 14 जेस दिने यीशुए माट्टी सेड़ी की तेसरी आखी ठीक
कित्तिया थिया, से आरामो रा दिन था। 15 तेबे फरीसिये बी तेसते पूछेया,
“तेरिया आखी किंयाँ ठीक ऊईगिया?” तिने बोलेया, “तिने मेरी आखी रे
माट्टी लगाई, तेबे मैं तोईया और एबे देखणे लगेया।” 16 तेबे कई फरीसी
बोलणे लगे, “ये मांणू परमेशरो री तरफा ते निए, कऊँकि से आरामो रा दिन
नि मानदा।” ओरी बोलेया, “पापी मांणू किंयाँ एड़े चिह्न दखाई सकोआ?”
तेबे तिना बीचे फूट पड़ी गी। 17 तिने तेस अन्दे खे फेर बोलेया, “जिने तेरी
आखी कित्तिया ठीक कि तूँ तेसरे बारे रे क्या बोलेया?” तिने बोलेया, “से
भविष्यबक्ता ए।” 18 पर यहूदिया खे विश्वास नि ऊआ कि ये अन्दा था और
एबे देखोआ, जदुओ तक तिने तेसरे माए-बाओ बुलाई की 19 सेयो नि पूछी
ले, “क्या ये तुसा रा पाऊ ए, जेसखे तुसे बोलोए कि अन्दा जम्मी रा? तेबे
एबे किंयाँ देखोआ?” 20 तेसरे माए-बाओ बोलेया, “आसे ये तो जाणूंए कि
ये आसा रा पाऊ ए और जन्मो ते अन्दा था। 21 पर ये नि जाणदे कि किंयाँ
देखणे लगी गा और ना ई ये जाणदे कि किने एसरिया आखी ठीक कित्तिया।
से छोटा जा बच्चा निए, तेसते ई पूछी लो, तेस आपणे बारे रे आपू ई बताई
देणा।” 22 यो गल्ला तिने तेबे बोलिया कऊँकि, सेयो यहूदी अगुओ ते डरो
थे, कऊँकि यहूदी अगुवे एक मत ऊई चुके थे कि जे कोई ये विश्वास करोगा

कि से मसीह ए, तो से प्रार्थना रे कअरो ते निकयाल़ी देणा। 23 इजी री
बजअ ते तेसरे माए-बाओ बोलेया, “से छोटा जा बच्चा निए, एसते ई पूछी
लो।” 24 तेबे यहूदी अगुवे तेस मांणूए ते, जो अन्दा था, दूजी बार बुलाई की
तेसखे बोलेया, “परमेशरो खे गवा मानी की सच बोल, आसे तो जाणूंए
कि से मांणू पापी ए।” 25 तिने बोलेया, “आऊँ नि जाणदा कि से पापी ए
कि नई, आऊँ एक गल्ल जाणूंआ कि आऊँ पईले अन्दा था और एबे देखी
सकूँआ।” 26 तिने तेसखे फेर बोलेया, “तिने तां साथे क्या कित्तेया और तेरी
आखी किंयाँ ठीक कित्तिया?” 27 तिने तिना खे बोलेया, “आऊँ तो तुसा खे
बोली चुकेया रा और तुसेई नि सुणेया, एबे दूजी बार कऊँ सुणना चाओए?
क्या तुसे बी तेसरे चेले बणना चाओए?” 28 तेबे सेयो तेसखे खरा-बुरा
बोलणे लगे, “तूँ ई तेसरा चेला ए, आसे तो मूसे रे चेले ए। 29 आसे जाणूंए
कि परमेशरे मूसे साथे गल्ला कित्तिया, पर एस मांणूए खे नि जाणदे कि
केथो राए?” 30 तिने तिना खे बोलेया, “ये तो हैरानिया री गल्ल ए कि तुसे
नि जाणदे कि से केथो राए, तेबे बी तिने मेरिया आखी ठीक कित्तिया। 31
आसे जाणूंए कि परमेशर पापिया री नि सुणदा, पर जे कोई परमेशरो रा भक्त
ओ और तेसरी इच्छा पाँदे चलोआ, तो से तेसरी सुणोआ। 32 दुनिया री
शुरूआता ते ये कदी बी सुणने बीचे नि आया कि किने बी जन्मो रे अन्दे रिया
आखी ठीक कित्तिया ओ। (aiōn g165) 33 जे ये मांणू परमेशरो री तरफा ते
नि ऊँदा, तो कुछ पनि करी सको था।” 34 तिने तेसखे जवाब दित्तेया, “तूँ तो
बिल्कुल पापो ते जम्मी रा, तूँ आसा खे क्या सिखाएया?” और तिने से बारे
निकयाल़ी ता। 35 जेबे यीशुए सुणेया कि तिने से बारे निकयाल़ी ता, तेबे
सेयो तेसखे मिले और बोलेया, “क्या तूँ माणूं रे पुत्रो पाँदे विश्वास करेया?”
36 तिने जवाब दित्तेया, “ओ प्रभु! से कुणे कि आऊँ तेस पाँदे विश्वास करूँ?”
37 यीशुए तेसखे बोलेया, “तैं से देखी बी राखेया और जो तां साथे जपणे
लगी रा से येईए।” 38 तिने बोलेया, “ओ प्रभु! आँऊ विश्वास करूँआ।” और
तिने तिना गे माथा टेकेया। 39 तेबे यीशुए बोलेया, “आँऊ एसा दुनिया पाँदे
न्याय करने आयी रा ताकि जो देखदे नि, सेयो देखो और जो देखोए, सेयो
अन्दे ऊई जाओ।” 40 जो फरीसी तिना साथे थे तिने यो गल्ला सुणी की
तिना खे बोलेया, “क्या आसे बी अन्दे ए?” 41 यीशुए तिना खे बोलेया, “जे

तुसे अन्दे ऊँदे तो पापी नि ऊँदे, पर एबे बोलोए कि आसे देखूँए, तेबेई तो
तुसा रा पाप बणेया रा रओआ।”

**10** यीशुए फेर बोलेया, “आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि जो कोई
गवाईणी रे द्वारो ते नि जांदा, पर ओरी किसीये चढ़ी जाओआ, से चोर और
डाकू ए। 2 पर जो-जो द्वारो रिये आओआ, से पेडा खे चराणे वाल़ा ए। 3
तेसखे द्वारपाल द्वार खोली देओआ और पेडा तेसरा ग्लाणा पछयाणोईया और
से आपणी पेडा खे नाओं लयी-लयी की बुलाओआ और बारे लयी जाओआ।
4 जेबे से आपणी सारी पेडा खे बारे निकाल़ी चुकोआ, तेबे से तिना रे आगे-
आगे चलोआ और पेडा तेस पीछे-पीछे चलणे लगोईया, कऊँकि सेयो तेसरा
ग्लाणा पछयाणोईया। 5 पर सेयो ओरी पीछे नि जांदिया, बल्कि तेसगे ते
नठी जाओईया, कऊँकि सेयो ओरी री आवाज नि पछयाणदिया।” 6 यीशुए
तिना खे ये उदारण बोलेया, पर सेयो नि समजे कि यो कुण जी गल्ला ए, जो
ये आसा खे बोलणे लगी रा। 7 तेबे यीशुए तिना खे फेर बोलेया, “आऊँ तुसा
खे सच-सच बोलूँआ कि पेडा रा पीतरे आऊणे रा द्वार आऊँ ए। 8 जितणे
मांते पईले आए, सेयो सब चोर और डाकू ए, पर मेरी पेडे तिना री नि सुणी।
9 द्वार आऊँ ए, जे कोई मेरे जरिए पीतरे जाओगा, तो उद्धार पाओगा, और
पीतरे-बारे आया-जाया करना और तेसखे चारा मिलणा। 10 चोर कोई ओर
काम करने नि, पर बस चोरी करने, काणे और सत्यानाश करने आओआ,
आऊँ तेबे आया कि सेयो जीवन पाओ और बऊत जादा पाओ। 11 अच्छा
चराणे वाल़ा आऊँ ए, अच्छा चराणे वाल़ा आपणी पेडा खे आपणा प्राण तक
देई देओआ। 12 मजदूर, जो ना तो चराणे वाल़ा ए और ना पेडा रा मालक ए,
जेबे भेड़िया आओआ, तो पेडा खे छाडी की नठी जाओआ और भेड़िया तिना
पेडा पाँदे अमला करोआ और पेडा खे ओरे-पोरे करी देओआ। 13 से तेबे
नठी जाओआ, कऊँकि से एक मजदूर ए और तेसखे पेडा री चिन्ता निए। 14
“अच्छा चराणे आऊँ ए, आऊँ आपणी पेडा खे जाणूंआ और मेरी पेडा माखे
जाणोईया। 15 जिंयाँ पिता माखे जाणोआ और आऊँ तेसखे जाणूंआ और
आऊँ पेडा खे आपणे प्राण देऊँआ। 16 मेरिया ओर बी पेडा ए, जो एथो री
गवाईणी रिया निया, माखे सेयो बी ल्याऊणिया जरूरी ए, तिना मेरा ग्लाणा
सुणना, तेबे एक ई चूण्ड और एक ई चराणे वाल़ा ऊणा। 17 पिता तेबे मांते

प्यार राखोआ, कऊँकि आऊँ आपणे प्राण देई देऊँआ, ताकि तेस फेर लयी
लूँ। 18 कोई बी मांते मेरा प्राण लई नि सकदा, बल्कि आऊँ तेसखे आपू ई
देई देऊँआ। माखे देणे रा अक्क ए और तिजी खे फेर लणे रा अक्क बी ए, ये
आज्ञा मेरे पिते ते माखे मिली री।" 19 इना गल्ला री बजअ ते यहूदिया बीचे
फेर फूट पड़ी गी। 20 तिना बीचा ते बऊत जणे बोलणे लगे, "एसरे दुष्टात्मा
ए और ये पागल ए, एसरी कऊँ सुणोए?" 21 ओरी बोलेया, "इना गल्ला
एड़ा मांणू नि बोली सकदा, जेसरे दुष्टात्मा ओ, क्या दुष्टात्मा अन्दे रिया
आखी खोली सकोई?" 22 यरूशलेमो रे समर्पणो रा त्योआर था और ठण्डी
रा बखत था। 23 यीशु मन्दरो रे आँगणो रे सुलेमानो रे बरंडे( बरामदा) रे
कूमणे-फिरने लगी रे थे। 24 तेबे यहूदिये सेयो केरी ते और तिना ते पूछेया,
"तां आसा रा मन कदुओ तक दुबिदा रे राखणा? जे तूँ मसीह ए, तो आसा गे
साफ-साफ बोली दे।" 25 यीशुए तिना खे बोलेया, "मैं तो तुसा खे बोलेया
पर तुसे मेरा विश्वास नि कित्तेया, जो काम आऊँ पिते रे नाओं ते करूँआ,
सेयो ई मेरे गवा ए। 26 पर तुसे मेरा विश्वास तेबे नि करदे, कऊँकि तुसे मेरी
पेडा बीचा ते निए। 27 मेरी पेडा मेरा ग्लाणा पछयाणोईया और आऊँ तिना
खे जाणूंआ, और सेयो मां पीछे-पीछे चलोईया। 28 आऊँ तिना खे अनन्त
जीवन देऊँआ और सेयो कदी नाश नि ऊणिया, और तिना खे कोई मांते
छुड़ाई की लई नि सकदा। **(aiōn g165, aiōnios g166)** 29 मेरे पिता, जिने
माखे सेयो देई राखिया, सबी ते बड़ा ए और कोई तिना खे पिते रे आथो ते
छुड़ाई की लई नि सकदा। 30 आऊँ और पिता एक ए।" 31 यहूदिये फेर
तिना खे पत्थराव करने खे पात्थर चके। 32 तेबे यीशुए तिना खे बोलेया, "मैं
तो तुसा खे आपणे पिते री तरफा ते बऊत खरे काम दखाई राखे, तिना बीचा
ते तुसे कुण जे कामो री बजअ ते मां पाँदि पत्थराव करोए?" 33 यहूदिये
तिना खे जवाब दित्तेया, "खरे कामा खे आसे तां पाँदि पत्थराव नि लगी रे
करने, बल्कि परमेशरो री निन्दा री बजअ ते और इजी री बजअ ते कि तूँ
मांणू ऊई की आपू खे परमेशर बोलोआ।" 34 यीशुए तिना खे बोलेया, "क्या
तुसा रे पवित्र शास्त्रो रे नि लिखी राखेया, 'मैं बोली राखेया, तूँ ईश्वर ए'? 35
तुसे जाणोए कि पवित्र शास्त्रो री गल्ल बदली नि सकदी। जिना गे परमेशरो
रा वचन पऊँछी रा, तिने तिजी खे ईश्वर बोलेया, 36 तेबे जो पिते पवित्र

ठईराई की दुनिया पाँदे पेजी राखेया, तुसे तेसखे बोलोए कि तूँ निन्दा करोआ,
कऊँकि मैं बोली राखेया कि आऊँ परमेशरो रा पुत्र ए। 37 जे आऊँ पिते रे
काम नि करदा, तो मेरा विश्वास नि करो। 38 पर जे आऊँ करूँआ, तेबे चाए
मेरा विश्वास नि करो, पर तिना कामो रा विश्वास तो करो। ताकि तुसे जाणो
और समजो कि पिता मांदे और आऊँ पिते रे ए।" 39 तेबे तिने फेर तिना खे
पकड़ने री कोशिश कित्ती, पर सेयो तिना रे आथो ते निकल़ी गे। 40 तेबे यीशु
यरदनो ते पार तेसा जगा रे गये, जेती यूहन्ना पईले बपतिस्मा देया करो था
और तेथी रये। 41 तेबे बऊत जणे तिना गे आयी की बोलणे लगे, "यूहन्ने तो
कोई चमत्कार नि दखाए, पर जो कुछ यूहन्ने इना रे बारे रे बोलेया था, से सब
सच था।" 42 और तेती बऊत जणेया यीशुए पाँदे विश्वास कित्तेया।

**11** मरियम और तेसा री बईण मार्था रे गांव बैतनिय्याहो रे लाजर नाओं रा
एक मांणू बमार था। 2 ये सेई मरियम थी, जेसे यीशुए रे पैरा पाँदे इत्र मल़ी
की आपणे बाल़ो साथे टूसे थे। एसा रा ई पाई लाजर बमार था। 3 तेबे
तेसा री बईणे तिना खे संदेशा पेजेया, "ओ प्रभु! देख, जेस साथे तुसे प्यार
राखोए, से बमार ऊई रा।" 4 ये सुणी की यीशुए बोलेया, "ये बमारी मरने
जोगी निए, बल्कि परमेशरो री महिमा खे ए, ताकि तेसरी बजअ ते परमेशरो
रे पुत्रो री महिमा ओ।" 5 यीशु मार्था और तेसा री बईण और तिना रे पाई
लाजरो खे प्यार करो थे। 6 तो जेबे तिने सुणेया कि से बमार ए, तेबे जेती
सेयो थे, तेती दो दिन ओर रूकी गे। 7 तेबे दो दिनो ते बाद तिने आपणे
चेलेया खे बोलेया, "आओ, आसे फेर यहूदिया प्रदेशो खे चलूँए।" 8 चेलेया
तिना खे बोलेया, "ओ गुरू! एबु तो यहूदी अगुवे तुसा पाँदे पत्थराव करना
चाओ थे और क्या तुसे फेर बी तेथी जाणा चाओए।" 9 यीशुए बोलेया,
"क्या दिनो रे बारा कंटे नि ऊँदे? जे कोई दिने चलो तो कोई ठोकर नि खांदा
कऊँकि से एसा दुनिया रा प्रयासा देखोआ। 10 पर जे कोई राथियो खे
चलोआ, तो से ठोकर खाओआ, कऊँकि तेसरे प्रयासा निए।" 11 तिने यो
गल्ला बोलिया और इजी ते बाद तिना खे बोलणे लगे, "आसा रा दोस्त
लाजर सयी गा रा, पर आऊँ तेसखे जगाणे चली रा।" 12 तेबे चेलेया तिना
खे बोलेया, "ओ प्रभु! जे से सयी रा तो से बची जाणा।" 13 यीशुए तो
तेसरी मौता रे बारे रे बोलेया था, पर सेयो समजे कि तिने तेसरी नींजा ते

सऊणे रे बारे रे बोलेया। 14 तेबे यीशुए तिना खे साफ बोली ता, “लाजर
मरी गा रा 15 और आँऊ तुसा री बजअ ते खुश ए कि आऊँ तेती नि था,
ताकि तुसे विश्वास करो, पर एबे आओ आसे तेसगे चलूँए।” 16 तेबे थोमे,
जेसखे दिदुमुस बोलो थे, तिने आपणे साथले चेलेया खे बोलेया, “आओ,
आसे बी तेस साथे मरने खे चलूँए।” 17 तेबे यीशुए खे बैतनिय्याह गांव रे
आयी की पता चलेया कि लाजरो खे कब्रा रे राखे रे चार दिन ऊईगे रे। 18
बैतनिय्याह, यरूशलेमो ते नेड़े कोई तीन किलोमीटर था। 19 बऊत सारे
यहूदी मरियम और मार्था रे गे तिना रे पाईए रे बुलावे खे आयी रे थे। 20
जेबे मार्थे यीशुए रे आऊणे रा समाचार सुणेया, तेबे से तिना खे मिलणे
गयी, पर मरियम कअरे ई बैठी री रई। 21 मार्थे यीशुए खे बोलेया, “ओ
प्रभु! जे तुसे एती ऊँदे, तो मेरा पाई कदी नि मरदा 22 और एबे बी आऊँ
जाणूंई कि जो कुछ तुसा परमेशरो ते मांगणा, से तुसा खे मिलणा।” 23
यीशुए तेसा खे बोलेया, “तेरा पाई जिऊँदा ऊई जाणा।” 24 मार्थे तिना खे
बोलेया, “आऊँ जाणूंई कि आखरी दिना रे दुबारा जिऊँदा ऊणा रे बखते से
फेर जी उठणा।” 25 यीशुए तेसा खे बोलेया, “दुबारा जिऊँदा ऊणा और
जीवन आऊँ ईए, जे कोई मां पाँदे विश्वास करोआ, से जे मरी बी जाओ, तेबे
बी जिऊणा। 26 और जो कोई जिओआ और मां पाँदे विश्वास करोआ, से
अनन्तकालो तक नि मरना। क्या तूँ एसा गल्ला पाँदे विश्वास करेई?” (aiōn
g165) 27 तेसे तिना खे बोलेया, “आ, ओ प्रभु, आऊँ विश्वास करी चुकी री
कि परमेशरो रा पुत्र मसीह, जो दुनिया रे आऊणे वाला था, सेयो तुसेई ये।”
28 ये बोली की से चली गी और आपणी बईण मरियमा खे चोरिए जे बुलाई
की बोलेया, “गुरू एथी ई ये और ताखे बुलाणे लगी रा।” 29 ये सुणदे ई से
फटाफट उठी की तिना गे आयी। 30 यीशु एबुए तक गांव रे नि पऊँछी रे
थे, बल्कि तेथी थे, जेती मार्था तिना खे मिली थी। 31 तेबे जो यहूदी तेसा
साथे कअरे थे और तेसा खे शान्ति देणे लगी रे थे। ये देखी की कि मरियम
फटाफट उठी की बारे चली गी री, सेयो समजे कि से कब्रा पाँदे रोणे जाई री,
तेसा पीछे चली गे। 32 जेबे मरियम तेती पऊँछी, जेती यीशु थे, तो तिना खे
देखी की तिना रे पैरा पाँदे पड़ी की और बोलणे लगी, “ओ प्रभु! जे तुसे
एती उँदे, तो मेरा पाई कदी नि मरदा।” 33 जेबे यीशुए तेसा खे और तिना

यहूदिया खे, जो तेसा साथे आए थे, रोंदे ऊए देखेया, तो आत्मा रे बऊत
उदास और बेचैन ऊईगा 34 और तिने बोलेया, “तुसे तेसरा शरीर केयी दबाई
राखेया?” तिने तिना खे बोलेया, “ओ प्रभु! चली की देखी लो।” 35 यीशुए
री आखी रे पाणी आईगा। 36 तेबे यहूदिये बोलेया, “देखो, ये तेसखे कितणा
प्यार करो था।” 37 पर तिना बीचा ते बऊत जणेया बोलेया, “क्या ये, जिने
अन्दे री आखी ठीक कित्तिया, ये पनि करी सकेया कि तेसखे मरने ते बचाई
देओ?” 38 यीशु मनो रे उदास ऊई की कब्रा पाँदे आए, से एक गुफा थी और
एक पात्थर तेते पाँदे राखी राखेया था। 39 यीशुए बोलेया, “पात्थरो खे
टाओ।” तेस मरे री बईण मार्था तिना खे बोलणे लगी, “ओ प्रभु! तेसते तो
एबे बास आओए, कऊँकि तेसखे मरे रे चार दिन ऊईगे रे।” 40 यीशुए तेसा
खे बोलेया, “क्या मैं ताखे नि बोली राखेया था कि जे तूँ विश्वास करेगी, तो
परमेशरो री महिमा खे देखेगी।” 41 तेबे तिने से पात्थर टाया, तेबे यीशुए
आखी चकी की बोलेया, “ओ पिता आऊँ तेरा धन्यवाद करूँआ कि तैं मेरी
प्रार्थना सुणी ली री 42 और आऊँ जाणूं था कि तूँ मेरी सदा सुणेया, पर जो
पीड़ नेड़े-तेड़े खड़ी री, तिना री बजअ ते मैं बोलेया, ताकि सेयो विश्वास करो
कि तैं आऊँ पेजी राखेया।” 43 ये बोली की तिने जोरे की बोलेया, “ओ
लाजर, कब्रा ते बारे निकल़ी की आईजा।” 44 जो मरी गा था, से कफनो ते
आथ पैर बानेया रा निकल़ी गा और तेसरा मूँ टाल्ले की लपेटे रा था, यीशुए
बोलेया, “एसखे खोली की जाणे देओ।” 45 तेबे जो यहूदी मरियमा गे आयी
रे थे और जेबे तिना रा ये काम देखेया, तेबे तिना बीचा ते कई जणेया तिना
पाँदे विश्वास कित्तेया। 46 पर तिना बीचा ते कई जणे फरीसिया गे जाई की
यीशुए रे कामो रा समाचार दित्तेया। 47 तेबे बड़े पुरोईत और फरीसिये बऊत
बड़ी सभा रे लोका खे कट्ठे करी की बोलेया, “आसे क्या करूँए? ये मांणू तो
बऊत चमत्कार दखाओआ। 48 जे आसे तेसखे ईंयां ई छाडी देऊँगे तो, सबी
तेस पाँदे विश्वास करने लगी जाणा और रोमिया एती आयी की आसा री जगा
और जाति दूँईं पाँदे अक्क करी लणा।” 49 सभा रे सदस्या बीचा ते कैफा
नाओं रे एक मांणूए, जो तेस बखतो रा प्रदान पुरोईत था, तिना खे बोलेया,
“तुसे कुछ नि जाणदे 50 और ना ई ये सोचदे कि तुसा खे ये खरा ए कि
आसा रे लोका री खातर एक मांणू मरो और सारी जातिया नाश नि ओ।” 51

ये गल्ल तिने आपणी तरफा ते नि बोली, बल्कि तेस बखतो रा प्रदान पुरोईत
ऊणे री बजअ ते भविष्यबाणी कित्ती कि यीशु इस्राएलो रे लोका रिया तंईं
मरना 52 और ना बस तेसा जातिया खे, बल्कि इजी खे बी कि परमेशरो री
बिखरी री ल्वादा खे एक करी देओ। 53 तेबे तेसी दिनो ते यहूदी अगुवे यीशुए
खे मारने री तरकीब टोल़ने लगे। 54 तेबेई तो यीशु तेस बखतो ते यहूदिया
प्रदेशो रे खुल्लेआम नि कूमी सके, पर तेथा ते सुणसाण जगा रे नेड़ो रे एप्रैम
नाओं रे देशो रे, एक नगरो खे चली गे और आपणे चेलेया साथे तेथी रणे
लगे। 55 तेबे यहूदिया रा फसह रा त्योआर नेड़े था और बऊत सारे लोक
फसह ते पईले ई गांव ते यरूशलेमो खे गये कि आपणे आपू खे शुद्ध करिए।
56 तेबे सेयो यीशुए खे टोल़ने लगे और मन्दरो रे खड़े ऊई की आपू बीचे
बोलणे लगे, “तुसे क्या सोचोए? क्या से त्योआरो रे नि आऊणा?” 57 बड़े
पुरोईत और फरीसिये ये आज्ञा देई राखी थी कि जे केसी खे ये पता ओ कि
यीशु केईये, तो बताओ ताकि तेसखे पकड़ी सकूँ।

**12** तेबे यीशु फसह रे त्योआरो ते छे दिन पईले बैतनिय्याह गांव रे आए,
जेती लाजर था; जो यीशुए मरे रेया बीचा ते जिऊँदा कित्तेया था। 2 तेती तिने
तिना खे पाट्टी त्यार कित्ती और मार्था सेवा करने लगी री थी और लाजर
तिना बीचा ते एक था, जो यीशुए साथे पाट्टी खाणे बैठे। 3 तेबे मरियमे
जटामासिया रा आदा सेर बऊत मंईगा इत्र लयी की यीशुए रे पैरा पाँदे मल़ेया
और आपणे बाल़ो की तिना रे पैर टूसे और इत्रो री खूशबुओ साथे सारा कर
खुशबूदार ऊईगा। 4 पर तिना रे चेलेया बीचा ते यहूदा इस्करियोती नाओं रा
एक चेला, जो तिना खे पकड़वाणे वाल़ा था, बोलणे लगेया, 5 “ये इत्र तीन
सौ चाँदिए रे सिक्केया रे बेची की कंगाल़ा खे कऊँ नि बांडी ता।” 6 तिने ये
गल्ल इजी री खातर नि बोली कि तेसखे कंगाल़ा री चिन्ता थी, पर तेबे
कऊँकि से चोर था और तेसगे तिना री पैसेया री थैली रओ थी और तिदे जो
कुछ पाओ थे, से निकयाल़ी देओ था। 7 यीशुए बोलेया, “एसा खे कल्ली
छाडी देओ। एसे मेरे दबाणे री त्यारिया खे एड़ा करी राखेया। 8 कऊँकि
कंगाल़ तो तुसा साथे सदा रओए, पर आऊँ तुसा साथे सदा नि रणा।” 9 जेबे
यहूदिया री बड़ी पीड़ जाणी गी कि से एथी ए, तो सेयो सिर्फ यीशुए री ई
बजअ ते नि, बल्कि लाजरो खे मिलणे खे बी आए थे, जो तिने मरे रेया बीचा

ते जिऊँदा कित्तेया था। 10 तेबे बड़े पुरोईत लाजरो खे बी काणे री तरकीब
बणाई। 11 कऊँकि लाजरो री बजअ ते बऊत सारे यहूदिये तिना खे छाडी की
यीशुए पाँदे विश्वास कित्तेया। 12 दूजे दिने बऊत सारे लोके त्योआरो खे
आये, जेबे लोके सुणेया यीशु यरूशलेमो खे आऊणे लगी रे। 13 तेबे तिने
खजूरो रिया डालि़या लईया और तिना खे मिलणे खे चली पड़े और जोरे-जोरे
साथे बोलणे लगे, "होशन्ना! धन्य इस्राएलो रा राजा, जो प्रभुए रे नाओं ते
आयी रा।" 14 जेबे यीशुए खे गह्दे रा एक बच्चा मिलेया, तो सेयो तेस पाँदे
बैठीगे और से यरूशलेम नगरो खे आये। ये तिंयाँ ई ऊआ जेड़ा पवित्र शास्त्रो
रे लिखी राखेया, 15 "ओ यरूशलेमो रे लोको! डरो नि, देख, तेरा राजा गह्दे
रे बच्चे पाँदे बैठी की आऊणे लगी रा।" 16 यीशुए रे चेले यो गल्ला पईले नि
समजे थे, पर जेबे यीशुए री महिमा सामणे आयी, तेबे तिना खे याद आया
कि यो गल्ला तिना रे बारे रे लिखी राखी थिया; और लोके तिना साथे एड़ा
बर्ताव कित्तेया। 17 तेबे पीड़ा रे तिने लोके, जो तेस बखते तिना साथे थे, ये
गवाई दित्ती कि तिने लाजर कब्रा ते बुलाई की मरे रेया बीचा ते जिऊँदा
कित्तेया था। 18 एतेरी बजअ ते लोक तिना खे मिलणे आए थे, कऊँकि तिने
सुणेया था कि तिने ये सामर्था रा काम दखाया। 19 तेबे फरीसिये आपू
बीचे बोलेया, "सोचो, तुसा ते तो कुछ पनि ऊणे लगी रा, देखो, दुनिया रे
सारे लोक एस पीछे ई चली पड़ी रे।" 20 जो लोक फसह रे त्योआरो खे
भक्ति करने आए थे, तिना बीचा ते कुछ यूनानी थे। 21 तिने गलील प्रदेशो
रे बैतसैदा नगरो रे रणे वाल़े फिलिप्पुसो गे आयी की बिनती कित्ती कि,
"श्रीमान् जी! आसे यीशुए साथे मिलणा चाऊँए।" 22 फिलिप्पुसे आयी की
अन्द्रियासो खे बोलेया, तेबे तिने दूँईं यीशुए खे बोलेया। 23 तेबे यीशुए तिना
खे बोलेया, "से बखत आईगा रा कि माणूं रे पुत्रो री महिमा ओ। 24 आऊँ
तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि जदुओ तक कणका रा दाँणा जमीना रे पड़ी
की मरी नि जाओ, से कल्ला रओआ, पर जेबे मरी जाओआ, तेबे बऊत फल़
ल्याओआ। 25 जो आपणे प्राणो खे प्यारा मानोआ, से तेसखे खोई देओआ,
और जेसखे एसा दुनिया रे आपणा प्राण प्यारा निए, तेस अनन्त जीवनो तक
से बचाणा। (aiōnios g166) 26 जे कोई मेरी सेवा करो, तो मां पीछे आयी
जाओ और जेती आऊँ ऊणा, मेरा सेवक बी तेथी रणा और जो मेरी सेवा

करोआ, मेरा पिता तेसरा आदर करोआ। 27 “एबे मेरा जिऊ बेचैन ऊणे लगी
रा। तो एबे आऊँ क्या बोलूँ? ‘ओ पिता, माखे एसा कअड़िया ते बचा!’ पर
आऊँ इजी बजअ ते एसा कअड़िया गे पऊँछी रा। 28 ओ पिता, आपणे नाओं
री महिमा कर।” तेबे स्वर्गो ते ये आवाज आई कि, “मैं एसरी महिमा करी
राखी और फेर बी करनी।” 29 तेबे जो लोक खड़ी की सुणने लगी रे थे तिने
बोलेया, “बादल़ गरजेया” ओरी बोलेया, “कोई स्वर्गदूत तेथा ते बोलेया।”
30 तेबे यीशुए बोलेया, “ये शब्द माखे नि पर तुसा रे फाईदे खे आयी रा। 31
एबे एसा दुनिया रा न्याय ओआ। एबे एस दुनिया रा सरदार निकयाल़ी देणा
32 और आऊँ जे तरतिया पाँदा ते ऊच्चे रे चढ़ाया जाऊँगा, तो सबी खे आपू
गे खींजूँगा।” 33 ये बोली की तिने ये सामणे ल्याई ता कि से केड़ी मौता
साथे मरना। 34 तेबे लोके तिना खे बोलेया, “आसे पवित्र शास्त्रो री ये गल्ल
सुणी राखी कि मसीह सदा जिऊँदा रणा, तेबे तुसे कऊँ बोलोए कि माणूं रे
पुत्रो खे ऊच्चे रे चढ़ाणा जरूरी ए? ये माणूं रा पुत्र कूणे?” (aiōn g165) 35
यीशुए तिना खे बोलेया, “जोति एबे थोड़ी जी देरा खे तुसा बीचे ए। जदुओ
तक जोति तुसा साथे ए, तदुओ तक चलदे रओ। एड़ा नि ओ कि न्हेरा तुसा
खे आयी की केरी देओ, जो न्हेरे रे चलोआ, से नि जाणदा कि केयी जाणे
लगी रा। 36 जदुओ तक जोति तुसा साथे ए, जोतिया पाँदे विश्वास करो,
ताकि तुसे जोतिया री ल्वाद बणो।” इना गल्ला बोली की यीशु चली गे और
तिना ते लूके रे रये। 37 तिने तिना सामणे इतणे चमत्कार दिखाए, पर तेबे बी
तिने तिना पाँदे विश्वास नि कित्तेया। 38 ताकि यशायाह भविष्यबक्ते रा वचन
पूरा ओ, जो तिने बोलेया था, “ओ प्रभु! किने आसा रे सुसमाचारो पाँदे
विश्वास करी राखेया? और परमेशरो रा बाहुबल केसगे प्रगट ऊई रा?” 39
एतेरी बजअ ते सेयो विश्वास नि करी सके, कऊँकि यशायाहे फेर बी बोलेया,
40 “तिने तिना री आखी अंदिया और मन काठा करी राखेया, केथी एड़ा नि
ओ कि सेयो आखी ते देखो और मनो ते समजो और फिरो और आऊँ तिना
खे ठीक करुँ।” 41 यशायाहे यो गल्ला तेबे बोलिया, कऊँकि तिने यीशुए री
आऊणे वाल़ी महिमा देखी और तिने तेसरे बारे रे गल्ला कित्तिया। 42 तेबे बी
अधिकारिया बीचा ते कई जणे तिना पाँदे विश्वास कित्तेया। पर फरीसिये री
डरो री बजअ ते सामणे नि आऊणा चाओ थे, एड़ा नि ओ कि प्रार्थना रे

कअरो ते निकयाले़ जाओ। 43 कऊँकि मांणूआ ते तारीफ, तिना खे परमेशरो
री तारीफा ते जादा प्यारी लगो थी। 44 यीशुए जोरे की बोलेया, "जो मां पाँदे
विश्वास करोआ, से मां पाँदे नि, बल्कि मेरे पेजणे वाले़ परमेशरो पाँदे विश्वास
करोआ। 45 और जो माखे देखोआ, से मेरे पेजणे वाले़ खे देखोआ। 46 आऊँ
दुनिया रे जोति ऊई की आयी रा, ताकि जो कोई मां पाँदे विश्वास करो, से
न्हेरे रे नि रओ। 47 जो कोई मेरिया गल्ला सुणी की नि मानो, आऊँ तेसखे
दोषी नि ठईरांदा, कऊँकि आऊँ दुनिया रे लोका खे दोषी ठईराणे खे नि,
बल्कि दुनिया रे लोका खे बचाणे आयी रा। 48 जो माखे तुच्छ जाणोआ और
मेरी गल्ला नि मानदा, तेसखे दोषी ठईराणे वाला़ एक ईए, मतलब-जो वचन
मैं बोली राखेया, तेस ई आखरी दिनो रे से दोषी ठईराणा। 49 कऊँकि मैं
आपणी तरफा ते गल्ला नि करी राखिया, पर पिते, जिने आऊँ पेजी राखेया,
तिने ई माखे आज्ञा देई राखी कि क्या-क्या बोलूँ? और किंयाँ बोलूँ? 50 और
आऊँ जाणूंआ कि तेसरी आज्ञा अनन्त जीवन ए, तेबेई तो जो आऊँ बोलूँआ,
जेड़ा पिते मांगे बोली राखेया, तेड़ा ई बोलूँआ।" (aiōnios g166)

**13** फसह रे त्योआरो ते पईले जेबे यीशुए जाणी ला कि मेरी से कअड़ी
आईगी री कि दुनिया खे छाडी की पिते गे जाऊँ। तेबे आपणे लोका खे जो
दुनिया रे थे, जेड़ा प्यार राखो था, अंतो तक तेड़ा ई प्यार राखेया। 2 रात की
रोटिया रे बखते जेबे शैतान, यहूदा इस्करियोतियो रे मनो रे ये गल्ल पाई
चुकेया था कि यीशुए खे पकड़वाओ, 3 यीशुए, ये जाणी की कि पिते सारा
अक्क मेरे आथो रे देईता रा और आऊँ परमेशरो गे ते आयी रा और परमेशरो
गे ई जाणा, 4 रोटिया गे ते उठी की आपणे टाल्ले खोली ते और पड़तणी
लयी की आपणा लक बानेया। 5 तेबे पांडे रे पाणी लयी की आपणे चेलेया रे
पैर तोये और जो पड़तणी आपणे लको रे थी बानी री, तिजी साथे साफ करने
लगे। 6 जेबे सेयो शमौन पतरसो गे आए, तेबे तिने तिना खे बोलेया, "ओ
प्रभु! क्या तुसे मेरे पैर तोणे लगी रे?" 7 यीशुए बोलेया, "जो आऊँ करूँआ,
से तूँ एबु नि जाणदा, पर इजी ते बाद समजणा।" 8 पतरसे तिना खे बोलेया,
"तुसे मेरे पैर कदी नि तोई सकदे!" ये सुणी की यीशुए तेसखे बोलेया, "जे तूँ
माखे आपणे पैर नि तोणे देगा, तो मां साथे तेरा कुछ बी साजा निया।" (aiōn
g165) 9 शमौन पतरसे तिना खे बोलेया, "ओ प्रभु! तेबे मेरे पैर नि बल्कि मेरे

आथ और सिर बी तोई दे।" 10 यीशुए तेसखे बोलेया, "जो नायी चुकेया
रा, तेसरे पैर तोणे ते अलावा कुछ ओर तोणे ते मतलब निए, बल्कि से
बिल्कुल शुद्ध ए और तूँ बी शुद्ध ए, पर सब के सब निए।" 11 सेयो आपणे
पकड़वाणे वाल़े खे जाणो थे, तेबेई तो तिने बोलेया, "तुसे सब के सब शुद्ध
निए।" 12 जेबे यीशु तिना रे पैर तोई चुके और फेर आपणे टाले पईनी की
बैठीगे, तेबे तिने चेलेया खे पूछेया, "क्या तुसे समजे कि मैं तुसा साथे क्या
कित्तेया? 13 तुसे माखे गुरू और प्रभु बोलोए और ठीक ई बोलोए, कऊँकि
आऊँ तुसा रा गुरू और प्रभु ए। 14 जे मैं प्रभु और गुरू ऊई की तुसा रे पैर
तोये, तो तुसा बी नम्र ऊई की एकी दूजे रे पैर तोणे चाईयो। 15 कऊँकि
मैं तुसा गे नमूना दखाई ता कि जिंयाँ मैं तुसा साथे करी राखेया, तुसे बी
तिंयाँ ई करेया करो। 16 "आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ, दास आपणे
मालको ते बड़ा नि ऊँदा, और ना पेजेया रा आपणे पेजणे वाल़े ते। 17 तुसे
तो इना गल्ला खे जाणोए और जे इना पाँदे चलो, तो धन्य ए। 18 आऊँ
तुसा सबी रे बारे रे नि बोलदा, जो मैं चूणी लये रे, तिना खे आऊँ जाणूंआ,
पर ये इजी खे ए, ताकि पवित्र शास्त्रो रा ये वचन पूरा ओ कि, जिने मेरा
दोस्त ऊई की मां साथे रोटी खाई सेई मेरे खलाफ ऊईगा। 19 एबे आऊँ
तिजी रे ऊणे ते पईले तुसा खे जताई देऊँआ कि जेबे ये ऊई जाओ, तो तुसे
विश्वास करो कि आऊँ सेईए। 20 आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि जो मेरे
पेजे रे खे मानोआ, से माखे मानोआ और जो माखे मानोआ, से मेरे पेजणे
वाल़े खे मानोआ।" 21 ये बोली की यीशु आत्मा रे बेचैन ऊईगे और तिने
आपणे चेलेया ते बोलेया, "आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि तुसा बीचा ते
एकी जणे आऊँ पकड़वाणा।" 22 चेले ये शक करी की कि यो केसरे बारे रे
बोलणे लगी रे, एकी दूजे खे देखणे लगे। 23 तिना रे चेलेया बीचा ते एक जेस
साथे यीशु प्यार राखो थे, यीशुए री छातिया री तरफा खे चूकी की तिना री
बगला रे बैठी रा था। 24 तेबे शमौन पतरसे तेसरी तरफा खे साअरा करी की
बोलेया, "बता तो, यो केसरे बारे रे बोलणे लगी रे?" 25 तेबे तिने तिंयाँ ई
यीशुए री छातिया री तरफा खे चूकी की पूछेया, "ओ प्रभु! से कूणे?" 26
यीशुए बोलेया, "जेसखे मां ये रोटिया रा टुकड़ा डबोई की देणा, सेईए।" तेबे
तिने टुकड़ा शमौनो रे पाऊ, यहूदा इस्करियोतियो खे दित्तेया। 27 रोटिया रा

टुकड़ा खांदे ई शैतान तेसरे समाई गा, तेबे यीशुए बोलेया, "जो तूँ करने लगी
रा, से फटाफट कर।" 28 पर ओरी चेलेया ये नि जाणेया कि तिने ये गल्ल
कऊँ बोली। 29 यहूदे गे पैसेया री थैली रओ थी, तेबे किने-किने समजेया कि
यीशुए इजी रे बारे रे बोलेया कि जो कुछ आसा खे त्योआरो रे दिनो खे
चाईयो, से खरीद या कंगाल़ा खे कुछ देई दे। 30 तेबे यहूदा रोटिया रा टुकड़ा
खाणे ते बाद फटाफट बारे चली गा और से राथियो रा बखत था। 31 जेबे से
बारे चली गा, तेबे यीशुए बोलेया, "एबे मां माणूं रे पुत्रो री महिमा ऊई और
परमेशरो री महिमा तेसरे ऊई री। 32 तो परमेशरे बी आपू रे पुत्रो री महिमा
करनी, बल्कि फटाफट करनी। 33 ओ बाल़को! आऊँ तुसा साथे थोड़ी देर
ओर ए, तेबे तुसा आऊँ टोल़ना और जेड़ा मैं यहूदी अगुवा खे बोलेया, 'जेती
आऊँ जाऊँआ, तेती तुसे नि आयी सकदे,' तेड़ा ई एबे आऊँ तुसा खे बी
बोलूँआ। 34 आऊँ तुसा खे एक नयी आज्ञा देऊँआ कि एकी-दूजे साथे प्यार
राखो, जेड़ा मैं तुसा साथे प्यार राखी राखेया। तेड़ा ई तुसे बी एकी-दूजे साथे
प्यार राखो। 35 जे तुसे आपू बीचे प्यार राखोगे तो इजी तेई सबी जाणी लणा
कि तुसे मेरे चेले ए।" 36 शमौन पतरसे तिना खे बोलेया, "ओ प्रभु! तुसे
केयी चली रे?" यीशुए बोलेया, "जेती आऊँ एबु चली रा, तेती तूँ एबु मां पीछे
नि आयी सकदा, पर इजी ते बाद मां पीछे आऊणा।" 37 पतरसे तिना खे
बोलेया, "ओ प्रभु! एबु आऊँ तुसा पीछे कऊँ नि आयी सकदा? आँऊ तो
तुसा खे आपणे प्राण देणे खे बी त्यार ए।" 38 यीशुए बोलेया, "क्या तां
माखे आपणे प्राण देणे? आऊँ ताखे सच-सच बोलूँआ कि मुर्गे बांग नि देणी,
जदुओ तक तां मेरा तीन बार ना नि करना।"

**14** यीशुए आपणे चेलेया खे बोलेया, "तुसा रा मन बेचैन नि ओ, तुसे
परमेशरो पाँदि विश्वास राखोए, मां पाँदि बी राखो। 2 मेरे पिते रे कअरो रे बऊत
जगा ए रणे खे, जे ऊँदी नि तो मां तुसा खे बोली देणा था, कऊँकि आऊँ तुसा
खे जगा त्यार करने जाऊँआ 3 और तेती जाई की तुसा खे जगा त्यार करने
ते बाद मां तुसे आयी की आपू साथे लयी जाणे खे फेर आऊणा, ताकि जेती
आऊँ रऊँ, तुसे बी मां साथे तेथी रओ। 4 और जेती आऊँ जाऊँआ, तुसे तेथो
री बाट जाणोए।" 5 थोमे तिना खे बोलेया, "ओ प्रभु! आसे नि जाणदे कि
तुसे केयी जाओए? तो बाट किंयाँ जाणी सकूँए?" 6 यीशुए तेसखे बोलेया,

“बाट, सच्चाई और जीवन आऊँ ईए; मांते बिना कोई बी पिते गे नि पऊँछी
सकदा। 7 जे तुसे आऊँ जाणी राखेया, तो मेरा पिता बी जाणी राखेया और
एबे तेसखे जाणो बी ए और से देखी बी राखेया।” 8 फिलिप्पुसे तिना खे
बोलेया, “ओ प्रभु! पिते खे आसा गे बताई देओ, येई आसा खे बऊत ए।” 9
यीशुए तेसखे बोलेया, “ओ फिलिप्पुस! आऊँ इतणे दिना ते तुसा साथे ए
और क्या तूँ माखे नि जाणदा? जिने आऊँ देखी राखेया, तिने पिता देखी
राखेया, तेबे तूँ कऊँ बोलेया कि पिते खे आसा गे दखाई देओ? 10 क्या तूँ
विश्वास नि करदा कि आऊँ पिते रे ए और पिता मांदे ए? यो गल्ला जो आऊँ
तुसा खे बोलूँआ, आपणी तरफा ते नि बोलदा, पर पिता मांदे रई की आपणे
काम करोआ। 11 मेरा विश्वास करो कि आऊँ पिते रे ए और पिता मांदे ए,
नई तो तिना चमत्कारा री बजअ ते जो मैं करी राखे मेरा विश्वास करो। 12
आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि जो मां पाँदि विश्वास राखोआ, यो काम,
जो आऊँ करूँआ, तेस बी करने, बल्कि इना ते बी बड़े काम करने, कऊँकि
आऊँ पिते गे चली रा। 13 और जो कुछ तुसे मेरे नाओं ते मांगोगे, सेई मां
करना ताकि पाऊए री बजअ ते पिते री महिमा ओ। 14 जे तुसे मांते, मेरे
नाओं ते कुछ बी मांगोगे, तो मां से करना। 15 “जे तुसे मांते प्यार राखोए, तो
मेरी आज्ञा खे मानोगे। 16 आऊँ पिते ते प्रार्थना करूँगा और तेस तुसा खे एक
ओर मददगार पेजणा, ताकि से तुसा साथे सदा रओ। **(aiōn g165)** 17 से
पवित्र आत्मा ए जो परमेशरो रे बारे रे पूरी सच्चाई बताओआ। जेसखे दुनिया
मानी नि सकदी, कऊँकि से ना तेसखे देखोआ और ना तेसखे जाणोआ, तुसे
तेसखे जाणोए, कऊँकि से तुसा साथे रओआ और से तुसा रे ऊणा। 18 “मां
तुसे अनाथ नि छाडणे, आऊँ तुसा गे वापस आऊँआ। 19 और थोड़ी जी
देर रईगी री कि दुनिया आऊँ नि देखणा, पर तुसा आऊँ देखणा, कऊँकि
आऊँ जिऊँदा ए, तुसे बी जिऊँदे रणे। 20 जेबे आँऊ जिऊँदा ऊई की वापस
आऊणा, तेस दिने तुसा जाणना कि आऊँ आपणे पिते रे ए और तुसे मांदे ए
और आऊँ तुसा रे ए। 21 जेसगे मेरी आज्ञा ओ और से तिना खे मानोआ,
सेई मां साथे प्यार राखोआ, तेसते मेरे पिते प्यार राखणा और मां बी तेसते
प्यार राखणा और आपणे आपू खे तेसदे प्रगट करूँगा।” 22 तिने यहूदे, जो
इस्करियोती नि था, तिने बोलेया, “ओ प्रभु! क्या ऊआ कि तुसे आपू खे

आसा पाँदे प्रगट करना चाओए और दुनिया रे लोका पाँदे नि?" 23 यीशुए
तेसखे बोलेया, "जे कोई मांते प्यार राखोआ, तो तेस मेरे उपदेश मानणे और
मेरे पिते तेसते प्यार राखणा और आसे तेसगे आऊणे और तेस साथे रणे।
24 "जो मांते प्यार नि करदा, से मेरे उपदेश नि मानदा और जो उपदेश तुसे
सुणोए, से मेरा नि बल्कि पिते राए, जिने आऊँ पेजेया। 25 यो गल्ला मैं तुसा
साथे रंदे ऊए तुसा खे बोलिया। 26 पर मददगार, मतलब-पवित्र आत्मा, जो
पिते मेरे नाओं ते पेजणा, तेस तुसा खे सारिया गल्ला सिखयाणियां और जो
कुछ मैं तुसा खे बोली राखेया, तेस तुसा खे सब कुछ याद दलयाणा। 27
"आऊँ तुसा खे शान्ति देऊँआ, आपणी शान्ति तुसा खे देऊँआ, जिंयाँ दुनिया
देओई, आऊँ तुसा खे नि देंदा, तुसा रा मन नि कबराओ और ना डरो। 28 तुसे
सुणेया कि मैं तुसा खे बोलेया, आऊँ जाऊँआ और तुसा गे फेर आऊँआ, जे
तुसे मांते प्यार राखदे, तो एसा गल्ला ते खुश ऊँदे कि आऊँ पिते गे चली रा,
कऊँकि पिता मांते बड़ा ए। 29 मैं एबे तिना सारी घटना ऊणे ते पईले तुसा
खे बोली ताकि जेबे से ऊई जाओ, तो तुसे मां पाँदे विश्वास करो। 30 मांगे एबे
तुसा साथे गल्ला करने खे ओर जादा बखत निए, कऊँकि एसा दुनिया रा
सरदार आऊणे वाल़ा ए। मां पाँदे तेसरा कोई अक्क निए। 31 पर ये तेबे
ऊआ, ताकि दुनिया जाणो कि आऊँ पिते ते प्यार करूँआ और जिंयाँ पिते
माखे आज्ञा दित्ती, आऊँ तिंयाँ ई करूँआ। उठो, एथा ते चलूँए।"

**15** "सच्ची अँगूरा री बेल आऊँ ई ये और मेरा पिता जिम्मीदार ए। 2 जो
डाल़ी मांदे ए और फल़दी नि, से तेसा खे बाडी देओआ और जो फल़ोई,
से तेसा री कांट छांट करोआ, ताकि ओर बी जादा फल़ो। 3 तुसे तो तेस
उपदेशो री बजअ ते, जो मैं तुसा खे बोली राखेया, शुद्ध ए। 4 तुसे मांदे बणे रे
रओ और आऊँ तुसा रे। जिंयाँ डाल़ी जे अँगूरा री बेला रे बणी री नि रओ, तो
आपणे आपू ते नि फल़ी सकदी, तिंयाँ ई तुसे बी जे मांदे बणे रे नि रओगे, तो
फल़ी नि सकदे। 5 आऊँ अँगूरा री बेल ए, तुसे डाल़िया ए, जो मांदे बणेया रा
रओआ और आऊँ तेसरे, तिदे बऊत फल़ लगोआ, कऊँकि मांते लग रई की
तुसे कुछ पनि करी सकदे। 6 जे कोई मांदे बणेया रा नि रओ, तो से तेसा
बेकार और सूकी डाल़िया जेड़ा सेटेया जाओआ और लोक तिजी खे कट्ठे करी
की आगी रे सेटी देओए और सेयो फूखी जाओईया। 7 जे तुसे मांदे बणे रे

रओ और मेरे उपदेश तुसा रे बणे रे रओ, तो जो चाओ, से माँगो और से तुसा
खे ऊई जाणा। 8 मेरे पिते री महिमा इजी साथे ई ओई कि तुसे बऊत सारा
फल़ ल्याओ। तेबेई तुसे मेरे चेले ऊणे। 9 "जेड़ा पिते मां साथे प्यार राखेया,
तेड़ा ई मैं तुसा साथे प्यार राखेया। मेरे प्यारो रे बणे रओ। 10 जे तुसे मेरी
आज्ञा खे मानोगे, तो मेरे प्यारो रे बणे रे रणे, जिंयाँ मैं आपणे पिते री आज्ञा
मानी राखिया और तेसरे प्यारो रे बणेया रा रऊँआ। 11 मैं तुसा खे यो गल्ला
तेबे बोलिया ताकि मेरी खुशी तुसा रे बणी री रओ और तुसा री खुशी पूरी ऊई
जाओ। 12 मेरी आज्ञा ये कि जेड़ा मैं तुसा साथे प्यार राखेया, तेड़ा ई प्यार
तुसे बी एकी-दूजे साथे राखो। 13 इजी ते बड़ा प्यार केसी रा निए कि कोई
आपणे दोस्ता खे आपणा प्राण देओ। 14 जो कुछ आज्ञा आऊँ तुसा खे
देऊँआ, जे तुसे मानो, तो तुसे मेरे दोस्त ए। 15 आजो ते आऊँ तुसा खे दास
नि बोलूँगा, कऊँकि दास नि जाणदा कि मालक क्या करोआ, पर मैं तुसा खे
दोस्त बोलेया, कऊँकि मैं जो गल्ला आपणे पिते ते सुणिया, सेयो सब तुसा
खे बताई तिया। 16 तुसे आऊँ नि चुणेया, पर मैं तुसे चुणी राखे और तुसे
ठराए, ताकि तुसे जाई की फल़ ल्याओ और तुसा रा फल़ बणेया रा रओ कि
जो कुछ तुसे मेरे नाओं ते पिते ते माँगो, से तुसा खे देओ। 17 इना गल्ला री
आज्ञा आऊँ तुसा खे तेबे देऊँआ, ताकि तुसे एकी-दूजे साथे प्यार राखो। 18
"जे दुनिया रे लोक तुसा ते बैर राखोए, तो तुसे जाणोए कि तिने तुसा ते
पईले मांते बी बैर राखेया। 19 जे तुसे दुनिया रे ऊँदे, तो दुनिया रे लोक तुसा
साथे आपणेया जेड़ा प्यार राखदे, कऊँकि तुसे दुनिया रे निए, बल्कि मैं तुसे
चुणी ले रे, तेबेई तो दुनिया तुसा ते बैर राखोई। 20 याद राखो कि मैं तुसा खे
क्या बोलेया था कि दास आपणे मालको ते बड़ा नि ऊँदा, जे तिने आऊँ
सताया, तो तुसे बी सताणे, जे तिने मेरा उपदेश मानी ला, तो तुसा रा बी
मानी लणा। 21 मां पाँदे विश्वास करने री बजअ ते तिना तुसा साथे बुरा
बर्ताव करना, कऊँकि सेयो मेरे पेजणे वाल़े परमेशरो खे नि जाणदे। 22 जे
आऊँ नि आऊँदा और तिना साथे गल्ला नि करदा, तो सेयो पापी नि ठईरदे,
पर एबे तिना खे तिना रे पापो खे कोई बाह्ना निए। 23 जो मांते बैर राखोआ,
से मेरे पिते ते बी बैर राखोआ। 24 "जे आऊँ तिना बीचे सेयो चमत्कारा रे
काम नि करदा, जो ओरी किने नि कित्ते, तो सेयो पापी नि ठईरदे, पर एबे तो

तिने आऊँ तिना चमत्कारा रे काम करदे ऊए देखी ला रा और तिने मांते और
मेरे पिता दूँईं ते बैर कित्तेया। 25 और ये तेबे ऊआ, ताकि से वचन पूरा ओ,
जो तिना रे पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, 'तिने मांते बेकार बैर कित्तेया।'
26 पर जेबे से मददगार आऊणा, जो मां तुसा गे पेजणा, मतलब-सच्चो रा
आत्मा, जो पिते री तरफा ते निकल़ी रा, तो तेस मेरी गवाई देणी 27 और
तुसे बी गवा ए, कऊँकि तुसे शुरूओ तेई मां साथे रई रे।"

**16** "यो गल्ला मैं तुसा खे तेबे बोलिया, ताकि तुसे केसी रे बी बईकावे रे नि
आओ। 2 तिना तुसे प्रार्थना रे कअरो ते निकाल़ी देणे, बल्कि से बखत
आऊणा कि जेस केसी तुसे काणे, तेस समजणा कि आसे परमेशरो री सेवा
करने लगी रे। 3 तिना एड़ा तेबे करना, कऊँकि तिने ना पिता जाणेया और ना
माखे जाणोए। 4 पर यो गल्ला मैं तुसा खे तेबे बोलिया, ताकि जेबे तिना रा
बखत आओ, तेबे तुसा खे याद आयी जाओ कि मैं तुसा खे पईले ई बोली ता
था और जदुओ ते तुसे मेरे चेले बणे मैं तुसा खे यो गल्ला तेबे नि बोलिया,
कऊँकि आऊँ तुसा साथे था। 5 "एबे आऊँ आपणे पेजणे वाल़े गे चली रा
और तुसा बीचा ते कोई मांते नि पुछदा, 'तूँ केयी चली रा?' 6 पर मैं यो जो
गल्ला तुसा खे बोली राखिया, तेबेई तो तुसा रा मन दु: खी ऊईगा रा। 7
तेबे बी आऊँ तुसा खे सच बोलूँआ कि मेरा जाणा तुसा री तंईं अच्छा ए,
कऊँकि जे आऊँ नि जाऊँगा, तो से मददगार तुसा गे नि आऊणा, पर जे
आऊँ जाऊँगा, तो तेस तुसा गे पेजी देऊँगा। 8 तेस आयी की दुनिया खे पाप,
परमेशरो री धार्मिकता और न्याय रे बारे रे दोषी ठराणा। 9 "पापो रे बारे रे
तेबे, कऊँकि सेयो मां पाँदे विश्वास नि करदे 10 और धार्मिकता रे बारे रे तेबे,
कऊँकि आऊँ पिते गे जाऊँआ और तुसा आऊँ फेर नि देखणा। 11 न्याय रे
बारे रे तेबे, कऊँकि दुनिया रा सरदार मतलब शैतान दोषी ठईराई ता रा। 12
माखे तुसा ते ओर बी गल्ला बोलणिया ए, पर एबु तुसे तिना खे सईन नि
करी सकदे। 13 पर जेबे से, मतलब-सच्चो रा आत्मा आऊणा, तेबे तुसा खे
सब सच्चो री बाट बताणी, कऊँकि तेस आपणी तरफा ते नि बोलणा, पर जो
कुछ तेस परमेशरो ते सुणना, सेई बोलणा और आऊणे वाल़ी गल्ला तुसा गे
बताणिया। 14 तेस मेरी महिमा करनी, कऊँकि तेस मेरिया गल्ला बीचा ते
लयी की तुसा खे बताणिया। 15 जो कुछ पिते राए, से सब मेरा ए, तेबेई

तो मैं बोलेया कि तेस मेरी गल्ला बीचा ते लयी कि तुसा खे बताणिया।
16 “थोड़ी देरा तक तुसा आऊँ नि देखणा और तेबे थोड़ी देरा बाद आऊँ
देखणा।” 17 तेबे तिना रे बऊत चेलेया आपू बीचे बोलेया, “ये क्या ए, जो ये
आसा खे बोलणे लगी रे, ‘थोड़ी देर तुसा आऊँ नि देखणा और तेबे थोड़ी देर
बाद आऊँ देखणा?’ और ये इजी खे कऊँकि आऊँ पिते गे जाऊँआ।” 18 तेबे
तिने बोलेया, “ये थोड़ी देर, जो ये बोलणे लगी रे, क्या गल्ल ए? आसे नि
जाणदे कि क्या लगी रे बोलणे?” 19 यीशुए ये जाणी की कि यो मांते इजी
रा मतलब पूछणा चाओए, तिना खे बोलेया, “क्या तुसे आपू बीचे मेरी इना
गल्ला रे बारे रे पूछ-ताछ करोए कि थोड़ी देर बाद तुसा आऊँ नि देखणा और
थोड़ी देर बाद आऊँ देखणा? 20 आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि मेरे
मरने ते बाद तुसे रोणे और दु: ख करना, पर दुनिया रे लोका खुश ऊणा, तुसा
खे दु: ख ऊणा, पर जेबे आँऊ जिऊँदा ऊई की वापस आऊणा तो तुसा रा दु:
ख, खुशिया रे बदली जाणा। 21 जेबे जवाणस बच्चा पैदा करने लगोई, तो
तेसा खे पीड़ ओई, कऊँकि तेसा रे दु: खो री कअड़ी आयी पऊँछोई, पर जेबे
से बाल़क जम्मी चुकोई, तो तेबे एसा खुशिया साथे कि दुनिया रे एक मांणू
पैदा ऊआ, तेस दु: खो खे फेर याद नि करदी। 22 तिंयाँ ई तुसा खे बी एबुए
तक दु: ख ए, पर आऊँ तुसा खे फेर मिलणा और तुसा रे मनो रे खुशी ऊणी
और तुसा री खुशी केसी पनि छिनणी। 23 तेस दिने तुसा मांते कुछ नि
पूछणा, आऊँ तुसा खे सच-सच बोलूँआ कि जे पिते ते कुछ मांगोगे, तो तेस
मेरे नाओं ते तुसा खे देणा। 24 एबुए तक तुसे मेरे नाओं ते पिता ते कुछ नि
मांगेया, परमेशरो ते माँगो तो तुसा खे मिलणा, ताकि तुसा री खुशी पूरी ऊई
जाओ। 25 “मैं तुसा खे यो गल्ला उदारणा रे बोलिया, पर से बखत आऊणा
जेबे मां तुसा खे फेर उदारणा रे नि बोलणा, बल्कि खुली की पिते रे बारे रे
तुसा गे बताणा। 26 तेस दिने तुसा आपू मेरे नाओं ते पिते ते मांगणा, और
आऊँ तुसा खे ये नि बोलदा कि आऊँ तुसा रिया तंईं पिते ते प्रार्थना करूँगा।
27 कऊँकि पिता परमेशर तो आपू बी तुसा ते प्यार राखोआ, कऊँकि तुसे मां
साथे प्यार राखी राखेया और ये बी विश्वास कित्तेया कि आऊँ पिते री तरफा
ते आयी रा। 28 आऊँ पिते ते निकल़ी की दुनिया रे आयी रा, फेर दुनिया खे
छाडी की पिते गे जाऊँआ।” 29 तिना रे चेलेया बोलेया, “देखो, एबे तो तुसे

खुली की बोलणे लगी रे और कोई बुजाणी नि बोलदे। 30 एबे आसा खे पता
लगी गा कि तुसे सब कुछ जाणोए और तुसा खे कोई मतलब निए कि कोई
तुसा ते कुछ पूछो, इजी पाँदे आसे विश्वास करूँए कि तुसे परमेशरो री तरफा
ते आयी रे।" 31 ये सुणी की यीशुए तिना खे बोलेया, "क्या एबे तुसे विश्वास
करोए 32 देखो, से कअड़ी आऊणी, बल्कि आईगी री कि तुसा ओरे-पोरे ऊई
की आपणी-आपणी बाटा रिये जाणा और आऊँ कल्ला छाडी देणा, तेबे बी
आऊँ कल्ला नि रणा, कऊँकि पिता मां साथे ए। 33 मैं तुसा खे यो गल्ला
तेबे बोलिया, ताकि तुसा खे मांदे शान्ति मिलो, दुनिया रे तुसा खे क्लेश
ओआ, पर इम्मत राखो, मैं एसा दुनिया रा सरदार शैतान जीती ला रा।"
17 यीशुए आपणे चेलेया खे यो सब गल्ला बोलणे ते बाद आपणिया आखी
सर्गो री तरफा खे चकिया और बोलेया, "ओ पिता! से बखत आईगा रा,
आपणे पुत्रो री महिमा कर, ताकि पुत्र बी तेरी महिमा करो। 2 कऊँकि तैं
तेसखे सबी प्राणिया पाँदे अक्क दित्तेया कि जो तैं तेसखे देई राखे, तिना
सबी खे से अनन्त जीवन देओ (aiōnios g166) 3 और अनन्त जीवन ये कि
सेयो ताखे महान् सच्चे परमेशरो खे और यीशु मसीह खे, जो तैं पेजी राखेया,
जाणो। (aiōnios g166) 4 जो काम तैं माखे करने खे दित्तेया था, से काम पूरा
करी की मैं तरतिया पाँदे तेरी महिमा कित्ती। 5 एबे ओ पिता! तूँ आपू साथे
मेरी महिमा, तेसा महिमा साथे कर, जो दुनिया री सृष्टिया ते पईले, मेरी तां
साथे थी। 6 "मैं तेरा नाओं तिना मांणूआ गे प्रगट कित्तेया, जो तैं माखे
दुनिया बीचा ते दित्ते, सेयो तेरे थे और तैं सेयो माखे दित्ते और तिने तेरे वचन
मानी ले रे। 7 एबे तिना खे पता लगी गा रा कि जो कुछ तैं माखे देई राखेया,
से सब तेरी तरफा ते ए। 8 कऊँकि जो उपदेश तैं माखे दित्ते, मैं सेयो तिना गे
पऊँछाए और तिने सेयो माने और सच-सच जाणी ला रा कि आऊँ तेरी
तरफा ते आयी रा और विश्वास करी ला रा कि तैं ई आऊँ पेजी राखेया। 9
आऊँ तिना खे बिनती करूँआ, जो तैं माखे देई राखे, कऊँकि सेयो तेरे ए।
दुनिया रे लोका खे आँऊ बिनती नि करदा। 10 और जो कुछ मेरा ए से सब
कुछ तेरा ए, और जो तेरा ए से मेरा ए और इना ते मेरी महिमा प्रगट ऊई री।
11 "आऊँ एबे दुनिया रे नि रणा, पर मेरे चेले एसा दुनिया रे रणे और आऊँ
तांगे आऊणे लगी रा, ओ पवित्र पिता! आपणी तेसा सामर्था ते जो तैं माखे

देई राखी, तिना री रक्षा कर ताकि सेयो आसा जेड़े, एक ओ। 12 जेबे आऊँ
तिना साथे था, तेबे मैं तेरे तेस नाओं ते, जो तैं माखे देई राखेया, तिना री रक्षा
कित्ती, मैं तिना री चौकसी कित्ती और विनाशो रे पाऊए खे छाडी की तिना
बीचा ते कोई बी नाश नि ऊआ, ताकि पवित्र शास्त्रो री गल्ल पूरी ओ। 13
पर एबे आऊँ तांगे आऊँआ और इना गल्ला खे दुनिया रे रंदे ऊए बोलूँआ कि
सेयो मेरी खुशी आपू रे पूरी करो। 14 मैं तेरा वचन तिना गे पऊँछाई ता रा
और दुनिया रे लोके तिना ते बैर कित्तेया, कऊँकि जिंयाँ आऊँ दुनिया रा निए,
तिंयाँ ई सेयो बी दुनिया रे निए। 15 "आऊँ ये प्रार्थना नि करदा कि तूँ तिना
खे दुनिया तेई चकी लो, पर ये कि तूँ तिना खे तेस दुष्टो ते बचाई कि राख।
16 जिंयाँ आऊँ दुनिया रा निए, तिंयाँ ई सेयो बी दुनिया रे निए। 17 सच्चो रे
जरिए तिना खे पवित्र कर, तेरा वचन सच्चा ए। 18 जिंयाँ तैं आऊँ दुनिया रे
पेजेया, तिंयाँ ई मैं बी सेयो दुनिया रे पेजे। 19 तिना रे फाईदे री खातर आऊँ
आपणे आपू खे पवित्र करूँआ, ताकि सेयो बी सच्चो रे जरिए पवित्र करे
जाओ। 20 "आऊँ सिर्फ इना चेलेया खेई बिनती नि करदा, पर तिना खे बी,
जेस इना रे वचनो रे जरिए मां पाँदि विश्वास करना। 21 ताकि सेयो सब एक
ओ, जिंयाँ तूँ ओ पिता मांदे ए और आऊँ तांदे ए, तिंयाँ ई सेयो बी आसा रे
ओ, ताकि दुनिया रे लोक विश्वास करो कि तैं ई आऊँ पेजी राखेया। 22 से
महिमा, जो तैं माखे देई राखी, मैं तिना खे दित्ती, ताकि सेयो तिंयाँ ई एक ओ,
जिंयाँ आसे एक ए। 23 आऊँ तिना रे और तूँ मांदे, ताकि सेयो सिद्ध ऊई की
एक ऊई जाओ और दुनिया जाणो कि तैं ई आऊँ पेजी राखेया और जेड़ा तैं
मां साथे प्यार राखेया, तेड़ा ई तिना साथे प्यार राखेया। 24 ओ पिता! आऊँ
चाऊँआ कि जो तैं माखे देई राखे, जेती आऊँ ए, तेती सेयो बी मां साथे ओ,
ताकि सेयो मेरी तेसा महिमा खे देखो, जो तैं माखे देई राखी, कऊँकि तैं
दुनिया री सृष्टिया ते पईले, मां साथे प्यार राखेया। 25 ओ धार्मिक पिता!
दुनिए आऊँ नि जाणेया, पर मैं तूँ जाणेया और इने चेलेया बी जाणेया कि तैं
ई आऊँ पेजी राखेया। 26 मैं तेरा नाओं तिना गे बताया और बतांदा रऊँगा कि
जो प्यार ताखे मांते था, से तिना रे रओ और आऊँ तिना रे रऊँ।"

**18** यीशु इना गल्ला बोली की आपणे चेलेया साथे किद्रोनो रे नाल़े ते
पार गये, तेती एक बगीचा था, जिदे सेयो और तिना रे चेले गये। 2 तेसरा

पकड़वाणे वाल़ा यहूदा बी से जगा जाणो था, कऊँकि यीशु आपणे चेलेया
साथे तेती जाया करो था 3 तेबे यहूदा सिपाईया री एक पल़टण, बड़े पुरोईत
और फरीसिया री तरफा ते मन्दरो रे पईरेदारा खे लयी की दिऊए, मशाला
और अथियार लयी की तेती आया। 4 तेबे यीशुए तिना सबी गल्ला खे जो
तिना पाँदे आऊणे वाल़िया थिया, जाणी की निकल़े और तिना खे बोलणे
लगे, "केसखे टोल़ने लगी रे?" 5 तिने तिना खे जवाब दित्तेया, "यीशु
नासरिये खे।" यीशुए तिना खे बोलेया, "आऊँ ई ये" और तिना खे पकड़वाणे
वाल़ा यहूदा बी तिना साथे खड़ी रा था। 6 यीशुए रे ये बोलदे ई, "आऊँ ईए,"
सेयो पीछे आटी की जमीना पाँदे रूड़ी गे। 7 तेबे तिने फेर तिना ते पूछेया,
"तुसे केसखे टोल़ोए?" तिने बोलेया, "यीशु नासरिये खे।" 8 यीशुए बोलेया,
"आऊँ तो तुसा खे बोली चुकेया कि आऊँ ईए, जे माखे टोल़ने लगी रे तो इना
लोका खे जाणे देओ।" 9 ये तेबे ऊआ ताकि से वचन पूरा ओ, जो तिने
बोलेया था, "जो तैं माखे देई राखे, तिना बीचा ते मैं एक पनि खोया।" 10
शमौन पतरसे जो तलवार तेसगे थी, खिंजी और प्रदान पुरोईतो रे दासो पाँदे
चलाई की तेसरा दाँणा कान ई उड़ाईता, तेस दासो रा नाओं मलखुस था।
11 तेबे यीशुए पतरसो खे बोलेया, "आपणी तलवार म्यानो रे राखी दे, जो
कटोरा मेरे पिते देई राखेया, क्या आऊँ तेस नि पीऊँ?" 12 तेबे सिपाईए,
सूबेदारे और यहूदिया रे मन्दरो रे पईरेदारे यीशु पकड़ी की बानी ते। 13 और
पईले तिना खे हन्ने गे लयी गे, कऊँकि से तेस सालो रे प्रदान पुरोईत कैफे रा
सऊरा था। 14 ये सेई कैफा था, जिने यहूदिया खे सला दित्ती थी कि आसा रे
लोका री खातर एक मांणूए रा मरना ठीक ए। 15 शमौन पतरस और एक
ओर चेला बी यीशुए पीछे-पीछे चली पड़े। ये चेला प्रदान पुरोईतो रा जाणने
वाल़ा था और यीशुए साथे प्रदान पुरोईतो रे आँगणो रे गया। 16 पर पतरस
द्वारो गे खड़े रा रया, तेबे से दूजा चेला, जो प्रदान पुरोईतो री जाण-पछयाणा
रा था, बारे निकल़ेया और द्वारपालिना खे बोली की पतरसो खे पीतरे ली
आया। 17 तेसे दासिये, जो द्वारपालिनी थी, पतरसो खे बोलेया, "क्या तूँ बी
एस मांणूए रे चेलेया बीचा ते ए?" तिने बोलेया, "आऊँ निए।" 18 दास और
मन्दरो रा पईरेदार ठण्डी रे मारे आग बाल़ी की खड़ी की सेखणे लगी रे थे
और पतरस बी तिना साथे खड़ी की आग सेखणे लगी रा था। 19 तेबे प्रदान

पुरोईते यीशुए ते तिना रे चेले और तिना रे उपदेशो रे बारे रे पूछेया। 20 यीशुए
जवाब दित्तेया, “मैं दुनिया रे खुली की गल्ला कित्तिया, मैं प्रार्थना रे कअरो रे
और मन्दरो रे, जेती सब यहूदी कट्ठे ओया करो थे, सदा उपदेश दित्तेया और
चोरिए कुछ नि बोलेया। 21 तूँ मांते कऊँ पूछेया? सुणने वाल़ेया ते पूछ कि मैं
तिना खे क्या बोलेया? देख, सेयो जाणोए कि मैं क्या-क्या बोलेया?” 22
जेबे तिने ये बोलेया, तेबे मन्दरो रे पईरेदारा बीचा ते एक ई जणे, जो नेड़े
था खड़े रा, यीशुए खे थप्पड़ बाई की बोलेया, “क्या तूँ प्रदान पुरोईतो खे
ईंयां जवाब देआ।” 23 यीशुए तेसखे बोलेया, “जे मैं बुरा बोलेया, तो तेसा
बुराईया पाँदि गवाई दे, पर जे खरा बोली राखेया, तो माखे कऊँ बाणे लगी
रा?” 24 हन्ने यीशु बानेया रा कैफे प्रदान पुरोईतो गे पेजी ता। 25 शमौन
पतरस खड़े रा आग सेखणे लगी रा था। तेबे तिने तेसखे बोलेया, “क्या तूँ बी
एसरे चेलेया बीचा ते ए?” तिने बोलेया, “आऊँ निए।” 26 प्रदान पुरोईतो रे
दासो बीचा ते एकी जणे जो तेसरे टब्बरो बीचा ते था, जेसरा कान पतरसे
बाडीता था, बोलेया, “क्या मैं तूँ यीशुए साथे बगीचे रे नि देखेया था?” 27
पतरसे फेर ना करी ती और तेबुई मुर्गे बांग दित्ती। 28 तेबे सेयो यीशुए खे
कैफे गे ते राज्यपालो रे मुख्यालय रे लयी गे और प्यागा रा बखत था, पर
सेयो आपू पीतरे नि गये, ताकि अशुद्ध ना ओ, पर फसह रे त्योआरो री रोटी
खाई सको। 29 तेबे पिलातुस तिना गे बारे निकल़ेया और बोलेया, “तुसे एस
मांणूए पाँदि किजी गल्ला रा दोष लगाओए?” 30 तिने जवाब दित्तेया, “ये
मांणू अपराधी ए, तेबेई तो आसे एसखे तांगे लई की आई रे।” 31 पिलातुसे
तिना खे बोलेया, “तुसेई एसखे लयी जाई की आपणे बिधानो रे मुताबिक
न्याय करो।” यहूदिये अगुवे तेसखे बोलेया, “आसा खे अक्क निए कि केसी
रा प्राण लऊँ।” 32 ये तेबे ऊआ ताकि यीशुए री से गल्ल पूरी ओ, जो तिने ये
साअरा करदे ऊए बोली थी कि तेसरा मरना केड़ा ऊणा। 33 तेबे पिलातुस
फेर राज्यपालो रे मुख्यालय रे पीतरे गया और यीशुए खे बुलाई की तिना
ते पूछेया, “क्या तूँ यहूदिये रा राजा ए?” 34 यीशुए बोलेया, “क्या तूँ ये
गल्ल आपणी तरफा ते बोलणे लगी रा या ओरी मेरे बारे रे तांगे बोली?” 35
पिलातुसे बोलेया, “तुसे क्या सोचोए आऊँ यहूदी ए? तेरी जातिया वाल़े और
बड़े पुरोईते ई तूँ मेरे आथो रे देई राखेया। तैं एड़ा क्या करी राखेया?” 36

यीशुए जवाब दित्तेया, “मेरा राज्य एसा दुनिया रा निए, जे मेरा राज्य एसा
दुनिया रा ऊँदा, तो मेरे सेवक लड़दे और माखे यहूदी अगुवो रे आथो रे नि
देंदे, पर एबे मेरा राज्य एथो रा निए।” 37 पिलातुसे तिना खे बोलेया, “तो
क्या तूँ राजा ए?” यीशुए बोलेया, “तूँ आपू बोलेया कि आऊँ राजा ए मैं तेबेई
तो जन्म लया और तेबेई तो दुनिया रे आयी रा कि सच्चो री गवाई देऊँ, जो
कोई सच्चाईया ते प्यार राखोआ, से मेरा शब्द सुणोआ।” 38 पिलातुसे
बोलेया, “तो सच क्या ए?” ये बोली की से फेर यहूदी अगुवे गे चली गा और
तिना खे बोलेया, “आऊँ तो तेसदे कोई दोष नि पाँदा।” 39 पर तुसा री ये
रवाज ए कि आऊँ फसह रे त्योआरो रे तुसा खे एक मांणू छाडी देऊँ, तेबे
क्या तुसे चाओए कि आऊँ तुसा खे यहूदिया रा राजा छाडी देऊँ? 40 तेबे
तिने चींगी की बोलेया, “एसखे नि पर आसा खे बरअब्बे खे छाडी दे।” जो
हुड़दंग और अत्या री बजअ ते जेला रे पाया था।

**19** तेबे पिलातुसे यीशुए खे कोड़े लगवाए। 2 सिपाईए कांडेया रा मुकट
बूणी की तिना रे सिरो पाँदे राखी ता और तिना खे बैंगणी टाले पईनाए। 3
और तिना गे आयी-आयी की बोलणे लगे, “ओ यहूदिया रे राजा प्रणाम!”
और तिना खे थप्पड़ बाए। 4 तेबे पिलातुसे फेर बारे निकली की लोका खे
बोलेया, “देखो, आऊँ तेसखे तुसा गे फेर बारे ल्याऊँआ, ताकि तुसे जाणो
कि आऊँ तेसदे कोई दोष नि पाँदा।” 5 तेबे यीशु कांडेया रा मुकट और
बैंगणी टाले पणयाई की बारे निकयाले और पिलातुसे बोलेया, “देखो, ये
मांणू।” 6 तेबे बड़े पुरोईते और मन्दरो रे पईरेदारे ए सेयो देखे और जोरे की
बोलेया, “एसखे क्रूसो पाँदे चढ़ाओ, क्रूसो पाँदे।” पिलातुसे तिना खे बोलेया,
“तुसेई एसखे लयी की क्रूसो पाँदे चढ़ाओ, कऊँकि आऊँ एसदे कोई दोष नि
पाँदा।” 7 यहूदिये अगुवे तेसखे बोलेया, “आसा रा बी बिधान ए और म्हारे
बिधानो रे मुताबिक, ये क्रूसो पाँदे चढ़ाणे जोगा ए कऊँकि तिने आपू खे
परमेशरो रा पुत्र बताया।” 8 जेबे पिलातुसे ये गल्ल सुणी, तेबे ओर बी
डरीगा। 9 तेबे फेर राज्यपालो रे मुख्यालय रे पीतरे गया और यीशुए खे
बोलेया, “तूँ केथो राए?” पर यीशुए तेसखे कोई बी जवाब नि दित्तेया। 10
पिलातुसे तिना खे बोलेया, “मांगे कऊँ नि बोलदा? क्या तूँ नि जाणदा कि
ताखे छाडणे रा अक्क मांगे ए और ताखे क्रूसो पाँदे चढ़ाणे रा बी?” 11

यीशुए बोलेया, “ताखे परमेशरो री तरफा ते ए अक्क देई राखेया, तेबेई तेरा
मां पाँदे अक्क ए, जिने आऊँ तेरे आथो रे पकड़वाया, तेसरा पाप जादा ए।”
12 तेबे पिलातुसे सेयो छाडणा चाए, पर यहूदिये चींगी-चींगी की बोलेया,
“जे तूँ एसखे छाडी देगा, तो तेरी भक्ति कैसरो री तरफा खे निए, जो कोई
आपणे आपू खे राजा बणाओआ, से कैसरो रा सामणा करोआ।” 13 इना
गल्ला सुणी की पिलातुस यीशुए खे बारे ल्याया और तेती एक चबूतरा था,
जेतेखे इब्रानिया रे गब्बता बोलोए, और न्याय आसणो रे बैठेया। 14 ये फसह
रे त्योआरो री त्यारिया रा दिन था और दोपईरो रे तकरीबन था, तेबे तिने
यहूदिये खे बोलेया, “देखो, येईए तुसा रा राजा।” 15 पर सेयो चींगे और
बोलेया, “लयी जा, लयी जा, एसखे क्रूसो पाँदे चढ़ाओ।” पिलातुसे तिना खे
बोलेया, “क्या आऊँ तुसा रे राजे खे क्रूसो पाँदे चढ़ाऊँ?” बड़े पुरोईते जवाब
दित्तेया, “कैसरो खे छाडी की आसा रा कोई राजा निए।” 16 तेबे पिलातुसे
यीशु क्रूसो पाँदे चढ़ाणे खे तिना रे आथो रे देईते, ताकि तिना खे क्रूसो पाँदे
चढ़ाई देओ। 17 तेबे सेयो यीशुए खे लयी गे। और सेयो आपणा क्रूस चकी
की तेसा जगा तक गये, जेतेखे खोपड़िया री जगा बोलो थे और इब्रानिया रे
गुलगुता। 18 तेती तिने सेयो और तिना साथे दो ओर मांणू क्रूसो पाँदे चढ़ाए,
एकी खे ओरे और दूजे खे पोरे और बीचे यीशु। 19 तेबे पिलातुसे एक दोष
पत्र लिखी की क्रूसो पाँदे लगाईता और तिदे लिखी राखेया था, “यीशु नासरी
यहूदिया रा राजा।” 20 ये दोष पत्र बऊत यहूदिये पढ़ेया, कऊँकि से जगा,
जेती यीशु क्रूसो पाँदे चढ़ाए थे से जगा यरूशलेम नगरो ते नेड़े ई थी और पत्र,
इब्रानी, लतीनी और यूनानिया रे लिखेया रा था। 21 तेबे यहूदिया रे बड़े
पुरोईते पिलातुसो खे बोलेया, “यहूदिया रा राजा नि लिख,” पर ये लिख कि
तिने बोलेया, “आऊँ यहूदिया रा राजा ए।” 22 पिलातुसे बोलेया, “मैं जो
लिखी ता, से लिखी ता।” 23 जेबे सिपाई यीशुए खे क्रूसो रे चढ़ाई चुके, तेबे
तिना रे टाले लयी की चार इस्से कित्ते, हर सिपाईए खे एक इस्सा, तेबे तिने
कुरता बी लया पर कुरता बिना सलाईया ते ऊबो ते लयी की ऊँदो तक
बुणेया रा था। 24 तेबे तिने आपू बीचे बोलेया, “आसे एसखे फाड़ना रणी
देऊँए, पर एते पाँदे पर्ची पाऊँए कि ये केसरा ऊणा। ये तेबे ऊआ कि पवित्र
शास्त्रो री गल्ल पूरी ओ कि “तिने आपू बीचे मेरे टाले बांडी ते और मेरे

टालेया पाँदे पर्ची पायी," 25 तो सिपाईए एड़ा ई कित्तेया। यीशुए रे क्रूसो गे
तिना री आम्मा और तेसा री बईण, क्लोपासो री लाड़ी मरियम और मरियम
मगदलिनी खड़ी रिया थिया। 26 जेबे यीशुए आपणी आम्मा और तेस चेले खे
जेसते से प्यार राखो था, नेड़े खड़े रा देखेया तो आपणी आम्मा खे बोलेया,
"ओ जवाणसे, देख, ये तेरा पाऊए।" 27 तेबे तिने चेले खे बोलेया, "ये तेरी
आम्मा ए।" तेबे तेसी बखते से चेला तेसा खे आपणे कअरे लयी गा। 28
इजी ते बाद यीशुए ये जाणी की कि एबे सब कुछ ऊईगा, ताकि पवित्र
शास्त्रो री गल्ल पूरी ओ, तिने बोलेया, "आऊँ त्याया ए।" 29 तेती एक
सिरके रा पांडा परी की था राखेया रा, तेबे तिने स्पंजो रा टाला सिरके रे
सेड़ेया और डण्डे पाँदे राखी की तिना रे मुंओ रे लगाया। 30 जेबे यीशुए से
सिरका चाखेया, तेबे बोलेया, "पूरा ऊआ" और सिर चुकाई की प्राण छाडी
ते। 31 तेबे से त्यारिया रा दिन था, यहूदिये पिलातुसो ते बिनती कित्ती कि
तिना री खुटिया तोड़ी देओ और तिना खे ऊतारी देओ, ताकि आरामो रे दिने
सेयो क्रूसो रे नि रओ, कऊँकि ये आरामो रा दिन बड़ा दिन था। 32 तेबे
सिपाईए आयी की पईले रिया खुटिया तोड़िया, तेबे दूजे रिया, जो तिना साथे
क्रूसो रे चढ़ाई राखे थे। 33 पर जेबे यीशुए गे आयी की देखेया कि ये मरी
चुकेया रा, तो तिना री खुटिया नि तोड़िया। 34 पर सिपाईया बीचा ते एकी
जणे एक बड़छा बखिया रे कुसाया और तेते बीचा ते तेबुई खून और पाणी
निकलेया। 35 जिने ये देखेया, तिने ई ये गवाई दित्ती और तेसरी गवाई सच्ची
ए और से जाणोआ कि सच बोलणे लगी रा, ताकि तुसे बी विश्वास करो। 36
यो गल्ला तेबे ऊईया, ताकि पवित्र शास्त्रो रा से वचन पूरा ओ, "तेसरी कोई
बी आड्डी तोड़ी नि जाणी।" 37 फेर एक ओरी जगा रे ये लिखी राखेया,
"जिने से ऊजी राखेया, तिना पाँदे नजर करनी।" 38 इना गल्ला ते बाद
अरिमतियाह गांव रा यूसुफे, जो यीशुए रा चेला था, पर यहूदी अगुओ रे डरो रे
मारे से एसा गल्ला खे छिपाए रे राखो था, तिने पिलातुसो ते बिनती कित्ती
कि आऊँ यीशुए री लोथ लयी जाऊँ; और पिलातुसे तेसरी बिनती सुणी और
से आयी की तिना री लोथ लयी गा। 39 नीकुदेमुस बी, जो पईले यीशुए गे
राथियो खे गया था, पंजा सेरो रे तकरीबन मिलेया रा गन्धरस और एलवा
ल्याया। 40 तेबे तिने यीशुए री लोथ लयी और यहूदिया रे दबाणे री रवाजा रे

मुताबिक सेयो खुशबूदार चीजा साथे कफनो रे लपेटेया। 41 तेसा जगा रे
जेती यीशु क्रूसो पाँदि चढ़ाए थे, एक बगीचा था और तेस बागीचे रे एक नयी
कब्र थी, जेती कदी कोई नि राखेया था। 42 तेबे यहूदिया री त्यारिया रे दिनो
री बजअ ते, तिने यीशुए री लोथ तिदे ई राखी, कऊँकि से कब्र नेड़े थी।
**20** अफ़्ते रे पईले दिने मरियम मगदलिनी कुछ ओर जवाणसा साथे प्यागा
ई न्हेरे-न्हेरे कब्रा पाँदि आयी और तिने पात्थर कब्रा पाँदा ते आटेया रा देखेया।
2 तेबे सेयो दौड़ी की शमौन पतरस और बाकि चेलेया गे गईया, जिना खे
यीशु प्यार करो थे, और बोलेया, "सेयो प्रभुए रे शरीरो खे कब्रा ते निकाल़ी
की लयी गे रे और आसे नि जाणदिया कि तिना खे केयी लयी गे रे।" 3 तेबे
पतरस और दूजा चेला निकल़ी की कब्रा गे गये। 4 और दोनो साथे-साथे
दौड़ने लगी रे थे, पर दूजा चेला पतरसो ते आगे दौड़ी की कब्रा पाँदि पईले
पऊँछेया। 5 तिने नपी की टाले ई पड़े रे देखे, पर से पीतरे नि गया। 6 तेबे
शमौन पतरस तेसते पीछे-पीछे पऊँछेया और कब्रा रे पीतरे गया और टाले
पड़े रे देखे। 7 और से टाल्ला जो तिना रे सिरो रे था बानेया रा, से टालेया
साथे नि था, पर एक लग जगा रे था लपेटेया रा। 8 तेबे दूजा चेला बी, जो
कब्रा पाँदि पईले पऊँछेया था, पीतरे गया और देखी की विश्वास कित्तेया कि
यीशु मरेया रे बीचा ते जिऊँदा ऊईगा रा। 9 सेयो एबुए तक पवित्र शास्त्रो री
गल्ल नि समजे थे कि से मरेया रे बीचा ते जिऊँदा ऊणा था। 10 तेबे सेयो
चेले आपणे कअरो खे वापस ऊईगे। 11 पर मरियम रोंदी ऊई कब्रा गे ई बारे
खड़ी री रई और रोंदे-रोंदे कब्रा खे चूकी की देखदी रई। 12 तेबे तेसे दो
स्वर्गदूत सफेद टाले पईने रे, एक सरयाणे रे और दूजा पाईंदिया रे बैठे रे देखे,
जेती यीशुए री लोथ थी पड़ी री। 13 तिने तेसा खे बोलेया, "ओ जवाणसे तूँ
कऊँ लगी री रोणे?" तेसे तिना खे बोलेया, "सेयो मेरे प्रभुए रे शरीरो खे
चकी की लयी गे रे और आऊँ नि जाणदी कि सेयो केयी लयी गे रे।" 14 ये
बोली कि से पीछे मुड़ी और यीशु खड़े रे देखे और पछयाणे नि कि यीशु ए।
15 यीशुए तेसा खे बोलेया, "ओ जवाणसे तूँ कऊँ लगी री रोणे? केसखे
टोल़ेई?" तेसे माली समजी की तिना खे बोलेया, "ओ महाराज! जे तुसे तिना
रा शरीर चकी की लयी गे रे तो मांगे बताई दे कि केयी राखी राखे और आऊँ
तिना खे लयी जाऊँगी।" 16 यीशुए तेसा खे बोलेया, "मरियम!" तेसे पीछे

मुड़ी की तिना खे इब्रानी पाषा रे बोलेया, “रब्बुनी!” मतलब-ओ गुरू! 17
यीशुए तेसा खे बोलेया, “माखे नि छूँ, कऊँकि आऊँ एबुए तक ऊबे पिते गे
नि जाई रा, पर मेरे पाईया गे जाई की तिना खे बोली दे कि आऊँ आपणे पिते
गे और तुसा रे परमेशरो गे ऊबे जाऊँआ।” 18 मरियम मगदलिनिये जाई की
चेलेया गे बताया, “मैं प्रभु देखे, तिने मां साथे गल्ला कित्तिया।” 19 तेसी
दिने, जो अफ़्ते रा पईला दिन था, साँजके बखते, जेबे तेथो रे द्वार, जेती चेले
थे, यहूदी अगुओ रे डरो रे मारे बंद थे, तेबे यीशु आए और बीचे खड़े ऊई
की तिना खे बोलेया, “तुसा खे शान्ति मिलो।” 20 और ये बोली की तिने
आपणे आथ और आपणी पसली तिना खे दखाए, तेबे चेले यीशुए खे देखी
की खुश ऊए। 21 यीशुए तिना खे फेर बोलेया, “तुसा खे शान्ति मिलो;
जिंयाँ पिते आऊँ पेजी राखेया, तिंयाँ ई आऊँ बी तुसा खे दुनिया रे पेजुँआ।”
22 ये बोली की तिने तिना पाँदे फूकर दित्ती और बोलेया, “पवित्र आत्मा
लओ। 23 जिना रे पाप तुसे माफ करो, तिना खे माफ ऊईगे और जिना रे
पाप तुसे माफ नि करोगे, तिना रे पाप माफ नि ऊणे।” 24 पर बारा चेलेया
बीचा ते एक, मतलब-थोमा, जेसखे दिदुमुस बी बोलोए, जेबे यीशु आए, तो
से तिना साथे नि था। 25 जेबे ओर चेले तेसखे बोलणे लगे, “आसे यीशु
देखे,” तेबे तिने तिना खे बोलेया, “जदुओ तक आऊँ तिना रे आथो रे परेगा रे
छेद नि देखी लऊँ और परेगा रे छेदो रे आपणी गूठी और तिना री पसलि़या
रे आपणा आथ नि पाई लऊँ, तदुओ तक आऊँ विश्वास नि करदा कि से
मरेया रे बीचा ते जिऊँदा ऊईगा रा।” 26 एक अफ़्ते ते बाद फेर तिना रे चेले
पीतरे थे और थोमा तिना साथे था और द्वार बंद थे, तेबे यीशुए आयी की
और बीचे खड़ी की बोलेया, “तुसा खे शान्ति मिलो।” 27 तेबे तिने थोमे खे
बोलेया, “आपणी गूठी ओरे ल्याई की मेरी पसलि़या रे पा और अविश्वासी
नि, पर विश्वासी बण।” 28 ये सुणी की थोमे बोलेया, “ओ मेरे प्रभु! ओ मेरे
परमेशर!” 29 यीशुए तेसखे बोलेया, “तैं तो माखे देखी की विश्वास करी
राखेया, पर धन्य सेयो, जिने बिना देखे विश्वास कित्तेया।” 30 यीशुए ओर बी
बऊत चमत्कार चेलेया सामणे दखाए, जो एसा कताबा रे लिखी नि राखे। 31
पर यो तेबे लिखे, ताकि तुसे विश्वास करो कि यीशु ई परमेशरो रा पुत्र मसीह
ए, और विश्वास करी की तिना रे नाओं ते अनन्त जीवन पाओ।

**21** इना गल्ला ते बाद यीशु तिबिरियास समुद्रो रे कनारे आपणे चेलेया
सामणे आए और ईंयां सामणे आए, 2 शमौन पतरस और थोमा, जेसखे
दिदुमुस बी बोलोए और गलीलो रे काना नगरो रा नतनएल और जब्दिए रे
पाऊ और यीशुए रे चेलेया बीचा ते दो ओर जणे कट्ठे थे। 3 शमौन पतरसे
तिना खे बोलेया, "आऊँ मछलिया पकड़ने जाऊँआ।" तिने बोलेया, "आसे
बी तां साथे चलूँए।" तेबे सेयो निकल़ी की किस्तिया रे चढ़े, पर तेसा राती
कुछ नि पकड़ेया। 4 आगले दिने प्याग ऊँदे ई यीशु कनारे पाँदे थे खड़े रे,
पर चेलेया नि पछयाणे कि यीशु ए। 5 तेबे यीशुए तिना खे बोलेया, "ओ
बाल़को! क्या तुसा गे कुछ खाणे खे आए?" तिने बोलेया, "ना।" 6 तिने
तिना खे बोलेया, "किस्तिया रे दाँणी तरफा खे जाल़ पाओ, तो मिलणा।"
तेबे तिने जाल़ पाया और एबे बऊत मछलिया ऊणे री बजअ ते जाल़ खिंजी
नि सके। 7 तेबे तिने चेले जेस साथे यीशु प्यार राखो थे, पतरसो खे बोलेया,
"ये तो प्रभु ए।" शमौन पतरसे ये सुणी की कि यीशु ए, लको रे टाला बानी
ला, कऊँकि से नांगा था और समुद्रो रे छवाल़ खाई ती। कऊँकि से यीशु
खे मिलणे खे बड़ा उताऊल़ा था 8 पर ओर चेले डोंगिया पाँदे मछलिया रा
फरेया रा जाल़ खींजदे ऊए आए, कऊँकि सेयो कनारे ते बऊत दूर नि थे, पर
दो सौ की आथ दूर थे। 9 जेबे सेयो कनारे पाँदे पऊँछे, तेबे तिने सुल़गे रे
फेऊओ पाँदे मछली देखी और रोटी देखी। 10 यीशुए तिना खे बोलेया, "जो
मछलिया तुसे एबु पकड़ी राखिया, तिना बीचा ते कुछ ल्याओ।" 11 शमौन
पतरसे डोंगिया पाँदे चढ़ी की एक सौ तिरेपन बड़िया मछलिया रा परेया रा
जाल़ कनारे पाँदे खींजेया और इतणिया मछलिया ऊँदे ऊए बी जाल़ नि
फटेया। 12 यीशुए तिना खे बोलेया, "आओ रोटी खाओ।" पर चेलेया बीचा
ते केसी खे बी याओ नि ऊआ कि तिना ते पूछो, "तूँ कूणे?" कऊँकि सेयो
जाणो थे कि यो यीशु ए। 13 यीशुए आगे बढ़ी की रोटी लयी की तिना
खे दित्ती और तिंयाँ ई मछली बी। 14 ये तीजी बार था कि यीशुए मरने ते
बाद चेलेया खे दर्शन दित्ते। 15 रोटी खाणे ते बाद यीशुए शमौन पतरसो
खे बोलेया, "ओ शमौन, यूहन्ने रे पाऊ! क्या तूँ इना ते जादा माखे प्यार
करेया?" तिने बोलेया, "आ प्रभु, तुसे तो जाणोए कि आऊँ तुसा खे प्यार
करूँआ।" तिने तेसखे बोलेया, "मेरे मिन्टूआ खे चरा।" 16 तिने फेर दूजी बार

तेसखे बोलेया, “ओ शमौन, यूहन्ने रा पाऊ! क्या तूँ माखे प्यार करेया?”
तिने बोलेया, “आ प्रभु, तुसे तो जाणोए कि आऊँ तुसा खे प्यार करूँआ।”
तिने तेसखे बोलेया, “मेरी पेडा री रखवाल़ी कर।” 17 तिने तीजी बार तेसखे
बोलेया, “ओ शमौन, यूहन्ने रा पाऊ! क्या तूँ माखे प्यार करेया?” पतरस
उदास ऊईगा कि तिने तीजी बार मांते येई गल्ल पूछी ली। तेबे तिने बोलेया,
“ओ प्रभु! तुसे तो सब कुछ जाणोए कि आऊँ तुसा खे प्यार करूँआ।”
यीशुए तेसखे बोलेया, “मेरी पेडा खे चरा। 18 आऊँ ताखे सच-सच बोलूँआ
कि जेबे तूँ जवान था, तेबे आपणा लक बानी की जेती चाओ था, तेती कूमो-
फिरो था, पर जेबे तूँ स्याणा ऊणा, तेबे दूजे आपणे आथ लांबे करने और तेरा
लक बानी की जेती से चाओगा, तूँ लयी जाणा।” 19 तिने इना गल्ला ते
जताई ता कि पतरसे केड़िया मौता साथे परमेशरो री महिमा करनी। तेबे तिने
तेसखे बोलेया, “मां पीछे आईजा।” 20 पतरसे मुड़ी की से चेला देखेया, जेस
साथे यीशु प्यार राखो थे, और जिने रोटी खांदे ऊए तिना री छातिया री
तरफा खे चूकी की पूछेया था, “ओ प्रभु! तुसा खे पकड़वाणे वाल़ा कूणे?”
21 तेसखे देखी की पतरसे यीशुए खे बोलेया, “ओ प्रभु! एसरा क्या आल
ऊणा?” 22 यीशुए तेसखे बोलेया, “जे आऊँ चाऊँ कि ये मेरे वापस आऊणे
तक रूकेया रा रओ, तो ताखे क्या ए? तूँ मां पीछे आईजा।” 23 तेबेई तो
पाईया बीचे ये गल्ल फैली गी कि से चेला नि मरना, पर यीशुए ये नि बोलेया
कि ये नि मरना, पर ये कि “जे आऊँ चाऊँ कि ये मेरे वापस आऊणे तक
रूकेया रा रओ, तो ताखे क्या ए?” 24 ये सेई चेला ए जो इना गल्ला री
गवाई देओआ और जिने यो गल्ला लिखी राखिया और आसे जाणूंए कि
तेसरी गवाई सच्ची ए। 25 ओर बी बऊत सारे काम ए, जो यीशुए कित्ते, जे
सेयो एक-एक करी की लिखे जांदे, तो आऊँ समजूँआ कि जो कताबा बी
लिखिया जांदिया और सेयो दुनिया रे बी नि औडणिया थिया।

# प्रेरितों के काम

**1** ओ श्रीमान्, थियुफिलुस! मैं पईली कताब तिना सबी गल्ला रे बारे रे
लिखी, जो प्रभु यीशु शुरूओ ते करदा और सिखांदा रया। 2 जदुओ तक से
परमेशरो रे जरिए स्वर्गो रे नि चकेया गया, तदुओ तक तेसरे स्वर्गो रे चकणे
ते पईले, तिने आपणे चुणे रे प्रेरिता खे पवित्र आत्मा रे जरिए आज्ञा देंदा
रया। 3 और यीशुए दु: खो ते और मौता ते बाद, बऊत ई पक्के सबूता साथे
आपणे आपू खे प्रेरिता गे जिऊँदा दखाया और चाल़ी दिनो तक सेयो तिना खे
दिशदे रये और परमेशरो रे राज्य रिया गल्ला करदे रये। 4 तेबे तिने चेलेया खे
मिली की आज्ञा दित्ती, "यरूशलेमो खे नि छाडो, पर पिते रे तेस वादे रा पूरे
ऊणे रा इन्तजार करदे रओ, जेतेंरे बारे रे तुसे मांते सुणी चुके रे। 5 कऊँकि
यूहन्ने तो पाणिए साथे बपतिस्मा देई राखेया, पर थोड़े दिन बाद तुसा पवित्र
आत्मा रा बपतिस्मा पाणा।" 6 तेबे तिने कट्ठे ऊई की तिना ते पूछेया, "ओ
प्रभु! क्या तुसा एसी बखते ई इस्राएलो खे राज्य फेरी देणा?" 7 तिने तिना
खे बोलेया, "तेस बखतो खे और तेसा कअड़िया खे जाणना, जो पिते आपणे
ई अक्को रे राखी राखे, तुसा रा काम निए। 8 पर जेबे पवित्र आत्मा तुसा
पाँदे आऊणा, तेबे तुसा सामर्थ पाणी और यरूशलेम नगरो रे, सारे यहूदिया
और सामरिया प्रदेशो रे और तरतिया रे कनारे तक तुसे मेरे गवा ऊणे।" 9 ये
बोलदे ऊए सेयो, तिना रे देखदे-देखदे परमेशरो रे जरिए स्वर्गो खे चकी ते
और बादल़ो री बजअ ते सेयो तिना खे जादा देरा तक देखी नि सके। 10 जेबे
तिना खे जांदे ऊए सेयो सर्गो खे ताकणे लगी रे थे, तेबे दो मांणू सफेद टाले
पईने रे अचाणक तिना बीचे आयी की खड़े ऊईगे 11 और तिना खे बोलेया,
"ओ गलीली मर्दो! तुसे खड़े ऊई की सर्गो खे कऊँ लगी रे देखणे? येई यीशु
जो तुसा गे ते स्वर्गो खे चकी ला रा, जिंयाँ तुसे से स्वर्गो खे जांदा ऊआ देखी
राखेया, तिंयाँ ई से फेर आऊणा।" 12 तेबे चेले जैतून नाओं रे पाह्ड़ो ते, जो
यरूशलेम नगरो रे नेड़े तकरीबन एक किलोमीटरो री दुरिया रे ए, यरूशलेमो
खे वापस ऊए। 13 जेबे सेयो नगरो रे पऊँछे, तेबे सेयो तेसा बाऊड़ी दे गये,
जेती पतरस, यूहन्ना, याकूब, अन्द्रियास, फिलिप्पुस, थोमा, बरतुल्मै, मत्ती,
हलफईसो रा पाऊ याकूब, शमौन जेलोतेस और याकूबो रा पाऊ यहूदा रओ
थे। 14 यो सब कईया जवाणसा साथे और प्रभु यीशुए री आम्मा मरियम

और तिना रे पाईया साथे एक चित्त ऊई की प्रार्थना रे लगे रये। 15 तिना दिना
रेई पतरस पाईया बीचे, जो एक सौ बीईया रे तकरीबन विश्वासी थे, खड़ा ऊई
की बोलणे लगेया, 16 "ओ पाईयो जरूरी था कि पवित्र शास्त्रो रा से लेख
पूरा ओ, जो पवित्र आत्मे दाऊदो रे मुंओ ते यहूदा रे बारे दे, जो प्रभु यीशुए खे
पकड़ने वाळेया रा अगुवा था, पईले तेई बोलेया था। 17 यहूदा तो आसा
बीचे गिणेया गया और तेसा सेवकाईया रे शामिल ऊआ।" 18 तिने पापो
री कमाईया ते एक डोरू खरीदेया और सिरो रे पारे रूड़ेया और तेसरा पेट
फटीगा और तेसरी सारिया आंजा निकळी गिया, 19 और एसा गल्ला खे
यरूशलेमो रे रणे वाळे जाणी गे, एथो तक कि तेस डोरूआ रा नाओं तिना
री पाषा रे हकलदमा, मतलब-खूनो रा डोरू पड़ी गा। 20 पतरसे बोलेया,
"कऊँकि भजनसंहिता रे लिखी राखेया, "'तेसरा कअर उजड़ी जाओ और
तिदे कोई ना बसो,' 'और तेसरी अध्यक्षो री जगा कोई ओर लयी लो।' 21
"तेबेई ये जरूरी ए कि एक एड़ा मांणू चुणेया जाओ जो प्रभु यीशुए रे कित्ते रे
सारे कामो रे गवा ओ। प्रभु यीशुए खे यूहन्ने रे जरिए बपतिस्मा देणे ते लयी
की तिना रे स्वर्गो रे चकणे तक ये आदमी आसा साथे प्रभु यीशुए रे मरे रेया
बीचा ते जिऊँदा ऊणे रा गवा बणो। 22 खरा ए कि तिना बीचा ते एक मांणू
आसा साथे, यीशुए रे जिऊँदे ऊणे रा गवा ऊई जाओ।" 23 तेबे तिने दो जणे
खड़े कित्ते, एक यूसुफ, जेसखे बरसब्बास बी बोलोए, जेसरा छोटा नाओं
युस्तुस ए और दूजा मत्तियाह। 24 तेबे ये बोली की प्रार्थना कित्ती, "ओ प्रभु!
तुसे जो सबी रे मनो खे जाणोए, ये बताओ कि तुसे इना दूँईं बीचा ते कुण
चुणी राखेया, 25 ताकि से एसा सेवा री और प्रेरिताईया री जगा लई लओ,
जेसखे यहूदा छाडी की आपणी जगा खे गया।" 26 तेबे तिने तिना रे बारे रे
चिट्ठिया पाईया और पत्री मत्तियाहो रे नाओं पाँदे निकळी, तेबे से तिना ग्यारा
प्रेरिता साथे गिणेया गया।

**2** जेबे यहूदिया रा पिन्तेकुसो रा त्योआरो रा दिन आया, तेबे सेयो सब एकी
जगा रे कट्ठे थे। 2 तदुओ की एकदम सर्गो ते बड़े तूफानो री जी छेड़ ऊई और
तिजी ते सारा कअर, जेती सेयो थे बैठे रे, गूँजी गा। 3 तिना खे आगी रिया
लुपिया जेड़िया जीबा निकळदिया ऊईया दिशिया और तिना बीचे सबी पाँदे
आयी की ठईरी गिया। 4 तेबे सेयो सब पवित्र आत्मा ते परी गे और जियाँ

पवित्र आत्मे तिना खे बोलणे री सामर्थ दित्ती, सेयो लग-लग पाषा रे बोलणे
लगे। 5 तिना दिना रे बऊत भक्त यहूदी जो परमेशरो ते डरो थे, दुनिया रे हर
देशो ते त्योआर मनाणे आये थे और यरूशलेम नगरो रे रणे लगी रे थे। 6 जेबे
से छेड़ ऊई, तेबे पीड़ कट्ठी ऊईगी और लोक कबराई गे, कऊँकि हर एकी खे
येई सुणो था कि ये मेरी ई पाषा रे बोलणे लगी रे। 7 सेयो सब हैरान ऊई की
बोलणे लगे, "देखो, ये जो बोलणे लगी रे, क्या सब गलीली निए? 8 तो
तेबे ये क्या ऊणे लगी रा, तेबे आसे सब आपणी-आपणी जन्म-भूमिया री
पाषा कऊँ सुणने लगी रे? 9 आसा बीचा ते जो पारथी, मेदी और एलामी
लोक, मेसोपोटामिया, यहूदिया, कप्पदूकिया, पुन्तुस, आसिया, 10 फुगिया,
पंफूलिया, मिस्र और लिबिया वासी जो कुरेनो रे नेड़े-तेड़े ए, इना सबी देशो रे
रणे वाल़े और रोमो रे रणे वाल़े यहूदी और यहूदी तर्म तारण करने वाल़े, 11
मतलब क्या यहूदी और क्या यहूदी तर्म तारण करने वाल़े, क्रेती और अरबी
बी ए, पर आपणी-आपणी पाषा रे तिना ते परमेशरो रे बड़े-बड़े कामो रे बारे रे
चर्चा सुणने लगी रे।" 12 तेबे सेयो सब हैरान ऊईगे और कबराई की एकी-
दूजे खे बोलणे लगे, "ये क्या ऊणे लगी रा?" 13 पर ओरी मजाक करी की
बोलेया, "सेयो तो नये शराबो रे नशे रे चूर ए।" 14 तेबे पतरस तिना ग्यारा
चेलेया साथे खड़ा ऊआ और जोरे की बोलणे लगेया, "ओ यहूदिया! और ओ
यरूशलेमो रे सब रणे वाल़ो! ये जाणी लो और कान लगाई की मेरी गल्ला
सुणो। 15 जेड़ा तुसे समजणे लगी रे, यो लोक नशे रे निए, कऊँकि एबु तो
प्यागा रे नौ ई बजी रे। 16 पर ये से गल्ल ए, जो परमेशरे योएल भविष्यबक्ते
रे जरिए बोली थी, 17 "'परमेशर बोलोआ कि आखरी रे दिना रे एड़ा ऊणा,
कि मां आपणा आत्मा सबी मांणूआ पाँदे लटणा और तुसा रे माठे-बेटिया
भविष्यबाणी करनी और तुसा रे जवाना दर्शन देखणे और तुसा रे बुजुर्गा
सुपने देखणे। 18 बल्कि मां आपणे दास और दासिया पाँदे तिना दिना रे
आपणी आत्मा बीचा ते लटणा और तिना भविष्यबाणी करनी 19 और मां
ऊबे सर्गो रे अचम्बे रे काम और ऊँदे तरतिया रे चिह्न, मतलब-खून, आग और
तुएँ रे बादल़ दखाणे। 20 प्रभुए रा न्याय रा दिन आऊणे ते पईले सूरज काल़ा
और चाँद खूनो जेड़ा लाल ऊई जाणा। 21 और जेस केसी प्रभुए रा नाओं
लणा, तेसरा ई उद्धार ऊणा।' 22 "ओ इस्राएलियो! इना गल्ला खे सुणो,

यीशु नासरी एक मांणू था। जेसरा परमेशरो री तरफा ते ऊणे रा सबूत, तिना
सामर्था रे कामो, अचम्बे रे कामो ते और चमत्कारा ते प्रगट ए। जो परमेशरे
तुसा बीचे, तेसरे जरिए दखाए, जेसखे तुसे आपू बी जाणोए। **23** तेस ई
यीशुए खे, जो परमेशरो री ठराई री योजना और पईलके ज्ञानो रे मुताबिक
पकड़वाया। तेबे तुसे से पापिया रे आथो क्रूसो पाँदे चढ़ाई की मरवाईता। **24**
पर सेई परमेशरे मौता रे बंदनो ते छुड़ाई की जिऊँदा कित्तेया, कऊँकि ये
ऊणा नि था कि से तेसरे वशो रे रंदा। **25** कऊँकि दाऊद यीशु मसीह रे बारे रे
बोलोआ, "आऊँ सदा प्रभुए खे आपणे सामणे देखदा रया, कऊँकि से मेरी
दाँणी तरफा खे ए, ताकि आऊँ कबराई नि जाऊँ। **26** इजी री बजअ ते मेरा
मन खुश ऊआ और मेरी जीब मग्न ऊई, बल्कि मेरा शरीर बी उम्मीदा रे बसे
रा रणा। **27** कऊँकि तां मेरा प्राण नरको रे नि छाडणा और तां आपणा पवित्र
जन सड़ने नि देणा। **(Hadēs g86)** **28** तैं माखे जीवनो री बाट बताई राखी, तां
आपणे दर्शनो रे जरिए आऊँ खुशिये की परी देणा। **29** "ओ पाईयो! आऊँ
तेस कुलपति दाऊदो रे बारे रे तुसा खे इम्मता साथे बोली सकूँआ कि से तो
मरी गा और दबाई बी दित्तेया और तेसरी कब्र आजो तक आसा गे मौजुद ए।
**30** से भविष्यबक्ता था और ये जाणो था कि परमेशरे मांते कसम खाई की
वादा करी राखेया कि मां तेरे वंशो बीचा ते एक जणा तेरे सिंहासनो पाँदे
बठयाल़ना। **31** तिने ऊणे वाल़ी गल्ला खे पईले तेई देखी की मसीह रे जिऊँदे
ऊणे रे बारे रे भविष्यबाणी कित्ती, कि ना तो तेरा प्राण नरको रे छाडेया
और ना ई तेसरा शरीर सड़ेया। **(Hadēs g86)** **32** येई यीशु परमेशरे जिऊँदा
कित्तेया, जेसरे आसे सब गवा ए। **33** तिंयाँ ई परमेशरो रे दाँणे आथो ते सबी
ते उचा पद पाई की और पिते ते से पवित्र आत्मा पाई की जो वादा कित्तेया
था, तिने ये लटेया, जो आज तुसे देखोए और सुणोए। **34** कऊँकि दाऊद तो
स्वर्गो रे नि चढ़ना, पर से आपू बोलोआ, "'प्रभुए परमेशरे मेरे प्रभुए खे
बोलेया; **35** मेरे दाँणे बैठ, जदुओ तक आऊँ तेरे बैरिया खे तेरे पैरा निठे नि
करी देऊँ।' **36** "तो एबे इस्राएलो रा सारा कराना, पक्का जाणी लओ कि
परमेशरे तेसी यीशुए खे, जो तुसे क्रूसो पाँदे चढ़ाया, प्रभु बी और मसीह बी
ठराया।" **37** तेबे सुणने वाल़े लोका खे विश्वास ऊईगा कि आसे गल़त काम
करी राखेया और सेयो पतरसो खे और बाकि प्रेरिता खे पूछणे लगे, "ओ

पाईयो! आसे क्या करिए?" 38 पतरसे तिना खे बोलेया, "पापो ते मन
फिराओ, और तुसा बीचा ते हर एक आपणे-आपणे पापो री माफिया खे
यीशु मसीह रे नाओं ते बपतिस्मा लओ, तो तुसा खे पवित्र आत्मा रा दान
मिलणा। 39 ये वादा तुसे और तुसा री ल्वादे और तिना सबी दूरो-दूरो रे
लोका खे बीए, जो प्रभुए म्हारे परमेशरे आपू गे बुलाणे।" 40 पतरसे बऊत
ओर गल्ला री गवाई देई-देई की बी समजयाया, "आपणे आपू खे एसा
टेडिया जातिया ते बचाओ।" 41 तो जिने लोके पतरसो रा वचन सुणी की
मानेया, तिने बपतिस्मा लया और तेसी दिने तीन ह्जार मांणूआ रे तकरीबन
विश्वासिया साथे मिली गे। 42 तेबे ये सब विश्वासी प्रेरिता ते शिक्षा पाणे और
संगति राखणे रे और रोटी तोड़ने रे और प्रार्थना करने रे लगे रे रये 43 और
यरूशलेमो रे सबी लोका खे डर ऊईगा और बऊत अचम्बे रे काम और चिह्
प्रेरित करो थे। 44 और सेयो सब विश्वास करने वाल़े कट्ठे रओ थे और तिना
री सब चीजा साजिया थिया। 45 और सेयो आपणी-आपणी सम्पति और
सामान बेची-बेची की जेड़ी जेसरी जरूरत ओ थी, बांडी देओ थे। 46 और
सेयो हर रोज एक मन ऊई की मन्दरो रे कट्ठे ओ थे और कअरे-कअरे रोटी
तोड़ी की खुश और मन लगाई की रोटी खाया करो थे 47 और परमेशरो री
स्तुति करो थे और सब लोक तिना ते खुश थे और जो उद्धार पाओ थे तिना
खे प्रभु हर रोज तिना बीचे मिलाई देओ था।

**3** पतरस और यूहन्ना तकरीबन दोपईरो रे तीन बजे प्रार्थना रे बखते मन्दरो रे
जाणे लगी रे थे। 2 तेबे लोक एक लंगड़े खे ल्याए, जो जन्मो तेई लंगड़ा था।
तेसखे सेयो हर रोज मन्दरो रे तेस द्वारो पाँदि, जेतेखे सुन्दर बोलोए, बठयाल़ी
देओ थे, ताकि से मन्दरो रे जाणे वाल़ेया ते पीख माँगो। 3 जेबे तिने पतरस
और यूहन्ना मन्दरो रे जांदे ऊए देखे, तो तिना ते पीख मांगी। 4 पतरसे यूहन्ने
साथे तेसरी तरफा खे बड़े ई त्यानो साथे देखी की बोलेया, "आसा कनारो
खे देख।" 5 तेबे पीख मांगणे वाल़ा जन्मो रा लंगड़ा तिना ते कुछ पाणे री
उम्मीदा ते तिना खे ताकणे लगेया। 6 तेबे पतरसे बोलेया, "सुईना और चाँदी
मांगे आए नि, पर जो मांगे आए, से ताखे देऊँआ, यीशु मसीह नासरियो रे
नाओं ते उठ और चल-फिर।" 7 तेबे पतरसे तेसरा दाँणा आथ पकड़ी की से
खड़ा कित्तेया और तेबुई तेसरे पैरा और खुटिया रे जान आईगी। 8 से उटकी

की खड़ा ऊईगा और चलणे-फिरने लगेया और चलदा उछल़दा और परमेशरो
री स्तुति करदा ऊआ तिना साथे मन्दरो रे आँगणो रे गया। 9 सबी लोके से
उटकदे और परमेशरो री स्तुति करदा ऊआ देखी की 10 से पछयाणी ला कि
ये तो सेई लंगड़ा ए, जो मन्दरो रे सुन्दर फाटको पाँदे बैठी की पीख माँगो था
और तेस कामो ते जो तेस साथे ऊआ था, सेयो बऊत हैरान ऊईगे। 11 जेबे
से पतरस और यूहन्ने खे पकड़े रे था, तो सब लोक बऊत हैरान ऊई की
जेतेखे सुलेमानो रा बरंडा (बरामदा) बोलोए, तिना गे दौड़दे ऊए आए। 12 ये
देखी की पतरसे लोका खे बोलेया, "ओ इस्राएलियो! तुसे एस मांणूए खे
देखी की अचम्बा कऊँ करोए? और आसा री तरफा खे ईंयां कऊँ लगी रे
देखणे कि मानो आसे ई आपणी सामर्थ या भक्तिया ते ये चलणे-फिरने जोगा
करी राखेया? 13 अब्राहम, इसहाक और याकूबो रे परमेशर, आसा रे बाप-
दादेया रे परमेशरे आपणे सेवक यीशुए री महिमा कित्ती, जो तुसे मारने खे
यहूदी अगुवे रे आथो रे पकड़वाया। जेबे पिलातुसे तेसखे छाडणे रा बिचार
बणाया, तेबे तुसे तेसरे सामणे तेसरी बेज्जती कित्ती। 14 तुसे यीशुए खे
मानणे ते ना कित्ती जो पवित्र और तर्मी था और बिनती कित्ती कि एक
खुनिए खे तुसा खे छाडेया जाओ 15 और तुसे अनन्त जीवनो खे बणाणे वाल़ा
मरवाईता, जो परमेशरे मरे रेया बीचा ते जिऊँदा कित्तेया और एसा गल्ला रे
आसे गवा ए। 16 और यीशुए मसीह रेई नाओं ते, तेस विश्वासो रे जरिए, जो
तेसरे नाओं पाँदे ए, एस मांणूए खे जेसखे तुसे देखणे लगी रे और जाणो बी
ए कि सामर्थ देई राखी, तिने विश्वासे ई, जो तेसरे जरिए ए, से तुसा सबी
सामणे, पला-चंगा करी ता। 17 "एबे ओ पाईयो! आऊँ जाणूंआ कि तुसे
और तुसा रे अगुवे यीशु अणजाणे रे काई ते। कऊँकि तुसे नि जाणो थे कि
सेई मसीह था। 18 पर जो गल्ला परमेशरे सबी भविष्यबक्तेया रे मुंओ ते
पईले ई बुलाईया थिया कि तेसरे मसीह दु: ख सईन करना और मरना,
से तिने तिंयाँ ई पूरा कित्तेया। 19 इजी री खातर मन फिराओ और वापस
आओ, कि तुसा रे पाप माफ ऊई जाओ, ताकि प्रभुए रे सामणे शान्तिया
रे दिन आओ। 20 और से यीशुए खे पेजो, जो तुसा खे पईले तेई मसीह
चुणी राखेया। 21 जरूरी ये कि से स्वर्गो रे तेस बखतो तक रओ, जदुओ
तक कि से सबी गल्ला खे सुदारी नि लओ, जेतेरे बारे रे परमेशरे आपणे

पवित्र भविष्यबक्तेया रे मुंओ ते बोली राखेया। (aiōn g165) 22 जेड़ा कि मूसे
बोली राखेया, प्रभु परमेशरे तुसा रे पाईया बीचा ते, तुसा खे मां जेड़ा एक
भविष्यबक्ता पेजणा, जो कुछ से तुसा खे बोलो, से करना। 23 पर हर मांणू
जो तेस भविष्यबक्ते री नि सुणोगा, से लोका बीचा ते नाश ऊणा। 24 "और
शमुएलो ते लयी की तेसरे बाद वाल़ेया तक, जितणे भविष्यबक्ते गल्ल बोली,
तिने सबी इना दिना रा संदेश देई राखेया। 25 तुसे सब तिना भविष्यबक्तेया
री ल्वाद और तेस वादे रे इस्सेदार ए, जो परमेशरे तुसा रे बाप-दादेया साथे
बानी, जेबे तिने अब्राहमो खे बोलेया कि तेंरे कुल़ो रे जरिए तरतिया रे सारे
करानेया आशीष पाणी, 26 परमेशरे आपणे सेवको खे मरे रेया बीचा ते
जिऊँदा करी की सबी ते पईले तुसा गे पेजेया, ताकि तुसा बीचा ते हर एकी
खे तेसरी बुराईया ते फेरी की आशीष देओ।"

**4** जेबे सेयो लोका खे ये बोलणे लगी रे थे, तेबे पुरोईत, मन्दरो रे सरदार और
सदूकी तिना पाँदो खे आईगे। 2 कऊँकि तिना खे बऊत रोष आईगा कि सेयो
लोका खे सिखाओ थे और प्रभु यीशुए रा उदारण देई-देई की मरे रेया रा
जिऊँदे उठणे रा प्रचार करो थे। 3 तेबे तिने सेयो पकड़ी की प्यागा तक जेला
रे राखे, कऊँकि साँज ऊईगी थी। 4 पर जिने-जिने वचन सुणेया, तिना बीचा
ते बऊत जणेया यीशुए पाँदे विश्वास कित्तेया और तिना री गिणती पाँज ह्जार
मर्दो रे तकरीबन ऊईगी। 5 दूजे दिने एड़ा ऊआ कि यहूदिया रे अगुवे, बुजुर्ग
और शास्त्री, 6 प्रदान पुरोईत हन्ना, कैफा, यूहन्ना, सिकन्दर और जितणे
प्रदान पुरोईतो रे कराने रे थे, सब यरूशलेमो रे कट्ठे ऊईगे। 7 सेयो तिना खे
बीचे खड़े करी की पूछणे लगे, "तुसे ये काम कुण जी सामर्था ते और केसरे
नाओं ते कित्तेया?" 8 तेबे पतरसे पवित्र आत्मा ते परी की बुजुर्गा खे बोलेया,
9 "ओ लोका रे सरदारो और बुजुर्गो! आसे एस कमजोर मांणूए साथे जो
पलाई करी राखी, जे आज तिजी रे बारे रे पूछ-ताछ ओई कि से किंयाँ ठीक
ऊआ, 10 तो तुसे सब और सारे इस्राएली लोक जाणी लओ कि यीशु मसीह
नासरियो रे नाओं ते, जो तुसे क्रूसो पाँदे चढ़ाईता और परमेशरे से मरे रेया
बीचा ते जिऊँदा कित्तेया, आज तिना रे नाओं रे जरिए ये मांणू तुसा सामणे
पला-चंगा खड़ा ए। 11 यीशु मसीह ई सेई पात्थर ए, जो तुसे राजमिस्त्रिए
ठुकराईता और ये कूणे रे सिरे रा पात्थर ऊईगा। 12 यीशुए ते बगैर केसी दूजे

रे जरिए उद्धार निए, कऊँकि स्वर्गो रे निठे और मांणूआ बीचे और कोई नाओं
नि देई राखेया, जेसरे जरिए आसे उद्धार पाई सकूँ।" 13 जेबे तिने पतरस
और यूहन्ने री इम्मत देखी और ये जाणी ला कि यो तो अनपढ़ और सादारण
मांणू ए तो हैरान ऊईगे, तेबे सेयो पछयाणे कि यो तो प्रभु यीशुए साथे रओ
थे। 14 तेबे तेस मांणूए खे जो ठीक ऊईगा था, पतरस और यूहन्ने साथे खड़ा
देखी की यहूदी अगुवे तिना रे खलाफ कुछ नि बोली सके। 15 पर तिना खे
सभा ते बारे पेजी की आपू बीचे बिचार करने लगे, 16 "आसे इना मांणूआ
साथे क्या करिए? कऊँकि यरूशलेमो रे सब रणे वाल़ेया खे पता ए कि इने
एक खास चमत्कार दखाई राखेया और आसे तिजी ते मुकरी नि सकदे। 17
पर इजी री खातर कि लोका बीचे ये गल्ल ओर जादा नि फैली जाओ, आसे
तिना खे तमकी देऊँए कि सेयो एस नाओं ते फेर कदी केसी मांणूए साथे
गल्ला नि करो।" 18 तेबे तिने सेयो बुलाए और तिना खे चेतावणी देई की
बोलेया, "यीशुए रे नाओं ते कुछ नि बोलणा और ना सखयाणा।" 19 पर
पतरस और यूहन्ने तिना खे जवाब दित्तेया, "तुसेई न्याय करो कि क्या ये
परमेशरो रे नेड़े खरा ए कि आसे परमेशरो री गल्ला ते बढ़ी की तुसा री गल्ल
मानूँ? 20 कऊँकि ये तो आसा ते ऊई नि सकदा, जो आसे देखी राखेया
और सुणी राखेया, से नि बोलूँ।" 21 तेबे तिने सेयो ओर बी तमकाए और
छाडी ते, कऊँकि लोका री बजअ ते तिना खे कोई बी सजा देणे रा बाना नि
मिलेया, कऊँकि जो घटणा ऊई थी, तिजी री बजअ ते सब लोक परमेशरो री
तारीफ करो थे। 22 कऊँकि से मांणू, जो चमत्कारी रूपो ते ठीक ऊईगा था,
चाल़ी साला ते जादा उम्रा रा था। 23 सेयो छूटी की आपणे साथिया गे गये
और जो कुछ बड़े पुरोईते और बुजुर्गे तिना साथे कित्तेया था, सब कुछ तिना
गे बताया। 24 ये सुणी की तिने एक चित्त ऊई की जोरे की परमेशरो खे
बोलेया, "ओ स्वामी! तूँ सेईए जिने स्वर्ग, तरती, समुद्र और जो कुछ तिना रे
बणाई राखेया, 25 तैं पवित्र आत्मा रे जरिए आपणे सेवक, आसा रे पिता,
दाऊदो रे मुंओ ते बोलेया, "दूजिये जातिये आल्ला कऊँ पाया? और देशो रे
लोके बेकारो री गल्ला कऊँ सोचिया? 26 प्रभु और मसीह रे अभिषेक कित्ते
रे बिरोदो रे तरतिया रे राजा खड़े ऊए और हाकिम एकी साथे कट्ठे ऊईगे। 27
"कऊँकि सच्ची तेरे सेवक यीशुए रे बिरोदो रे, जेसरा तैं अभिषेक कित्तेया,

हेरोदेस और पुन्तियुस पिलातुस बी दूजी जातिया साथे और इस्राएलिया साथे
एस नगरो रे कट्ठे ऊए। 28 कि जो कुछ पईले ते तेरी सामर्थ और समजा ते
ठईरेया था, से ई ओ। 29 एबे, ओ प्रभु, तिना री तमकिया खे सुण, और
आपणे दासा खे ये बरदान दे कि तेरा वचन बड़ी ई इम्मता साथे सुणाऊँ 30
ठीक करने खे तूँ आपणा आथ बढ़ा कि चिह्न और अचम्बे रे काम तेरे पवित्र
सेवक यीशुए रे नाओं ते करे जाओ।" 31 जेबे सेयो प्रार्थना करी चुके, तेबे से
जगा, जेती सेयो खड़ी रे थे, से जगा इल्ली गी और सेयो सब पवित्र आत्मा ते
परी गे और परमेशरो रा वचन इम्मता साथे सुणांदे रये। 32 विश्वास करने
वाळेया री मण्डळी एक चित्त और एक मनो री थी, एथो तक कोई बी आपणी
जायदाता खे आपणी नि बोलो था, बल्कि सब कुछ साजा था। 33 प्रेरित बड़ी
सामर्था साथे प्रभु यीशुए रे जिऊँदे ऊणे री गवाई देंदे रये और तिना सबी पाँदे
बड़ी कृपा थी। 34 तिना बीचे कोई बी गरीब नि था, कऊँकि जिना गे जमीन
या कअर थे, सेयो तिना खे बेची-बेची की बिकी री चीजा रा दाम ल्याओ थे
और से प्रेरिता रे पैरा गे राखी देओ थे। 35 और जेड़ी, जेसखे जरूरत ओ थी,
तिजी रे मुताबिक हर एकी विश्वासिये खे प्रेरित बांडी देओ थे। 36 यूसुफ
नाओं रा साईप्रस टापूए रा एक लेवी था, जेसरा नाओं प्रेरिते बरनबास,
मतलब-इम्मत देणे वाळा मांणू राखी राखेया था। 37 तेसरी कुछ जमीन थी,
जो तिने बेची ती और दामो रे पैसे ल्याई की प्रेरिता खे देई ते कि सेयो तिजी
खे जरूरतमंद लोका बीचे बांडी देओ।

5 हनन्याह नाओं रे एक मांणूए आपणी लाड़ी सफीरा साथे मिली की
आपणी जमीना रा एक पाअग बेची ता 2 और तिजी रे दामो बीचा ते कुछ
आपू खे राखी ता और ये गल्ल तेसरी लाड़ी बी जाणो थी और तिजी रा एक
इस्सा ल्याई की प्रेरिता खे देईता। 3 तेबे पतरसे बोलेया, "ओ हनन्याह!
शैताने तेरे मनो रे ये गल्ल किंयाँ पाई कि तूँ पवित्र आत्मा ते चूठ बोले और
जमीना रे दामो बीचा ते कुछ आपू खे राखी दे? 4 जदुओ तक से तांगे रई,
क्या तेरी नि थी? और जेबे बिकी गी तो क्या तेरे वशो रे नि थी? तेरे मनो रे
एस बुरे कामो रा बिचार किंयाँ आया? तैं मांणूआ ते नि, पर परमेशरो ते चूठ
बोलेया।" 5 इना गल्ला सुणी की हनन्याह जमीना पाँदे रूड़ी गा और मरी गा
और सबी सुणने वाळेया खे डर लगी गा। 6 तेबे जवाने आयी की तेसरी अर्थी

बणाई और बारे लयी जाई की से दबाई ता। 7 तकरीबन तीन कंटे ते बाद
तेसरी लाड़ी पीतरे आयी और जो कुछ ऊआ था, तिजी रे बारे रे तेसा खे
पता नि था। 8 तेबे पतरसे तेसा खे बोलेया, “मांगे बता क्या तुसे से जमीन
इतणे रेई बेची?” तेसे बोलेया, “आ, इतणे रेई।” 9 पतरसे तेसा खे बोलेया,
“ये क्या गल्ल ऊई कि तुसे दूँईं प्रभुए रे पवित्र आत्मा री परीक्षा खे एड़ा
कित्तेया? देख, तेरे लाड़े खे दबाणे वाल़े द्वारो पाँदे ई खड़ी रे और तूँ बी बारे
लयी जाणी।” 10 तेबे से फटाफट तेसरे पैरा पाँदे पड़ी गी और मरी गी और
जवाने पीतरे आयी की से मरी री देखी और से बी बारे लयी जाई की तेसा रे
लाड़े साथे दबाई ती। 11 तेबे यरूशलेमो री सारी मण्डल़ी और इना गल्ला खे
सब सुणने वाल़े बऊत ई जादा डरी गे। 12 प्रेरिता रे जरिए बऊत चिह्न और
अचम्बे रे काम लोका बीचे दखाए जाओ थे और मसीह रे सब विश्वासी एक
मन ऊई की सुलेमानो रे बरंडे रे कट्ठे ओया करो थे। 13 पर ओरी बीचा ते
जिने यीशुए पाँदे एबुए तक विश्वास नि करी राखेया था केसी खे बी ये इम्मत
नि ओ थी कि तिना बीचे जायी की मिली जाईए, पर तेबे बी लोक तिना री
तारीफ करो थे। 14 विश्वास करने वाल़े बऊत सारे मर्द और जवाणसा प्रभुए
री मण्डल़िया रे ओर बी जादा आयी की मिलणे लगे। 15 एथो तक कि लोक
बमारा खे सड़का रे ल्याई-ल्याई की माँजे पाँदे लटयाई देओ थे कि जेबे
पतरस आओ, तेबे तेसरा टवांवा ई तिना बीचा ते केसी पाँदे पड़ी जाओ। 16
यरूशलेमो रे नेड़े-तेड़े रे नगरो ते बी बऊत लोक बमारा खे और दुष्टात्मा रे
सताए रे, तिना गे ल्याई-ल्याई की कट्ठे ओ थे और सेयो सबी खे ठीक करो
थे। 17 तेबे प्रदान पुरोईत और तेसरे सब साथी, जो सदूकिया रे टोलिया रे थे,
चेलेया रे खलाफ जल़ना ते परी गे 18 और तिने प्रेरित पकड़ी की जेला रे बंद
करी ते। 19 पर राथियो खे प्रभुए रे एक स्वर्गदूते जेला रे द्वार खोली की तिना
खे बारे निकयाल़ी की बोलेया, 20 “जाओ और मन्दरो रे खड़े ऊई की एस
अनन्त जीवनो रा पूरा संदेश लोका खे सुणाओ।” 21 जेड़ा तिना खे बताई
राखेया था प्याग ऊँदे ई सेयो मन्दरो रे जाई की उपदेश देणे लगे। तेबे प्रदान
पुरोईत और तेसरे साथिये आयी की महासभा और इस्राएलिया रे सारे बुजुर्ग
कट्ठे कित्ते और जेला रे सन्देशा पेजेया कि तिना खे ल्याओ। 22 पर मन्दरो रे
पईरेदारे तेती पऊँछी की चेले जेला री नि पाये और वापस ऊई की सन्देशा

दित्तेया 23 कि आसे जेला खे बड़ी चौकसिया साथे बंद कित्तेया रा और
पईरेदारा खे बारे द्धारो पाँदि खड़े रा देखेया, पर जेबे खोलेया, तेबे पीतरे कोई
नि मिलेया। 24 जेबे मन्दरो रे पईरेदारो रे प्रदान और बड़े पुरोईते ये गल्ल
सुणी, तो तेबे तिना रे बारे रे पारी चिन्ता रे पड़ी गे कि एबे क्या ऊणा? 25
तदुओ कि किने आयी की तिना गे बताया, "देखो, जो तुसे जेला रे बंद करी
राखे थे, सेयो मांणू तो मन्दरो रे खड़े ऊई की लोका खे उपदेश देणे लगी रे।"
26 जेब तिने सुणेया तेबे मन्दरो रे पईरेदारो रे प्रदान आपणे पईरेदारा साथे
तेती जाई की चेलेया खे महासभा रे सामणे ली आया, पर जबरदस्ती नि,
कऊँकि सेयो लोका ते डरो थे कि केथी आसा पाँदि पात्थर नि बाओ। 27 तिने
सेयो फेर ल्याई की महासभा सामणे खड़े करी ते, तेबे प्रदान पुरोईते तिना ते
पूछेया, 28 "क्या आसे तुसे सावधान नि कित्ते थे कि तुसे एस नाओं ते
उपदेश नि देणा? तेबे बी देखो, तुसे सारा यरूशलेम आपणे उपदेशो ते परी ता
रा और तेस मांणूए री अत्या रा दोष आसा रे गल़े पाँदे ल्याऊणा चाओए।"
29 तेबे पतरसे और ओरी प्रेरिते जवाब दित्तेया, "मांणूए री आज्ञा ते बढ़ी की
परमेशरो री आज्ञा खे मानणा ई म्हारा फर्ज ए। 30 आसा रे बाप-दादेया रे
परमेशरे प्रभु यीशु मरे रेया बीचा ते जिऊँदा कित्तेया, जो तुसे क्रूसो पाँदे चढ़ाई
की मरवाईता था। 31 सेई परमेशरे प्रभु और उद्धारक ठईराई की आपणे दाँणे
आथो ते ऊच्चा करी ता, ताकि से इस्राएलिया खे मन फिराओ री शक्ति और
पापो ते माफी देओ। 32 और आसे इना गल्ला रे गवा ए और पवित्र आत्मा रे
बी, जो परमेशरे तिना खे दित्ती, जो तेसरी आज्ञा मानोए।" 33 ये सुणी की
महासभा रे सदस्य जल़ने लगे और तिने चेले काणा चाए। 34 पर गमलिएल
नाओं रे एक फरीसिये, जो धर्मशास्त्री और सबी लोका बीचे जाणा-मानेया रा
था, कचैरिया रे खड़े ऊई की प्रेरिता खे थोड़ी देरा खे बारे जाणे री आज्ञा
दित्ती। 35 तेबे तिने महासभा रे सदस्या खे बोलेया, "ओ इस्राएलियो! जो
कुछ इना मांणूआ साथे करना चाओए, सोची समजी की करना। 36 कऊँकि
इना दिना ते पईले थियुदास ये बोलदा रओ था कि आऊँ बी कुछ आए; और
कोई चार सौ मांणू तेस साथे ऊईगे, पर से कायी ता और जितणे लोक तेसखे
मानो थे, सब ओरे-पोरे ऊईगे और खत्म ऊईगे। 37 तिजी ते बाद नाओं
लिखाईया रे दिनो रे यहूदा गलीली उठेया और तिने कुछ लोक आपणी तरफा

खे करी ते, तेसरा बी नाश उई गा और जितणे लोक तेसखे मानो थे, सब
ओरे-पोरे ऊईगे। 38 "इजी री खातर आऊँ तुसा खे बोलूँआ कि इना मांणूआ
ते दूर ई रओ और इना ते कोई मतलब नि राखो, कऊँकि जे ये तर्म या काम
मांणूआ री तरफा ते ओ, तो तेबे तो नाश ऊई जाणे, 39 पर जे परमेशरो री
तरफा ते, तो तुसे इना खे कदी बी खत्म नि करी सकदे, केथी एड़ा ना ओ कि
तुसे परमेशरो साथे बी लड़ने वाल़े ठईरो।" 40 तेबे तिने तेसरी गल्ल मानी
ली और प्रेरित बुलाए और कूटे और ये आज्ञा देई की छाडी ते कि यीशुए रे
नाओं ते फेर कदी गल्ला नि करनिया। 41 चेले एसा गल्ला ते खुश ऊई की
महासभा रे सामणे ते चली गे कि आसे तेसरे नाओं री खातर नरादर ऊणे
जोगे तो ऊए। 42 तेबे चेले हर रोज मन्दरो रे और कअरे-कअरे उपदेश करने
और एसा गल्ला रा सुसमाचार सुनाणे ते नि रूके कि यीशु ई मसीह ए।

**6** तिना दिना रे जेबे चेले बऊत ऊणे लगे, तेबे यूनानी पाषा बोलणे वाल़े
यहूदी चेले इब्रानी पाषा बोलणे वाल़े यहूदी चेलेया पाँदे कुड़कुड़ाणे लगे,
"हर दिनो री चीजा देणे रे आसा री बिदुआ री खबर-सम्बाल़ नि लंदे।" 2
तेबे तिने बारा चेलेया विश्वासिया री सारी मण्डल़ी आपू गे कट्ठी बुलाई की
बोलेया, "ये ठीक निए कि आसे परमेशरो रे वचनो रा प्रचार करना और
शिक्षा देणा छाडी की खुलाणे-पल़याणे री सेवा रे लगे रईये। 3 इजी री खातर
ओ पाईयो! आपू बीचा ते सात जाणे-माणे मर्दा खे, जो पवित्र आत्मा ते परे रे
और सुल़जे रे ओ, चुणी लो, ताकि आसे तिना खे ये काम देई देईए। 4
पर आसा तो प्रार्थना, वचनो रा प्रचार और उपदेश देणे री सेवा रे लगे रे
रणा।" 5 ये गल्ल सारी मण्डल़िया खे ठीक लगी और तिने स्तिफुनुस नाओं
रा एक मांणू जो विश्वासो रे और पवित्र आत्मा ते परे रा था और फिलिप्पुस,
नीकानोर, तीमौन, परमिनास, अन्ताकिया वाल़ा नीकुलाऊस, जो यहूदी मतो
रे आईगा था, चुणी ले। 6 तेबे यो प्रेरिता सामणे खड़े कित्ते। और इना चूणे रे
माणूंआ खे प्रार्थना कित्ती और तिना पाँदे आथ राखी की तिना खे सेवा करने
रा अक्क दित्तेया। 7 तेबे परमेशरो रा वचन फैलदा गया और यरूशलेमो रे
चेलेया री गिणती बड़दी गयी और यहूदी पुरोईता रा एक बड़ा समाज यीशु
मसीह पाँदे विश्वास करी की एस मतो खे मानणे वाल़ा ऊईगा। 8 स्तिफुनुस
कृपा और सामर्था ते परिपूर्ण ऊई की लोका खे बड़े-बड़े चिह्न और अचम्बे रे

काम दखाया करो था। 9 पर कुछ लोके स्तिफनुसो रा बरोद कित्तेया। बरोद
करने वाल़े तेस प्रार्थना रे कअरो रे सदस्य थे जो गुलामिया ते आजाद ऊई रे
थे, और कुरेनी, सिकन्दरिया, किलिकिया और आसिया रे लोका बीचा ते कई
एक उठी की स्तिफुनुसो साथे बईस करने लगे। 10 पर तेस ज्ञानो ते और
पवित्र आत्मा रा, जेते री मतादा ते से गल्ला करो था, सेयो सामणा नि करी
सके। 11 तेबे तिने कई लोक स्तिफुनुसो रे बारे रे चूठ बोलणे खे उकसाए जो
बोलणे लगे, "आसे ये मूसे और परमेशरो रे खलाफ निन्दा री गल्ला करदे
ऊए सुणी राखेया।" 12 तेबे लोक, बुजुर्ग और शास्त्रिया खे पड़काई की तेस
पाँदो खे आईगे और तेसखे पकड़ी की महासभा रे लयी गे। 13 और चूठे गवा
खड़े करी ते और स्तिफनुसो पाँदे आरोप लगाई की बोलेया, "ये मांणू एसा
पवित्र जगा रे बारे रे और मूसे रा बिधानो रे खलाफ बोलणा नि छाडदा। 14
कऊँकि आसे ये, ये बोलदे ऊए सुणी राखेया कि एसी यीशु नासरिये ये
मन्दर टाल़ी देणा और सेयो रवाजा बदली देणियां जो मूसे आसा गे सम्बाल़ी
राखिया।" 15 तेबे सबी लोके जो सभा रे बैठी रे थे, तेसखे ताकणे लगे तो
तिने तेसरा मूँ स्वर्गदूतो जेड़ा देखेया।

**7** तेबे प्रदान पुरोईत पूछेया, "क्या ये आरोप सच ए?" 2 स्तिफनुसे उतर
दित्तेया, "ओ पाईयो और पिताओं सुणो! आसा रा पिता अब्राहम हारान
नगरो रे बसणे ते पईले, जेबे मेसोपोटामिया प्रदेशो रे था, तेबे सामर्थी परमेशरे
तेसखे दर्शन दित्तेया 3 और तिने बोलेया, 'तूँ आपणे देशो ते निकल़ी की और
आपणे परिवारो ते निकल़ी की तेस देशो रे चली जा, जो मां ताखे दखाणा।'
4 तेबे से कसदियो रे देशो ते निकल़ी की हारान नगरो रे जाई की बसी गा।
तेसरे पिते रे मरने ते बाद परमेशरे से तेथा ते एस देशो रे ल्याई की बसाया,
जेती एबे तुसे रओए। 5 तेस बखते परमेशरे तेसखे कुछ बी जायदात, बल्कि
पैर राखणे तक बी जगा नि दित्ती, बल्कि परमेशरे वादा कित्तेया कि मां ये देश
ताखे और तांते बाद तेरे वंशो खे देई देणा। हालाँकि तेस बखते तेसरा कोई बी
पाऊ नि था। 6 परमेशरे एड़ा बोलेया, 'तेरी ल्वादा रे लोक पराये देशो रे
परदेशी ऊणे और तिना सेयो दास बनाणे और चार सौ साला तक तिना खे
दु: ख देणा।' 7 तेबे परमेशरे बोलेया, 'जेसा जातिया रे सेयो दास ऊणे, तेसा
खे मां सजा देणी और तिजी ते बाद तिना तेस देशो ते निकल़ी की एस देशो

रे आयी की मेरी सेवा करनी।' 8 परमेशरे अब्राहमो साथे खतने री वाचा
कित्ती। जेबे अब्राहमो रे पाऊ इसहाको रा जन्म ऊआ तो आठुए दिने तेसरा
खतना कित्तेया। इसहाको ते याकूब और याकूबो ते बारा कुलपति जम्मे। 9
"कुलपतिये यूसुफो साथे दुश्मणी राखी की से मिस्र देशो खे जाणे वाल़ेया रे
आथे बेची ता, पर परमेशर तेस साथे था 10 और परमेशरे यूसुफो खे सारे
क्ल़ेशो ते छुड़ाई की मिस्रो रे राजा फिरौनो री नजरा रे कृपा और बुद्धि दित्ती।
फिरौन राजे यूसुफो खे मिस्र देशो और आपणे सारे कअरो पाँदे हाकिम
बणाया। 11 जेबे यूसुफ राज्यपाल था तेबे सारे मिस्र और कनानो देशो रे
अकाल़ पड़ी गा, जेतेरी बजअ ते पारी क्ल़ेश ऊईगा और आसा रे बाप-
दादेया खे अन्न नि मिलो था। 12 पर याकूबे ये सुणी की कि मिस्र देशो रे
अन्न आए, आसा रे बाप-दादेया खे पईली बार तेथा ते अन्न खरीदणे खे
पेजेया। 13 दूजी बार यूसुफ आपणे पाईया सामणे आया और यूसुफो री
जाति फिरौनो खे पता लगी गी। 14 तेबे यूसुफे आपणे पिते याकूबो खे
संदेशा पेजेया और आपणे सारे टब्बरो रे, जो पचयात्तर मांणू थे, मिस्र देशो
खे बुलाए। 15 तेबे याकूब मिस्रो रे आया और तेती से और आसा रे बाप-दादे
मरी गे। 16 तिना री लोथा शाकेमो रे पऊँछाई की तेसा कब्रा रे राखिया, जो
अब्राहमे चाँदी देई की शाकेमो रे हमोरो री ल्वादा ते खरीदी थी। 17 "पर जेबे
तेसा कसमा रा पूरा ऊणे रा बखत नेड़े आया, तेबे जो वादा परमेशरे अब्राहमो
साथे कित्तेया था, तेबे मिस्रो रे सेयो लोक बड़ी गे और बऊत ऊईगे। 18
तेबे मिस्रो रे दूजा राजा ऊआ, जो यूसुफो खे नि जाणो था। 19 तिने आसा
री जातिया साथे चलाकी करी की आसा रे बाप-दादेया साथे गल़त बर्ताव
कित्तेया, एथो तक की तिना खे आपणे नये जम्मे रे बाल़क सेटणे पड़े, ताकि
सेयो जिऊँदे नि रओ। 20 तेस बखते मूसे रा जन्म ऊआ। से परमेशरो री
नजरा रे बऊत ई सुन्दर था और से तीन मीन्ने तक आपणे पिते रे कअरे
लकोई की पाल़ेया। 21 जेबे तेसखे लकोई की राखणा मुश्किल ऊईगा तेबे
तिने से टोकरिया दे पाई की नदिया रे हड़ाईता, तेबे फिरौनो री बेटिये से चकी
ला और आपणा पाऊ समजी की पाल़ेया। 22 मूसे खे मिस्रिया री सारी
विधा पढ़ाई और से वचन और कामो रे सामर्थी था। 23 "जेबे मूसा चाल़िया
साला रा ऊआ तेबे तेसरे मनो रे आया कि आऊँ आपणे इस्राएली पाईया खे

मिलूँ। 24 तेती तिने एक इस्राएली मांणूए पाँदे अन्याय ऊँदे ऊए देखेया और
से बचाया और मिस्रिए खे काई की जो सताई राखे थे, बदला लया। 25
तिने सोचेया कि मेरे पाईया समजणा कि परमेशरे मेरे आथो साथे तिना खे
गुलामिया ते आजाद करना, पर सेयो नि समजे। 26 दूजे दिने जेबे सेयो
आपू बीचे लड़ने लगी रे थे, तेबे से तेती आईगा और ये बोली की तिना खे
मलाप करने खे बोलेया कि ओ मर्दो! तुसे तो पाई-पाई ए, एकी-दूजे पाँदे
अन्याय कऊँ करोए? 27 पर जो आपणे पड़ोसिया पाँदे अन्याय करने लगी
रा था तिने से ये बोली की कनारे टाई ता, 'तूँ किने आसा पाँदे हाकिम और
न्यायी बणाई राखेया? 28 क्या जियाँ तैं काल मिस्री काया, माखे बी काणा
चाएया?' 29 ये गल्ल सुणी की मूसा नठी गा और मिद्यान देशो रे जाई की
परदेशी ऊई की रणे लगेया और तेती तेसरे दो पाऊ ऊए। 30 "जेबे पूरे चाल़ी
साल मिद्यान देशो रे बीती गे, तेबे एक स्वर्गदूते सीनै पाह्ड़ो रे जंगल़ो रे तेसखे
फुखदे ऊए जाड़ो री लूपिया रे दर्शन दित्ते। 31 मूसा ये दर्शन देखी की हैरान
ऊईगा और जेबे देखणे खे ओर नेड़े गया, तेबे प्रभुए री आवाज ऊई, 32
'आऊँ तेरे बाप-दादे, अब्राहम, इसहाक और याकूबो रा परमेशर ए।' तेबे मूसे
खे डरो रे मारे थुरनी छूटी गी, एथो तक कि तेसखे देखणे री इम्मत नि रई।
33 तेबे प्रभुए तेसखे बोलेया, 'आपणे पैरो ते जोड़े खोली दे, कऊँकि जेते
जगा रे तूँ खड़ी रा, से पवित्र जगा ए। 34 मैं सच्ची आपणे लोका री जो मिस्र
देशो रे बुरी दशा देखी राखी और तिना रा कणना और तिना रा रोणा सुणी
राखेया, तेबेई तो आऊँ तिना खे छुड़ाणे खे उतरी रा, एबे आओ और मां
तूँ मिस्र देशो रे पेजणा।' 35 "ये सेई मूसा ए जो इस्राएलिए ये बोली की
नकारिता था कि तूँ किने आसा पाँदे हाकिम और न्यायी ठईराई राखेया?
सेई परमेशरे हाकिम और छुड़ाणे वाल़ा बणाया। तेस स्वर्गदूतो रे जरिए,
जिने तेसखे जाड़ो रे दर्शन दित्तेया था, पेजेया। 36 येई मांणू मिस्र देश और
लाल समुद्र और जंगल़ो रे चाल़िया साला तक अचम्बे रे काम और चिह्न
दखाई-दखाई की तिना खे निकयाल़ी की ली आया। 37 ये सेई मूसा ए, जिने
इस्राएली लोका खे बोलेया, 'परमेशरे तुसा रे पाईया बीचा ते तुसा रिया
तंईं मां जेड़ा एक भविष्यबक्ता चकणा।' 38 ये सेई मूसा ए जिने जंगल़ो रे
मण्डल़िया रे बीचे, तेस स्वर्गदूतो साथे सीनै पाह्ड़ो पाँदे तेस साथे गल्ला

कित्तिया और आसा रे बाप-दादेया साथे था, तेसखे ई जिऊँदे वचन मिले
ताकि आसा तक पऊँछाओ। 39 पर आसा रे बाप-दादेया मूसा री गल्ल
मानणी नि चायी। तिने से ठुकराईता और सेयो मिस्र देशो खे वापस जाणा
चाओ थे। 40 "और लोके मूसा रे पाई हारूणो खे बोलेया, 'आसा खे एड़ा
देवता बणा, जो आसा ते आगे-आगे रओ और आसा खे वापस मिस्र देशो खे
लयी चलो, कऊँकि ये मूसा जो आसा खे मिस्र देशो ते निकयाल़ी की ल्याया,
आसे नि जाणदे कि एसखे क्या ऊआ?' 41 तिना दिना रे तिने एक बाछु
बणाई की तेसरी मूर्तिया ते आगे बलि चढ़ाई और आपणे आथो रे कामो रे
मग्न ऊणे लगे। 42 तेबे परमेशरे तिना ते आपणा मूँ मोड़ी ला और सेयो छाडी
ते, ताकि सर्गो रिया चीजा खे पूजो, जेड़ा भविष्यबक्तेया री कताबा रे परमेशरे
बोली राखेया, "ओ इस्राएलो रे लोको! क्या तुसे सुनसाण जगा रे चाल़ी
साल रई की पशु बलि और अन्नबलि माखे ई चढ़ांदे नि रये? 43 और तुसे
मोलेक देवता री बेदी बणाई और रिफान देवता रे तारे खे लयी की फिरदे
रओ थे, मतलब-तिना मूर्तिया खे जो तुसे माथा टेकणे खे बणाए थे, तो मां
तुसे बेबीलोनो ते पोरे लयी जाई की बसाई देणे। 44 "साक्षिया रा तम्बू
सुनसाण जगा रे आसा रे बाप-दादेया बीचे था, जेड़ा परमेशरे ठईराया, जिने
मूसे खे बोलेया, 'जेड़ा तैं आयी की देखी राखेया, तिजी रेई मुताबिक इजी खे
बणा।' 45 तेसी तम्बूओ खे आसा रे बाप-दादे पुराणे जमाने ते पाई की
यहोशूओ साथे एती ल्याए, जेस बखते तिने अन्य जातिया रा अक्क पाया,
जो परमेशरे आसा रे बाप-दादेया रे सामणे ते निकयाल़ी ता और से तम्बू
राजा दाऊदो रे बखतो तक रया। 46 दाऊदो पाँदे परमेशरे कृपा कित्ती, तेबे
तिने बिनती कित्ती कि मां याकूबो रे परमेशरो खे मन्दर बनाणा। 47 पर तेसरे
पाऊ सुलेमाने परमेशरो खे मन्दर बणाया। 48 पर परमप्रदान आथो रे बणाए
रे मन्दरो रे नि रंदा, जेड़ा कि भविष्यबक्ते री कताबा रे परमेशरे बोलेया, 49
"परमेशर बोलोआ कि स्वर्ग मेरा सिंहासन और तरती मेरे पैरो री चौकी ए,
माखे तुसा केड़ा मन्दर बनाणा? मेरे आराम करने री कुण जी जगा ऊणी?
50 क्या यो सब चीजा मेरे आथो की निए बणाई रिया? 51 "ओ टीठ और
परमेशरो री गल्ल ना मानणे और ना सुणने वाल़े लोको! तुसे सदा पवित्र
आत्मा रा बरोद करोए। जेड़ा तुसा रे बाप-दादे करो थे, तेड़ा ई तुसे बी करोए।

52 भविष्यबक्तेया बीचा ते कुण नि तुसा रे बाप-दादेया नि सताए और तिने से
तर्मी, जेसरे आऊणे रे बारे रे पुराणे बखतो ते सन्देश देणे वाला ई काई ता
और एबे तुसे बी तेसरे पकड़वाणे वाले और काणे वाले ऊए। 53 तुसा खे
स्वर्गदूता रे जरिए बणाया रा बिधान तो मिलेया, पर तुसे से बिधान मानेया
नि।" 54 इना गल्ला खे सुणी की यहूदी अगुवेया खे इतणा गुस्सा आईगा
और स्तिफनुसो पाँदे आपणे दाँद किरड़ने लगे। 55 पर तिने पवित्र आत्मा
ते परिपूर्ण ऊई की स्वर्गो खे देखेया और परमेशरो री महिमा कित्ती और
प्रभु यीशुए खे परमेशरो रे दाँणे कनारे खड़ा देखी की बोलेया, 56 "देखो,
आऊँ स्वर्गो खे खुले रा और माणूं रे पुत्रो खे परमेशरो रे दाणे कनारे खड़े रा
देखूँआ।" 57 तेबे तिने जोरे की चींगी की आपणे कान बंद करी ते और एक
चित्त ऊई की तेस पाँदे झपटे। 58 तेबे तेसखे यरूशलेम नगरो ते बारे लयी
जाई की पात्थर बाणे लगे और तिना री अत्या करी ती। जो गवा थे तिने
आपणे टाले शाऊल नाओं रे एक जवानो रे पैरो पाँदे खोली की रखवाली
करने खे राखी ते। 59 सेयो स्तिफुनुसो खे पात्थर बांदे रये और से ये बोली
की प्रार्थना करदा रया, "ओ प्रभु यीशु मेरी आत्मा खे ग्रहण कर।" 60 तेबे
तिने कुटणे टेकी की जोरे की बोलेया, "ओ प्रभु! एस पापो रा दोष तिना पाँदे
नि लगा।" ये बोली की से मरी गा। शाऊल बी तेसरी मौता रे शामिल था।

**8** शाऊल स्तिफनुसो री मौता रे पूरी तरह ते शामिल था। तेसी दिने यरूशलेम
नगरो री मण्डलिया पाँदे बऊत उपद्रव ऊणे लगेया और प्रेरिता खे छाडी की
सब विश्वासी यहूदिया और सामरिया रे प्रदेशो रे ओरे-पोरे ऊईगे। 2 तेबे कुछ
भगत लोके स्तिफुनुस कब्रा रे राखेया और तेसखे बऊत दु: ख कित्तेया। 3
शाऊल मण्डलिया खे ऊजाड़ने लगी रा था और कअरे-कअरे कूसी की मर्द
और जवाणसा विश्वासिया खे कसिटी-कसिटी की जेला रे पाओ था। 4 जो
विश्वासी ओरे-पोरे ऊईगे थे, सेयो सुसमाचार सुणांदे ऊए, कुमदे-फिरदे रये।
5 फिलिप्पुस सामरिया प्रदेशो रे एक नगरो रे जाई की मसीह रा प्रचार करने
लगेया 6 और जो गल्ला फिलिप्पुसे बोलिया सेयो लोके सुणी की और जो
चमत्कार से दखाओ था तिना खे देखी की एक मन ऊई की त्यान लगाया। 7
कऊँकि फिलिप्पुसो री आज्ञा ते बऊत जणेया ते दुष्टात्मा जोरे-जोरे साथे
चींगी की निकली गिया और बऊत सारे अदरंगो रे रोगी और लंगड़े बी ठीक

कित्ते। 8 तेबे तेस नगरो रे बऊत शान्ति ऊईगी। 9 इजी ते पईले तेती शमौन
नाओं रा एक मांणू रओ था, जो जादू-टौणा करी की सामरिया जातिया रे
लोका खे हैरान करो था और आपणे आपू खे कोई बड़ा मांणू बताओ था। 10
और सब छोटेया ते लयी की बड़ेया तक तेसखे मानो थे और बोलो थे, "ये
मांणू परमेशरो री से सामर्थ ए, जेतेखे महान् बोलोए।" 11 तिने बऊत दिनो
ते सेयो आपणे जादूओ रे कामो साथे हैरान करी राखे थे। तेबेई तो सेयो
तेसखे बऊत मानो थे। 12 पर जेबे तिने फिलिप्पुसो पाँदे विश्वास कित्तेया, जो
परमेशरो रे राज्य रा और प्रभु यीशु मसीह रे नाओं रा सुसमाचार सुणाओ
था, तेबे लोक, क्या मर्द क्या जवाणसा, सब बपतिस्मा लणे लगे। 13 तेबे
शमौने आपू बी विश्वास कित्तेया और बपतिस्मा लई की फिलिप्पुसो साथे रणे
लगेया, से चिह्न और बड़े-बड़े सामर्था रे काम देखी की हैरान ओ था। 14 जेबे
प्रेरिते, जो यरूशलेम नगरो रे रओ थे, सुणेया कि सामरिया रे लोके परमेशरो
रा वचन मानी ला रा, तेबे पतरस और यूहन्ना तिना गे पेजे। 15 तेबे तिने जाई
की तिना खे प्रार्थना कित्ती, ताकि पवित्र आत्मा खे पाओ। 16 कऊँकि से
एबुए तक केसी पाँदे नि उतरेया था, तिने तो बस प्रभु यीशुए रे नाओं ते
बपतिस्मा लयी राखेया था। 17 तेबे पतरसे और यूहन्ने तिना पाँदे आथ राखे
और पवित्र आत्मा तिना पाँदे आया। 18 जेबे शमौने देखेया कि प्रेरिता रे आथ
राखणे ते पवित्र आत्मा दित्तेया जाओआ, तेबे तिने तिना गे पैसे ल्याई की
तिना खे बोलेया, 19 "ये सामर्थ माखे बी देयो ताकि जेस केसी पाँदे आथ
राखूँ, तेसखे पवित्र आत्मा मिलो।" 20 पतरसे तेसखे बोलेया, "तेंरे पैसे तां
साथे ई नाश ओ, कऊँकि तैं परमेशरो रा दान पैसेया साथे खरीदणे रे बारे रे
सोचेया। 21 एते सेवा रे तेरा मेरा कोई लेणा-देणा निए कऊँकि तेरा मन
परमेशरो सामणे सच्चा निए। 22 इजी री खातर आपणी एसा बुराईया ते मन
फिराई की प्रभुए ते प्रार्थना कर, ऊई सकोआ कि तेंरे मनो रा बिचार माफ
ऊई जाओ। 23 कऊँकि आऊँ देखणे लगी रा कि ताखे इतणी जल़न ओई
और पापो रे बन्दनो रे पड़े राए।" 24 शमौने जवाब दित्तेया, "तुसे मेरिया तंईं
प्रभुए ते प्रार्थना करो कि जो गल्ला तुसे बोलिया, तिना बीचा ते कोई बी मां
पाँदे नि पड़ो।" 25 तेबे सेयो गवाई देई की और प्रभु यीशुए रा वचन सुणाई
की यरूशलेमो खे वापस ऊईगे और तिने सामरिया रे बऊत सारे गांव रे

सुसमाचार सुणाया। 26 तेबे प्रभुए रे एक स्वर्गदूते फिलिप्पुसो खे बोलेया,
"उठी की दक्खणा री तरफा खे, तेसा बाटा रे जा, जो यरूशलेमो ते गाजा
नगरो खे जाओई। ये रेगिस्तान बाट ए।" 27 फिलिप्पुस उठी की चली गा।
बाटा रे तेसरी मुलाकात एक खोजे ते ऊई, जो कूश देशो री राणी कन्दाके रा
मन्त्री और खजान्ची था। से भक्ति करी की यरूशलेमो ते वापस आऊणे
लगी रा था। 28 से आपणे रथो रे था बैठेया रा और यशायाह भविष्यबक्ते
री कताब पढ़दा ऊआ आपणे देशो खे जाणे लगी रा था। 29 तेबे पवित्र
आत्मे फिलिप्पुसो खे बोलेया, "नेड़े जाई की एस रथो साथे ऊई जा।" 30
फिलिप्पुसे तेसरी तरफा खे दौड़ी की से यशायाह भविष्यबक्ते री कताब पढ़दे
ऊए सुणेया और पूछेया, "जो तूँ पढ़ने लगी रा क्या समजणे बी लगी रा?"
31 तिने बोलेया, "जदुओ तक माखे कोई समजयाओ गा नि, तदुओ तक
माखे किंयाँ समज आऊणा?" तेबे तिने फिलिप्पुसो ते बिनती कित्ती कि रथो
पाँदे चढ़ी की मां साथे बैठी जा। 32 पवित्र शास्त्रो रा जो पाठ से पढ़ने लगी
रा था, से ये था "से पेडा जेड़ा काणे खे पऊँछाया और जिंयाँ मिन्टू आपणे
ऊन कापणे वाल़ेया सामणे चुप रओआ, तिंयाँ ई तिने बी आपणा मूँ नि
खोलेया। 33 तेसरी दीनता रे तेसरा न्याय नि ऊआ और तेसरे बखतो रे लोका
रे बारे रे केस बताणा, कऊँकि तरतिया ते तेसरी जिन्दगी लयी ली।" 34 तेबे
खोजे फिलिप्पुसो ते पूछेया, "आऊँ तांते बिनती करूँआ कि भविष्यबक्ता ये
किजी रे बारे रे बोलणे लगी रा आपणे या केसी दूजे रे बारे रे?" 35 तेबे
फिलिप्पुसे बोलणा शुरू कित्तेया और एते ई शास्त्रो ते शुरू करी की तेसखे
प्रभु यीशुए रा सुसमाचार सुणाया। 36 बाटा रे चलदे ऊए सेयो पाणिए रे
कनारे पऊँछे, तेबे खोजे बोलेया, "देख, एती पाणी ए, एबे माखे बपतिस्मा
लणे ते कुण रोकी सकोआ?" 37 फिलिप्पुसे बोलेया, "जे तूँ सारे मनो ते
विश्वास करेया, तो लई सकोआ।" तिने बोलेया, "आऊँ विश्वास करूँआ कि
यीशु मसीह परमेशरो रा पुत्र ए।" 38 तेबे तिने रथ खड़ा करने री आज्ञा दित्ती
और खोजा और फिलिप्पुस दोनो जणे पाणिए बीचे गये और फिलिप्पुसे
तेसखे बपतिस्मा दित्तेया। 39 जेबे सेयो पाणिए ते निकल़ी की पाँदे आए, तेबे
प्रभुए रा पवित्र आत्मा फिलिप्पुसो खे चकी की लयी गा। और खोजे से
फेर नि देखेया और से खुश ऊईगा कि परमेशरे आऊँ बचाईता और आपणे

देशो खे चली गा। 40 तेबे फिलिप्पुस अशदोद नगरो रे आयी की निकल़ेया
और जदुओ तक कैसरिया नगरो रे नि पऊँछेया, तदुओ तक नगरो-नगरो रे
सुसमाचार सुणांदा रया।

9 शाऊल जो एबुए तक प्रभु यीशुए रे चेलेया खे तमकाणे और काणे री
ताका रे था, प्रदान पुरोईतो गे गया। 2 और तेसते दमिश्क नगरो रे नाओं रे
प्रार्थना रे कअरो रे नाओं पाँदे इजी खे चिट्ठिया मांगिया कि क्या मर्द क्या
जवाणसा, जिना खे से एस पंथो रे पाओगा, तिना खे बानी की यरूशलेमो रे
ली आऊँ। 3 जेबे शाऊल और तेसरे लोक चलदे-चलदे दमिश्क नगरो रे नेड़े
पऊँछे, तेबे एकदम सर्गो ते तेसरे चऊँ कनारे ते जोति चमकी 4 और से
जमीना पाँदे रूड़ी गा और तिने प्रभुए री ये आवाज सुणी, "ओ शाऊल! ओ
शाऊल! तूँ माखे कऊँ सताणे लगी रा?" 5 तिने पूछेया "ओ प्रभु! तूँ कुण
ए?" तिने बोलेया, "आऊँ यीशु ए। जेसखे तूँ सताएया। 6 पर एबे उठी की
नगरो खे जा और जो कुछ करना, से ताखे बताई देणा।" 7 जो मांणू तेस
साथे थे, सेयो चुपचाप रये, कऊँकि तिना खे आवाज तो सुणने लगी री थी,
पर कोई दिशो नि था। 8 तेबे शाऊल जमीना पाँदा ते उठेया, पर जेबे तिने
आखी खोलिया तेबे तेसखे कुछ नि दिशेया। तेबे सेयो तेसरा आथ पकड़ी की
तेसखे दमिश्क नगरो खे लयी गे। 9 से तीन दिन तक नि देखी सकेया और
ना ई तिने खाया-पिया। 10 दमिश्क नगरो रे हनन्याह नाओं रा एक चेला
था, तेसखे प्रभु यीशुए दर्शनो रे बोलेया, "ओ हनन्याह!" तिने बोलेया, "हां
प्रभु!" 11 तेबे प्रभु यीशुए तेसखे बोलेया, "उठी की तेसा गल़िया रे जा,
जेतेखे सीदी बोलोए और यहूदा रे कअरे शाऊल नाओं रे एक तरसुसो रे रणे
वाल़े खे पूछी लो; कऊँकि देख, से प्रार्थना लगी रा करने। 12 तिने दर्शणो रे
देखेया कि हनन्याह नाओं रे एक मांणूए पीतरे आई की तेस पाँदे आथ राखे
ताकि फेर देखणे लगो।" 13 हनन्याहे बोलेया, "ओ प्रभु! मैं एस मांणूए रे
बारे रे बऊत जणेया ते सुणी राखेया कि इने यरूशलेमो रे तेरे पवित्र लोका
साथे बडिया-बडिया बुराईया करी राखिया। 14 और एती बी एसखे बड़े
पुरोईतो री तरफा ते अक्क मिली रा कि जो लोक तां पाँदे विश्वास करोए,
तिना सबी खे बानी की यरूशलेमो खे लयी जाओ।" 15 पर प्रभुए तेसखे
बोलेया, "तूँ चली जा, कऊँकि से तो दूजी जातिया और राजा और इस्राएली

लोका सामणे मेरा नाओं रा प्रचार करने खे मेरा चुणे रा जणा ए। 16 और मां
तेसखे बताणा कि मेरे नाओं खे तेसखे केड़ा-केड़ा दु: ख उठाणा पड़ना।" 17
तेबे हनन्याह उठेया और तेस कअरो रे गया जेती शाऊल था और तेस पाँदे
आपणा आथ राखेया और बोलेया, "ओ शाऊल पाई! प्रभु, मतलब-यीशु जो
तेसा बाटा रे, जिसिये तूँ आया और ताखे दिशेया था, तिने ई आऊँ पेजी
राखेया, ताकि तूँ फेर देखणे लगो और पवित्र आत्मा ते परिपूर्ण ऊई जाओ।"
18 तेबे तेसरी आखी ते छिलके जे निकल़े और से देखणे लगेया और तिने
उठी की बपतिस्मा लया, 19 तेबे रोटी खाई की तागत पाई। से कई दिन
तक तिना चेलेया साथे रया, जो दमिश्क नगरो रे थे। 20 तेबे से फटाफट
दमिश्क नगरो रे प्रार्थना रे कअरो रे प्रभु यीशुए रा प्रचार करने लगेया, "यीशु
ई परमेशरो रा पुत्र ए।" 21 तेबे सब सुणने वाल़े हैरान ऊई की बोलणे लगे,
"क्या ये सेई मांणू निए, जो यरूशलेमो रे तिना खे जो यीशुए रे विश्वासी थे,
नाश करी देओ था और एती बी इजी खे आया था कि तिना खे बानी कि बड़े
पुरोईतो गे लयी जाओ।" 22 पर शाऊल ओर बी सामर्थी ऊँदा गया और एसा
गल्ला रा सबूत देई-देई की कि मसीह येईए, दमिश्क नगरो रे रणे वाल़ा
यहूदिया रा मूँ बंद करदा रया। 23 जेबे बऊत दिन बीती गे, तेबे यहूदिये मिली
की तेसखे काणे री तरकीब निकयाल़ी। 24 पर तिना री तरकीब शाऊलो खे
पता लगी गी। सेयो तो तेसखे काणे री ताका रे रात-दिन फाटको रिये लगे
रे रओ थे, 25 पर राथियो खे चेलेया शाऊल टोकरिया रे बठयाल़ेया और
शहरपनाहो पाँदा ते लटकाई की उतारी ता। 26 यरूशलेमो रे जाई की तिने
चेलेया साथे मिलणे रा उपाय कित्तेया, पर सब तेसते डरो थे, कऊँकि तिना
खे विश्वास नि ओ था कि से बी चेला ए। 27 पर बरनबासे से आपू साथे
प्रेरिता गे लयी जाई की तिना खे बोलेया कि इने किंयाँ प्रभु यीशु दमिश्क
नगरो री बाटा रे देखेया और इने तेस साथे गल्ला कित्तिया और तेबे इने
दमिश्को रे बड़ी ई इम्मता साथे प्रभु यीशुए रा प्रचार कित्तेया। 28 चेलेया
बरनबासो री गल्ला पाँदे विश्वास कित्तेया और शाऊल तिना साथे यरूशलेमो
रे आऊँदा-जांदा रया और निडर ऊई की प्रभु यीशुए रे नाओं रा प्रचार करो
था। 29 से यूनानी पाषा बोलणे वाल़े यहूदिया साथे गल्ल-बात और बईस
करो था। तेबे सेयो तेसखे काणे री कोशिश करने लगे। 30 ये जाणी की पाई

तेसखे कैसरिया नगरो रे ली आए और तरसुस नगरो खे पेजी ता। **31** तेबे
सारे यहूदिया, गलील और सामरिया प्रदेशो री मण्डलि़या खे चैन मिलेया
और मण्डली़ विश्वासो रे बड़दी गई। से प्रभुए रे डरो रे और पवित्र आत्मा
री शान्तिया रे चलदी और गिणतिया रे बड़दी गई। **32** तेबे एड़ा ऊआ कि
पतरस सबी प्रदेशा रे कुमदा-फिरदा ऊआ तिना पवित्र लोका गे बी पऊँछेया,
जो लुद्दा नगरो रे रओ थे। **33** तेती तेसखे ऐनियास नाओं रा मांणू मिलेया,
जेसखे अदरंग था और से आठ साला ते माँजे पाँदे पड़ेया रा रओ था। **34**
पतरसे तेसखे बोलेया, "ओ ऐनियास! प्रभु यीशु मसीह ताखे ठीक करोआ,
उठ, आपणा बछऊणा बछा। तेबे से फटाफट खड़ा ऊईगा।" **35** तेबे लुद्दा
और शारोण नगरो रे बऊत सारे रणे वाले़, तेसखे देखी की प्रभु यीशुए पाँदे
विश्वास कित्तेया। **36** याफा नगरो रे तबीता, मतलब-दोरकास प्रभु यीशुए
पाँदे विश्वास करने वाली़ चेली रओ थी। से बऊत खरे काम और दान करदी
रओ थी। **37** तिना दिना रे जेबे पतरस लुद्दा नगरो रे था से बमार ऊई की मरी
गी और तिने से नुला़ई की बाऊड़ी रे राखी ती। **38** लुद्दा याफा रे नेड़े था,
चेलेया ये सुणी की कि पतरस तेती ये, दो मांणू पेजी की तेसते बिनती कित्ती
कि, "आऊणे रे देर नि कर।" **39** तेबे पतरस तिना साथे आईगा और जेबे
पऊँछी गा, तेबे सेयो तेसखे तेस बाऊड़ी रे लयी गे और तेती सब बिदुआ
रोंदिया उईया तेसगे खड़िया ऊई गिया और जो टाले और कुरते दोरकासे
तिना साथे रंदे ऊए बणाए थे, दखाणे लगिया। **40** तेबे पतरसे सब जणियां
बारे करी तिया और कुटणे टेकी की प्रार्थना कित्ती और लोथा रे कनारे देखी
की बोलेया, "ओ तबीता! उठ।" तेबे तेसे आपणी आखिया खोली तिया और
पतरसो खे देखी की उठी की बैठी गी। **41** तिने आथो रा सआरा लगाई की से
ठवाली़ और पवित्र लोका खे और बिदुआ खे बुलाई की से जिऊँदी-जागदी
दखाई ती। **42** ये गल्ल सारे याफा नगरो रे फैली गी और बऊत जणेया प्रभु
यीशुए पाँदे विश्वास कित्तेया। **43** पतरस याफा नगरो रे शमौन नाओं रे केसी
चामड़े रा काम करने वाले़ मांणूए रे कअरे बऊत दिनो तक रया।

**10** कैसरिया नगरो रे कुरनेलियुस नाओं रा एक मांणू था, जो इतालियानी
नाओं री पल़टणा रा सूबेदार था। **2** से विश्वासी था और आपणे सारे कराने
समेत परमेशरो ते डरो था और से यहूदिया रे लोका खे बऊत दान देओ था

और हर रोज परमेशरो ते प्रार्थना करो था। 3 तिने दिनो रे तीजे पईरो रे नेड़े
दर्शनो रे साफ देखेया कि परमेशरो रा एक स्वर्गदूत तेसगे पीतरे आयी की
बोलोआ, "ओ कुरनेलियुस!" 4 कुरनेलियुसे से त्यानो साथे देखेया और डरी
की बोलेया, "ओ प्रभु! क्या ए?" तिने तेसखे बोलेया, "तेरी प्रार्थना और तेरे
दान याद करने खे परमेशरो रे सामणे पऊँछी रे 5 और एबे याफा नगरो रे
कोई मांणूआ खे पेजी की शमौनो खे, जेसखे पतरस बोलोए, बुलाई लो। 6
शमौन चामड़े रा काम करने वाल़े रे कअरे पराऊणा ए, जेसरा कअर समुद्रो रे
कनारे ए।" 7 जेबे से स्वर्गदूत जिने तेस साथे गल्ला कित्तिया थिया, चली
गा, तेबे तिने दो दास और जो तेस साथे रओ थे, तिना बीचा ते एक विश्वासी
सिपाई बुलाया। 8 तिना खे सारिया गल्ला बताई की सेयो याफा नगरो खे
पतरसो खे बुलाणे पेजे। 9 दूजे दिने जेबे सेयो चलदे ऊए नगरो रे पऊँछे, तेबे
त्याड़िया जे पतरस छतो पाँदि प्रार्थना करने खे चढ़ेया। 10 तेबे तेसखे पूख
लगी और से कुछ खाणा चाओ था; पर जेबे सेयो रोटी बनाणे री त्यारी करने
लगी रे थे, तदुओ की से बेओश ऊईगा। 11 तेबे तिने देखेया कि सर्ग खुली गा
और एक बड़ी चादर, पांडे जेड़ी चऊँ कूणे ते लटकी री, तरतिया री तरफा खे
उतरने लगी री। 12 जिदे तरतिया रे सब प्रकारा रे चऊँ पैरा वाल़े जानवर और
रेंगणे वाल़े जन्तु और सर्गो रे पंछी थे। 13 तेबे तेसखे एक शब्द सुणेया, "ओ
पतरस उठ और काई की खा।" 14 पर पतरसे बोलेया, "ना प्रभु, कदी पनि,
कऊँकि मैं कदी बी अपवित्र या अशुद्ध चीज नि खाई।" 15 तेबे दूजी बार
तेसखे शब्द सुणेया, "जो कुछ परमेशरे शुद्ध ठराई राखेया, तेसखे अशुद्ध नि
बोल।" 16 तीन बार एड़ा ई ऊआ। तेबे फटाफट से पांडा सर्गो खे चकी
ता। 17 जेबे पतरस आपणे मनो रे दुबिदा रे था कि ये दर्शन जो मैं देखेया
क्या ऊई सकोआ? तेबे देखो, सेयो मांणू जो कुरनेलियुसे पेजे थे, शमौनो रे
कअरो रा पता लगाई की द्वारो पाँदि आयी की खड़े ऊईगे 18 और आक्का
पाई की पूछणे लगे, "क्या शमौन, जेसखे पतरस बोलोए, एथी पराऊणा
ए?" 19 पतरस तो तेस दर्शनो रे बारे रे सोचणे ई लगी रा था कि पवित्र
आत्मे तेसखे बोलेया, "देख तीन मांणू ताखे टोल़ने लगी रे। 20 तो उठ
और थाले जा और फटाफट तिना साथे चली जा, कऊँकि मैं ई सेयो पेजी
राखे।" 21 तेबे पतरसे उतरी की तिना मांणूआ खे बोलेया, "देखो, जेसखे

तुसे टोल़ने लगी रे, से आऊँ ईए। तुसा रे आऊणे री क्या बजअ ए?" 22 तिने
बोलेया, "कुरनेलियुस सूबेदार, जो तर्मी और परमेशरो ते डरने वाल़ा ए और
सारी यहूदी जातिया रे जाणेया-माणेया मांणू ए, तिने एक पवित्र स्वर्गदूतो ते
चेतावणी पाई कि ताखे आपणे कअरे बुलाई की तांते वचन सुणो।" 23
तेबे तिने सेयो पीतरे बुलाई की तिना री पराऊणचारी कित्ती और दूजे दिने
से तिना साथे गया और याफा नगरो रे कुछ विश्वासी पाईया बीचा ते कई
जणे तेस साथे चली पड़े। 24 दूजे दिने सेयो कैसरिया नगरो रे पऊँछे और
कुरनेलियुस आपणे टब्बरो वाल़ेया साथे और खास दोस्ता साथे कट्ठे ऊई की
तिना खे न्याल़ने लगी रा था। 25 जेबे पतरस पीतरे आऊणे लगी रा था, तेबे
कुरनेलियुस तेसखे मिलेया और तेसरे पैरा पाँदे पड़ी की माथा टेकेया। 26 पर
पतरसे तेसखे उठाल़ी की बोलेया, "खड़ा ओ, आऊँ बी तो मांणू ए।" 27 तेबे
से तेस साथे बातचीत करदा ऊआ पीतरो खे गया। तेबे तिने बऊत सारे लोक
कट्ठे देखी की 28 पतरसे तिना खे बोलेया, "तुसे जाणोए कि दुजिया जातिया
साथे संगति करना या तेसरे कअरे जाणा, यहूदी नियमा रे खलाफ ए, पर
परमेशरे माखे बताई राखेया कि केसी बी मांणूए खे अशुद्ध या अपवित्र नि
बोलो। 29 तेबेई तो जेबे आऊँ बुलाया, तेबे बिना कुछ बोले चली की आया।
एबे आऊँ पुछूँआ कि आऊँ किजी खे बुलाई राखेया?" 30 कुरनेलियुसे
बोलेया, "एसा कअड़िया चार दिन पूरे ऊईगे, आऊँ आपणे कअरे तीजे पईरो
रे प्रार्थना करने लगी रा था, तेबे देखो, एक मांणू चमकीले टाले पईनी की मां
सामणे आयी की खड़ा ऊईगा 31 और बोलणे लगेया कि, ओ कुरनेलियुस!
तेरी प्रार्थना सुणी ली री और तेरे दान परमेशरो रे सामणे याद करी राखे। 32
इजी री खातर केसी खे याफा नगरो रे पेजी की शमौनो खे, जेसखे पतरस
बोलोए, तेसखे बुला। से समुद्रो रे कनारे शमौन चामड़े रा काम करने वाल़े रे
कअरे पराऊणा ए। तेस आई की तुसा खे परमेशरो रा संदेश सुनाणा। 33 तेबे
मैं फटाफट तांगे लोक पेजे और तैं खरा कित्तेया जो आईगा। एबे आसे सब
परमेशरो सामणे ए, ताकि जो कुछ परमेशरे तांगे बोली राखेया, से सुणिंए।"
34 तेबे पतरसे बोलेया, "एबे माखे निश्चा ऊआ कि परमेशर केसी रा पक्षपात
नि करदा। 35 बल्कि हर जातिया दे, जो परमेशरो ते डरोआ और तर्मो रे
काम करोआ, से तेसखे अच्छा लगोआ। 36 जो वचन तिने इस्राएलिया गे

पेजेया, जेबे तिने प्रभु यीशु मसीह रे जरिए (जो सबी रा प्रभु ए) शान्तिया रा
सुसमाचार सुणाया। 37 से वचन तुसे जाणोए, जो यूहन्ने रे बपतिस्मे रे
प्रचारो ते बाद गलील प्रदेशो ते शुरू उई की यहूदिया प्रदेशो रे बऊत सारी
जगा रे फैली गा। 38 परमेशरे किंयाँ प्रभु यीशु नासरी पवित्र आत्मा और
सामर्था ते अभिषेक कित्ते। से पलाई करो था और बऊत सारे लोक जो
शैतानो रे सताए रे ओ थे, अच्छा करदा फिरेया, कऊँकि परमेशर तेस साथे
था। 39 "आसे तिना सबी कामो रे गवा ए, जो तिने यहूदिया प्रदेशो रे और
यरूशलेमो रे बी कित्ते और यहूदी अगुवे से यरूशलेमो रे क्रूसो पाँदे लटकाई
की काई ता। 40 पर से परमेशरे तीजे दिने जिऊँदा कित्तेया और प्रगट बी
करी ता। 41 सबी लोका खे नि, बल्कि तिना गवाओ पाँदे, जो परमेशरे पइले
ई चुणी ले थे, मतलब-आसा पाँदे, जिने तेसरे मरने और जिऊँदे ऊणे ते बाद
तेस साथे खाया-पिया। 42 तिने आसा खे आज्ञा दित्ती कि सबी लोका बीचे
प्रचार करो और गवाई देओ कि ये सेई, जो परमेशरे जिऊँदेया रा और मरे रेया
रा न्यायी ठराई राखेया। 43 तेसरी सब भविष्यबक्ता गवाई देओए, ताकि जो
कोई तेस पाँदे विश्वास करो, तेसखे तेसरे नाओं ते पापो ते माफी मिलणी।"
44 पतरस इना गल्ला खे बोलणे ई लगी रा था कि वचनो रे सबी सुणने
वाळेया पाँदे पवित्र आत्मा उतरी गा 45 और जितणे खतना करे रे यहूदी
विश्वासी पतरसो साथे आए थे, सेयो सब हैरान ऊईगे कि दुजिया जातिया
पाँदे बी पवित्र आत्मा रा दान लटी राखेया। 46 कऊँकि तिने सेयो लग-लग
पाषा बोलदे ऊए और परमेशरो री तारीफ करदे ऊए सुणे। 47 तेबे पतरसे
बोलेया, "क्या कोई पाणिए खे रोकी सकोआ कि यो बपतिस्मा नि पाओ,
जिने आसा जेड़ा परमेशरो री तरफा ते पवित्र आत्मा पाई राखेया?" 48 और
पतरसे आज्ञा दित्ती कि तिना खे प्रभु यीशु मसीह रे नाओं ते बपतिस्मा देओ,
तेबे तिने तेसते बिनती कित्ती कि तुसे कुछ दिन ओर आसा साथे रओ। तेबे से
तिना साथे कुछ दिन ओर रईगा।

**11** तेबे प्रेरिते और विश्वासी पाईए जो यहूदिया प्रदेशो रे थे, सुणेया कि
दूजिये जातिये बी परमेशरो रा वचन मानी ला रा। 2 जेबे पतरस यरूशलेमो रे
आया, तेबे खतना करे रे यहूदी विश्वासी तेस साथे बईस करने लगे 3 और
बोलेया, "तैं बिना खतना कराए दूजी जातिया रे कअरे जाई की तिना साथे

खाणा बी खाई ला।" 4 तेबे पतरसे तिना खे शुरूओ ते एक-एक करी की
सुणाया, 5 "आऊँ याफा नगरो रे प्रार्थना करने लगी रा था और बेओश ऊई
की एक दर्शन देखेया, कि एक बड़ी चादर, एक पांडे जेड़ी, चऊँ कूणे ते
लटकी री सर्गो ते ऊतरी की मांगे आयी। 6 जेबे मैं तिजी पाँदे त्यान कित्तेया,
तेबे तिदे तरतिया रे चऊँ पैरा वाल़े जानवर और बणो रे पशु, लूरने वाल़े जन्तु
और सर्गो रे पंछी देखे 7 और ये शब्द बी सुणेया, 'ओ पतरस उठ, मार और
खा।' 8 "मैं बोलेया, 'ना प्रभु! ना, कऊँकि कोई बी अपवित्र या अशुद्ध चीज
मैं कदी नि खाई।' 9 तेबे एतेरे जवाबो रे दूजी बार सर्गो ते शब्द ऊआ, 'जो
कुछ परमेशरे शुद्ध ठराई राखेया, तेसखे अशुद्ध नि बोल।' 10 तीन बार एड़ा ई
ऊआ, तेबे सब कुछ सर्गो खे खिंजी ता। 11 और देखो, तेबुई तीन मांणू, जो
कैसरिया नगरो ते मांगे पेजी राखे थे, तेस कअरो रे, जेती आसे थे, आयी की
खड़े ऊईगे। 12 तेबे पवित्र आत्मे माखे तिना साथे चुप-चाप जाणे खे बोलेया
और यो छे पाई बी मां साथे आईगे और आसे तेस मांणूए रे कअरे गये। 13
तिने आसा गे बताया कि मैं एक स्वर्गदूत आपणे कअरे खड़े रा देखेया, जिने
माखे बोलेया कि याफा रे मांणूआ खे पेजी की शमौनो खे, जेसखे पतरस बी
बोलोए, बुला। 14 तेस तांगे एड़िया गल्ला बोलणिया, जेते साथे तां और तेरे
कराने उद्धार पाणा। 15 "जेबे आऊँ तिना साथे गल्ला लगी रा था करने,
तेबे पवित्र आत्मा तिना पाँदे तियाँ ई आया, जियाँ शुरूओ रे पेन्तिकुस्तो रे
दिने आसा पाँदे उतरेया था। 16 तेबे माखे प्रभुए रा से वचन याद आया,
जो तिने बोलेया था, 'यूहन्ने तो पाणिए साथे बपतिस्मा दित्तेया, पर तुसा
पवित्र आत्मा रा बपतिस्मा पाणा।' 17 तो जेबे परमेशरे बी तिना खे सेई दान
दित्तेया, जो आसा खे प्रभु यीशु मसीह पाँदे विश्वास करने ते मिलेया था, तो
आऊँ कुण था, जो परमेशरो खे रोकी सकूँआ?" 18 ये सुणी की यहूदी
विश्वासी चुप रये और परमेशरो री तारीफ करी की बोलणे लगे, "तेबे तो
परमेशरे दुजिया जातिया खे बी अनन्त जीवनो खे बुरे कामा ते मन फिराणे रा
मौका देई राखेया।" 19 तेबे जो लोक तेस क्ल़ेशो रे मारे जो स्तिफुनुसो री
बजअ ते पड़ेया था, ओरे-पोरे ऊईगे थे, तेबे सेयो कूमदे-फिरदे फीनीके प्रदेश,
साईप्रस टापू और अन्ताकिया नगरो रे पऊँछे, पर सेयो यहूदिया ते अलावा
केसी ओरी खे परमेशरो रा वचन नि सुणाओ थे। 20 पर तिना बीचा ते कुछ

विश्वासी साईप्रसवासी और कुरेनी थे, जो अन्ताकिया नगरो रे आयी की
यूनानिया खे बी प्रभु यीशु मसीह रे सुसमाचारो रिया गल्ला सुणाओ थे। 21
प्रभुए री सामर्थ तिना साथे थी और बऊत सारे दूजिया जातिया रे लोक तिना
रे संदेशो पाँदे विश्वास करी की प्रभुए री तरफा खे फिरी गे। 22 जेबे तिना
रे बारे रे यरूशलेमो री मण्डलि़या रे सुणने खे मिलेया, तेबे तिने बरनबास
अन्ताकिया नगरो खे पेजेया। 23 से तेती पऊँछी की और परमेशरो री कृपा
देखी की खुश ऊआ और तिने सबी खे उपदेश दित्तेया कि तन-मन लगाई की
प्रभुए साथे चीपटे रे रओ। 24 बरनबास एक खरा मांणू था और पवित्र आत्मा
और विश्वासो रे परिपूर्ण था और बऊत सारे लोक प्रभुए रे मिली गे। 25
तेबे बरनबास शाऊलो खे टोल़ने तरसुसो खे चली गा। 26 और जेबे सेयो
तेसखे मिले, तो तेसखे अन्ताकिया नगरो रे ली आया। तेबे एड़ा ऊआ कि
बरनबास और शाऊल एक साल तक मण्डलि़या साथे मिलदे और बऊत सारे
लोका खे यीशुए रा उपदेश देंदे रये और चेलेया खे सबी ते पईले अन्ताकिया
नगरो रे मसीह बोलेया। 27 तिना दिना रेई कुछ विश्वासी जो भविष्यबक्ता थे,
यरूशलेमो ते अन्ताकिया नगरो खे आए। 28 तिना बीचा ते अगबुस नाओं रे
एक भविष्यबक्ते खड़े ऊई की पवित्र आत्मा री प्रेरणा ते ये बताया कि सारी
दुनिया रे बऊत बड़ा अकाल़ पड़ना और से अकाल़ क्लौदियुस महाराजे रे
बखतो रे पड़ना। 29 चेलेया न्याय कित्तेया कि हर एक आपणिया-आपणिया
आऊँदणियां रे मुताबिक, यहूदिया प्रदेशो रे रणे वाल़े विश्वासी पाईया री
मतादा खे कुछ पेजो। 30 तिने एड़ा ई कित्तेया और बरनबास और शाऊलो गे
बुजुर्ग लोका खे कुछ पैसे पेजी ते।

**12** तेस बखते हेरोदेस राजा मण्डलि़या रे कई लोक दु: ख देणे खे पकड़े। 2
तिने यूहन्ने रा पाई याकूब तलवारे की मरवाया। 3 जेबे तिने देखेया कि यहूदी
लोक इजी ते खुश ओए, तेबे तिने पतरस बी पकड़ी ता। सेयो अखमीरी
रोटिया रे त्योआरो रे दिन थे। 4 हेरोदेसे पतरस पकड़ी की जेला रे पायी ता
और रखवालि़या खे चार-चार सिपाईया खे चार पईरे रे राखेया। एड़ी इच्छा ते
ताकि तेसखे फसह रे त्योआरो ते बाद लोका सामणे ल्याईए। 5 पतरस जेला
रे कई दिना ते बंद था, पर मण्डल़ी तेसरी खातर दिऊआ बाल़ी की परमेशरो
ते प्रार्थना लगी री थी करने। 6 जेबे हेरोदेस तेसखे लोका सामणे मुकद्दमा

चलाणे खे ल्याऊणे वाल़ा था, तो तेसा ई राती पतरस दो जंजीरा साथे बाने
रा, दो सिपाईया रे बीचे सऊणे लगी रा था और पईरेदार द्वारो पाँदे जेला री
रखवाल़ी लगी रे थे करने। 7 अचाणक प्रभुए रा एक स्वर्गदूत आयी की
पतरसो रे नेड़े खड़ा ऊईगा और तेती कोठरिया रे जोति चमकणे लगी और
तिने पतरसो री पसलिया रे आथ बाई की से जगाया और बोलेया, “उठ,
फटाफट कर।” तेसरे आथो ते जंजीरा खुली की छूटी गिया। 8 तेबे स्वर्गदूते
तेसखे बोलेया, “लक बान और आपणे बूट पईनी लो।” तिने तेड़ा ई कित्तेया।
तेबे स्वर्गदूते तेसखे बोलेया, “आपणे टाले पईनी की मां पीछे आईजा।” 9 से
निकल़ी की तेस पीछे आईगा, पर ये नि जाणो था कि जो स्वर्गदूत करने लगी
रा, से सच्ची ये, बल्कि ये समजणे लगी रा था कि आऊँ सुपना लगी रा
देखणे। 10 तेबे सेयो पईले और दूजे पईरे ते निकल़ी की तेस लोए रे फाटको
गे पऊँछे, जो नगरो री तरफा खे था। से तिना खे आपू तेई खुली गा और सेयो
निकल़ी की एकी गल़िया रिये गये, तदुओ की स्वर्गदूत तेसखे छाडी की चली
गा। 11 तेबे पतरसे ओशा रे आयी की बोलेया, “एबे आऊँ सच जाणी गा रा
कि प्रभुए आपणा स्वर्गदूत पेजी की आऊँ हेरोदेसो रे आथो ते छुड़ाई ता और
यहूदी अगुवा री सारी उम्मीद तोड़ी ती।” 12 ये जाणी की परमेशरे से छुड़ाई
ता रा पतरस तेस यूहन्ने री आम्मा मरियमा रे कअरे आया, जेसखे मरकुस
बी बोलोए। तेती बऊत सारे विश्वासी कट्ठे ऊई की प्रार्थना करने लगी रे थे।
13 जेबे तिने फाटको री दवारी खटखटाई तेबे रुदे नाओं री एक दासी देखणे
आयी। 14 पतरसो री आवाज पछयाणी की तेसे खुशिया रे मारे फाटक नि
खोलेया, पर पीतरे दौड़ी की गयी और बताया, “पतरस द्वारो पाँदे खड़ी रा।”
15 तिने तेसा खे बोलेया, “तूँ पागल ए?” पर से पक्का ऊई की बोलणे लगी
कि से पतरस ईए। तेबे तिने बोलेया, “तेसरा स्वर्गदूत ऊणा।” 16 पर पतरस
दरवाजा खटखटांदा ई रया। तेबे तिने द्वारी खोली और तेसखे देखी की हैरान
ऊईगे। 17 तेबे तिने तिना खे आथो साथे सारा कित्तेया कि चुप रओ और
तिना खे बताया कि प्रभु माखे किंयाँ जेला ते निकयाल़ी की ल्याया और
बोलेया, “याकूब और पाईया खे ये गल्ल बताई देणी।” तेबे से निकल़ी की
दूजी जगा खे चली गा। 18 प्यागा-प्यागा सिपाईया बीचे आल्ला-गोल्ला ऊणे
लगेया कि पतरसो रा क्या ऊआ? 19 जेबे हेरोदेसे तेसखे टोल़ने री आज्ञा

दित्ती और मिलेया नि, तेबे तिने पईरेदारा री परख करी की तिना खे आज्ञा
दित्ती कि तिना खे काई दो। तेबे से यहूदिया प्रदेशो खे छाडी की कैसरिया
नगरो रे जाई की कुछ बखतो खे रणे लगेया। 20 राजा हेरोदेसे सूर और सैदा
नगरो रे लोका ते बऊत नराज था। तेबे सेयो एक मन ऊई की हेरोदेसो गे
आए। तिने बलास्तुसो खे, जो राजे रा एक दास था, मनाई की मेल-जोल
करना चाया, कऊँकि हेरोदेसो राजे रे देशो ते तिना रे देशो रा पालण-पोषण
ओ था। 21 ठराए रे दिनो रे हेरोदेस राजवस्त्र पईनी की न्याय आसणो रे
बैठेया और तिना खे पाषण देणे लगेया। 22 तेबे लोक जोरे की बोलणे लगे,
“ये तो मांणूए रा नि, पर परमेशरो रा शब्द ए।” 23 तेसी बखते प्रभुए रे एक
स्वर्गदूते तेबुई तेसखे बाई, कऊँकि तिने परमेशरो री महिमा नि कित्ती और
तेसरे कीड़े पड़ी गे और कीड़े पड़ने री बजअ ते से मरी गा। 24 पर परमेशरो
रा वचन लगातार फैलदा गया और विश्वासिया री गिणती बड़दी गई। 25 जेबे
बरनबास और शाऊल यहूदिया प्रदेशो रे यहूदी विश्वासिया खे मताद करने रा
काम पुरा करी चुके, तेबे यूहन्ने खे, जेसखे मरकुस बी बोलोए, साथे लयी की
यरूशलेमो ते अन्ताकिया खे वापस ऊए।

**13** अन्ताकिया नगरो री मण्डलि़या रे कई भविष्यबक्ता और उपदेशक थे।
जिंयाँ-बरनबास, शमौन जेसरा दूजा नाओं नीगर बी बोलोए, लूकियुस कुरेनी
और चौथाई देशो रे राजे हेरोदेसो साथे पल़ेया-बड़ेया रा पाई मनाहेम और
शाऊल। 2 जेबे सेयो बअरतो साथे प्रभुए री भक्ति करने लगी रे थे, तेबे
पवित्र आत्मे बोलेया, “मेरी तंईं बरनबासो खे और शाऊलो खे तेस काम
करने खे लग करी देओ, जेतेरी खातर मैं सेयो बुलाई राखे।” 3 तेबे तिने
बअरत और प्रार्थना करी की और तिना पाँदे आथ राखी की सेयो परमेशरो रा
काम करने खे पेजे। 4 तेबे बरनबास और शाऊल पवित्र आत्मा रे पेजे रे
अन्ताकिया नगरो ते सिलूकिया नगरो खे गये और तेथा ते जाह्जो रे चढ़ी की
साईप्रस टापूए पाँदे सलमीसो खे चली गे। 5 तेबे तिने सलमीसो रे पऊँछी
की परमेशरो रा वचन यहूदिया रे प्रार्थना रे कअरो रे सुणाया और यूहन्ना
मरकुस तिना री मताद करने वाल़ा था। 6 सेयो तेस सारे टापूओ रिये ऊँदे
ऊए पाफुस नगरो तक पऊँछे। तेती तिना खे बारयीशु नाओं रा एक यहूदी
जादू-टोणे वाल़ा और चूठा भविष्यबक्ता मिलेया। 7 से हाकिम, सिरगियुस

पौलुसो साथे था। सिरगियुस पौलुस अक्लमंद मांणू था। तिने बरनबास
और शाऊलो खे आपू गे बुलाई की परमेशरो रा वचन सुणना चाया। 8 पर
एलिमास जादू करने वाल़े, कऊँकि येई तेसरे नाओं रा मतलब ए, तिना रा
बिरोद करी की हाकिमो खे यीशुए पाँदे विश्वास करने ते रोकणा चाओ था। 9
तेबे शाऊले, जेसरा नाओं पौलुस बी ए, तिने पवित्र आत्मा ते परिपूर्ण ऊई की
एलिमास जादूगरो री तरफा खे एक टक लगाई की देखेया और बोलेया, 10
"ओ सारे कपट और ऊशयारिया ते परे रे शैतानो री ल्वाद! सकल तर्मो रे
बैरी, क्या तां प्रभुए री सीदी बाट, टेडी करने ते नि छाडणी? 11 एबे देख,
प्रभुए री सजा ताखे मिलणी और तूँ कुछ बखतो तक अन्दा रणा और सूरज
नि देखणा।" तेबे तेबुई चाल़ा-माल़ा और न्हेरा तेस पाँदे छाईगा और से ओरे-
पोरे टटोल़ने लगेया, ताकि कोई तेसरा आथ पकड़ी की लयी चलो। 12 तेबे
हाकिमे जो कुछ ऊई रा था, से देखी की और प्रभुए रे उपदेशो ते हैरान ऊई
की प्रभु यीशुए पाँदे विश्वास कित्तेया। 13 पौलुस और तेसरे साथी पाफुस
नगरो ते जाह्ज खोली की पंफूलिया प्रदेशो रे पिरगा नगरो रे आए। तेबे
यूहन्ना मरकुस तिना खे छाडी की यरूशलेमो खे वापस ऊईगा। 14 तेबे सेयो
पिरगा नगरो ते आगे पऊँछी की पिसिदिया प्रदेशो रे अन्ताकिया नगरो रे
पऊँछे और आरामो रे दिने प्रार्थना रे कअरो रे जाई की बैठीगे। 15 मूसे रा
बिधान और भविष्यबक्तेया री कताब पढ़ने ते बाद, प्रार्थना रे कअरो रे सरदारे
तिना खे सन्देशा पेजेया, "ओ पाईयो! जे लोका री बढ़ोतरिया री खातर तुसा
रे मनो रे कुछ गल्ल आए तो बोलो।" 16 तेबे पौलुसे खड़े ऊई की आथो साथे
साअरा करी की बोलेया, "ओ इस्राएलियो! और परमेशरो ते डरने वाल़ेयो,
सुणो। 17 इना इस्राएलिया रे लोका रे परमेशरे आसा रे बाप-दादे चुणी ले
और जेबे सेयो मिस्र देशो रे परदेशी ऊई की रओ थे, तेबे तिना री तरक्की
कित्ती और बऊत बड़ी सामर्था साथे निकयाल़ी की ली आया। 18 एथो तक
सेयो परमेशरो री आज्ञा खे तोड़दे रये तेबे बी परमेशर तिना खे कोई चाल़ी
साल तक सुनसाण जगा रे तिना खे सईन करदा रया। 19 "तिने कनान देशो
रे सात जातिया रा नाश करी की तिना री जमीन आपणे लोका रे कब्जे रे
करी ती। 20 एते सारे कामो रे तकरीबन कोई साडे चार सौ साल लगे।
इजी ते बाद परमेशरे तिना खे शमुएल भविष्यबक्ता रे आऊणे तक तिना रे

न्यायी ठराए। 21 जेबे शमूएल एबु बी तिना रा अगुवा था तेबे इस्राएली
लोके आपू खे एक राजा मांगेया। तेबे परमेशरे चाळी साला खे बिन्यामीनो रे
गोत्रा बीचा ते एक मांणूए खे, मतलब-कीशो रा पाऊ शाऊल, तिना रा राजा
बणाया। 22 तेबे परमेशरे शाऊलो खे राजे रे पदो ते टाई की तेसरी जगा पाँदे
दाऊदो खे इस्राएलिया रा राजा बणाया। जेसरे बारे रे तिने गवाई दित्ती कि
माखे यिशै रा पाऊ दाऊद, मेरे मनो रे मुताबिक मिली गा रा, तेस ई मेरी
सारी इच्छा पूरी करनी। 23 "इजी रेई वंशो बीचा ते परमेशरे आपणे वादे रे
मुताबिक, इस्राएलो गे एक उद्धारकर्ता, मतलब-प्रभु यीशुए खे पेजेया। 24
जेसरे आऊणे ते पईले यूहन्ने सबी इस्राएलिया खे मन फिराणे रे बपतिस्मे रा
प्रचार कित्तेया। 25 जेबे यूहन्ना आपणी सेवा पूरी करने वाळा था, तेबे तिने
बोलेया कि तुसे माखे क्या बोलोए? आऊँ मसीह निए, पर देखो, जो मांते
बाद एक आऊणे वाळा ए, से मांते इतणा महान् ए, आँऊ तेसरे पैरो रे जोड़े रे
फिथे खोलणे जोगा बी निए। 26 "ओ पाईयो! तुसे जो अब्राहमो री ल्वाद ए
और तुसे जो परमेशरो ते डरोए, तुसा गे एतेरे उद्धारो रा वचन पेजे राए। 27
यरूशलेमो रे रणे वाळे और तिना रे अधिकारिए, ना यीशु पछयाणा और ना
भविष्यबक्ते रिया गल्ला समजिया, जो हर आरामो रे दिने पढ़ी जाओई। तेबेई
से दोषी ठराई की सेयो गल्ला पुरिया कित्तिया। 28 तिने काणे जोगा तेसरे
कोई दोष नि देखेया, तेबे बी पिलातुसे बिनती कित्ती कि से काया जाओ। 29
जेबे तिने तेसरे बारे रे पवित्र शास्त्रो रे लिखी रिया सारिया गल्ला पुरिया
कित्तिया। तिने से क्रूसो पाँदे लटकाई की काई ता और तेबे क्रूसो पाँदे ते
उतारी की कब्रा रे राखेया। 30 पर परमेशरे से मरे रेया बीचा ते जिऊँदा
कित्तेया। 31 और से तिना खे जो तेस साथे गलील प्रदेशो ते यरूशलेमो खे
आए थे, बऊत दिनो तक आपणे चेलेया खे दिशदा रया। लोका सामणे एबे
सेयो ई तेसरे गवा ए। 32 "आसे बी तुसा खे तेस वादे रे बारे दे, जो परमेशरे
बाप-दादेया साथे कित्तेया था, ये सुसमाचार सुणाऊँए। 33 कि परमेशरे
यीशुए खे मरे रेया बीचा ते जिऊँदा करी की सेई वादा आसा री ल्वादा खे पूरा
कित्तेया, जेड़ा भजनसंहिता रे दूजे पजनो रे परमेशरे मसीह रे बारे बोली
राखेया कि "तूँ मेरा पुत्र ए, आज मैं ई तूँ पैदा करी राखेया। 34 "और तेसरे
ईंयां मरे रेया बीचा ते जिऊँदे ऊणे रे बारे रे बी कि से कदी नि सड़ो, परमेशरे

ये बोली राखेया मां दाऊदो पाँदलिया पवित्र और अटल कृपा तुसा पाँदे
करनिया। 35 तेबेई तो दाऊदे एकी ओरी पजनो रे बी बोली राखेया कि “तां
आपणा पवित्र जन सड़ने नि देणा। 36 “कऊँकि दाऊद तो परमेशरो री इच्छा
रे मुताबिक आपणे बखतो री सेवा पूरी करी की मरी गा और आपणे बाप-
दादेया साथे जाई की मिली गा और सड़ी बी गया। इजी रे जरिए आसे जाणूंए
कि दाऊदे ये गल्ला आपणे बारे रे नि बोली राखिया। 37 पर ये गल्ला यीशुए
रे बारे रे बोली राखिया थिया जो परमेशरे मरे रेया बीचा ते जिऊँदा करी
राखेया, से सड़ेया नि। 38 “इजी री खातर, ओ पाईयो! तुसे जाणी लो कि
एसरी ई बजअ ते पापो री माफिया रा सुसमाचार तुसा खे दित्तेया जाओआ
39 और जिना गल्ला साथे तुसे मूसे रिया बिधानो रे जरिए निर्दोष नि ठईरी
सको थे, तिना सबी ते हर एक विश्वास करने वाल़ा, यीशुए री बजअ ते
निर्दोष ठईरोआ। 40 तेबेई तो चौकस रओ, एड़ा नि ओ कि जो भविष्यबक्ता
री कताबा रे लिखी राखेया, 41 तुसा पाँदे बी आओ कि, “ओ निन्दा करने
वाल़े देखो और हैरान ओ और खत्म ऊई जाओ, कऊँकि आऊँ तुसा रे दिनो रे
एक काम करूँआ, एड़ा काम कि जे कोई तुसा ते तिजी रे बारे रे पूछो, तो
तुसा कदी विश्वास नि करना।” 42 पौलुस और बरनबासो रे प्रार्थना रे कअरो
ते बारे निकल़दे बखते लोक तिना ते बिनती करने लगे कि आगले आरामो रे
दिने तुसे आसा खे फेर इना गल्ला खे सुणाओ। 43 जेबे प्रार्थना रे कअरो रे
लोक उठी गे, तेबे यहूदी और तिना रे मतो रे आए रे भक्ता बीचा ते बऊत
पौलुस और बरनबासो पीछे आईगे और तिने तिना साथे गल्ला करी की सेयो
समजयाए कि परमेशरो री कृपा रे बणे रे रओ। 44 आगले आरामो रे दिने
नगरो रे तकरीबन सारे लोक परमेशरो रा वचन सुणने खे कट्ठे ऊईगे। 45 पर
यहूदी अगुवे पीड़ा खे देखी की जल़ना साथे परी गे और निन्दा करदे ऊए
पौलुसो री गल्ला रे बिरोदो रे बोलणे लगे। 46 तेबे पौलुस और बरनबासे
निडर ऊई की बोलेया, “जरूरी था कि पईले तुसा खे परमेशरो रा वचन
सुणाया जांदा। पर जबकि तुसे लोके से नकारिता और आपू खे अनन्त
जीवनो जोगा बणाओए, तो देखो, आसे दुजिया जातिया खे परमेशरो रा वचन
सुनाणे खे जाऊँए। (aiōnios g166) 47 कऊँकि प्रभुए आसा खे ये आज्ञा देई
राखी कि “मैं तूँ दुजिया जातिया खे जोति ठराई राखेया; ताकि तुसा रे जरिए

सारी तरतिया पाँदे उद्धार ल्याया जाओ।" 48 ये सुणी की दूजी जाति खुश
ऊई और परमेशरो रे वचनो री तारीफ करने लगे और जितणे अनन्त जीवनो
खे बणाई राखे थे, तिने विश्वास कित्तेया। (aiōnios g166) 49 तेबे प्रभुए रा
वचन तेस सारे देशो रे फैलणे लगेया। 50 पर यहूदिया रे अगुवे भक्त और
तर्मी जवाणसा और नगरो रे खास लोक उकसाए और पौलुस और बरनबासो
पाँदे उपद्रव करवाई की सेयो आपणे इलाके ते निकयाऴी ते। 51 तेबे पौलुस
और बरनबास तिना सामणे आपणे पैरा री तूड़ चाड़ी की इकुनियुम नगरो खे
चली गे 52 और अन्ताकिया नगरो रे चेले खुशिया साथे और पवित्र आत्मा ते
परिपूर्ण ऊँदे गये।

**14** इकुनियुम नगरो रे एड़ा ऊआ कि पौलुस और बरनबास यहूदिया रे
प्रार्थना रे कअरो रे साथे गये और एड़िया गल्ला कित्तिया कि यहूदी और
यूनानिया बीचा ते कई जणे विश्वास कित्तेया। 2 पर ना मानणे वाऴे यहूदिये
दुजिया जातिया रे मन विश्वासी पाईया रे खलाफ उकसाए और फूट पैदा
करी ती। 3 पौलुस और बरनबास बऊत दिनो तक तेती रये और प्रभुए पाँदे
विश्वास करी की इम्मता साथे गल्ला करो थे और से तिना रे आथो साथे चिह्न
और अचम्बे रे काम करवाओ था और आपणी कृपा रे वचनो पाँदे गवाई देओ
था। 4 पर इलाके रे लोका बीचे फूट पड़ी गी थी और तेबे कुछ लोक यहूदिया
रे कनारे और कुछ प्रेरिता री तरफा खे ऊईगे थे। 5 जेबे दूजी जाति और यहूदी
तिना रा मजाक करने और तिना खे पत्थराव करने खे आपणे अधिकारिया
समेत तिना पाँदे दौड़े, 6 तेबे तिना खे एसा गल्ला रा पता लगी गा और सेयो
लूकाउनिया प्रदेशो रे लुस्त्रा और दिरबे रे नगरो रे और ओरे-पोरे रे प्रदेशो रे
नठीगे 7 और तेती जाई की सुसमाचार सुनाणे लगे। 8 लुस्त्रा नगरो रे एक
मांणू था बैठे रा, जो पैरा ते कमजोर था। से जन्मो तेई लंगड़ा था और कदी
पनि चली रा था। 9 से पौलुसो खे गल्ला करदे ऊए सुणने लगी रा था और
तिने एक टक लगाई की देखेया कि एसखे ठीक ऊणे रा विश्वास ए 10 और
जोरे की बोलेया, "आपणे पैरा रे पारे सीदा खड़ा ऊई जा।" तेबे से उटकी की
चलणे-फिरने लगेया। 11 लोके पौलुसो पाँदे विश्वास करी की लूकाउनिया
पाषा रे जोरे की बोलेया, "देवता आसा गे उतरी की आईगे रे।" 12 तेबे
तिने बरनबासो खे यूनानी देवते रा नाओं पाँदे ज्यूस और पौलुसो खे हिरमेस

बोलेया, कऊँकि ये संदेश करने रे खास था। 13 ज्यूस तेस मन्दरो रा पुजारी
था, जो तेसरे नगरो ते सामणे था। बेल और फूला रे आर फाटका पाँदे लगाई
की लोका साथे बलिदान करना चाओ था। 14 पर बरनबास और पौलुस
प्रेरिते जेबे सुणेया, तो तेबे तिने आपणे टाले फाड़े और पीड़ा रे लमखणे
लगे और आक्का पाई की बोलणे लगे, 15 "ओ लोको! तुसे क्या लगी रे
करने? आसे बी तो तुसा जेड़े दु: ख-सुख पोगणे वाले मांणू ए और तुसा खे
सुसमाचार सुणाऊँए कि तुसे इना बेकारा रिया चीजा ते लग ऊई की जिऊँदे
परमेशरो री तरफा खे फिरो, जिने स्वर्ग, तरती, समुद्र और जो कुछ तिना रे
आए, से बणाया। 16 तिने बीते रे बखतो रे सब जातिया आपणी-आपणी
बाटा रे चलणे दित्तिया। 17 तेबे बी तिने आपणे आपू खे बिना गवाओ ते नि
छाडेया, पर से पला करदा रया और सर्गो ते बर्खा और फल़दार ऋतु देई की
तुसा रे मनो खे रोटी और खुशिया ते परदा रया।" 18 ये बोली की बी तिने
लोक बडिया मुश्किला ते रोके कि तिना खे बलिदान नि करो। 19 पर कुछ
यहूदिये अन्ताकिया और इकुनियुम नगरो ते आयी की लोक आपणी तरफा
खे करी ते और पौलुसो खे पात्थर बाए और तेसखे मरे रा समजी की नगरो ते
बारे कसिटी की लयी गे। 20 पर जेबे चेले आईकि तेसरे चऊँ कनारे खड़े
ऊईगे, तेबे से उठी की नगरो खे चली गा और दूजे दिने बरनबासो साथे दिरबे
खे चली गा। 21 तेबे पौलुस और बरनबास तेस नगरो रे लोका खे सुसमाचार
सुणाई की और बऊत सारे चेले बणाई की लुस्त्रा और इकुनियुमो रे ऊँदे ऊए
अन्ताकिया नगरो खे वापस ऊईगे 22 और सेयो हर नगरो रे चेलेया रे मनो खे
स्थिर (पक्का) करदे रये और ये उपदेश देंदे रओ थे कि विश्वासो रे बणे रे
रओ और ये बोलदे रओ थे, "आसा खे बड़े क्लेश उठाई की परमेशरो रे
राज्य रे जाणा पड़ना" 23 और तिने हर एक मण्डलि़या रे तिना खे बुजुर्ग
ठईराए और बअरतो साथे प्रार्थना करी की सेयो प्रभुए रे आथो रे सम्बाल़ी ते,
जेस पाँदे तिने विश्वास कित्तेया था। 24 तेबे सेयो पिसिदिया प्रदेशो रे ऊँदे
ऊए पंफूलिया प्रदेशो रे पऊँछे। 25 तेबे पंफूलिया प्रदेशो रे पिरगा नगरो रे
वचन सुणाई की अत्तलिया नगरो रे आए 26 और तेथा ते सेयो जाह्जो रे
अन्ताकिया नगरो रे आए, जेथा ते तिना खे परमेशरो री कृपा रे सम्बाल़ी की
तेस कामो खे पेजेया था जेतेखे सेयो एबे पूरा करी की वापस आईगे। 27

तेती पऊँछी की तिने मण्डली कट्ठी कित्ती और तिना खे बताया कि परमेशरे
आसा साथे रई की कितणे बड़े-बड़े काम कित्ते और दुजिया जातिया खे
विश्वासो रा दरवाजा खोली ता। 28 पौलुस और बरनबास चेलेया साथे बऊत
दिन तक रये।

**15** तेबे कुछ यहूदी विश्वासी यहूदिया प्रदेशो ते अन्ताकिया नगरो रे आयी
की विश्वासी पाईया खे सखयाणे लगे, "जे मूसे री रवाजा रे मुताबिक तुसा रा
खतना नि ओ तो तुसे उद्धार नि पाई सकदे।" 2 जेबे पौलुस और बरनबासो
रा तिना साथे बऊत चगड़ा और बईस ऊई तो कलीसिये ये फैंसला लया
कि पौलुस और बरनबासो खे कुछ ओर माणूंआ साथे एसा गल्ला रे बारे रे
सोचणे खे यरूशलेम नगरो रे प्रेरिता और बुजुर्गा गे पेजो। 3 तेबे मण्डलिए
सेयो थोड़ी जी दूर तक पऊँछाए और सेयो फीनीके और सामरिया प्रदेशो ते
ऊँदे ऊए दुजिया जातिया रे मन फिराणे रा समाचार सुणांदे गये और सब
विश्वासी पाई खुश कित्ते। 4 जेबे सेयो यरूशलेमो रे पऊँछे, तेबे मण्डली,
प्रेरित और बुजुर्ग तिना साथे खुश ऊई की मिले और पौलुस और बरनबासे
बताया कि परमेशरे आसा साथे रंदे ऊए केड़े-केड़े काम कित्ते थे। 5 पर
फरीसिया रे पंथो बीचा ते जिने विश्वास कित्तेया था, तिना बीचा ते कई जणे
उठी की बोलेया, "दूजी जातिया खे खतना कराणा और मूसे रे बिधानो खे
मानणे री आज्ञा देणी चाईयो।" 6 तेबे प्रेरित और बुजुर्ग एसा गल्ला रे बारे
रे विचार करने खे कट्ठे ऊए। 7 तेबे पतरसे बऊत बईस ऊणे ते बाद खड़े
ऊई की तिना खे बोलेया, "ओ पाईयो! तुसे जाणोए कि बऊत दिन ऊईगे
कि परमेशरे तुसा बीचा ते आऊँ चुणी ला रा, ताकि दूजी जाति मेरे मुंओ ते
सुसमाचारो रा वचन सुणी की विश्वास करो। 8 मनो खे परखणे वाले परमेशरे
तिना खे बी आसा जेड़ा पवित्र आत्मा देई की तिना री गवाई दित्ती 9 और
विश्वासो रे जरिए तिना रे मन शुद्ध करी की आसा रे और तिना रे कोई फर्क
नि राखेया। 10 तो एबे तुसे कऊँ परमेशरो री परीक्षा करोए की चेलेया री
क्याड़िया (गरदन) पाँदे एड़ा जूँगड़ा राखो, जेतेखे ना म्हारे बापदादे चकी
सको थे और ना आसे चकी सकदे? 11 पर आ, आसा रा ये तो निश्चा ए कि
जियाँ तिना प्रभु यीशुए री कृपा ते उद्धार पाणा, तियाँ ई आसा बी पाणा।"
12 तेबे सारी सभा चुप-चाप ऊई की बरनबास और पौलुसो री सुणने लगी

कि परमेशरे तिना रे जरिए दुजिया जातिया बीचे केड़े-केड़े चिह्न और अचम्बे
रे काम दखाए। 13 जेबे बरनबासे और पौलुसे आपणा पाषण देणा बन्द
कित्तेया, तेबे याकूब बोलणे लगेया, "ओ पाईयो, मेरी सुणो। 14 शमौन
पतरसे बताया कि परमेशरे पईले-पईले दुजिया जातिया पाँदे केड़ी कृपा
दृष्टि कित्ती कि तिना बीचा ते आपणे नाओं खे एक प्रजा बणाई लो। 15
इजी साथे भविष्यबक्ते रिया गल्ला बी मिलोईया, जेड़ा लिखी राखेया, 16
"इजी ते बाद मां फेर आयी की दाऊदो रा टल़े रा डेरा चकणा और तिजी रे
खंडहर फेर बनाणे और से खड़ा करना। 17 ताकि बाकि मांणू, मतलब-सब
दुजिया जातिया, जो मेरे नाओं ते जाणे जाओए, प्रभुए खे टोल़ो। 18 ये सेई
प्रभु बोलोआ, जो दुनिया री सृष्टिया ते इना गल्ला रा समाचार देंदा आयी
रा। (aiōn g165) 19 "तेबे मेरा बिचार ये कि दुजिया जातिया बीचा ते जो
लोक परमेशरो री तरफा खे फिरोए, आसे तिना खे दु: ख नि देईए। 20 पर
तिना खे लिखी की पेजिये कि सेयो मूर्तिया री अशुद्धात्मा, व्याभिचार और
गल़ा कोटे रे मासो ते और खूनो ते दूर रओ। 21 कऊँकि पुराणे बखतो ते
नगरो-नगरो रे मूसा रे बिधानो रा प्रचार करने वाल़े चलदे आयी रे और से हर
आरामो रे दिने प्रार्थना रे कअरो रे पढ़ी जाओई।" 22 तेबे यरूशलेमो री सारी
मण्डल़िया समेत प्रेरिता और बुजुर्गा खे अच्छा लगेया कि आपू बीचा ते कई
मांणूआ खे चुणो, मतलब-यहूदा, जेसखे बरसब्बास बी बोलोए, सीलास
जो विश्वासी पाईया रा मुखिया था, तिना खे पौलुस और बरनबासो साथे
अन्ताकिया री कलीसिया खे पेजो। 23 तिने तिना रे आथो रे ये लिखी की
पेजेया, "अन्ताकिया नगर, सीरिया और किलिकिया प्रदेशो रे रणे वाल़े सब
विश्वासी पाईया खे जो दुजिया जातिया बीचा ते ए, प्रेरित और बुजुर्ग पाईया
री नमस्ते। 24 आसे सुणी राखेया कि आसा बीचा ते कई जणेया तेती जाई
की तुसे आपणी गल्ला ते कबराईते और तुसा रे मन पल़टी ते रे, पर आसे
तिना खे आज्ञा नि दित्ती थी। 25 इजी री खातर आसे एक चित्त ऊई की ठीक
समजेया कि चुणे रे मांणूआ खे आपणे प्यारे बरनबास और पौलुसो साथे
तुसा गे पेजिये। 26 ये तो एड़े मांणू ए, जिने आपणे प्राण आसा रे प्रभु यीशु
मसीह री खातर मुसीबता रे पाई राखे 27 और आसे यहूदा और सीलास पेजी
राखे, जिना आपणे मुंओ ते बी यो गल्ला बोली देणियां। 28 पवित्र आत्मा

और आसा खे ठीक लगेया कि इना जरूरी गल्ला खे छाडी की तुसा पाँदे ओर
बोज नि पाऊँ 29 कि तुसे मूर्तिया रे सामणे बलि कित्ते रे और खूनो ते, गळा
कोटे रे मासो ते और व्याभिचारो ते दूर रओ, तो तुसा रा पला ऊणा और
शुभ।" 30 तेबे, सेयो विदा ऊई की अन्ताकिया नगर रे पऊँछे और सभा कट्ठी
करी की से पत्री तिना खे देईती। 31 सेयो पत्री पढ़ी की तेस उपदेशो री
गल्ला ते बऊत ई जादा खुश ऊईगे। 32 तेबे यहूदा और सीलासे, जो आपू बी
भविष्यबक्ता थे, बऊत गल्ला साथे विश्वासी पाईया खे उपदेश देई की मजबूत
कित्ते। 33 यहूदा और सीलास कुछ दिन रई कि विश्वासी पाईया ते शान्तिया
साथे बिदा ऊए कि आपणे पेजणे वाळेया गे यरूशलेमो खे जाओ। 34 पर
सीलासे अन्ताकिया रेई रणे रा निश्चा कित्तेया और यहूदा कल्ला ई यरूशलेमो
खे चली गा। 35 पौलुस और बरनबास अन्ताकिया रेई रई गे और बऊत ओर
लोका साथे प्रभु यीशुए रा वचन और सुसमाचार सुणांदे रये। 36 कुछ दिनो
ते बाद पौलुसे बरनबासो खे बोलेया, "जेती-जेती नगरो रे आसे प्रभुए रा
सुसमाचार सुणाया था, आओ, फेर चली की आपणे विश्वासी पाईया खे
देखूँए कि केड़े ए।" 37 तेबे बरनबासे यूहन्ने खे, जेसखे मरकुस बी बोलोए,
साथे लणे रा बिचार कित्तेया। 38 पर पौलुसे तेसखे, जो पंफूलिया प्रदेशो रे
लग ऊईगा था और कामो खे तिना साथे नि गया, तेसखे साथे निणा अच्छा
नि समजेया। 39 तेबे एड़ी बईस ऊई कि पौलुस और बरनबास एकी-दूजे ते
लग ऊईगे और बरनबास मरकुसो खे लयी की जाह्जो रे साईप्रस टापूए खे
चली गा। 40 पर पौलुसे सीलास चुणेया और विश्वासी पाईया खे परमेशरो री
कृपा रे देई की तेथा ते चली गा। 41 से मण्डळिया खे मजबूत करदा ऊआ,
सीरिया और किलिकिया प्रदेशो रिये ऊँदे ऊए गया।

**16** तेबे से दिरबे और लुस्त्रा नगरो रे बी गया, और देखो, तेती तीमुथियुस
नाओं रा एक चेला था, जो केसी विश्वासी यहूदिणिया रा पाऊ था, पर तेसरा
पिता यूनान देशो रा रणे वाळा था। 2 से लुस्त्रा और इकुनियुम नगरो रे
विश्वासी पाईया बीचे जाणेया-मानेया रा था। 3 पौलुसो री इच्छा थी की ये बी
मां साथे चलो और जो यहूदी लोक तिना जगा रे थे तिना री बजअ ते तेसरा
खतना कित्तेया, कऊँकि सेयो सब जाणो थे कि एसरा पिता यूनान देशो रा
रणे वाळा था। 4 तेबे पौलुस और तिना रे साथी नगरो-नगरो रे जांदे ऊए तिना

बिधिया खे, जो यरूशलेमो रे प्रेरिते और बुजुर्गे ठराई राखी थी, मानणे खे
तिना खे पऊँछांदे जाओ थे। 5 ईंयां मण्डली विश्वासो रे मजबूत ऊँदी रई और
गिणतिया रे हर रोज बड़दी गयी। 6 तेबे सेयो फ्रूगिया और गलातिया रे प्रदेशो
रिये ऊँदे ऊए गये और पवित्र आत्मे तिना खे आसिया प्रदेशो रे वचन सुनाणे
खे ना कित्ती। 7 तेबे तिने मूसिया प्रदेशो रे नेड़े पऊँछी की बितूनिया नगरो
खे जाणा चाया, पर प्रभु यीशुए रे पवित्र आत्मे सेयो जाणे नि दित्ते। 8
तेबे सेयो मूसिया प्रदेशो रे ऊई की त्रोआसो नगरो खे आए। 9 तेबे पौलुसे
राथियो खे दर्शन देखेया कि एक मकदुनी मर्द खड़े रा, तेसते बिनती करी की
बोलोआ, "पार उतरी की मकिदुनिया खे आओ और आसा री मताद कर।"
10 तेसरा ये दर्शन देखदे ई तिने फटाफट मकिदुनिया प्रदेशो खे जाणा चाया,
ये समजी की कि परमेशरे सेयो सुसमाचार सुनाणे खे तेती बुलाई राखे। 11
तेबे त्रोआसो नगरो ते जाह्ज खोली की आसे सीदे सुमात्राके टापूए खे और
दूजे दिने नियापुलिस नगरो खे आए। 12 तेथा ते आसे फिलिप्पिया रे पऊँछे,
जो मकिदुनिया प्रान्तो रा खास नगर और रोमिया री बस्ती थी और आसे तेस
नगरो रे कई दिन तक रये। 13 आरामो रे दिने आसे नगरो रे फाटको ते बारे
नदिया रे कनारे ये समजी की गये कि तेती प्रार्थना करने खे जगा ऊणी और
बैठी की तिना जवाणसा साथे, जो कट्ठिया ऊईया थिया, गल्ला करने लगे।
14 लुदिया नाओं री थुआतीरा नगरो री, बैंगणी टाले बेचणे वाल़ी परमेशरो री
एक भक्त जवाणस सुणने लगी री थी और प्रभुए तेसा रा मन खोलेया,
ताकि से पौलुसो री गल्ला खे त्यान करी की सुणो। 15 जेबे तेसे आपणे
कराने समेत बपतिस्मा लया, तेबे तेसे बिनती कित्ती, "जे तुसे माखे प्रभुए री
विश्वासणी समजोए तो चली की मेरे कअरे रओ।" 16 जेबे सेयो प्रार्थना करने
री जगा रे जाणे लगी रे थे, तेबे आसा खे एक दासी मिली, जेसा रे आऊणे
वाल़े बखतो रे बारे रे बताणे वाल़ी दुष्टात्मा थी और जो एड़ा करने ते से
आपणे स्वामिया खे बऊत कुछ कमाई की ली आओ थी। 17 से पौलुस और
आसा पीछे आयी की चींगणे लगी कि, "यो मांणू परमप्रदान परमेशरो रे दास
ए, जो आसा खे उद्धारो री कथा सुणाओए।" 18 से बऊत दिन तक एड़ा
ई करदी रई। पर पौलुस दु: खी ऊईगा और मूँ फेरी की तेसा दुष्टात्मा खे
बोलेया, "आऊँ ताखे प्रभु यीशु मसीह रे नाओं ते आज्ञा देऊँआ कि एसा

बीचा ते निकल़ी जा और से तेसी बखते ई निकल़ी गी।" **19** जेबे तेसा रे
स्वामिए देखेया कि आसा री कमाईया री उम्मीद चली गी, तेबे सेयो पौलुस
और सीलासो के पकड़ी की चौको रे प्रदाना गे खिंजी की लयी गे **20** और
तिना खे यहूदिया रे हाकिमा गे लयी जाई की बोलेया, "यो लोक जो यहूदी ए,
आसा रे नगरो रे बऊत जादा शोर-शराबा लगी रे करने। **21** और एड़िया
रवाजा बताणे लगी रे जिना खे ग्रहण करना या मानणा आसा रोमिया खे
ठीक निए।" **22** तेबे पीड़ा रे लोक पौलुस और सीलासो रे बिरोदो रे कट्ठे ऊई
की चढ़ी गे और हाकिमे तिना रे टाले फाड़ी की खोली ते और तिना खे डण्डे
बाणे री आज्ञा दित्ती। **23** तेबे तिना खे बऊत डण्डे बाई की सेयो जेला रे पाई
ते और जेलरो खे आज्ञा दित्ती कि इना री चौकसी राखणी। **24** तिने एड़ी
आज्ञा पाई की सेयो पीतरो री कोठरिया रे राखे और तिना रे पैर काठो रे
ठोकी ते। **25** तकरीबन आदी राथियो तक पौलुस और सीलास प्रार्थना करदे
ऊए परमेशरो रे पजन लगी रे थे गाणे और बन्दुए तिना खे सुणने लगी रे
थे। **26** तदुओ की एकदम बऊत बड़ा इल्लण ऊआ, एथो तक कि जेला री
निऊँआ तक इल्ली गिया और फटाफट सब द्वार खुली गे और सबी रे बन्दन
खुली गे। **27** तेबे जेलर जागी गा और जेला रे द्वार खुले देखी की समजेया कि
बन्दुए नठीगे रे, तेबे तिने तलवार खिंजी की आपू खेई बाणी चायी। **28** पर
तदुओ कि पौलुसे जोरे की बोलेया, "आपणे आपू खे कुछ बी नुकशाण नि
पऊँचा, कऊँकि आसे सब एथी ए।" **29** तेबे जेलरे दिऊआ मंगवाई की
पीतरो खे लमखणे लगेया और थरथरांदा ऊआ पौलुस और सीलासो रे आगे
रूड़ेया। **30** तेबे तिने तिना खे बारे ल्याई की बोलेया, "ओ सज्जनो! उद्धार
पाणे खे आऊँ क्या करुँ?" **31** तिने बोलेया, "प्रभु यीशुए पाँदे विश्वास कर,
तेबे ताखे और तेरे कराने खे उद्धार मिलणा।" **32** तेबे पौलुस और सिलासे
तेसखे और तेसरे सारे कअरो रे लोका खे प्रभुए रा वचन सुणाया। **33** तेबे
राथियो खे तेसी कअड़िया रे जेलरे पौलुस और सिलास निए और तिना रे
जख्म तोए और तिने आपणे लोका समेत फटाफट बपतिस्मा लया। **34** तेबे
तिने सेयो आपणे कअरे निए और तिना खे रोटी खुल़ाई और सारा कराना
परमेशरो पाँदे विश्वास करी की खुश ऊआ। **35** जेबे दिन ऊआ, तेबे हाकिमे
सिपाईया गे सन्देशा पेजेया, "तिना मांणूआ खे छाडी देओ।" **36** जेलरे यो

गल्ला पौलुसो गे बोलिया, “हाकिमे तुसा खे छाडणे खे बोली ता रा, तो एबे
निकल़ी की बेफिकर ऊई की चली जाओ।” 37 पर पौलुसे तेसखे बोलेया,
“तिने आसे, हालाँकि रोमी मांणू ए, दोषो ते बिना, लोका सामणे कुटे और
जेला रे पाईते। एबे क्या चोरिए-चोरिए निकयाल़ी देओए? एड़ा नि ऊणा, पर
सेयो आपू आयी की आसा खे बारे निकयाल़ी की लयी जाओ।” 38 सिपाईए
ये गल्ल हाकिमा खे बोली ती और सेयो ये सुणी की सेयो कि रोमी ए, डरी
गे। 39 तेबे तिने आयी की तिना ते माफी मांगी और बारे लयी जाई की
बिनती कित्ती कि नगरो ते बारे चली जाओ। 40 तेबे सेयो जेला ते निकल़ी की
लुदिया रे कअरे गये और विश्वासी पाईया साथे मिली की तिना खे बोलेया
तुसा खे शान्ति मिलो और चली गे।

**17** तेबे पौलुस और सीलास अम्फिपुलिस और अपुल्लोनिया नगरो रिये
ऊई की थिस्सलुनीके नगरो खे आए, जेती यहूदिया रा एक प्रार्थना रा कअर
था। 2 तेबे पौलुस आपणी रवाजा रे मुताबिक तिना गे गया और तिना रे
आरामो रे दिने पवित्र शास्त्रो बीचा ते तिना साथे बईस कित्ती 3 और से तिना
रा मतलब तिना रा उदारण देई-देई की समजयाओ था कि मसीह रा दु: ख
उठाणा और मरे रेया बीचा ते जिऊँदा ऊणा जरूरी था, “येई यीशु, जेसरी
आऊँ तुसा खे कथा सुणाऊँआ, मसीह ए।” 4 तिना बीचा ते कुछ यहूदिये
और कई यूनानी भक्ते और बऊत सारी तर्मी जवाणसे मानी ला और पौलुस
और सीलासो साथे, मिली गे। 5 पर यहूदिया खे जल़न ऊईगी और तिने
बजारू मांणूआ बीचा ते कई दुष्ट मांणू आपू साथे मलाई ते और पीड़ (भीड़)
लगाई की नगरो रे शोर-शराबा करने लगे और यासोनो रे कअरो रे चढ़ाई करी
की पौलुस और सीलास लोका सामणे ल्याऊणा चाए। 6 तेबे तिना रे तेती
ना मिलणे ते बाद सेयो जोरे-जोरे साथे ये बोली की यासोन और कई ओर
विश्वासी पाईया खे नगरो रे हाकिमो सामणे खिंजी की ली आए, “यो लोक,
जिने दुनिया बी उल्ट-पुल्ट करी ती री, एती बी आईगे रे 7 और यासोने यो
आपणे कअरे राखी राखे और यो सब के सब बोलोए कि यीशु राजा ए और
महाराजा कैसरो री आज्ञा रा बिरोद करोए।” 8 तिने लोका खे और नगरो रे
हाकिमो खे ये सुणाई की सेयो डराई ते। 9 तेबे तिने यासोन और बाकि लोका
ते जमानत लयी की सेयो छाडी ते। 10 विश्वासी पाईए रातो-रात पौलुस और

सीलास बिरिया नगरो खे पेजी ते और सेयो तेती पऊँछी की यहूदिया रे
प्रार्थना रे कअरो रे गये। 11 यो लोक तो थिस्सलुनीके नगरो रे यहूदिया ते
ठीक थे और तिने बड़ी लालसा साथे वचन ग्रहण कित्तेया और हर रोज पवित्र
शास्त्रो रे टोल़दे रये कि यो गल्ला सच्चिया कि नई। 12 तेबे तिना बीचा ते
कई जणे और यूनानी दमदार जवाणसा बीचा ते और मर्दा बीचा ते बी कई
जणे विश्वास कित्तेया। 13 पर जेबे थिस्सलुनीके रे यहूदी जाणी गे कि पौलुस
बिरिया नगरो रे बी परमेशरो रा सुसमाचार सुनाणे लगी रा, तेबे सेयो तेती
बी आईगे और लोका खे उकसाणे लगे और आल्ला-गोल्ला करने लगे।
14 तेबे विश्वासी पाईए पौलुस फटाफट बिदा कित्तेया कि समुद्रो रे कनारे
चली जा, पर सीलास और तीमुथियुस बिरिया रेई रईगे। 15 पौलुसो खे
पऊँछाणे वाल़े तेसखे एथेंस नगरो तक लयी गे और सीलास और तीमुथियुसो
खे ये आज्ञा लयी की बिदा ऊआ कि मांगे फटाफट आयी जाओ। 16 जेबे
पौलुस एथेंस नगरो रे सीलास और तीमुथियुसो खे न्याल़ने लगी रा था, तेबे
नगरो खे मूर्तिया साथे परे रा देखी की तेसरा जिऊ बऊत दु: खी ऊईगा। 17
तेबे से प्रार्थना रे कअरो रे यहूदिया खे और भक्ता खे और चौको रे जो बी
लोक मिलो थे, तिना साथे हर रोज बईस करो था। 18 तेबे इपिकूरी और
स्तोईकी ज्ञानिया बीचा ते कई जणे तेस साथे बईस करने लगे और बऊत
जणेया बोलेया, “ये बकवासी क्या बोलणा चाओआ?” पर ओरी बोलेया,
“ये ओरी देवतेया रा प्रचार करने वाल़ा लगोआ, कऊँकि ये यीशुए रा और
दुबारा जिऊँदा ऊणे रा सुसमाचार सुणाओआ।” 19 तेबे सेयो तेसखे आपू
साथे अरियुपगुस नाओं रे प्रार्थना रे कअरो रे लयी गे और पूछेया, “क्या आसे
जाणी सकूँए कि ये जो नौखी गल्ला, जो तूँ सुणाएया, क्या ए? 20 कऊँकि
तूँ आसा खे नऊखिया ई गल्ला सुणाएया, इजी री खातर आसे जाणना
चाऊँए कि इना रा मतलब क्या ए?” 21 (कऊँकि बऊत सारे एथेंस रे लोक
और परदेशी जो तेती रओ थे, नईया-नईया गल्ला बोलणे और सुणने ते
अलावा ओर कोई बी कामो रे आपणा बखत नि बिताओ थे।) 22 तेबे पौलुसे
अरियुपगुस प्रार्थना रे कअरो रे खड़े ऊई की बोलेया, “ओ एथेंस नगरो रे
लोको! आऊँ देखूँआ कि तुसे हर गल्ला रे देवतेया खे बड़ा मानणे वाल़े ए।
23 कऊँकि जेबे आऊँ कूमदे-फिरदे ऊए तुसा री पूजणे रिया चीजा खे देखणे

लगी रा था, तेबे एक एड़ी बेदी बी देखी, जेतेरे लिखी राखेया रा था, अणजाणे
ईश्वरो खे। तो जेसखे तुसे बिना जाणे पूजोए, आऊँ तुसा खे तेसरा समाचार
सुणाऊँआ। 24 "जिने परमेशरे तरती और तिजी री हर चीज बणाई, से स्वर्ग
और तरतिया रा स्वामी ऊई की आथो रे बणाए रे मन्दरो रे नि रंदा 25 और ना
ई किजी बी चीजा ते मतलब राखी की मांणूआ रे आथो री सेवा लओआ,
कऊँकि से आपू ई सबी खे जीवन, श्वास और सब कुछ देओआ। 26 तिने
एक ई मूलो ते मांणूआ री सब जातिया, सारी तरतिया रे रणे खे बणाई
राखिया और तिना रे बणाए रे बखत और रणे री सीमा इजी री खातर बानी
राखिया। 27 परमेशरे एड़ा तेबे कित्तेया ताकि लोक तेसखे टोलो, उम्मीद
राखो कि तेसखे टटोली की पायी सकोए, तेबे बी से आसा बीचा ते केसी ते
बी दूर निए। 28 कऊँकि आसे तेसदे ई जिऊँदे, चलदे-फिरदे और खड़े रऊँए,
जेड़ा तुसा रे कितणे कविये बी बोली राखेया कि, आसे तो तेसरे ई वंश ए।
29 तेबे परमेशरो रा वंश ऊई की आसा खे ये समजणा ठीक निए कि ईश्वर,
सुईना, रूपा या पात्थरो जेड़ा ए, जो मांणूआ री कारीगरिया ते और सोच-
विचारा ते गढ़ी राखे। 30 "तेबेई परमेशरे लोका री अज्ञानता रे बखतो खे
त्यान नि दित्तेया, पर एबे हर जगा रे सबी मांणूआ खे मन फिराणे री आज्ञा
देओआ। 31 कऊँकि तिने एक दिन बणाई राखेया, जिदे तेस, तेस मांणूए रे
जरिए तर्मो साथे एसा दुनिया रा न्याय करना, जो तिने बणाई राखी और
तेसखे मरे रेया बीचा ते जिऊँदा करी की ये गल्ल सबी पाँदे परमाणित करी
ती री।" 32 मरे रेया दुबारा जिऊँदा ऊणे री गल्ल सुणी की बऊत जणे तेसरा
मजाक करने लगे और बऊत जणे बोलणे लगे, "ये गल्ल आसे तांते फेर
कदी सुणुंगे।" 33 तेबे पौलुस तिना बीचा ते निकली गा। 34 पर कई सारे
मांणू तेस साथे मिली गे और तिने प्रभु यीशुए पाँदे विश्वास कित्तेया, जिना
बीचा ते दियुनुसियुस अरियुपगुस था और दमरिस नाओं री एक जवाणस थी
और तिना साथे ओर बी बऊत मांणू थे।

**18** इजी ते बाद पौलुस एथेंस नगरो खे छाडी की कुरिन्थुस नगरो खे आया।
2 तेबे तेती तेसखे अक्विला नाओं रा यहूदी मिलेया, जेसरा जन्म पुन्तुस
प्रदेशो रे ऊआ था। से आपणी लाड़ी प्रिस्किल्ला समेत इटलिया प्रदेशो ते
कुछ बखत पईले ई आयी रा था, कऊँकि महाराजा क्लौदियुसे सबी यहूदिया

खे रोमो ते निकल़ने री आज्ञा दित्ती थी। पौलुस तिना खे मिलणे तिना रे कअरे
गया। 3 पौलुस और अक्विला रा एक ई काम था, इजी री खातर से तिना
साथे रया और सेयो काम करने लगे और तिना रा तम्बू बनाणे रा काम था। 4
पौलुस हर आरामो रे दिने प्रार्थना रे कअरो रे बईस करी की यहूदी और
यूनानिया खे बी यीशु मसीह पाँदे विश्वास करने खे समजयाओ था। 5 जेबे
सीलास और तीमुथियुस मकिदुनिया प्रदेशो ते आए, तेबे पौलुस वचन सुनाणे
री धुना रे लगी की यहूदिया खे गवाई देओ था कि प्रभु यीशु ई मसीह ए। 6
पर जेबे यहूदी बिरोद और निन्दा करने लगे, तेबे तिने आपणे टाले चाड़ी की
मतलब इना गल्ला दे मेरा तुसा साथे कोई लेणा-देणा निए तिना खे बोलेया,
"तुसा रा खून तुसा री क्याड़िया पाँदे रओ; आऊँ निर्दोष ए, आजो ते मां
दुजिया जातिया गे जाणा और तिना खे परमेशरो रा वचन सुनाणा।" 7 तेथा
ते चली की से तीतुस युस्तुस नाओं रे परमेशरो रे एक भग्तो रे कअरे दूजिया
जातिया खे उपदेश देणे आया, जेसरा कअर प्रार्थना रे कअरो रे नेड़े था। 8
तेबे प्रार्थना रे कअरो रे सरदारे क्रिसपुसे आपणे सारे कराने समेत प्रभुए पाँदे
विश्वास कित्तेया और बऊत सारे कुरिन्थियों रे रणे वाल़े सुणी की विश्वासो रे
आए और बपतिस्मा लया। 9 तेबे प्रभुए राथियो खे दर्शनो रे पौलुसो खे
बोलेया, "डर नि, बल्कि बोलदा जा और चुप नि रओ। 10 कऊँकि आऊँ
तां साथे ए और केसी बी तां पाँदे चढ़ाई करी की तेरा नुकशाण नि करना,
कऊँकि एस नगरो रे मेरे बऊत सारे लोक ए।" 11 तेबे पौलुस तिना बीचे
परमेशरो रा वचन सिखांदा ऊआ डेढी साल तक रया। 12 जेबे गल्लियो
अखाया प्रदेशो रा हाकिम था, तेबे यहूदी लोक एक ऊई की पौलुसो पाँदे चढ़ी
गे और तेसखे न्याय आसणो सामणे ल्याई की बोलणे लगे, 13 "ये लोका खे
समजयाओआ कि परमेशरो री भक्ति ईंयां करनी ओ, जो बिधानो ते उल्टी
ए।" 14 जेबे पौलुस बोलणे ई वाल़ा था, तेबे गल्लिये यहूदिया खे बोलेया,
"ओ यहूदिया! जे ये कोई अन्याय या दुष्टता री गल्ल ऊँदी तो ठीक था कि
आऊँ तुसा री सुणदा। 15 पर जे ये बईस शब्द, नाओं और तुसा रा बिधानो रे
बारे रे ए, तो तुसेई जाणो, कऊँकि आऊँ इना गल्ला रा न्यायी नि बणना
चांदा।" 16 तेबे गल्लियो सेयो न्याय आसणो रे सामणे ते निकल़वाई ते।
17 तेबे बऊत सारे लोके प्रार्थना रे कअरो रा सरदार सोस्थिनेस पकड़ेया

और न्याय आसणो सामणे कुटेया, पर गल्लिये इना गल्ला री कोई परवा
नि कित्ती। 18 तेबे पौलुस बऊत दिन तक कुरिन्थ नगरो रे रया। तेबे तिने
विश्वासी पाईया ते बिदा लयी की किंख्रिया रे जाई की इजी री खातर बाल़
कटवाए, कऊँकि तिने मान्नत कित्ती थी। तेबे से जाह्जो रे सीरिया खे चली
गा और तेस साथे प्रिस्किल्ला और अक्विला थे। 19 तेबे तिने इफिसुस नगरो
रे पऊँछी की प्रिस्किल्ला और अक्विला तेती छाडी ते और आपू प्रार्थना रे
कअरो रे जाई की यहूदिया साथे बईस करने लगेया। 20 तेबे लोके तेसते
बिनती कित्ती, "आसा साथे कुछ ओर दिन तक रओ।" पर से मानेया नि।
21 पर ये बोली की तिना ते बिदा ऊआ, "जे परमेशर चाओगा तो आऊँ
तुसा गे फेर आऊँगा।" तेबे से इफिसुसो ते जाह्ज खोली की चली गा 22
और कैसरिया नगरो रे उतरी की यरूशलेमो खे गया और मण्डल़िया खे
नमस्ते करी की अन्ताकिया नगरो खे आया। 23 तेबे से कुछ दिन तेती रई की
अन्ताकिया नगरो ते चली गा और एक तरफा ते गलातिया रे और फ्रूगिया रे
प्रदेशो रे सबी चेलेया खे मजबूत करदा ऊआ फिरेया। 24 अपुल्लोस नाओं रा
एक यहूदी, जेसरा जन्म सिकन्दरिया नगरो रे ऊआ था, जो विद्वान मांणू था
और पवित्र शास्त्रो खे अच्छी तरअ ते जाणो था, इफिसुसो नगरो रे आया।
25 तिने प्रभुए री बाटा री शिक्षा पाई राखी थी और मन लगाई की प्रभु यीशुए
रे बारे रे ठीक-ठीक सुणाओ था और सीखाओ था, पर से बस यूहन्ने रे
बपतिस्मे री गल्ल जाणो था। 26 अपुल्लोस प्रार्थना रे कअरो रे निडर ऊई की
बोलणे लगेया। पर प्रिस्किल्ला और अक्विला तेसरी गल्ल सुणी की तेसखे
आपणे कअरे लयी गे और तिने परमेशरो री बाट तेसखे ओर बी ठीक-ठीक
बताई। 27 जेबे तिने निश्चा कित्तेया कि पार ऊतरी की अखाया प्रदेशो खे
जाऊँ, तेबे विश्वासी पाईया तेसखे तसल्ली देई की चेलेया खे लिखेया कि
सेयो तेसखे अच्छी तरअ ते मिलेओ और तिने तेती पऊँछी की तेसरी बऊत
मताद कित्ती, जिने कृपा री बजअ ते विश्वास कित्तेया था। 28 कऊँकि से
पवित्र शास्त्रो ते सबूत देई-देई की कि यीशु ई मसीह ए, बड़ी ई प्रबलता साथे
यहूदिया खे सबी सामणे निरूत्तर करदा रया।

**19** जेबे अपुल्लोस कुरिन्थुस नगरो रे था, तेबे पौलुस दूर-दराजो रे प्रदेशो ते
ऊई की इफिसुस नगरो रे आया, तेती कुछ चेलेया ते मिले 2 तिने बोलेया,

“क्या तुसे विश्वास करदे बखते पवित्र आत्मा पाया?” तिने बोलेया, “आसे
तो पवित्र आत्मा रे बारे रे निए सुणेया रा।” 3 पौलुसे तिना खे बोलेया, “तेबे
तुसे केसरा बपतिस्मा लयी राखेया?” तिने बोलेया, “यूहन्ने रा बपतिस्मा।”
4 पौलुसे बोलेया, “यूहन्ने ये बोली की मन फिराणे रा बपतिस्मा दित्तेया कि
जो मांते बाद आऊणे वाल़ा ए तेस पाँदि, मतलब-प्रभु यीशुए पाँदे विश्वास
करना।” 5 ये सुणी की तिने प्रभु यीशुए रे नाओं ते बपतिस्मा लया। 6 और
जेबे पौलुसे तिना पाँदे आथ राखेया, तो तेबे तिना पाँदे पवित्र आत्मा उतरेया
और सेयो लग-लग पाषा बोलणे लगे और भविष्यबाणी करने लगे। 7 यो
सब तकरीबन बारा मर्द थे। 8 तेबे पौलुस प्रार्थना रे कअरो रे जाई की तीन
मीन्ने तक निडर ऊई की बोलदा रया और परमेशरो रे राज्य रे बारे रे बईस
करदा और समजयांदा रया 9 पर जेबे बऊत जणेया कठोर ऊई की विश्वास
करने ते न कित्ती, बल्कि लोका सामणे एसा बाटा खे बुरा बोलणे लगे, तेबे
तिने तिना खे छाडी की चेले लग करी ते और हर रोज तुरन्नुसो री पाठशाला
रे उपदेश करो था। 10 दो साला तक येई ऊँदा रया, एथो तक कि आसिया
प्रदेशो रे रणे वाल़े क्या यहूदी, क्या यूनानी सबी प्रभुए रा वचन सुणी ला। 11
परमेशर पौलुसो रे जरिए सामर्था रे नऊखे काम दखाओ था। 12 एथो तक
कि रूमाल और टाल्ले तेसरे शरीरो साथे छवाँई की बमारा पाँदे राखो थे और
सेयो ठीक ऊई जाओ थे और दुष्टात्मा तिना ते निकल़ी जाओ थी। 13 पर
कुछ यहूदी लोक जो सँवावा करदे फिरदे रओ थे, ये बोलणे लगे, “जेसदे
दुष्टात्मा ओ, तिना पाँदे प्रभु यीशुए रा नाओं, ये बोली की फूक बाओ थे कि
जेस यीशुए रा प्रचार पौलुस करोआ आऊँ ताखे तेसरी कसम देऊँआ।” 14
तेबे स्क्किवा नाओं रे एक यहूदी बड़े पुरोईतो रे सात पाऊ थे, जो एड़ा ई करो
थे। 15 पर दुष्टात्मे बोलेया, “यीशुए खे तो आऊँ जाणूंई और पौलुसो खे बी
पछयाणुँई, पर तूँ कूणे?” 16 तेबे तिने मांणूए जेसदे दुष्टात्मा थी, तिना पाँदे
लमखी की और तिना खे बसो रे ल्याई की तिना पाँदे एड़ा उपद्रव कित्तेया कि
सेयो नांगे और काईल ऊई की तेस कअरो ते नठीगे। 17 ये गल्ल इफिसुसो रे
रणे वाल़े यहूदी और यूनानी, सबी खे पता लगी गी और सेयो सब डरी गे और
प्रभु यीशुए रे नाओं री तारीफ ऊई। 18 जिने विश्वास कित्तेया था तिना बीचा
ते कई जणेया आयी की आपणे-आपणे काम मानी ले और सामणे ल्याए।

19 और जादू करने वाल़ेया बीचा ते कई जणेया आपणी-आपणी पोथिया
कट्ठिया करी की सबी सामणे फूकी तिया और जेबे तिना रा दाम जोड़ेया, तो
सेयो पंजा ह्जार चाँदिए रे सिक्के रे बराबर निकल़िया। 20 ईंयां प्रभुए रा
वचन जोरो-शोरो साथे फैलदा गया और प्रबल ऊँदा गया। 21 जेबे यो गल्ला
ऊई चुकिया तेबे पौलुसे आत्मा रे ठाणी ला कि मकिदुनिया और अखाया
प्रदेशो ते ऊई की यरूशलेमो खे जाऊँ और बोलेया, "तेती जाई की माखे रोम
नगरो खे देखणा बी जरूरी ए।" 22 तेबे आपणी सेवा करने वाल़ेया बीचा ते
तीमुथियुस और इरास्तुसो खे मकिदुनिया प्रदेशो रे पेजी की आपू कुछ दिन
तक आसिया प्रदेशो रे इफिसुस नगरो रेई रई गा। 23 तेस बखते एस पंथो रे
बारे रे बऊत आल्ला-गोल्ला ऊआ। 24 कऊँकि देमेत्रियुस नाओं रा एक
सन्यार अरतिमिसो री देविया रे मन्दरो री चाँदिए री मूर्तिया बणवाई की
कारीगरा खे बऊत काम दलाओ था। 25 देमेत्रियुसे तिना खे और एड़ी चीजा
रे कारीगरा खे कट्ठे करी की बोलेया, "ओ पाईयो! तुसे जाणोए कि एस काम
करी की आसा खे कितणा पैसा मिलोआ। 26 तुसे देखोए और सुणो बी ए
कि सिर्फ इफिसुस नगरो रेई नि बल्कि सारे आसिया प्रदेशो रे ये बोली-बोली
की इने पौलुसे बऊत लोका खे समजयाया और परमाई बी राखे, कि जो
आथे की बणाई राखे, से ईश्वर निए। 27 और एबे सिर्फ एसा गल्ला रा ई डर
निए कि आसा रे एस कामो री प्रतिष्ठा जांदी रणी, बल्कि ये बी कि महान् देवी
अरतिमिसा रा मन्दर तुच्छ समजेया जाणा और जेसखे सारा आसिया प्रदेश
और दुनिया पूजो ई, तिजी री खासियत बी जांदी रणी।" 28 तिना खे ये
सुणी की रोष आईगा और सेयो चींगी-चींगी की बोलणे लगे, "इफिसियों री
अरतिमिस महान् ए।" 29 तेबे सारे नगरो रे बड़ा आल्ला पड़ी गा और लोके
गयुस और अरिस्तर्खुस मकिदुनिया प्रदेशो खे जो पौलुसो साथे यात्री थे,
पकड़ी ते और एक चित्त ऊई की रंगशाला खे दौड़ी गे। 30 जेबे पौलुसे लोका
गे पीतरे जाणा चाया तेबे चेलेया से जाणे नि दित्तेया। 31 आसिया रे कुछ
हाकिमा बीचा ते बी तेसरे कई दोस्ते, तेसखे सन्देशा पेजेया और बिनती
कित्ती कि रंगशाला रे जाई की आपणी जिन्दगी मुसीबता रे नि पाणी। 32
तेबे कोई कुछ बोलणे लगे और कोई कुछ, कऊँकि सभा रे बऊत गड़बड़ी
ऊणे लगी री थी और बऊत जणे लोक ये पनि जाणो थे कि आसे किजी खे

कट्ठे ऊई रे। 33 तेबे तिने सिकन्दरो खे, जो यहूदिये खड़ा कित्तेया था, पीड़ा
(भीड़) बीचा ते आगे कित्तेया। सिकन्दर आथो साथे सारा (ईशारा) करी की
लोका सामणे कुछ बोलणा चाओ था। 34 पर जेबे तिना खे पता लगेया कि
ये यहूदी ए, तो सब के सब एक शब्दो ते कोई दो कंटे तक चींगदे रये कि
इफिसियों री अरतिमिस महान् ए। 35 तेबे नगरो रे मन्त्रिये लोका खे शान्त
करी की बोलेया, "ओ इफिसियों रे लोको! कुण नि जाणदा कि इफिसियों रा
नगर बड़ी देवी अरतिमिसो रे मन्दर और ज्यूस मतलब सर्गो री तरफा ते
सेटिया री मूरता रा रखवाल़ा ए। 36 तो तेबे इना गल्ला रा कोई जवाब नि ऊई
सकदा, तो तुसा खे ठीक ए कि चुप रओ और बिना सोचे-समजे कुछ नि
करो। 37 कऊँकि तुसे इना मांणूआ खे, जो ल्याई राखे, ना मन्दरो खे लूटणे
वाल़े ए और ना ई आसा री देविया रे निन्दक ए। 38 जे देमेत्रियुस और तेसरे
साथी कारीगरा खे केसी ते कोई बईस ओ तो कचैरी खुली ए और न्याय
करने खे हाकिम बी ए, सेयो एकी दूजे पाँदि दोष लगाओ। 39 पर तुसे जे
केसी ओरी गल्ला रे बारे रे पूछणा चाओए, तो सभा सामणे न्याय करेया
जाणा। 40 माखे डर ए कि जेबे राज्यपालो एस अंगामे रे बारे रे सुणना तो
तेस बोलणा कि आसे रोमी सरकारा रे खलाफ बिद्रोह करने री कोशिश लगी
रे करने। कऊँकि एस अंगामे रा कोई कारण निए, तो आसे एसा पीड़ा रे कट्ठे
ऊणे रा कोई जवाब नि देई सकदे।" 41 तेबे तिने ये बोली की तिने सभा बिदा
कित्ती।

**20** जेबे आल्ला-गोल्ला बंद ऊईगा, तेबे पौलुसे चेले बुलाई की तिना री
इम्मत बढ़ाई और तिना ते बिदा ऊई की मकिदुनिया प्रदेशो खे चली गा। 2
तेबे से तेस सारे देशो ते ऊई की और तिना खे बऊत इम्मत देई की यूनान
प्रदेशो खे आया। 3 जेबे तीन मीन्ने यूनानो रे रई की जाह्जो रे सीरिया प्रदेशो
खे जाणे वाल़ा था, तेबे तिने सुणेया कि कुछ यहूदी अगुवे बाटा रे तेसखे काणे
री ताका रे लगी रे, तेबे तिने आपणे मनो रे ठाणी ला कि मकिदुनिया प्रदेशो ते
ऊई की सीरिया प्रदेशो खे जाऊँ। 4 एसा यात्रा रे बिरिया रे पुर्रूसो रा पाऊ
सोपत्रुस और थिस्सलुनीकियों नगरो बीचा ते अरिस्तर्खुसो रा सिकुन्दुस और
दिरबे नगरो रा गयुस और लुस्त्रा नगरो ते तीमुथियुस, आसिया प्रदेशो रा
तुखिकुस और त्रुफिमुस आसा साथे थे। 5 सेयो आसा रे साथी यात्री आसा

ते आगे चली गे और त्रोआस नगरो रे पऊँछी की आसा खे न्याल़दे रये। 6 तेबे
आसे अखमीरी रोटिया रे त्योआरो ते बाद फिलिप्पिया नगरो ते जाह्जो रे
चढ़ी की पाँज दिना रे त्रोआसो रे तिना गे पऊँछे और साता दिना तक तेथी
रये। 7 अफ़्ते रे पईले दिने जेबे आसे रोटी तोड़ने खे कट्ठे ऊए, तेबे पौलुसे, जो
दूजे दिने जाणे वाल़ा था, तिना साथे गल्ला करने लगेया और आदी राती तक
गल्ला ई करदा रया। 8 जेसा बाऊड़ी रे आसे कट्ठे थे, तिदे बऊत सारे दिऊए
थे बल़े रे 9 और यूतुखुस नाओं रा एक जवान द्वारिया रे बैठी की गईरी नींजा
रे चुलारे खाणे लगी रा था और जेबे पौलुस गल्ला लगी रा था करने तेबे से
नींजा रे चुलारे रे तीजिया बाऊड़ी ते रूड़ी गा और जेबे कुछ लोक तेसखे
चकणे थाले आये तेबे से मरी चुकेया था। 10 पर पौलुस उतरी की थाले गया
और तेस साथे चिपटी गा और गल़े लगाई की बोलेया, "कबराओ नि, कऊँकि
एसरा प्राण एसदे ईए।" 11 तेबे फेर ऊबे जाई की रोटी तोड़ी और खाई की
इतणी देरा तक तिना साथे गल्ला करदा रया कि प्याग ऊईगी और तेबे से
चली गा। 12 तेबे सेयो तेस जवानो खे जिऊँदा ली आए और तिना खे बऊत
शान्ति ऊई। 13 आसे पईले तेई जाह्जो रे चढ़ी की अस्सुस नगरो खे ये सोची
की आगे गये कि तेथा ते आसे पौलुसो खे चढ़ाई लऊँए, कऊँकि तिने ये
बोली राखेया था कि मां आपू ई पैदल जाणा। 14 जेबे से अस्सुस नगरो रे
आसा खे मिलेया, तेबे आसे तेसखे जाह्जो रे चढ़ाई की मितुलेन नगरो खे ली
आए। 15 तेथा ते जाह्ज खोली की आसे दूजे दिने खियुस नगरो रे ऊँदे ऊए
सामुस नगरो रे पऊँछी गे। तेबे दूजे दिने मिलेतुस नगरो खे आए। 16 पौलुसे
ठाणी ला की से इफिसुस नगरो खे छाडी की आगे बढ़ी जाओ, ताकि तेसखे
आसिया प्रदेशो रे रणा नि पड़ो। कऊँकि से जल्दीया रे था कि ऊई सको तो
तेसरा पिन्तेकुस त्योआरो रा दिन यरूशलेमो रे बीतो। 17 जेबे आसे मिलेतुस
नगरो रे पऊँछे तो पौलुसे इफिसुस नगरो खे सन्देशा पेजेया और मण्डलि़या रे
बुजुर्ग बुलाए। 18 जेबे सेयो तेसगे आए, तेबे तिना खे बोलेया, "तुसे जाणोए
कि पईले ई दिनो ते जेबे आऊँ आसिया नगरो रे पऊँछेया, तो आऊँ हर
बखत आजो तक तुसा साथे किंयाँ रया? 19 मतलब-बड़ी दीनता ते, आसू
निकयाल़ी-निकयाल़ी की और तिना परीक्षा ते, जो यहूदिया रे षड़यन्त्रा री
बजअ ते मां पाँदे पड़ी, तेबे बी आऊँ प्रभुए री सेवा करदा रया। 20 और जो-

जो गल्ला तुसा रे फाईदे री थिया, तिना खे बताणे, लोका रे सामणे ल्याऊणे
और कअरे-कअरे सखयाणे ते कदी बी पीछे नि अटेया। 21 बल्कि यहूदी और
यूनानिया सामणे गवाई देंदा रया कि परमेशरो री तरफा खे मन फिराणा और
आसा रे प्रभु यीशुए पाँदे विश्वास करना चाईयो। 22 "और एबे देखो, आऊँ
पवित्र आत्मा रा बानेया रा यरूशलेमो खे जाऊँआ और आऊँ ये नि जाणदा
कि मां पाँदे तेती क्या-क्या बितणी। 23 बस येई कि पवित्र आत्मा हर नगरो
रे गवाई देई-देई की माखे बोलोआ कि बन्दन और क्लेश ताखे त्यार ए। 24
पर आऊँ आपणे प्राणो खे कुछ नि समजदा कि तेसखे प्यारे जाणूं, बल्कि ये
कि आऊँ आपणी दौड़ा खे और आपणी सेवकाईया खे पूरा करूँ, जो मैं
परमेशरो री कृपा रे सुसमाचारो पाँदे गवाई देणे खे प्रभु यीशु मसीहे ते पाई
राखी 25 "और एबे देखो, आऊँ जाणूंआ कि तुसा सबी जणेया, जिना खे
आऊँ परमेशरो रे राज्य रा सुसमाचार सुणांदा रया, मेरा मूँ फेर नि देखणा।
26 इजी री खातर आऊँ आजके दिनो रे तुसा खे गवाई देई की बोलूँआ कि
जे तुसा बीचा ते कोई बी यीशुए पाँदे विश्वास करने ते बगैर मरी जाओआ
तो आऊँ सबी रे खूनो ते निर्दोष ए। 27 कऊँकि आऊँ परमेशरो री सारी
इच्छा खे तुसा खे पूरी रीतिया ते मनाणे ते पीछे नि अटेया। 28 "इजी री
खातर आपणी और पूरे चूण्डो री चौकसी करो, जेते साथे पवित्र आत्मे तुसे
अध्यक्ष बणाई राखे कि तुसे परमेशरो री मण्डलि़या री रखवाल़ी करो, जो
तिने आपणे खून बाह्ई की खरीदी राखी। 29 आऊँ जाणूंआ कि मांते जाणे ते
बाद तुसा बीचे चूठे उपदेशक आऊणे और विश्वासिया खे बऊत नुकशाण
पऊँछाणा। 30 तुसा बीचा ते बी एड़े-एड़े मांणू खड़े ऊणे, जिना चेलेया खे
आपू पीछे खिंजणे खे टेडिया-मेडिया गल्ला बोलणिया। 31 इजी री खातर
जागदे रओ, और याद राखो कि मैं तीन साल तक रात-दिन आसू निकयाल़ी-
निकयाल़ी की हर एकी खे चेतावणी देणा नि छाडेया। 32 एबे आऊँ तुसा खे
परमेशरो गे और तेसरी कृपा रे वचनो गे सम्बाल़ी देऊँआ, जो तुसा री तरक्की
करी सकोआ और सबी पवित्र कित्ते रे लोका खे साजी करी की जायदात देई
सकोआ। 33 "मैं केसी रे बी चाँदी-सूईने और टालेया रा लाल़च नि कित्तेया।
34 तुसे आपू जाणोए कि इने आथे मेरे और मेरे साथिया री जरूरता पूरी करी
राखिया। 35 मैं तुसा खे सब कुछ करी की दखाया कि किंयाँ मईणत करी

की कमजोर सम्बाल़ने और प्रभु यीशु मसीहे रिया गल्ला याद राखणिया
जरूरी ए कि तिने आपू ई बोली राखेया कि लणे ते देणा अच्छा ए।" 36 ये
बोली की तिने कुटणे टेके और तिना सबी साथे प्रार्थना कित्ती। 37 तेबे सेयो
बऊत रोए और पौलुसो रे गल़ो रे चिपकी की तेसखे चूमणे लगे। 38 सेयो
खास करी की इना गल्ला रा दु: ख करो थे, जो तिने बोलिया थिया कि तुसा
मेरा मूँ फेर नि देखणा और तेबे तिने से जाह्जो तक पऊँछाया।

**21** जेबे आसे तिना ते विदा ऊई की जाह्ज खोलेया, तेबे सिदी बाटा ते
कोस टापूए खे आए और दूजे दिने रूदुस टापूए दे और तेथा ते पतरा टापूए दे।
2 तेबे एक जाह्ज फीनीके नगरो खे जांदा ऊआ मिलेया और तेस पाँदे चढ़ी
की यात्रा शुरू कित्ती। 3 जेबे आसा खे साईप्रस टापू खूँजे कनारे दिशेया,
आसे तिजी खे छाडी की सीरिया प्रदेशो खे चली की सूरो रे उतरे, कऊँकि
तेती जाह्जो रा बोजा उतारना था। 4 तेबे तेती चेलेया खे पाई की सात दिन
तक रये, तिने पवित्र आत्मा रे सिखाए रे पौलुसो खे बोलेया, "यरूशलेमो
नगरो रे पैर नि राखणा।" 5 सात दिना बाद जेबे तेथा ते आसा रे जाणे रा
बखत आया, तेबे आसे तेथा ते चली पड़े और सबी जवाणसे बाल़का समेत
आसे नगरो ते बारे पऊँछाए, तेबे आसे कनारे पाँदे पऊँछी की कुटणे टेकी की
प्रार्थना कित्ती। 6 तेबे एकी-दूजे ते बिदा ऊए, आसे तो जाह्जो रे चढ़े और
सेयो आपणे-आपणे कअरो खे वापस ऊईगे। 7 जेबे आसे सूर नगरो ते
जलयात्रा पूरी करी की पतुलिमयिस नगरो रे पऊँछे, तेबे आसे विश्वासी
पाईया खे नमस्ते करी की तिना साथे एक दिन रये। 8 दूजे दिने आसे तेथा ते
चली की कैसरिया नगरो खे आए और फिलिप्पुस सुसमाचार प्रचारको रे
कअरे, जो साता बीचा ते एक था, जेसखे यरूशलेमो रे चेलेया बिदुआ री
देखपाल़ करने खे चुणी राखेया था, जाई की तेसरे कअरे रये। 9 तेसरी चार
कुआँरी बेटिया थिया, जो भविष्यबाणी करो थिया। 10 जेबे आसे तेती बऊत
दिन तक रई चुके, तेबे अगबुस नाओं रा एक भविष्यबक्ता यहूदिया प्रदेशो ते
आया। 11 तिने आसा गे आयी की पौलुसो रा पटका लया और आपणे आथ
पैर बानी की बोलेया, "पवित्र आत्मा ये बोलोआ कि जेस मांणूए रा ये पटका
ए, से यरूशलेमो रे यहूदिया ईंयां बानणा और दुजिया जातिया रे आथो रे देई
देणा।" 12 जेबे आसे यो गल्ला सुणिया, तो आसे और तेथो रे लोके पौलुसो

ते बिनती कित्ती कि यरूशलेमो खे नि जाणा। 13 पर पौलुसे बोलेया, "तुसे
क्या लगी रे करने कि रोयी-रोयी की मेरा मन लगी रे दुःखी करने? आऊँ तो
प्रभु यीशुए रे नाओं ते यरूशलेमो रे बाने जाणे खेई नि, बल्कि मरने खे बी
त्यार ए।" 14 जेबे से तिना ते नि मानेया, तो आसे ये बोली की चुप ऊईगे,
"प्रभुए री इच्छा पूरी ओ।" 15 कुछ दिना ते बाद आसे पक्का इरादा करी की
यरूशलेमो खे चली गे। 16 कैसरिया नगरो रे बी कई चेले आसा साथे चली
पड़े और मनासोन नाओं रे साईप्रसो रे रणे वाल़े रे एक पुराणे चेले रे कअरे
साथे ली आए, ताकि आसे तेसरे कअरे रऊँ। 17 जेबे आसे यरूशलेमो रे
पऊँछे, तेबे विश्वासी पाई आसा साथे बड़े खुश ऊई की मिले। 18 दूजे दिने
पौलुस आसा खे लयी की याकूबो गे गया, जेती सब बुजुर्ग कट्ठे थे। 19 तेबे
तिने तिना खे नमस्ते करी की जो-जो काम परमेशरे तेसरी सेवकाईया रे
जरिए दुजिया जातिया बीचे कित्ते थे, एक-एक करी की सब बताए। 20 तिने
ये सुणी की परमेशरो री महिमा कित्ती, तेबे तिने बोलेया, "ओ पाई! तूँ देखणे
लगी रा कि यहूदिया बीचा ते कई ह्जार मांणूए विश्वास कित्तेया और सब
बिधानो री धुन लगाई राखोए 21 तिना यहूदी विश्वासिया खे तेरे बारे रे बताया
कि तूँ दुजिया जातिया बीचे रणे वाल़े यहूदिया खे मूसे रे बिधानो खे छाडणे रे
बारे रे सिखाएया और बोलोआ कि ना आपणे बच्चेया रा खतना कराओ और
ना ई रवाजा पाँदे चलो, तो क्या करना चाईयो? 22 लोका जरूर सुणना कि तूँ
आयी रा। 23 इजी री खातर जो आसे ताखे बोलूँए, से कर, आसा गे एती चार
मांणू ए, जिने मान्नत मानी राखी। 24 तिना खे लयी की तेस साथे आपणे
आपू खे शुद्ध कर और तिना खे खर्चा दे, ताकि सेयो बाल़ कटवाओ। तेबे सबी
खे पता लगी जाणा कि जो गल्ला तिना खे तेरे बारे रे सिखाईया गईया, तिना
री कोई जड़ निए, पर तूँ आपू बी बिधानो खे मानी की तिजी रे मुताबिक
चलेया 25 पर तिना दुजिया जातिया रे बारे रे, जिने विश्वास कित्तेया, आसे ये
न्याय लयी की लिखी की पेजी राखेया कि सेयो मूर्तिया सामणे बलि कित्ते रे
मासो ते, खूनो ते, गल़ा कोटे रे मासो ते और व्याभिचारो ते बचे रओ।" 26
तेबे पौलुस तिना मांणूआ खे लयी की दूजे दिने तिना साथे शुद्ध ऊई की
मन्दरो रे गया और बताई ता कि शुद्ध ऊणे रे दिन, मतलब-तिना बीचा ते हर
एकी खे चढ़ावा चड़ाए जाणे तको रे दिन कदी पूरे ऊणे। 27 जेबे सेयो सात

दिन पूरे ऊणे वाळे थे, तेबे आसिया प्रदेशो रे यहूदिये पौलुसो खे मन्दरो रे देखी
की सब लोक उकसाये और ये बोली की से पकड़ी ता, 28 “ओ इस्राएलियो!
मताद करो, ये सेई मांणू ए, जो लोका खे और बिधानो खे और एथो री जगा
रे बिरोदो रे, हर जगा रे सबी लोका खे सिखाओआ, एथो तक कि यूनानिया
खे बी मन्दरो रे ल्याई की तिने ये पवित्र जगा अशुद्ध करी ती।” 29 तिने तो
इजी ते पईले त्रुफिमुस इफिसुसवासिए खे पौलुसो साथे नगरो रे देखेया था
और समजो थे कि पौलुस तेसखे मन्दरो रे ली आयी रा। 30 तेबे सारे नगरो रे
आल्ला पड़ी गा और लोक दौड़ी की कट्ठे ऊईगे और पौलुसो खे पकड़ी की
मन्दरो ते बारे कसिटी की ली आए और फटाफट द्वार बन्द करी ते। 31 जेबे
सेयो तेसखे काणा चाओ थे, तेबे पल़टणा रे सरदारो खे सन्देशा पऊँछेया कि
सारे यरूशलेम नगरो रे आल्ला पड़ी रा। 32 तेबे से फटाफट सिपाईया और
सूबेदारा खे लयी की तिना गे थाले दौड़ी की आया। जेबे पीड़े फौजिया री
पल़टणा रे सरदारो खे और सिपाईया खे देखी की पौलुसो खे मारने कुटणे खे
बन्द करी ता। 33 तेबे पल़टणा रे सरदारे पौलुसो रे नेड़े आयी की से पकड़ी
ता और दो जंजीरा साथे बानणे री आज्ञा देई की पूछणे लगेया, “ये कूणे और
इने क्या करी राखेया?” 34 पर पीड़ा (भीड़) बीचा ते कोई कुछ बोलणे लगे
और कोई कुछ और जेबे शोर-शराबे रे मारे ठीक सच्चाईया रा पता नि लगेया
तो तेसखे गढ़ो रे लयी जाणे री आज्ञा दित्ती। 35 जेबे से संगा पाँदे पऊँछेया,
तेबे एड़ा ऊआ कि पीड़ा रे दबाओ री बजअ ते सिपाईया खे से चकी की
निणा पड़ेया। 36 कऊँकि लोका री पीड़ ये बोली की तेस पीछे पड़ी गी कि
एसरा अन्त करी दो। 37 जेबे सेयो पौलुसो खे गढ़ो रे निणे वाळे थे, तेबे तिने
पल़टणा रे सरदारो खे बोलेया, “क्या माखे आज्ञा आयी कि आऊँ ताखे
कुछ बोलूँ?” तिने बोलेया, “क्या तूँ यूनानी पाषा जाणेया? 38 क्या तूँ सेई
मिस्री निए, जो इना दिनो ते पईले बिरोदी बणाई की चार ह्जार आतंकबादी
लोका खे जंगळो रे लयी गा था?” 39 पौलुसे बोलेया, “आऊँ तो तरसुसो रा
यहूदी मांणू ए, किलिकिया रा प्रसिद्ध रणे वाळा निवासी आ और आऊँ तांते
बिनती करूँआ कि माखे लोका ते गल्ला करने दे।” 40 जेबे तिने आज्ञा दित्ती,
तेबे पौलुसे संगाओ पाँदे खड़े ऊई की लोका खे आथो साथे सारा (ईशारा)
कित्तेया, जेबे सेयो चुप ऊईगे, तेबे से इब्रानी पाषा रे बोलणे लगेया।

**22** “ओ पाईयो! और पितरो, मेरा जवाब सुणो, जो आऊँ एबे तुसा सामणे
बोलणे लगी रा।” 2 सेयो ये सुणी की कि से आसा साथे इब्रानी पाषा
(भाषा) दे बोलोआ, और बी चुप ऊईगे। तेबे तिने बोलेया, 3 “आऊँ तो यहूदी
मांणू ए, और किलिकिया प्रदेशो रे तरसुस नगरो रा जम्मे राए, पर एस नगरो
रे गमलिएलो रे पैरा गे बैठी की पढ़ाई राखेया और बाप-दादेया रे बिधानो री
ठीक रीतिया रे सखाई राखेया और परमेशरो खे एड़ी धुन लगाई री राखूँ था,
जिंयाँ तुसे सब जणे आज लगाणे लगी रे। 4 और मैं मर्द और जवाणस दूँई खे
बानी-बानी की और जेला रे पाई-पाई की एस पंथो खे एथो तक सताया कि
सेयो मरवाईते। 5 एसा गल्ला रे प्रदान पुरोईत और बड़ी सभा रे सब बुज़ुर्ग
गवा ए कि तिना बीचा ते आऊँ पाईया रे नाओं पाँदे चिट्ठिया लयी की दमिश्क
नगरो खे जाणे लगी रा था, ताकि जो तेती बी ओ तिना खे बी सजा दलाणे खे
बानी की यरूशलेमो खे ल्याऊँ। 6 “जेबे आऊँ चलदे-चलदे दमिश्क नगरो रे
नेड़े पऊँछेया, तेबे एड़ा ऊआ कि तकरीबन त्याड़िया जे सर्गो ते एकदम
ज्योति मेरे चऊँ कनारे चमकी। 7 और आऊँ जमीना पाँदे रूड़ी गा, तेबे मैं ये
शब्द सुणेया, ‘ओ शाऊल! ओ शाऊल’ तूँ माखे कऊँ सताणे लगी रा? 8 मैं
बोलेया, ‘ओ प्रभु! तूँ कुणे ए?’ तिने बोलेया, ‘आऊँ यीशु नासरी ए, जेसखे तूँ
सताएया।’ 9 और मेरे साथिया ज्योति तो देखी, पर जो मां साथे जपणे लगी
रा था, तिने तेसरा शब्द तो सुणेया, पर से समजी नि सके। 10 तेबे मैं बोलेया,
‘ओ प्रभु! आऊँ क्या करुँ?’ प्रभुए माखे बोलेया, ‘उठी की दमिश्को रे जा
और जो कुछ तेंरे करने राए, तेती ताखे सब कुछ बताया जाणा।’ 11 जेबे
तेसा ज्योतिया रे चमकणे ते माखे कुछ नि दिशेया, तेबे आऊँ आपणे साथिया
रे आथ पकड़ी की दमिश्क नगरो रे आया। 12 “तेबे हनन्याह नाओं रा बिधानो
रे मुताबिक एक चेला था, जो तेती रणे वाल़े सबी यहूदिया बीचे सुनाम था,
मांगे आया। 13 और खड़े ऊई की माखे बोलेया कि ओ शाऊल पाई फेर
देखणे लगी जा। तेसी बखते मेरी आखी खुली गिया और मैं से देखेया। 14
तेबे तिने बोलेया कि आसा रे बाप-दादेया रे परमेशरे तूँ इजी री खातर ठराई
राखेया; ताकि तूँ तेसरी इच्छा खे जाणे और तेस तर्मियों खे देखी सके और
तेसरे मुंओ ते गल्ला सुणी सके। 15 कऊँकि तूँ तेसरी तरफा ते सबी मांणूआ
सामणे तिना गल्ला रा गवा ऊणा, जो तैं देखी राखिया और सुणी राखिया।

16 एबे देर कऊँ लगी रा करने? उठ बपतिस्मा लओ और तेसरा नाओं लयी
की आपणे पापो खे तोओ। 17 “जेबे आऊँ फेर यरूशलेमो रे आयी की
मन्दरो रे प्रार्थना लगी रा था करने, तेबे बेओश ऊईगा। 18 और तिने देखेया
कि से माखे बोलोआ कि फटाफट यरूशलेमो ते निकली जा, कऊँकि तिना
लोका जो एती ए मेरे बारे रे तेरी गवाई नि मानणी। 19 मैं बोलेया कि ओ
प्रभु! तुसे तो जाणोए कि आऊँ तुसा पाँदे विश्वास करने वाल़ेया खे जेला रे
पाऊँ था और जगा-जगा प्रार्थना रे कअरो रे कुटवाऊँ था। 20 और जेबे तेरे
गवा स्तिफुनुसो रा खून बइणे लगी रा था, तेबे आऊँ बी तेथी खड़ा था और
एसा गल्ला रे शामिल था और तेसखे काणे वाल़ेया रे टालेया री देख-रेख करूँ
था। 21 और प्रभुए माखे बोलेया, ‘चली जा, कऊँकि मां तूँ दुजिया जातिया गे
दूर-दूर पेजणा।’” 22 सेयो लोक एसा गल्ला तक तेसरी सुणदे रये, तेबे जोरे
की बोलणे लगे, “एड़े मांणूए रा अन्त करो, एसरा जिऊँदा रणा ठीक निए।”
23 जेबे सेयो चिंगणे, टाले सेटणे और सर्गो रे तूड़ उड़ाओ थे, 24 तेबे पल़टणा
रे सरदारे बोलेया, “एसखे गढ़ो रे लयी जाओ और कोड़े बाई कि परखो,
ताकि माखे बी पता लगो कि लोक किजी री बजअ ते एसरे बिरोदो रे एड़े
चिंगणे लगी रे।” 25 जेबे तिने से तसमेया साथे बानेया, तेबे पौलुसे तेस
सूबेदारो ते, जो नेड़े था खड़ेया रा बोलेया, “क्या ये ठीक ए कि तुसे एक रोमी
मांणूए खे और से बी बिना दोषो ते, कोड़े बाओ?” 26 सूबेदारे ये सुणी की
पल़टणा रे सरदारो गे जाई की बोलेया, “तूँ ये क्या लगी रा करने? ये तो रोमी
मांणू ए।” 27 तेबे पल़टणा रे सरदारे तेसगे आयी की बोलेया, “मांगे बता
कि क्या तूँ रोमी ए?” तिने बोलेया, “आ।” 28 ये सुणी की पल़टणा रे
सरदारे बोलेया, “मैं रोमी ऊणे रा पद बऊत पैसे देई की पाई राखेया।”
पौलुसे बोलेया, “आऊँ तो जन्मो तेई रोमी ए।” 29 तेबे सेयो लोक जो तेसखे
परखणे वाल़े थे। सेयो फटाफट तेसगे ते आटी गे और पल़टणा रा सरदार बी
ये जाणी की कि ये रोमी ए और मैं ये बानी राखेया, डरीगा। 30 दूजे दिने से
ठीक-ठीक जाणने री इच्छा ते कि यहूदी तेस पाँदे कऊँ दोष लगाणे लगी रे,
तेसरे बन्दन खोली ते और बड़े पुरोईत और सारी सभा खे कट्ठे ऊणे री आज्ञा
दित्ती और पौलुस थाले ल्याई की तिना सामणे खड़ा करी ता।

23 पौलुसे महासभा खे टकटकी लगाई की देखेया और बोलेया, “ओ
पाईयो! मैं आजो तक परमेशरो खे बिल्कुल सच्चाईया साथे जीवन बिताया।”
2 हनन्याह प्रदान पुरोईत, तिना री, जो तेसगे खड़ी रे थे, तेसरे मुंओ रे थप्पड़
बाणे खे बोलेया। 3 तेबे पौलुसे तेसखे बोलेया, “ओ दखावटी मांणू, परमेशरे
तूँ काणा, तां पाँदि परमेशरो री मार पड़नी। तूँ बिधानो रे मुताबिक मेरा न्याय
करने बैठी रा और तेबे क्या बिधानो रे खलाफ माखे बाणे खे बोलणे लगी
रा?” 4 जो नेड़े थे खड़े रे तिने बोलेया, “क्या तूँ परमेशरो रे प्रदान पुरोईतो खे
बुरा लगी रा बोलणे?” 5 पौलुसे बोलेया, “ओ पाईयो! माखे नि था पता कि
ये प्रदान पुरोईत ए, कऊँकि पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया कि आपणे लोका
रे प्रदानो खे बुरा नि बोल।” 6 तेबे पौलुसे ये जाणी की कि कितणे सदूकी ए
और कितणे फरीसी ए, सभा रे आक्का पाई की बोलेया, “ओ पाईयो! आऊँ
फरीसी और फरीसिया रे वंशो राए, मरे रेया री उम्मीद और दुबारा जिऊँदा
ऊणे रे बारे रे मेरा मुकद्दमा ऊणे लगी रा।” 7 जेबे तिने ये गल्ल बोली तेबे
फरीसी और सदूकिया बीचे चगड़ा ऊणे लगेया और सभा रे फूट पड़ी गी। 8
कऊँकि सदूकिया रा ये विश्वास ए कि ना तो दुबारा जिऊँदा ऊणा ए, ना
स्वर्गदूत ए और ना ई आत्मा ए, पर फरीसी इना सबी गल्ला खे मानो थे। 9
तेबे बऊत आल्ला पड़ी गा और बऊत शास्त्री, जो फरीसिया रे दलो रे थे, उठी
की ये बोली की चगड़ने लगे, “आसे एस मांणूए रे कोई बुराई नि पाँदि और जे
कोई आत्मा या स्वर्गदूत एस साथे बोलेया, तो तेबे क्या ए?” 10 जेबे बऊत
चगड़ा ऊईगा, तेबे पल़टणा रे सरदारे, इजी रे डरो ते कि से केथी पौलुसो रे
टुकड़े-टुकड़े नि करी देओ, पल़टणा खे आज्ञा दित्ती, “उतरी की पौलुसो खे
तिना बीचा ते जबरदस्ती खिंजी की निकयाल़ो और गढ़ो रे ली आओ।” 11
तेसी राती प्रभु यीशुए पौलुसो गे आयी की बोलेया, “ओ पौलुस! इम्मत राख,
कऊँकि जेड़ी तैं यरूशलेमो रे मेरी गवाई दित्ती, तेड़ी ई ताखे रोमो रे बी गवाई
देणी पड़नी।” 12 जेबे दिन ऊआ, तेबे कुछ यहूदिये एक ऊई की बोलेया और
कसम खाई, “जदुओ तक आसे पौलुसो खे काई नि देऊँगे, तदुओ तक
खाऊँगे या पिऊँगे तो आसा पाँदे धिक्कार ए।” 13 जिने आपू बीचे ये कसम
खाई, सेयो चाल़िया ते पाँदे थे। 14 तिने बड़े पुरोईत और बुजुर्गा गे आयी की
बोलेया, “आसे ये ठाणी राखेया कि जदुओ तक आसे पौलुसो खे नि काई

लऊँगे, तदुओ तक जे कोई कुछ चाखो गा बी, तो आसा पाँदे धिक्कारो पाँदे
धिक्कार ए। 15 इजी री खातर एबे बड़ी सभा समेत पल़टणा रे सरदारो खे
समजयाओ कि पौलुसो खे तांगे ली आओ, मानेया कि तुसे तेसरे बारे रे ओर
बी परख करना चाओए और आसे तेसरे पऊँछणे ते पईले ई, तेसखे काणे खे
त्यार रणे।" 16 पर पौलुसो री बईणा रे पाऊए सुणेया कि सेयो तेसखे काणे
री ताका रे ए, तेबे तिने पौलुसो खे गढ़ो रे जाई की सन्देशा दित्तेया। 17
पौलुसे सूबेदारा बीचा ते एकी खे आपू गे बुलाई की बोलेया, "एस जवानो
खे पल़टणा रे सरदारो गे लयी जाओ, ये तेसखे कुछ बोलणा चाओआ।"
18 तेबे सुबेदारे पौलुसो रे पांणजे खे पल़टणा रे सरदारो गे लयी जाई की
बोलेया, "पौलुस बन्दुए माखे बुलाई की बिनती कित्ती कि ये जवान पल़टणा
रे सरदारो ते कुछ बोलणा चाओआ, एसखे तेसगे लयी जा।" 19 पल़टणा रे
सरदारे तेसरा आथ पकड़ी की और तेसखे लग जे लयी जाई की पूछेया,
"मांगे क्या बोलणा चाएया?" 20 तिने बोलेया, "यहूदिये अगुवे एकता करी
राखी कि तांते बिनती करो कि काल पौलुसो खे बड़ी सभा रे ल्याओ, मानेया
कि तूँ ओर ठीक तरअ ते तेसखे परखणा चाएया। 21 पर एसरी ए बिनतिया
नि मानणी, कऊँकि तिना बीचा ते चाल़ी मांणूआ ते पाँदे पौलुसो खे काणे री
ताका रे ए, जिने ये ठाणी ला रा कि जदुओ तक आसे पौलुसे खे काई नि
देऊँगे, तदुओ तक खाऊँ, पिऊँगे तो आसा पाँदे धिक्कार ए, और एबु सेयो
त्यार ए और तेरे वचनो री उम्मीद देखणे लगी रे।" 22 तेबे पल़टणा रे सरदारे
जवानो खे ये आज्ञा देई की बिदा कित्तेया, "केसी गे नि बोलणा कि तैं मांगे ये
गल्ल बोली राखी।" 23 तेबे सेनापतिये दो सूबेदारा खे बुलाई की बोलेया,
"दो सौ सिपाई, सत्तर सवार और दो सौ भालैत, पहर राथियो खे कैसरिया
नगरो खे जाणे खे त्यार करी की राखो 24 और पौलुसो री सवांरिया खे
कोड़े त्यार राखो, ताकि तेसखे फेलिक्स हाकिमो गे ठीक-ठाक पऊँछाया
जाओ।" 25 सेनापतिये राज्यपालो खे ईंयां पत्री बी लिखी, 26 "महाप्रतापी
फेलिक्स हाकिमो खे क्लौदियूस लूसियासो री तरफा ते नमस्ते। 27 ये मांणू
यहूदिये पकड़ी की काणा चाया, पर जेबे माखे पता लगेया कि ये रोमी ए,
तेबे पल़टण लयी की छुड़ाई की ली आया। 28 आऊँ जाणना चाऊँ था कि
सेयो एस पाँदे किजी री बजअ ते तेस पाँदे दोष लगाणे लगी रे, इजी री

खातर आऊँ तेसखे तिना री महासभा रे लयी गा। 29 तेबे माखे पता लगी गा
कि सेयो आपणी यहूदी बिधानो रे बईसो रे बारे रे एस पाँदे दोष लगी रे
लगाणे, पर काणे जोगा और बानणे जोगा एसदे कोई दोष निए। 30 जेबे मांगे
बताया गया कि सेयो लोक एसखे काणे री ताका रे लगी रे, तो मैं फटाफट से
तांगे पेजी ता और दुश्मणा खे बी आज्ञा दित्ती कि तां सामणे तेसखे निर्दोष
करेयो।" 31 तो तेबे जिंयाँ सिपाईया खे आज्ञा दित्ती थी तिंयाँ ई सिपाईए
पौलुसो खे रातो-रात अन्तिपत्रिस नगरो खे ली आए। 32 दूजे दिने सेयो
सवारा खे पौलुसो साथे कैसरिया नगरो खे जाणे खे छाडी की आपू गढ़ो खे
वापस आईगे। 33 तिने कैसरिया नगरो रे पऊँछी की हाकिमो खे पत्री दित्ती
और पौलुस बी तेस सामणे खड़ा कित्तेया। 34 राज्यपाले पढ़ी की पूछेया, "ये
मांणू कुण जे प्रदेशो राए?" पौलुसे उतर दित्तेया, "आँऊ किलिकिया प्रदेशो
राए।" 35 जेबे जाणी ला कि किलिकिया राए तो राज्यपाले तेसखे बोलेया,
"जेबे तेरे दुश्मण बी आओगे, तेबे आऊँ तेरा मुकद्दमा करूँगा।" तिने पौलुस
हेरोदेसो रे किले रे पईरे रे राखणे री आज्ञा दित्ती।

24 पाँज दिना ते बाद हनन्याह नाओं रा प्रदान पुरोईत कई बुजुर्ग और
तिरतुल्लुस नाओं रे केसी वकीलो खे साथे लयी की केसरिया नगरो खे आया,
तिने हाकिमो सामणे पौलुसो पाँदे दोष लगाया। 2 जेबे पौलुस बुलाया,
तेबे तिरतुल्लुस तिना पाँदे दोष लगाई की बोलणे लगेया, "ओ महाप्रतापी
फिलेक्स! तेरे जरिए जो आसा खे बड़ा राम मिलोआ और तेरे प्रबन्धो ते इना
जातिया खे कितणिया बुराईया सुदारिया जाओईया, 3 इना खे आसे हर जगा
और हर प्रकारो ते धन्यवादो साथे मानूँए। 4 पर इजी री खातर कि आँऊ तेरा
ओर जादा बखत खराब नि करना चांदा। आऊँ तांते बिनती करूँआ कि कृपा
करी की म्हारिया दो-एक गल्ला सुणी लो। 5 कऊँकि आसे ये मांणू ऊदम
मचाणे वाल़ा और दुनिया रे सारे यहूदिया बीचे अंगामा करने वाल़ा और
नासरियो रे अड़दंगे कामो रा मुखिया पाई राखेया। 6 इने मन्दर अशुद्ध करना
चाया पर आसे ये पकड़ी ता। (आसे एसखे आपणे बिधानो रे मुताबिक सजा
दित्ती ऊँदी) 7 पर पल़टणा रे सरदार लूसीयासे ये आसा ते जबरदस्ती छुड़ाई
ला, 8 और दुश्मणा खे तां सामणे आऊणे खे बोलेया इना सबी गल्ला खे
जिना रे बारे रे आसे एस पाँदे दोष लगाणे लगी रे, ताखे आपू ई एसखे परखी

की पता लगी जाणा।"  9 यहूदिये बी तेसरा साथ देई की बोलेया कि यो
गल्ला ईंयां ई आईया।  10 जेबे हाकिमे पौलुसो खे बोलणे खे सारा (संकेत)
कित्तेया, तेबे पौलुसे जवाब दित्तेया, "जेबे माखे पता लगेया कि तूँ बऊत
साला ते एसा जातिया रा न्याय करदा आयी रा, तेबेई खुशिया साथे आपणा
जवाब देऊँआ।  11 तूँ आपू जाणी सकेया कि जदुओ ते आऊँ यरूशलेमो रे
भक्ति करने खे मन्दरो रे आया, माखे बारा दिना ते जादा नि ऊई रे।  12 और
तिने आऊँ ना मन्दरो रे, ना प्रार्थना रा कअर, ना नगरो रे केसी साथे बईस
करदे या पीड़ (भीड़) लगांदे ऊए देखेया,  13 और ना ई सेयो तिना गल्ला खे,
जिना रा सेयो मां पाँदे दोष लगाणे लगी रे, तां सामणे सच साबित करी
सकोए।  14 पर आऊँ तां सामणे ये मानी लऊँआ कि जेते कामो खे यो
अड़दंगे काम बोलोए तेसरी ई रीतिया ते आऊँ आपणे बाप-दादेया रे परमेशरो
री सेवा करूँआ और जो गल्ला बिधान और भविष्यबक्तेया री कताबा रे
लिखी राखिया, तिना सबी पाँदे विश्वास करूँआ  15 और परमेशरो ते उम्मीद
राखूँआ कि जो सेयो आपू बी राखोए कि तर्मी और पापी दोनो जिऊँदे ऊणे।
16 इजी ते आऊँ आपू बी कोशिश करूँआ कि परमेशरो री और मांणूआ
री तरफा ते मेरा विवेक सदा निर्दोष रओ।  17 "बऊत साला ते बाद आऊँ
आपणे गरीब लोका खे दान पऊँछाणे और पेंट चढ़ाणे यरूशलेम नगरो खे
आया था।  18 तिने आऊँ मन्दरो रे शुद्ध दशा रे और बिना पीड़ा ते और बिना
दंगा करदे ऊए पेंट चड़ांदे ऊए देखेया-पर आ, आसिया प्रदेशो रे कई यहूदी
थे, तिना खे ठीक था  19 कि जे मेरे बिरोदो रे तिना री कोई गल्ल ओ तो, एती
मां सामणे आयी की मां पाँदे दोष लगांदे।  20 या यो आपू ई बोलो कि जेबे
आऊँ महासभा सामणे खड़ा था, तेबे इने मांदे कुण जा अपराध पाया?  21
एसा एकी गल्ला खे छाडी की जो मैं इना बीचे आक्का पाई की बोली थी,
'मरे ऊए रे जिऊँदे ऊणे रे बारे रे आज मेरा तुसा सामणे मुकद्दमा ऊणे लगी
रा।'"  22 फेलिक्से जो एस कामो रिया गल्ला ठीक-ठीक जाणो था, सेयो ये
बोली की टाळी ते, "जेबे पलटणा रा सरदार लूसियास आऊणा, तेबे तुसा री
गल्ला रा न्याय करूँगा।"  23 सूबेदारो खे बोलेया कि पौलुसो खे कुछ टीअल
(छूट) देई की रखवाळी करेयो पर तेसरे दोस्ता बीचा ते केसी खे बी तेसरी
सेवा करने ते नि रोकणा।  24 थोड़े दिनो ते बाद राज्यपाल फेलिक्स आपणी

लाड़ी द्रुसिल्ला खे, जो यहूदिणी थी, साथे लयी की केसरिया नगरो खे आया
और पौलुसो खे बुलाई की तेस विश्वासो रे बारे दे, जो यीशु मसीह पाँदि ए,
तेसते सुणेया। 25 जेबे पौलुस तर्म, सब्र और आऊणे वाल़े न्याय रे बारे रे
बताओ था, तेबे फेलिक्से डरदे ऊए बोलेया, "एबु तो जा, मौका मिलणे पाँदे
मां तूँ फेर बुलाणा।" 26 राज्यपाल फेलिक्सो खे पौलुसो ते कुछ पैसे मिलणे
री बी उम्मीद थी, इजी री बजअ ते से तेसखे ओर बी बुलाई-बुलाई की गल्ला
करो था। 27 पर जेबे दो साल बीती गे, तेबे पुरकियुस फेस्तुस फेलिक्सो री
जगा पाँदि राज्यपाल बणेया और फेलिक्स यहूदिया खे खुश करने री इच्छा ते
पौलुसो खे बन्दुआ ई छाडी गा।

25 फेस्तुस यहूदिया प्रदेशो रे राज्यपालो रा काम सम्बाल़ने ते तीन दिन बाद
कैसरिया नगरो ते यरूशलेमो खे गया। 2 तेबे बड़े पुरोईत और यहूदी अगुवे
तेस सामणे पौलुसो पाँदि आरोप लगाए। 3 तिने फेस्तुसो ते बिनती कित्ती कि
से पौलुसे खे यरूशलेमो खे बुलाणे री कृपा करो, कऊँकि सेयो पौलुसो खे
बाटा रेई काणे री ताका रे थे। 4 फेस्तुसे बोलेया, "पौलुस कैसरिया रे पईरे रे
ए और मां आपू तेती चट ई जाणा।" 5 फेर बोलेया, "जो तुसा बीचे अक्क
राखोए, सेयो बी साथे चलो और जे इने मांणूए कुछ बुरा काम करी राखेया,
तो तेस पाँदि दोष लगाओ।" 6 फेस्तुस यरूशलेमो रे तिना बीचे कोई आठ-दस
दिन रई की कैसरिया नगरो खे गया और दूजे दिने न्याय आसणो पाँदि बैठी
की पौलुसो खे ल्याऊणे री आज्ञा दित्ती। 7 जेबे से आया, तेबे जो यहूदी अगुवे
यरूशलेमो ते आयी रे थे, तिने नेड़े-तेड़े खड़ी की तेस पाँदि बऊत सारे दोष
लगाए, जिना रा तिना गे कोई सबूत नि था। 8 पर पौलुसे जवाब दित्तेया, "मैं
ना तो यहूदिया रा बिधानो रा, ना ई मन्दरो रा और ना ई कैसरो रे खलाफ कुछ
अपराध करी राखेया।" 9 तेबे फेस्तुसे यहूदिया खे खुश करने री इच्छा ते
पौलुसो ते पूछेया, "क्या तूँ यरूशलेमो खे जाणा चाएया और तेती मां सामणे
तेरे एस मुकद्दमे रा न्याय कित्तेया जाणा?" 10 पौलुसे बोलेया, "आऊँ कैसरो
रे न्याय आसणो सामणे खड़ी रा, मेरे मुकद्दमे रा एथी न्याय ऊणा चाईयो,
जेड़ा तूँ अच्छी तरअ ते जाणेया कि यहूदिया रा मैं कुछ बी अपराध निए
कित्तेया रा। 11 जे आऊँ अपराधी ए और काणे जोगा कुछ अपराधो रा काम
करी राखेया, तो मरने ते नि मुकरदा। पर जिना गल्ला रा यो यहूदी अगुवे मां

पाँदे दोष लगाणे लगी रे, जे तिना बीचा ते कोई गल्ल सच नि ऊई, तो कोई
माखे तिना रे आथो रे नि देई सकदा। आऊँ कैसरो ते विनती करूँआ, सेई
मेरा न्याय करो।" 12 तेबे फेस्तुसे मन्त्रिया री सभा साथे बात-चीत करी
की बोलेया, "तैं कैसरो ते विनती करी राखी, तूँ कैसरो गे ई जाणा।" 13
कुछ दिन बितणे ते बादो ते अग्रिप्पा राजा और तेसरी छोटी बईण बिरनिके
कैसरिया रे आयी की फेस्तुसो खे मिले। 14 तिना रे बऊत दिन तक तेती
रणे ते बादो ते फेस्तुसे पौलुसो रे बारे रे राजे गे बताया कि एक मांणू ए,
जेसखे फेलिक्स बन्दुआ छाडी गा रा। 15 जेबे आऊँ यरूशलेमो रे था, तेबे बड़े
पुरोईत और यहूदिया रे बुजुर्गे तेस पाँदे आरोप लगाया और चाया कि तेसखे
सजा मिलो। 16 पर मैं तिना खे बोलेया, "रोमिया री एड़ी रवाज निए कि
केसी मांणूए खे सजा मिलो, जदुओ तक अपराधिया खे तेस पाँदे दोष लगाणे
वाळे रे आमणे-सामणे खड़े ऊई की दोषो रा जवाब देणे रा अवसर नि मिलो।
17 तो जेबे यहूदी अगुवे मां साथे केसरिया आये थे, तेबे मैं देर नि कित्ती, पर
दूजे ई दिने न्याय आसणो रे बैठी की तेस मांणूए खे ल्याऊणे री आज्ञा दित्ती।
18 जेबे तेसरे दुश्मण खड़े ऊए, तेबे तिने एड़ी बुरी गल्ला रा दोष नि लगाया,
जेड़ी आऊँ समजूँ था। 19 पर सेयो आपणे तर्म और यीशु नाओं रे केसी
मांणूए रे बारे दे, जो मरी गा था और पौलुस तेसखे जिऊँदा बताओआ, बईस
करो थे। 20 आऊँ उळजणा रे पड़ी गा कि इना गल्ला रा पता किंयाँ लगाऊँ?
इजी री खातर मैं पौलुसो ते पूछेया, क्या तूँ यरूशलेम जाणा चाएगा, ताकि
तेती इना गल्ला रा न्याय ओ? 21 पर जेबे पौलुसे विनती कित्ती कि मेरे
मुकद्दमे रा न्याय महाराजाधिराजो गे ओ, तो तेबे मैं आज्ञा दित्ती कि जदुओ
तक तेसखे कैसरो गे नि पेजूँ, तदुओ तक तेसखे कैदा रे राखेया जाओ।" 22
तेबे अग्रिप्पे फेस्तुसे खे बोलेया, "आऊँ बी तेस मांणूए री सुणना चाऊँआ।"
तिने बोलेया, "तां काल सुणी लणी।" 23 तेबे दूजे दिने, जेबे महाराजा
अग्रिप्पा और बिरनिके बड़ी धूमधामा साथे पळटणा रे सरदार और नगरो रे
बड़ेया लोका साथे दरबारो रे पऊँछेया, तेबे फेस्तुसे आज्ञा दित्ती कि पौलुसो
खे ली आओ। 24 फेस्तुसे बोलेया, "ओ राजा अग्रिप्पा और सब लोको, जो
आसा साथे एती ए, तुसे एस मांणूए खे देखोए, जेसरे बारे रे सारे यहूदिये
यरूशलेम और एती बी चींगी-चींगी की मांते बिनती कित्ती कि एसरा जिऊँदा

रणा ठीक निए। 25 पर मैं जाणी ला की तिने एड़ा कुछ नि करी राखेया की
तेसखे मारी देओ, और बल्कि तिने आपू ई महाराजे ते विनती कित्ती, तेबे मैं
तेसखे रोम पेजणे रा फैंसला कित्तेया। 26 पर मैं तेसरे बारे रे कोई ठीक गल्ल
नि पाई, ताकि आपणे स्वामिए खे लिखूँ, इजी री खातर आऊँ एसखे तुसा
सामणे और महाराज अग्रिप्पा तां सामणे ल्याई राखेया, ताकि परखणे ते
बाद माखे कुछ लिखणे खे मिलो 27 कऊँकि बन्दुओ खे पेजणा और जो तेस
पाँदे दोष लगाई राखे, सेयो नि बताणे, माखे बेकार लगोआ।"

**26** अग्रिप्पे पौलुसो खे बोलेया, "ताखे आपणे बारे रे बोलणे री आज्ञा
आए।" तेबे पौलुस आथ आगे करी की जवाब देणे लगेया, 2 "ओ अग्रिप्पा
राजा! जितणी गल्ला रा यहूदी अगुवे मां पाँदे दोष लगाणे लगी रे, आज तां
सामणे तिना रा जवाब देणे खे आऊँ आपू खे धन्य समजूँआ। 3 खास कर
इजी खे कि तूँ यहूदिया रे सब व्यवहार और बईसा खे जाणेया। तेबे आऊँ
बिनती करूँआ कि शान्त ऊई की मेरी सुणो। 4 "जेड़ा मेरा चाल-चलण
शुरूओ ते आपणी जातिया बीचे और यरूशलेमो रे था, ये सब यहूदिया रे
अगुवा जाणोए। 5 सेयो जे गवाई देणा चाओए, तो शुरूओ ते माखे पछयाणोए
कि आऊँ फरीसी ऊई की आपणे तर्मो रे सबी ते खरे पन्थो रे मुताबिक
चलेया। 6 और एबे तेस वादे री उम्मीदा री बजअ ते, जो परमेशरे आसा रे
बाप-दादेया साथे कित्ती थी, मां पाँदे मुकद्दमा चली रा। 7 तेसी वादे रे पूरे ऊणे
री उम्मीद लगाए रे आसा रे बारा गोत्र, आपणे सारे मनो ते रात-दिन परमेशरो
री सेवा करदे आयी रे। ओ राजा! इजी उम्मीदा रे बारे रे यहूदी मां पाँदे दोष
लगाणे लगी रे। 8 जबकि जादातर यहूदी ये विश्वास करोए कि परमेशर मरे
रेया खे जिऊँदा करोआ, तो तुसा रे एती, ये गल्ल कऊँ विश्वासो जोगी नि
समजी जांदी? 9 "मैं बी सोचेया था कि यीशु नासरियो रे नाओं रे बिरोदो रे
माखे बऊत कुछ करना चाईयो। 10 और मैं यरूशलेमो रे एड़ा ई कित्तेया और
बड़े पुरोईता ते अक्क पाई की बऊत सारे पवित्र लोक जेला रे पाए और जेबे
सेयो काए जाओ थे, तो आऊँ बी तिना रे बिरोदो रे आपणी सलाह देऊँ था।
11 आऊँ हर प्रार्थना रे कअरो रे तिना खे कूटी-कूटी की यीशुए री निन्दा
करवाऊँ था, एथो तक कि रोषो रे मारे इतणा पागल ऊईगा कि बारले नगरो रे
जाई की बी तिना खे सताऊँ था। 12 "एसी धुना रे जेबे आऊँ बड़े पुरोईता ते

अक्क और आज्ञा-पत्र लयी की दमिश्को नगरो खे जाणे लगी रा था, 13 तेबे
ओ राजा! बाटा रे त्याड़िया जे, मैं सर्गो ते एक सूरजो री चमका ते बी बढ़ी की
एक जोति आपू पाँदे और साथे चलणे वाल़ेया रे चऊँ कनारे चमकदी ऊई
देखी। 14 और जेबे आसे सब जमीना पाँदे रूड़ी गे, तेबे मैं इब्रानी पाषा
(भाषा) रे मां साथे बोलदे ऊए ये शब्द सुणेया, 'ओ शाऊल! ओ शाऊल! तूँ
माखे कऊँ सताणे लगी रा? पईने पाँदे लाते बाणी ईदे तेरा ई नुकशाण ए।'
15 मैं बोलेया, 'ओ प्रभु! तूँ कुण ए?' प्रभुए बोलेया, 'आऊँ यीशु ए, जेसखे तूँ
सताएया। 16 पर तूँ उठ, आपणे पैरा पाँदे खड़ा ओ, कऊँकि मैं ताखे इजी री
खातर दर्शन देई राखेया, ताकि ताखे तिना गल्ला रा सेवक और गवा ठराऊँ,
जो तैं देखी राखिया और तिना रा बी, जिना री तंईं मां ताखे दर्शन देणा 17
यहूदियो और दुजिया जातिया ते, जिना बीचे आँऊ ताखे पेजणे लगी रा मां तूँ
तिना ते बचाणा। 18 ताकि तूँ तिना री आखी खोल, ताकि सेयो न्हेरे ते
जोतिया री तरफा खे और शैतानो रे अक्को ते परमेशरो रे राज्य री तरफा खे
फिरो। ताकि सेयो पापो री माफी और तिना लोका साथे जो मां पाँदे विश्वास
करने ते पवित्र कित्ते रे ए, जायदात पाओ।' 19 "तो ओ अग्रिप्पा राजा! मैं
तेस स्वर्गिय दर्शनो री गल्ल मानी ली। 20 पर पईले दमिश्क नगरो रे और तेबे
यरूशलेमो रे रणे वाल़ेया खे, तेबे यहूदिया रे सारे देशो रे और दुजिया जातिया
खे समजयांदा रया कि मन फिराओ और परमेशरो री तरफा खे फिरी की मन
फिराणे जोगा काम करो। 21 इना गल्ला री बजअ ते यहूदी माखे मन्दरो रे
पकड़ने और काणे री कोशिश करो थे। 22 पर परमेशरो री मइरबानिया ते
आऊँ आजो तक बणी रा और छोटे-बड़े सबी सामणे गवाई देऊँआ और तिना
गल्ला खे छाडी की ओर कुछ नि बोलदा, जो भविष्यबक्ते और मूसे बी बोलेया
कि ऊणे वाल़िया ए 23 कि मसीह खे दु: ख ऊणा और तेस ई सबी ते पईले
मरे देया बीचा ते जिऊँदे ऊई की यहूदी लोका बीचे और दुजिया जातिया
बीचे जोतिया रा प्रचार करना।" 24 जेबे पौलुस ईंयां जवाब देणे लगी रा
था, तेबे फेस्तुसे जोरे की बोलेया, "ओ पौलुस, तूँ पागल ऊईगा रा, जादा
पढ़ाईये तूँ पागल बणाई ता दा।" 25 पर पौलुसे बोलेया, "ओ महाप्रतापी
फेस्तुस! आऊँ पागल निए, पर सच्चाई और बुद्धि री गल्ल करूँआ। 26
राजा बी जेस सामणे आऊँ निडर ऊई की बोलणे लगी रा, इना गल्ला खे

जाणोआ और माखे विश्वास ए कि इना गल्ला बीचा ते कोई एसते छीपी दी
निए, कऊँकि ये घटणा कोई कूणे रे नि ऊई री। 27 ओ अग्रिप्पा राजा! क्या
तूँ भविष्यबक्तेया पाँदे विश्वास करेया? आ, आऊँ जाणूंआ कि तूँ विश्वास
करेया।" 28 तेबे अग्रिप्पे पौलुसो खे बोलेया, "तूँ थोड़ा जा ई समजयाणे ते
माखे मसीह बनाणा चाएया?" 29 पौलुसे बोलेया, "मेरी परमेशरो ते ये
प्रार्थना ए कि क्या थोड़े जे, क्या बऊत जे, बस तूँई नि, पर जितणे लोक
आज मेरी सुणने लगी रे, इना बन्दना खे छाडी की सेयो मां जेड़े मसीह बणी
जाओ।" 30 तेबे राजा, हाकिम और बिरनिके और तिना साथे बैठणे वाल़े
खड़े ऊईगे 31 और लग जे जाई की आपू बीचे बोलणे लगे, "ये मांणू एड़ा
कुछ तो नि करदा, जो मौत या फसणे जोगा ओ।" 32 अग्रिप्पे फेस्तुसो खे
बोलेया, "जे ये मांणू कैसरो री दुहाई नि देंदा, तो छूटी सको था।"

**27** जेबे फेस्तुस राज्यपालो खे ये पक्का निश्चा ऊईगा कि आसे जाह्जो
रे इटलिया प्रदेशो रे रोम नगरो खे जाईए, तो तेबे तिने पौलुस और कुछ
ओर कैदी बी यूलियुस नाओं री महाराजा अगुस्तुसो री पल़टणा रे एक
सूबेदारो रे आथो रे देई ते। 2 अद्रमुत्तियुमो नगरो रे एक जाह्जो पाँदे, जो
आसिया प्रदेशो रे कनारे री जगा रे जाणे वाल़ा था, चढ़ी की आसे से खोली
ता और अरिस्तर्खुस नाओं रा एक मांणू आसा साथे था जो मकिदुनी प्रदेशो रे
थिस्सलुनीके नगरो रा रणे वाल़ा था। 3 दूजे दिने आसे सैदा नगरो रे पऊँछे
और यूलियुसे पौलुसो पाँदे कृपा करी की से साथिया गे जाणे दित्तेया ताकि
से तिना ते जरूरी चीजा ली आओ। 4 तेथा ते आसे लोके दुबारा यात्रा शुरू
कित्ती। उल्टी अवा चलणे री बजअ ते आसे साइप्रसो टापूए री आड़ा रिये
चले 5 और किलिकिया और पंफूलिया नगरो रे नेड़े समुद्रो रे ऊई की लूसिया
प्रदेशो रे मूरा नगरो रे उतरे। 6 तेती सूबेदारो खे सिकन्दरिया नगरो रा एक
जाह्ज इटलिया प्रदेशो खे जांदा ऊआ मिलेया और तिने आसे तिदे चढ़ाई ते।
7 जेबे आसे बऊत दिन तक, आऊल़े-आऊल़े चली की मुश्किला ते कनिदुस
नगरो रे सामणे पऊँछे, तो तेबे कऊँकि अवा आसा खे आगे जाणे नि देओ
थी, आसे सलमोने रे सामणे ते ऊई की क्रेते टापूए री आड़ा रे चले 8 और
तिजी रे कनारे-कनारे पाँदे मुश्किला ते चली की शुभ लंगरबारी नाओं री एक
जगा रे पऊँछे, जेथा ते लसया नगर नेड़े था। 9 जेबे बऊत दिन बीती गे

और जलयात्रा रे मुसीबत तेबे ओ थी, कऊँकि बअरतो रे दिन एबे बीती गे
थे। तेबे पौलुसे सेयो ये बोली की समजयाए, 10 "ओ सज्जनो! माखे एड़ा
लगोआ कि एसा यात्रा रे विपदा और बऊत नुकशाण, माल और जाह्जो रा ई
नि, बल्कि म्हारे प्राणो रा बी ऊणे वाला ए।" 11 पर सूबेदारे पौलुसो री
गल्ला ते बढ़ी की कप्तान और जाह्जो रे मालको री गल्ल मानी। 12 से
बन्दरगाह ठण्ड बिताणे खे ठीक नि थी, इजी री खातर बऊत जणेया रा
बिचार ऊआ कि जे तेथा ते जाह्ज खोली की जे किंयाँ बी ऊई सको, तो
फीनिक्सो रे पऊँछी की ठण्ड बिताईये। ये तो क्रेते टापूए री एक बन्दरगाह ए,
जो दक्खण-पच्छम और उत्तर-पच्छमो री तरफा खे खुलोआ। 13 जेबे कुछ-
कुछ दक्खण री अवा चलणे लगी, तेबे ये समजी गे कि आसा रा मतलब पूरा
ऊईगा, आसे लंगर चकेया और कनारे पाँदिए क्रेते टापूए रिये जाणे लगे। 14
पर थोड़ी देर बाद जमीना री तरफा ते बऊत बड़ा तूफान आईगा, जेतेखे
यूरकुलीन बोलोए। 15 जेबे तूफान जाह्जो साथे टकराया, तेबे जाह्ज तेस
सामणे ठईरी नि सकेया, तेबे आसे से हड़ने दित्तेया और ईंयां ई हड़दे ऊए
चली गे। 16 तेबे कौदा नाओं रे एक छोटे जे टापूओ री आड़ा रे हड़दे-हड़दे,
बड़ी मुश्किला साथे डोंगिया खे वशो रे करी सके। 17 तेबे मल्लाहे से चकी
की बऊत तरीके करी की जाह्ज थालो ते बानेया और सुरतिस खाड़िया रे
चोरबालूओ पाँदे फसणे रे डरो ते तिने लंगरो खे थोड़ा थाले ऊतारी की जाह्ज
अवा साथे-साथे हड़ने खे छाडीता। 18 जेबे आसे तूफानो ते बऊत छूनके और
ताक्के खाए, तेबे दूजे दिने सेयो जाह्जो रा माल सेटणे लगे 19 और तीजे
दिने तिने आपणे आथो साथे जाह्जो रा साज़ समान बी सेटी ता। 20 जेबे
बऊत दिन तक ना सूरज दिशेया और ना तारे और बड़ा तूफान चलदा रया,
तेबे आखरी रे आसा रे बचणे री उम्मीद बी जांदी रई। 21 जेबे सेयो बऊत
दिन तक पूखे रई चुके, तेबे पौलुसे तिना बीचे खड़े ऊई की बोलेया, "ओ
लोको! तुसा खे चाईयो था कि तुसे मेरी गल्ल मानी की क्रेते टापूए ते जाह्ज
नि खोलदे और ना ई बिपदा आऊँदी और ना ई ये नुकशाण ऊँदा। 22 पर एबे
आऊँ तुसा खे समजयाऊँआ कि इम्मत राखो, कऊँकि तुसा बीचा ते केसी रे
बी प्राणो रा नुकशाण नि ऊणा, पर सिर्फ जाह्जो रा। 23 कऊँकि परमेशर
जेसरा आऊँ ए और जेसरी सेवा करूँआ, तेसरे स्वर्गदूते आज राती मांगे

आयी की बोलेया, 24 ओ पौलुस! डर नि, तेरा कैसरो रे सामणे खड़ा ऊणा
जरूरी ए, और देख परमेशरे तां पाँदे कृपा करी की सबी खे जो तां साथे यात्रा
करोए, ताखे देईते रे। 25 इजी री खातर ओ सज्जनो! इम्मत राखो, कऊँकि
आऊँ परमेशरो पाँदे विश्वास राखूँआ कि जेड़ा मांगे बोली राखेया, तेड़ा ई
ऊणा। 26 पर आसा खे केसी टापूओ रे जाई की टिकणा चाईयो।" 27 जेबे
चऊदवीं रात आयी और आसे अद्रिया समुद्रो रिये पटकदे फिरने लगी रे थे,
तेबे आदिया राती रे नेड़े मल्लाहे अनुमानो ते जाणेया कि आसे केसी देशो रे
नेड़े पऊँछणे लगी रे। 28 थाह लयी की तिने सैंती मीटर डूगा पाया और थोड़ा
जा आगे चली की फेर थाह लयी, तेबे सताई मीटर डूगा पाया। 29 तेबे
पात्थरो वाल़ी जगा रे टकराणे रे डरो ते तिने जाह्जो री पिछाड़िया रे चार लंगर
बाए और प्याग न्याल़ने री कामना करदे रये। 30 पर जेबे मल्लाह जाह्जो ते
नठणा चाओ थे और तिने जाह्जो रे सामणे री तरफा ते लंगर पाणे रे बाने रे
डोंगी समुद्रो रे ऊतारी ती। 31 तेबे पौलुसे सूबेदार और सिपाईया खे बोलेया,
"इना रा जाह्जो रे रणा जरूरी ए तेबे तुसे बची सकोए।" 32 तेबे सिपाईए
रस्से बाडी की डोंगी रुड़ाई ती। 33 जेबे प्याग ऊणे वाल़ी थी, तेबे पौलुसे ये
बोली की सब रोटी खाणे खे समजयाए, "आज चौदा दिन ऊईगे कि तुसे
उम्मीद देखदे-देखदे रये और बिल्कुल रोटी नि खाई। 34 इजी री खातर आऊँ
तुसा खे बोलूँआ कि सब रोटी खाई लो जेते साथे तुसा रा बचाव ओ, और
तुसे सब बिल्कुल ठीक-ठाक रणे।" 35 ये बोली की तिने रोटी लयी की सबी
सामणे परमेशरो रा धन्यवाद करी की तोड़ी और खाणे लगेया। 36 तेबे सेयो
सब बी इम्मत बानी की रोटी खाणे लगे। 37 आसे सब मिली की जाह्जो रे
दो सौ छयात्तर जणे थे। 38 जेबे सेयो रोटी खाई की रजी गे तेबे कणक
समुद्रो रे सेटी की जाह्ज अल़का करने लगे। 39 जेबे दिन ऊआ, तेबे तिने
से देश नि पछयाणेया, पर एक खाड़ी देखी, जेतेरा कनारा चौरस था और
सोचेया कि जे ऊई सको तो एते पाँदे ई जाह्जो खे टिकाऊँए। 40 तेबे तिने
लंगर खोली की समुद्रो रे छाडीता और तेबुई पतवारा रे रस्से खोली ते और
अवा रे सामणे आगला पाल चड़ाई की कनारे पाँदो खे चले। 41 पर जेती दो
समुद्रो रे संगमो री जगा पड़ो थी, तेती तिने जाह्ज टिकाया, तेबे तिजी रा
आगला इस्सा तो ताक्का खाई की दबी गी और टल़ी नि सकी, पर पिछला

इस्सा लईरा रे जोरो ते टूटणे लगेया। 42 तेबे सिपाईए सोचेया कि कैदिया खे
काई देऊँए, केथी एड़ा नि ओ कि कोई तरी की नठी जाओ। 43 पर सूबेदारे
पौलुसो खे बचाणे री खातर सेयो एड़ा करने ते रोके और बोलेया कि जो तरी
सकोए, सेयो पईले ई छवाल़ लयी की कनारे पाँदे निकल़ी जाओ 44 और
बाकी कोई पाटड़ेया पाँदे और कोई जाह्जो री ओरी केसी चीजा रे साअरे
निकल़ी जाओ। ईंयां सब बची की जमीना पाँदे बची की निकल़ी गे।
**28** जेबे आसे सब यात्री कनारे पाँदे ठीक-ठाक पऊँछी गे, तेबे आसा खे
पता लगेया कि एस टापूओ खे माल्टा बोलोए। 2 तेथो रे रणे वाल़े लोके
आसा पाँदे नऊखा प्यार दखाया, कऊँकि बादल़ बरसणे री बजअ ते ठण्ड
थी, तेबे तिने आग सुल़गाई की आसे सब ठराए। 3 जेबे पौलुसे लकड़ुआ रा
पारा (गट्ठा) कट्ठा करी की आगी पाँदे राखेया, तेबे एक साप आगी रे सेको रे
निकल़ेया और तेसरे आथो रे लिपटी गा। 4 जेबे तेथो रे रणे वाल़ेया साप
तेसरे आथो रे लटकेया रा देखेया, तेबे आपू बीचे बोलेया, “सच्ची ये मांणू
अत्यारा ए, हालाँकि समुद्रो ते बची गा, पर तेबे बी न्यायी देविए जिऊँदा नि
रणे दित्तेया।” 5 पौलुसे साप आगी रे चड़ाकी ता और तेसखे कोई नुकशाण
नि ऊआ। 6 पर सेयो लोक न्याल़दे रये कि तेसरे सोजा आयी जाणा या
एकदम रूड़ी की मरी जाणा, पर जेबे सेयो बऊत देर तक देखदे रये कि एसरा
कुछ नि बिगड़ेया, तेबे तिने ओर ई बिचार कित्तेया और बोलेया, “ये तो कोई
देवता ए।” 7 तेसा जगा रे नेड़े-तेड़े तेस टापूओ रे प्रदान पुबलियुसो री जमीन
थी। तिने आसे आपणे कअरे दोस्ता जेड़े निए और तीन दिन तक प्यारो साथे
पराऊणचारी कित्ती। 8 पुबलियुसो रा पिता बुखार और खूनो री आंवा रा
रोगी था, तेबे पौलुसे तेसरे कमरे रे जाई की तेसखे प्रार्थना कित्ती और तेस
पाँदे आथ राखी की से ठीक कित्तेया। 9 जेबे एड़ा ऊआ, तेबे तेस टापूओ रे
बाकी बमार बी पौलुसो गे आईगे और तिने सेयो ठीक कित्ते। 10 तिने आसा
री बऊत आओ-बैठ कित्ती और जेबे आसे तेथा ते तीन मीन्ने बाद चलणे लगे,
तेबे जो कुछ आसा खे जरूरी था, से जाह्जो पाँदे राखी ता। 11 तीन मीन्ने ते
बाद आसे सिकन्दरिया रे एक जाह्जो पाँदे चली पड़े, जो तेस टापूओ पाँदे
ठण्ड पड़ने री बजअ ते रूकेया रा था। तेते जाह्जो रे आगले इस्से पाँदे एक
जोड़ी देवतेया री मूरत दियुसकूरी गढ़ी री थी। 12 सुरकूसा नगरो रे लंगर पाई

की आसे तेती तीन दिन तक रये। 13 तेथा ते आसे कूमी की रेगियुम नगरो रे
आए और एक दिन बाद दक्खणो ते अवा चली, तेबे आसे दूजे दिने पुतियुले
नगरो रे आए। 14 तेती आसा खे विश्वासी पाई मिले और तिना रे बोलणे पाँदे
आसे तिना रे कअरे सात दिन तक रये और तेबे रोमो खे चली गे। 15 रोमो ते
कुछ विश्वासी पाई आसा रा समाचार सुणी की कि आसे तेती आऊणे लगी रे
सेयो अप्पियुसो रे चौको रे और तीन सराँए तक आसा खे मिलणे खे आए,
जिना खे देखी की पौलुसे परमेशरो रा धन्यवाद कित्तेया और इम्मत बानी।
16 जेबे आसे रोम नगरो रे पऊँछे, तेबे पौलुसो खे एक सिपाईए साथे, जो
तेसरी रखवाली करो था, कल्ले रणे री आज्ञा मिली। 17 तीन दिना ते बाद
तिने यहूदिया रे खास लोक बुलाए और जेबे सेयो कट्ठे ऊए तो तिना खे
बोलेया, "ओ पाईयो, मैं आपणे लोका रे या आपणे बाप-दादेया रे व्यवहारो रे
बिरोदो रे कुछ नि बोलेया, तेबे बी कैदी बणाई की यरूशलेमो ते रोमी सरकारा
रे आथो रे सम्बाली ता। 18 तिने आऊँ परखी की छाडणा चाया, कऊँकि मांदे
मृत्यु-दण्डो जोगा कोई दोष नि था। 19 पर जेबे यहूदी अगुवे इजी रे बिरोदो रे
बोलणे लगे, तेबे माखे कैसरो ते विनती करनी पड़ी, ये सोची की नि कि मां
आपणे लोका पाँदे कोई दोष लगाणा था। 20 इजी री खातर मैं तुसे बुलाई
राखे ताकि तुसा साथे मिलूँ और बातचीत करुँ, कऊँकि इस्राएलो री उम्मीदा
खे आऊँ इना जंजीरा रे जकड़ी रा।" 21 तिने तेसखे बोलेया, "ना आसा खे
तेरे बारे रे यहूदिया प्रदेशो ते चिट्ठिया मिलिया और ना ई विश्वासी पाईया बीचा
ते आयी की किने तेरे बारे रे कुछ बताया और ना ई बुरा बोलेया। 22 पर तेरा
बिचार क्या ए? सेई आसा तांते सुणना चाऊँए, कऊँकि आसे जाणूंए कि हर
जगा रे एस मतो रे बिरोदो रे लोक गल्ला करोए।" 23 तेबे तिने पौलुसो खे
एक दिन ठराया और बऊत लोक तेसरे गे कट्ठे ऊए और से परमेशरो रे राज्य
री गवाई देंदा ऊआ और मूसे रा बिधान और भविष्यबक्तेया री कताबा ते प्रभु
यीशुए रे बारे रे समजयाई-समजयाई की प्यागा ते साँजा तक बोलदा रया।
24 तेबे कुछ जणेया सेयो गल्ला मानी लईया और कुछ जणेया विश्वास नि
कित्तेया जो पौलुसे बोलिया थिया। 25 जेबे सेयो आपू बीचे एक मत नि ऊए,
तेबे पौलुसो री एसा एक गल्ला बोलणे पाँदे चली गे, "पवित्र आत्मे यशायाह
भविष्यबक्ते रे जरिए तुसा रे बाप-दादेया खे ठीक ई बोलेया, 26 "जाई की

इना लोका खे बोल कि सुणदे तो रणे, पर समजणे नि और देखदे तो रणे, पर
दिशणा नि। 27 कऊँकि इना लोका रा मन मोटा और तिना रे कान पारी ऊईगे
रे और तिने आपणी आखी बंद करी ती रिया, एड़ा नि ओ कि सेयो कदी
आखी ते देखो और कानो ते सुणो और मनो ते समजो और फिरो और आऊँ
तिना खे ठीक करुँ। 28 "तेबे तुसे जाणो कि परमेशरो रे एस उद्धारो री कथा
दुजिया जातिया गे पेजी ती री और तिना सुणनी।" 29 जेबे तिने ये बोलेया तो
यहूदी आपू बीचे बऊत बईस करने लगे और तेथा ते चली गे। 30 से पूरे दो
साल तक आपणे खर्चे रे कअरो रे रया 31 और जो तेसगे आओ थे, तिना
सबी ते मिलदा रया और बिना रोका-टोका ते बऊत निडर ऊई की परमेशरो रे
राज्य रा प्रचार करदा ऊआ और प्रभु यीशु मसीह री गल्ला सिखांदा रया।

# रोमियों

**1** आँऊ पौलुस एसा चिट्ठिया खे लिखणे लगी रा जो यीशु मसीह रा दास ए।
परमेशरे आँऊ प्रेरित ऊणे खे चुणी राखेया। तिने आँऊ सुसमाचारो रा प्रचार
करने खे लग करी राखेया। 2 परमेशरे पईले तेई आपणे भविष्यबक्ताओं रे
जरिए पवित्र शास्त्रो रे एस सुसमाचारो री प्रतिज्ञा कित्ती थी। 3 ये सुसमाचार
आपणे पुत्र आसा रे प्रभु यीशु मसीह रे बारे रे था। से शरीरो रे मुताबिक तो
राजा दाऊदो रे वंशो ते जम्मेया, 4 और पवित्र आत्मा री सामर्था ते से मरे
रेया बीचा ते जिऊँदा ऊआ। इजी ते ये साबित ऊआ कि से परमेशरो रा पुत्र ए
और सेई यीशु मसीह आसा रा प्रभु ए। 5 यीशु मसीह रे जरिए माखे कृपा
और प्रेरिताईया रा काम मिलेया, ताकि तेसरे नाओं री बजअ ते सब जातिया
रे लोक सुसमाचारो पाँदि विश्वास करो और तेसरी आज्ञा मानो। 6 जिना बीचा
ते तुसे बी ओ, जिना खे परमेशरे प्रभु यीशु मसीह रे लोक ऊणे खे बुलाई
राखेया। 7 आँऊ ये चिट्ठी तुसा सबी लोका खे लिखणे लगी रा जो रोम
नगरो रे परमेशरो रे प्यारे ए और आपणे पवित्र लोक ऊणे खे बुलाई राखे,
आसा रे पिता परमेशर और प्रभु यीशु मसीह री तरफा ते तुसा खे कृपा
और शान्ति मिलदी रओ। 8 पईले आऊँ तुसा सबी खे प्रभु यीशु मसीह रे
जरिए आपणे परमेशरो रा धन्यवाद करूँआ, कऊँकि यीशु मसीह रे तुसा रे
विश्वासो री चर्चा सारी दुनिया रे ऊणे लगी रिया। 9 परमेशर, जेसरी सेवा
आऊँ आपणे पूरे मनो ते तेसरे पुत्रो रे सुसमाचारो रे बारे रे करूँआ, सेई
मेरा गवा ए कि आऊँ आपणी प्रार्थना रे तुसा लोका खे लगातार याद करदा
रऊँआ। 10 और हर रोज आपणी प्रार्थना रे बिनती करूँआ कि परमेशरो री
इच्छा रे मुताबिक माखे आखरी रे तुसा लोका गे आऊणे रा मौका मिलो। 11
कऊँकि आऊँ तुसा खे मिलणे री बड़ी इच्छा करूँआ, ताकि आऊँ तुसा खे
कोई आत्मिक बरदान देऊँ, जेते कि तुसे विश्वासो रे मजबूत ऊई जाओ। 12
मेरा मतलब ये कि आऊँ तुसा खे और तुसे माखे आपू बीचे एक दूजे खे
विश्वासो रे मजबूत करिए। तुसे मजबूत ऊई जाणे कऊँकि तुसे जाणोए कि मैं
किंयाँ विश्वास कित्तेया और आँऊ मजबूत ऊई जाणा कऊँकि आँऊ जाणूंआ
ए कि तुसे किंयाँ विश्वास करोए। 13 ओ साथी विश्वासियो! आऊँ नि चांदा
कि तुसे इजी ते अणजाण रओ कि मैं बार-बार तुसा गे आऊणा चाया पर

एबुए तक आँऊ रोकी की राखी राखेया। आँऊ चाऊँआ कि जेड़े मैं दूजी कई
जगा रे दुजिया जातिया रे मसीह रे चेले बणाए, तेड़े ई रोमो रे तुसा बीचे
मसीह रे चेले बणाई सकूँ। **14** आऊँ आपणे आपू खे यूनानी पाषा बोलणे
वाल़ेया रा और अन्यभाषिया रा, अक्लमंद और मूर्खा खे सुसमाचारो रा
प्रचार करने खे कर्जदार ए। **15** तो तेबे आऊँ तुसा खे बी जो रोम नगरो रे
रओए, सुसमाचार सुनाणे खे त्यार ए। **16** कऊँकि आऊँ मसीह रे बारे रे
एस सुसमाचारो ते शर्मांदा निए। ये तिना सबी खे उद्धारो रे निमित परमेशरो
री सामर्थ ए, सबी ते पईले यहूदिया खे तिजी ते बाद दूजी जातिया खे जो
एस सुसमाचारो पाँदे विश्वास करोए। **17** कऊँकि सुसमाचारो रे परमेशरो री
धार्मिकता विश्वासो ते और विश्वासो खे प्रगट ओई, जेड़ा पवित्र शास्त्रो रे
लिखी राखेया, "विश्वासो रे जरिए तर्मी मांणू जिऊँदा रणा।" **18** परमेशरो
रा रोष तो तिना सबी री अभक्ति और पापो पाँदे जो लोक करोए स्वर्गो ते
प्रगट ओआ, जो सच्चो खे पापो रे कामो ते दबाई की राखोए। **19** इजी खे
परमेशरो रे बारे रे ज्ञान तिना रे मनो रे प्रगट ए, कऊँकि परमेशरे तिना पाँदे
प्रगट करी राखेया। **20** परमेशरो रे अणदेखे गुण, मतलब तेसरी सनातन
सामर्थ और परमेशरो री तागत दुनिया री सृष्टिया रे बखतो ते, तेसरे कामे की
देखणे रे आओए। इजी खे तिना लोका गे आपणे आपू खे बचाणे खे कोई
जवाब निए, "आसे परमेशरो खे नि जाणदे।" **(aïdios g126)** **21** कऊँकि तिने
परमेशरो खे जाणदे ऊए बी परमेशरो खे परमेशरो जोगा आदर और धन्यवाद
नि कित्तेया। इजी रे बदले सेयो लोक बेकारो रे सोचणे लगे, एथो तक की
तिना रे मूर्ख मनो रे न्हेरा ऊईगा। **22** सेयो आपू खे अक्लमंद जताई की मूर्ख
बणी गे। **23** और तिने अविनाशी महिमामय परमेशरो री आराधना छाडी की
नाशवान मांणू, पंछी, जानवर और लूरने वाल़े जन्तुआ री मूर्तिया री आराधना
कित्ती। **24** इजी री बजअ ते परमेशरे सेयो तिना रे शरीरो री पापमय इच्छा रे
मुताबिक यौन अशुद्धता खे छाडी ते ताकि सेयो आपू बीचे बुरे कामो रे जरिए
आपणे शरीरो रा अनादर करो। **25** तिने परमेशरो री सच्चाईया रे बारे रे
विश्वास करने ते ना कित्ती और चूठो पाँदे विश्वास कित्तेया। तिने परमेशरो रे
बजाये तिना रे जरिए बणाई री सृष्टिया री पूजा और सेवा कित्ती, जो सदा
धन्य ए। आमीन्। **(aiōn g165)** **26** इजी री खातर परमेशरे सेयो निर्लज्ज

वासनाओं रे वशो रे छाडी ते। एथो तक कि तिना री जवाणसे बी आपणा
कुदरती यौन सम्बन्ध छाडी की तिजी खे जो सबाओ रे खलाफ ए, बदली ता।
27 तिंयाँ ई मर्द बी जवाणसा साथे कुदरती मेलजोल छाडी की आपू बीचे
कामातुर ऊई की जल़ने लगे और मर्दे, मर्दा साथे बेशर्म काम करी की आपू
पाँदे बुरे कामा री सजा रा ठीक फल पाया। 28 इजी ते बाद बी तिने ये ठीक
नि समजेया कि परमेशरो रे सारे ज्ञानो खे मानो। तो परमेशरे बी सेयो सब
गल़त काम करने खे तिना रे नक्कमे मनो रे वशो रे छाडी ते। 29 सेयो सबी
प्रकारा रे पाप, दुष्टता, लोब, बैरभावो ते परी गे और जल़न, अत्या, चगड़े,
छल और ईर्ष्या ते परी गे और चूगलखोर, 30 बदनाम करने वाल़े, परमेशरो ते
करीणा करने वाल़े, ओरी रा अनादर करने वाल़े, कमण्डी, त्वाल़िया देणे
वाल़े, बुरिया-बुरिया गल्ला बनाणे वाल़े, माया-बाओ रा कईणा ना मानणे
वाल़े, 31 निर्बुध्दि, विश्वासघाती, दयारहित और निर्दयी ऊईगे। 32 सेयो
परमेशरो री ये तर्मो री बिधि जाणोए कि एड़े-एड़े काम करने वाल़ेया खे मौता
री सजा मिलणी, तेबे बी ना सिर्फ आपणे आपू ई एड़े काम करोए, बल्कि
करने वाल़ेया ते बी खुश ओ ए।

**2** तुसा खे लगोआ कि तुसे एड़े लोका पाँदे दोष लगाई सकोए पर ओ दोष
लगाणे वाल़ो! तूँ जो दूजेया पाँदे दोष लगाएया तांगे कोई बाह्ना निए। कऊँकि
जेसा गल्ला रा तूँ दूजे पाँदे दोष लगाएया, तेसी गल्ला रे आपणे आपू खे बी
दोषी बणाएया, इजी री खातर, जो तूँ दोष लगाएया, आपू बी तिना ई कामा
करेया। 2 और आसे जाणूंए कि एड़े-एड़े काम करने वाल़ेया पाँदे परमेशरो री
तरफा ते ठीक-ठीक दण्डो री आज्ञा ओई 3 और ओ मांणू! तूँ जो एड़े-एड़े
काम करने वाल़ेया पाँदे दोष लगाएया और आपू तेड़े ई काम करेया, क्या
समजेया कि तूँ परमेशरो रे दण्डो ते बची जाणा? 4 क्या तूँ परमेशरो री
पलाई, सईन शीलता और धीरजरूपी दौलता खे तुच्छ जाणोआ? और क्या
ये नि समजदा कि परमेशरो री कृपा ताखे मन फिराणे री तरफा खे लई
जाओई? 5 पर तुसे टीठ मनो रे ए और आपणे बुरे कामा ते मन फिराणे ते
मना करी देओए। एड़ा करी की तुसे आपू खे बऊत पारी सजा कट्ठी करने
लगी रे। रोषो रा दिन आऊणे वाल़ा ए जिदे परमेशरो री धार्मिकता रा न्याय
प्रकट ऊणा। 6 परमेशरो हर एकी खे तेसरे कामो रे मुताबिक प्रतिफल देणा।

7 जो लोक खरे कामो रे खड़े रई की महिमा, आदर और अमरता री टोल़ा रे,
तिना खे परमेशरो अनन्त जीवन देणा। (aiōnios g166) 8 पर जो स्वार्थी ए
और सच्चो खे नि जाणदे, बल्कि बुरे काम करोए, तिना पाँदे परमेशरो रा रोष
और कोप पड़ना। 9 और क्ल़ेश और संकट हर एकी मांणूए रे प्राणो पाँदे, जो
बुरा करोआ, आऊणा। परमेशरो सबी ते पईले यहूदिया रा न्याय करना और
तिजी ते बाद दूजिया जातिया रा न्याय करना। 10 पर महिमा, आदर और
शान्ति हर एकी खे मिलणी, जो पला करोआ, पईले यहूदिया खे मिलणी, तेबे
दूजिया जातिया खे। 11 कऊँकि परमेशर केसी रा पक्ष नि करदा। 12 कऊँकि
जिने बिना मूसे रा बिधान पाए, पाप कित्तेया, तिना खे बिना मूसे रा बिधानो
तेई सजा मिलणी और यहूदी जिने मूसे रा बिधान पाई कि पाप कित्तेया,
तिना रा न्याय मूसे रा बिधानो रे मुताबिक ई ऊणा। 13 कऊँकि परमेशरो रे
एती बिधानो खे सुणने वाल़े तर्मी निए, पर बिधानो पाँदे चलणे वाल़े तर्मी
ठराए जाणे। 14 तेबे, जेबे दूजी जातिया रे लोक, जिना गे मूसे रा बिधान
निए, सबाओ तेई बिधानो री गल्ला पाँदे चलोए और मूसे रा बिधान तिना गे
ना ऊणे पाँदे बी, सेयो ये सिद्ध करी देओए की तिना रे मनो रे एक बिधान
ए 15 सेयो परमेशरो रे बिधानो रिया गल्ला आपणे दिलो रे लिखी रिया
दखाओए। तिना रे विवेक बी गवाई देओए। तिना रे बिचार तिना खे कदी
दोष लगाओए तो कदी तिना खे निर्दोष ठराओए। 16 ये तेस दिने सपष्ट
ऊई जाणा जेस दिने परमेशर मेरे सुसमाचारो रे मुताबिक यीशु मसीह रे
जरिए मांणूआ री गुप्त गल्ला रा न्याय करोगा, 17 आपणे बारे रे सोच जो तूँ
आपू खे यहूदी समजेया और बिधानो पाँदे विश्वास राखेया और तूँ त्वाल़िया
मारेया कि आँऊ परमेशरो रे खास जन ए। 18 तुसे परमेशरो री इच्छा जाणोए
और तुसे खरिया-खरिया गल्ला जाणोए कऊँकि तुसे यो सब गल्ला मूसे रा
बिधानो ते सीखी राखिया। 19 तुसा खे ये निश्चा ए कि तुसे अन्दे लोका
खे पक्का ई बाट दखाई सकोए और जो न्हेरे रे पटकणे लगी रे तिना खे
तुसे जोतिया जेड़े ए। 20 तुसे सोचोए, “आँऊ मूर्खा खे सिखाणे वाल़ा और
बाल़का रा उपदेशक ए।” तुसा खे निश्चा ए कि परमेशरो रा बिधान तुसा खे
पुरा ज्ञान और सच्चाई देओआ। 21 पर तूँ जो ओरी खे सिखाएया, आपणे
आपू खे कऊँ नि सिखांदा? तूँ ओरी खे चोरी ना करने रा उपदेश दे आ और

आपू ई चोरी करेया! 22 तूँ जो बोलेया, “व्याभिचार नि करना,” तो आपू ई
व्याभिचार कऊँ करेया? तूँ जो मूर्तिया ते नफरत करेया, तो आपू ई कऊँ
मन्दरा खे लूटोआ? 23 तूँ परमेशरो रा बिधानो रे बारे रे कमण्ड करेया और
बिधानो खे ना मानी की परमेशरो रा नरादर कऊँ करेया। 24 इजी खे जेड़ा कि
पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, “तुसा लोका री बजअ ते दूजी जातिया बीचे
परमेशरो रे नाओं री निन्दा ओई।” 25 जे तूँ बिधानो पाँदे चले, तो खतने ते तो
लाब ए, पर जे तूँ बिधानो खे नि माने, तो तेरा खतना बिना खतने जेड़ा ए। 26
तेबे जे बिना खतने रा मांणू, परमेशरो रे बिधानो री बिधिया खे मानेया करो,
तो क्या तेसरे बिना खतने री दशा, खतने रे बराबर नि गिणी जाणी? 27 और
जो मांणू शारीरिक रुपो ते बिना खतने ते परमेशरो रे बिधानो खे पूरा-पूरा
मानोआ, तेस तुसे दोषी ठईराणे, कऊँकि तुसा गे परमेशरो रा लिखेया रा
बिधान ए और खतना ऊँदे ऊए बी तुसे बिधानो खे नि मानदे। 28 असली
यहूदी से निए जेसरा सिर्फ बारला रूप यहूदिया जेड़ा ए और असली खतना
से निए जो बारले रूपो ते सिर्फ शरीरो रे करी राखेया। 29 पर यहूदी सेईए,
जो मनो रे और खतना सेईए, जो पवित्र आत्मा रे जरिए दिलो रे कित्तेया
जाओआ, ना कि लेखो खे मानणे ते, ईंयां ई तारीफ आपणिया तरफा ते नि,
बल्कि परमेशरो री तरफा ते ओई।

**3** तो ओरी री बजाए यहूदिया खे जादा क्या मिलेया? और खतने ते क्या
फायदा ऊआ? 2 आ, हर प्रकारा ते बऊत कुछ फायदा ऊआ। सबी ते जरूरी
तो ये कि परमेशरो रे वचन यहूदिया गे सम्बाळी ते। 3 जे कुछ विश्वासघाती
निकळे बी तो क्या ऊआ? क्या तिना रे विश्वासघाती ऊणे ते परमेशरो रा
कित्तेया रा वादा बेकार जाणा? 4 कदी पनि! बल्कि परमेशर सदा सच
बोलोआ और दुनिया रा हर मांणू चूठा ठईरी सकोआ, जेड़ा लिखी राखेया,
“जेते कि तूँ आपणी गल्ला रे तर्मी बणो, और न्याय करदे ऊए तेरी जय
ओ।” 5 तेबे जे आसा रे बुरे काम परमेशरो री धार्मिकता दखाओई, तो आसे
क्या बोलूँ? क्या ये कि परमेशर जो रोष करोआ, अन्यायी ए? ये तो आऊँ
मांणूआ री रीतिया पाँदे बोलूँआ। 6 कदी पनि। जे परमेशर अन्यायी ऊँदा तो
तेस दुनिया रा न्याय किंयाँ करना? 7 जे मेरे चूठो री बजअ ते, परमेशरो री
सच्चाई तेसरी महिमा खे जादा करी की सामणे आयी, फेर कऊँ पापिया

जेड़ा आऊँ दण्डो जोगा ओऊँआ। 8 कुछ लोक ये बोलदे ऊए आसा पाँदे दोष
लगाओ कि इने बोलेया, “आसा खे बुरे काम करने देओ ताकि कुछ पला ऊई
जाओ!” जो लोक मेरे बारे रे एड़िया गल्ला बोलोए से सजा पाणे जोगे ए। 9
तो फेर क्या ऊआ? क्या आसे यहूदी ओरी ते जादा खरे ए? कदी पनि।
कऊँकि आसे यहूदी और यूनानी दूँईं पाँदे ये दोष लगाई चूके रे कि सेयो सब
के सब पापो रे वशो रे ए। 10 जेड़ा पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, “परमेशरो
री नजरा रे कोई तर्मी निए, एक पनि। 11 कोई समजदार निए, कोई बी
परमेशरो खे टोल़ने वाल़ा निए। 12 सब परमेशरो ते दूर ऊईगे रे, सब के सब
नक्कमे बणी गे रे, कोई पला करने वाल़ा निए, एक पनि। 13 तिना रा गल़ा
खुली री कब्र ए, तिने ई आपणी जीबा ते छल कित्तेया, तिना रे ओठा रे सापो
जेड़ा विष निकल़ोआ। 14 और तिना रा मूँ श्राप और कड़वाहटा ते फरे राए।
15 तिना रे पैर खून करने खे फुर्तिले ए। 16 तिना री बाटा रे नाश और क्ल़ेश
ए। 17 तिने शान्तिया री बाट नि जाणी। 18 तिना रे परमेशरो रा डर अया ई
नि।” 19 आसे जाणूंए कि बिधान जो कुछ बोलोआ, तिना खेई बोलोआ, जो
बिधानो रे अधीन ए, ताकि लोका खे बाह्ना बनाणे ते रोकणे खे हर एक मूँ बंद
करेया जाओ और सारी दुनिया रे लोक परमेशरो रे सामणे दोषी ठईरो। 20
कऊँकि बिधानो रे कामो ते कोई बी लोक परमेशरो रे सामणे तर्मी नि ऊणे,
कऊँकि मूसे रा बिधान आसा खे दखाओआ कि आसे सब पापी ए। 21
पर एबे मूसा रे बिधानो खे बिना माने परमेशरो री धार्मिकता प्रगट ऊई री।
ये गल्ला मूसे रा बिधान और भविष्यबक्तेया री कताबा रे बऊत पईले तेई
लिखी राखिया कि परमेशर आसा खे किंयाँ धार्मिक बणाओआ। 22 मतलब-
परमेशरो री से धार्मिकता, जो प्रभु यीशु मसीह पाँदे विश्वास करने ते, सब
विश्वास करने वाल़ेया खे ए। यहूदी और दूजिया जातिया बीचे कुछ भेद निए।
23 कऊँकि सबी पाप करी राखेया और परमेशरो री महिमा ते दूर ऊईगे रे।
24 पर परमेशरो री कृपा ते तेस छुटकारे रे जरिए, जो यीशु मसीह रे ए, मुफ्तो
रे तर्मी ठराए जाओए। 25 परमेशरे यीशु मसीह खे आसा री खातर बलिदान
ऊणे खे पेजेया। यीशु मसीहे आपणी जिन्दगिया रा बलिदान इजी खे दित्तेया
ताकि आसे तेस पाँदे विश्वास करी की परमेशरो रे नेड़े जाई सकिए। बऊत
पईले परमेशरे ये दखाणे खे कित्तेया कि से सईन शीलता दखाणे रे और

पापिया खे माफ करने रे सई था। इजी ते ये बी पता चलोआ कि परमेशर सई
ए, जेबे से तिना लोका खे अपणाओआ जो यीशुए पाँदि विश्वास करोए। 27
तो क्या एड़ा कुछ ए जेते कि आसे कमण्ड करी सकिए? तिजी खे तो कोई
जगा ई निए, कुण जे नियमा री बजअ ते? क्या इजी खे कि आसे बिधानो खे
मानूँए? ना, बल्कि यीशु मसीह पाँदि विश्वास करने री बजअ ते। 28 इजी री
खातर आसे एते नतीजे पाँदि पऊँछी रे कि मांणू बिधानो रे कामो ते बिना,
विश्वासो रे जरिए तर्मी बणोआ। 29 क्या परमेशर सिर्फ यहूदिया रा ईए? क्या
दूजी जातिया रा निए? आ, दुजिया जातिया रा बीए। 30 कऊँकि परमेशर
एक ईए, जेस खतने वाल़े विश्वासो ते और बिना खतने वाल़े बी विश्वासो ते
तर्मी ठराणे। 31 तो क्या आसे बिधानो खे विश्वासो रे जरिए बेकार ठराऊँए?
कदी पनि, बल्कि बिधानो खे स्थिर करूँए।

**4** एबे आसे आपणे पुर्वज अब्राहमो रे बारे क्या बोलिये? क्या तिना खे
शरीरो री नजरा ते कुछ मिलेया या कृपा ते मिलेया? 2 जे अब्राहम अच्छे
कामो ते तर्मी ठराया जांदा, तो से आपू पाँदि कमण्ड करी सको था। पर से
आपणे अच्छे कामा खे परमेशरो रे नेड़े कमण्ड नि करी सकदा। 3 पवित्र
शास्त्र क्या बोलोआ? "अब्राहमे परमेशरो पाँदि विश्वास कित्तेया और ये तेसखे
धार्मिकता गिणी गयी।" 4 काम करने वाल़ेया री मजदूरी देणा दान निए, पर
अक्क समजेया जाओआ। 5 से माणूं जो परमेशरो खे खुश करने खे बिधानो
खे नि मानदा, बल्कि परमेशरो रे जो भक्तिहिनो खे तर्मी बणाओआ तिदे
विश्वास करोआ, तो तेसरा ये विश्वास तेसखे धार्मिकता गिणेया जाओआ। 6
जेसखे परमेशर बिना कामो ते मतलब बिना बिधान माने तर्मी ठराओआ,
तेसखे दाऊद बी धन्य बोलोआ। 7 "धन्य ए सेयो जिना रे बुरे काम माफ
ऊए, और जिना रे पाप पुलाईते। 8 धन्य ए से मांणू जेसरे पापो रा लेखा
प्रभु ए कदी नि लणा।" 9 क्या ये धन्य वचन सिर्फ खतना वाल़े यहूदिया
खे ईए या बिना खतना वाल़े दुजिया जातिया खे बीए? आसा रा मानणा
ए, "अब्राहमो खे तेसरा विश्वास धार्मिकता गिणेया गया।" 10 तो तेसरी
धार्मिकता किंयाँ गिणी गई? खतने री दशा रे या बिना खतने री दशा रे?
खतने री दशा रे नि, बल्कि बिना खतने री दशा रे। 11 बिना खतने ते रंदे
बखते तिना खे विश्वासो रे जरिए जो धार्मिकता मिली, तिजी पाँदि मुहरा साई

खतने रा चिह्‌ लगाया। ईंयां अब्राहम तिना सबी रा बी पिता बणेया, जो
बिना खतने री दशा रे विश्वास करोए, जेते कि तिना रा बी विश्वास तिना खे
धार्मिकता मानेया जाओ 12 अब्राहम तिना खतने वाल़ेया रे बी पिता बणे, जो
ना सिर्फ खतने पाँदे निर्भर रओए, पर आसा रे पिता अब्राहमो रे तेस विश्वासो
पाँदे चलोए, जो तिने बिना खतने री दशा रे कित्तेया था। 13 परमेशरे अब्राहम
और तेसरे वंशो ते वादा कित्तेया था कि की सेयो दुनिया रे बारस ऊणे। ये
इजी खे नि ऊआ कि अब्राहमे बिधान मानेया, बल्कि इजी खे ऊआ कि तिने
परमेशरो पाँदे विश्वास कित्तेया और परमेशरे सेयो तर्मी माने। 14 जे अब्राहम
और तेसरे वंशो खे बिधानो खे मानणे ते वादा मिलेया तो विश्वास बेकार और
निष्फल साबित ऊआ। 15 बिधानो खे नि मानणा रोष पैदा करोई और जेती
बिधान निए, तेती तिजी रा ऊल्लंघन पनिए। 16 ये वादा परमेशरो रे विश्वासो
पाँदे निर्भर ए, ताकि परमेशरो रा वादा तिना री कृपा रे जरिए पक्का ऊई
जाओ। ये वादा सिर्फ अब्राहमो रे वंशो खे निए जिना गे बिधान ए। बल्कि
तिना खे बीए, जो अब्राहमो जेड़े विश्वासो वाल़े बी ए, सेई तो आसा सबी रा
पिता ए। 17 जेड़ा पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, “मैं तूँ बऊत सारी जातिया
रा पिता ठराई राखेया।” आसा रे पुर्वज अब्राहमे तेस ई परमेशरो पाँदे विश्वास
कित्तेया और जो मरे रेया खे जिऊँदा करोआ और जो गल्ला आईया ई नि,
तिना रा नाओं एड़ा लओआ, कि मानो सेयो आईया। 18 तिने निराशा रे बी
उम्मीद राखी की विश्वास कित्तेया, इजी री खातर कि तेस वचनो रे मुताबिक
ओ कि, “तेरा वंश एड़ा ऊणा” कि से बऊत सारी जातिया रा पिता ऊणा।
19 और से जो एक सौ साला रा था आपणे मरे रे जे शरीर और सारा रे गर्भो
री मरी री जी दशा जाणी की बी विश्वासो रे मजबूत बणेया रा रया। 20 ना ई
अविश्वासी ऊई कि परमेशरो रे वादे पाँदे शक कित्तेया, पर विश्वासो रे मजबूत
रई कि परमेशरो री महिमा कित्ती। 21 और निश्चा कित्तेया कि जेसा गल्ला रा
परमेशरे वादा करी राखेया, से तेसा खे पूरी करने रे बी सामर्थी ए। 22 तेसरे
विश्वासो री बजअ ते ये तेसखे धार्मिकता गिणेया गया। 23 और ये वचन कि
विश्वास तेसखे धार्मिकता गिणेया गया, ना बस तेसखे लिखेया गया 24
बल्कि आसा खे बी, जिना खे विश्वास धार्मिकता गिणेया जाणा, मतलब
आसा खे जो परमेशरो पाँदे विश्वास करोए, जिने आसा रे प्रभु यीशुए खे मरे

रेया बीचा ते जिऊँदा कित्तेया। तो आसे बी तेस विश्वासो री बजअ ते तर्मी
माने जाणे। 25 यीशु मसीह आसा रे बुरे कामो री खातर मौता री सजा खे
पकड़वाया गया और आसा खे तर्मी ठराणे खे जिऊँदा बी कित्तेया।
**5** जेबे आसे विश्वासो रे जरिए तर्मी ठईरे, तो आपणे प्रभु यीशु मसीह रे जरिए
जो तिने आसा खे करी राखेया परमेशरो साथे मेल राखिए। 2 मसीह रे जरिए
विश्वासो री बजअ ते आसा री पऊँछ तेसा कृपा तक ऊई री, जिदे आसे एबे
बणे रे। आसे एसा गल्ला पाँदे कमण्ड करूँए कि आसा खे परमेशरो री
महिमा रे इस्सेदार बणने री उम्मीद ए। 3 बस येई नि, बल्कि आसा खे
क्लेशो पाँदि बी कमण्ड करना चाईयो, ये जाणी की कि क्लेशो ते सब्र 4 और
सब्रो ते खरा निकलना और खरे निकलने ते उम्मीद जागोई 5 और उम्मीदा ते
शर्म नि ऊँदी, कऊँकि पवित्र आत्मा, जो परमेशरे आसा खे देई राखेया तिजी
रे जरिए परमेशरो रा प्यार आसा रे मनो रे पाई राखेया। 6 कऊँकि जेबे आसे
कमजोर ई थे, तेबे मसीह ठीक बखतो पाँदे भक्तिहीना री खातर मरेया। 7
केसी तर्मी जणे खे कोई मरो, ये तो मुश्किल ए। फेर बी ऊई सकोआ कि
केसी खरे मांणूए री खातर कोई मरने खे त्यार ऊई जाओ। 8 पर जेबे आसे
पापी ई थे, तेबुई मसीह आसा री खातर मरेया। इजी ते परमेशरे आसा रिया
तंईं आपणे प्यारो रा सबूत दित्तेया। 9 जे आसे मसीह रे खूनो रे जरिए तर्मी
ठराई राखे, तो आसे पक्का ई मसीह रे जरिए परमेशरो रे रोषो ते बची जाणे।
10 जेबे आसे परमेशरो रे बैरी ई थे तो तेसरे पुत्रो री मौत ऊणे रे जरिए आसा
रा मेल परमेशरो साथे ऊआ, तेबे मेल ऊई जाणे पाँदे, तेसरे जीवनो री बजअ
ते आसा उद्धार कऊँ नि पाणा? 11 और बस येई नि, पर एबे तो आसा रे प्रभु
यीशु मसीह रे जरिए परमेशरो ते मेल ऊईगा रा इजी खे आसे परमेशरो रे खुश
ए। 12 तेबेई जेड़ा एक मांणू आदमो रे जरिए पाप दुनिया रे आया और पापो
रे जरिए मृत्यु आयी और ईंयां ई मृत्यु सबी मांणूआ रे फैली गी, कऊँकि सबी
पाप करी राखेया। 13 मूसे रा बिधान आऊणे ते पईले ई दुनिया रे पाप था।
पर जेती बिधान निए, तेती पाप नि गिणेया जांदा। 14 तेबे बी आदमो ते लयी
कि मूसे तक मौते तिना लोका पाँदे बी राज कित्तेया, जिने आदमो जेड़ा आज्ञा
तोड़ने रे जरिए पाप नि कित्तेया। आदम तेस मांणूए रा चिह्न था जो आऊणे
वाला था। 15 पर आदमो रे पाप और परमेशरो री दया ते परी री कृपा रे

बऊत बड़ा फर्क ए। कऊँकि जेबे एक मांणूए रे पापो री बजअ ते बऊत सारे
मांणू मरे। तिंयाँ ई परमेशरो री कृपा और धार्मिकता रा तोफा जो तिने आसा
खे यीशु मसीह रे जरिए दित्तेया बऊत सारे लोका रा पाप माफ करने खे
बऊत बड़ा दान ए। **16** परमेशरो रा दित्तेया रा तोफा आदमो रे पापो जेड़ा
निए। कऊँकि एक ई अपराध मौता री सजा लयी की आया। पर बऊत सारे
अपराधा ते बाद परमेशरे जो बरदान दित्तेया तिजी रे जरिए पापो खे माफ
करी की आपणी नजरा रे तर्मी बणाईते। **17** कऊँकि जेबे एक मांणूए रे पापो
री बजअ ते मौते तेस एक ई री बजअ ते सारे लोका पाँदे राज कित्तेया, तो
जेबे सेयो लोक कृपा और धर्मरूपी बरदान बऊत जणेया ते पाओ ए, सेयो
एक मांणूए ते, मतलब प्रभु यीशु मसीह रे जरिए तिना पक्का अनन्त जीवनो
रा राज करना। **18** तेबे जेड़ा एक पाप सबी मांणूआ खे मौता री सजा री
बजअ ऊआ, तेड़ा ई एक तर्मो रा काम बी सबी मांणूआ रे जीवनो खे तर्मी
ठराणे री बजअ ऊआ। **19** कऊँकि जेड़ा एक मांणूए री आज्ञा ना मानणे ते
बऊत लोक पापी ठईरे तिंयाँ ई एक मांणूए री आज्ञा मानणे ते बऊत लोक
तर्मी ठईरने। **20** बादो ते मूसे रा बिधान दित्तेया ताकि लोक एड़ा समजी सको
कि से कितणा पापी ए। पर जेती पाप बऊत ऊआ, तेती कृपा तिजी ते बी
केथी जादा ऊई। **21** ताकि जेड़ा पापे मौत फैलांदे ऊए सारे लोका पाँदे राज
कित्तेया, तेड़ा ई आसा रे प्रभु यीशु मसीह रे जरिए परमेशरो री कृपा तिना खे
धार्मिक बणाओई और अनन्त जीवन देओई। **(aiōnios g166)**

**6** परमेशर आपणी कृपा ते आसा रे पापो खे माफ करोआ। तो आसे क्या
बोलूँ? क्या आसे पाप करदे रईए, ताकि कृपा बऊत ओ? **2** कदी पनि, आसे
जेबे पापो खे मरी गे तो आगो खे तिदे किंयाँ जीवन बिताईये? **3** आसे जाणूंए
कि आसे जितणेया बी प्रभु यीशु मसीह रा बपतिस्मा लया, तो तेसरी मौता रा
बपतिस्मा लया। **4** इजी खे जेबे आसे बपतिस्मा लया तो आसे यीशु मसीह
साथे मारे गये और गाड़े गये। ताकि जिंयाँ मसीह पिता परमेशरो री महिमा रे
जरिए मरे रेया बीचा ते जिऊँदा कित्तेया, तिंयाँ ई आसे बी नये जीवनो री जी
चाल चलिए। **5** कऊँकि जे आसे तेसरी मौता री समानता रे तेस साथे जुड़ी
गे रे, तो पक्का ई तेसरे जिऊँदे ऊणे री समानता रे बी तेस साथे जुड़ी जाणे।
**6** आसे जाणूंए कि आसा रा पुराणा जीवन यीशु मसीह साथे क्रूसो पाँदे

चढ़ाईता रा ताकि पापो रा शरीर बेकार ऊई जाओ और आसे आगे खे पापो रे
दास नि रऊँ। 7 जेबे आसे यीशु मसीह साथे मरी गे तो पापो रे वशो ते छूटी
गे। 8 तेबे जे आसे मसीह साथे मरी गे, तो आसा रा विश्वास ये कि तेस साथे
जिऊँदे बी ऊई जाणे। 9 आसे ये जाणूंए कि मसीह मरे रेया बीचा ते जिऊँदा
ऊई की फेर मरना नि। तेस पाँदे फेर मौत नि आऊणी। 10 जेबे मसीह मरी
गा, तो पापो खे एक ई बार मरी गा, पर एबे जो जिऊँदा ए, तो परमेशरो री
खातर जिऊँदा ए। 11 ईंयां ई तुसे बी आपणे आपू खे पापो खे मरे रा, पर
परमेशरो री खातर यीशु मसीह रे जिऊँदा समजो। 12 इजी खे पापी इच्छा
तुसा रे नाश ऊणे वाल़े शरीरो रे राज्य नि करो ताकि तुसे तेसरी इच्छा रे
अधीन रओ। 13 और ना आपणे शरीरो रे अंगा खे अधर्मो रा अथियार ऊणे
खे पापो खे सम्बाल़ो, पर आपणे आपू खे मरे रेया बीचा ते जी उठे रा जाणी
की आपणी जिन्दगी परमेशरो गे सम्बाल़ो और आपणे शरीरो रे अंगा खे तर्मो
रा अथियार ऊणे खे आपणी पूरी जिन्दगी परमेशरो गे सम्बाल़ी देओ। 14 तेबे
तुसा लोका पाँदे पापो रा कोई अक्क नि रणा। कऊँकि तुसे एबे बिधानो रे
साअरे नि जिऊँदे बल्कि परमेशरो री कृपा रे सआरे जिओ ए। 15 तो क्या
ऊआ? क्या आसे इजी री खातर पाप करिए कि आसे बिधानो रे अधीन निए,
बल्कि कृपा रे अधीन ए? कदी पनि। 16 तुसे जाणोए कि जेबे केसी री आज्ञा
मानणे खे तुसे आपणे आपू खे देई देओए और तेसरी आज्ञा खे मानोए तेबे
तुसे तेसरे गुलाम बणी जाओए। ये गुलामी चाए पापो री ओ जेतेरा नतीजा
मौत ए, चाए परमेशरो री ओ जेतेरी आज्ञा मानणे रा नतीजा धार्मिकता ए।
17 पर परमेशरो रा धन्यवाद ओ कि तुसे जो पापो रे दास थे, एबे मनो ते तेस
उपदेशो खे मानणे वाल़े ऊईगे, जेतेरे सखाए रे तुसे चले। 18 परमेशरो रे
जरिए पापो ते छुड़ाई की तर्मो रे दास ऊईगे। 19 आऊँ तुसा री शरीरो री
कमजोरिया री बजअ ते मांणूआ री रीतिया पाँदे बोलूँआ। जिंयाँ तुसे आपणे
शरीरो रे अंग अशुद्ध और कुकर्मो रे दास करी की सम्बाल़ेया था। तिंयाँ ई एबे
आपणे शरीरो रे अंग पवित्रता खे तर्मो रे दास करी की सम्बाल़ी देओ। 20
जेबे तुसे पापो रे दास थे, तेबे तर्मो री तरफा ते आजाद थे। 21 तुसे बुरे काम
कित्ते और एबे तुसे तिना गल्ला ते शर्मिंदा ओए। तिना सारे बुरे कामा ते तुसा
खे क्या फायदा ऊआ? कऊँकि तिना रा अंत तो मौत ए। 22 पर एबे पापो ते

आजाद ऊई की परमेशरो रे दास बणी की तुसा खे से फल मिलेया, जेते कि
पवित्रता मिलोई और तिजी रा अंत अनन्त जीवन ए। **(aiōnios g166)** **23**
कऊँकि पापो री मजदूरी तो मौत ए, पर परमेशरो रा बरदान आसा रे प्रभु
यीशु मसीह रे अनन्त जीवन ए। **(aiōnios g166)**

**7** ओ साथी विश्वासियो! आऊँ बिधानो खे जाणने वाल़ेया खे बोलूँआ, क्या
तुसे नि जाणदे कि जदुओ तक मांणू जिऊँदा रओआ, तदुओ तक ई तिना खे
बिधान मानणा पड़ोआ? **2** ब्यायी री जवाणस बिधानो रे मुताबिक आपणे
लाड़े रे जिऊँदे जिऊए, तेस साथे बंदी री रओई। पर जे लाड़ा मरी जाओ, तो
से लाड़े रा बिधानो ते जो तेसा खे तेसते बानी की राखोई छूटी जाओई। **3** जे
से आपणे लाड़े रे जिऊँदे जिऊए केसी ओरी मर्दो साथे रिश्ता बणाई लओ,
तो तेसा खे व्याभिचारिणी बोलोए। पर जे लाड़ा मरी जाओ, तो से तेसा
बिधानो ते छूटी गी, एथो तक कि से केसी ओरी मर्दो साथे ब्या करी लओगी,
तो तेबे व्याभिचारिणी नि ऊणी। **4** तो ओ साथी विश्वासियो! जेबे तुसे मसीह
साथे मरी गे तो तुसे बिधानो खे मरी गे। पर एबे तुसे मसीह रे मतलब जो मरे
रेया बीचा ते जिऊँदा ऊईगा बणी गे रे, ताकि आसे परमेशरो खे फल ल्याऊँ।
**5** जेबे आसे पापी शरीरो रे वशो रे थे, तो पापो री इच्छा, जो बिधानो ते थी,
मौता रा फल पैदा करने खे, आसा रे अंगा रे काम करो थी। **6** पर आसे
बिधानो खे मरी गे जेसरे बंदनो रे आसे पईले बंदी रे थे, एबे आसे बिधानो ते
छूटी गे। ईंयां आसे पुराणी लिखी रा बिधानो रे मुताबिक नि, बल्कि पवित्र
आत्मा रे मुताबिक नईया रीतिया ते परमेशरो री सेवा करूँए। **7** तो आसे क्या
बोलूँ? क्या बिधान पाप ए? कदी पनि, बल्कि बिना बिधानो ते आऊँ पापो खे
नि पछयाणदा। जे बिधान नि बोलदा, “लाल़च नि कर,” तो आऊँ ये नि
जाणदा कि लाल़च क्या ए। **8** पर पापे मौका पाई की आज्ञा रे जरिए मांदे
सब किस्मा रा लाल़च पैदा कित्तेया। कऊँकि बिना बिधानो ते पाप मुड़दा ए।
**9** एक बखत था जेबे आऊँ बिधानो खे नि जाणूं था और आँऊ जिऊँदा था।
पर जेबे मैं आज्ञा खे जाणेया तेबे मेरे पितरे पाप करने री इच्छा जागी और
आऊँ परमेशरो ते दूर ऊईगा। **10** सेई आज्ञा, जो जिन्दगी देणे खे थी, माखे
मौता री बजअ ऊई। **11** कऊँकि पापे मौका पाई की आज्ञा रे जरिए आऊँ
बईकाया, और तिजी साथे आऊँ कायी बी दित्तेया। **12** ईंयां आसे देखूँए कि

बिधान पवित्र ए और तिजी री आज्ञा पवित्र ए, ठीक ए और खरी ए। 13 तो
क्या बिधान जो अच्छा था, माखे मौत ऊई? कदी पनि। बल्कि पाप तेसा
खरी चीजे की माखे मौत पैदा करने वाल़ा ऊआ ताकि तेसरा पाप सामणे
आओ, और आज्ञा रे जरिए पाप बऊत जादा पापमय ठईरो। 14 आसे जाणूंए
कि बिधान तो आत्मिक ए। पर आऊँ सिर्फ एक माणूं ए और शरीर और पापो
री गुलामिया रे पूरिया तरअ ते बिकी रा। 15 और जो आऊँ करूँआ, से नि
जाणदा, कऊँकि जो आऊँ चाऊँआ, से नि करदा, पर जेतेते माखे नफरत
ओई, सेई करूँआ। 16 जे, जो आऊँ चांअदा नि, सेई करूँआ, तो आऊँ मानी
लऊँआ कि बिधान खरा ए। 17 तो एड़ी दशा रे तेसा खे करने वाल़ा आऊँ
निए, बल्कि पाप ए, जो मांदे बसी रा। 18 कऊँकि आऊँ जाणूंआ कि मांदे
मतलब मेरे पापी शरीरो रे कोई खरी चीज वास नि करदी। पले काम करने री
इच्छा तो मांदे आयी, पर खरे काम मांते नि ऊँदे। 19 कऊँकि जेस खरे कामो
री इच्छा आऊँ करूँआ, पर करी नि सकदा, पर जेसा बुराईया री इच्छा नि
करदा, सेई करूँआ। 20 पर जे आऊँ सेई करूँआ, जेतेरी इच्छा नि करदा, तो
से करने वाल़ा आऊँ नि रया, पर पाप, जो मांदे बसी रा। 21 ईंयां मेरा अनुभव
ये कि जेबे आँऊ खरा करने री इच्छा करूँआ, तो मांते बुरा काम ई ऊई
जाओआ। 22 आऊँ दिलो ते तो परमेशरो रा बिधानो ते बऊत खुश रऊँआ,
23 पर माखे आपणे शरीरो रे अंगा रे दूजा ई बिधान दिखोई, जो मेरी अक्ला
रा बिधानो ते लड़ोई और माखे पापो रा बिधानो रे बंदनो रे पाई देओई, जो मेरे
शरीरो रे अंगा रे ए। 24 आऊँ केड़ा बदनसीब मांणू ए। आऊँ एस शरीरो ते जो
मौत लयी की आओई केस छुड़ाणा? 25 आऊँ परमेशरो रा धन्यवाद करूँआ
जिने माखे प्रभु यीशु मसीह रे जरिए उद्धार दित्तेया। ईंयां तो आऊँ आपणी
अक्ला ते परमेशरो रे बिधानो राए, पर शरीरो ते पापो रे बिधानो रा इस्तेमाल
करूँआ।

**8** तो एबे जो यीशु मसीह रे ए, तिना पाँदे दण्डो री आज्ञा निए। कऊँकि सेयो
शरीरो रे मुताबिक नि, पर आत्मा रे मुताबिक चलोए। 2 पवित्र आत्मा तुसा
खे जिन्दगी देणी जो यीशु मसीह ते आओई। तेसा तुसे पाप और मौता ते
आजाद करी देणे। 3 कऊँकि जो काम मूसे रा बिधान आसा रे पापी शरीरो
रे सबाओ री बजअ ते कमजोर ऊई की नि करी सकी। से काम परमेशरे

कित्तेया। मतलब आपणे ई पुत्रो खे आसा जेड़ा पापी शरीरो री समानता रे
और आसा रे पापो री खातर बलिदान ऊणे खे पेजी की परमेशरे मसीह रे
शरीरो रे पापो पाँदे दण्डो री आज्ञा दित्ती। 4 कऊँकि बिधानो री बिधिया री
इच्छा आसा रे पापी शरीरो रे सबाओ रे मुताबिक नि, बल्कि पवित्र आत्मा रे
मुताबिक चलूँए, पूरी करी जाओ। 5 कऊँकि शारीरिक मांणू शरीरो री गल्ला
रे मन लगाओए, पर आध्यात्मिक पवित्र आत्मा री गल्ला पाँदे मन लगाओए।
6 शरीरो रे मन लगाणा तो मौत ए, पर आत्मा रे मन लगाणा जिन्दगी और
शान्ति ए। 7 कऊँकि शरीरो रे पापी सबाओ पाँदे मन लगाणा तो परमेशरो
साथे बैर राखणा ए। कऊँकि ना तो पापी सबाओ परमेशरो रा बिधानो रे
अधीन ए और ना ई ऊई सकोआ। 8 और जो लोक पापमय शारीरिक दशा रे,
सेयो परमेशरो खे खुश नि करी सकदे। 9 पर जबकि पवित्र आत्मा तुसा रे
बसोआ, तो तुसे पापी शरीरो रे सबाओ री दशा रे निए, बल्कि आत्मिक दशा
रे। जे केसी रे पवित्र आत्मा निए, तो से तेसरा जन निया। 10 और जे मसीह
तुसा रे ए, तो शरीर पापो री बजअ ते मरे राए, पर आत्मा तर्मो री बजअ ते
जिऊँदी ए। 11 और जे परमेशरो रा आत्मा, जिने प्रभु यीशु मरे रेया बीचा ते
जिऊँदा कित्तेया, तुसा रे बसी रा, तो जिने मसीह मरे रेया बीचा ते जिऊँदा
कित्तेया, से तुसा रे मरे रे शरीरो खे बी आपणे आत्मे की, जो तुसा रे बसी री,
जिऊँदा करोगा। 12 तो ओ साथी विश्वासियो, आसे शरीरो रे कर्जदार निए
कि शरीरो रे मुताबिक दिन काटिए। 13 कऊँकि जे तुसे शरीरो रे मुताबिक
दिन काटोगे, तो मरने, जे पवित्र आत्मा ते शरीरो रे पापी सबाओ रे कामो खे
मारोगे, तो जिऊँदे रणे। 14 कऊँकि जितणे लोक परमेशरो री आत्मा रे
मुताबिक चलोए, सेयो ई परमेशरो रे पुत्र ए। 15 कऊँकि तुसा लोका खे
गुलामिया री आत्मा नि मिली जेते कि फेर डरने लगो। बल्कि परमेशरो रा
आत्मा मिली रा जेबे तिने तुसे आपणे गोदी पुत्रो रे रूपो रे अपनाए। एबे आसे
तिना खे “ओ अब्बा, ओ पिता” करी की बुलाऊँए। 16 पवित्र आत्मा आपू ई
आसा री आत्मा साथे गवाई देओआ कि आसे परमेशरो री ल्वाद ए। 17 और
जे आसे ल्वाद ए, तो बारस बीए, बल्कि परमेशरो रे बारस और मसीह साथले
बारस ए। सिर्फ एक शर्त ए कि आसे मसीह साथे दु: ख उठाऊँए कि आसे
तेस साथे महिमा बी पाऊँ। 18 आऊँ समजूँआ कि एस बखतो रे दु: ख और

क्लेश, तेसा महिमा रे सामणे, जो आसा पाँदे प्रगट ऊणे वाली ए, कुछ
पनिए। 19 कऊँकि सृष्टि बड़ी उम्मीदा साथे परमेशरो री ल्वादा रे प्रगट ऊणे
री बाट न्यालने लगी री। 20 कऊँकि परमेशरे जो कुछ बी बणाया तिने सबी
चीजे आपणी अहमियत खोई ती, इने सबी चीजे आपणी अहमियत आपणी
इच्छा ते नि खोई बल्कि परमेशरे आपू एड़ा कित्तेया। पर एक उम्मीद ए 21
कि सृष्टि आपू ई नाशो रे बंदनो ते छुटकारा पाई कि, परमेशरो री ल्वादा री
महिमा री आजादिया खे प्राप्त ओ। 22 कऊँकि आसे जाणूंए कि सारी सृष्टि
एबुए तक जदुओ ते आदमे पाप करी राखेया मिली की करलाओई और पीड़ा
रे पड़ी की तड़फोई। 23 और बस सृष्टि ई नि पर आसे बी पितरे ई पितरे
करलाऊँए। आसा खे तो पवित्र आत्मा मिली चुकी रा जो परमेशरो री दया
रे दानो रा पईला फल ए। आसे बी बड़ी उम्मीदा साथे गोदीपुत्र ऊणे री,
मतलब-आपणे शरीरो रे छुटकारे री बाट न्यालदे रऊँए। 24 आसा खे उम्मीदा
रे जरिए ई उद्धार मिली रा। पर जेते चीजा री उम्मीद ओई, जेबे से देखणे खे
मिलो, तो फेर तिजी री उम्मीद नि करी जांदी। कऊँकि जेसा चीजा खे कोई
देखणे लगी रा, तो तिजी री उम्मीद कऊँ करनी? 25 पर जेसा चीजा खे आसे
देखदे नि, जे तिजी री उम्मीद राखूँए, तो सब्रो साथे तेसा खे नयालुं बी ए। 26
ईंयां ई पवित्र आत्मा बी आसा री मताद करोआ जेबे परमेशरो पाँदे आसा रा
विश्वास कमजोर ओआ। कऊँकि आसे नि जाणदे कि प्रार्थना किंयाँ करनी
चाईयो। पर पवित्र आत्मा आपू ई एड़िया आहें परी-परी की, जो बखाण नि
करी सकदे, आसा खे बिनती करोआ। 27 परमेशर जो आसा रे मनो खे
परखणे वाला ए, ये जाणोआ कि पवित्र आत्मा रा मकसद क्या ए। कऊँकि
से पवित्र लोका खे परमेशरो री इच्छा रे मुताबिक बिनती करोआ। 28 आसे
जाणूंए कि जो लोक परमेशरो खे प्यार करोए, तिना खे सब गल्ला मिली की
पलाई पैदा करोईया, मतलब तिना खेई, जो तेसरी इच्छा रे मुताबिक बुलाई
राखे। 29 कऊँकि जो परमेशरे पईले तेई चुणी लये रे, सेयो पईले तेई ठराई
बी राखे कि तेसरे पुत्रो जेड़े ओ, ताकि से सारे बच्चेया बीचे जेठा ओ। 30 फेर
जो परमेशरे पईले ते चुणी राखे, सेयो बुलाए बी और जो बुलाए, सेयो तर्मी
बी ठराई राखे और जो तर्मी ठराए, तिना खे महिमा बी देई राखी। 31 इना
सबी गल्ला खे त्यानो रे राखदे ऊए आसे एते नतीजे पाँदे पऊँछुए कि जे

परमेशर आसा री तरफा खे आया, तो आसा रा बिरोदी कुण ऊई सकोआ?
32 परमेशरे जिने आपणा एकलौता पुत्र पनि राखी छाडेया, पर आसा पाँदे
कृपा करी की से आसा सबी खे देईता। तो इतणा देणे ते बाद, तेस आसा खे
आपणे पुत्रो साथे सब कुछ कऊँ नि देणा? 33 परमेशरो रे चुणे रेया पाँदे दोष
केस लगाणा? परमेशर ईए जो, तिना खे तर्मी ठराणे वाल़ा ए। 34 आसा पाँदे
कुण दोष लगाई सकोआ? कोई बी नि। कऊँकि से यीशु मसीह ईए जिने
आपणा प्राण आसा रिया तंईं देईता और तिजी ते बाद मुड़देया बीचा ते
जिऊँदा बी ऊईगा और परमेशरो रे दाँणे कनारे ए और आसा री खातर बिनती
बी करोआ। 35 कुण आसा खे मसीह रे प्यारो ते लग करी सकोआ? क्या
क्ल़ेश, संकट, उपद्रव, अकाल़, नांगापण, खतरा या तलवार? 36 जेड़ा कि
पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, "ताखे आसे पुरे दिन घात करे जाऊँए, आसे
फाटणे वाल़ी पेडा जेड़े गिणी राखे।" 37 पर इना सबी गल्ला रे आसे तेसरे
जरिए, जिने आसा खे प्यार कित्तेया, आसा गे उम्मीदा ते बी बढ़ी की जीत
ए। 38 कऊँकि माखे पक्का पता ए कि आसा खे परमेशरो रे प्यारो ते, जो
आसा रे प्रभु यीशु मसीह रे ए, कोई बी लग नि करी सकदा। ना मृत्यु, ना
जीवन, ना स्वर्गदूत, ना दुष्टात्मा, ना वर्तमान, ना भविष्य, ना सामर्थ, ना
ऊच्चा, ना डूगा और ना ई कोई सृष्टि।

**9** आऊँ मसीह रे सच बोलूँआ, चूठ नि बोलदा और मेरा विवेक बी पवित्र
आत्मा रे गवाई देओआ 2 कि माखे बऊत दु: ख ए और मेरा मन मेरे लोका
री खातर दु: खदा रओआ। 3 कऊँकि आऊँ एथो तक चाऊँ था कि आपणे
यहूदी पाईया खे, जो शरीरो ते मेरे टब्बरो रे ए, आपू ई मसीह ते श्रापित और
लग ऊई जांदा। 4 सेयो बी मां ई जेड़े इस्राएली लोक ए। सेयो लोक बी
परमेशरो रे चुणे रे गोदीपुत्र ए। परमेशरे आपणी महिमा तिना लोका पाँदे
प्रकट कित्ती। तिने तिना लोका साथे वाचा बानी और आपणा बिधान दित्तेया।
परमेशरो तिना लोका खे आपणी भक्ति करने खे और आपणा नौखा वादा
पाणे खे खास अक्क दित्तेया। 5 मशुर पूर्वज बी तिना रेईए और मसीह बी
शरीरो रे भावो ते तिना ई बीचा ते ऊआ। से परमेशर ए जो सबी पाँदे राज
करोआ तेसरी तारीफ जुगो-जुगो ऊँदी रओ। आमीन्। **(aiōn g165)** 6 फेर बी
ये नि समजणा चाईयो कि परमेशर आपणा बादा निबाणे रे असफल ऊईगा

रा। कऊँकि इस्राएलो रे वंशो रे जन्म लणे वाल़े सब लोक सच्चे इस्राएली
निए। 7 अब्राहमो रे वंशो रे जन्म लणे तेई सब परमेशरो री सच्ची ल्वाद नि
बणी जांदे। कऊँकि परमेशरे अब्राहमो खे बोलेया, "जिना इसहाको रे वंशो ते
जन्म लणा सेयो ई तेरे वंशो रे माने जाणे।" 8 इजी रा मतलब ये ए कि शरीरो
ते जम्मे रे परमेशरो री ल्वाद निए, पर वादे रे जरिए जम्मे रेई अब्राहमो रे
असली वंश गिणे जाओए। 9 कऊँकि वादे रा वचन ये ए, "आगले साल एस
बखते मां फेर आऊणा और सारा रे एक पुत्र ऊणा।" 10 और बस येई नि,
पर जेबे रिबका रे गर्भो रे एकी मर्द मतलब आसा रे पुर्वज इसहाको ते जुड़ुवा
बच्चे थे। 11 और एबुए तक ना बाल़क जमी रे थे और ना तिने कुछ पला या
बुरा कित्तेया रा था कऊँकि परमेशरो री इच्छा, जो तेसरे चुणे रे मुताबिक
ए, कर्मो री बजअ ते नि, पर बुलाणे वाल़ेया री बजअ ते बणी रओ। 12
तिने बोलेया, "जेठा छोटे रा दास ऊणा।" 13 जेड़ा पवित्रो शास्त्रो रे लिखी
राखेया, "मैं याकूबो खे प्यार कित्तेया, पर एसाव अप्रिय जाणेया।" 14 तो
कुछ काअटा निए और जे खाईये, तो कुछ फाईदा निए। 9 पर चौकस रओ,
एड़ा नि ओ कि तुसा री ये आजादी केथी कमजोरा खे ठोकरा री बजअ ऊई
जाओ। 10 कऊँकि जे कोई ताखे ज्ञानियो खे मूर्तिया रे मन्दरो रे रोटी खांदा
ऊआ देखो और से जो मनो ते कमजोर ओ, तो क्या तेसरा कमजोर मन तेते
हदा तक नि पटकी जाणा कि तेसरी मूर्तिया रे सामणे बलि कित्ती री चीजा खे
खाणे री इम्मत नि ऊई जाणी? 11 एसा रीतिया रे तेरे ज्ञानो री बजअ ते
से पाई जेसरा विश्वास कमजोर ए, जेसखे मसीह मरेया, नाश ऊई जाणा।
12 ईंयां विश्वासी पाईया रे खलाफ पाप करने और तिना रे विवेको खे जो
कमजोर ए चोट पऊँछाणे रे जरिए तुसे यीशु मसीह रे खलाफ पाप करोए।
13 इजी बजअ ते जे रोटी मेरे केसी विश्वासी पाईए खे ठोकर खुल़ाओ, तो
मां कदी बी केसी रीतिया ते मांस नि खाणा, एड़ा नि ओ कि आऊँ आपणे
विश्वासी पाईए खे ठोकरा री बजअ बणूँ। (aiōn g165)

9 आऊँ से सब कुछ करने खे आजाद ए जो आँऊ चाऊँआ। आऊँ एक प्रेरित
ए। मैं यीशुए खे जो म्हारा प्रभु ए देखी राखेया। मेरे ई जरिए तुसे मसीह पाँदे
विश्वास कित्तेया। 2 आऊँ ओरी री नजरा रे चाए प्रेरित नि बी ए तेबे बी तुसा
री तंईं तो प्रेरित ए। आँऊ सेईए जो तुसा बीचे सुसमाचार लयी की आया।
प्रभु यीशुए रे तुसा रा विश्वास साफ-साफ बताओआ कि आँऊ मसीह रा
प्रेरित ए। 3 जो लोक मेरी प्रेरिताईया रे बारे रे सवाल पूछोए तिना खे मेरा येई
जवाब ए! 4 बरनबास और माखे पक्के तौरो पाँदे प्रेरिता रे रूपो रे आपणे
कामो रे बदले खाणे-पीणे री चीजा लणे रा अक्क ए। 5 ओरी प्रेरिता और
प्रभुए रे पाई और पतरसो साई माखे बी मसीह पाँदे विश्वास करने वाळी
जवाणसा साथे ब्या करी कि आपू साथे लयी चलणे रा अक्क ए। 6 माखे
और बरनबासो खे बी ओरी प्रेरिता जेड़े पैसेया री मताद पाणे रा अक्क ए
और आसा खे आपणी जिन्दगी जिऊणे खे काम करने री जरूरत निए। 7
एड़ा कोई सिपाई निए जो आपणा ई पैसा खर्च करी की सिपाईए रा काम
करोआ। एड़ा कोई जिम्मीदार निए जो अँगूरा रा बगीचा लगाई की तिजी रा
फल नि खांदा ओ। एड़ा कोई मांणू निए जो डांगर पाळी की तिना रा दूद नि
पींदा ओ। 8 आऊँ इना गल्ला खे सिर्फ मांणूआ रे बिचारे रे आधारो पाँदे नि
बोलदा। मूसे रा बिधान बी येई गल्ला बोलोई। 9 कऊँकि मूसे रा बिधानो
रे लिखी राखेया, "खल्याणो रे जोड़े रे बखते चलदे ऊए बळदा रा मूँ नि
बानणा।" क्या परमेशर बळदा री ई चिन्ता करोआ? 10 या खास करी की
आसा खे बोलोआ। आ, आसा खेई लिखी राखेया, कऊँकि खरा ए कि डोरू
बाणे वाळा उम्मीदा साथे बाओ और खलयाणो रे पूए ते अन्न लग करने
वाळा फसला रा अक्कदार ऊणे री उम्मीद तो राखोआ। 11 जे आसे तुसा दे
आत्मिक बीज बाई राखे, तो क्या शारीरिक रोटिया री उम्मीद करनी कोई
बड़ी गल्ल ए? 12 जे ओरी रा तुसा पाँदे ये अक्क ए, तो क्या आसा रा
इजी ते जादा नि ऊणा? फेर बी आसे ये अक्क कामो रे नि ल्याए। पर सब
कुछ सईन करूँए, ताकि आसा री बजअ ते मसीह रे सुसमाचारो रे कोई
रुकावट नि ओ। 13 क्या तुसे नि जाणदे कि जो पवित्र चीजा री सेवा करोए,
सेयो मन्दरो ते खाओए और जो बेदिया री सेवा करोए, सेयो बेदिया साथे
अक्कदार ओए। 14 ईंयां ई प्रभुए री ये आज्ञा ए कि जो लोक सुसमाचारो रा

प्रचार करोए तिना री आऊँदणी सुसमाचारो ते ओ। 15 पर इना अधिकारा
बीचा ते मैं एकी रा बी कदी इस्तेमाल नि कित्तेया। ये गल्ला मैं इजी खे बी नि
लिखिया कि एड़ा कुछ मेरे बारे रे कित्तेया जाओ। बजाए इजी रे की कोई मांते
तेसा गल्ला खेई छीनी लओ जेतेरा माखे गर्व ए। इजी ते तो आँऊ मरी जाणा
ई खरा समजूँआ। 16 जे आऊँ सुसमाचार सुणाऊँ, तो इदे माखे कोई कमण्ड
करने री गल्ल निए। कऊँकि सुसमाचार सुनाणा माखे दित्ती री जिम्मेवारी ए
और जे आऊँ सुसमाचार नि सुणाऊँ, तो माखे हाय! 17 जे आऊँ आपणी
इच्छा ते ये काम करूँआ तो माखे तिजी री मजदूरी मिली जाणी। पर जे आऊँ
ये काम बिना इच्छा ते करूँआ जेते री जिम्मेवारी परमेशरे माखे देई राखी तो
आँऊ मजदूरिया री उम्मीद नि करी सकदा। 18 तो फेर मेरी कुण जी मजदूरी
ए? से ये कि आँऊ बिना कुछ लये सुसमाचारो रा प्रचार मुफ्तो रे करूँआ।
और सुसमाचारो ते जूड़े आपणे अक्को रा पुरा इस्तेमाल नि करदा। 19
हालाँकि आँऊ केसी रे बी अधीन निए फेर बी मैं आपणे आपू खे सबी रा दास
बणाईता रा कि आँऊ जादा ते जादा लोका खे मसीह गे खिंजी की ल्याऊँ।
20 आऊँ यहूदिया खे यहूदी बणेया ताकि, यहूदिया खे मसीह गे खिंजी की
ल्याऊँ। जो लोक बिधानो रे अधीन ए, तिना री खातर आऊँ बिधानो रे अधीन
ना ऊँदे ऊए बी बिधानो रे अधीन बणेया कि तिना खे जो बिधानो रे अधीन ए,
खिंजी की ल्याऊँ। 21 तिंयाँ ई जो लोक बिधानो रे अधीन निए तिना खे
मसीह गे ल्याऊणे खे तिना जेड़ा ई आऊँ बी बणीगा। हालाँकि मसीह रा
बिधानो रे अधीन ऊणे री बजअ ते आँऊ आपू परमेशरो रा बिधानो ते आजाद
निए। 22 आऊँ कमजोरा खे, कमजोर जा बणेया कि कमजोरा खे मसीह गे
खिंजी की ल्याऊँ, आऊँ सबी मांणूआ खे सब कुछ बणेया कि किंयाँ ना
किंयाँ कईया जणेया खे बचाऊँ। 23 आऊँ सब कुछ सुसमाचारो खे करूँआ,
ताकि ओरी साथे तिजी रा अक्कदार ऊई जाऊँ। 24 क्या तुसे नि जाणदे कि
दौड़ा रे तो सब दौड़ोए, पर इनाम एक ई लयी जाओआ? तुसे तेड़े ई दौड़ो,
ताकि जीती जाओ। 25 हर एक पईलवाण सबी किजी रा संयम करोआ,
सेयो तो एक मुरजाणे वाल़े मुकुटो खे पाणे री खातर इतणा सब करोए,
पर आसे तो तेस मुकुटो खे करूँए, जो मुरजाणा नि। 26 इजी री खातर
आऊँ तेस मांणूए जेड़ा दौड़ुंआ, जेसरे सामणे एक लक्ष्य ए, आऊँ अवा रे

मुक्के नि बाँदा। 27 आऊँ आपणे शरीरो खे बाऊँआ और कुटुँआं और बसो
रे ल्याऊँआ, एड़ा नि ओ कि ओरी खे प्रचार करी की आऊँ आपू ई केसी
रीतिया ते नकम्मा ठईरूँ।

**10** ओ साथी विश्वासियो, आऊँ चाऊँआ कि तुसे लोक तिना गल्ला खे याद
करो कि आसा रे सब बाप-दादे बादल़ो ते थाले थे और सब के सब समुद्रो रे
बीचा ते पार ऊईगे 2 आसे ये बोली सकूँए कि जिंयाँ आसे प्रभु यीशुए रे
विश्वासी ऊणे खे बपतिस्मा लया तिंयाँ ई तिने लोके बी बादल़ो रे और समुद्रो
रे मूसे रा बपतिस्मा लया। 3 और सबी एक ई आत्मिक रोटी खाई। 4 और
सबी एक ई आत्मिक पाणी पिया, कऊँकि सेयो तेसा आत्मिक चट्टानी ते
पियो थे, जो तिना साथे-साथे चलो थी और से चट्टान मसीह था। 5 पर
परमेशर तिना बीचा ते कई जणेया ते खुश नि ऊआ, इजी री बजअ ते सेयो
सुनसाण जगा रे मरी गे। 6 यो सब गल्ला आसा खे चेतावणी ए कि जेड़ा
आसा रे बाप-दादेया लाल़च कित्तेया, तेड़ा आसे बुरी चीजा रा लाल़च नि करुँ
7 और ना तुसे मूर्तिया खे पूजणे वाल़े बणो, जेड़ा कि तिना बीचा ते कई जणे
बणी गे थे, जेड़ा पवित्र शास्त्रो लिखी राखेया, “लोक खाणे-पीणे बैठे और
खेलणे-कूदणे ऊठे।” 8 ना आसे व्याभिचार करुँ, जेड़ा तिना बीचा ते कई
जणे कित्तेया, और एकी दिनो रे तेई हजार लोक मरी गे। 9 ना ई आसा
खे प्रभु परखणा चाईयो, जेड़ा तिना बीचा ते कई जणे कित्तेया और सापो
रे जरिए नाश कित्ते। 10 ना ई तुसे कुड़कुड़ाओ, जिंयाँ तिना बीचा ते कई
जणे कुड़कुड़ाए और नाश करने वाल़े स्वर्गदूतो रे जरिए नाश कित्ते 11 पर
तिना पाँदि बीती रिया सेयो सारिया गल्ला चिह्न थिया और सेयो आसा री
चेतावणिया खे लिखी राखिया जो दुनिया रे आखरी बखतो रे रओए। (aiōn
g165) 12 इजी री खातर जो ये समजोआ कि आऊँ विश्वासो रे मजबूत ए, से
चौकस रओ। केथी एड़ा नि ओ कि रूड़ी जाओ। 13 तुसे केसी एड़ी परीक्षा रे
नि पड़े, जो मांणूआ रे सईणे ते बारे ओ। पर परमेशर विश्वासो जोगा ए और
तेस तुसे सामर्था ते बारे परीक्षा रे नि पड़ने देणे, बल्कि परीक्षा साथे-साथे
तिजी ते बचणे री बाट बी परमेशरो तुसा खे देणी, ताकि तुसे सईन करी
सको। 14 इजी बजअ ते ओ मेरे साथी विश्वासियो, मूर्तिपूजा ते बचे रे रओ।
15 आऊँ अक्लमंद जाणी की तुसा खे बोलूँआ तिजी रे बारे रे सोचो कि से

ठीक ए कि नि। 16 से धन्यवादो रा कटोरा, जेस पाँदे आसे धन्यवाद करुँए,
क्या आसा खे मसीह रे खूनो दे साजेदार नि बणांदा? से रोटी जो आसे
तोड़ुएं, क्या आसा खे मसीह रे शरीरो दे साजेदार नि बणांदा? 17 कऊँकि
एक ई रोटी ए, तो आसे बी जो बऊत ए, एक शरीर ए, कऊँकि आसे सब
तेसा एक ई रोटिया रे इस्सेदार ओऊँए। 18 जो शरीरो ते तो इस्राएली ए,
तिना री रवाजा खे देखो। जेबे सेयो लोक बेदिया पाँदे चढ़ाई री बलिया खे
खाओए तो सेयो परमेशरो री आराधना रे इस्सेदार बणी जाओए। ईंयां ई जो
लोक मूर्तिया पाँदे चढ़ाई राखी रोटी खाओए तो सेयो मूर्तिया री पूजा रे बी
इस्सा लओए। 19 फेर मेरे बोलणे रा क्या मतलब ए? क्या ये कि मूर्तिया रे
आगे कित्तेया रा बलिदान कुछ आए, या मूर्ति कुछ आए? ना। 20 बल्कि ये
कि दूजी जाति जो मूर्तिया खे बलिदान करोई, से परमेशरो खे निए, पर
दुष्टात्मा खे बलिदान करोए और आऊँ नि चांदा कि तुसे दुष्टात्मा रे सहभागी
ओ। 21 तुसे प्रभुए रे कटोरे और दुष्टात्मा रे कटोरे, दूँईं ते नि पी सकदे। तुसे
प्रभुए री मेज और दुष्टात्मा री मेज, दूँईं रे साजे नि ऊई सकदे। 22 जे तुसे
लोक एड़ा करोए तो पक्का ई प्रभुए खे रोष दलाऊँए। याद राखो कि तुसे
प्रभुए ते बढ़ी की तागतबर निए? 23 जे तुसा बीचा ते कोई ये बोलो, "माखे
सब कुछ करने री जाज़त ए" पर सब कुछ तुसा खे ठीक निया। तुसे बोलोए,
"माखे सब कुछ करने री जाज़त ए," पर सब कुछ फाईदे रा निए। 24 कोई
आपणी ई पलाईया खे नि टोल़ो, बल्कि ओरी री बी। 25 जो कुछ कसाईया रे
गे बिकोआ, से खाओ और विवेको री बजअ ते कुछ नि पूछो। 26 पवित्र
शास्त्र बोलोआ, "कऊँकि तरती और तरतिया रे जो कुछ बी ए सब कुछ
प्रभुए रा ईए।" 27 जे अविश्वासिया बीचा ते कोई तुसा खे निऊँदा देओ और
तुसे जाणा चाओए, तो जो कुछ तुसा सामणे राखेया जाओआ सेई खाओ
और विवेको री बजअ ते कुछ नि पूछो। 28 पर जे कोई तुसा खे बोलो कि ये
तो मूर्तिया खे बलि कित्ती री चीज ए, तो तेस बताणे वाल़े री बजअ ते और
विवेको री बजअ ते नि खाओ। 29 मेरा मतलब, तुसा रे आपणे विवेको ते
निए पर दूजे मांणूए रे विवेको ते ए। मेरी आजादी कऊँ केसी दूजे मांणूए री
बजअ ते परखी जाओ। 30 जे आऊँ धन्यवादो री प्रार्थना करी की रोटिया रे
साजा ओऊँआ, तो मां पाँदे दोष कऊँ लगाया जाओआ। जेतेखे मैं परमेशरो

रा धन्यवाद करी राखेया। 31 तो तुसे चाए खाओ, चाए पियो, चाए जो कुछ
करो, सब कुछ परमेशरो री महिमा खे करो। 32 तुसे ना तो यहूदी और ना
दूजी जातिया खे और ना ई परमेशरो री मण्डलि़या खे ठोकरा री बजअ बणो।
33 आऊँ बी सबी गल्ला रे सबी खे खुश राखणे री कोशिश करूँआ और आँऊ
आपणे पले नि, पर ओरी रे पले रा त्यान राखूँआ ताकि सेयो उद्धार पाओ।

**11** जेड़ा आऊँ मसीह री जी चाल चलूँआ, तुसे मेरी जी चाल चलो। 2 आऊँ
तुसा खे सराऊँआ कि सबी गल्ला रे तुसे माखे याद करोए और जो शिक्षा मैं
तुसा खे देई राखी, तिजी रा सावदानिया साथे पालण करदे रओ। 3 पर आऊँ
चाऊँआ कि तुसे एसा गल्ला खे जाणी लो कि हर एकी मर्दो रा सिर मसीह ए
और जवाणसा रा सिर मर्द ए और मसीह रा सिर परमेशर ए। 4 जो मर्द सिर
टकी की प्रार्थना और भविष्यबाणी करोआ, से मसीह री बेज्जती करोआ जो
कि तेसरा सिर ए। 5 पर जो जवाणस क्वाड़े सिरे प्रार्थना या भविष्यबाणी
करोई, से आपणे लाड़े री बेज्जती करोई जो कि तेसा रा सिर ए, कऊँकि से
गँजी ऊणे रे बराबर ए। 6 जे जवाणस चादरु नि टखो, तो बाल़ बी कटाई लो,
जे जवाणसा खे बाल़ कटवाणा या सिर गँजा करना शर्मा री गल्ल ए, तो
चादरु टखो। 7 आ, मर्दो खे आपणा सिर टकणा ठीक निए, कऊँकि मर्द
परमेशरो रे रूपो रे बणाई राखेया और से तेसरी महिमा ए, ईंयां ई जवाणस बी
मर्दो री महिमा खे दखाओई। 8 कऊँकि पईला मर्द आदम जवाणसा ते नि
ऊआ, पर पईली जवाणस हव्वा मर्दो ते ऊई। 9 और मर्द जवाणसा खे नि
बणाया, पर जवाणस मर्दो री तंईं बणाई राखी। 10 इजी री खातर इजी
बजअ ते और स्वर्गदूता री बजअ ते जवाणसा खे ठीक ए कि से आपणी
अधीनता दखाणे खे आपणे सिरो खे टकी की राखो। 11 तेबे बी प्रभुए रे ना
तो जवाणस बिना मर्दो ते और ना मर्द बिना जवाणसा ते ए। 12 कऊँकि
जिंयाँ जवाणस मर्दो ते आई, तिंयाँ ई एबे हर मर्द रा जन्म जवाणसा ते ओआ
और सब चीजा परमेशरो ते आओईया। 13 तुसे आपू ई सोचो कि क्या
जवाणसा खे क्वाड़े सिरे परमेशरो ते प्रार्थना करना खरी गल्ल ए? 14 क्या
कुदरती तौरो पाँदे तुसे नि जाणदे कि जे मांणू लांबे बाल़ राखो, तो तेसखे
बेज्जतिया री गल्ल ए। 15 पर जे जवाणस लांबे बाल़ राखो तो तेसा खे
शोभा ए, कऊँकि बाल़ तेसा खे टखणे खे देई राखे। 16 पर जे कोई बईस

करना चाओ, तो ये जाणी लो कि ना म्हारी और ना परमेशरो री मण्डलि़या
री एड़ी रवाज ए। 17 ये आज्ञा देंदे ऊए आऊँ तुसा खे नि सरांदा, कऊँकि
आराधना सभा रे तुसा रे कट्ठे ऊणे ते पलाई निए, पर नुकशाण ओआ। 18
कऊँकि पईले तो आऊँ ये सुणूँ था कि जेबे तुसे मण्डलि़या रे आराधना खे
कट्ठे ओए, तो तुसा रे फूट ओई और आऊँ कुछ-कुछ विश्वास बी करूँआ। 19
तुसा लोका रे फूट ऊणा तो एकी तरअ ते जरूरी ए ताकि ये साफ ऊई जाओ
कि तुसा बीचे कुण लोक खरे चाल-चलणो रे चलोए। 20 जेबे तुसे लोक एकी
जगा रे कट्ठे ओए तो सच्ची तुसा री दिलचस्पी प्रभु भोजो रे नि ऊँदी। 21
कऊँकि खाणे रे बखते एकी-दूजे ते पईले केसी खे न्याले़ बगैर आपणी रोटी
खाई लओआ, तो कोई तो पूखा रओआ और कोई मतवाला़ ऊई जाओआ।
22 क्या खाणे-पीणे खे तुसा रे कअर निए? या परमेशरो री मण्डलि़या खे
तुच्छ जाणोए और जिना गे अया नि तिना खे शर्मिंदा करोए? आऊँ तुसा खे
क्या बोलूँ? क्या एते गल्ला रे तुसा री तारीफ करुँ? ना! आऊँ एसा गल्ला रे
तुसा री बिल्कुल बी तारीफ नि करदा। 23 जो शिक्षा मैं तुसा खे दित्ती थी ये
सेई शिक्षा ए जो माखे प्रभुए ते मिली री और मैं तुसा गे बी पऊँछाई ती कि
प्रभु यीशुए, जेस राती पकड़वाऊआ, रोटी लयी 24 और धन्यवाद करी की
तोड़ी और बोलेया, "ये मेरा शरीर ए, जो तुसा खे ए, मेरी यादा रे येई करेया
करो।" 25 ईंयां ई तिने रोटिया ते बाद कटोरा बी लया और बोलेया, "ये
कटोरा मेरे खूनो रे जरिए कित्ती री नयी वाचा ए, जेबे कदी पियो, तो मेरी
यादा रे येई करेया करो।" 26 कऊँकि जेबे कदी तुसे ये रोटी खाओए और
एस कटोरे बीचा ते पियोए, तो प्रभुए री मौता खे, जदुओ तक से नि आओ,
प्रचार करोए। 27 इजी री खातर जो कोई अनुचित रीतिया ते प्रभुए री रोटी
खाओआ या तेसरे कटोरे बीचा ते पियोआ, से प्रभुए रे शरीर और खूनो रा
अपराधी ठईरना। 28 इजी री खातर मांणू आपणे आपू खे परखी लो और
इजी रीतिया ते इजी कटोरे ते खाओ और इजी कटोरे ते पियो। 29 कऊँकि
जो खांदे-पींदे बखते प्रभुए रे शरीरो खे नि पछयाणो, से एस खाणे और पीणे
ते आपू पाँदे दण्ड ल्याओआ। 30 इजी बजअ ते तुसा बीचा ते बऊत कमजोर
और रोगी ए और बऊत सारे तो मरी बी गये। 31 जे आसे आपणे आपू खे
परखदे, तो परमेशरो आसा खे दण्ड नि देणा। 32 पर प्रभु आसा खे दण्ड देई

की आसा री ताड़ना करोआ, ताकि आसे दुनिया साथे दोषी नि ठईरूँ। 33
इजी री खातर ओ मेरे साथी विश्वासियो, जेबे तुसे प्रभु भोज खाणे खे कट्ठे
ओए, तो एकी-दूजे खे रुकेया करो 34 जे कोई पूखा ओ, तो आपणे कअरे
खाई लो, जेते साथे तुसा रा कट्ठा ऊणा दण्डो री बजअ नि बणो और बाकि
गल्ला आऊँ आयी की ठीक करी देऊँगा।

12 ओ साथी विश्वासियो, आँऊ चाऊँआ कि तुसे लोक पवित्र आत्मा रे
जरिए दित्ते रे आत्मिक बरदानो रे बारे रे ठीक-ठीक समजी लओ। 2 तुसे
जाणोए कि जेबे तुसे प्रभुए पाँदे विश्वास नि करो थे तो तेबे गूँगिया मूर्तिया
पीछे जिंयाँ चलाए जाओ थे तिंयाँ ई चली पड़ो थे। 3 इजी री खातर आऊँ
तुसा खे समजयाणा चाऊँआ कि जो कोई परमेशरो री आत्मा री अगुवाईया
ते बोलोआ, से नि बोलदा कि यीशु स्रापित ए और सिर्फ पवित्र आत्मा ई
केसी खे ये बोलणे जोगा बणाओआ, "यीशु ई प्रभु ए।" 4 आत्मिक बरदान
तो कई प्रकारा रे ए, पर आत्मा एक ईए 5 और सेवा बी कई प्रकारा री
ए, पर प्रभु एक ईए 6 परमेशर कई तरीके ते आसा री जिन्दगिया रे काम
करोआ पर परमेशर एक ईए, जो आसा सबी रे जरिए काम करोआ। 7
परमेशर आसा सबी खे आत्मिक बरदान देओआ ताकि आसे एकी दूजे री
सेवा करी सकिए। 8 परमेशरो री आत्मा एकी मांणूए खे बुद्धिया साथे परेया
रा संदेश बोलणे री योग्यता देओआ और सेई आत्मा केसी दूजे मांणूए खे
ज्ञानो रे मुताबिक संदेश बोलणे री योग्यता देओआ। 9 सेई आत्मा केसी
मांणूए खे मसीह रे विश्वास करने री योग्यता देओआ और केसी खे तेसी ई
आत्मा ते चंगा करने रा बरदान दित्तेया जाओआ। 10 सेई आत्मा केसी खे
सामर्था रे काम करने री शक्ति और केसी खे भविष्यबाणी करने री योग्यता
देओआ। फेर केसी ओरी खे तिजी खे परखणे री योग्यता देओआ कि से
वचन परमेशरो री आत्मा री तरफा तेआ या दुष्टात्मा री तरफा तेआ। फेर
केसी ओरी खे कई प्रकारा री पाषा बोलणे री योग्यता देओआ और केसी
ओरी खे तेसा पाषा रा मतलब बताणे री योग्यता देओआ। 11 ये सारे बरदान
एक ई आत्मा रा काम ए। से आपणी इच्छा रे मुताबिक हर मांणूए खे लग-
लग बरदान देओआ। 12 कऊँकि जिंयाँ शरीर तो एक ए और तिजी रे अंग
बऊत ए और तेस एक शरीरो रे सब अंग, बऊत ऊँदे ऊए बी, सब मिली की

एक ईए, तिंयाँ ई मसीह बीए। 13 कऊँकि आसे सबी क्या यहूदी, क्या दूजी
जाति, क्या दास, क्या आजाद एक ई आत्मा रे जरिए, एक शरीर ऊणे री तंईं
बपतिस्मा लया और आसा सबी खे एक ई आत्मा पल़याया। 14 शरीरो रे
एक ई अंग नि, बल्कि बऊत अंग ए। 15 जे पैर बोलो, "आऊँ आथ निए, तेबे
आँऊ शरीरो रा अंग निए," तो क्या तेसरे एड़ा बोलणे ते से शरीरो रा अंग नि
रंदा? 16 जे कान बोलो, "आऊँ आखी रा निए, तेबे आँऊ शरीरो रा अंग
निए," तो क्या तेसरे एड़ा बोलणे ते से शरीरो रा अंग नि रंदा? 17 जे सारा
शरीर आखी रा ई ऊँदा, तो सुणना केथो ते था? जे सारा शरीर कानो रा ई
ऊँदा, तो सिंगणा केथो ते था? 18 पर सच्ची परमेशरे अंग आपणी इच्छा रे
मुताबिक एक-एक करी की शरीरो रे राखी राखे। 19 जे सेयो सारे एक ई अंग
ऊँदे, तो शरीर केथा ऊँदा? 20 पर एबे अंग तो बऊत सारे ए, पर शरीर एक
ईए। 21 आख आथो खे नि बोली सकदी, "माखे तेरी कोई जरूरत निए।" ना
सिर पैरो ते बोली सकदा, "माखे तेरी कोई जरूरत निए।" 22 पर शरीरो रे
सेयो अंग, जो ओरी ते कमजोर लगोए, बऊत ई जरूरी ए। 23 शरीरो रे जिना
अंगा खे आसे आदरो जोगा नि समजदे, तिना खेई आसे जादा आदर देऊँए,
और गुप्त अंगा रा खास त्यान राखदे ऊए तिना खे आसे टकी की राखूँए, 24
तेबे बी म्हारे आदरो जोगे अंगा खे खास देख-पाल़ो री जरूरत निए। पर
परमेशरे शरीर एड़ा बणाईता कि जेस अंगो खे आदरो री कमी थी, तिजी रा ई
ओर बी आदर ओ। 25 ताकि शरीरो रे फूट नि पड़ो, बल्कि अंग एकी-दूजे री
बराबर चिन्ता करो। 26 तेबेई तो जेबे एकी अंगो खे दु: ख ओआ, तो सारे
अंगा खे तिजी साथे दु: ख ओआ। जे एकी री तारीफ ओई, तो तिजी साथे
सारे अंग खुशी मनाओए। 27 ईंयां ई तुसे सारे मिली की मसीह रा शरीर ए
और लग-लग तेसरे अंग ए। 28 मसीह रे एस शरीरो रे परमेशरे लग-लग मांणू
नियुक्त करी राखे, पईले प्रेरित, दूजे भविष्यबक्ता, तीजे गुरू, तेबे सामर्था रे
काम करने वाल़े, तेबे ठीक करने वाल़े, तेबे उपकार करने वाल़े, तेबे प्रदान
और कई प्रकारा रिया पाषा बोलणे वाल़े। 29 क्या सारे प्रेरित ए? क्या सारे
भविष्यबक्ता ए? क्या सारे उपदेशक ए? क्या सारे सामर्था रे काम करने वाल़े
ए? 30 क्या सबी खे ठीक करने रा बरदान ए? क्या सारे कई प्रकारा रिया

पाषा बोलोए? क्या सारे अनुवाद करोए? 31 तुसे बड़े ते बड़े बरदानो री धुना
रे रओ, पर आऊँ तुसा खे ओर बी सबी ते खरी बाट बताऊँआ।

13 जे आऊँ मांणूआ रिया और स्वर्गदूता रिया पाषा बोलूँ और प्यार नि
राखूँ, तो आऊँ ठणठणादा ऊआ पीतल़ और छणछण करदी ऊई झांजर ए।
2 जे आऊँ भविष्यबाणी करी सकूँ और सारे पेत और सब प्रकारा रे ज्ञानो खे
समजूँ और माखे एथो तक विश्वास ओ कि आऊँ पाह्ड़ो खे टाई सकूँआ,
पर प्यार नि राखूँ, तो आऊँ कुछ पनिए। 3 जे आऊँ आपणी सारी सम्पति
कंगाल़ा खे खुल़ाई देऊँ या आपणा शरीर फूकणे खे देई देऊँ और प्यार नि
राखूँ, तो माखे कुछ बी फाईदा निए। 4 प्यार सब्रखोर ए और कृपा करने
वाल़ा ए। प्यार जल़न नि करदा, प्यार आपणी तारीफ नि करदा और कमण्ड
नि करदा। 5 प्यार अनुचित रीतिया ते नि चलदा, से आपणी पलाई नि चांदा,
प्यारो रे चट गुस्सा नि आऊँदा, बुरा नि मानदा। 6 प्यार कुकर्मो ते खुश नि
ऊँदा, पर सच्चो ते खुश ओआ। 7 प्यार सारिया गल्ला सईन करी लओआ,
सारिया गल्ला रा विश्वास करोआ, सबी गल्ला री उम्मीद राखोआ, सबी
गल्ला रे सब्र राखोआ। 8 प्यार कदी टल़दा नि, भविष्यबाणिया ओ तो, खत्म
ऊई जाणिया, पाषा ओ तो खत्म ऊई जाणिया, ज्ञान ओ तो मिटी जाणा। 9
कऊँकि आसा रा ज्ञान आदा-अदुरा ए और आसा री भविष्यबाणी बी अदुरी
ए। 10 पर जेबे सर्वसिद्ध आऊणा, तो अदुरा मिटी जाणा। 11 जेबे आऊँ
बाल़क था, तेबे आऊँ बाल़को जेड़ा बोलूँ था, बाल़का जेड़ा मन था, बाल़का
जेड़ी समज थी, पर जेबे स्याणा ऊईगा, तेबे बाल़का रिया गल्ला छाडी तिया।
12 एबे आसा खे शीशे रे तुन्दल़ा जा दिखोआ, पर तेस बखते आमणे-सामणे
देखणा। एस बखते मेरा ज्ञान आदा-अदुरा ए पर तेस बखते मेरा ज्ञान तेड़ा ई
ऊणा जेड़ा एस बखते मेरे बारे रे परमेशरो राए। 13 पर एबे विश्वास, उम्मीद,
प्यार यो तीनो स्थाई ए, पर इना बीचे सबी ते बड़ा प्यार ए।

14 एकी-दूजे ते प्यारो खे हर तरअ ते कोशिश करो। आत्मिक बरदानो री बी
धुना रे रओ, खास करी की ये कि भविष्यबाणी करो। 2 कऊँकि जो दुजिया
पाषा रे गल्ल करोआ, से मांणूआ साथे नि, बल्कि परमेशरो साथे गल्ला
करोआ। तेबेई तो तेसरी गल्ला केसी खे बी समज नि आँऊदिया, कऊँकि से
पेतो रिया गल्ला पवित्र आत्मा रे उई की बोलोआ। 3 पर जो भविष्यबाणी

करोआ, से ओरी ते तरक्की, उपदेश और सब्रो री गल्ला करोआ। 4 जो
दुजिया पाषा रे गल्ला करोआ, से आपणे ई विश्वासो खे मजबूत करोआ, पर
जो भविष्यबाणी करोआ, से मण्डल़िया रे विश्वासिया रे विश्वासो खे मजबूत
करोआ। 5 आऊँ चाऊँआ कि तुसे सारे दुजिया पाषा रे गल्ला करो, पर
जादा ये चाऊँआ कि भविष्यबाणी करो। कऊँकि जे दूजी पाषा बोलणे वाल़ा
मण्डल़िया री तरक्किया खे अनुवाद नि करो, तो भविष्यबाणी करने वाल़ा
तेसते बड़ा ए। 6 इजी री खातर ओ साथी विश्वासियो, जे आऊँ तुसा गे आयी
की दुजिया पाषा रे जपूँ तो मेरिया गल्ला ते तुसा खे क्या फाईदा ऊणा? पर
जे आँऊ परमेशरो रे जरिए दित्तेया रा प्रयासा, ज्ञान, भविष्यबाणी या उपदेशो
रिया गल्ला तुसा साथे करुँ तो इजी ते तुसा खे जरूर फाईदा ऊणा। 7 ईंयां
जे निर्जीव चीजा बी, जिना री छेड़ निकल़ोई, जिंयाँ बंसरी या बीन, जे तिना
री आवाजा रे फर्क नि ओ, तो जो फूकेया या बजाया जाओआ, से किंयाँ
पछयाणना? 8 जे तुरहिया री आवाज साफ नि ओ, तो लड़ाईया खे केस
त्यारी करनी? 9 ईंयां ई जे तुसे जीबा ते साफ गल्ला नि बोलो, तो जो कुछ
बोलेया जाओआ, से किंयाँ समजणा? तुसे तो अवा साथे गल्ला करने वाल़े ई
ऊणे। 10 दुनिया रे चाए कितणिया ई प्रकारा रिया पाषा कऊँ नि ओ, पर
तिना बीचा ते हर एक पाषा रा आपणा मतलब ओआ। 11 पर जे आऊँ केसी
गल्ला रा मतलब नि समजूँ, तो बोलणे वाल़े री नजरा रे परदेशी लगणा और
बोलणे वाल़ा मेरी नजरा रे परदेशी ऊणा। 12 तुसा लोका रे बारे रे बी येई
गल्ला सच ए। तुसे लोक आत्मिक बरदानो री धुना रे रओए, तो एड़े बरदान
पाणे री कोशिश करो जेते की मण्डल़िया री तरक्की ओ। 13 इजी बजअ ते
जो दूजी पाषा बोलो, तो से प्रार्थना करो कि तिजी रा अनुवाद बी करी सको।
14 तेबे जे आऊँ दुजिया पाषा रे जपूँ, तो मेरी आत्मा प्रार्थना करोई, पर मेरा
दमाक काम नि करदा। 15 तो क्या करना चाईयो? मां आत्मा ते बी प्रार्थना
करनी और दमाको ते प्रार्थना करनी। आत्मा ते बी गाणा और दमाको ते बी
गाणा। 16 नई तो जे तूँ आत्मा तेई धन्यवाद करेगा, तो तेबे अज्ञानिया तेरे
धन्यवादो पाँदे आमीन् किंयाँ बोलणा? कऊँकि से तो जाणदा नि कि तूँ क्या
बोलणे लगी रा। 17 तूँ तो ठीक-टंगो रे धन्यवाद करेया, पर दूजेया री तरक्की
नि ऊँदी। 18 आऊँ आपणे परमेशरो रा धन्यवाद करूँआ कि आऊँ तुसा सबी

ते जादा दुजिया पाषा रे बोलूँआ। 19 पर मण्डलि़या रे दुजिया पाषा रे दस
ह्जार गल्ला बोलणे ते, माखे ये ओर बी खरा लगोआ कि ओरी खे सिखाणे
री तंईं अक्ला ते पाँज ई गल्ला बोलूँ। 20 ओ साथी विश्वासियो, तुसे समजणे
रे बाल़क नि बणो, पर तेबे बी बुराईया रे बाल़क रओ, पर समजणे रे स्याणे
बणो। 21 पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, "मां दुजिया पाषा बोलणे वाल़ेया रे
जरिए और पराए मुंओ रे जरिए इना लोका साथे गल्ला करनिया, तेबे बी तिना
मेरी नि सुणनी। प्रभु बोलोआ।" 22 तेबेई तो दुजिया पाषा रे गल्ला करनिया
विश्वासिया खे निए, बल्कि अविश्वासिया खे चिह्न ए और भविष्यबाणी करनी
अविश्वासिया खे निए, बल्कि विश्वासिया खे चिह्न ए। 23 तेबे जे मण्डल़ी एकी
जगा रे कट्ठे ओ और सब के सब दूजी पाषा बोलो, तेबे जो लोक एसा पाषा
खे नि समजदे या अविश्वासी लोक पीतरे आयी जाओ, तो क्या तिना तुसा खे
पागल नि बोलणा? 24 पर जे सारे भविष्यबाणी करने लगो, तेबे जो लोक
इजी खे नि समजदे या अविश्वासी मांणू पीतरे आयी जाओ, तो सबी से दोषी
ठराणा और परखी लणा, 25 और तेसरे मनो रे पेत सामणे आयी जाणे और
तेबे तेस मुंओ रे पारे पड़ी की परमेशरो गे माथा टेकणा और तेस मानी लणा
कि सच्ची परमेशर तुसा बीचे ए। 26 ओ साथी विश्वासियो, सुणो, क्या करना
चाईयो? जेबे तुसे आराधना करने खे कट्ठे ओए, तो हर एकी रे दिलो रे,
पजन, उपदेश, दूजी पाषा, प्रयासा और दुजिया पाषा रा मतलब बतांदे रणा
चाईयो। सब कुछ आत्मिक तरक्किया खे ऊणा चाईयो। 27 जे दुजिया पाषा
रे गल्ला करनिया ओ, तो दो-दो या बऊत ओ तो तीन-तीन जणे बारिया-
बारिया ते बोलो और पक्का ई तिजी खे अनुवाद करने खे कोई ना कोई ऊणा
चाईयो। 28 पर जे अनुवाद करने वाल़ा नि ओ, तो दूजी पाषा बोलणे वाल़े खे
मण्डलि़या रे शान्त रणा चाईयो और आपणे मनो ते और परमेशरो साथे
गल्ला करदा रओ। 29 भविष्यबक्तेया बीचा ते दो या तीन जणे बोलो और
बाकि लोक तिना रे वचनो खे परखो 30 जे तेसी बखते केसी दूजे खे परमेशरो
रा प्रकाशन मिलो तो से जो एस बखते भविष्यबाणी करने लगी रा तो से चुप
ऊई जाओ 31 कऊँकि तुसे सारे एक-एक करी की भविष्यबाणी करी सकोए,
ताकि सब सीखो और सब औंसला पाओ। 32 एक भविष्यबक्ता जो परमेशरो
रा वचन बोलोआ से आपणे आपू खे वशो रे राखोआ। से आपणी इच्छा रे

मुताबिक बोलणे रे या चुप रणे रे निपुण ए। 33 कऊँकि परमेशर गड़बड़ी नि
करदा, पर शान्ति बनाणे वाला ए। जेड़ा पवित्र लोका रिया सारिया मण्डलि़या
रे ए। 34 जवाणसा खे मण्डलि़या री सभा रे चुप रणा चाईयो, कऊँकि तिना
खे गल्ला करने री आज्ञा निए, पर अधीन रणे री आज्ञा ए, जेड़ा बिधानो रे
लिखी बी राखेया। 35 जे सेयो कुछ सिखणा चाओ, तो कअरे आपणे लाड़े ते
पूछो। कऊँकि मण्डलि़या रे जवाणसा रा जपणा शर्मा री गल्ल ए। 36 क्या
परमेशरो रा वचन तुसा बीचा ते निकली रा या बस तुसा तक ई पऊँछी रा?
37 जे कोई मांणू आपणे आपू खे भविष्यबक्ता या आत्मिक जणा समजो, तो
से जाणी लो कि जो गल्ला आऊँ तुसा खे लिखुँआ, सेयो प्रभुए री आज्ञा ए।
38 पर जे कोई एसा सच्चाईया खे नि मानो, तो से बी नि मानेया जाणा। 39
तेबेई ओ साथी विश्वासियो, भविष्यबाणी करने री धुना रे रओ और दूजी पाषा
बोलणे ते ना नि करो। 40 तुसे आराधना रे बखते जो कुछ बी करोए सारिया
गल्ला तमीज़ा रे और एक-एक करी की कित्तिया जाओ।

**15** ओ साथी विश्वासियो, एबे बी आऊँ तुसा खे सेई सुसमाचार याद
दलाऊँआ जेतेरा मैं तुसा बीचे प्रचार कित्तेया था। से सुसमाचार तुसे मानेया
बी था और जिदे तुसे बणे रे बीए। 2 परमेशरे तेसी सुसमाचारो रे जरिए तुसा
रा उद्धार करी राखेया। जे तुसे तेसी सुसमाचारो रे जो मैं तुसा बीचे प्रचार
कित्तेया था तिदे बणे रे रओगे नयी तो तुसा रा विश्वास करना बेकार ए। 3
इजी बजअ ते मैं तुसा लोका खे प्रभु यीशुए ते मिली री बऊत जरूरी सच्चाई
बताई ती। से सच्चाई ये ए कि पवित्र शास्त्रो रे मुताबिक यीशु मसीह आसा रे
पापो री तंईं मरी गा। 4 और दबाए गये और पवित्र शास्त्रो रे मुताबिक तीजे
दिने जिऊँदे बी ऊईगे। 5 तेबे पतरसो खे और तेबे बारा चेलेया खे दिखे। 6
इजी ते बाद पाँज सौ ते जादा विश्वासी पाईया खे दिखे, जिना बीचा ते बऊत
जणे एबुए तक जिऊँदे ए और कुछ जणे मरी गे रे। 7 फेर याकूबो खे दिखे,
तेबे सबी प्रेरिता खे दिखे 8 और सबी ते बाद माखे बी दिखे, जो मानो आदे
दिना रा जम्मेया रा ओ। 9 कऊँकि आऊँ प्रेरिता बीचे सबी ते छोटा ए, बल्कि
प्रेरित बोलणे रे काबिल पनिए, कऊँकि मैं परमेशरो री मण्डली सताई थी।
10 पर आऊँ जो प्रेरित ए, से परमेशरो री कृपा ते ए और तेसरी कृपा जो मां
पाँदे ऊई, से बेकार नि ऊई। पर मैं तिना सबी प्रेरिता ते बड़ी की मईणत बी

कित्ती तेबे बी ये मेरी तरफा ते नि ऊआ, पर परमेशरो री कृपा ते, जो मां पाँदे
ए। 11 तो चाए आऊँ ए, चाए सेयो ओ, आसे येई प्रचार करूँए और इजी पाँदे
ई तुसे विश्वास बी कित्तेया। 12 जबकि मसीह रा प्रचार करेया जाओआ कि
से मरे रेया बीचा ते जिऊँदा ऊआ, तो तुसा बीचा ते बऊत जणे कऊँ बोलोए
कि मरेया रा दुबारा जिऊँदा ऊणा ऊई नि सकदा? 13 जे मरे ऊए रा दुबारा
जिऊँदा ऊणा ऊई नि सकदा, तो मसीह पनि जिऊँदा ऊँदा। 14 जे मसीह पनि
जिऊँदा ऊआ, तो आसा रा प्रचार करना बी बेकार ए और तुसा रा विश्वास बी
बेकार ए। 15 बल्कि आसे परमेशरो रे चूठे गवा ऊए, कऊँकि आसे परमेशरो
रे बारे रे ये गवाई दित्ती कि तिने मसीह मरे रया बीच ते जिऊँदा कित्तेया। पर
जे मरे रे जिऊँदे नि कित्ते जांदे तो परमेशरे मसीह बी जिऊँदा नि कित्तेया। 16
आँऊ फेर बोलूँआ जे मुड़दे जिऊँदे नि ऊँदे, तो मसीह बी जिऊँदा नि ऊआ।
17 और जे मसीह जिऊँदा नि ऊआ, तो तुसा रा विश्वास बेकार ए और तुसे
एबुए तक आपणे पापो रे फसी रे। 18 बल्कि जो विश्वासी मसीह रे मरी गे रे,
सेयो बी नाश ऊई चुके रे। 19 जे आसे बस एसा जिन्दगिया रेई मसीह री
उम्मीद राखूँए, तो आसे सबी मांणूआ ते नबाग ए। 20 पर सच्चाई ये ए कि
परमेशरे मसीह मुड़देया बीचा ते जिऊँदा करी ता रा और से मरे रेया बीचा ते
जिऊँदा ऊणे वाळा पईला फल बणी चुकी रा। 21 जियाँ एक मांणू आदमो रे
जरिए मौत आयी, तियाँ ई एक मांणू मतलब मसीह रे जरिए मरे रेया बीचा ते
दुबारा जिऊँदा ऊणा बी आया। 22 जियाँ आदमो रे सारे मरोए, तियाँ ई
मसीह रे सारे जिऊँदे करे जाणे। 23 पर हर एकी आपणी-आपणी बारिया ते
मरे रेया बीचा ते जिऊँदे ऊणे रा इन्तजार करना। तिना बीचा ते पईला फल
मसीह ए। इजी ते बाद सेयो सारे जो मसीह रे आऊणे तक तिना रे बणे रणे।
24 इजी ते बाद अंत ऊणा, तेस बखते तेस सारी प्रदानगिरी, सारा अक्क और
सामर्था रा अंत करी की राज्य परमेशर पिते रे आथो रे देई देणा। 25 कऊँकि
जदुओ तक परमेशर तेसरे दुश्मणा खे तेसरे वशो रे नि करी देओगा, तदुओ
तक तेसरा राज्य करना जरूरी ए। 26 सबी ते बादला दुश्मण जो नाश करना,
से मौत ए। 27 पवित्र शास्त्र बोलोआ, "परमेशरे सब कुछ तेसरे पैरा निठे
करी ता," पर जेबे से बोलोआ कि सब कुछ तेसरे वशो रे करी ता रा तो ये
साफ ए कि परमेशर जिने सब कुछ मसीह रे वशो रे करी ता रा, तो परमेशर

इदे सबी रे शामिल निया। 28 जेबे सब कुछ तेसरे अधीन ऊई जाणा, तो
पुत्र आपू बी तेसरे अधीन ऊई जाणा, तिने सब कुछ तेसरे अधीन करी ता
ताकि परमेशर ई सबी चीजा रा मालक ओ। 29 नई तो जो लोक मरे रेया खे
बपतिस्मा लओए, तिना क्या करना? जे मुड़दे जिऊँदे ऊँदे ई नि, तो तेबे तिना
खे बपतिस्मा कऊँ लओए? 30 और आसे बी कऊँ हर कअड़ी खतरेया रे
पड़े रे रऊँए? 31 ओ साथी विश्वासियो, तुसे लोक प्रभु यीशु मसीह रे माखे
कमण्ड ए। आऊँ तुसा री कसम खाई की बोलूँआ कि माखे हर रोज मौता रा
सामणा करना पड़ोआ। 32 जे आऊँ मांणूआ री रीतिया ते इफिसुसो रे बणो
रे डांगरा ते लड़ेया, तो माखे क्या फाईदा ऊआ? जे मुड़दे जिऊँदे नि कित्ते
जाओगे, "तो आओ, खाओ-पीओ, कऊँकि काल तो मरी ई जाणे।" 33 तिना
लोका ते तोखा नि खाओ जो एड़िया गल्ला बोलोए, "बुरी संगत खरे चाल-
चलणो खे बिगाड़ी देओई।" 34 ओशा रे आओ और पाप करना छाडी देओ।
कऊँकि बऊत जणे एड़े ए, जो परमेशरो खे नि जाणदे। आऊँ तुसा खे शर्मिंदा
ऊणे खे ये बोलणे लगी रा। 35 एबे केसी ये बोलणा, "मुड़दे किंयाँ जिऊँदे
ओए और कुण जे शरीरो रे आओए?" 36 ओ बिना दमाको वाल़ेयो! जो कुछ
तूँ बाएआ, जदुओ तक से नि मरो, जिऊँदा नि ऊँदा। 37 और जो तूँ बाएआ,
ये से शरीर निए, जो जमणे वाल़ा ए, पर सेई दाँणा ए चाए कणका रा चाए
केसी ओरी अन्नो रा 38 पर परमेशर आपणी इच्छा रे मुताबिक तेसखे शरीर
देओआ और हर एक बीजो खे तेसरा खास शरीर। 39 सारे शरीर एक जेड़े
निए, बल्कि मांणूआ रा शरीर ओर ए, डांगरा रा शरीर ओर ए, पंछिया रा
शरीर ओर ए, मछलिया रा शरीर ओर ए। 40 स्वर्गिय शरीर ए और संसारिक
शरीर बीए, पर स्वर्गिय शरीरो रा तेज ओर ए और संसारिक शरीरो रा तेज
ओर ए। 41 सूरजो रा तेज ओर ए, चाँदो रा ओर और तारेया रा तेज ओर ए
कऊँकि एक तारे ते दूजे तारे रे तेजो रे फर्क ए। 42 मुड़देया रा जिऊँदा ऊणा
बी एड़ा ईए। शरीर नाश ऊणे री दशा रे बाया जाओआ और अविनाशी रूपो
रे जिऊँदा ओआ। 43 जेबे म्हारे शरीरो खे दबाया जाओआ तेस बखते से
बदसूरत और कमजोर ओआ। पर जेबे से जिऊँदे ऊई जाणे तेबे से बांके और
सामर्थी बणी जाणे। 44 कुदरती शरीर बाया जाओआ और आत्मिक शरीर
जिऊँदा ओआ, जबकि कुदरती शरीर ए, तो आत्मिक शरीर बीए। 45 एड़ा ई

पवित्र शास्त्रो रे लिखी बी राखेया, “पईला मांणू, मतलब-आदम जिऊँदा
प्राणी बणेया” पर आखरी आदम मतलब मसीह अनन्त जिन्दगी देणे वाल़ा
बणेया। 46 पर पईले आत्मिक नि था, पर कुदरती था, तेबे इजी ते बादो
ते आत्मिक बणेया। 47 पईला मांणू तरती ए, मतलब-माट्टिया रा बणेया
रा था, दूजा मांणू स्वर्गिय ए। 48 जेड़ा से माट्टिया रा बणेया रा था, तेड़े ई
ओर माट्टिया रे बणी रे थे और जेड़ा से स्वर्गिय ए, तेड़े ई ओर बी स्वर्गिय
ए। 49 जिंयाँ आसे माट्टिया रे बणे रे मांणूए रा रूप धारण कित्तेया तिंयाँ
ई आसा स्वर्गिय मांणूए रा रूप धारण करना। 50 ओ साथी विश्वासियो,
आऊँ ये बोलूँआ कि मांस और खून परमेशरो रे राज्य रे अक्कदार नि ऊई
सकदे और ना ई नाश ऊणे वाल़ा अविनाशो रा अक्कदार ऊई सकोआ। 51
देख, आऊँ तुसा खे पेतो री गल्ल बताऊँआ कि आसा बीचा ते कुछ तो नि
मरने पर बदली जाणे। 52 और ये सब कअड़िया रेई, पलक झपकदे ई
आखरी तुरही फूकदे ई ऊई जाणा, कऊँकि तुरहिया रे फूकर बाई जाणी और
मुड़दे अविनाशी दशा रे ठवाल़े जाणे और आसे बदली जाणे। 53 कऊँकि
जरूरी ए कि से नाशवान शरीर अविनाशो खे पईनी लो और ये मरनहार शरीर
अमरता खे पईनी लो। 54 जेबे ये नाशवान अविनाशो खे पईनी लओगा और
ये मरनहार शरीर अमरता खे पईनी लओगा, तेबे से वचन जो पवित्र शास्त्रो रे
लिखी राखेया पूरा ऊई जाणा, “जय मौत निगल़ी ली। 55 ओ मौत! तेरी जय
केयी रई? ओ मौत! तेरा डंग केयी रया?” (Hadēs g86) 56 मौता रा डंग पाप
ए और पापो खे बिधानो ते तागत मिलोई। 57 पर परमेशरो रा धन्यवाद ओ,
जो म्हारे प्रभु यीशु मसीह रे जरिए आसा खे जयवंत करोआ। 58 तो ओ मेरे
साथी विश्वासियो, विश्वासो रे पक्के और अटल बणे रे रओ और प्रभुए रे
कामो रे सदा बड़दे जाओ, कऊँकि तुसे जाणोए कि प्रभुए रे तुसा री मईणत
बेकार निए।

**16** एबे यरूशलेम नगरो रे परमेशरो रे लोका खे चंदा कट्ठा करने रे बारे जो
सवाल तुसे मांते पूछेया था तिजी रे बारे रे मैं जो आज्ञा गलातिया प्रदेशो री
मण्डल़िया खे देई राखी, तेसा ई आज्ञा खे तुसे बी मानेया करो। 2 अफ़्ते रे
पईले दिने तुसा बीचा ते हर एक आपणी आऊँदणियां रे मुताबिक कुछ आपू
गे राखी लया करो, ताकि मेरे आऊणे रे चंदा नि करना पड़ो। 3 और जेबे

आऊँ आऊँगा, तो जिना खे तुसे चाओगे, तिना खे आऊँ चिट्ठिया देई की पेजी
देऊँगा कि तुसा रा दान यरूशलेम नगरो रे पऊँछाई देओ। 4 जे तुसा खे ठीक
लगो कि आँऊ बी जाऊँ, तो सेयो मां साथे जाई सकोए। 5 मां मकिदुनिया
प्रदेशो रा सफर पूरा करी की तुसा गे आऊणा। कऊँकि आँऊ मकिदुनिया
जाणे वाळा ए 6 जे ऊई सकोगा तो मां तुसा रे एती कुछ बखतो तक रणा
और शायद आँऊ ठण्ड तुसा गे ई बिताऊँ। इजी ते बाद मां जेती बी जाणा
ओगा, तुसे लोक माखे तेती जाणे रा इन्तजाम करी देओ। 7 कऊँकि आऊँ
एबे बाटा रे तुसा साथे मिलणा नि चांदा, पर माखे उम्मीद ए कि प्रभु चाओगा
तो कुछ बखतो तक तुसा साथे रऊँगा। 8 पर मां पेन्तिकुस्तो रे त्योआरो
तक इफिसुस नगरो रे रणा। 9 कऊँकि माखे तेती एक बड़ा और कामो
रा सेवा रा द्वार खुली रा और बिरोदी बऊत ए। 10 जेबे तीमुथियुस आओ
तो एसा गल्ला रा त्यान राखणा कि तेसखे तुसा गे कोई चिन्ता नि ऊणी
चाईयो, कऊँकि से मां जेड़ी प्रभुए री सेवा करोआ। 11 इजी री खातर कोई
तेसखे तुच्छ नि जाणो। पर तेसखे शान्तिया साथे ओरे पऊँछाई देओ कि मांगे
आयी जाओ। कऊँकि आऊँ तेसखे न्याळने लगी रा कि से विश्वासी पाईया
साथे आओ। 12 पाई अपुल्लोसो ते मैं बिनती करी राखी कि तुसा गे पाईया
साथे जाओ। पर तिने तेस बखते जाणे री कोई इच्छा नि कित्ती, पर जेबे
मोका मिलोगा, से आयी जाणा। 13 जागदे रओ, विश्वासो रे पक्के रओ,
निडर बणो, तागतबर ओ। 14 जो कुछ करोए, प्यारो रे करो। 15 ओ साथी
विश्वासियो, तुसे स्तिफनासो रे कराने खे जाणोए कि सेयो अखाया प्रदेशो रे
पईले फल थे और परमेशरो रे लोका री सेवा खे त्यार रओ थे। 16 तुसे लोक
एड़े अगुवो री आज्ञा खे मानो और तिना सबी लोका री बी मानो जो तिना
साथे मईणत करोए। 17 आऊँ स्तिफनास, फूरतूनातुस और अखईकुसो रे
आऊणे ते खुश ऊआ, कऊँकि तिने तुसा री कमी पूरी कित्ती। 18 तिने मेरी
और तुसा रे मनो री चिन्ता दूर करी ती। तुसे एड़े लोका रा आदर करेया करो।
19 आसिया प्रदेशो री मण्डळिया री तरफा ते तुसा खे नमस्कार। अक्विला
और तेसरी लाड़ी प्रिस्किल्ला रा और तिना री कअरो री मण्डळिया रा बी
तुसा खे प्रभुए रे बऊत-बऊत नमस्कार। 20 सबी विश्वासी पाईया री तरफा ते
तुसा खे नमस्कार, गळे लगी की आपू बीचे नमस्कार करो। 21 मां पौलुसो रा

आपणे आथो रा लिखेया रा नमस्कार। 22 जे कोई प्रभुए साथे प्यार नि
राखो, तो से स्रापित ए। ओ म्हारे प्रभु आओ। 23 प्रभु यीशु मसीहे री कृपा
तुसा पाँदे ऊँदी रओ। 24 मेरा प्यार यीशु मसीह रे तुसा सबी साथे रओ।
आमीन्।

# 2 कुरिन्थियों

**1** ये चिट्ठी पौलुस और आसा रा पाई तीमुथियुसो री तरफा ते ए। आँऊ
पौलुस परमेशरो री इच्छा ते यीशु मसीह रा प्रेरित ए। ये चिट्ठी परमेशरो री
तेसा मण्डलि़या रे नाओं पाँदि लिखूँआ जो कुरिन्थुस नगरो रे ए और परमेशरो
रे सब पवित्र लोका रे नाओं पाँदि जो सारे अखाया प्रदेशो रे रओए। 2 म्हारे
पिता परमेशर और प्रभु यीशु मसीह री तरफा ते कृपा और शान्ति मिलदी
रओ। 3 म्हारे प्रभु यीशु मसीह रे पिता परमेशरो रा धन्यवाद ओ। परमेशर
दया रा पिता और सब प्रकारा री सुख-शान्ति देणे वाल़ा ए। 4 परमेशर
म्हारे सबी क्ल़ेशो रे सुख-शान्ति देओआ ताकि आसे बी ओरी लोका खे
तिना रे क्ल़ेशा रे सेई सुख-शान्ति देई सकिए जो परमेशरो ते आसे पाई
राखी। 5 कऊँकि जिंयाँ मसीह रे दु: खो रे आसे जादा सहभागी ओए, तिंयाँ
ई आसे शान्तिया रे बी मसीह रे जरिए जादा सहभागी ओए। 6 जे आसे
क्ल़ेश पाऊँए, तो ये तुसा री शान्ति और उद्धारो खे ए और जे आसे शान्ति
पाऊँए, तो ये तुसा री शान्तिया खे ए। जेतेंरे असरो ते तुसे सब्रो साथे तिना
क्ल़ेशो खे सयी लओए, जिना खे आसे बी सऊँए। 7 और म्हारी उम्मीदा
तुसा रे बारे रे पक्की ए, कऊँकि आसे जाणूंए कि जेड़े तुसे म्हारे दु: खो रे
सहभागी ए, तेड़े ई तुसे आसा री शान्तिया रे बी सहभागी ऊणे। 8 ओ साथी
विश्वासियो! आसे नि चांदे कि तुसे म्हारे तिना क्ल़ेशो ते अणजाण रओ जो
आसिया प्रदेशो रे आसा पाँदि पड़ेया कि एड़े पारी बोजो ते दबी गे थे, जो म्हारे
सईणे ते बी बारे था। एथो तक कि आसे आपणी जिन्दगिया ते जिऊणे री बी
उम्मीद छाडी ती थी। 9 बल्कि आसे आपणे मनो रे समजी ला था कि आसा
पाँदि मौता री सजा ऊई चुकी री। पर ये तेबे ऊआ ताकि आसे आपू पाँदि नि,
पर तेस परमेशरो पाँदि विश्वास राखिए जो मरे रेया खे जिऊँदा करोआ। 10
तिने ई आसे एड़ी बड़ी मौता ते बचाए और बचाणे बीए। तेस पाँदि आसा री
ये उम्मीद ए कि से आसा खे आगे बी बचांदा रणा। 11 जेड़ा कि तुसे बी
आपणी प्रार्थना रे जरिए म्हारी मताद करोए कि जो बरदान बऊत लोका री
प्रार्थना रे जरिए आसा खे मिलेया, तिजी री बजअ ते बऊत लोक म्हारी तरफा
ते धन्यवाद करो। 12 आसा खे इजी गल्ला पाँदि कमण्ड ए कि आसा रा
विवेक साफ ए कि दुनिया रे और खास करी की तुसा बीचे म्हारा चाल-चलण

परमेशरो जोगा, एड़ा पवित्र और सच्चाईया साथे था, जो शरीरो रे ज्ञानो
ते नि, बल्कि परमेशरो री कृपा साथे था। 13 आसे तुसा खे ओर कुछ नि
लिखदे, बस सेई जो तुसे पढ़ो या मानो बी ए। माखे उम्मीद ए कि एक दिन
तुसा आँऊ पुरिया तरअ ते समजी लणा। 14 जेड़ा तुसा बीचा ते कितणे
जणेया मानी ला रा कि आसे तुसा रे कमण्डो री बजअ ए तिंयाँ ई तुसे बी
प्रभु यीशुए रे वापस आऊणे रे दिने आसा खे कमण्डो री बजअ ठईरने। 15
और एस परोसे ते आऊँ चाऊँ था कि पईले तुसा गे आऊँ ताकि तुसा खे एक
और दान मिलो। 16 मेरी सलाह थी कि आँऊ तुसा गिये ऊई कि मकिदुनिया
प्रदेशो खे जाऊँ और फेर मकिदुनिया प्रदेशो ते तुसा गे आऊँ। तिजी ते बाद
तुसे माखे सफरो रे जरूरी समान देई की यहूदिया प्रदेशो खे पेजो। 17 इजी री
खातर मैं जो ये सोचेया था तो क्या मैं तिदे लापरवाई दखाई? या जो आँऊ
करना चाऊँआ क्या से दुनिया रे लोका रे मुताबिक करूँआ कि एक ई बखतो
री गल्ला दे आ-आ बी करदा रऊँ और ना-ना बी करदा रऊँ? 18 जिंयाँ सच्ची
ई परमेशर विश्वासो जोगा ए, तिंयाँ ई आसा री गल्ला रे बी "आ" रा मतलब
आ और "ना" रा मतलब ना ई ओआ। 19 कऊँकि परमेशरो रा पुत्र यीशु
मसीह जेसरा प्रचार सिलवानुस, तीमुथियुस और मैं तुसा बीचे कित्तेया। तिदे
आ और ना दोनो नि थे, बल्कि तिदे सदा आ और आ ई थी। 20 कऊँकि
परमेशरो री जितणिया बी प्रतिज्ञा ए, सेयो सब मसीह रे आ साथे ए, इजी
बजअ ते तेस साथे आमीन् बी ऊई ताकि म्हारी बजअ ते परमेशरो री महिमा
ओ। 21 और जो आसा खे तुसा साथे मसीह रे पक्का करोआ और जिने
आसा रा अभिषेक कित्तेया, सेई परमेशर ए। 22 जिने आसा पाँदे छाप बी
करी ती री और बयाने रे आत्मा आसा रे मनो रे दित्ती। 23 आऊँ परमेशरो खे
गवा करूँआ कि आऊँ एबुए तक कुरिन्थ नगरो रे इजी री खातर नि आया
कऊँकि आँऊ तुसा खे जो गल़त काम तुसे करी राखे तिजी खे डांटणा नि
चाऊँ था। 24 ये नि कि आसे विश्वासो रे बारे रे तुसा पाँदे अक्क जताणा
चाऊँए, पर तुसा री खुशिया रे शामिल ए, कऊँकि तुसे विश्वासो साथे ई खड़े
रओए।

**2** मैं आपणे मनो रे ये ठाणी ला था कि एक बार फेर तुसा गे आई कि तुसा
खे दुःख नि देऊँ। 2 कऊँकि तेती आई कि जे आऊँ ई तुसा खे दुःखी करुँ तो

माखे खुश करने वाला कुण ऊणा, बस सेई जो मैं दुःखी कित्तेया? 3 मैं तुसा
खे ये गल्ल इजी खे लिखी ताकि एड़ा नि ओ कि मेरे आऊणे ते जिना ते माखे
खुशी मिलणी चाईयो, आऊँ तिना ते दुःखी ऊई जाऊँ। कऊँकि माखे तुसा
सबी पाँदे एसा गल्ला रा विश्वास ए कि जो मेरी खुशी ए, सेई तुसा सबी री बी
ए। 4 बड़े क्लेश और मनो रे कष्टो ते मैं आसू बाई-बाई कि से चिट्ठी तुसा खे
लिखी थी। इजी री खातर नि कि तुसे उदास ऊई जाओ, बल्कि इजी री
खातर कि तुसे तेस बड़े प्यारो खे जाणी लओ, जो माखे तुसा ते ए। 5 जे
किने दुःखी करी राखे, तो आऊँ ई नि बल्कि कुछ-कुछ तो तुसे सब लोक बी
दुःखी करी राखे। आँऊ इजी रे बारे रे इजी ते जादा कुछ ओर नि बोलणा
चाँदा। 6 ये सजा जो तुसे विश्वासी पाईया बीचा ते तेसखे देई राखी काफी ए।
7 इजी ते तो ये खरा ए कि तेसरा अपराध माफ करो और तेसखे शान्ति
देओ। एड़ा नि ओ कि एड़ा मांणू, निराशा रेई डूबी जाओ। 8 इजी बजअ ते
आऊँ तुसा ते बिनती करूँआ कि तेसखे आपणे प्यार-प्रेमो रा सबूत देओ। 9
कऊँकि मैं इजी खे बी लिखेया था ताकि तुसा खे परखुँ कि तुसे सब मेरी
गल्ला खे मानणे खे त्यार ए कि नई। 10 जेसखे तुसे कुछ माफ करोए,
तेसखे आऊँ बी माफ करूँआ। कऊँकि मैं बी जो कुछ माफ करी राखेया, जे
माफ करी राखेया ओ, तो तुसा री बजअ ते मसीह री जगा पाँदे ऊई की माफ
करी राखेया, 11 ताकि शैतानो रा आसा पाँदे कोई दावो नि चलो। कऊँकि
आसे तेसरी चाला ते अणजाण निए। 12 जेबे आऊँ मसीह रा सुसमाचार
सुनाणे खे त्रोआस नगरो रे आया और प्रभुए माखे सुसमाचार प्रचार करने खे
मौका देईता। 13 तेबे मेरे मनो खे चैन नि मिलेया कऊँकि मैं आपणा विश्वासी
पाई तीतुस नि देखेया। तेबेई मैं त्रोआस नगरो रे विश्वासी लोका ते बिदा ऊई
की मकिदुनिया प्रदेशो खे तीतुसो खे टोल़ने वापस चली गा। 14 पर परमेशरो
रा धन्यवाद ओ, कऊँकि मसीह री एकता री बजअ ते से आसा खे सदा आपू
साथे चलाओआ और आसा के जय दलाओआ और आपणे ज्ञानो री खुशबू
आसा रे जरिए हर जगा रे फैलांदा रओआ। 15 आसे परमेशरो खे मसीह री
खुशबू जेड़े ए। जो सुसमाचार आसे प्रचार करी राखेया से चाए से उद्धार पाणे
वाल़े ओ या नाश ऊणे वाल़े ओ सबी लोका खे एक खुशबू जेड़ा फैलणे लगी
रा। 16 बऊत जणेया खे तो मरने जोगी मौता री बास और बऊत जणेया खे

जिऊणे जोगी जिऊणे री खुशबू और पल्ला इना गल्ला जोगा कुण ए? 17
कऊँकि आसे तिना सबी जेड़े निए, जो परमेशरो रे वचनो रा प्रचार अमीर
ऊणे खे करोए। पर मनो री सच्चाईया ते और परमेशरो री तरफा ते, परमेशरो
खे आजीर जाणी की मसीह रे बोलोए।

**3** क्या आसे फेर आपणी बडयाईया करने लगे? या आसा खे कईया लोका
जेड़े सपारीशा री चिट्ठिया तुसा गे ल्याऊणिया या तुसा ते लणियां ए? 2 तुसे
आपू ई आसा खे चिट्ठिया जेड़े ए जो आसा खे सपारिश करोए और तुसा
खे सब मांणू पछयाणोए और पढ़ोए। 3 ये सामणे ए कि तुसे मसीह री
चिट्ठिया जेड़े ए, जो मसीहे आसे रे जरिए लखाई। ये चिट्ठी स्याईया ते निए,
बल्कि जिऊँदे परमेशरो री पवित्र आत्मा ते, पात्थरो री पट्टिया पाँदे नि, बल्कि
दिलो रे मासो री पट्टिया पाँदे लिखी राखी। 4 आसे मसीह रे जरिए परमेशरो
पाँदे एड़ा ई परोसा राखूँए। 5 आसे ये नि बोलदे कि आसा गे कुछ करने री
काबलियत ए। पर म्हारी काबलियत परमेशरो री तरफा ते ए। 6 तिने आसे
नई वाचा रा काम करने जोगे सेवक बणाए। ये वाचा लिखी रे बिधानो री
नि बल्कि आत्मा री ए। कऊँकि बिधान मौता खे जन्म देओआ पर आत्मा
जिन्दगी देओई। 7 जे मौता रा से बिधान, जेतेरे अक्षर पात्थरा पाँदे खणे थे,
एथो तक तेजोमय ऊई की मूसे रे मुंओ पाँदले तेजो री बजअ ते जो कटदा बी
जाओ था, इस्राएली तेसरे मुंओ पाँदे देखी नि सको थे। 8 तो आत्मा री वाचा
ओर बी तेजोमय कऊँ नि ऊणी? 9 कऊँकि जेबे दोषी ठईराणे वाल़ी वाचा
तेजोमय थी, तो परमेशरो रे सामणे तर्मी ठईराणे वाल़ी नई वाचा ओर बी
तेजोमय कऊँ नि ऊणी? 10 सच तो ए कि जो तेजोमय था से बी तेसा
नई वाचा रे तेजो री तुलना रे तेजोमय नि ठईरिया। 11 जेबे मूसे रा बिधान
इतणी तेजोमय थी जो थोड़े ई बखतो खे थी तो नई वाचा रा तेज कितणा
जादा ऊणा जो सदा खे ए? 12 तो एड़ी उम्मीद राखी कि आसे इम्मता
साथे बोलूँए। 13 आसे मूसे जेड़े नि, जिने आपणे मुंओ पाँदे पड़दा पाया था
ताकि इस्राएली लोक तेस कटणे वाल़े तेजो रे अंतो खे नि देखो। 14 पर
इस्राएली लोक बिना दमाको रे ऊईगे। आजो तक पुराणी वाचा खे पढ़दे
बखते तिना रे दिलो पाँदे तेड़ा ई पड़दा पड़े रा रओआ। ये पड़दा सिर्फ मसीह
पाँदे विश्वास करने तेई उठाया जाई सकोआ। 15 और आजो तक जेबे कदी

मूसे री कताब पढ़ी जाओई, तो तिना रे दिलो पाँदि पड़दा पड़े रा रओआ और
सेयो इजी खे पूरिया तरअ ते समजी नि सकदे। 16 पर जेबे कदी तिना रा
दिल प्रभु यीशुए री तरफा खे फिरना, तेबे से पड़दा उठी जाणा। 17 प्रभु और
पवित्र आत्मा एक ईए और जेती केथी प्रभुए रा आत्मा ए, तेती बिधानो ते
आजादी ए। 18 पर जेबे आसा सबी रे क्वाड़े मुंओ पाँदो ते प्रभुए रा प्रताप
ईंयां सामणे आओआ, जिंयाँ शीशे रे, तो प्रभुए रे पवित्र आत्मा रे जरिए आसे
तेसी तेजस्वी रूपो रे अंश-अंश करी की बदलदे जाऊँए।

**4** तेबे जेबे आसा पाँदे परमेशरो री एड़ी दया ऊई कि आसा खे परमेशरो रा
संदेश प्रचार करने री सेवा मिली, तो आसे इम्मत नि छाडदे। 2 पर आसे
शरमा रे गुप्त काम छाडी ते। ना चलाकिया रे चलूँए और ना ई परमेशरो रे
वचनो रे मिलाऊट करूँए। परमेशर आसा रा गवा ए कि आसे सिर्फ सच
बोलूँए, जेते की ओर लोक ये पक्का जाणी लो कि आसे परोसे जोगे ए। 3 जे
आसा रे सुसमाचारो पाँदि जो आसे प्रचार कित्तेया पड़दा पड़ी रा, तो ये नाश
ऊणे वाल़ेया खेई पड़ी रा। 4 और तिना अविश्वासिया खे, जिना रा दमाक एते
दुनिया रे ईश्वर शैताने अन्दा करी ता रा ताकि मसीह जो परमेशरो रा रूप ए,
तेसरे तेजोमय सुसमाचारो खे नि समजी सको। **(aiōn g165)** 5 आसे आपणे
बारे रे प्रचार नि करदे। बल्कि यीशु मसीह रा प्रचार करूँए कि से प्रभु ए।
आसे यीशुए री बजअ ते आपणे आपू खे तुसा लोका रे सेवक समजूँए। 6
तेबेई परमेशर बोलेया, "न्हेरे बीचा ते जोति चमको," और सेई आसा रे दिलो
रे चमकेया ताकि परमेशरो री महिमा खे पछयाणी सको जो यीशु मसीह रे
प्रकट ऊई री। 7 आसे माट्टिया रे पांडेया जेड़े ए जिदे ये धन राखी राखेया।
ताकि एसा गल्ला रा पता लगी जाओ कि ये बड़ी सामर्थ म्हारी तरफा ते नि,
बल्कि परमेशरो री ई तरफा तेईए। 8 आसा खे चऊँ कनारो ते क्लेश तो
ओआ, पर मुसीबता रे नि पड़दे। आसे कबराए रे तो आए, पर निराश नि
ऊँदे। 9 सताए तो जाऊँए, पर छाडे नि जांदे, रूड़ाए तो जाऊँए, पर नाश नि
ऊँदे। 10 आसे हर बखत आपणे शरीरो रे यीशुए रे दु:ख और मौता खे लयी
की फिरूँए, ताकि यीशुए रा जीवन बी आसा रे शरीरो ते प्रकट ओ। 11
कऊँकि आसे जिऊँदे जिऊए सदा यीशुए री बजअ ते मौता रे आथो रे सम्बाल़े
जाऊँए ताकि यीशुए रा जीवन बी आसा रे मरने वाल़े शरीरो ते प्रकट ओ। 12

इजी बजअ ते मौत तो आसा पाँदे असर पाओई पर अनन्त जीवन तुसा पाँदे
असर पाओआ। 13 पर आसे प्रचार करना जारी राखूँए कऊँकि आसा गे सेई
विश्वास ए जो पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, "मैं परमेशरो पाँदे विश्वास
कित्तेया, तेबेई मैं बोलेया।" 14 कऊँकि आसे जाणूंए कि परमेशर जिने प्रभु
यीशुए खे मरे रेया बीचा ते जिऊँदा कित्तेया। तेस आसे बी यीशुए रे सहभागी
जाणी कि जिऊँदे करने। तिजी ते बाद परमेशरो आसे तुसा साथे आपणे
सामणे आजीर करने। 15 ये सब कुछ तुसा लोका री पलाईया खे ऊणे लगी
रा, तेबेई जादा ते जादा लोका जाणी लणा कि परमेशर कितणा दयालु ए
और तिना परमेशरो री तारीफ और धन्यवाद करना। 16 इजी री खातर आसे
इम्मत नि छाडदे, हालाँकि आसा रा बारला रुप नाश बी ऊँदा जाओआ, तेबे
बी आसा रा पीतरला रुप हर रोज नया ऊँदा जाओआ। 17 कऊँकि आसा रा
दूँईं कअड़िया रा अल़का जा क्ल़ेश आसा खे बऊत ई खास और अनन्त
जीवनो री महिमा पैदा करोआ (aiōnios g166) 18 और आसे देखी री चीजा
खे नि, पर बिना देखी री चीजा खे देखदे रऊँए, कऊँकि देखी री चीजा तो
थोड़े ई दिनो खे ए, पर बिना देखी री चीजा सदा बणी री रओईया। (aiōnios
g166)

5 आसे जाणूंए कि तरतिया पाँदे आसा रा शरीर एक तम्बूए जेड़ा ए जिदे
आसे रओए। पर जेबे आसा रा तरतिया पाँदला तम्बू सरिखा कअर टाल़ेया
जाणा, तो आसा खे परमेशरो री तरफा ते स्वर्गो पाँदे एड़ा भवन मिलणा, जो
आथो साथे बणाए रा कअर नि, पर सदा खे बणेया रा ऊणा। (aiōnios g166)
2 आसे एते शरीरो रे तरतिया पाँदे कणदे रऊँए और तेस स्वर्गो रे कअरो खे
तारण करने री इच्छा करदे रऊँए। 3 जेबे आसा से स्वर्गिय शरीर पाई लणा
तेबे आसे नांगे नि पाए जाणे। 4 और आसे एस तम्बू सरिखे शरीरो रे रंदे ऊए
बोजो साथे दबे रे कणदे रऊँए, कऊँकि आसे संसारिक शरीर छाडे बिना तेस
पाँदे स्वर्गिय शरीर पईनणा चाऊँए। ताकि जो मरनहार शरीर ए से अविनाशी
शरीरो रे बदली जाओ 5 और परमेशर आपू ईए जिने आसे इजी गल्ला खेई
त्यार करी राखे, और तिने आसा खे बयाने रे पवित्र आत्मा बी देई राखेया। ये
बयाना से बादा ए जो परमेशरो बादो ते पुरा करना। 6 तो आसे सदा इम्मत
बाने रे राखूँए और ये जाणूंए कि जेबे आसे शरीरो रे रऊँए, तदुओ तक प्रभुए

ते लग ए। 7 जेबे आसे एबु बी एते दुनिया रे जिऊणे लगी रे तो आसे विश्वासो
ते प्रभुए पीछे चलूँए न कि तेसखे देखी की। 8 इजी री खातर आसे इम्मत
राखूँए और शरीरो ते लग ऊई की आसे मरने ते बाद प्रभुए साथे रणा ओर बी
खरा समजूँए। 9 इजी बजअ ते आसा रे मनो री इच्छा ये कि चाए आसे तेस
साथे स्वर्गो रे रईये, चाए आसे एसा तरतिया पाँदे रईये पर आसे तेसखे खरे
लगदे रईये। 10 कऊँकि जरूरी ए कि आसा सबी रा आल मसीह रे न्याय
आसणो रे सामणे खुली जाओ, ताकि हर एक मांणू आपणे-आपणे खरे-बुरे
कामो रा बदला, जो तिने शरीरो रे जरिए करी राखेया, पाओ। 11 तो प्रभुए रा
डर मानी की आसे लोका खे सच्चो पाँदे विश्वास करने खे विनती करूँए और
परमेशर आसा खे पूरिया तरअ ते जाणोआ और मेरी ये उम्मीद ए कि तुसा री
समजे बी आसे अच्छी तरअ जाणी ले रे कि आसे केड़े लोक ए। 12 आसे तेबे
बी आपणी बडयाईया तुसा सामणे नि करदे, बल्कि आसे आपणे बारे रे तुसा
खे कमण्ड करने रा मौका देऊँए, ताकि तुसे तिना खे जवाब देई सको, जो
मनो पाँदे निए, बल्कि दखाऊटी गल्ला पाँदे कमण्ड करोए। 13 जे आसे
ओशा रे निए, तो परमेशरो री खातर, और जे ओशा रे, तो तुसा री पलाईया री
खातर ए। 14 कऊँकि मसीह रा प्यार आसा खे मजबूर करी देओआ। आसा
खे ये पक्का विश्वास ए कि मसीह सबी री खातर मरेया, तो आसे सब पुराणे
जीवनो खे मरी गे। 15 और मसीह सबी री खातर इजी खे मरेया ताकि जो
जिऊँदे ए, सेयो आगो खे आपणी खातर नि जियो, बल्कि तेसरी खातर, जो
तिना री खातर मरेया और तेबे जिऊँदा ऊआ। 16 तो आजो ते आसे केसी रा
बी दुनिया रे मुताबिक न्याय नि करदे। आसे मसीह खे पईले दुनिया री नजरा
ते देखेया, पर एबे आसे एड़ा नि करदे। 17 जे कोई मसीह रे विश्वास करोआ,
तो से नई सृष्टि ए, पुराणिया गल्ला बीती गी रिया, देखो, सेयो सब नईया
ऊईगी रिया। 18 ये सब गल्ला परमेशरो री तरफा ते ए, जिने मसीह रे जरिए
आपू साथे आसा रा मेल-जोल करी ता और मेल-जोलो री सेवा आसा खे
सम्बाल़ी ती री। 19 मतलब-परमेशरे मसीह रे ऊई की आपणा दुनिया साथे
मेल-जोल करी ला और लोका रे पापो रा दोष, तिना पाँदे नि लगाया और
परमेशरे मेल-जोलो रा संदेश आसा गे सम्बाल़ी ता रा। 20 आसे मसीह रे
राजदूत ए, मानो परमेशर आसा रे जरिए लोका ते आपणा संदेश मानणे खे

बिनती करने लगी रा। आसे मसीह री तरफा ते बिनती करुँए कि परमेशरो
साथे मेल-जोल करी लो। 21 मसीह निष्पाप था, पर परमेशरे आसा खे
तेसते पापिए जेड़ा बर्ताव कित्तेया ताकि आसे मसीह रे ऊई की परमेशरो री
धार्मिकता बणी जाऊँ।

6 आसे परमेशरो साथे मिली की काम करने वाल़े ए और तुसा लोका ते ये
बिनती करूँए कि परमेशरो री कृपा जो तुसा पाँदे ऊई, तिजी खे बेकार नि
जाणे देओ। 2 कऊँकि पवित्र शास्त्रो रे परमेशर बोलोआ, "सई बखतो पाँदे
मैं तुसा री प्रार्थना सुणी ली और उद्धारो रे दिने मैं तुसा री मताद कित्ती।"
सुणो, एबु सई बखत ए, सुणो, एबु उद्धारो रा दिन ए। 3 आसे केसी बी
गल्ला रे ठोकर खाणे रा कोई बी मोका नि देंदे, ताकि म्हारी सेवा पाँदे कोई
दोष नि आओ। 4 पर आसे हर बखतो रे हर तरअ ते आपणे बर्ताव रे जरिए ये
साबित करूँए कि सच्ची आसे परमेशरो रे अच्छे सेवक ए। आसे सब्रो साथे
क्लेश सईन करने रे, गरीबिया रे, मुसीबता रे, 5 कोड़े खाणे रे, कैद ऊणे
रे, आल्ले-गोल्ले रे, मईणती रे, जागदे रणे रे, बअरत करने रे, 6 पवित्रता
रे, ज्ञानो रे, सब्रो रे, कृपा रे, पवित्र आत्मा रे, सच्चे प्यारो रे, 7 सच्चो रे
वचनो रे, परमेशरो री सामर्था रे; आसा गे धार्मिकता रे अथियार ए जेते की
आसे अमला बी करूँए और बचाव बी करूँए। 8 आदर और निरादरो रे, बुरे
नाओं और सुनामो रे, आसा खे कपट्टी समजेया जाओआ, तेबे बी आसे सच
बोलूँए। 9 कुछ लोक आसा खे अणजाण समजोए ए, तेबे बी कुछ लोक
आसा खे जाणे-माणे रे समजोए ए, मरने वाल़ेया जेड़े ए, पर तेबे बी जिऊँदे
ए, मार खाणे वाल़ेया जेड़े ए, पर प्राणो ते मारे नि जांदे। 10 शोग करने
वाल़ेया जेड़े ए, पर सदा खुशी मनाऊँए, आसे आपू कंगाल़ ए, पर बऊत
जणेया खे आत्मिकता दे अमीर बणाई देऊँए, आसे एड़े ए, जेड़ा आसा गे
कुछ निए तेबे बी सब कुछ राखोए। 11 ओ कुरिन्थियों रे विश्वासियो, आसे
खुली कि तुसा साथे गल्ला करी राखिया, आसे तुसा ते खुले दिलो साथे प्यार
कित्तेया। 12 तुसा री तंईं म्हारे मनो रे कोई शक निए, पर तुसा रे मनो रेई
आसा खे शक ए। 13 पर आपणे बाल-बच्चे जाणी की तुसा खे बोलूँआ
कि तुसे बी तिजी रे बदले आसा साथे प्यार राखो। 14 अविश्वासिया साथे
लग जुँगड़े रे नि जुड़ो, कऊँकि धार्मिकता और पापो रा क्या मेल-जोल? या

जोति और न्हेरे री किंयाँ दोस्ती ऊई सकोई? 15 और मसीह रा शैतानो
साथे क्या लगाव! या विश्वासियो साथे अविश्वासिया रा क्या नाता? 16 और
मूर्तिया साथे परमेशरो रे मन्दरो रा क्या सलबंद? कऊँकि आसे तो जिऊँदे
परमेशरो रा मन्दर ए, जेड़ा परमेशरे पवित्र शास्त्रो रे बोली राखेया, "मां तिना
लोका साथे रणा और तिना रे चलेया फिरेया करना; और आऊँ तिना रा
परमेशर ऊणा और सेयो मेरे मांणू ऊणे।" 17 इजी री खातर प्रभु बोलोआ,
"अविश्वासिया बीचा ते निकल़ो और लग रओ; और अशुद्ध चीजा खे नि
छूँओ, तो मां तुसे अपनाणे। 18 आऊँ तुसा रा पिता ऊणा और तुसे मेरे माठे-
बेटिया ऊणे। ये सर्वशक्तिमान् प्रभु परमेशरो रा वचन ए।"
7 तो ओ प्यारेओ! जबकि आसा खे यो वादे मिली रे, तो आओ, आसे
आपणे आपू खे शरीर और आत्मा रे सब मईलो ते साफ करूँए और परमेशरो
रा डर और आदर करदे ऊए, पवित्रता री भरपूरिया तक पऊँछणे री कोशिश
करदे रऊँए। 2 आसा खे आपणे दिलो रे जगा देओ। आसे ना तो केसी साथे
अन्याय कित्तेया, ना कोई बिगाड़ेया और ना ई कोई ठगेया। 3 आऊँ तुसा
पाँदि दोष लगाणे खे नि लगी रा बोलणे, कऊँकि आऊँ पईले ई बोली चुकेया
रा कि तुसे म्हारे दिलो रे एड़े बसी चुके रे कि आसे तुसा साथे मरने-जिऊणे
खे त्यार ए। 4 माखे तुसा पाँदि बऊत परोसा ए और आँऊ तुसा पाँदि बड़ा
कमण्ड करूँआ। आऊँ शान्तिया साथे परी गा रा, सारे क्लेशा रे आऊँ बड़े
मजे ते रऊँआ। 5 जेबे आसे त्रोआस नगरो खे छाडी की मकिदुनिया प्रदेशो रे
आए, तेबे बी आसा रे शरीरो खे चैन नि मिलेया, बल्कि आसा खे चऊँ कनारे
ते क्लेश मिलो था, बारे लड़ाईया थिया, पीतरे डरो रिया गल्ला थिया। 6 तेबे
बी निराश लोका खे सुख-शान्ति देणे वाल़े परमेशरे तीतुसो रे आऊणे ते
आसा खे शान्ति दित्ती। 7 और बस तेसरे ई आऊणे तेई नि, बल्कि तेसरी
तेसा शान्तिया ते बी, जो तेसखे तुसा री तरफा ते मिली थी और तिने तुसा री
इच्छा, तुसा रे दु: ख, और मेरिया तंईं तुसा री धुना रा समाचार आसा गे
सुणाया, जेते की माखे ओर बी खुशी ऊई। 8 हालाँकि मैं तुसे लोक आपणी
तेसा चिट्ठिया ते दु: खी कित्ते, तेबे बी माखे तिजी ते पछतावा निया। जेड़ा कि
पईले पछताऊँ था, कऊँकि आऊँ देखूँआ कि तिजी चिट्ठिया साथे तुसा खे दु:
ख तो ऊआ, पर से थोड़ी देरा खे था। 9 एबे आऊँ खुश ए। पर इजी री खातर

नि कि तुसा खे दु: ख ऊआ, बल्कि इजी री खातर कि तुसे तेस दु: खो री
बजअ ते मन फिराया। तुसा रा दु: ख परमेशरो री इच्छा रे मुताबिक था,
ताकि म्हारी तरफा ते तुसा खे कोई नुकशाण नि पऊँछो। **10** से दु:ख जो
परमेशरो री भक्तिया री तरफा ते आओआ, तिजी रा नतीजा मन फिराणा
और उद्धार ओआ और एस दु:खो ते पछताणा नि पड़दा। बल्कि दुनिया रे
लोका रा दु: ख सदा री मौत पैदा करोआ। **11** त्यान देओ कि परमेशरो री
भक्तिया री बजअ ते आये रे दु: खे तुसे पूरिया तरअ ते बदली ते। तिने तुसा रे
उत्साह, आपू खे बेकसुर साबित करने री इच्छा, अन्याय रे खलाफ गुस्सा,
मुसीबता रे बखते एड़ी चौकसी, मांते मिलणे री एड़ी इच्छा, सेवा रिया तंईं
एड़ी धुन और दुराचारिए खे दण्ड देणे रा बिचार पैदा कित्तेया। तुसे सबी
प्रकारा ते ये सिद्ध करी की दखाई ता कि तुसे इना गल्ला ते निर्दोष ए। **12**
तेबे मैं जो तुसा गे चिट्ठी लिखी थी, से ना तो तिजी बजअ ते लिखी, जिने
अन्याय कित्तेया और ना ई तेसरी बजअ ते जेस पाँदे अन्याय कित्तेया, बल्कि
इजी री खातर कि तुसा रा उत्साह, जो आसा री खातर ए, से परमेशरो
सामणे तुसा पाँदे प्रगट ओ। **13** इजी ते आसा खे औंसला मिलेया। म्हारे एस
औंसले साथे तीतुसो री खुशिया री बजअ ते ओर बी खुशी ऊई, कऊँकि
तेसरा जिऊ तुसा सबी री बजअ ते अरा-परा ऊईगा रा। **14** कऊँकि जे मैं तेस
सामणे तुसा रे बारे रे कुछ कमण्ड दखाया, तो शर्मिंदा नि ऊआ, पर जिंयाँ ई
आसे तुसा गे सब गल्ला सच-सच बोलिया, तिंयाँ ई म्हारा कमण्ड दखाणा
तीतुसो सामणे सच ऊआ। **15** और जेबे तेसखे तुसा सबी रे आज्ञाकारी
ऊणे री याद आओई कि किंयाँ तुसे डरदे और थरथरांदे ऊए तेसरा स्वागत
कित्तेया, तो तेसरा प्यार तुसा खे ओर बी बड़दा जाओआ। **16** आऊँ एबे
बऊत खुश ए कऊँकि माखे तुसा पाँदे पूरा परोसा ए।

**8** एबे ओ साथी विश्वासियो! आसे तुसा खे परमेशरो री तेसा कृपा रा
समाचार देऊँए, जो मकिदुनिया प्रदेशो री विश्वासी मण्डलि़या रे ऊई री। **2**
जेबे बऊत मुसीबता रे जरिए तिना री परीक्षा ऊई, तेबे तिने तिदे बी बड़ी खुशी
मनाई और बेशक सेयो बड़े पारी गरीब थे तेबे बी तिने दूजे विश्वासिया री खुले
दिलो पैसेया साथे मताद कित्ती। **3** और तिना रे बारे रे मेरी ये गवाई ए कि
तिने आपणी सामर्था ते, बल्कि आपणी सामर्था ते बी जादा आपणी इच्छा ते

मताद कित्ती। 4 तिने आपू ई आसा ते बार-बार बिनती कित्ती कि यरूशलेम
नगरो रे विश्वासिया री मताद करने खे आसा खे मौका मिलो। 5 और जेड़ी
आसे उम्मीद कित्ती थी, तेड़ी ई नि, बल्कि तिने सबी ते पईले आपणे आपू खे
प्रभुए री सेवा करने खे देईता। तिजी ते बाद तिने आपणे आपू खे परमेशरो री
इच्छा रे मुताबिक आसा खे देईता। 6 इजी री खातर आसे तीतुस समजयाया
कि जेड़ा तिने पईले शुरूओ रे कित्तेया था, तेड़ा ई तुसा बीचे बी एस दानो रे
कामो खे पूरा बी करी लो। 7 तो जेड़ा तुसे हर गल्ला रे मतलब-विश्वास,
वचन, ज्ञान और सब प्रकारा री कोशिशा रे और तेस प्यारो रे, जो आसा
साथे राखोए, बड़दे जाओए, तेड़ा ई गरीब विश्वासिया खे दान देणे रे बी बड़दे
जाओ। 8 आऊँ आज्ञा री रीतिया पाँदे नि, पर ओरी री खुशिया ते तुसा रे
प्यारो री सच्चाई परखणे खे बोलूँआ। 9 तुसे म्हारे प्रभु यीशुए मसीह री कृपा
जाणोए कि से अमीर ऊई की बी तुसा री तंईं कंगाल़ बणीगा ताकि तेसरे
कंगाल़ ऊणे ते तुसे अमीर बणी जाओ। 10 सबी ते पईले सिर्फ तुसे लोके ई
पिछले साल जो दान देणे रा काम शुरू कित्तेया और जेतेरी योजना तुसे आपू
ई बणाई थी। ये तुसा खे अच्छा ए और एसा गल्ला रे आँऊ ये सलाह देऊँआ।
11 कि एबे एस कामो खे पूरा करो जो तुसे शुरू कित्तेया था। जेड़ी तुसा री
इच्छा गरीब विश्वासिया री मताद करने खे पईले थी, तेड़ी ई एबे बी आपणी-
आपणी सम्पतिया रे मुताबिक पूरी बी करो। 12 कऊँकि जे मनो री त्यारी ओ
तो दान तेते मुताबिक लया जाओआ, जो तेसगे अया, ना कि तेते मुताबिक
जो तेसगे अया नि। 13 आँऊ ये नि चांदा कि ओरी री पलाई करने री बजअ
ते तुसा खे कष्ट ओ। पर सबी खे एक जेड़ा मिलणा चाईयो 14 पर बराबरिया
रे बिचारो ते एस बखते तुसा री बड़दी तिना री कटिया रे कामे आओ, ताकि
तिना री बड़दी बी तुसा री कटिया रे कामे आओ कि बराबरी ऊई जाओ। 15
जेड़ा पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, "जिने बऊत कट्ठा कित्तेया तेसरा कुछ
जादा नि निकल़ेया और जिने थोड़ा कट्ठा कित्तेया तेसरा तिजी तेई गुजारा
ऊईगा।" 16 परमेशरो रा धन्यवाद ओ, जिने तुसा री खातर सेई उत्साह
तीतुसो रे दिलो रे पाईता रा जो मांदे था। 17 जेबे आसे तीतुसो खे तुसा गे
जाणे खे बिनती कित्ती तेबे तिने म्हारी गल्ल मानी ली। बल्कि बऊत उत्साही
ऊई कि से आपणी इच्छा ते तुसा गे आऊणे लगी रा। 18 और आसे तेस

साथे एक ओर विश्वासी पाई पेजणे लगी रे जेसरा नाओं सुसमाचार फैलाणे रे
बारे रे सबी मण्डलि़या रे फैली गा रा। 19 और इतणा ई नि, पर से मण्डलि़या
ते ठईराया बी गया कि एस दानो रे कामो खे आसा साथे जाओ और आसे ये
सेवा इजी री खातर करूँए ताकि प्रभुए री महिमा ओ और म्हारे मनो री त्यारी
मताद करने खे सामणे आयी जाओ। 20 आसे एसा गल्ला रे चौकस रऊँए
कि साथी विश्वासिये खे तीतुसो साथे पेजी की एस उदारता ते दित्ते रे दानो रे
बारे रे, जेसरी सेवा आसे करूँए, कोई आसा पाँदे दोष नि लगाई सको। 21
कऊँकि जो गल्ला बस प्रभुए रेई नेड़े निए, बल्कि मांणूआ रे नेड़े बी खरी
ए, आसे तिना री चिन्ता करूँए। 22 इना दूँईं साथे आसे आपणा एक ओर
विश्वासी पाई पेजणे लगी रे। जो आसे बार-बार परखी कि बऊत गल्ला रे
खुश पाया। पर एबे तुसा पाँदे तेसखे बऊत विश्वास ए, इजी बजअ ते से
ओर बी जादा खुश ए। 23 जे कोई तीतुसो रे बारे रे पूछो, तो से मेरा साथी,
तुसा खे मेरा सहकर्मी और जे म्हारे विश्वासी पाईया रे बारे रे पूछो, तो सेयो
मण्डलि़या रे पेजे रे और मसीह री महिमा करोए। 24 तो आपणा प्यार और
आसा रा से कमण्ड जो तुसा रे बारे रे ए मण्डलि़या रे सामणे तिना खे सिद्ध
करी की बताओ।

**9** यरूशलेमो री मण्डलि़या रे विश्वासिया खे पैसेया साथे मताद करने री सेवा
रे बारे रे माखे तुसा लोका खे लिखणा जरूरी निए। 2 कऊँकि आऊँ तुसा रे
मनो री त्यारिया खे जाणूंआ, जेतेरी बजअ ते आऊँ तुसा रे बारे रे मकिदुनिया
प्रदेशो रे लोका रे सामणे कमण्ड दखाऊँआ कि तुसे कुरन्थी लोक अखाया
प्रदेशो रे एकी सालो ते त्यार ऊई रे और तुसा रे उत्साहे ओर बी बऊत उभारी
राखे। 3 पर आँऊ तीतुस और दो पाईया खे तुसा गे इजी खे पेजणे लगी रा
कि आसे जो कमण्ड तुसा रे बारे रे दखाया, से एसा गल्ला रे बेकार नि ठईरो,
पर जेड़ा मैं बोलेया, तेड़े ई तुसे यरूशलेमो रे विश्वासिया खे पैसे देणे खे त्यार
रओ। 4 एड़ा नि ओ कि जे कोई मकिदुनीवासी मां साथे आओ और तुसा खे
त्यार नि पाओ, तो क्या पता एस परोसे री बजअ ते जो आसा खे तुसा पाँदे
ए शर्मिंदा ऊणा पड़ो। पर तुसा खे ओर बी जादा शर्मिंदा ऊणा पड़ना। 5 इजी
री खातर मैं विश्वासी पाईया ते ये बिनती करना जरूरी समजेया कि सेयो
पईले तेई तुसा गे जाओ और तुसा री उदारता रा फल जेतेरे बारे रे पईले तेई

वचन दित्तेया था, त्यार करी की राखो कि ये दबाओ ते नि पर उदारता रे फलो
जेड़ा त्यार ओ। 6 पर गल्ल तो ये कि जो थोड़ा बीजोआ, तेस थोड़ा ई बाडणा
बी और जो बऊत बीजोआ, तेस बऊत बाडणा। 7 हर एक जणा जेड़ा मनो रे
ठाणो तेड़ा ई दान करो, ना कि कुड़कुड़ाई की और ना दबाओ ते, कऊँकि
परमेशर खुशिया ते देणे वाल़ेया साथे प्यार राखोआ। 8 और परमेशर सब
प्रकारो री कृपा तुसा खे बऊत जादा देई सकोआ। जेते साथे हर गल्ला रे और
हर बखते, सब कुछ, जो तुसा खे जरूरी ए, तुसा गे रओ और हर एक खरे
कामो खे तुसा गे बऊत कुछ ओ। 9 जेड़ा पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया,
"परमेशर खुले दिलो ते कंगाल़ा खे दान देओआ, तेसरा तर्म सदा बणेया रा
रणा।" (aiōn g165) 10 परमेशर ईए जो जिम्मीदारो खे बाणे खे बीजो रा और
खाणे खे रोटिया रा इन्तजाम करोआ। तेस तुसा खे बी इन्तजाम करना और
तुसे फलवंत करने, ताकि तुसे जरूरतमंद लोका खे खुले दिलो ते मताद करी
सको। 11 तुसे लोक हर प्रकारा री आशीषा ते भरपूर ऊई जाणे। जेबे आसा
तुसा रा दान बाँडणा तो बऊत सारे लोका परमेशरो रा धन्यवाद करना। 12 ये
सेवा पूरी करने ते, ना बस विश्वासी लोका रिया कमिया पूरिया ओईया,
बल्कि तिना री तरफा ते परमेशरो रा बऊत धन्यवाद ओआ। 13 कऊँकि दान
देई की ओरी खे मताद करने री सेवा खे सबूत मानी की परमेशरो री महिमा
सामणे आओई कि तुसे मसीह रा सुसमाचार मानी की तेसरे अधीन रओए
और तिना री और सबी री मताद करने रे उदारता दखाओए। 14 सेयो तुसा
खे परमेशरो ते प्रार्थना करोए और तुसा खे देखणे री इच्छा करोए। कऊँकि
परमेशरे तिना खे आशीष देणे रे तुसा लोका रा इस्तेमाल करी राखेया। 15
परमेशरो रा तेसरे तेस दानो खे जो कईणे ते बारे ए, धन्यवाद ओ।

**10** आऊँ पौलुस तुसा खे मसीह री नम्रता और नरमाईया साथे मेरी गल्ला
सुणने खे विनती करूँआ। माखे तुसा बीचे आजीर ऊणे पाँदे बोलणे रे डरपोक
और पीठी पीछे नडरा समजेया जाओआ। 2 आऊँ ये बिनती करूँआ कि जेबे
आँऊ तेती तुसा गे आँऊ तो माखे तिना लोका खे जो ये सोचोए कि आसे
दुनिया रे लोका रे मुताबिक चलणे वाल़े ए, से सखतयाई माखे दखाणी ना
पड़ो जेतेरी मांते उम्मीद कित्ती जाओई। 3 हालाँकि आसे दुनिया रे चलूँ-
फिरूँए, तेबे बी दुनिया रे लोका जेड़े आसे दुश्मणा ते नि लड़दे। 4 कऊँकि

म्हारी लड़ाईया रे अथियार दुनिया जेड़े निए, पर दुश्मणा रे गढ़ो खे टाल़ने खे
परमेशरो रे सामर्थी अथियार ए। 5 तो आसे ख्यालो खे और हर एक ऊच्ची
गल्ला खे, जो परमेशरो री पछयाणी रे बिरोदो रे ऊठोई, खण्डन करूँए; और
हर एकी इच्छा खे कैद करी की मसीह रा आज्ञाकारी बणाई देऊँए। 6 और
जेबे तुसे मसीह री आज्ञा पूरिया तरअ ते मानणे लगी जाओ, तो आसे हर एक
तरअ री आज्ञा ना मानणे वाल़ेया खे सजा देणे खे त्यार ए। 7 तुसे इना ई
गल्ला खेई देखोए, जो आखी रे सामणे ए, जे केसी रा आपू पाँदे ये विश्वास
ओ कि आऊँ मसीह राए, तो से ये बी जाणी लो कि जेड़ा से मसीह राए, तेड़े ई
आसे बी मसीह रे ए। 8 कऊँकि जे आऊँ तेस अक्को रे बारे रे ओर बी कमण्ड
दखाऊँ, जो प्रभुए तुसा रे विश्वासो खे नाश करने खे नि, पर तुसा रे विश्वासो
खे बड़ाणे खे आसा गे देई राखेया, तो आँऊ शर्मिंदा नि ऊणा। 9 ये आऊँ
इजी री खातर बोलूँआ कि चिट्ठिया रे जरिए तुसा खे डराणे वाल़ा नि ठईरूँ।
10 कऊँकि तुसा बीचा ते कुछ लोक बोलोए, “तेसरी चिट्ठिया तो दमदार और
असरदार ए; पर जेबे देखोए तो से शरीरो रा कमजोर और बोलणे रे अल़का
जाणोआ।” 11 तो जो लोक एड़ा बोलोआ, से ये समजी लो कि जेड़ा पीठी
पीछे चिट्ठिया रे म्हारे वचन ए, तेड़ा ई तुसा रे सामणे म्हारे काम बी ऊणे। 12
कऊँकि आसा रे ये इम्मत निए कि आसे आपणे आपू खे तिना बीचा ते एड़े
कितणेया साथे गिणिये या तिना साथे आपू खे मलाईये, जो आपणी तारीफ
आपू करोए और आपू खे आपू बीचे नापी-तोली की एकी दूजे साथे मिली की
मूर्ख ठराओए। 13 आसे तो कामो री सीमा ते बारे कदी बी कमण्ड नि करदे,
पर तेसा ई सीमा तक जो परमेशरे आसा री तंईं ठराई राखी और तिदे तुसे बी
आईगे रे और तिजी रे मुताबिक कमण्ड बी करूँगे। 14 कऊँकि आसे आपणे
कामो री सीमा ते बारे आपू खे बड़ाणा नि चांदे, जेड़ा कि तुसा तक पऊँछणे
री दशा रे ऊँदा। आसे तुसा खे मसीह रा सुसमाचार सुनाणे खे सबी बाटा रिये
ऊँदे ऊए कुरिन्थ नगरो रा सफर करने वाल़े पईले मांणू थे। 15 और आसे
सीमा ते बारे ओरी री मईणता पाँदे कमण्ड नि करदे, पर आसा खे उम्मीद ए
कि जियाँ-जियाँ तुसा रा विश्वास बड़दा जाणा, तियाँ-तियाँ आसे आपणी
सीमा रे मुताबिक तुसा री बजअ ते ओर बी लोका तक पऊँछदे जाणे, 16
ताकि आसे तुसा री सीमा ते आगे बड़ी की दूर-दूर जगा रे बी सुसमाचार

सुणाईए। कऊँकि ये निए कि आसे ओरी री सीमा रे पीतरे बणे-बणाए कामो
पाँदे कमण्ड करिए। 17 जेड़ा कि पवित्र शास्त्र बोलोआ, "जो कमण्ड करो,
से सिर्फ प्रभुए पाँदे कमण्ड करो।" 18 कऊँकि जो आपणी तारीफ करोआ,
से नि, बल्कि जेसरी तारीफ प्रभु करोआ, सेई ग्रहण कित्तेया जाओआ।
**11** तुसे ओरी लोका री जो आपणे बारे रे खरिया गल्ला बोलोए तिना खे
सईन करी लओए। आँऊ बी ये उम्मीद करूँआ कि तुसे मेरी बी थोड़ी जी
मूर्खता सईन करी लओ। 2 जिंयाँ परमेशर त्यान राखोआ तिंयाँ ई आऊँ तुसा
रे बारे रे चिन्ता करूँआ। तुसे एक पवित्र कुआँरिया जेड़े ए जो मैं एकलौते
लाड़े यीशु मसीह खे देणे खे चुणी राखे। 3 पर आऊँ डरूँआ कि जेड़े शैताने
सापो रे रूपो रे पईली जवाणस हव्वा बईकाई, तेड़े ई तुसा रे मन तेसा
सिधाईया और पवित्रता ते जो मसीह साथे ऊणी चाईयो, केथी प्रष्ट नि करे
जाओ। 4 जे कोई तुसा गे आयी की केसी दूजे यीशुए रा प्रचार करो, जेतेरा
प्रचार आसे नि कित्तेया; या कोई और ई आत्मा तुसा खे मिली जाओ, जो
पईले नि मिलेया था; या और ई कोई सुसमाचार सुणाओ जो तुसे पईले नि
मानी राखेया ओ, तो तुसा रा इना शिक्षा खे मानणा गलत ए। 5 आऊँ तो
समजूँआ कि आऊँ किजी बी गल्ला रे तिना ते जो आपणे आपू खे बड़ा प्रेरित
समजोए कम निया। 6 जे आऊँ बोलणे दे अनाड़ी ए, फेर बी माखे मसीह
और सुसमाचारो रे बारे रे ज्ञान ए। आसे इजी रा सबूत हर प्रकारा री गल्ला दे
सिखाणे रे जरिए देईता रा। 7 क्या इदे मैं कुछ पाप करेया कि मैं तुसा खे
परमेशरो रा सुसमाचार मुफ्त सुणाया और आपणे आपू खे नीच करेया,
ताकि तुसे ऊच्चे ऊई जाओ? 8 तुसा लोका री मुफ्तो रे सेवा करने खे मैं
ओरी मण्डलिया ते आपणा जीवन चलाणे खे दान लया तुसे एड़ा नि बोलो
कि मैं सेयो लूटिते। 9 जेबे आँऊ तुसा साथे था और माखे पैसेया री जरूरत
ऊई, तो मैं केसी पाँदे पाअर नि दित्तेया। कऊँकि विश्वासी पाईए मकिदुनिया
प्रदेशो ते आयी कि मेरी पैसेया री जरूरत पूरी कित्ती। मैं हर गल्ला रे आपू खे
तुसा पाँदे पाअर ऊणे ते रोकेया और रोकेया रा राखूँगा। 10 जे मसीह री
सच्चाई मांदे आए, तो अखाया प्रदेशो रे कोई माखे इजी पाँदे कमण्ड करने ते
नि रोकी सकदा। 11 मैं तुसा रे पैसे कऊँ नि लये? क्या इजी खे कि आऊँ
तुसा खे प्यार नि करदा? परमेशर ये जाणोआ कि आऊँ प्यार राखूँआ।

12 पर जो आऊँ करूँआ, सेई करदा रणा ताकि जो लोक मोका टोल़ोए,
तिना खे मां मोका नि देणा, ताकि सेयो तिना कामा रे कमण्ड नि करो, कि
तिना रा काम आसा जेड़ा ईए। 13 कऊँकि एड़े लोक चूठे प्रेरित, तोखे साथे
काम करने वाल़े और मसीह रे प्रेरित ऊणे रा ढोंग करोए। 14 और ये कुछ
अचम्बे री गल्ल निए कऊँकि शैतान आपू बी ज्योतिर्मय स्वर्गदूत ऊणे रा ढोंग
करोआ। 15 तो जे शैतानो रे सेवक बी तर्मी सेवको जेड़े ऊणे रा ढोंग करोए,
तो कोई बड़ी गल्ल निए, पर तिना रा अंत तिना रे कामो रे मुताबिक ऊणा।
16 आऊँ फेर बोलूँआ कि कोई माखे मूर्ख नि समजो। पर जे तुसे आँऊ एड़ा
मानी ला रा तो माखे मूर्ख ई समजी की सईन करी लो, ताकि आऊँ बी थोड़ा
जा कमण्ड करुँ। 17 इजी रे बारे रे आँऊ जो कुछ बोलूँआ से प्रभुए री आज्ञा
रे मुताबिक निए, पर न समजो रे मुताबिक नशंग कमण्डो ते बोलूँआ। 18
जबकि बऊत लोक दुनिया रे लोका रे मुताबिक कमण्ड करोए, तो मां बी
कमण्ड करना। 19 तुसे तो समजदार ऊई की खुशिया साथे मुर्खा री सईन
करी लओए। 20 कऊँकि जेबे तुसा खे कोई दास बणाई लओआ या तुसा गे
जो कुछ बी ओ से बी लई लओआ, या तोखा देई की फाईदा लई लओआ, या
आपणे आपू खे तुसा ते बड़ा बणाई देओआ, या तुसा रे मुंओ पाँदे थप्पड़
बाओआ, तो तुसे सयी लओए। 21 शायद माखे शर्मिंदा ऊणा चाईयो कि
माखे तुसा लोका साथे एड़ा बर्ताव करने री इम्मत नि ऊई। पर जेसा केसी
गल्ला रे कोई कमण्ड करोआ आऊँ मूर्खताईया रे बोलणे लगी रा कि आऊँ
बी कमण्ड करी सकूँआ। 22 क्या सेयो ई इब्रानी ए? आऊँ बी ए। क्या सेयो
ई इस्राएली ए? आऊँ बी ए। क्या सेयो ई अब्राहमो रे वंशो रे ए? आऊँ बी ए।
23 क्या सेयो ई मसीह रे सेवक ए? आऊँ पागलो जेड़ा बोलूँआ, पर आऊँ
तिना ते केथी बढ़ी की सेवक ए। मैं तिना ते केथी जादा मईणत करी राखी,
तिना ते जादा आँऊ बार-बार जेला रे गया, कई बार कोड़े खाई राखे, जादातर
मेरे ई प्राण मुसीबता रे पड़ी रे। 24 पाँज बार मैं यहूदी अगुवे रे आथो साथे
ऊँताल़ी-ऊँताल़ी कोड़े खाए। 25 तीन बार मैं डण्डे खाए, एक बार मां पाँदे
पात्थर बाए, तीन बार जाह्जो रे जिना पाँदे आऊँ चढ़ेया था, टूटी गे, एक दिन
और एक रात मैं समुद्रो रे बिताया। 26 आऊँ बार-बार सफरो रे, नदिया रे
खतरेया रे, डाकूआ रे खतरेया रे, आपणी जाति वाल़ेया रे खतरेया रे, दूजी

जातिया रे खतरेया ते, नगरो रे खतरेया रे, सुणसाण जगा रे खतरेया रे,
समुद्रो रे खतरेया रे, चूठे विश्वासी पाईया बीचे खतरेया रे रया। 27 मैं सख्त
मईणत कित्ती और बऊत राती जागदे ऊए बिताई। माखे बार-बार खाणे खे
रोटी नि मिली। पूख-त्याय, सेल़ा और टालेया री कमी इना सबी तकलीफा
खे सईन करदा रया। 28 और ओरी गल्ला खे छाडी की जिना रे बारे रे आऊँ
नि बतांदा, सबी मण्डल़िया री चिन्ता माखे हर रोज दबाओ थी। 29 जेबे कोई
कमजोर ओआ तो आँऊ बी कमजोरी महसूस करूँआ। जेबे कोई पापो रे
पड़ोआ तो मेरा जिऊ बऊत दुःखी ओआ। 30 जे कमण्ड करना जरूरी ए, तो
मां आपणी कमजोरिया री गल्ला पाँदे करना। 31 प्रभु यीशु मसीह रा पिता
परमेशर जो सदा धन्य ए, जाणोआ कि आऊँ चूठ नि बोलदा। (aiōn g165)
32 जेबे आँऊ दमिश्क नगरो रे था तो अरितास राजे रे राज्यपाले माखे पकड़ने
खे दमिश्क नगरो रे पईरा बठयाल़ी ता 33 और आऊँ टोकरिया रे दवारिया ते
ऊई की पीतो पाँदा ते त्वारेया और तेसरे आथो ते बची की निकल़ी गा।

**12** त्वाल़िया देणे ते कुछ बी फाईदा निए, तेबे बी माखे एड़ा करना पड़ोआ।
आऊँ प्रभुए रे दित्ते रे दर्शन और परकाशनो री चर्चा करूँगा। 2 आँऊ चौदा
साल पईले स्वर्गो रे चकी ता। चाए आँऊ आपणे शरीरो रे या आपणे शरीरो रे
बारे था आँऊ नि जाणदा परमेशर ई जाणोआ। 3 आ, सिर्फ परमेशर ई
जाणोआ कि आऊँ शरीरो रे था या शरीरो ते बारे था। पर आँऊ जाणूंआ 4
कि आँऊ स्वर्ग रे चकी ला था। मैं तेती एड़िया नौखिया गल्ला सुणिया जिना
खे शब्दा रे जरिए नि बोली सकदे और जिना रा मुंओ रे ल्याऊणा मांणूआ खे
ठीक निए। 5 इना गल्ला पाँदे कमण्ड करना ठीक ए, पर आँऊ एड़ा करने
वाल़ा निए। मां सिर्फ आपणी कमजोरिया पाँदे कमण्ड करना। 6 जे आऊँ
कमण्ड करना चाऊँ बी तो मूर्ख नि ऊणा, कऊँकि सच बोलूँगा। पर आँऊ
आपणे आपू खे कमण्ड करने ते रोकूँआ। कऊँकि लोक जेड़ी मेरी जिन्दगिया
खे देखोए और मांते उपदेश सुणोए तिजी ते जादा बढ़ी की माखे कुछ बी नि
समजो। 7 माखे परमेशरे बऊत ई नौखिया गल्ला दखाईया। आँऊ इना
गल्ला पाँदे कमण्ड नि करूँ इजी खे मेरे शरीरो रे एक कांडा चुबाई राखेया। से
कांडा शैतानो रा दूत ए से माखे तकलीफ देंदा रओआ कि आऊँ कमण्ड नि
करूँ। 8 इजी रे बारे रे मैं प्रभुए ते तीन बार बिनती कित्ती कि ये मांते दूर ऊई

जाओ। 9 प्रभुए माखे बोलेया, “मेरी कृपा ताखे बऊत ए; कऊँकि मेरी सामर्थ
कमजोरिया रे बऊत अच्छा काम करोई।” इजी री खातर आऊँ बड़ी खुशिया
साथे आपणी कमजोरिया पाँदे कमण्ड करूँगा ताकि मसीह री सामर्थ मां पाँदे
छांएं करदी रओ। 10 इजी बजअ ते आऊँ मसीह री खातर कमजोरिया रे,
निन्दा रे, गरीबिया रे, उपद्रवो रे और मुसीबता रे खुश ए; कऊँकि जेबे आऊँ
कमजोर ओऊँआ, तेबे मसीह री सामर्था ते तागतबर ओऊँआ। 11 आऊँ
मूर्खता री गल्ला करूँआ, पर तुसे लोके ई मांते ये जबरदस्ती कराया। तुसा
तो मेरी सपारिश करनी चाईए थी, हालाँकि आऊँ कुछ पनिए, तेबे बी तिना
बड़ेया ते बड़े प्रेरित बोलणे वाल़ेया ते किजी गल्ला रे बी कम निए। 12 जेबे
आँऊ तुसा साथे था तो मैं तुसा खे प्रेरित ऊणे रा प्रमाण दित्तेया। मैं सब्रो
साथे तुसा बीचे चिह्न, अचम्बे रे काम और सामर्था रे काम दखाए। 13 ओरी
मण्डल़िया रे मुकाबले रे तुसा लोका रे किजी गल्ला री कमी रईगी? आ,
आँऊ तुसा लोका पाँदे बोज नि बणेया। तुसे मेरा ये अन्याय माफ करेयो।
14 देखो, आऊँ तीजी बार तुसा गे आऊणे खे त्यार ए और मां तुसा पाँदे
कोई बोज नि राखणा। कऊँकि आऊँ तुसा री सम्पति नि, बल्कि तुसा खेई
चाऊँआ। कऊँकि बच्चेया, माया-बावा खे पैसा कट्ठा नि करना चाईयो, पर
माया-बावा, बच्चेया खे पैसा कट्ठा करना चाईयो। 15 मां तुसा लोका रिया
तंईं बड़ी खुशिया साथे खर्च करना, और आपणे प्राण बी तुसा खे देई देणे।
क्या जितणा जादा आऊँ तुसा साथे प्यार राखूँआ, तिथणा ई कअटी की तुसे
बी मांते प्यार राखोगे? 16 फेर बी तुसा खे ये मानणा पड़ना कि आँऊ तुसा
लोका पाँदे बोज नि बणेया, पर एड़ा ऊई सकोआ कि कोई बोलो कि मैं
चलाकिया ते तुसे तोखा देई कि फसाई ले। 17 तुसेई बताओ जो लोक मैं
तुसा गे पेजे, क्या तिना लोका बीचा ते किने बी तोखा करी की तुसा ते
कुछ गल़त फाईदा लया? 18 मैं तीतुसो खे समजयाई की तेस साथे से पाई
पेजेया, तो क्या तीतुसे तोखा करी की तुसा ते कुछ गल़त फाईदा लया? क्या
आसे एक ई पवित्र आत्मा रे चलाए नि चले? क्या एक ई बाटा रे नि चलिए?
19 पर तुसे एबुए तक समजणे लगी रे ऊगे कि आसे तुसा सामणे जवाब
देणे लगी रे। आसे तो परमेशरो खे आजीर जाणी की मसीह रे बोलूँए। ओ
प्यारेओ, सब गल्ला तुसा रे विश्वासो री बड़ोतरिया खे बोलूँए। 20 कऊँकि

माखे डर ए कि केथी एड़ा नि ओ कि आऊँ आईकि जेड़ा चाऊँआ, तिंयाँ तुसा
खे नि पाऊँ और माखे बी जेड़ा तुसे नि चांदे, तेड़ा ई पाओ। केथी एड़ा नि ओ
कि आँऊ तुसा रे एती आईकि चगड़ा, जल़न, रोष, बिरोद, ईर्ष्या, चुगली,
कमण्ड और बखेड़े पाऊँ 21 और केथी एड़ा नि ओ कि जेबे आँऊ वापस
आँऊ तो मेरा परमेशर माखे तिना सामणे शर्मिंदा नि करी देओ और माखे
बऊत जणेया खे फेर शोग करना पड़ो, जिने पईले पाप कित्तेया था और गन्दे
काम, व्याभिचार, लीचड़पण ते, जो तिने कित्तेया, मन नि फेरेया।

**13** एबे तीजी बार आँऊ तुसा लोका गे आऊणे वाल़ा ए। पवित्र शास्त्र
बोलोआ, "दो या तीन गवाओ री गवाईया रे जरिए हर एक गल्ल साबित
कित्ती जाओ।" 2 जेड़ा जेबे आऊँ दूजी बार तुसा साथे था, तो तेड़ा ई एबे दूर
रंदे ऊए तिना लोका खे जिने पईले पाप कित्तेया और बाकि सबी लोका खे
एबे पईले तेई बोली देऊँआ कि जे आऊँ फेर आऊँगा, तो सजा दित्ते बिना
छाडूंगा नि। 3 आँऊ तुसा ते बोलूँआ कि तुसे तो इजी रा सबूत चाओए कि
मसीह मेरे जरिए बोलोआ। तुसा खे सुदारने खे मसीह कमजोर निए, पर तुसा
रे सामर्थी ए। 4 से कमजोरिया री बजअ ते क्रूसो पाँदे चढ़ाया तो गया, तेबे
बी परमेशरो री सामर्था ते जिऊँदा ए। आसे बी तो तेसदे कमजोर ए, पर
परमेशरो री सामर्था ते जो तुसा खे ए, तेस साथे जिऊणे। 5 आपणे आपू खे
परखो कि तुसे विश्वासो रे आए कि नि। आपणे आपू खे परखो, क्या तुसे
आपणे बारे रे ये नि जाणदे कि यीशु मसीह तुसा रे ए? नई तो तुसे परखणे रे
नक्कमे निकल़ी रे। 6 पर मेरी उम्मीद ए कि तुसे जाणी लो कि आसे नक्कमे
नि निकल़े। 7 और आसे आपणे परमेशरो ते प्रार्थना करूँए कि तुसे कोई
बुराई नि करो; इजी खे नि कि आसे खरे दिखूँ, पर आसे एड़ा ई चाऊँए
कि तुसे पलाई करो, चाए आसे नक्कमे ई ठईरूँ। 8 कऊँकि आसे सच्चो
रे बिरोदो रे कुछ नि करी सकदे, पर सच्चो साथे सदा खड़े रई सकूँए। 9
जेबे आसे कमजोर ए और तुसे तागतबर ए, तो आसे खुश ओऊँए और ये
प्रार्थना बी करूँए कि तुसे विश्वासो रे मजबूत ऊई जाओ। 10 येई बजअ ए कि
आऊँ तुसा गे आऊणे ते पईले इना सारी गल्ला खे लिखूँआ ताकि माखे
आपणे अक्को रा इस्तेमाल करी की तुसा खे सजा देणे रे जरूरत नि पड़ो, से
अक्क माखे परमेशरे देई राखेया। कऊँकि आँऊ आपणा अक्क तुसा रे

विश्वासो खे मजबूत करने खे चाऊँआ न कि तिजी खे नाश करने खे। 11 ओ
साथी विश्वासियो, आँऊ इना शब्दा साथे आपणी चिट्ठी बन्द करूँआ। खुश
रओ, सिद्ध बणदे जाओ, एकी दूजे खे औंसला देंदे रओ, एक ई मन राखो,
मेल-मिलापो साथे रओ। तेबे प्यार और शान्तिया रा परमेशर तुसा साथे
रणा। 12 एकी-दूजे खे प्यारो साथे गल़े मिली की नमस्कार करो। 13 सब
परमेशरो रे पवित्र लोक तुसा खे नमस्कार करोए। 14 प्रभु यीशु मसीह री
कृपा, परमेशरो रा प्यार और पवित्र आत्मा री सहभागिता तुसा सबी साथे
ऊँदी रओ।

# गलातियों

**1** ये चिट्ठी मां प्रेरित पौलुसो री तरफा ते ए। आँऊ प्रेरितों रे तौरो पाँदे ना तो
केसी मांणूआ री टोलिया री तरफा ते ए और ना ई केसी मांणूए रे जरिए चुणी
राखेया। पर परमेशर पिते रे जरिए और यीशु मसीह रे जरिए जो मरे रेया
बीचा ते जिऊँदा ऊईगा, आँऊ प्रेरित चुणी राखेया। 2 और ये चिट्ठी मां साथे
रणे वाल़े सारे विश्वासी पाईया री तरफा ते गलातिया प्रदेशो री मण्डल़िया खे
पेजणे लगी रे। 3 आँऊ विनती करूँआ कि परमेशर पिता और म्हारे प्रभु यीशु
मसीह री तरफा ते तुसा खे कृपा और शान्ति मिलदी रओ। 4 आसा रे पिता
परमेशरो री इच्छा रे मुताबिक यीशु मसीहे आपणे आपू खे आसा रे पापो री
खातर बलिदान करी ता ताकि आसे एसा आज की दुनिया रे लोका रे बुरे
कामा ते बची रईए। (aiōn g165) 5 परमेशरो री स्तुति और महिमा जुगो-जुगो
तक ऊँदी रओ। आमीन्। (aiōn g165) 6 माखे ये गल्ल जाणी कि बऊत ई
दुःख ऊआ कि तुसे परमेशरो ते जिने तुसे मसीह री कृपा ते बुलाए, तेसते
तुसे इतणी चट पटकी गे। और तुसे ओर ई प्रकारा री शिक्षा री तरफा खे
चुकणे लगे, जेतेखे कुछ लोक सुसमाचार बोलोए। 7 पर सच तो ये ए कि
दूजा सुसमाचार अया ई नि। पर गल्ल ये ए कि कुछ लोक एड़े ए, जो तुसा खे
बड़ी उल़जणा दे पाई देओए और मसीह रे सुसमाचारो खे बिगाड़ना चाओए।
8 पर जे आसे या स्वर्गो ते कोई स्वर्गदूत बी तेस सुसमाचारो खे छाडी की
जो आसे तुसा खे सुणाया, कोई ओर सुसमाचार तुसा खे सुणाओ, तो से
परमेशरो री तरफा ते स्रापित ए। 9 जेड़ा आसे पईले बोली चुकी रे, तेड़ा
ई आऊँ एबे फेर बोलूँआ कि तेस सुसमाचारो खे छाडी की जो तुसे मानी
राखेया, जे कोई ओर सुसमाचार सुणाओआ, तो से परमेशरो री तरफा ते
स्रापित ए। 10 ये गल्ल बिल्कुल साफ ए कि आँऊ मांणूआ खे खुश करने री
कोशिश नि करदा, पर आँऊ परमेशरो खे खुश करना चाऊँआ। जे आऊँ
एबुए तक मांणूआ खे खुश करदा रंदा, तो मसीह रा दास नि ऊँदा। 11 ओ
साथी विश्वासियो! आऊँ तुसा खे बताई देऊँआ कि जो सुसमाचार मैं सुणाई
राखेया, से केसी मांणूआ रे दमाको री ऊपज निए। 12 कऊँकि से मांगे केसी
मांणूआ री तरफा ते नि पऊँछेया और ना ई किने मांणूए माखे सिखाया। पर
माखे ये संदेश सीदा ई यीशु मसीह री तरफा ते मिली रा। 13 तुसे सुणी चुकी

रे कि यहूदी मतो रे पईले मेरा केड़ा चाल-चलण था कि आऊँ परमेशरो री
मण्डलि़या खे बऊत जादा सताऊँ था और नाश करने री कोशिश करदा रऊँ
था। 14 आँऊ आपणे साथी यहूदी पाईया ते जादा यहूदी मतो रे आगे बड़दा
जाऊँ था और आपणे बाप-दादेया रे रीति-रवाजा खे बऊत ई तनो-मनो ते
मानो था। 15 पर परमेशरो री जिने आऊँ मेरी आम्मा रे गर्भो तेई ठराया और
आपणी कृपा ते बुलाई ला। 16 जेबे इच्छा ऊई कि मांदे आपणे पुत्रो खे
प्रगट करो, ताकि आऊँ दुजिया जातिया रे तेसरा सुसमाचार सुणाऊँ, तो
आँऊ तेबुई केसी बी मांणूआ गे नि गया कि तिना रा सन्देश पाऊँ 17 और
ना यरूशलेमो रे तिना गे गया, जो मांते पईले प्रेरित चुणे जाई चुके थे, पर
फटाफट अरब देशो खे चली गा और तेबे तेथा ते दमिश्क नगरो खे वापस
आईगा। 18 तेबे तीन साल बाद आऊँ प्रेरित पतरसो खे मिलणे खे यरूशलेम
नगरो रे गया और तेस साथे पंद्रा दिना तक रया। 19 पर आँऊ प्रभुए रे पाई
प्रेरित याकूबो खे छाडी की केसी ओरी प्रेरिता खे नि मिलेया। 20 जो गल्ला
आऊँ तुसा खे लिखूँआ, देखो, परमेशरो खे आजीर जाणी की बोलूँआ कि
सेयो चूठिया निए। 21 यरूशलेम नगरो खे छाडणे ते बाद आऊँ सीरिया
और किलिकिया रे देशो रे आया। 22 पर मां साथे यहूदिया प्रदेशो रे रणे
वाले़ मसीह विश्वासिया री मण्डली़ एबुए तक नि मिली थी। 23 पर येई
सुणेया करो थी कि एक बखत था जेबे से आसा खे पईले सताया करो था,
से एबे तेस ई विश्वासो रा सुसमाचार सुणाओआ, जेतेखे पईले नाश करने री
कोशिश करो था 24 और सेयो लोक मेरे बारे रे परमेशरो रा धन्यवाद करदे
रओए कऊँकि परमेशरे आँऊ मण्डलि़या खे सताणे वाले़ ते बदली कि मसीह
रा विश्वासी बणाईता।

**2** चौदा साल बाद आऊँ बरनबासो साथे यरूशलेम नगरो खे फेर गया और
तीतुसो खे बी आपू साथे लयी गा। 2 आँऊ तेती गया कऊँकि परमेशरे माखे
ये प्रकट कित्तेया कि आँऊ तेती जाऊँ। मैं तेती जो मण्डलि़या रे जाणे-माणे रे
अगुवे थे लग जे मिली की तिना खे बताई ता कि आऊँ दुजिया जातिया
बीचे सुसमाचार प्रचार करूँआ। ताकि एड़ा नि ओ कि मेरे एस बखतो री या
आगली दौड़-तूप बेकार ओ। 3 तीतुस जो मां साथे आया था से यूनानी था
और बिना खतने रा था। पर यरूशलेम नगरो री मण्डलि़या रे तिने अगुओ से

अपनाया और खतना कराणे खे मजबूर नि कित्तेया। 4 तीतुसो रा बिना खतने
ते ऊणा एक मसला बणीगा। ये तिना चूठे पाईया री बजअ ते ऊआ, जो
चोरिए कूसी की आए थे, ताकि तेसा आजादिया रा जो मसीह यीशुए रे आसा
खे मिली री, पेत लयी की आसा खे दास बणाओ। 5 पर आसे तिना लोका
री गल्ला ते एक कअड़िया खे बी सईमत नि ऊए, ताकि सुसमाचारो री
सच्चाई तुसा रे बणी री रओ। 6 जो लोक जाणे-माणे रे अगुवे थे सेयो चाए
केड़े बी थे, इजी ते मेरे बचारा रे कोई फर्क नि पड़दा। कऊँकि परमेशर मूँ
देखेया न्याय नि करदा। तिना लोका ते माखे कुछ बी नवां उपदेश नि मिलेया।
7 इजी ते लग तिने लोके समजेया कि जेड़ा यहूदी लोका खे सुसमाचार
सुनाणे रा काम पतरसो गे देई राखेया, तेड़ा ई दूजिया जातिया रे लोका
खे सुसमाचार सुनाणे रा काम परमेशरे माखे देई राखेया। 8 कऊँकि जिने
परमेशरे पतरसो खे यहूदिया रा प्रेरित बणाई की तिना रे जरिए सेवा रा काम
कित्तेया, तिने ई परमेशरे माखे बी दुजिया जातिया रा प्रेरित बणाई की मेरे
जरिए सेवा रा काम कित्तेया। 9 जो लोक मण्डलिया रे खम्बे समजे जाओ थे
मतलब याकूब, कैफा और यूहन्ना तिने कृपा रा से वरदान पछयाणेया जो
माखे मिलेया। तिने माखे और बरनबासो खे आपणे साथी समजी की आसा
खे सहभागिता रा दाँणा आथ दित्तेया। सेयो एते गल्ला खे सईमत ऊए कि
आसे दुजिया जातिया गे सुसमाचार सुनाणे खे जाऊँ और सेयो यहूदिया गे
जाओ। 10 तिने बस आसा ते येई बिनती कित्ती कि आसे यरूशलेम नगरो रे
गरीब विश्वासिया री मताद करिए और एस ई कामो खे करने री आऊँ आपू
बी कोशिश करने लगी रा था। 11 पतरसो रा अन्ताकिया नगरो रे आऊणे ते
बाद एक दिन मैं तेसरा लोका रे सामणे बरोद कित्तेया, कऊँकि जो से करने
लगी रा था से गलत था। 12 से पईले दुजिया जातिया साथे रोटी खाया
करो था, पर जेबे याकूबो री तरफा ते कुछ यहूदी लोक आये, तो खतना
कित्ते रे यहूदी लोका रे डरो रे मारे से तिना ते पीछे आटीगा और कनारा
करने लगेया। 13 और तेस साथे बाकि यहूदी विश्वासिये बी कपट कित्तेया,
एथो तक कि बरनबास बी तिना रे कपटो रे पड़ी गा। 14 पर जेबे मैं देखेया
कि सेयो सुसमाचारो री सच्चाईया पाँदे सीदी चाल नि चलदे, तो मैं सबी
सामणे पतरसो खे बोलेया, "जेबे तूँ यहूदी ऊई की दुजिया जातिया जेड़े

चलेया और यहूदिया जेड़ा निए, तो तूँ दुजिया जातिया खे यहूदिया जेड़े चलणे
खे कऊँ बोलेया? 15 “आसे जो जन्मो रे यहूदी ए और ‘पापी दूजी जाति’
निए, जेड़ा कि आसे यहूदी तिना खे दुजिया जातिया रे बोलोए। 16 तेबे बी
आसे ये जाणूंए कि मांणू मूसे रा बिधानो रे कामो ते तर्मी नि ठईरदा। पर
बस यीशु मसीह पाँदि विश्वास करने ते तर्मी ठईरोआ। आसे आपू बी यीशु
मसीह पाँदि विश्वास कित्तेया, कि आसे बिधानो रे कामो ते नि पर मसीह पाँदि
विश्वास करने ते तर्मी ठईरूँ। कऊँकि बिधानो रे कामो ते कोई मांणू तर्मी नि
ठईरना। 17 “कुछ यहूदी सोचोए कि बस यीशु मसीह पाँदि विश्वास करी
की आसे पाप कित्तेया। कऊँकि आसे तर्मी बणने खे बिधानो खे मानणे री
बजाये बस मसीह पाँदि विश्वास करूँए। तो क्या मसीह पापो रा पालण-पोषण
करने वाल़े ए? कदी पनि! 18 पर जे आँऊ फेर सेई बिधानो खे मानणे रा
काम करूँ जो मैं छाडीता था, तो आपणे आपू खे अपराधी ठराऊँआ। 19
“कऊँकि आऊँ तो बिधानो रे जरिए बिधानो खे मरी गा, ताकि आँऊ परमेशरो
री खातर जिऊँ। 20 आऊँ मसीह साथे क्रूसो पाँदि चढ़ाया। आऊँ एबे जिऊँदा
नि रया, पर मसीह मांदे जिऊँदा ए। आऊँ शरीरो रे जो एबु जिऊँदा ए, तो बस
तेस विश्वासो ते जिऊँदा ए, जो परमेशरो रे पुत्रो पाँदि ए, जिने माखे प्यार
कित्तेया और मेरी खातर आपू खे देईता। 21 आऊँ परमेशरो री कृपा बेकार
नि ठराई सकदा। जे बिधानो रे जरिए धार्मिकता ऊँदी, तो मसीह रा मरना
बेकार ऊँदा।”

**3** ओ नासमज गलातिया रे रणे वाल़ेयो! तुसे किने मोही ले? मैं तुसा लोका
खे यीशु मसीह खे क्रूसो पाँदि चढ़ाए जाणे रा मतलब साफ-साफ समजाईता
था जिंयाँ मानो तुसा री आखी सामणे से क्रूसो पाँदि चढ़ाई राखेया ओ।
2 आऊँ तुसा ते बस ये पूछणा चाऊँआ कि क्या तुसे पवित्र आत्मा मूसा
रे बिधानो खे मानणे ते पाया? बिल्कुल नि! बल्कि तुसे यीशु मसीह रे
सुसमाचारो पाँदि विश्वास करने ते पवित्र आत्मा पाया। 3 क्या तुसे एड़े
नासमज ए कि पवित्र आत्मा री रीतिया ते शुरू करी की एबे शरीरो री रीतिया
पाँदि अंत करना? 4 क्या तुसे विश्वासो रे आऊणे ते बाद इतणा दु: ख ईंयां ई
उठाया? पर कदी बी बेकार नि। 5 आँऊ तुसा ते फेर पूछणा चाऊँआ कि
परमेशर जो तुसा खे पवित्र आत्मा देओआ और तुसा बीचे सामर्था रे काम

करोआ, क्या से एड़ा इजी खे करोआ कि तुसे बिधानो खे मानोए या तुसे
सुसमाचारो पाँदे विश्वास कित्तेया इजी खे एड़ा करोआ? **6** पवित्र शास्त्रो
रे बोली राखेया, “अब्राहमे परमेशरो पाँदे विश्वास कित्तेया और ये तेसखे
धार्मिकता गिणी गयी।” **7** तुसे एसा गल्ला खे जाणी लो कि जो लोक
अब्राहमो जेड़े परमेशरो रे विश्वास करोए सेयो लोक ई अब्राहमो री असली
ल्वाद ए। **8** और पवित्र शास्त्रे पईले ई ये जाणी की कि परमेशरो दूजी
जाति विश्वासो रे जरिए तर्मी ठराणी, पईले तेई अब्राहमो खे ये सुसमाचार
दित्तेया, “तेरे जरिए तरतिया री सबी जातिया आशीष पाणी।” **9** तो जो
लोक अब्राहमो जेड़े परमेशरो रे विश्वास करोए सेयो विश्वास करने वा़ले लोक
अब्राहमो जेड़े आशीष पाओए। **10** तो जितणे लोक बिधानो रे कामो पाँदे
विश्वास राखोए, सेयो सब स्रापो रे अधीन ए, कऊँकि लिखी राखेया, “जो
कोई बिधानो री कताबा रे लिखी रिया सब गल्ला रे करने रे स्थिर नि रंदा, से
श्रापित ए।” **11** पर ये गल्ल प्रकट ए कि कोई बी मांणू बिधानो रे जरिए
परमेशरो गे तर्मी नि ठईरदा। कऊँकि पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, “तर्मी
मांणू विश्वासो रे जरिए जिऊँदा रणा।” **12** पर मूसा रे बिधानो रा विश्वासो
साथे कोई रिश्ता निए, कऊँकि पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, “जो इना
सबी गल्ला खे मानोगा, से तिना री बजअ ते जिऊँदा रणा।” **13** पर मसीहे
आसे तेस श्रापो ते छुड़ाईते जो बिधान ना मानणे ते आसा खे मिलोआ। आपू
ई मसीह म्हारे पापो रा श्राप आपू पाँदे लयी की क्रूसो पाँदे मरेया। कऊँकि
पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, “जो कोई काठो पाँदे लटकाया जाओ आ से
श्रापित ए” **14** ये इजी री खातर ऊआ, ताकि अब्राहमो री आशीष मसीह
यीशुए रे दुजिया जातिया तक पऊँछो और आसे विश्वासो रे जरिए तेसा पवित्र
आत्मा खे पाऊँ, जेतेरा वादा ऊई रा। **15** ओ साथी विश्वासियो, आऊँ मांणूए
री रीतिया पाँदे बोलूँआ कि केसी मांणूआ रा वसीयतनामा पक्का ऊई जाणे
ते बाद ना तो तिजी खे कोई रद्द करी सकोआ और ना ई तिदे कुछ जोड़ी
सकोआ। **16** एबे जो वादे अब्राहमो खे और तेसरे वंशो खे दित्ते, तिजी रे बारे
रे पवित्र शास्त्र ये नि बोलदा कि, “तिना रे वंशो खे” जेड़ा कि बऊत जणेया रे
बारे रे, बल्कि “तिना रे वंशजो खे”, मानो एकी ई मांणूए खे, और से वंश
मसीह ए। **17** मेरा बोलणे रा मतलब ये ए कि परमेशरे अब्राहमो साथे एक

वाचा पक्की कित्ती और तिजी खे पूरा करने रा वादा बी कित्तेया। चार सौ तीई
साल बाद परमेशरे मूसे रे जरिए बिधान दित्ता। मूसा रा से बिधान परमेशरो री
वाचा खे टाळी नि सकी कि परमेशरो रा वादा बेकार ठईरो। 18 जे बिधानो रे
जरिए जायदात मिलदी, तो वादे ते तिजी रा कोई मतलब नि ऊँदा। पर वादे रे
जरिए ई परमेशरे तेसा जायदाता खे अब्राहमो खे देणे री कृपा कित्ती। 19 तो
तेबे बिधानो रा क्या इरादा ए? परमेशरे वादे साथे बिधान इजी खे दित्ता कि
लोक आपणे पापो री पछयाण करी सको। अब्राहमो रे वादे रा वंश आऊणे
तक ई जेतेखे परमेशरे देणे रा वादा कित्तेया था मूसे रा बिधान बणी री रई।
परमेशरे आपणा बिधान स्वर्गदूता रे जरिए मूसे खे दित्ती, जो परमेशर और
लोका बीचे बचोला था। 20 बचोलापण तो कम ते कम दूँईं जणेया बीचे
कित्तेया जाओआ। पर परमेशर जो एक ईए, तिने अब्राहमो ते वादा करदे
बखते बचोले रा इस्तेमाल नि कित्तेया। 21 तो क्या बिधान परमेशरो रे वादे रे
बिरोदो रे ए? कदी पनि, कऊँकि जे एड़ी बिधान देंदे जो जीवन देई सको, तो
सच्ची तेसा बिधानो खे मानणे ते धार्मिकता मिली जांदी। 22 पर पवित्र शास्त्रे
सब पापो रे अधीन करी ते, ताकि से वादा जेतेरा आधार प्रभु यीशु मसीह
पाँदे विश्वास करना ए, विश्वास करने वाळेया खे पूरा ओ। 23 पर विश्वासो रे
आऊणे ते पईले बिधानो री अधीनता रे आसे कैद थे और तेस विश्वासो रे
आऊणे तक, जो प्रकट ऊणे वाळा था, आसे तिजी रेई बन्दनो रे बंदी रे थे। 24
तेबेई मसीह रे आऊणे तक आसा री अगुवाई करने खे और आसा री देखपाळ
करने खे बिधान दित्ता, ताकि आसे विश्वासो ते तर्मी ठईरूँ। 25 पर एबे जेबे
आसे मसीह पाँदे विश्वास करी ता रा तो आसे एबे बिधानो रे अधीन नि रये।
26 कऊँकि तुसे सब तेस यीशु मसीह पाँदे विश्वास करने रे जरिए परमेशरो री
ल्वाद ए। 27 और तुसा बीचा ते जितणेया यीशु मसीह रा बपतिस्मा लया,
तिने मसीह पईनी ला रा। 28 यीशु मसीह रे विश्वास करने ते तुसे सब एक
जेड़े बणी गे रे, चाए कोई यहूदी ए या दूजी जाति, चाए कोई दास ए या
आजाद, चाए कोई मर्द ए या जवाणस सब यीशु मसीह रे एक ए 29 और जे
तुसे मसीह रे ए, तो अब्राहमो रे वंश और वादे रे मुताबिक बारस बीए।

**4** मेरे बोलणे रा मतलब ये ए कि पाऊ आपणे पिते री जायदाता रा अक्कदार
ओआ पर जदुओ तक से नाबालिक ए तदुओ तक से दासो जेड़ा ईए। बल्कि

से आपणे पिते री सबी चीजा रा मालक बी ए, तेबे बी तेसरे और दासो रे कोई
फर्क निए। 2 पर पिते रे ठराए रे बखतो तक से देख-रेख करने वाल़े और
पण्डारियो रे वशो रे रओआ। 3 तिंयाँ ई आसे बी जेबे तेस बाल़को जेड़े थे, तो
तिना रीति-रिवाजा और तेसा बिधानो रे दास थे जो एसा दुनिया रे ए। 4
पर जेबे ठीक बखत आया, तो परमेशरे आपणा पुत्र एते दुनिया रे पेजेया,
जो जवाणसा ते जम्मेया। से यहूदिया रे परिवारो रे पैदा ऊआ और मूसे रा
बिधानो रे मुताबिक आपणी जिन्दगी जी। 5 ताकि मूसे रा बिधानो रे अधीन
रणे वाल़ेया खे मोले लयी की छुड़ाई लो और आसा खे आपणे बच्चेया रे रूपो
रे अपणाओ। 6 कऊँकि आसे तेसरे पाऊ ए, परमेशरे आपणे पुत्रो रा आत्मा
आसा रे दिलो रे पेजेया, से आत्मा परमेशरो खे, ओ अब्बा! ओ पिता! बोली
की आक्का पाओआ। 7 तेबेई एबे आसे दास निए, बल्कि पाऊ बणी गे,
कऊँकि एबे आसे परमेशरो री ल्वाद ए, तो जो कुछ बी तेसगे अया तेस सब
कुछ आसा खे देई देणा। 8 जेबे तुसे परमेशरो खे नि जाणो थे, तेस बखते
तुसे तिना रे दास थे, जो सच्चो खेई परमेशर अया ई नि। 9 पर एबे तुसे
परमेशर पछयाणी ला रा, बल्कि एड़ा बोलो कि परमेशरे तुसे अपनाई ले
रे, तो फेर तुसे कमजोर और नकम्मी दुनिया रे रीति-रवाज और शुरूओ री
शिक्षा रे दास बणने खे कऊँ वापस ऊणे लगी रे? क्या तुसा खे फेर तिना रे
दास बणने री इच्छा ए? 10 तुसे दुजिया जातिया रे लोक मूसे रा बिधानो रे
मुताबिक दिन और मीन्ने, ठीक बखत और सालो खे मानोए। 11 आऊँ तुसा
रे बारे रे डरूँआ, केथी एड़ा नि ओ कि जो मईणत मैं तुसा री तंईं कित्ती बेकार
जाओ। 12 ओ साथी विश्वासियो, आऊँ तुसा ते बिनती करूँआ कि तुसे बी मां
जेड़े मूसे रा बिधानो ते आजाद ऊई जाओ, कऊँकि आऊँ बी तुसा जेड़ा
बणीगा रा, तुसे मेरी ठीक देखपाल़ कित्ती। 13 तुसा खे याद ओगा कि पईली
बार मैं आपणी बमारी और कमजोरिया री दशा रे तुसा खे सुसमाचार सुणाया
14 और तुसे मेरी शरीरो री दशा खे, जो तुसा खे मुसीबता री बजअ थी, तुच्छ
नि जाणी, ना तिजी ते चीढ़ कित्ती पर परमेशरो रे स्वर्गदूत बल्कि मसीह जेड़ा
आऊँ मानेया। 15 तो तुसा री से खुशी मनाणी केयी गयी? आऊँ तुसा रा गवा
ए कि जे ऊई सकदा, तो तुसे आपणी आखी बी निकयाल़ी की माखे देई देंदे।
16 तो क्या तुसा ते सच बोलणे री बजअ ते आऊँ तुसा रा दुश्मण ऊईगा? 17

सेयो चूठे शिक्षक तुसा खे आपणी तरफा खे करने खे उतावले़ ए, पर खरी
नियता ते नि, बल्कि तुसा खे मांते लग करना चाओए, ताकि तुसे तिना खेई
दोस्त बणाई लो। 18 सदा ई खरे इरादे रे इच्छुक ऊणा बढ़िया ओआ और
सिर्फ तेस बखते ई नि जेबे आऊँ तुसा साथे रऊँआ। 19 ओ मेरे बाल़को!
जदुओ तक तुसा रे मसीह री शक्ल नि बणी जाओ, तदुओ तक आऊँ तुसा री
तंईं फेर बच्चा ऊणे री जिया पीड़ा सईन करूँआ। 20 आँऊ चाऊँआ कि एस
बखते आँऊ तुसा गे ऊँदा और तुसा ते प्यारो साथे गल्ला करदा, कऊँकि
मेरिया समजा रे नि आऊँदा कि आँऊ तुसा ते क्या बोलूँ। 21 तुसे जो मूसे रा
बिधानो रे अधीन ऊणा चाओए, मेरी गल्ल सुणो, मां तुसा खे बताणा कि
मूसा रे बिधानो री कताबा रे क्या लिखी राखेया? 22 पवित्र शास्त्रो रे लिखी
राखेया कि अब्राहमो रे दो पाऊ थे। एक पाऊ अब्राहमो री दासी हाजिरा ते
पैदा ऊआ और दूजा पाऊ तेसरी लाड़ी जो दासी नि थी तेसा ते पैदा ऊआ।
23 पर अब्राहमो रा जो पाऊ तेसा दासी जवाणसा ते पैदा ऊआ, से शरीरो री
रीतिया ते जम्मेया और से पाऊ जो आजाद जवाणसा ते मतलब तेसरी
लाड़िया ते पैदा ऊआ से परमेशरो रे वादे रे मुताबिक जम्मेया। 24 इना गल्ला
रे उदारण ए, यो जवाणसा मानो दो वाचा ए। पईली जवाणस हाजिरा जो
सीनै पाहड़ो खे दखाओई, जेती परमेशरे इस्राएली लोका खे बिधान दित्ता
जेसा ते दास ई जम्मोए। 25 यरूशलेमो रे लोक आज गुलामिया रे ए कऊँकि
से यहूदी बिधानो खे मानोए। ये लोक हाजिरा जेड़े ई गुलामिया रे ए जो
अरब देशो रे सीनै पाहड़ो पाँदि दित्ती रे बिधानो खे दखाओआ। 26 और दूजी
जवाणस सारा ए जो स्वर्गिय यरूशलेमो खे दखाओई। से आजाद जवाणस ए
और से म्हारी आम्मा ए। 27 जेड़ा कि यशायाह भविष्यवक्ते पवित्र शास्त्रो रे
लिखी राखेया, "ओ बांझ जवाणस, तूँ जो जमांदी नि, खुशी मना, तूँ जेसखे
पीड़ा नि लगदिया, गल़ा खोली की जय-जयकार कर, कऊँकि त्यागिया री
ल्वादा, स्वागणी री ल्वादा ते बी जादा ए।" 28 ओ साथी विश्वासियो! आसे
इसहाको जेड़े वादे री ल्वाद ए। 29 पर एबे तुसे तिना लोका रे जरिए सताए
जाओए जो तुसा खे बिधानो रे अधीन राखणा चाओए। ठीक इश्माएलो जेड़े
ई जो शरीरो री इच्छा रे मुताबिक जम्मेया और परमेशरो रे वादे रे मुताबिक
जम्मे रे पाऊ इसहाको खे सताओ था। 30 पर पवित्र शास्त्र क्या बोलोआ?

“दासी और तेसा रे पाऊए खे निकयाल़ी दे, कऊँकि दासिया रा पाऊ आजाद
जवाणसा रे पाऊए साथे वारिस नि ऊणा।” 31 तेबेई ओ साथी विश्वासियो!
आसे दासी जवाणस मतलब बिधानो रे नि, बल्कि आजाद जवाणस मतलब
विश्वासो री ल्वाद ए।

**5** मसीहे मूसे रा बिधानो ते आजाद रणे खे आसे आजाद करी राखे। तो
आपणी आजादिया रे बणे रे रओ और बिधानो री गुलामिया रे फेर बंदी कि
नि रओ। 2 देखो, आऊँ पौलुस तुसा खे बोलूँआ कि जे खतना कराओगे,
तो मसीह रे तुसा खे कुछ फाईदा नि ऊणा। 3 आऊँ हर खतना कराने
वाल़ेया खे फेर और बी जोर देई की बताई देऊँआ कि तेसखे मूसा री सारा
बिधान मानणी पड़नी। 4 तुसे जो मूसे रा बिधान मानणे रे जरिए तर्मी ठईरना
चाओए, मसीह ते लग ऊईगे रे और परमेशरो री कृपा तुसे आपू ई ठुकराईती,
जेतेंरे जरिए आसे परमेशरो रे सामणे तर्मी ठईरूँए। 5 आँऊ ये बोली सकूँआ
कि आसा खे पवित्र आत्मा री तरफा ते पूरा परोसा ए कि परमेशरो आसे
मसीह रे विश्वासो री बजअ ते तर्मिया रे रूपो रे मानणे। 6 यीशु मसीह रे ना
तो खतना, ना बिना खतना कुछ कामो राए, पर बस विश्वासो रा, जो प्यारो रे
जरिए असर करोआ। 7 मसीह रे तुसे ठीक-ठाक तरक्की करने लगी रे
थे। एबे तुसे किने रोकी ते, कि सच्चो खे नि मानो? 8 एड़ी शिक्षा तुसा गे
परमेशरो री तरफा ते नि आई री जिने तुसे आपणे बच्चेया जेड़े बुलाई राखे।
9 एक कहावत ए जो ईंयां बोलोई कि थोड़ा जा सजेड़ा सारे गूँदे रे आटे खे
सजेड़ा बणाई देओआ। 10 आऊँ प्रभुए पाँदे तुसा रे बारे रे परोसा करूँआ कि
तुसे केसी दूजे री शिक्षा खे नि मानोगे। पर जो कोई तुसा खे आपणी चूठी
शिक्षा ते कबराई देओआ, से चाए कोई बी ओ, परमेशरो री तरफा ते तेसखे
सजा मिलणी। 11 ओ साथी विश्वासियो, जे आऊँ एबुए तक खतने रा प्रचार
करूँआ, तो यहूदिया रे जरिए कऊँ एबुए तक सताया जाऊँआ? जे मसीह री
मौता री बजाए खतने रा प्रचार करदा तो यहूदी मेंरे खलाफ बरोद नि करदे।
12 पला ऊँदा कि जो तुसा खे चूठी शिक्षा ते कबराई देओए, सेयो आपणे
आपू खे नपूंसक बणाई देंदे। 13 ओ साथी विश्वासियो, तुसे परमेशरो रे जरिए
आजाद ऊणे खे बुलाई राखे, पर एड़ा नि ओ कि ये आजादी शरीरो रे पापी
सबाओ री इच्छा खे पूरा करने रा मौका बणो, बल्कि प्यारो साथे एकी-दूजे रे

दास बणो। 14 कऊँकि सारा बिधान इजी एकी गल्ला रे पूरी ऊई जाओई,
“तूँ आपणे पड़ोसिये साथे आपू जेड़ा प्यार राख।” 15 पर जे तुसे जानवरा
जेड़े एकी-दूजे खे दाँदे देओए और फाड़ने री कोशिश करोए, तो चौकस रओ।
केथी एड़ा नि ओ कि तुसे एकी-दूजे रा सत्यानाश नि करी देओ। 16 पर आऊँ
बोलूँआ कि पवित्र आत्मा रे मुताबिक चलो, तो तुसा शरीरो री इच्छा किंयाँ बी
पूरी नि करनी। 17 कऊँकि शरीरो रा पापी सबाओ आत्मा रे बिरोदो रे इच्छा
करोआ और यो एकी-दूजे रे बिरोदी ए, ताकि जो कुछ तुसे करना चाओए, से
करी नि सको। 18 और जे तुसे आत्मा रे मुताबिक चलोए, तो बिधानो रे
अधीन नि रये। 19 शरीरो रे काम तो प्रकट ए, मतलब-व्याभिचार, गन्दे काम,
लीचड़पण, 20 मूर्तिपूजा, जादू-टोणा, बैर, चगड़ा, ईर्ष्या, रोष, बिरोद, फूट,
पाप, 21 डाह्, मतवाल़ापण, लीला-क्रीड़ा और इना जेड़े ओर बी और काम
ए। इना रे बारे रे आऊँ तुसा खे पईले ई बताई देऊँआ, जेड़ा पईले बी बोली
चुकेया रा कि एड़े-एड़े काम करने वाल़े परमेशरो रे राज्य रे बारिस नि ऊणे।
22 पर पवित्र आत्मा रा फल प्यार, खुशी, शान्ति, सब्र, कृपा, पलाई, विश्वासो
जोगा, 23 नम्रता और संयम ए। एड़े-एड़े कामो रे बिरोदो रे कोई बिधान निए।
24 और जो यीशु मसीह रे ए, तिने शरीरो रे पापी सबाओ खे तेसरी वासना
और इच्छा समेत क्रूसो पाँदे चड़ाई ता रा। 25 जे आसे पवित्र आत्मा रे जरिए
जिऊँदे ए, तो पवित्र आत्मा रे मुताबिक चलिए बी। 26 आसे ना तो कमण्डी
बणिए और ना एकी-दूजे खे पड़काईए और ना ई एकी-दूजे ते जल़न करिए।
**6** ओ साथी विश्वासियो! जे कोई मांणू केसी पापो रे पकड़ेया जाओ, तो तुसे
जो पवित्र आत्मा री अगुवाईया रे चलोए, नरमाईया साथे एड़ेया खे तर्मो री
बाटा रे फेर आऊणे रे मताद करो और आपणी बी चौकसी राखो, ताकि तुसे
बी परीक्षा रे नि पड़ो। 2 तुसे एकी-दूजे रा पार चको और ईंयां मसीह रा
बिधान पूरी करो। 3 कऊँकि जे कोई आपणे आपू खे ए समजोआ कि आँऊ
ओरी ते बढ़ी की ए तो से आपणे आपू खे तोखा देओआ। जबकि से कुछ बी
निए। 4 पर हर एक जन आपणे ई कामो खे परखी लओ। जे से अच्छा ओगा
तो तुसे आपणे कामो पाँदे दूजे रे कामो ते तुलना कित्ते बिना कमण्ड करी
सकोए। 5 कऊँकि हर एकी मांणूए खे आपणा ई बोजा चकणा पड़ना। 6 जो
लोक परमेशरो रे वचनो री शिक्षा पाओआ, सेयो लोक सब खरिया चीजा

रे आपणे सिखाणे वाल़ेया खे शामिल करो। 7 तोखा नि खाओ, परमेशर
मजाको रे नि उड़ाया जांदा, कऊँकि मांणूए जो कुछ बीजणा, सेई बाडणा। 8
कऊँकि जो आपणे शरीरो रे पापी सबाओ री तंई बीजोआ, तेस शरीरो रेई
जरिए विनाशो री फसल बाडणी। और जो पवित्र आत्मा खे बीजोआ, तेस
पवित्र आत्मा रेई जरिए अनन्त जीवनो री फसल बाडणी। **(aiōnios g166)** 9
आसे खरे काम करने रे इम्मत नि छाडिए, कऊँकि जे आसे टील्ले नि ऊए, तो
ठीक बखतो पाँदे फसल बाडणी। 10 इजी री खातर जेथो तक मौका मिलो
आसे सबी साथे पलाई करिए, खास करी की विश्वासी पाईया साथे पलाई
करिए। 11 देखो, मैं कितणे बड़े-बड़े अक्षरा रे तुसा खे आपणे आथो साथे
लिखी राखेया। 12 जो लोक शरीरो रा दखावा चाओए सेयो ई तुसा रा खतना
करवाणे खे जोर पाओए, इजी खे की सेयो मसीह रे क्रूसो रे जरिए सताए नि
जाओ। 13 कऊँकि खतना कराणे वाल़े आपू तो मूसे रा बिधानो पाँदे नि
चलदे, पर तुसा रा खतना इजी खे करवाणा चाओए ताकि तुसा रे शरीरो री
दशा पाँदे कमण्ड करी सको। 14 पर एड़ा नि ओ कि आऊँ किजी ओरी
गल्ला पाँदे कमण्ड करुँ, बस म्हारे प्रभु यीशु मसीह रे क्रूसो रा, जेतेरी बजअ
ते दुनिया मेरी नजरा रे और आऊँ दुनिया री नजरा रे क्रूसो पाँदे चड़ाई ता रा।
15 केसी रा खतना ऊई रा ओ या बिना खतने रा ओ इजी री कोई अहमियत
निए। पर अहमियत इजी गल्ला रिये कि आसे पूरे तौरौ पाँदे नई सृष्टि बणी
जाईए। 16 और जितणे एस नियमो पाँदे चलणे, तिना पाँदे और परमेशरो रे
इस्राएलो पाँदे, शान्ति और कृपा ऊँदी रओ। 17 आगे कोई माखे दु: ख नि
देओ, कऊँकि आऊँ प्रभु यीशुए रे दाग, आपणे शरीरो रे लयी की फिरदा
रऊँआ। 18 ओ साथी विश्वासियो! आँऊ बिनती करूँआ कि म्हारे प्रभु यीशु
मसीह री कृपा तुसा री आत्मा साथे रओ। आमीन्।

# इफिसियों

**1** ये चिट्ठी मां पौलुसो री तरफा ते ए। आँऊ परमेशरो री इच्छा ते यीशु
मसीह रा प्रेरित ए। आँऊ ये चिट्ठी परमेशरो रे तिना पवित्र और यीशु मसीह रे
विश्वासी लोका खे लिखणे लगी रा जो इफिसुस नगरो रे ए। **2** आँऊ बिनती
करूँआ कि म्हारे पिता परमेशर और प्रभु यीशु मसीह री तरफा ते तुसा खे
कृपा और शान्ति मिलदी रओ। **3** म्हारे प्रभु यीशु मसीह रे पिता परमेशरो रा
धन्यवाद ओ कि तिने आसा खे मसीह रे स्वर्गो री जगा रे सब प्रकारा री
आत्मिक आशीषा ते आशीषित करी राखेया। **4** परमेशरे दुनिया री उत्पत्तिया
ते पईले ई मसीह रे आसे चूणी ले, ताकि आसे तेसरी नजरा रे पवित्र और
निर्दोष ओऊँ। **5** कऊँकि परमेशरे आसा ते प्यार कित्तेया, तिने फैंसला
कित्तेया कि से आसा खे यीशु मसीह रे जरिए गोदी पुत्रो रे रुपो रे अपणाओ।
परमेशरे ये आपणी इच्छा और खुशिया साथे कित्तेया। **6** परमेशरो री तेसा
महिमामय कृपा खे तेसरी स्तुति ओ। से महिमामय कृपा तिने आसा खे
आपणे प्यारे पुत्रो रे जरिए मुफ्तो रे दित्ती। **7** यीशु मसीह खे क्रूसो पाँदे
आपणा खून बाह्ले रे जरिए परमेशरे आसा खे छुटकारा मतलब पापो खे माफ
करिता। परमेशरो री कृपा कितणी महान् ए, जो तिने आसा खे बऊत जादा
देई राखी। **8** परमेशरे ये कृपा आसा पाँदे आपणी सारी बुद्धि और समजा
साथे बऊत जादा कित्ती। **9** परमेशरे एबे मसीह रे बारे रे आपणा पेत आसा
पाँदे आपणे खरे मकसदो रे मुताबिक प्रकट कित्तेया जो तिने आपणे आपू रे
ठाणी राखेया था। **10** और योजना ये ए कि सई बखतो पाँदे से जो कुछ बी
स्वर्गो रे ए और जो कुछ तरतिया पाँदे ए, सब कुछ तेस मसीह रे अधीन कट्ठा
करना। **11** मसीह साथे एक ऊणे री बजअ ते आसा खे परमेशरो री तरफा ते
जायदात मिली। कऊँकि परमेशरे आसे पईले तेई आपणे लोक करी की चुणी
राखे और आपणी योजना रे मुताबिक सारे काम करी राखे। **12** तिने एड़ा
इजी खे कित्तेया कि आसे यहूदी परमेशरो री स्तुति और महिमा करिए, जो
कि आसे मसीह रे विश्वास करने वाल़े पईले लोक थे। **13** तुसे लोके बी सच्चो
रा वचन मतलब आपणे उद्धारो रा सुसमाचार सुणी की प्रभु यीशु मसीह पाँदे
विश्वास कित्तेया और तुसा लोका पाँदे बी तेसा पवित्र आत्मा री छाप लगी
जेतेरा वादा करी राखेया था। **14** पवित्र आत्मा परमेशरो री तरफा ते से

बयाना ए कि तेस आसा खे जायदात देणी जो तिने देणे रा वादा करी राखेया
था और ये कि तिने आसे आपणे लोक करी की खरीदी ला रा। तिने एड़ा इजी
खे कित्तेया ताकि आसे तेसरी तारीफ और महिमा करी सकिए। **15** मैं प्रभु
यीशुए पाँदे तुसा लोका रा विश्वास और सब परमेशरो रे लोका रे प्रति तुसा रे
प्यारो रे बारे रे सुणी राखेया। **16** तेबेई आँऊ तुसा खे परमेशरो रा धन्यवाद
करना नि छाडदा और आपणी प्रार्थना रे तुसा खे लगातार याद करदा रऊँआ।
**17** आँऊ बिनती करूँआ कि म्हारे प्रभु यीशु मसीह रा परमेशर जो महिमा रा
पिता ए, तुसा खे बुद्धिया री आत्मा और आपणे ज्ञानो रा प्रयासा देओ कि
तुसे परमेशरो खे ठीक तरअ ते जाणी सको। **18** आँऊ ये बी बिनती करूँआ
कि परमेशर तुसा रे मनो खे खोली देओ जेते कि तुसे ये जाणी लओ कि
आसा रे बुलाणे री उम्मीद क्या ए, और परमेशरो रे लोका रे तेसरी जायदाता
री महिमा रा धन केड़ा ए। **19** आँऊ चाऊँआ कि तुसे एसा गल्ला खे जाणो
कि जो मसीह रे विश्वास करोए परमेशरो गे तिना खे कितणी महान् और
सामर्थी तागत ए। ये सेई महान् तागत ए, **20** जिने मसीह मरे रेया बीचा ते
जिऊँदा कित्तेया और स्वर्गो री जगा रे आपणे दाँणे कनारे बठयाल़ेया। **21**
तेती मसीह सारी प्रदानता, अक्क, राज और सामर्था पाँदे राज करोआ। से
दुनिया रे सबी प्राणिया पाँदे राज करोआ और आऊणे वाल़ी दुनिया रे बी राज
करना। **(aiōn g165)** **22** और सब कुछ तेसरे पैरो निठे करी ता और से सबी
चीजा पाँदे शिरोमणी ठराई की मण्डल़िया खे देईता। **23** मण्डल़ी मसीह रा
शरीर ए, मसीह री परिपूर्णता ए, जो सबी रे सब कुछ पूरा करोआ।

**2** मसीह रे विश्वास करने ते पईले तुसे पाप और परमेशरो री आज्ञा ना मानणे
री बजअ ते मरे रेया जेड़े थे। तुसा रे जीवन नि था जो परमेशरो री तरफा ते
मिलोआ। **2** तेस बखते तुसे दुनिया री रवाजा रे मुताबिक चलो थे और शैतानो
री आज्ञा मानेया करो थे। से हाकिम मतलब शैतान जो सर्गो रे दुष्टात्मा खे
चलाओए, एबे बी आज्ञा ना मानणे वाल़े लोका रे मनो रे काम करोआ। **(aiōn
g165)** **3** इदे आसे बी सब के सब तिना लोका जेड़े पईले आपणे पापी शरीरो
री इच्छा रे दिन बिताऊँ थे और शरीर और मनो री इच्छा पूरी करुँ थे। ओरी
लोका जेड़े आपणे सबाओ री बजअ ते परमेशरो ते सजा पाणे जोगे थे। **4** पर
परमेशरे जो दया रा धनी ए, आपणे तेस बड़े प्यारो री बजअ ते, जेतेते तिने

आसा साथे प्यार कित्तेया। 5 जेबे आसे पापो री बजअ ते मरे रे थे, तो आसे
मसीह साथे जिऊँदे कित्ते। परमेशरो री कृपा तेई तुसा रा उद्धार ऊई रा। 6
तिने यीशु मसीह साथे आसे लोक मरे रेया बीचा ते जिऊँदा कित्ते और स्वर्गिय
जगा रे मसीह साथे बठयाले़। 7 परमेशरे आसा पाँदे यीशु मसीह रे जो बड़ी
दया दखाई तिजी रे जरिए तिने आऊणे वाले़ जुगो खे आपणी कृपा रा असीम
धन दखाया। (aiōn g165) 8 कऊँकि विश्वासो रेई जरिए कृपा तेई तुसा रा
उद्धार ऊई रा और ये तुसा री तरफा ते निए, बल्कि परमेशरो रा दान ए। 9
और ना कामो री बजअ ते, एड़ा नि ओ की कोई कमण्ड करो। 10 परमेशरे
आसे बणाई राखे। तिने आसे यीशु मसीह रे तिना खरे कामो री खातर बणाए
जेतेखे परमेशरे पईले तेई म्हारे करने खे त्यार करी राखेया। 11 इजी बजअ ते
याद करो कि तुसे जो जन्मो ते दूजी जाति ए और जो लोक शरीरो रे आथो ते
कित्ते रे खतने ते खतने वाले़ ओए, सेयो लोक तुसा खे बिना खतने रे बोली
की तुसा रा मजाक ऊड़ाओए। 12 तिना दिना रे तुसे लोक मसीह खे नि
जाणो थे। इस्राएलो री प्रजा रे पदो ते लग कित्ते रे थे और वादे री वाचा रे
शामिल नि थे। तुसे लोक एते दुनिया रे बिना उम्मीदा ते और बिना ईश्वरो ते
जिन्दगी बिताणे लगी रे थे। 13 एक बखत था जेबे तुसे परमेशरो ते दूर थे पर
एबे यीशु मसीह रे खूनो रे जरिए तेसरे नेड़े आईगे रे। 14 यीशु मसीहे आपू
आसा बीचे शान्ति ल्याई। पईले एड़ा था मानो एक दवाले यहूदी और दूजी
जाति लग कित्ती री थी। सेयो एकी-दूजे ते कृणा करो थे। पर एबे मसीहे से
लग करने वाली़ दवाल टाली़ ती और दोनो दल एक करी ते। 15 आपणी
मौता रे जरिए तिने मूसा रे बिधानो खे तेसरी बिदिया साथे मटयाईता। ताकि
से आपू यहूदिया और दुजिया जातिया बीचे शान्ति ल्याई सको और ईंयां एक
नया मानवता रा दल बणाई सको। 16 क्रूसो पाँदे आपणी मौता रे जरिए
मसीहे दोनो दल एक करी ते और तिना रा परमेशरो साथे मेल कराईता। ईंयां
यहूदिया और दूजिया जातिया बीचे बैर नाश करी ता। 17 तिने आयी की
तुसा खे जो परमेशरो ते दूर थे और तिना खे जो परमेशरो रे नेड़े थे, दूँईं खे
मेल-जोलो रा सुसमाचार सुणाया। 18 कऊँकि तेसरे ई जरिए आसे दोनो
एक ई आत्मा ते प्रेरित ऊई कि पिते गे पऊँछी सकोए। 19 तो तुसे दुजिया
जातिया रे परदेशी और मुसाफर नि रये, बल्कि पवित्र लोका साथे स्वदेशी

और परमेशरो रे कराने रे ऊईगे। 20 आसे लोक कट्ठे मिली की तेसरे कअर ए
जो प्रेरितों और भविष्यबक्तेया री निऊँआ पाँदि बणाई राखेया और जेतेरे कूणे
रा पात्थर आपू यीशु मसीह ईए। 21 आसे मसीह रे कट्ठे जुड़ी कि प्रभुए खे
पवित्र मन्दर बणदे जाऊँए। 22 जिदे तुसे बी पवित्र आत्मा रे जरिए, परमेशरो
री रणे री जगा ऊणे खे, साथे-साथे बणाए जाओए।

**3** इजी बजअ ते आऊँ पौलुस तुसा खे प्रार्थना करूँआ। तुसा दूजिया जातिया
रे लोका खे सुसमाचार सुनाणे खे आँऊ यीशु मसीह रा कैदी ए। 2 तुसे लोके
पक्का ई परमेशरो री कृपा ते दित्ती री तेसा जिम्मेवारिया रे बारे रे सुणेया, जो
माखे तुसा लोका रे पले री खातर दित्ती। 3 जेड़ा आऊँ पईले ई संक्षेपो रे
लिखी चुकी रा कि परमेशरे आपू से पेत मां पाँदि प्रयासे रे जरिए प्रकट करी
राखेया। 4 एसा चिट्ठिया खे पढ़ी की तुसे जाणी सकोए कि आऊँ मसीह रा
से पेत केथो तक समजूँआ। 5 परमेशरे ये गुप्त पेत पिछली पीढ़िया रे लोका
पाँदि प्रकट नि कित्तेया, पर एबे आपणे पवित्र प्रेरितों और भविष्यबक्तेया पाँदि
पवित्र आत्मा रे जरिए प्रकट करी राखेया। 6 मतलब ये कि यीशु मसीह रे
सुसमाचारो रे जरिए दुजिया जातिया रे लोक जायदाता रे साजे और एकी ई
शरीरो रे और वादे रे शामिल ए। 7 परमेशरो री कृपा और सामर्था रे जरिए
माखे ये खास अक्क मिलेया कि सुसमाचार सुनाणे रे जरिए आँऊ तेसरी
सेवा करूँ। 8 मां पाँदि जो सब परमेशरो रे लोका बीचे छोटे ते छोटा ए, ये कृपा
ऊई, ताकि आऊँ दुजिया जातिया खे मसीह रे कदी नि खत्म ऊणे वाल़े धनो
रा सुसमाचार सुणाऊँ। 9 और सबी मांणूआ खे तेस गुप्त पेतो रे बारे रे
बताऊँ जो सब कुछ बनाणे वाल़े परमेशरे जुगो ते लकोई राखेया था। (aiōn
g165) 10 ताकि एबे मण्डल़िया रे जरिए परमेशरो रा कईया प्रकारा रा ज्ञान
स्वर्गिय जगा रे प्रदाना और अधिकारिया पाँदि प्रकट कित्तेया जाओ। 11
परमेशरे ये आपणे सदा रणे वाल़े मकसदो रे मुताबिक कित्तेया जो तिने म्हारे
प्रभु यीशु मसीह रे जरिए पुरा कित्तेया। (aiōn g165) 12 मसीह और तेस पाँदि
विश्वासो री बजअ ते एबे आसे इम्मत और परोसे साथे परमेशरो रे नेड़े आई
सकूँए। 13 इजी री खातर आऊँ तुसा लोका ते बिनती करूँआ कि जो क्ल़ेश
तुसा री खातर आऊँ सईणे लगी रा, तिना री बजअ ते इम्मत नि छाडो,
कऊँकि ये सब तुसा री ई पलाईया खे ए। 14 आऊँ इजी बजअ ते तेस

परमेशर पिते रे सामणे कुटणे टेकुँआ। 15 जेतेते स्वर्ग और तरतिया रे, हर
एक कराने रा नाओं राखेया जाओआ। 16 आँऊ परमेशरो ते बिनती करूँआ
कि से आपणी महिमा रे धनो रे मुताबिक तुसा खे ये दान देओ कि तुसे तेसरी
आत्मा ते, आपणे पितरले मांणूए रे सामर्थ पाई की तागतबर ऊँदे जाओ। 17
और विश्वासो रे जरिए मसीह तुसा रे दिलो रे बसो कि परमेशरो खे और एकी-
दूजे खे तुसा रा प्यार मजबूत बणो और तुसा खे रूड़ने ते बचाओ। 18 ईंयां
तुसे लोक ओरी सबी परमेशरो रे लोका साथे मसीह रे प्यारो री चौड़ाई,
लम्बाई, ऊच्चाई और गईराई समजी सकणे। 19 आँऊ बिनती करूँआ कि
तुसे मसीह रे तेस प्यारो खे जाणी सको, जो ज्ञानो ते पोरे ए, ताकि तुसे
परमेशरो री सारी भरपूरिया तक परिपूर्ण ऊई जाओ। 20 परमेशरो री महिमा
ऊँदी रओ। तेसरी ई सामर्था ते जो आसा रे पीतरे काम करोई, से आसा री
बिनती और उम्मीदा ते केथी जादा काम करी सकोआ। 21 तेसरी ई महिमा
मण्डलि़या रे और यीशु मसीह रे पीढ़िया ते पीढ़िया तक जुगो-जुगो तक ऊँदी
रओ। आमीन्। **(aiōn g165)**

**4** तो आऊँ जो प्रभुए रे कैदी ए, तुसा ते बिनती करूँआ कि तेस बुलाणे
रे मुताबिक जेतेखे परमेशरे तुसे आपणे लोक करी की बुलाई राखे, तेतेरे
मुताबिक जिन्दगी जिओ। 2 सदा दीनता और नरमाईया साथे रओ। सब्रो
साथे एकी-दूजे खे सईन करी लो और एकी-दूजे साथे प्यार करो। 3 शान्तिया
रे बंदनो रे बंदी की तेसा एकता खे जेतेखे पवित्र आत्मा देओआ बणाए राखणे
री कोशिश करदे रओ। 4 एक ई शरीर ए, एक ई परमेशरो रा आत्मा और एक
ई उम्मीद ए, जेतेखे तुसे लोक बुलाई राखे। 5 एक ई प्रभु ए, एक ई विश्वास
और एक ई बपतिस्मा ए; 6 एक ई परमेशर ए, जो सबी लोका रा पिता ए। से
सबी पाँदे ए, सबी साथे और सबी रे मौजूद ए। 7 पर मसीह रे आसा बीचा ते
हर एकी खे तिना रा काम करने खे लग-लग खास काबलियत देई राखी। 8
तेबेई तो पवित्र शास्त्र बोलोआ, “से चूँडिया पाँदे चढ़ेया और बन्दिया खे
बानी की लयी गा और मांणूआ खे दान दित्ते।” 9 त्यान देओ जेबे पवित्र
शास्त्र बोलोआ, “से चूँडिया पाँदे चढ़ेया” इजी रा मतलब साफ ए कि मसीह
तरतिया री सबी ते थालली जगा रे बी उतरेया था। 10 से जो थाले उतरेया, ये
सेईए जो सर्गो ते बी ऊच्ची जगा रे बड़े आदरो साथे चढ़ी गा, ताकि सारिया

सृष्टिया खे परिपूर्ण करो। **11** मसीहे आपू कुछ प्रेरित नियुक्त करी की और
भविष्यबक्ता नियुक्त करी की और कुछ तो सुसमाचार सुनाणे वाल़े नियुक्त
करी की और कुछ तो रखवाल़े और उपदेशक नियुक्त करी की देई ते। **12**
तिने लोका खे ये काबलियत इजी खे देई राखी कि सेयो परमेशरो रे लोका खे
सेवा खे त्यार करी सको और सिद्ध करी सको और मसीह रस शरीर मतलब
मण्डल़िया री तरक्की करी सको। **13** ये तदुओ तक ऊँदा रणा जदुओ तक
आसे सारे जणे आपणे विश्वास और परमेशरो रे पुत्रो री पछयाणी रे एकजुट
नि ऊई जाईए। तेबे आसे मसीह जेड़े एक सिद्ध मांणू बणी जाणे और आसे
और तिना साथे आसा लोका रा कट्ठे ऊणे रे बारे रे, तुसा ते बिनती करूँए **2**
कि तुसे अचाणक आपणे विवेको खे केसी भविष्यबाणिया, केसी उपदेशो या
केसी एड़ी चिट्ठिया ते नि खोई देओ जेतेखे आसा रे जरिए लिखेया रा समजेया
जाओआ और जेड़ा कि तिदे बताई राखेया ओ कि प्रभुए रा दिन आयी पऊँछी
रा, तुसा रा मन पटकी नि जाओ। **3** इजी रे बारे रे कोई तुसा खे किंयाँ बी
तोखा नि देओ। कऊँकि प्रभु यीशुए रे वापस आऊणे ते पईले एक एड़ा बखत
ऊणा जेबे बऊत सारे लोक परमेशरो रे खलाफ खड़े ऊणे। और से दुष्ट मर्द
जो परमेशरो पक्का ई नरको रे नाश करी देणा, प्रकट ऊणा। **(questioned)** **4**
तेस परमेशरो रा बिरोद करना और हर एकी ते जेसखे परमेशर या पूजणे
जोगा बोलोए, आपणे आपू खे बड़ा ठईराणा। एथो तक कि तेस परमेशरो रे
मन्दरो रे बैठी जाणा और आपणे आपू खे परमेशर ऊणे रा दावा करना। **5**
क्या तुसा खे याद निए कि जेबे आऊँ तुसा गे था, तो तुसा खे इना गल्ला
बोलेया करुँ था? **6** तुसा खे ये बी पता ए कि तेस दुष्टो खे एस बखते किने
आपणे वशो रे करी राखेया कि से आपणे ठराए रे बखतो पाँदे प्रगट कित्तेया
जाओ। **7** तेस दुष्टो री तागत पईले तेई दुनिया रे गुप्त रूपो रे काम करने लगी
री पर से एक ए जो तेसा शक्तिया खे रोकणे लगी रा। से तेस बखतो तक
रोकदा रणा जदुओ तक कि तिजी खे एसा बाटा ते टाई नि देओ। **8** तेबे से
दुष्ट मर्द प्रकट ऊणा, पर प्रभु यीशुए आपणी मुंओ री फूकरा तेई काई देणा।
से प्रभुए रे वापस आऊणे रे महिमामय तेजो रे जरिए पूरे तौरो पाँदे नाश
कित्तेया जाणा। **9** से दुष्ट मर्द शैतानो री तागता साथे आऊणा और तेस सबी
प्रकारा री चूठी सामर्थ, बड़े-बड़े चिह्न और अचम्बे रे काम करने। **10** तेस
सबी किस्मा रे बुरे काम करने और तिना लोका खे तोखा देणा जो अनन्त
विनाशो री बाटा रिये। सेयो लोक नाश ऊणे कऊँकि तिने सच्चो रे प्यारो खे
नि मानेया, जेते कि तिना रा उद्धार ऊँदा। **11** इजी बजअ ते परमेशरो तिना खे
एक पटकाणे वाली सामर्थ पेजणी ताकि सेयो चूठो रा विश्वास करो। **12**
परमेशरो तिना सबी लोका खे सजा देणी जिने सच्चे संदेशो पाँदे विश्वास नि

कित्तेया पर दुष्टता रे कामो ते प्यार कित्तेया। 13 ओ साथी विश्वासियो, एती
तुसा खे परमेशरो रे सामणे आसा रा हमेशा धन्यवाद देणा सई ए। तुसे प्रभुए
रे प्यारे ए कऊँकि परमेशरे तुसे शुरूओ तेई पवित्र आत्मा रे जरिए पापो ते
लग करी की और सच्चाईया रे तुसा रे विश्वासो री बजअ ते उद्धारो खे तुसे
चुणी लयी रे। 14 परमेशरे तुसे लोक आसा रे ईश्वरीय सुसमाचार सुनाणे रे
जरिए उद्धारो खे बुलाई राखे कि तुसे म्हारे प्रभु यीशु मसीह री महिमा रे
शामिल ऊई सको। 15 इजी री खातर ओ साथी विश्वासियो, स्थिर रओ और
जो-जो गल्ला तुसे क्या वचन, क्या चिट्ठिया रे जरिए आसा ते सीखिया, तिना
खे पकड़ी री राखो। 16 आसे प्रार्थना करूँए कि म्हारे प्रभु यीशु मसीह और
पिता परमेशरे आपू ई, जिने आसा खे प्यार कित्तेया और कृपा साथे अनन्त
शान्ति और खरी उम्मीद दित्ती, (aiōnios g166) 17 तुसा रे मनो खे शान्ति
देओ और तुसा खे हर एक खरे कामो रे और वचनो रे मजबूत करो।

**3** आखरी रे ओ साथी विश्वासियो, आसा खे प्रार्थना करेया करो कि प्रभुए रा
वचन इतणा चट फईलो और महिमा पाओ, जेड़ा तुसा रे ऊआ 2 ये बी
प्रार्थना करो कि परमेशर आसा खे टीठ और दुष्ट लोका ते बचाई की राखो,
कऊँकि हर एकी पाँदे विश्वास निए। 3 पर प्रभु विश्वासो जोगा ए, तिना तुसे
मजबूतिया साथे खड़े करने और तेस दुष्टो ते बचाई की राखणे। 4 आसा खे
प्रभुए रे तुसा पाँदे विश्वास ए कि जो-जो आज्ञा आसे तुसा खे देऊँए, तिना खे
तुसे मानोए और मानदे बी रणे। 5 आसे प्रार्थना करूँए कि परमेशर तुसा रे
दिलो खे ईश्वरीय प्यार और मसीह रे सब्रो री तरफा खे तुसा री अगुवाई करो।
6 ओ साथी विश्वासियो, आसे तुसा खे आपणे प्रभु यीशु मसीह रे नाओं ते
आज्ञा देऊँए कि तुसे हर एक एड़े विश्वासिये ते लग रओ, जो आल़सी बणी
की रओआ और जो शिक्षा तिने आसा ते पाई राखी, तिजी रे मुताबिक नि
करदा। 7 कऊँकि तुसे आपू ई जाणोए कि तुसा लोका खे किंयाँ आसा री
जी चाल चलणी चाईयो। जेबे आसे तुसा बीचे रऊँ थे तो आसे आल़स नि
कित्तेया पर मईणत कित्ती। 8 इतणा ई नि, आसे केसी रे एती रोटी मुफ्तो रे
नि खाई, पर आसे मईणत और कष्टो साथे रात-दिन काम-तंदा करूँ थे, ताकि
तुसा बीचा ते केसी पाँदे बी बोज नि बणूँ। 9 ये इजी खे नि कि तुसा लोका ते
मताद पाणी आसा रा अक्क निए, पर इजी खे कि आसे आपू तुसा रे सामणे

आदर्श बणीए ताकि तुसे आसा री जी चाल चलो। 10 एथो तक कि जेबे
आसे तुसा बीचे थे, आसे तुसा खे ये आज्ञा देऊँ थे, “जे कोई काम नि करना
चाओ तो तेसखे रोटी पनि देओ।” 11 आसे सुणूँए कि बऊत लोक तुसा
बीचे आल़सी बणी की रओए और कुछ काम नि करदे, पर ओरी रे कामो रे
रुकावट पाओए। 12 एड़ेया मांणूआ खे आसे प्रभु यीशु मसीह रे आज्ञा देऊँए
और बिनती करूँए कि सेयो लगना साथे आपणे कामा पाँदे लगी जाओ और
सेयो आपणी ई मईणती ते कमाई की रोटी खाया करो। 13 और तुसे, ओ
साथी विश्वासियो, पलाई करने रे इम्मत नि छाडो। 14 जे कोई म्हारी एसा
चिट्ठिया री गल्ल नि मानो, तो तेस पाँदे नजर राखो। तेसरी संगति नि करो,
ताकि से शर्मिंदा ओ। 15 तेबे बी तेसखे बैरी नि समजो, पर साथी विश्वासी
समजी की खबरदार करो। 16 आँऊ प्रार्थना करूँआ कि प्रभु जो शान्तिया री
सूबल़ ए, आपू ई तुसा खे सदा और हर प्रकारा री शान्ति देओ। आँऊ प्रार्थना
करूँआ कि प्रभु तुसा सबी साथे रओ। 17 आऊँ पौलुस आपणे आथे की
नमस्कार लिखूँआ। हर चिट्ठिया रे मेरा ये चिह्न ए। मां ईंयां ई लिखदे रणा। 18
आँऊ प्रार्थना करूँआ कि म्हारे प्रभु यीशु मसीह री कृपा तुसा सबी पाँदे ऊँदी
रओ।

# 1 तीमुथियुस

**1** ये चिट्ठी मां पौलुसो री तरफा ते ए। आँऊ आपणे उद्धारकर्ता परमेशर
और यीशु मसीह री आज्ञा ते यीशु मसीह रा प्रेरित ए, जिदे आसा सबी खे
उम्मीद ए। 2 आँऊ ये चिट्ठी तीमुथियुसो खे लिखणे लगी रा जो विश्वासो
रे मेरे सच्चे पाऊए जेड़ा ए। आँऊ प्रार्थना करूँआ कि पिता परमेशर और
म्हारे प्रभु यीशु मसीह री तरफा ते ताखे कृपा, दया और शान्ति मिलदी
रओ। 3 आँऊ तांते फेर बिनती करूँआ कि जेड़ा मैं तूँ मकिदुनिया प्रदेशो खे
जांदे बखते समजयाया था कि तूँ इफिसुस नगरो रे रई की तिना चूठे उपदेश
देणे वाल़े लोका खे आज्ञा दे कि सेयो गल़त शिक्षा नि देओ। 4 और तिना
मनकड़न्त काणियां पाँदे और अनन्त वंशाबलिया पाँदे मन लगाई की बखत
बर्बाद नि करो। जिने कि बईस ओई और तेस परमेशरो री योजना रा ज्ञान नि
मिलदा जो विश्वासो साथे रिश्ता राखोआ। 5 एसा आज्ञा रा मकसद से प्यार
ए जो साफ दिल, खरे विवेक और बिना कपटो ते पैदा ओआ। 6 चूठे उपदेश
देणे वाल़ेया इना सबी खरे कामा खे करने ते रोकी ता रा और सिर्फ बेकार
गल्ला करेया करोए। 7 सेयो चूठे शिक्षक मूसे रा बिधानो रे शिक्षक बणना तो
चाओए पर जो गल्ला सेयो बोलोए और जेतेरे बारे रे सेयो मजबूतिया ते
बोलोए, सेयो आपू ई तिजी खे समजदे ई नि। 8 आसे सब जाणूंए कि मूसे रा
बिधान पली ए बशर्ते इजी रा इस्तेमाल सई टंगो रे कित्तेया जाओ। 9 आसे
जाणूंए कि मूसे रा बिधान तर्मी मांणूए खे नि, पर अधर्मी, निरकुंशो, भक्ति ना
करने वाल़े, पापी अपवित्र, और अशुद्ध, माया-बाओ खे काणे वाल़े, अत्यारे,
10 व्याभिचारी, समलैंगिक, मांणूआ खे बेचणे वाल़े, चूठे और चूठी कसम
खाणे वाल़े और इना खे छाडी कि खरे उपदेशो रे सबी बिरोदिया खे ठराई
राखी। 11 येई परमधन्य परमेशरो री महिमा रे तेस सुसमाचारो रे मुताबिक
ए, जो मांगे सम्बाल़ी राखेया। 12 आऊँ आपणे प्रभु यीशु मसीह रा जिने
माखे सामर्थ दित्ती, धन्यवाद करूँआ कि तिने माखे विश्वासो जोगा समजी की
आपणी सेवा खे ठराई राखेया। 13 आऊँ तो पईले निन्दा करने वाल़ा, सताणे
वाल़ा और अन्देर करने वाल़ा था, तेबे बी मां पाँदे कृपा ऊई, कऊँकि मैं
अविश्वासो री दशा रे बिना समजी-बुजी की, यो काम कित्ते थे। 14 और
म्हारे प्रभुए री कृपा, तेस विश्वास और प्यारो साथे, जो यीशु मसीह रे ए,

बऊत जादा ऊई। 15 ये गल्ल सच और हर प्रकारो ते मानणे जोगी ए कि
यीशु मसीह पापिया खे बचाणे दुनिया रे आयी रा और जिना बीचे सबी ते
बड़ा पापी आऊँ ए। 16 पर मां पाँदे इजी खे कृपा ऊई ताकि मां सबी ते
बड़े पापिए रे मसीह आपणी पूरी सईन शीलता दखाओ ताकि जो लोक
तिना पाँदे अनन्त जीवनो खे विश्वास करोगे, तिना खे आऊँ एक आदर्श
बणूँ। (aiōnios g166) 17 एबे सनातन राजा अविनाशी, बिना देखे, एक मात्र
परमेशरो रा आदर और महिमा जुगो-जुगो तक ऊँदी रओ। आमीन्। (aiōn
g165) 18 ओ पुत्र तीमुथियुस, तिना भविष्यबाणिया रे मुताबिक, जो पईले
तेरे बारे रे कित्ती थी, आऊँ ये आज्ञा सम्बालूँआ कि तूँ तिना रे मुताबिक
अच्छी लड़ाईया खे लड़दा रओ। 19 और विश्वास और तेस खरे विवेको खे
पकड़ी कि राख, जेतेखे दूर करने री बजअ ते बऊत जणेया रा विश्वासो रूपी
जाह्ज डूबी गा 20 तिना बीचा तेई हुमिनयुस और सिकन्दर ए, जो मैं शैतानो
गे सम्बाली ते कि सेयो परमेशरो री निन्दा करना नि सीखो।

**2** सबी ते पईले आँऊ तुसा ते ये आग्रह करूँआ कि सबी लोका खे प्रार्थना
करो। परमेशरो ते माँगो कि से तिना री मताद करो और तिना खे आशीष
देओ। तिना री तरफा ते बचोलेपणो री प्रार्थना करो। तिना लोका खे परमेशरो
रा धन्यवाद करो। 2 राजा और सब ऊच्चे पद वाल़ेया खे इजी री खातर
प्रार्थना करो कि आसे आराम और चैना साथे सारी भक्तिया और सई तरके ते
जीवन बिताईये। 3 ये म्हारे उद्धारकर्ता परमेशरो खे अच्छा लगोआ और
टब्बो बीया। 4 परमेशर ये चाओआ कि सबी मांणूआ रा उद्धार ओ और
सेयो सच्चो खे ठीक-टंगो रे पछयाणी लो। 5 कऊँकि परमेशर एक ईए और
परमेशर और मांणूआ बीचे बी एक ई बचोला ए, मतलब यीशु मसीह, जो
एक मांणूए रे रूपो रे पैदा ऊआ। 6 तिने आपणे आपू खे सबी खे छुड़ाणे रे
दामो रे देईता। ये सेई संदेश ए जो परमेशरे दुनिया रे लोका खे ठीक बखतो
पाँदे देईता। 7 आऊँ सच बोलूँआ, चूठ नि बोलदा कि आऊँ इजी मकसदो ते
सुसमाचार प्रचारक, प्रेरित और दूजी जातिया खे विश्वास और सच्चो रा
उपदेशक ठराया। 8 आऊँ चाऊँआ कि हर जगा रे मर्द बिना रोषो रे और बिना
बईसी ते पवित्र आथो खे चकी कि प्रार्थना करेया करो। 9 तिंयाँ ई आँऊ ये
बी चाऊँआ कि जवाणसा शर्म और संयमो साथे, सुहावने टालेया ते आपणे

आपू खे सजाओ, ना कि बाल़ गूँदणे, सूईने, मोतियो ते और किमती टालेया
ते, 10 पर खरे कामो ते। कऊँकि परमेशरो री भक्ति करने वाल़ी जवाणसा खे
येई ठीक बीए। 11 जेबे कोई मर्द विश्वासिया खे सिखाणे लगी रा ओ तो
जवाणसा खे चुपचाप पूरी अधीनता साथे सिखणा चाईयो। 12 मेरी आज्ञा
निए कि जवाणस मर्दो खे उपदेश देओ और ना मर्दो पाँदे अक्क जताओ। जेबे
आराधना रे कट्ठे ओए तो सारिया जवाणसा चुपचाप रओ। 13 कऊँकि आदम
पईले, तिजी ते बाद हव्वा बणाई। 14 इजी ते अलावा, से हव्वा ई थी जो
शैतानो रे तोखे रे आई, ना कि आदम। ईंयां हव्वा परमेशरो री आज्ञा खे तोड़ी
की अपरादण ऊई। 15 तेबे बी जवाणसा बच्चा पैदा करने ते उद्धार पाणा, जे
सेयो सब्रो साथे विश्वास, प्यार और पवित्रता रे बणी री रओ।

**3** ये गल्ल सच्ची ए कि जो मण्डल़िया रा अगुवा ऊणा चाओआ, तो से खरे
कामो री इच्छा करोआ। 2 तो ये जरूरी ए कि मण्डल़िया रे अगुवेया खे निर्दोष,
एक ई लाड़िया रा लाड़ा, सब्रखोर, सुशील, आदरो जोगा, पराऊणचारी करने
वाल़ा और सिखाणे रे निपुण ऊणा चाईयो। 3 से पियक्कड़ या मारपीट
करने वाल़ा नि ओ, बल्कि नम्र और शान्त ओ और चगड़ा करने वाल़ा या
लाल़ची नि ओ। 4 आपणे कअरो रा अच्छा इन्तजाम करने वाल़ा ओ और
बाल-बच्चेया खे सारी गम्भीरता ते अनुशासनो रे राखणे वाल़ा ओ। 5 जेबे
कोई मांणू आपणे ई कअरो रा इन्तजाम करना नि जाणो, तो परमेशरो री
मण्डल़िया री रखवाल़ी किंयाँ करनी? 6 फेर ये कि मण्डल़िया रा अगुवा नया
विश्वासी नि ओ, एड़ा नि ओ कि कमण्ड करी की शैतानो रा जा दण्ड पाओ।
7 और ये बी जरूरी ए कि मण्डल़िया ते बाअरे से आदरो जोगा ओ, एड़ा नि
ओ कि निन्दित ऊई कि शैतानो रे फंदे रे फसी जाओ। 8 तेड़ा ई सेवको खे बी
गम्भीर ऊणा चाईयो, दोगला, पियक्कड़ और नीच कमाईया रा लोबी नि ओ।
9 पर विश्वासो रे पेतो खे शुद्ध विवेको साथे सुरक्षित राखो। 10 और ये बी
पईले ई परखेया जाओ, तेबे जे निर्दोष निकल़ो, तो सेवको रा काम करो। 11
ईंयां ई तिना री जवाणसा बी आदरो जोगिया ओ, ओरी री बुराई करने वाल़ी
नि ओ, पर सब्रो वाल़ी और सबी गल्ला रे विश्वासो जोगी ओ। 12 सेवक एक
ई लाड़िया रा लाड़ा ओ और बाल-बच्चे और आपणे कअरो रा अच्छा परबंद
करना जाणदे ओ। 13 कऊँकि जो सेवको रा काम ठीक टंगो रे करी सकोए,

सेयो आपू खे अच्छा पद और यीशु मसीह रे आपणे विश्वासो रे बारे रे बड़िया
इम्मता साथे बोलणे जोगे ऊई जाओए। 14 आऊँ तांगे चट आऊणे री उम्मीद
राखणे पाँदे बी, इना गल्ला इजी खे लिखूँआ 15 कि जे मेरे आऊणे रे देर ऊई
जाओ, तो तूँ जाणी लो कि परमेशरो रे कराने रे लोका रा बर्ताओ केड़ा ऊणा
चाईयो। परमेशरो रा कराना जिऊँदे परमेशरो री मण्डली ए और सच्चो रा
खम्बा और निऊँ ए। 16 इदे शक निए कि भक्तिया रा पेत गम्भीर ए, मसीह
मांणूआ रे रूपो रे प्रगट ऊआ, पवित्र आत्मा रे जरिए सच साबित ऊआ, और
स्वर्गदूता खे दिशेया। दूजी जातिया रे तेसरा प्रचार ऊआ, दुनिया रे तेस पाँदे
विश्वास कित्तेया और महिमा रे ऊबे चकेया।

**4** एबे पवित्र आत्मा साफ-साफ बोलोआ कि आखरी बखतो रे कुछ लोका
विश्वास करना छाडी देणा। तिना लोका भरमाणे वाल़ी आत्मा और दुष्टात्मा री
शिक्षा पाँदे मन लगाणा। 2 ये तिना चूठे शिक्षका री चूठी शिक्षा री बजअ ते
ऊणा। तिना लोका रा विवेक जो सई गल़त कामा बीचे फैंसला करोआ
ईंयां मरी चुकेया रा जिंयां मानो बल़दे ऊए लोए की डामी राखेया ओ। 3
एड़े लोका एड़ी शिक्षा देणी कि ब्या करना गल़त ए और रोटिया री कुछ
चीजा ते पोरे रणे री आज्ञा देणी। पर परमेशरे ए रोटी इजी खे बणाई कि
विश्वासी और सच्चो खे पछयाणने वाल़े तिजी खे धन्यवादो साथे खाओ। 4
कऊँकि परमेशरो री बणाई री हर एक चीज खरी ए और आसे कुछ बी खाई
सकूँए, पर ये कि परमेशरो खे धन्यवाद करी की खाई जाओ। 5 कऊँकि
सेयो चीजा परमेशरो रे वचने की और प्रार्थना साथे परमेशरो खे मानणे जोगी
ऊई जाओईया। 6 ओ तीमुथियुस जे तूँ लगातार विश्वासिया खे इना गल्ला रे
बारे रे बतांदा रएगा, तो यीशु मसीह रा अच्छा सेवक ठईरना और विश्वास
और तेस खरे उपदेशो री गल्ला ते, जिना खे तूँ मानदा आयी रा, तेरा पालण-
पोषण ऊँदा रणा। 7 पर बणावटी और मूर्खता री काणियां ते दूर रओ, इजी रे
बदले तुसे आपणे आपू खे परमेशरो री भक्तिया खे त्यार करो। 8 कऊँकि
शरीरो रे री कसरता ते कम लाब ओआ, पर भक्ति सबी गल्ला खे लाबदायक
ए, कऊँकि एस बखतो री और आऊणे वाल़े जीवनो रा बी येई वादा ए।
9 ये गल्ल सच और हर प्रकारो ते मानणे जोगी ए। 10 येई बजअ ए कि
आसे कड़ी मईणत और कोशिश करदे रऊँए, कऊँकि आसे लोके जिऊँदे

परमेशरो पाँदे परोसा राखी राखेया, जो सबी मांणूआ रा और खास करी
की विश्वासिया रा उद्धारकर्ता ए। **11** इना गल्ला री मानणे री आज्ञा दे और
सखयांदा बी रओ। **12** तुसा रा चाल-चलण एड़ा ओ कि जवान ऊणे पाँदे बी
कोई तुसा खे तुच्छ नि समजो। पर आपणी गल्ला रे और चाल-चलणो रे,
प्यार और विश्वासो रे और पवित्रता रे मसीह विश्वासिया खे उदारण बणी जा।
**13** जदुओ तक आऊँ नि आऊँ, तदुओ तक मण्डलि़या रे पवित्र शास्त्रो खे
पढ़ने, उपदेश देणे और सखयाणे रे लगेया रा रओ। **14** तेस आत्मिक बरदानो
खे जो तांदे मौजूद ए नजर अंदाज नि कर, जो ताखे भविष्यबाणिया रे जरिए,
तेस बखते दित्तेया था जेबे मण्डलि़या रे बुजुर्गे तां पाँदे आथ राखे थे। **15**
तिना गल्ला खे करदा रओ, और इना रेई आपणा त्यान लगाई राख ताकि
सब लोक देखी सको कि विश्वासो रे तेरी तरक्की ऊणे लगी री। **16** इना
गल्ला रे चौकस रओ कि तेरा चाल चलण केड़ा ए और क्या उपदेश देणे लगी
रे। इना गल्ला रे स्थिर रओ, कऊँकि जे एड़ा करदा रएगा, तो तूँ आपणे और
आपणे सुणने वाले़ खे बी बचाणे री बजअ ऊणा।

**5** केसी बी सयाणे मांणूए खे बेज्जतिया रे नजरिए ते नि बक, पर तेसखे
पिता जी समजी की समजया। जवाना खे पाई मानी की समजा। **2** स्याणी
जवाणसा खे माए समजी की और जवान जवाणसा खे पूरी पवित्रता ते बईण
समजी की समजया। **3** तिना बिदुआ रा, जो सच्चो खेई बिदुआ ए, आदर
और मताद करो। **4** और जे केसी बिदुआ रे बच्चे या दोईते-पोते ओ, तो सेयो
पईले आपणे ई कराने साथे आपणी जिम्मेवारी नबाई की परमेशरो रा भग्त
ऊणा सीखो और आपणे माए-बाओ री देखपाल़ करी की कर्ज चुकाओ।
कऊँकि परमेशरो खे येई अच्छा लगोआ। **5** से जो सच्चो खेई बिदुआ ए और
तेसा रा कोई निए, से परमेशरो पाँदे ई उम्मीद राखोई। से दिन-रात बिनती
और प्रार्थना करदी रओई और परमेशरो ते मताद मांगदी रओई। **6** पर से
बिदुआ जो भोग-विलासो रे पड़ी गी, से जिऊँदे जिऊए ई मरी गी री। **7**
इना गल्ला री बी आज्ञा देया कर, ताकि सेयो निर्दोष रओ। **8** पर जे कोई
आपणेया री और खास करी की आपणे परिवारो री देखपाल़ नि करो, तो से
विश्वासो ते मुकरी गा रा और अविश्वासिया ते बी बुरा बणीगा रा। **9** बिदुआ री
सूचिया रे सिर्फ तेसा रा ई नाओं लिखेया जाओ, जो साठा साला ते कम नि

ओ और जो आपणे लाड़े रे विश्वासो जोगी रई ओ। 10 और से खरे कामा रे
सुनाम रई ओ, जेसे बच्चे ठीक टंगो रे पाल़ी राखे ओ, पराऊणेया री आओ-
बैठ करी राखी ओ, परमेशरो रे लोका रे पैर तोए ओ, दु: खिया री मताद
कित्ती ओ और हर एक खरे कामो रे मन लगाया ओ। 11 तेसा सूचिया रे
जवान बिदुआ रे नाओं नि लिखणा, जो मसीह रा बिरोद करी की सुख-
बिलासो रे पड़ी जाओईया और ब्या करना चाओईया। 12 सेयो दुबारा ब्या
करी की आपू खे दोषी ठराओईया, कऊँकि तिने ब्या ना करने रा वादा तोड़ी
ता। 13 और इजी साथे-साथे सेयो कअरे-कअरे फिरी की आल़सी ऊणा
सिखोईया। सेयो बस आल़सी ई नि, पर ओरी रे बारे रे बक-बक करदिया
रओईया और ओरी रे कामो रे आथ बी पाओईया और बेटंगी गल्ला करोईया।
14 इजी री खातर आऊँ ये चाऊँआ कि जवान बिदुआ ब्या करी लो और बच्चे
पैदा करो और कअर बार सम्बाल़ो और केसी बी बिरोदिया खे बदनाम करने
रा मोका नि देओ। 15 कऊँकि कई जणियां तो बईकि की शैतानो पीछे ऊई
चुकी रिया। 16 जे केसी विश्वासणिया रे कअरे कोई बिदुआ ओ, तो सेयो ई
तिना री मताद करो ताकि मण्डल़िया पाँदे बोज नि ओ। तेबे मण्डल़िया तिना
बिदुआ री मताद करनी, जो सच्चो खेई कल्ली ए। 17 मण्डल़िया रे बुजुर्ग जो
आपणा काम ठीक टंगो रे करोआ तिना खे सई आदर और सई मजदूरी दित्ती
जाओ, खास करी की सेयो जो परमेशरो रा वचन सिखाणे और प्रचार करने रे
कड़ी मईणत करोए। 18 कऊँकि पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया, "जोड़े रे
बल़दा रा मूँ नि बानो," पवित्र शास्त्र एक ओरी जगा बोलोआ, "मजूरदार
आपणी मजदूरिया रा अक्कदार ए।" 19 मण्डल़िया रे केसी बी बुजुर्गो रे
खलाफ आरोप नि सुणो। जदुओ तक दो या तीन गवा तेसखे ये नि बोलो कि
तिने कुछ गल़त करदे देखी राखेया। 20 पर पाप करने वाल़ेया मण्डल़िया रे
तिना बुजुर्गा खे सबी सामणे समजयाई दे, ताकि ओर लोक बी पाप करने
ते डरो। 21 ओ तीमुथियुस, आँऊ ताखे परमेशर, यीशु मसीह और चूणे रे
स्वर्गदूता खे आजीर जाणी कि खबरदार करूँआ कि तूँ दिल खोली कि इना
गल्ला खे मानेया कर और केसी साथे पक्षपात नि कर। 22 मण्डल़िया रे
अगुवा बनाणे खे केसी पाँदे फटाफट आथ नि राखणा। जे तुसे बिना सोचे
बिचारे तेस पाँदे फटाफट आथ राखी कि तेसखे अगुवा बणाओए और से पाप

करो तो एड़ा करने पाँदे तुसे बी तेसरे पापो रे शामिल ओए। आपणे आपू खे
पवित्र बणाई कि राख। 23 एबुए ते बस पाणिए खेई पीणे वाला नि रओ, पर
आपणे पेटो रे और आपणे बार-बार बमार ऊणे री बजअ ते, थोड़ा-थोड़ा
दाखरस बी कामो रे ल्याया कर। 24 आँऊ तुसा खे बोलूँआ कि अगुवा बनाणे
रे जल्दी नि करो कऊँकि कुछ लोक सामणे-सामणे पाप करोए। एथो तक
कि न्याय ऊणे ते पईले ई सेयो लोक विश्वासिया रे सामणे साफ तौरो पाँदे
दोषी ए। हालाँकि कुछ लोका रे पाप पईले सामणे नि आऊँदे पर बादो ते
सामणे आई जाओए। 25 तिंयाँ ई जेबे कुछ लोक खरे काम करोए तो ओरी
विश्वासिया रे जरिए साफ-साफ दिशोए। एथो तक कि जे सेयो साफ-साफ
नि दिशो तेबे बी तिना रे जरिए महसूस कित्ते जाओए।

**6** सेयो सब विश्वासी जो केसी रे गुलाम ए सेयो आपणे-आपणे मालको खे
बड़े आदरो जोगा जाणो ताकि परमेशरो रे नाओं री और आसे रे उपदेशो री
निन्दा नि ओ। 2 जेस गुलाम विश्वासिये रा मालक बी विश्वासी ए तो से
गुलाम आपणे मालको खे इजी बजअ ते तुच्छ नि समजो कि तेसरा मालक
बी मेरे जेड़ा विश्वासी ए। बल्कि से एबे तिना री सेवा ओर बी मन लगाई कि
करो। कऊँकि जो तिना रे कामो ते फायदा पाओए सेयो साथी विश्वासी ए
जिना ते सेयो प्यार करोए। इना गल्ला रे उपदेश करेया कर और इजी खे
मानणे खे समजयांदा रओ। 3 जे कोई ओरी प्रकारा रा उपदेश देओआ और
म्हारे प्रभु यीशु मसीह रे जरिए दित्ती री शिक्षा और परमेशरो री भक्तिया
री शिक्षा ते सईमत नि ऊँदा, 4 तो से बऊत कमण्डी ऊईगा और कुछ नि
समजदा। एड़े लोका खे बईस और बेकारो रे शब्दा पाँदे तर्क-वितर्क करने रा
रोग ए, इना गल्ला ते डाह, चगड़े, निन्दा री गल्ला और बुरे-बुरे शक पैदा
ओए 5 इना लोका बीचे बेकार लड़ाई-चगड़े पैदा ओए। जिना रा दमाक
खराब ऊईगा रा और सेयो सच्चाईया ते दूर ऊईगे रे। सेयो लोक समजोए कि
परमेशरो री सेवा करना पैसा कमाणे रा जरिया ए। 6 पर आसा खे येई
अच्छा ए कि आसे सेई करिए जो परमेशरो खे अच्छा लगोआ और तिदे ई
सन्तुष्ट रईए जो परमेशर आसा खे देओआ। 7 कऊँकि ना आसे दुनिया रे
कुछ ल्याए और ना ई कुछ लयी जाई सकूँए। 8 और जे आसा गे खाणे खे
और पईनणे खे आए, तो इना रेई सन्तुष्टी करनी चाईयो। 9 पर जो अमीर

ऊणा चाओए, सेयो एड़ी परीक्षा और फंदे रे, बऊत मूर्खता और आनिकारक
लालसा रे फसोए, जो मांणूआ खे बिगाड़ी देओईया और नाशो रे समुद्रो रे
डूबाई देओईया। 10 कऊँकि पैसे रा लाल़च सब प्रकारा री बुराईया री जड़ ए।
इजी रे लाल़चो रे पड़ी की कुछ लोक तो विश्वासो ते पटकी गे और आपणे
आपू खे कई प्रकारो रे दु: खो री छानणी बणाईता रा। 11 पर ओ तीमुथियुस
परमेशरो रे सेवक, तूँ इना सबी बुरे कामा खे करने ते दूर नठ। जो सई काम
ए तिजी खे हर तरअ ते करने री कोशिश कर। एड़ी जिन्दगी जी जेते की
परमेशरो खे आदर मिलो। मसीह पाँदे परोसा राख। ओरी लोका साथे प्यार
कर। मुसीबत आऊणे पाँदे इम्मत राख। ओरी लोका साथे नरमाईया साथे
बर्ताव कर। 12 जिंयां एक अच्छा सिपाई जो आपणी लड़ाई नि छाडदा तिंयाँ
ई तूँ बी आपणे परमेशरो पाँदे परोसा करना और तिना री आज्ञा मानणा नि
छाड। तेस अनन्त जीवनो खे पकड़ी की राख, जेतेरी खातर तूँ बुलाई राखेया
और बऊत सारे लोका सामणे अंगीकार कित्तेया था कि तुसे मसीह पाँदे
विश्वास कित्तेया था। (aiōnios g166) 13 परमेशरो खे आजीर जाणी की
जो सबी खे जिन्दगी देओआ और यीशु मसीह खे आजीर जाणी की जिने
राज्यपाल पुन्तियुस पिलातुसो रे सामणे अच्छी गवायी दित्ती थी आँऊ तुसा
खे ये आज्ञा देऊँआ 14 कि तूँ म्हारे प्रभु यीशु मसीह रे दुबारा वापस आऊणे
तक निष्कलंक और निर्दोष रूपो ते आपणी जिम्मेवारी नबा। 15 परमेशर
एक मात्र अधिपति जो तारीफा जोगा ए, से राजेया रा राजा और प्रभुए रा
प्रभु ए तेस ई यीशु मसीह ठीक बखतो पाँदे प्रकट करने। 16 अमर सिर्फ
सेईए जो अगम्य जोतिया रे रओआ और ना तो से किने मांणूए देखेया और
ना ई कदी देखी सकोआ। तेसरी प्रतिष्ठा और राज्य जुगो-जुगो तक ऊँदा
रणा। आमीन्। (aiōnios g166) 17 एसा दुनिया रे अमीरा खे आज्ञा दे कि सेयो
कमण्ड नि करो और नाशवान पैसे पाँदे उम्मीद नि राखो, पर सिर्फ परमेशरो
पाँदे उम्मीद राखो जो म्हारे सुखो खे सब कुछ बऊत जादा देओआ। (aiōn
g165) 18 तिना लोका खे ये आज्ञा देओ कि सेयो पले काम करो और खरे
कामो रे अमीर बणो और उद्धार और मताद करने रे आगे रओ। 19 ईंयां तिना
आपू खे एड़ा पैसा कट्ठा करना जेते की आऊणे वाल़ी जिन्दगिया खे एक खरी
निऊँ पाई सको जेतेरे जरिए तिना असली जिन्दगी पाणी। 20 ओ तीमुथियुस,

एसा अमानता री रखवाल़ी कर जो परमेशरे तांगे सम्बाल़ी राखी। जेस ज्ञानो
खे ज्ञान बोलणा ई पूल ए, तिजी री अशुद्ध बकवास और बिरोदो रिया गल्ला
ते दूर रओ।
21 कुछ लोक एस चूठे ज्ञानो खे मानी की और तिजी रे मुताबिक
काम करी की मसीह रे विश्वासो ते पटकी गे रे। आँऊ प्रार्थना करूँआ कि
परमेशरो री कृपा तुसा पाँदे ऊँदी रओ।

# 2 तीमुथियुस

**1** ये चिट्ठी मां पौलुसो री तरफा ते ए। परमेशरे आँऊ यीशु मसीह रा प्रेरित
करी कि चुणी राखेया ताकि आँऊ तेस संदेशो रा प्रचार करी सकूँ जेते कि
अनन्त जीवन देणे रा वादा परमेशरे करी राखेया जो यीशु मसीह पाँदे विश्वास
करने ते मिलोआ। 2 आँऊ ये चिट्ठी तीमुथियुसो खे लिखणे लगी रा जो
विश्वासो रे मेरे सच्चे पाऊए जेड़ा ए। आँऊ प्रार्थना करूँआ कि परमेशर पिता
और म्हारे प्रभु यीशु मसीह री तरफा ते ताखे कृपा, दया और शान्ति मिलदी
रओ। 3 ओ तीमुथियुस, आँऊ दिन-रात आपणी प्रार्थना रे ताखे याद करदे
ऊए परमेशरो रा धन्यवाद करूँआ, जिना री सेवा आऊँ आपणे बाप-दादेया री
रवाजा पाँदे शुद्ध विवेको ते करूँआ। 4 और तेरे आसूआ खे याद करी-करी
की, दिन-रात तां साथे मिलणे री लालसा करूँआ ताकि आँऊ खुश ऊई
जाऊँ। 5 और माखे तेरे तेस निष्कपट विश्वासो री याद आओई, जो पईले तेरी
नानी लोईस और तेरी आम्मा यूनीके रा था और माखे निश्चा ए कि तांदे बीए।
6 इजी बजअ ते आऊँ ताखे याद दलाऊँआ कि परमेशरो रे तेस बरदानो रा
इस्तेमाल कर, जो मेरे आथ राखणे ते ताखे मिली रा। 7 परमेशर आसा खे
डरपोक नि बणांदा। बल्कि तेसरा आत्मा आसा खे मजबूत बणाओआ, से
आसा खे ओरी साथे प्यार करने और सब्र राखणे रे मताद करोआ। 8 इजी री
खातर ओ तीमुथियुस, तूँ ना तो आसा रे प्रभु यीशु मसीह री गवाई देणे ते
शर्मिंदा ओ और ना ई मांते जो तेसरा कैदी ए शर्मिंदा ओ। पर परमेशरो री
सामर्था पाँदे परोसा राखी की तूँ मां साथे सुसमाचारो री खातर दु: ख उठांदा
रओ। 9 परमेशरे आसा रा उद्धार करी राखेया और पवित्र जिन्दगी जिऊणे
खे बुलाई राखेया। तिने ये म्हारे केसी कामो रे मुताबिक नि, पर आपणे
मकसदो और आपणी कृपा ते एड़ा करी राखेया। से कृपा सनातनो तेई
यीशुए मसीह रे जरिए आसा खे राखी री थी। (aiōnios g166) 10 पर एबे
म्हारे उद्धारकर्ता यीशु मसीह रे प्रगट ऊणे रे जरिए प्रयासा ऊआ। यीशुए
मौता रा नाश कित्तेया और जीवन और अमरता खे तेस सुसमाचारो रे जरिए
प्रकाशमान करी ता। 11 जेतेरी खातर आऊँ सुसमाचार प्रचारक, प्रेरित और
उपदेशक बी ठईरेया। 12 इजी बजअ ते आऊँ एती कैदा रे दु: ख उठाणे लगी
रा पर आँऊ इजी ते शर्मिंदा नि ऊँदा कऊँकि आऊँ मसीह खे जाणूंआ जेस

पाँदि मैं परोसा करी राखेया। माखे ये पूरा निश्चा ए कि से तेस दिनो तक मेरी
अमानता री रखवाल़ी करने रे पूरी तरअ सामर्थी ए। 13 जो सच्ची शिक्षा तैं
मांते पाई राखी तिना खे तेस विश्वासो और प्यारो साथे जो यीशु मसीह रे ए,
आपणा आदर्श बनाई कि राख। 14 और पवित्र आत्मा री सामर्था रे जरिए जो
आसा रे बसी रा, तेसा अच्छी अमानता री रखवाल़ी कर जो तांगे परमेशरे
सम्बाल़ी राखेया। 15 तूँ जाणेया कि आसिया प्रदेशो रे रणे वाल़े बऊत सारे
विश्वासिये आँऊ छाडीता रा, जिना बीचे फूलीगुस और हिरमुगिनेस बी ए। 16
आँऊ प्रार्थना करूँआ कि प्रभु उनेसिफुरूस रे कराने पाँदे दया करो। कऊँकि
तिने बऊत बार मेरा काल़जा ठण्डा कित्तेया और मांते शर्मिंदा नि ऊआ जेबे
आँऊ जेला रे था। 17 पर जेबे से रोम नगरो रे आया, तो बड़ी कोशिशा साथे
टोल़ी की मां साथे मिलेया। 18 आँऊ प्रार्थना करूँआ कि प्रभु न्याय रे दिना रे
उनेसिफुरूसो पाँदे आपणी बड़ी दया दखाओ। ओ तीमुथियुस, जो-जो सेवा
उनेसिफुरूसे इफिसुस नगरो रे कित्ती, तिजी खे बी तूँ ठीक टंगो रे जाणोआ।
**2** ओ मेरे पाऊ तीमुथियुस, तूँ तेसा कृपा ते, जो यीशु मसीह रे ए, तागतबर
ऊई जा। 2 तैं मसीह रे बारे से शिक्षा मांते बऊत गवाओ रे सामणे सुणी
राखिया। तेबेई आँऊ चाऊँआ कि सेई शिक्षा तिना विश्वासो जोगे लोका खे
सखया जो ओरी खे बी सखयाणे जोगे ओ। 3 यीशु मसीह रे खरे योद्धा जेड़े,
मां साथे दु: ख ऊठा। 4 जेबे कोई सिपाई लड़ाईया खे जाओआ, तो इजी री
खातर जाओआ कि जिने से परती करी राखेया, तेसखे खुश करो और आपू
खे दुनिया रे कामो रे नि फसांदा। 5 तेबे अखाड़े रे लड़ने वाल़ा जे नियमो रे
मुताबिक नि लड़ो, तो मुकुट नि पाँदा। 6 जो जिम्मीदार मईणत करोआ,
फलो रा पाअग पईले तेसखे मिलणा चाईयो। 7 तूँ मेरी शिक्षा पाँदे बिचार
कर। प्रभुए ताखे हर गल्ला री समज देणी। 8 यीशु मसीह खे याद राख, से
दाऊदो रे वंशो ते ऊआ। परमेशरे से मरे रेया बीचा ते जिऊँदा कित्तेया और ये
सेई सुसमाचार ए जो आँऊ लोका बीचे प्रचार करूँआ। 9 तेसी सुसमाचारो खे
प्रचार करने री खातर आऊँ कुकर्मियों जेड़ा दु: ख उठाऊँआ, एथो तक कि
आँऊ कैद बीए। पर कोई बी केसी खे परमेशरो रा वचन प्रचार करने ते रोकी
नि सकदा। 10 इजी बजअ ते आऊँ चूणे रे लोका रे फाईदे खे इतणा दु:ख
सईन करूँआ, ताकि सेयो बी तेस उद्धारो खे जो यीशु मसीह रे ए, अनन्त

महिमा साथे पाओ। (aiōnios g166) 11 ये गल्ल सच्ची ए कि जे आसे तेस
साथे मरी गे रे, तो तेस साथे जिऊणे बी। 12 जे आसे सब्रो साथे दुःख सईन
करदे रऊँगे, तो तेस साथे राज्य बी करूँगे, जे आसे तेसरा इन्कार करुँगे, तो
तेस बी म्हारा इन्कार करना। 13 जे आसे मसीह साथे विश्वासघात करूँए,
तेबे बी मसीह आसा खे विश्वासो जोगा बणे रा रओआ, कऊँकि से आपू ई
आपू खे ना नि करी सकदा 14 सबी लोका खे इना ई गल्ला री याद दलांदा
रओ। परमेशरो रे सामणे सबी लोका खे सावधान करी दे कि सेयो शब्दो पाँदे
तर्क-वितर्क नि करेया करो। इना गल्ला साथे कुछ लाब नि ऊँदा, बल्कि इजी
ते सुणने वाल़ेया रा नाश ऊई जाओए। 15 आपणे आपू खे परमेशरो खे ग्रईण
करने जोगा और एड़ा काम करने वाल़ा ठराणे री कोशिश कर, जो शर्मिंदा नि
ओ और जो सच्चो रे वचनो खे ठीक टंगो रे कामो रे ल्याओआ। 16 बेकारो री
और मूर्खता री गल्ला ते बचे रा रओ, कऊँकि एड़े लोक ओर बी अभक्तिया रे
बड़दे जाणे। 17 एड़िया गल्ला सड़े रे जख्मो जेड़िया फैलदिया जाणिया।
हुमिनयुस और फिलेतुस तिना बीचा तेई एक ए। 18 इने लोके सच्चाईया पाँदे
विश्वास करना छाडीता रा। सेयो बोलोए कि परमेशरे मरे रेया विश्वासिया खे
अनन्त जिन्दगी देणे खे पईले ई जिऊँदा करी ता रा। नतीजन सेयो कुछ
विश्वासिया खे मसीह पाँदे विश्वास करने ते रोकणे लगी रे। 19 पर परमेशरे
जो पक्की निऊँ पाई राखी से मजबूत ए। तिजी पाँदे ये छाप लगी री, "प्रभु
तिना लोका खे पछयाणोआ जो तिना रे आपणे ए," और "जो कोई प्रभुए रा
नाओं लओआ, से पापो ते दूर रओ।" 20 केसी बी बड़े कअरो रे ना सिर्फ
सुईने-चाँदिए रेई, पर लकड़ी और माट्टिया रे बी पांडे ओए। कोई-कोई पांडे
खास मकसदो खे और कोई-कोई आम इस्तेमालो खे ओए। 21 ईंयां ई
विश्वासी बी जो आपणे आपू खे तिना सारी बुरिया गल्ला ते लग राखोगा तो
से बी तेस किमती पांडे जेड़ा ठईरना जो खास मकसदो खे इस्तेमाल ओआ।
तेसरी जिन्दगी पवित्र और आपणे मालको खे हर पले कामो रे इस्तेमाल
ऊणी। 22 ओ तीमुथियुस, जवानिया री बुरी इच्छा ते नठ। बल्कि तिना सबी
लोका साथे धार्मिकता, विश्वास, प्यार और मेल-जोलो रा पीछा कर जो साफ
दिलो ते प्रभुए रा नाओं लओए। 23 आँऊ फेर बोलूँआ मूर्खता और अनपढ़ता
री बईसी ते दूर रओ, कऊँकि तूँ जाणेया कि तिना ते चगड़े ओए। 24 और

प्रभुए रे दासो खे चगड़ालु नि ऊणा चाईयो, बल्कि सबी साथे मिलणसार,
सईनशील और शिक्षा देणे रे निपुण ऊणा चाईयो। **25** और बिरोदिया खे
नरमाईया रे समजयाओ, क्या पता परमेशर तिना खे मन फिराणे रा मन देओ
कि सेयो बी सच्चो खे पछयाणो। **26** सेयो सचेत ऊई जाओ और शैतानो रे
तेस फंदे ते छूटी जाओ जिदे शैताने तिना खे आपणी इच्छा पूरी करने खे
जकड़ी राखेया।

**3** ओ तीमुथियुस, ये समजी लओ कि अंतो रे दिनो रे मसीह रे वापस आऊणे
ते पईले कठण बखत आऊणा। **2** लोक मतलबी, पैसेया रे लोबी, त्वाल़िया
मारने वाल़े, कमण्डी और निन्दा करने वाल़े ऊणे। तिना आपणे माया-बाओ
रा कईणा नि मानणा। सेयो लोक मतलबी और अपवित्र ऊणे। **3** सेयो लोक
दया ना करने वाल़े, माफ ना करने वाल़े, ओरी पाँदे दोष लगाणे वाल़े और सब्र
ना राखणे वाल़े ऊणे। सेयो लोक कठोर और अच्छाईया ते बैर राखणे वाल़े
ऊणे। **4** सेयो लोक विश्वासघाती, उतावल़े और कमण्डी ऊणे। सेयो लोक
परमेशरो खे नि बल्कि सुख बिलासो खेई चाणे वाल़े ऊणे। **5** तिना भक्तिया
रा पेष तो तरना, पर तिजी री सामर्थ नि मानणी जो तिना री जिन्दगिया खे
बदली सकोई। एड़ेया मांणूआ ते दूर रणा। **6** इना ई बीचा ते सेयो लोक ए,
जो कअरे दबे पैरे कूसी कि आयी जाओए और तिना कमजोर जवाणसा खे
वशो रे करी लओए, जो पापो ते दबी रिया और हर प्रकारा रिया बुरी इच्छा रे
वशो रेईया। **7** एड़िया जवाणसा सदा नईया-नईया गल्ला सीखदिया तो
रओईया, पर परमेशरो रे सच्चे संदेशो खे कदी नि समजी सकदिया। **8** जिंयां
यन्नेसे और यम्ब्रसे मूसे रा बिरोद कित्तेया था, तिंयाँ ई यो लोक बी सच्चो रा
बिरोद करोए। यो तो एड़े मांणू ए जिना री बुद्धि प्रष्ट ऊईगी री और तिना रा
विश्वास दखावटी ए। **9** पर इना खे कामयाबी नि मिलणी कऊँकि जेड़ी
यन्नेस और यम्ब्रसो री मूर्खता सबी मांणूआ सामणे आईगी थी, तेड़ी ई
इना री मूर्खता बी सामणे आई जाणी। **10** पर ओ तीमुथियुस, तूँ पक्का
ई जाणोआ कि आँऊ क्या उपदेश देऊँआ और आँऊ किंयां रऊँआ, मेरी
जिन्दगिया रा मकसद क्या ए और आँऊ क्या विश्वास करूँआ। तूँ मेरे सब्र,
प्यार और सईन शीलता खे तो जाणेया। **11** तूँ ये बी जाणेया कि अन्ताकिया,
इकुनियुम और लुस्त्रा जेड़े नगरा रे मां पाँदे कितणा अत्याचार ऊआ और

माखे दुःख दित्ते। मैं कितणे अत्याचार सईन कित्ते पर प्रभु तिना सबी ते
मेरी रक्षा करदा रया। 12 ये बात सच ए कि जितणे यीशु मसीह रे भक्तिया
साथे जीवन बिताणा चाओए, सेयो सब सताए जाणे। 13 पर दुष्ट लोक और
बईकाणे वाल़े तोखा देंदे ऊए और आपू तोखा खांदे ऊए लगातार नाशो रे गड्डे
रे पड़दे जाणे। 14 पर जेथो तक तेरा सवाल ए तूँ इना गल्ला खे जो तैं सीखी
राखिया लगातार विश्वासो जोगा बणेया रा रओ और तिदे विश्वास करदा रओ।
याद राख कि तैं किना लोका ते यो गल्ला सीखिया थिया। 15 और बचपनो
तेई तूँ पवित्र शास्त्रो खे जाणेया। ये ताखे मसीह पाँदे विश्वास करने ते, उद्धार
पाणे खे अक्लमंद बणाई सकोआ। 16 पूरा पवित्र शास्त्र परमेशरो री प्रेरणा
ते रचेया राए। ये पवित्र शास्त्र उपदेश देणे, गल़ती करने पाँदे डांटणे खे,
सुदारने और धार्मिकता री शिक्षा खे फायदेमंद ए। 17 ताकि परमेशरो रा जन
हर एक खरे कामो खे करने जोगा बणो और त्यार रओ।

**4** आँऊ तुसा खे परमेशर और यीशु मसीह खे गवा करी की जेस जिऊँदे और
मरे रेया रा न्याय करना और तेसरे राजे रे रुपो रे राज्य करने आऊणे री याद
दलाई कि चेतावणी देऊँआ 2 कि परमेशरो रे वचनो रा प्रचार कर। बखत और
बेबखत सदा त्यार रओ, सबी प्रकारा री सईन शीलता और शिक्षा साथे
ल़वामे दे और बक और समजया। 3 कऊँकि एड़ा बखत आऊणा कि लोका
खरा उपदेश नि सईणा, और आपणी मन पसंद गल्ला खे सुणने और तिना ते
खुश ऊणे खे आपू खे बऊत उपदेशक कट्ठे करी लणे। 4 तिना लोका सच्चाई
नि सुणनी पर मनकड़न्त काणियां पाँदे मन लगाणा। 5 पर तूँ सबी गल्ला ते
सावधान रओ, प्रभुए खे दु: ख सईन करी लओ, सुसमाचार प्रचारो रा काम
कर और आपणी सेवा पूरी कर। 6 आँऊ ये आज्ञा तुसा खे इजी खे देऊँआ
कि मेरी जिन्दगी और परमेशरो रा काम पईले ई खत्म ऊणे लगी रा कऊँकि
आऊँ जाणूंआ कि मेरी मौत नेड़े ए। 7 आऊँ अच्छी लड़ाई लड़ी चुकी रा,
मैं आपणी दौड़ पूरी करी ली री, आऊँ आखरी तक विश्वासो जोगा बणेया
रा रया। 8 एबे प्रभुए स्वर्गो रे माखे एक मुकट राखी राखेया, कऊँकि मैं
धार्मिकता ते जिन्दगी जि राखी। आसा रा प्रभु यीशु मसीह जो तर्मी न्याय
करने वाल़ा ए, जेबे से न्याय करने वापस आऊणा तेस दिने माखे से मुकुट
देणा। पर सिर्फ आँऊ ई से निए जेसखे से इनाम मिलणा बल्कि हर एकी खे

जो तेसरे वापस आऊणे रा बेसब्रिया साथे इन्तजार करने लगी रे। 9 तुसे
फटाफट मांगे आऊणे री कोशिश करो। 10 कऊँकि देमासे एसा दुनिया री
गल्ला खे प्यारी जाणी की आऊँ छाडीता रा और थिस्सलुनीके नगरो खे चली
गा रा और क्रेसकेंस गलातिया प्रदेशो खे और तीतुस दलमतिया प्रदेशो खे
चली गा रा। (aiōn g165) 11 बस लूका ई मां साथे ए। जेबे तूँ आएगा तो
मरकुसो खे बी आपू साथे लयी आया, कऊँकि सेवा खे से मेरे बऊत कामो
राए। 12 तुखिकुस मैं इफिसुस नगरो खे पेजी ता रा। 13 आऊँदे बखते मेरा
कोट बी लंदे आया जो आऊँ त्रोआस नगरो रे करपुसो रे गे छाडी आयी
रा, और मेरी कताबा खास करी की चर्मपत्र लयी की आया। 14 सिकन्दर
ठठेरे मां साथे बऊत बुराईया करी राखिया। प्रभुए तेसखे तेसरे बुरे कामो रे
मुताबिक फल देणा। 15 तूँ आपू बी तेसते सावधान रओ, कऊँकि तिने म्हारी
शिक्षा रा बऊत बिरोद कित्तेया। 16 जेबे आँऊ पईली बार आपणे बचाव
खे कचैरिया रे गया था तेस बखते मां साथे कोई नि था बल्कि आऊँ सबी
छाडीता था। आँऊ प्रार्थना करूँआ कि परमेशरो खे तिना इजी रा लेखा नि
देणा पड़ो। 17 पर प्रभु मेरा मददगार रया और माखे सामर्थ दित्ती, ताकि मेरे
जरिए सुसमाचारो रा पूरा-पूरा प्रचार ओ और सब दूजी जाति सुणी लो और
तिने आऊँ मौता ते बचाया। 18 और प्रभुए आऊँ हर बुरे कामो ते छुड़ाणा
और आपणे स्वर्गो रे राज्य रे बचाई की पऊँछाणा, तेसरी ई महिमा जुगो-जुगो
तक ऊँदी रओ। आमीन्। (aiōn g165) 19 बईण प्रिस्किल्ला और तेसा रा
लाड़ा अक्विला और उनेसिफुरूसो रे कराने खे मेरा नमस्कार। 20 इरास्तुस
कुरिन्थुस नगरो रे रई गा और मैं त्रुफिमुस मिलेतुस नगरो रे छाडीता कऊँकि
से बमार था। 21 ठण्डी ते पईले आऊणे री कोशिश कर। यूबूलुस, पूदेंस,
लीनुस और कलौदिया और सब विश्वासी पाईया रा ताखे नमस्कार। 22 आँऊ
प्रार्थना करूँआ कि प्रभु तेरी आत्मा साथे रओ, तुसा पाँदि कृपा ऊँदी रओ।

# तीतुस

**1** ये चिट्ठी मां पौलुसो री तरफा ते ए। आँऊ परमेशरो रा दास और यीशु
मसीह रा प्रेरित ए। आँऊ परमेशरो रे तिना चूणे रे लोका रा विश्वास मजबूत
करने खे पेजी राखेया और तिना खे सिखाणे खे कि सेयो सच्चो खे जाणो
ताकि सेयो ईश्वरीय जिन्दगी जी सको। 2 नतीजन तिना परमेशरो साथे
सदा री जिन्दगी जिऊणे री उम्मीद करनी। कऊँकि परमेशर कदी बी चूठ नि
बोलदा, तिने दुनिया बनाणे ते पईले ये वादा कित्तेया था कि तेसरे लोका सदा
कालो री जिन्दगी जिऊणी। **(aiōnios g166)** 3 और एबे एकदम ठीक बखतो
पाँदे परमेशरे ए सुसमाचार आसा पाँदे प्रकट करी राखेया और आसे इजी खे
सबी लोका खे प्रचार करूँए। परमेशर जो म्हारा उद्धारकर्ता ए तिने माखे ये
जिम्मेवारी दित्ती कि आँऊ तिना खे ये काम करूँ। 4 आँऊ ये चिट्ठी तीतुसो खे
लिखणे लगी रा जो विश्वासो रे मेरे सच्चे पाऊए जेड़ा ए। आँऊ प्रार्थना करूँआ
कि परमेशर पिता और म्हारे उद्धारकर्ता यीशु मसीह री तरफा ते ताखे कृपा
और शान्ति मिलदी रओ। 5 आऊँ ताखे क्रेते टापूए रे इजी खे छाडी आया था
कि तूँ बाकि बची रिया गल्ला खे सुदारे और जेड़ा मैं बोली राखेया तिजी रे
मुताबिक नगर-नगरो रे बुजुर्गा खे ठराई दे। 6 ये जरूरी ए कि बुजुर्ग निर्दोष
और एक ई लाड़िया रा लाड़ा ओ। तिना रे बच्चे विश्वासी ओ और तिना
पाँदे लुचपण और आज्ञा ना मानणे रा दोष नि ओ। 7 कऊँकि एक अध्यक्ष
परमेशरो रे कराने रा पण्डारी ओआ, इजी खे तेसखे पक्का ई निर्दोष जिन्दगी
जिऊणी चाईयो। बुजुर्गो खे ना टीठ, ना रोष करने वाल़ा, ना पियक्कड़, ना
मार-पीट करने वाल़ा और ना ई नीच कमाईया रा लोबी ऊणा चाईयो। 8
बल्कि से पराऊणचारी करने वाल़ा, ओरी री पलाई चाणे वाल़ा, सब्र राखणे
वाल़ा, न्यायी, पवित्र और आपू पाँदे काबू राखणे वाल़ा ऊणा चाइयो। 9 से
जरूर मसीह रे तेस संदेशो रा विश्वासो साथे पालण करो। जो तर्मो रे उपदेशो
रे मुताबिक ए और जो आसे सिखाई राखेया। ताकि से ओरी खे खरी शिक्षा
ते उपदेश देई सको और बरोद करने वाल़ेया रा मूँ बी बंद करी सको। 10
आँऊ ये इजी खे बोलणे लगी रा कऊँकि बऊत सारे लोक खास करी की
जो यहूदिया बीचा ते विश्वासो रे आयी रे सेयो सई शिक्षा रा बरोद करोए
और से मूर्खता री गल्ला सिखाओए और ओरी खे तोखा देओए। 11 इना

लोका खे विश्वासिया बीचे चूठी शिक्षा नि देणे देओ। कऊँकि यो लोक एड़ी
शिक्षा देओए जो नि देणी चाईयो और सेयो लोक कअरो-कअरो रे विश्वासो
खे बिगाड़ी देओए। सेयो लोक नीच कमाईया खे एड़ा करोए। 12 तिना ई
बीचा ते एक मांणू क्रेते टापूए राए, जेसखे सेयो लोक आपणा भविष्यबक्ता
समजोए, तिने बोली राखेया, "क्रेते रे लोक सदा चूठ बोलोए। सेयो दुष्ट
डांगरा जेड़ा बर्ताव करोए। सेयो लोक आल़सी और पेटू ए।" 13 क्रेते रे लोका
खे ये गवाई सच्ची ए। इजी री खातर तिना खे कड़क ऊई की चेतावणी देया
कर, ताकि सेयो विश्वासो रे पक्के ऊई जाओ। 14 तिना लोका खे सखया कि
सेयो यहूदिया री मनकड़न्त काणियां पाँदे मन नि लगाओ और तिना लोका री
आज्ञा खे नि मानो जो सच्चो ते पटकी गे रे। 15 जेसरा मन शुद्ध ए तिना खे
सब कुछ शुद्ध ए। पर प्रष्ट और अविश्वासिया खे कोई बी चीज शुद्ध निए,
कऊँकि तिना रा दमाक और विवेक दोनो ई प्रष्ट ए। 16 सेयो चूठे शिक्षक
बोलोए कि आसे परमेशरो खे जाणूंए पर आपणे चाल-चलणो ते दखाओ कि
सेयो परमेशरो खे नि जाणदे। कऊँकि सेयो लोक घृणित और आज्ञा नि
मानणे वाल़े ए और केसी बी खरे कामो जोगे निए।

**2** पर ओ तीतुस, ताखे येई सई ए कि तूँ एड़ी शिक्षा दे जो खरे उपदेशो रे
मुताबिक ओ। 2 स्याणे मर्दा खे सिखाओ कि सेयो शांत, आदरणीय और
आपू पाँदे काबू राखणे वाल़े ओ। तिना रा विश्वास, प्यार और सब्र पक्का
ओ। 3 ईंयां ई सयाणियां जवाणसा रा चाल-चलण एड़ा ओ कि परमेशरो खे
आदरो जोगा ओ। सेयो ना तो ओरी पाँदे दोष लगाणे वाल़ी ओ और ना ई
पियक्कड़ ओ पर सेयो अच्छिया गल्ला सिखाणे वाल़िया ओ। 4 ये स्याणी
जवाणसा जवान जवाणसा खे जरूर सिखाओ कि सेयो आपणे लाड़ेया और
बच्चेया साथे प्यार करो। 5 और ये बी सिखाओ कि सेयो आपू पाँदे काबू
राखणे वाल़िया, पतिव्रता, कअरो रा काम-काज करने वाल़ी, पली और
आपणे-आपणे लाड़े रे अधीन रणे वाल़िया ओ, ताकि परमेशरो रे वचनो री
निन्दा नि ओ। 6 ईंयां ई जवान मर्दा खे बी सिखाया कर कि सेयो आपू पाँदे
काबू राखणे वाल़े ओ। 7 सबी गल्ला रे आपणे आपू खे खरे कामो रे आदर्श
बणा कि ओर लोक बी तां पीछे चलो। जेबे तूँ शिक्षा देआ तो ईमानदारी और
गम्भीरता साथे दे 8 सच्चाईया री शिक्षा दे ताकि कोई तेरी शिक्षा री निन्दा नि

करी सको। तेबे जो लोक आसा रा बरोद करोए सेयो शर्मिंदा ऊई जाणे
और तिना खे आसा पाँदे दोष लगाणे रा कोई बी मौका नि मिलणा। 9
आपणी मण्डलि़या रे गुलाम विश्वासिया खे सखया कि सेयो आपणे-आपणे
मालको री आज्ञा खे मानेया करो। तिना खे से काम करने खे बोलो जेतेते
तिना रे मालक खुश ओ और पल़टी कि जवाब नि देओ। 10 और गुलाम
विश्वासिया खे ये बी सखया कि आपणे मालको री चोरी नि करो। पर सबी
तरह ते ईमानदार और विश्वासो जोगे निकल़ो ताकि सेयो सबी गल्ला रे म्हारे
उद्धारकर्ता परमेशरो रे उपदेशो री शोभा बढ़ाओ। 11 कऊँकि परमेशरो री
कृपा प्रकट ऊई री, जो सबी मांणूआ रा उद्धार करी सकोई। 12 एसा कृपा रे
जरिए परमेशर आसा खे चेतावणी देओआ कि आसे अभक्ति और दुनिया री
बुरी इच्छा ते मन फेरी की एस जुगो रे आपू पाँदे काबू राखी की, तर्म और
भक्तिया साथे जिन्दगी बिताऊँ। **(aiōn g165)** 13 यीशु मसीह वापस आऊणे
वाल़ा ए और आसे तेस नौखे दिनो रा इन्तजार करने लगी रे और एई आसा
री उम्मीद बी ए इजी खे आसे तिजी रे मुताबिक बर्ताव करिए। सेई आसा रा
महान् परमेशर और उद्धारकर्ता ए जो आपणी महिमा साथे एसा तरतिया पाँदे
आऊणे वाल़ा ए। 14 इने यीशु मसीहे आपणे आपू खे आसा खे देईता कि
आसा खे हर प्रकारा रे पापो ते छुड़ाई लो और शुद्ध करी की आपू खे एड़ी
जाति बणाई लो, जो खरे काम करने खे आगे रओ। 15 ओ तीतुस, तूँ इना
गल्ला खे पूरे अक्को साथे समजेया और सिखांदा रओ। कोई ताखे तुच्छ नि
समजो।

**3** ओ तीतुस, आपणे विश्वासी लोका खे याद दल़ा कि सेयो हाकिम और
अधिकारिया रे अधीन रओ और तिना री आज्ञा खे मानो और हर एक खरे
काम करने खे त्यार रओ। 2 तिना लोका खे बताओ कि सेयो केसी खे
बदनाम नि करो और चगड़ालु नि बणो। पर तिना रा नरम सबाओ ओ और
सबी मांणूआ साथे नरमाईया साथे रओ। 3 कऊँकि एक एड़ा बखत था जेबे
आसे बी पईले नासमज और आज्ञा ना मानणे वाल़े थे। आसे बी बईमो रे पड़े
थे और कईया प्रकारा री इच्छा और सुख-विलासो री गुलामिया रे थे। आसा
री जिन्दगी दुष्टता और डाह् ते परी री थी और एकी दूजे ते बैर राखूँ थे। 4 पर
फेर बी म्हारे उद्धारकर्ता परमेशरे आपणी दया और प्यार आसा पाँदे और

सबी मांणूआ पाँदे प्रकट कित्तेया। 5 तिने आसे म्हारे पापो री सजा ते बचाए।
ये आसा रे धार्मिक कामो री बजअ ते नि ऊआ जो आसे आपू कित्ते पर
तेसरी दया रे मुताबिक ऊआ। तिने आसा रा नये जन्मो रे जरिए और पवित्र
आत्मा रे नया बनाणे रे जरिए उद्धार कित्तेया। 6 परमेशरे खुले दिलो ते आसा
खे पवित्र आत्मा दित्तेया कऊँकि यीशु मसीह आसा रे पापो री खातर मरी की
म्हारा उद्धार करने वाल़ा बणेया। 7 ताकि आसे अनन्त जीवन पाणे री उम्मीद
करी सकिए जेतेखे परमेशरे आपणे बच्चेया खे देणे रा वादा करी राखेया।
कऊँकि परमेशरे आसे आपणी कृपा रे जरिए तर्मी ठराई राखे। (aiōnios
g166) 8 ये गल्ल सच ए और आऊँ चाऊँआ कि तूँ इना गल्ला रे बारे रे
मजबूतिया साथे शिक्षा देओ, ताकि जिने परमेशरो पाँदे विश्वास करी राखेया,
सेयो खरे कामो रे लगे रणे रे त्यानो रे रओ। यो शिक्षा पलिया और मांणूआ रे
लाबो रिया ए। 9 पर मूर्खता रे बईस, वंशाबली, बैर-बिरोद और तिना चगड़ेया
ते, जो मूसे रा बिधानो रे बारे रे ओ, बचे रा रओ, कऊँकि सेयो निष्फल और
बेकार ए। 10 जो मांणू आपणे गल़त विश्वासो रे जरिए फूट पाओआ तेसखे
एक-दो बार चेतावणी देई कि तेसते लग रओ। 11 ये जाणी की कि एड़ा मांणू
सच्चाईया ते पटकी गा रा और आपणे आपू खे दोषी ठईराई की पाप करदा
रओआ। 12 जेबे आऊँ क्रेते टापूए रे तांगे अरतिमास या तुखिकुसो खे पेजूँ,
तो मांगे नीकुपुलिस नगरो रे आऊणे री कोशिश करनी, कऊँकि मैं तेथी ठण्ड
बिताणे री ठाणी राखी। 13 जेनास वकील और अपुल्लोसो खे कोशिश करी
की आगे पऊँछाई दे और देख कि तिना खे किजी बी चीजा री कमी नि ओ।
14 सिर्फ येई नि आपणे विश्वासिया खे सखयांदा रओ कि सेयो बी लोका री
जरूरता खे पूरी करने खे खरे कामो रे लगे रे रओ, ताकि सेयो बी खूब फल़ो-
फूलो। 15 जितणे बी विश्वासी एती मां साथे ए तिना सबी री तरफा ते ताखे
नमस्कार। क्रेते टापूए रे रणे वाल़े आसा रे साथी विश्वासी जो आसा साथे
प्यार राखोए, तिना खे नमस्ते। आँऊ प्रार्थना करूँआ कि परमेशरो री कृपा
तुसा सबी पाँदे ऊँदी रओ।

# फिलेमोन

**1** ये चिट्ठी मां पौलुसो री तरफा ते ए। आँऊ कैदा रे ए कऊँकि आँऊ यीशु
मसीह रे सुसमाचारो रा प्रचार करूँआ। मेरा और आसा रे साथी विश्वासी
तीमुथियुसो री तरफा ते ताखे नमस्कार। ओ फिलेमोन मां साथे काम करने
वाल़े मेरे प्यारे दोस्त आँऊ ये चिट्ठी ताखे लिखणे लगी रा। 2 आँऊ ये चिट्ठी
आसा री विश्वासी बईण अफफिया और पाई अरखिप्पुस जो प्रभुए री सेवा
एक योद्धा जेड़ी करोआ और तेसा मण्डल़िया के बी जो तुसा रे कअरे कट्ठी
ओई लिखणे लगी रा। 3 आँऊ प्रार्थना करूँआ कि म्हारे पिता परमेशर और
प्रभु यीशु मसीह री तरफा ते ताखे कृपा और शान्ति मिलदी रओ। 4 जेबे
कदी बी आऊँ ताखे प्रार्थना करूँआ तो सदा ताखे परमेशरो रा धन्यवाद
करूँआ। 5 कऊँकि आँऊ प्रभु यीशुए पाँदे तेरे विश्वास और परमेशरो रे लोका
खे तेरे प्यारो रे बारे रे सुणने लगी रा। 6 आऊँ प्रार्थना करूँआ कि तेरी से
साजेदारी जो विश्वासिया साथे ए और बी बड़दी जाओ। ताकि आसे सब ये
जाणी सकिए कि आसे लोक मसीह पीछे चली की कितणे आशीषित ए। 7
ओ दोस्त, माखे तेरे प्यारो ते बऊत खुशी और शान्ति मिली, कऊँकि तेरे
जरिए परमेशरो रे लोका रे मन खुश ऊईगे। 8 ओ फिलेमोन, आँऊ तुसा ते
एक निवेदन करूँआ हालाँकि आँऊ मसीह रा प्रेरित ऊणे रे नाते तुसा खे जो
करना चाईयो तिजी खे अक्को साथे एसा गल्ला खे करने री आज्ञा देई
सकूँआ 9 तेबे बी मां स्याणे पौलुसो खे, जो एबे यीशु मसीह रा सुसमाचार
सुनाणे री बजअ ते जेला रे कैद ए, ये ओर बी खरा लगेया कि प्यारो साथे
तुसा ते बिनती करुँ। 10 आऊँ उनेसिमुसो खे विनती करूँआ जो मेरे पाऊए
जेड़ा ए। से मसीह रे मेरा पाऊ बणीगा जेबे आँऊ जेला रे था। 11 से पईले तो
तेरे किजी कामो रा नि था, पर एबे तेरे और मेरे दूँईं रे बड़े कामो राए। 12
तेसखे ई, मतलब जो मेरे काल़जे रा टुकड़ा ए, मैं से तांगे वापस पेजी ता रा।
13 तेसखे आऊँ आपू गे ई राखणा चाऊँ था कि तेरी तरफा ते एसा कैदा रे जो
सुसमाचारो री बजअ ते ए, मेरी सेवा करो। 14 पर मैं तेरी इच्छा ते बिना कुछ
बी करना नि चाया, ताकि तेरी ये कृपा दबाओ रे नि पर खुशिया साथे ओ।
15 क्या पता उनेसिमुस इजी बजअ ते कुछ दिनो खे नठी गा ताकि से मसीह
पाँदे विश्वास करी सको और से ताखे सदा खे मिली जाओ। **(aiōnios g166)**

**16** पर आजो ते दासा जेड़ा नि, बल्कि दासो ते बी खरा, मतलब-पाईए जेड़ा
रओ, जो मेरा तो खास प्यारा आए ई, पर एबे मांणूआ रे रूपो रे और प्रभुए रे
बी, से तेरा खास प्यारा ओ। **17** जे तूँ माखे आपणा साथी समजेया, तो
तेसखे ईंयां ग्रहण करी लओ, जेड़ा माखे। **18** जे तिने तेरा कुछ नुकशाण करी
राखेया या से तेरा कर्जदार ए, तो मेरे नाओं दे लिखी लो। **19** आऊँ पौलुस
आपणे आथो साथे लिखूँआ कि मां आपू ई तेसरा कर्जा परी देणा। इजी री
बोलणे री जरूरत निए कि तेरी सारी जिन्दगी मेरी कर्जदार ए। **20** ओ मेरे
प्यारे दोस्त, ये खुशी माखे प्रभुए रे तेरी तरफा ते मिलो। मसीह रे मेरे जिऊओ
खे अरा-फरा करी दे। **21** आऊँ तेरे आज्ञाकारी ऊणे रा विश्वास करी की ताखे
लिखूँआ और ये जाणूंआ कि जो कुछ आऊँ बोलूँआ, तां तिजी ते बी केथी
ओर बड़ी की करना। **22** और ये बी कि माखे रणे खे जगा त्यार राख, माखे
उम्मीद ए कि तुसा री प्रार्थना रे जरिए परमेशरो तुसा री प्रार्थना रा जवाब देणा
और आऊँ तुसा गे फेर आयी जाणा। **23** इपफ्रास जो मां साथे यीशु मसीह रा
सुसमाचार सुनाणे री बजअ ते कैदी ए से ताखे नमस्कार बोलोआ। **24** और
मरकुस, अरिस्तर्खुस, देमास और लूका जो मां साथे प्रभुए रा काम करने
वाल़े ए, इना री ताखे नमस्कार। **25** आँऊ प्रार्थना करूँआ कि म्हारे प्रभु यीशु
मसीह री कृपा तुसा री आत्मा पाँदे ऊँदी रओ। आमीन्।

# इब्रानियों

**1** पुराणे जमाने रे परमेशरे बाप-दादेया साथे कई बार लग-लग तरीके ते
भविष्यबक्तेया रे जरिए गल्ला कित्तिया। 2 पर इना आखरी दिना रे परमेशरे
आसा साथे पुत्रो रे जरिए गल्ला कित्तिया। परमेशरे आपणे पुत्रो रे जरिए ई
सारी सृष्टि रची और सेई सारी चीजा रा बारस ठराया। **(aiōn g165)** 3 पाऊ ई
परमेशरो री महिमा रा प्रयासा ए। से तेसरे तत्वो री छाया ए। सेई सब चीजा
खे आपणी सामर्था रे वचनो साथे सम्बाळी राखोआ; से पापो खे तोई की
स्वर्गो रे परमेशरो रे दाँणे कनारे जाई की बैठेया 4 और स्वर्गदूता ते तिथणा ई
खरा ठईरेया, जितणा तिने तिना ते बड़े पदो रा बारस ऊई की खरा नाओं
पाया। 5 परमेशरे कदी आपणे केसी बी स्वर्गदूतो खे ये नि बोलेया, "तूँ मेरा
पुत्र ए, आज आँऊ ए एलान करूँआ कि तूँ मेरा पाऊ ए।" और फेर तिने
केसी बी स्वर्गदूतो खे ये नि बोलेया, "आऊँ तेसरा पिता ऊणा और से मेरा
पाऊ ऊणा।" 6 जेबे परमेशरे आपणा आदरणीय पाऊ दुनिया रे पेजेया तो से
बोलोआ, "परमेशरो रे सारे स्वर्गदूता तेसगे माथा टेकणा।" 7 और स्वर्गदूता
रे बारे रे एड़ा बोलोआ, "परमेशर आपणे स्वर्गदूता खे अवा जेड़ा और आपणे
सेवको खे बऊत जादा सुलगी री आगी जेड़ा बणाओआ।" 8 पर पुत्रो रे बारे
रे बोलोआ, "ओ परमेशर, तेरा सिंहासन जुगो-जुगो तक रणा। तेरे राज्य रा
राजदण्ड न्याय रा राजदण्ड ए। **(aiōn g165)** 9 तैं तर्मो खे प्यार और बुरे कामा
साथे बैर राखेया; इजी खे बजअ ते परमेशर, तेरे परमेशरे तेरे साथिया ते बड़ी
की खुशिया रे तेलो साथे तेरा अभिषेक कित्तेया।" 10 से आपणे पाऊए ते ये
बी बोलोआ, "ओ प्रभु! शुरूओ रे तैं तरतिया री निऊँ राखी और स्वर्ग तेरे
आथो री कारीगिरी ए। 11 सेयो तो नाश ऊई जाणे, पर तूँ बणे रा रणा और
सेयो सब टालेया जेड़े पुराणे ऊई जाणे। 12 तां सेयो पट्टुए जेड़े लपेटणे और
सेयो टालेया जेड़े बदली जाणे, पर तूँ नि बदळणा और तेरे सालो रा अंत नि
ऊणा।" 13 और परमेशरे कदी बी केसी बी स्वर्गदूता खे ये नि बोलेया, "तूँ
मेरे दाँणे कनारे आदरणीय जगा रे बैठ, जदुओ तक आऊँ तेरे बैरिया खे तेरे
पैरा रे थालली पीढ़ी नि बणाई देऊँ?" 14 फेर स्वर्गदूता रा क्या मकसद ए?
क्या सेयो सब परमेशरो री सेवा-टईल़ करने वाळिया आत्मा निए, जो उद्धार
पाणे वाळेया री खातर सेवा करने खे पेजिया जाओईया?

**2** तेबेई आसा खे जो कुछ सिखाई राखेया था तिजी खे मानणे खे आसा खे
ओर त्यान देणा चाईयो। केथी एड़ा नि ओ कि आसे सच्चाईया ते पटकी
जाईए। 2 जे स्वर्गदूता रे जरिए दित्तेया रा संदेश इतणा सच साबित ऊआ
और हर एक लोक जिने आज्ञा नि मानी तिना खे ठीक-ठीक सजा मिली, 3
तो आसे लोक एड़े महान् उद्धारो खे नजरअंदाज करी की किंयाँ बची सकूँए?
एस महान् उद्धारो रा एलान सबी ते पईले प्रभु यीशुए आपू कित्तेया। जिने
लोके प्रभुए खे सुणेया तिने लोके तिना रे संदेशो खे सच साबित कित्तेया। 4
साथे ई परमेशर बी आपणी इच्छा रे मुताबिक चिह्न, अचम्बे रे काम, कई
प्रकारा रे सामर्था रे काम और पवित्र आत्मा रे बरदानो खे बांडणे रे जरिए
इजी री गवाई देओआ। 5 परमेशरे तेसा आऊणे वाल़िया दुनिया खे, जेतेरी
चर्चा आसे करने लगी रे, स्वर्गदूता रे वशो रे नि कित्तेया, पर आपणे पाऊए रे
वशो रे कित्तेया। 6 पवित्र शास्त्रो रे केसी जगा रे कोई ये गवाई देओआ,
"मांणू क्या ए कि तूँ तेसखे याद करो? माणूंआ रे बच्चे क्या ए कि तूँ तिना री
फिकर करेया? 7 तैं से स्वर्गदूतो ते कुछ ई कम कित्तेया; तैं तिना पाँदे महिमा
और आदरो रा मुकुट राखेया। 8 तैं सब कुछ तिना लोका रे वशो रे करी ता।"
तेबे जबकि तिने सब कुछ तिना रे वशो रे करी ता, तो तिने कुछ पनि राखेया,
जो तिना रे वशो रे नि ओ। सच्ची आसे एबे ये नि देखदे कि सब कुछ तिना रे
वशो रे ए। 9 पर आसा खे प्रभु यीशु, जेसखे स्वर्गदूता ते थोड़े बखतो खे कुछ
ई कम कित्तेया था, मौता रा दु: ख उठाणे री बजअ ते, महिमा और आदरो रा
मुकुट पईने रा देखूँए, ताकि परमेशरो री कृपा ते से हर एक मांणूए री खातर
मरो। 10 सब कुछ परमेशरो राए और सब कुछ तिना री ई सामर्था रे जरिए
बणाई राखेया, तेसखे येई खरा लगेया कि जेबे से बऊत पाऊआ खे महिमा रे
पऊँछाओ, तो तिना रे उद्धारकर्ता खे दु: ख उठाणे रे जरिए सिद्ध करो। 11
कऊँकि पवित्र करने वाल़ा यीशु और जो पवित्र कित्ते जाओए, सबी रा एक ई
पिता ए, मतलब परमेशर, इजी बजअ ते यीशु तिना खे पाई और बईण
बोलणे ते नि शर्मांदा। 12 मसीह परमेशरो ते बोलोआ, "मां तेरा नाओं आपणे
पाईया गे सुनाणा, सभा बीचे मां तेरी तारीफ करनी।" 13 फेर से ये बोलोआ,
"मां तेस पाँदे परोसा राखणा" और फेर से ये बी बोलोआ, "आँऊ एती तिना
लोका साथे ए जिना खे परमेशरे माखे देई राखेया; सेयो बच्चेया जेड़े ए।" 14

तेबेई जेबे परमेशरो रे बच्चे मांस और खूनो रे इस्सेदार ए, तो यीशु आपू बी
तिना जेड़ा बणीगा, ताकि मौता रे जरिए तेसखे, जेसखे मौता पाँदि शक्ति
मिली थी, मतलब शैतानो खे नकम्मा करी ता 15 और ईंयां यीशुए जितणे
मौता रे डरो रे मारे पूरी जिन्दगी गुलामिया रे फसी रे थे, तिना खे छुड़ाई लो।
16 कऊँकि यीशु तो स्वर्गदूता खे नि, बल्कि अब्राहमो रे वंशो खे सम्बाल़ोआ।
17 तेबेई तो तेसखे चाईयो था कि सारिया गल्ला रे आपणे पाईया जेड़ा बणो,
ताकि से तिना गल्ला रे जो परमेशरो साथे रिश्ता राखोईया, एक दया करने
वाल़ा और विश्वासो जोगा प्रदान पुरोईत बणो, ताकि लोका रे पापो खे प्राश्चित
करो। 18 कऊँकि जेबे यीशुए परीक्षा री दशा रे दुःख उठाया, तो से तिना री
बी मताद करी सकोआ, जिना री परीक्षा ओई।

**3** तो ओ साथी विश्वासियो! तुसे जो स्वर्गिय बुलाहटा रे इस्सेदार ए, तेस
प्रेरित और प्रदान पुरोईत यीशुए पाँदि, जेसखे आसे अंगीकार करूँए, त्यान
करो। 2 यीशु आपणे नियुक्त करने वाल़े परमेशरो खे विश्वासो जोगा था, जेड़ा
मूसा बी परमेशरो रे सारे कअरो रे था। 3 पर यीशु मूसे ते इतणे बढ़ी की
महिमा जोगे समजे, जितणा कि कअर बनाणे वाल़ा कअरो ते बढ़ी की आदर
राखोआ। 4 कऊँकि हर एक कअरो खे कोई ना कोई बनाणे वाल़ा ओआ, पर
जिने सब कुछ बणाई राखेया से परमेशर ए। 5 मूसा तो परमेशरो रे सारे
कअरे सेवको जेड़ा विश्वासो जोगा रया, ताकि जो गल्ला ऊणे वाल़िया थिया,
तिना री गवाई देओ। 6 पर मसीह पुत्रो जेड़ा परमेशरो रे कअरो रा अक्कदार
ए और तेसरा कअर आसे ए, जे आसे आपणी इम्मता साथे और आपणी
उम्मीदा रे विश्वास बणाई की राखूँए तो आसे ई तेसरा कराना ए। 7 तो जेड़ा
पवित्र आत्मा बोलोआ, "जे आज तुसे परमेशरो रा शब्द सुणो, 8 तो तिजी
खे मानणे ते ना नि करो, जेड़ा कि रोष दलाणे रे बखते और परीक्षा रे दिने
सुणसाण जगा रे कित्तेया था। 9 जेती तुसा रे बाप-दादे आऊँ परखेया और
चाल़ी साल तक मेरे काम देखे। 10 इजी बजअ ते आऊँ तेस बखतो रे लोका
ते नराज रया और बोलेया, 'इना रे मन सदा पटकदे रओए, और इने मेरिया
बाटा नि पछयाणिया।' 11 तेबे मैं रोषो रे आयी की कसम खाई, 'सेयो मेरे
आरामो रे आई नि सकदे।'" 12 ओ साथी विश्वासियो, चौकस रओ कि तुसा
रे एड़ा बुरा मन और अविश्वासिया रा मन नि ओ, जो जिऊँदे परमेशरो ते दूर

टाई की लयी जाओ। 13 हर दिन एकी-दूजे खे समजयांदे रओ; जदुओ तक
तुसा गे मौका ए, एड़ा नि ओ कि तुसा बीचा ते कोई जणा पापो रे छल़ो रे
आयी की जठर ऊई जाओ। 14 जे आसे आपणे पईले परोसे रे आखरी तक
मजबूतिया दे बणे रे रये तो आसे मसीह रे इस्सेदार बणे रे रणे। 15 जेड़ा
पवित्र शास्त्रो रे बोलेया जाओआ, "जे आज तुसे तेसरा शब्द सुणो, तो
आपणे मनो खे जठर नि करो, जेड़ा कि रोष दलाणे रे बखते कित्तेया था।"
16 पला किने लोके परमेशरो रा शब्द सुणी की तिना रा बरोद कित्तेया? क्या
सेयो इस्राएली लोक नि जो मूसे रे जरिए मिस्रो ते निकल़े थे? 17 और से
चाल़ी साल तक केस ते नराज रया? क्या तिना तेई नि, जिने पाप कित्तेया
और तिना रिया लोथा सुणसाण जगा रेई पड़ी रिया रईया? 18 तिने किना
लोका रे बारे रे कसम खाई की बोलेया था कि तुसे मेरे आरामो रे आई नि
सकदे? क्या ये सिर्फ सेयो ई लोक नि थे जिने आज्ञा नि मानी थी? 19 ईंयां
आसे देखूँए कि सेयो अविश्वासो री बजअ ते आरामो री जगा रे आई नि
सके।

4 परमेशरो रे आरामो री जगा रे आऊणे रा वादा एबुए तक ए। तो आसे
चौकस रईए कि तुसा बीचा ते कोई बी लोक नकम्मे नि ठईरो कि तिजी रे
जाणे ते वंचित रई जाओ। 2 कऊँकि आसा खे बी इस्राएली लोका जेड़ा
सुसमाचार सुणाया। पर तिना लोका खे सुणे रे वचनो ते कुछ फाईदा नि
ऊआ, कऊँकि तिने लोके वचन विश्वासो साथे नि मानेया। 3 इजी खे आसे
जिने परमेशरो रे वचना पाँदि विश्वास कित्तेया, तेस आरामो रे प्रवेश करना,
जेड़ा कि ओरी खे परमेशरे बोलेया, "मैं आपणे रोषो रे कसम खाई कि 'सेयो
मेरे आरामो री जगा रे आई नि सकदे।'" हालाँकि दुनिया री शुरूआता रे
बखते तेसरे काम ऊई चुके थे। 4 कऊँकि सातुए दिनो रे बारे रे तिने केथी
एड़ा बोली राखेया, "परमेशरे सातुए दिने आपणे सारे काम नपटयाई की
आराम कित्तेया।" 5 आसे ये बी पढ़ेया कि तिने बादो ते ये बी बोलोआ,
"सेयो मेरे आरामो री जगा रे आई नि सकदे।" 6 ये पक्का ए कि कुछ लोका
खे आरामो री जगा रे आऊणे री एबे बी खुली आजादी ए और जिना खे तेसरा
सुसमाचार पईले सुणाया था, सेयो आज्ञा ना मानणे री बजअ ते तिदे नि जाई
सके। 7 तेबेई तो से कोई खास दिन ठराई की इतणे दिन बाद दाऊदो री

कताबा रे तिजी खे आजका दिन बोलोआ, जेड़ा पईले बोलेया, “जे आज
तुसे तेसरा शब्द सुणो, तो आपणे मनो खे जठर नि करो।” 8 जे यहोशू
इस्राएलिया खे परमेशरो रे वादे रे मुताबिक आरामो री जगा रे प्रवेश कराई
लंदा तो तिजी ते बाद दूजे दिनो री चर्चा नि ऊँदी। 9 इजी री खातर जाणी लो
कि परमेशरो रे लोका खे एबे बी सातुए दिनो रा आराम बाकि ए। 10 कऊँकि
जिने तेसरे आरामो रे प्रवेश करी राखेया तिने बी परमेशरो जेड़े आपणे काम
पूरे करी की आराम करी राखेया। 11 इजी री खातर आसे तेस आरामो री
जगा रे आऊणे री कोशिश करिए, एड़ा नि ओ कि कोई जणा तिना जेड़ी
आज्ञा ना मानी की रुड़ी जाओ। 12 कऊँकि परमेशरो रा वचन जिऊँदा और
प्रबल ए, से केसी दोधारी तलवारी ते बी बऊत पईना ए। से आत्मा और
प्राण, गाठ-गाठ और गूद्दे-गूद्दे खे लग करी की वार-पार छेदोआ। से मनो री
इच्छा और सोचा खे परखोआ। 13 और दुनिया री कोई बी चीज परमेशरो ते
छिपी री निए। तेसरी आखी सामणे सब चीजा खुलिया और प्रकट ए। तेसखे
ई आसा लेखा देणा पड़ना। 14 तेबे जेबे आसा रा इतणा बड़ा प्रदान पुरोईत
ए, जो स्वर्गो रिये ऊई की गया, मतलब परमेशरो रा पुत्र प्रभु यीशु; तो आओ
आसे आपणे विश्वासो रे अंगीकारो खे मजबूतिया साथे पकड़ी की राखूँए। 15
कऊँकि आसा रा प्रदान पुरोईत एड़ा निए, जो म्हारी कमजोरिया रे आसा
साथे दु: खी नि ऊई सको, बल्कि से सबी गल्ला रे आसा जेड़ा परखेया, तेबे
बी पापी नि निकलेया। 16 इजी री खातर आओ, आसे इम्मत बानी की
परमेशरो रे नेड़े चलूँए, जो कृपा ते परी रा। तेबे परमेशरो आसा पाँदे दया और
कृपा दखाणी और जो जरूरता रे बखते म्हारी मताद करो।

**5** हर एक प्रदान पुरोईत मांणूआ बीचा ते लया जाओआ और मांणूआ खेई
तिना गल्ला रे बारे रे जो परमेशरो ते रिश्ता राखोईया, ठराया जाओआ कि
पेंट और पाप बलि चढ़ाया करो। 2 कऊँकि से आपू बी कमजोरिया ते किरे
राए, तेबेई से अज्ञानिया साथे और पूले-पटकेया साथे नरमाईया ते व्यवहार
करी सकोआ। 3 प्रदान पुरोईत ऊणे रे नाते तेसखे ये जरूरी ए कि जेड़ा
लोका खे, तेड़ा ई आपू खे बी पाप बलि चढ़ाया करो। 4 ये आदरो रा पद
कोई आपणे आपू ते नि लंदा, जदुओ तक हारूणो जेड़ा परमेशरो री तरफा ते
नि ठराया जाओ। 5 तिंयाँ ई मसीहे बी प्रदान पुरोईत बणने री बढ़ाई आपणे

आपू ते नि लयी, पर तेसखे तिने ई दित्ती, जिने तेसखे बोलेया था, “तूँ मेरा
पुत्र ए, आज आँऊ ए एलान करूँआ कि आँऊ तेरा पिता ए” 6 ईंयां ई से
दूजी जगा रे बी बोलोआ, “तूँ मलिकिसिदको रिया रीतिया पाँदे सदा खे
पुरोईत ए।” (aiōn g165) 7 यीशुए एते दुनिया रे रणे रे दिनो रे ऊच्चे शब्दो रे
आक्का पाई-पाई की और आसू बाहई-बाहई की परमेशरो ते जो तेसखे मौता
ते बचाई सको था, प्रार्थना और बिनती कित्ती और भक्तिया री बजअ ते तेसरी
सुणी। 8 हालाँकि यीशु परमेशरो रा पुत्र था तेबे बी तिने दु: ख उठाई-ऊठाई
की आज्ञा मानणी सीखी। 9 और सिद्ध बणी की, आपणे सबी आज्ञा मानणे
वाल़ेया खे सदा कालो रे उद्धारो री बजअ ऊईगा। (aiōnios g166) 10 तेसखे
परमेशरो री तरफा ते मलिकिसिदको रिया रीतिया पाँदे प्रदान पुरोईतो रा पद
मिलेया। 11 इजी रे बारे रे आसा खे बऊत सारिया गल्ला बोलणिया, पर
जिना रा समजयाणा बी कठण ए, कऊँकि तुसे ऊच्चा सुणने लगी गे रे। 12
सच्ची एस बखतो तक तो तुसा खे शिक्षा देणे वाल़ा बणी जाणा चाईयो
था। पर तुसा खे तो एबु बी केसी एड़े माणूंए री जी जरूरत ए जो तुसा खे
परमेशरो री शिक्षा री शुरूओ री गल्ला फेर सिखाओ। तुसा खे तो बस एबु
दूद ई चाईयो, अन्न नि। 13 दूद पींदे बच्चे खे तो तर्मो री शिक्षा री पछयाण
नि ऊँदी, कऊँकि से बाल़क ए। 14 पर अन्न स्याणेया खे ए, जिना री समज
खरे-बुरे रे पेत करने रे पक्की ऊईगी री।

**6** इजी री खातर आओ आसे मसीह री शिक्षा री शुरूओ री गल्ला ते आगे
बढ़ी की सिद्धता री शिक्षा पाँदे चर्चा करने खे आगे बड़दे जाऊँए। आसे बुरे
कामो ते मन फिराणे जो मौता री तरफा खे लयी जाओए और परमेशरो
पाँदे विश्वास करने री शुरूओ री शिक्षा री निऊँ फेर नि पाईए। 2 और तुसा
खे बपतिस्मा रे बारे रे और सिरो पाँदे आथ राखणे और मरे रेया बीचा ते
जिऊँदे ऊणे और आखरी न्याय री शिक्षा री फेर गल्ल करने री जरूरत निए।
(aiōnios g166) 3 जे परमेशर चाओगा तो आसे सिद्धता री शिक्षा री तरफा खे
आगे बड़ने। 4 जो लोक आपणा विश्वास छाडी देओए तिना खे फेर मन
फिराणे खे वापस नि ल्याई सकदे। तिने एक बार सच्चाई पछयाणी जो
परमेशरो ते आओई और तिना खे स्वर्गिय बरदान मिलेया और तिने दूजेया
लोका साथे पवित्र आत्मा बी पाया। 5 सेयो परमेशरो रे खरे वचनो रा और

आऊणे वाल़े जुगो री सामर्थ महसूस कित्ती। **(aiōn g165)** **6** जे सेयो परमेशरो
ते दूर ऊईगे, तो तिना खे मन फिराणे खे वापस ल्याऊणा नामुमकिन ए।
कऊँकि सेयो परमेशरो रे पुत्रो खे फेर क्रूसो पाँदे चढ़ाओए और सरेआम तेस
पाँदे कलंक लगाओए। **7** जो लोक खरी शिक्षा पाओए सेयो एड़ी जमीना जेड़े
ओए जो जमीन बर्खा रे पाणिए खे, जो तेसा पाँदे बार-बार पड़ोआ, पी-पी
की, जिना लोका खे से बाई जाओई, तिना रे कामो रा साग-पात जमाओई, से
परमेशरो ते आशीष पाओई। **8** ओर लोक एड़ी जमीना जेड़े ओए जो जाड़
और कांडे-चीट जमाओई, तो से नकम्मी और स्रापित ए और तेसा रा अंत
फूकणा इए। **9** पर ओ प्यारेओ! तुसे लोक खरे काम करने लगी रे कऊँकि
परमेशरे तुसे लोक पईले तेई बचाईते रे। ये चितौणी तुसा लोका रे बारे रे
निए। **10** कऊँकि परमेशर अन्यायी निए कि तुसा रे काम और तेस प्यारो खे
पूली जाओ, जो तुसे तिना रे नाओं री महिमा खे एड़ा दखाया कि परमेशरो रे
लोका री सेवा कित्ती और एबे बी करने लगी रे। **11** पर आसे चाऊँए कि तुसा
बीचा ते हर एक माणूं, आखरी तक पूरी उम्मीदा खे, एड़ी ई कोशिश करदा
रओ। **12** ताकि तुसे आल़सी नि ऊई जाओ, बल्कि तिना रा पालन करो, जो
विश्वास और सब्रो रे जरिए वादे रे बारस ओए। **13** परमेशरे जेबे अब्राहमो ते
वादा कित्तेया तो तिने आपणे ई नाओं री कसम खाई। कऊँकि तिना ते
बड़ा कोई नि था जेसरा नाओं लयी की से कसम खाओ। **14** तिने बोलेया,
“मां सच्ची ताखे बऊत आशीष देणी और तेरी ल्वादा खे अणगिणत बड़ांदा
जाऊँगा।” **15** अब्राहमे बऊत बखतो तक सब्र राखणे ते बाद वादे रा फल
पाया। **16** मांणू तो आपू ते केसी बड़े री कसम खाया करोए और तिना रे हर
एक बईसी रा न्याय कसमे की पक्का ओआ। **17** येई बजअ ए कि परमेशरे
बी कसम खाई थी। इजी रे जरिए परमेशर तिना लोका खे जिना ते तिने वादा
करी राखेया था दखाणा चाओआ था कि से जो बी वादा करोआ तिजी खे से
पूरा बी करोआ। **18** परमेशर इना दो ना बदल़ने वाल़ी गल्ला रे जरिए मतलब
वादा और कसमा रे चूठा साबित नि ऊई सकदा। इजी ते आसा खे जिने
परमेशरो री शरण लयी राखी ये बड़ी प्रेरणा मिलोई की आसा खे जो उम्मीद
देई राखी तिजी खे पकड़ी राखो **19** से उम्मीद म्हारे प्राणो खे एड़ा लंगर ए,
जो पक्का और मजबूत ए और पड़दे ते ऊई कि परमेशरो रे महा पवित्र जगा

तक पऊँछोआ। 20 जेती यीशुए मलिकिसिदको रिया रीतिया पाँदे सदा
कालो रा प्रदान पुरोईत बणी की आसा री तरफा ते अगुवा रे रूपो रे आसा ते
पईले ई स्वर्गो रे प्रवेश करी राखेया। (aiōn g165)

**7** मलिकिसिदक शालेम नगरो रा राजा और परमप्रदान परमेशरो रा पुरोईत
था। जेबे अब्राहम राजेया खे युद्धो ते अराई की वापस आऊणे लगी रा था, तो
मलिकिसिदके तेस साथे मुलाकात कित्ती और तेसखे आशीष दित्ती। 2
अब्राहमे मलिकिसिदको खे युद्धो ते जीती की ल्याई री सबी चीजा रा दसुआ
इस्सा दित्तेया। मलिकिसिदको रे नाओं रा मतलब "धार्मिकता रा राजा" ए।
पर जबकि शालेमो रा मतलब "शान्ति" तो से "शान्तिया रा राजा" बी ए। 3
जेसरा ना पिता, ना माए, ना ई वंश ए, जेसरे ना दिनो री शुरूआत ए और ना
जीवनो रा अंत ए। पर परमेशरो रे पुत्रो जेड़ा ठईरी की से सदा खे पुरोईत
बणेया रा रओआ। 4 एबे इजी पाँदे त्यान करो कि मलिकिसिदक केड़ा महान्
था जेसखे कुलपति अब्राहमे अच्छे ते अच्छे लूटे रे मालो रा दसुआ इस्सा
दित्तेया। 5 मूसे रा बिधान बताओई कि लेविया रे वंशो बीचा ते जिना खे
पुरोईतो रे पदो खे चुणेया जाओआ, तिना खे आज्ञा मिली री कि लोका ते,
मतलब आपणे पाईया ते चाए सेयो अब्राहमो रेई शरीरो ते कऊँ निए जम्मे
रे, बिधानो रे मुताबिक दसुआ इस्सा लओ। 6 पर मलिकिसिदके जो लेवी
वंशो रा पनि था तिने अब्राहमो ते दसुआ इस्सा लया। हालाँकि अब्राहमो गे
परमेशरो रा वादा था फेर बी मलिकिसिदके अब्राहमो खे आशीष दित्ती। 7 इदे
शक निए कि छोटा बड़े ते आशीष पाओआ। 8 और एती तो मरने वाळे
मांणू दसुआ इस्सा लओए, पर मलिकिसिदक जेसखे अब्राहमे दसुआ इस्सा
दित्तेया था पवित्र शास्त्र तेसरे बारे रे बोलोआ कि से जिऊँदा ए। 9 तो आसे
ये बी बोली सकूँए कि लेविए बी, जो दसुआ इस्सा लओआ, अब्राहमो रे
जरिए दसुआ इस्सा दित्तेया। 10 जेबे मलिकिसिदके अब्राहमो ते मुलाकात
कित्ती तेस बखते तो लेविए रा जन्म बी नि ऊआ था। कऊँकि लेवी तेस
बखते आपणे अब्राहमो रे शरीरो रेई था। 11 हालाँकि मूसे रा बिधानो रे बोली
राखेया कि पुरोईत सिर्फ लेविए रे गोत्रो तेई ऊणे चाईयो, पर सेयो पुरोईत
केसी खे बी सिद्ध नि बणाई सकदे। इजी खे लेविया रे वंश हारूण पुरोईतो
रे परिवारो रे बदले मलिकिसिदको रे जेड़े एक पुरोईतो री जरूरत ए। 12

कऊँकि जेबे पुरोईतो रा पद बदलेया जाओआ, तो बिधानो रा बी बदलणा
जरूरी ए। 13 आसे ये सब गल्ला यीशु मसीह रे बारे बोलणे लगी रे जो दूजे
गोत्रो रा था। तेस गोत्रो रे किने बी माणूंए बेदिया पाँदे पुरोईतो रे रूपो रे सेवा
नि कित्ती। 14 हर कोई ये जाणोआ कि म्हारा प्रभु यीशु यहूदा रे गोत्रो ते ए
और एस गोत्रो रे बारे रे मूसे पुरोईतो रे पदो री कुछ बी चर्चा नि कित्ती।
15 म्हारा दावा ओर बी स्पष्ट ऊई जाओआ कि मलिकिसिदको जेड़ा एक
ओर पुरोईत आऊणे वाल़ा था। 16 यीशु केसी माणूंआ रे नियम या लेवी
गोत्रो ते तालुक राखणे वाल़ी बिधानो रे आधारो पाँदे पुरोईत नि बणेया।
पर एक अविनाशी जीवनो री सामर्था रे मुताबिक जेते रा कोई अंत निए से
पुरोईत बणेया। 17 कऊँकि तेसरे बारे रे पवित्र शास्त्र ये गवाई देओआ, "तूँ
मलिकिसिदको रिया रीतिया पाँदे जुगो-जुगो तक पुरोईत ए।" (aiōn g165)
18 कमजोर और निष्फल ऊणे री बजअ ते पुराणी आज्ञा लोप ऊईगी। 19
कऊँकि मूसे रा बिधान केसी बी गल्ला खे सिद्ध नि करदा और तिजी री
जगा पाँदे यीशु मसीह रे एक एड़ी खरी उम्मीद राखी रिये, जेतेरे जरिए आसे
परमेशरो रे नेड़े जाई सकूँए। 20 मसीह री नियुक्ति कसमा साथे ऊई। लेविया
रे वंश तो बिना कसमा ते पुरोईत बणे। 21 लेविया रे वंश तो बिना कसमा
ते पुरोईत ठराई गए, पर यीशु कसमा साथे, परमेशरो री तरफा ते नियुक्त
कित्ते, जिने तेसरे बारे रे बोलेया, "प्रभुए ये कसम खाई और मां कदी बी
आपणा मन नि बदल़णा, 'तूँ जुगो-जुगो तक पुरोईत ए।'" (aiōn g165) 22
एसा कसमा री बजअ ते प्रभु यीशु परमेशरो साथे एक बड़े महान् वाचा री
जिम्मेवारी लओआ। 23 इजी ते अलावा पुराणी रीतिया रे मुताबिक पुरोईता
री नियुक्ति बड़ी सँख्या रे ओ थी। कऊँकि हर एक पुरोईतो री मौता साथे
तेसरी सेवा बी खत्म ऊई जाओ थी 24 पर यीशु जुगो-जुगो तक रओआ, इजी
बजअ ते तेसरा पुरोईतो रा पद अटल ए। (aiōn g165) 25 तेबेई तो जो यीशुए
रे जरिए परमेशरो रे नेड़े आओए, से तिना खे हमेशा बचाओआ, कऊँकि से
तिना खे बिनती करने खे सदा जिऊँदा ए। 26 एड़ा ई प्रदान पुरोईत आसा
री जरूरता खे पुरा करी सकोआ, जो पवित्र ओ, निष्कपट ओ, साफ ओ,
पापिया रे असरो ते लग रणे वाल़ा ओ और स्वर्गो ते बी ऊच्चा चकेया रा ओ।
27 और तिना प्रदान पुरोईतो जेड़ा जो लेविया रे गोत्रो रे थे यीशुए खे जरूरी

निए कि हर रोज पईले आपणे पापो खे और तेबे लोका रे पापो खे बलि
चढ़ाओ, कऊँकि यीशुए आपणे आपू खे बलिदान चढ़ाई की ये काम सदा
खे एक ई बार नपटेई ता। 28 कऊँकि मूसे रा बिधान तो कमजोर मांणूआ
खे प्रदान पुरोईत नियुक्त करोई, पर परमेशरो रा वादे जो बिधानो ते बाद
असरदार ऊआ, आपणा पुत्र नियुक्त कित्तेया जो अनन्त कालो खे सिद्ध
बणाईता। **(aiōn g165)**

**8** इना गल्ला रा निचोड़ ये ए कि आसा गे एक एड़ा प्रदान पुरोईत ए, जो
स्वर्गो पाँदि परमेशरो रे महान् सिंहासनो रे दाँणे कनारे बैठेया राए। 2 आसा रा
प्रदान पुरोईत महा पवित्र जगा और तेस सच्चे तम्बूओ रे सेवक ए, जो किने
मांणूए नि, बल्कि परमेशरे बणाई राखेया। 3 हर एक प्रदान पुरोईतो खे पापो
री माफिया खे पेंट और बलिदान चढ़ाणे खे नियुक्त करेया जाओआ, इजी खे
जरूरी ए कि आसा रे प्रदान पुरोईत यीशुए गे बी कुछ चढ़ाणे खे ओ। 4 जे
यीशु मसीह तरतिया पाँदि ऊँदा तो से कदी पुरोईत नि ऊँदा, कऊँकि एती मूसे
रा बिधानो रे मुताबिक पेंट चढ़ाणे वाल़े पुरोईत तो आए। 5 ये सेयो पुरोईत
ए जो सिर्फ स्वर्गो रिया चीजा रे प्रतिरूप और टवांवे री आराधना करोए।
कऊँकि जेबे मूसा तम्बू बनाणे वाल़ा था, तो तेसखे ये चेतावणी मिली, "देख
जो नमूना ताखे सीनै पाह्ड़ो पाँदि दखाया था, तिजी रे मुताबिक सब कुछ
बनाणा।" 6 पर एबे जो पुरोईतो रा काम यीशु मसीह खे दित्तेया राए, से
ओरी पुरोईता खे दित्ते रे पुरोईता रे कामो ते बऊत बढ़ी की ए। कऊँकि से
ओर बी खरी वाचा रा बचोला ठईरेया, जो ओर खरे वादे रे सहारे बानी राखी।
7 जे से पईली वाचा निर्दोष ऊँदी, तो दूजी वाचा री जरूरत ई नि ऊँदी। 8 पर
परमेशर लोका पाँदि दोष लगाई की बोलोआ, "प्रभु बोलोआ, देखो, सेयो दिन
आओए कि मां इस्राएलो रे लोका साथे और यहूदा रे लोका साथे, नई वाचा
बानणी। 9 ये तेसा वाचा जेड़ी नि ऊणी, जेड़ी मैं तिना रे बाप-दादेया साथे,
तेस बखते बानी थी, जेबे आऊँ तिना रा आथ पकड़ी की तिना खे मिस्र देशो
ते निकयाल़ी की ल्याया, कऊँकि सेयो मेरी वाचा पाँदि स्थिर नि रये और मैं
तिना री खबर-सम्बाल़ नि लयी। प्रभु येई बोलोआ। 10 फेर प्रभु बोलोआ कि
जो नई वाचा मां तिना दिना ते बाद इस्राएलो रे कराने साथे बानणी, से ये कि
मां आपणा बिधान तिना रे मनो रे पाणी और से तिना रे दिलो रे लिखणी और

आऊँ तिना रा परमेशर ठईरना और सेयो मेरे लोक ठईरने 11 हर एकी आपणे
देशवासियो खे और आपणे पाईया खे ये शिक्षा नि देणी कि 'तूँ प्रभुए खे
पछयाण।' कऊँकि छोटे ते बड़े तक सबी आऊँ पछयाणी लणा। 12 कऊँकि
मां तिना रे बुरे काम माफ करने और तिना रे पाप फेर याद नि करने।" 13 नई
वाचा री स्थापना रे तिने, पईली वाचा पुराणी ठराई और जो चीजा पुराणिया
और खराब ऊई जाओईया, तिना रा खत्म ऊणा जरूरी ए।

**9** तेसा पईली वाचा रे परमेशरो री आराधना करने रे नियम थे और एसा
तरतिया पाँदे परमेशरो री आराधना करने खे एक जगा बी बणाई राखी थी। 2
एक तम्बू बणाया जेतेरे दो इस्से थे। पईला, तम्बूओ रे बारले इस्से रे दिऊए,
एक मेज और तेसा मेजा पाँदे पेंटा रिया पवित्र रोटिया राखी जाओ थिया।
तम्बूओ रे एते इस्से खे पवित्र जगा बोलो थे। 3 दूजा, तम्बूओ रा पितरला
इस्सा पड़दे रे पीछे था। तेस पितरले इस्से खे परम पवित्र जगा बोलो थे। 4
तेस पितरले इस्से रे सुईने री तूपदानी और चऊँ कनारे ते सुईने की मड़े रा
वाचा रा सन्दुक था। सन्दुको रे पितरे मन्ने की परे रा सुईने रा ब्याम और
हारूणो री सोठी, जिदे कूँले पत्ते आईगे थे और वाचा रिया पट्टिया राखी री
थिया। 5 सन्दुको पाँदे तेजोमय पंखो वाले करूब बणाई राखे थे। जो प्राश्चितो
रे टकणे पाँदे छांएं कित्ते रे थे। पर एबु आसे इना गल्ला खे एक-एक करी की
समजयाई नि सकदे। 6 जेबे सब कुछ ईंयां त्यार उई चुकेया, तेबे तम्बूए रे
पईले इस्से रे पुरोईत हर बखते जाई की सेवा रे काम पूरे करोए। 7 पर तम्बूए
री महा पवित्र जगा दे प्रदान पुरोईत सालो रे एक ई बार जाओआ और साथे
जानवरा रा खून लयी की बी जाणा पड़ो था। जो से आपणी खातर और
लोका रिया पूल-चूका रिया खातर चढ़ावा चढ़ाओआ। 8 इना गल्ला ते पवित्र
आत्मा येई दखाओआ कि जदुओ तक तम्बूए रा बारला इस्सा खड़ा ए,
तदुओ तक कोई बी सादारण लोक बड़ी पवित्र जगा रे जाई की परमेशरो री
आराधना नि करी सकदे 9 तम्बूए रा से बारला इस्सा आज-काल के बखतो
खे एक उदारण ए। तम्बूए रे तेस बारले इस्से रे पुरोईत पेंट और बलि चढ़ाओ
थे। से पेंट और बलि आराधना करने वाले लोका रे विवेको खे साफ नि करी
सकदे। 10 ये नियम सिर्फ खाणे-पीणे रिया चीजा और लग-लग नाह्ले री
रवाजा रे बारे रे ए। ये सारे शरीरो ते सम्बन्ध राखणे वाले बाह्री नियम ए जो

सुदारो रे बखतो तक नियुक्त करी ते रे। 11 पर जेबे मसीह आऊणे वाल़िया
खरिया-खरिया चीजा रा प्रदान पुरोईत ऊई की आया। से स्वर्गो रे ओर बी बड़े
और सिद्ध तम्बूए रे गया, से तम्बू आथो साथे बणाया रा निए और ना ई से
एते दुनिया राए। 12 मसीह जानवरा रे खूनो रे जरिए नि, पर आपणे ई खूनो रे
जरिए एक ई बार आसा सबी खे पवित्र जगा रे गया और आसा सबी खे सदा
खे पापो ते छुटकारा दित्तेया। (aiōnios g166) 13 मूसे रा बिधानो रे मुताबिक
पुरोईत जानवरा रा खून और बल़िया री स्वा अशुद्ध लोका पाँदे तिना खे
शुद्ध करने खे छिड़को थे, ताकि सेयो बाह्री रूपो ते शुद्ध उई जाओ। जे इना
जानवरा रे खूनो रे लोका खे पापो ते पवित्र करने री सामर्थ ए 14 तो मसीह
रा खून जिने आपणे आपू खे सनातन आत्मा रे जरिए परमेशरो सामणे निर्दोष
चढ़ाया, तुसा रा विवेक मरे रे कामो ते कऊँ नि शुद्ध करना, ताकि तुसे जिऊँदे
परमेशरो री सेवा करो। (aiōnios g166) 15 इजी बजअ ते मसीह परमेशर और
लोका बीचे नई वाचा रा बचोला ए, ताकि बुलाए रे लोका खे परमेशरो रे
वादे रे मुताबिक, अनन्त जायदात मिलो। कऊँकि मसीह तिना रे पापो री
सजा ते छुटकारा देणे खे मरेया जो तिने पईली वाचा रे अधीन कित्तेया था।
(aiōnios g166) 16 वाचा एक वसीयता जेड़ी ए। वसीयता रे मामले रे ये
साबित करना जरूरी ए कि जिने वाचा बानी राखी, तेसरी मौत ऊई चुकी
री। 17 कऊँकि एड़ी वाचा मरने पाँदे पक्की ओई और जदुओ तक वाचा
बानणे वाल़ा जिऊँदा रओआ, तदुओ तक वाचा कामो री नि ऊँदी। 18 येई
बजअ ए कि पईली वाचा बी बिना खूनो ते असरदार नि ऊई। 19 जेबे मूसा
सबी लोका खे बिधानो री हर एक आज्ञा पढ़ी की सुणाई चुकेया, तेबे तिने
जानवरा रा खून पाणिए साथे मलाई की और लाल ऊना खे जुफा री डाल़िया
रे लपेटी की तिजी साथे, तेसा बिधानो री कताबा पाँदे और सबी लोका पाँदे
छिड़की ता 20 और मूसे बोलेया, "ये तेसा वाचा रा खून ए, जेतेरी आज्ञा
परमेशरे तुसा खे मानणे खे देई राखी।" 21 और ईंयां ई मूसे तम्बू और सेवा
खे इस्तेमाल ऊणे वाल़े सारे समानो पाँदे खून छिड़केया। 22 मूसे रा बिधानो
रे मुताबिक जादातर सारी चीजा खूनो रे जरिए शुद्ध कित्तिया जाओ थिया
और बिना खून बाह्ए पापो री माफी नि ओ थी। 23 पुरोईतो खे ए जरूरी ए
कि तम्बू और तिजी रा सारा समान जो स्वर्गो रिया चीजा रा प्रतिरूप था तिजी

खे जानवरा रे बलिदानो रे जरिए शुद्ध करेया जाओ। पर स्वर्गो री असली
चीजा खे शुद्ध करने खे जानवरा रे खूनो ते बऊत बढ़ी की बलिदानो री जरूरत
ए। 24 कऊँकि मसीह आथो साथ बणाई रिया तेसा पवित्र जगा दे, जो
स्वर्गिय पवित्र जगा रा नमूना ए, गया नि। से स्वर्गो रेई गया, ताकि से एबे
आसा री तरफा ते परमेशरो सामणे दिखो। 25 यहूदी प्रदान पुरोईत हर साल
जानवरा रा खून लयी की महा पवित्र जगा रे जाओआ। मसीह खे तिंयाँ ई
बार-बार आपणे आपू खे चढ़ाणे री जरूरत निए। 26 जे एड़ा ऊँदा तो मसीह
खे दुनिया री उत्पत्तिया ते लयी की तेसखे बार-बार दु: ख सईन करना पड़दा।
पर एबे जुगो रे अंतो रे से एक बार आयी रा, ताकि आपणी ई बलि देई की
पापो खे दूर करी देओ। (aiōn g165) 27 जेड़ा मांणूए खे एक बार मरना और
तिजी ते बाद न्याय रा ऊणा नियुक्त ए, 28 तिंयाँ ई मसीह बी बऊत जणेया रे
पाप ऊठाणे खे एक ई बार बलिदान ऊआ। से दूजी बार आऊणा पापो री
बजअ ते नि बल्कि तिना लोका खे उद्धार देणे खे जो तेसखे न्याल़ने लगी रे।

**10** मूसे रा बिधान आऊणे वाल़िया खरी चीजा रा सिर्फ एक ट्वांवा ए, ये
ट्वांवा तिना रा असली रूप निया। तेसरे नियमा रे मुताबिक हर साल लगातार
बलि ई बलि चढ़ाई जाओई। बिधान तिना बलिदानो रे जरिए आराधना करने
वाल़ेया खे कदी बी सिद्ध नि करी सकदी। 2 जे से सिद्ध करी सकदा तो
बलिदाना रा चढ़ाणा बंद ऊई जांदा। जे परमेशरो री आराधना करने वाल़े एक
ई बार शुद्ध ऊई जांदे, तो तिना रा विवेक तिना खे पापी नि ठरांदा। 3 पर एबे
तो तिना बलिया रे जरिए हर साल पापो खे याद करवाया जाओआ। 4
कऊँकि ये ऊई नि सकदा कि जानवरा रा खून पापो खे दूर करो। 5 इजी
बजअ ते मसीह दुनिया रे आऊँदे बखते बोलोआ, "बलिदान और पेंट तैं नि
चायी, पर मेरी खातर एक शरीर त्यार कित्तेया। 6 ऊम-बलिया और पाप-
बलिया ते तूँ खुश नि ऊँदा। 7 तेबे मैं बोलेया, 'देख, आऊँ एती ए, पवित्र
शास्त्रो रे मेंरे बारे रे लिखेया राए ओ परमेशर आँऊ आईगा रा कि तेरी इच्छा
पूरी करुँ।'" 8 मसीह पईले बोलोआ, "ना तैं बलिदान, पेंट, ऊम-बलिया और
पाप-बलिया चाईया और ना ई तिना ते खुश ऊआ," हालाँकि यो बलिदान
बिधानो रे मुताबिक चढ़ाए जाओ थे। 9 तेबे ये बी बोलोआ, "देख, आऊँ
आईगा रा, ताकि तेरी इच्छा पूरी करुँ।" तिने पईलका बलिदान टाई ता और

मसीह रे बलिदानो खे तिजी री जगा पाँदे राखी ता। 10 परमेशरो री तेसा ई
इच्छा रे मुताबिक प्रभु यीशु मसीह रे शरीरो रे एक ई बार बलिदान चढ़ाणे रे
जरिए सदा खे आसे पवित्र कित्ते। 11 पुराणी वाचा रे मुताबिक हर एक
पुरोईत तो खड़े ऊई की हर-रोज सेवा करोआ और एक ई जेड़े बलिदानो खे
बार-बार चढ़ाओआ। पर ये बलिदान पापो खे कदी बी दूर नि करी सकदे।
12 पर आसा रा प्रदान पुरोईत यीशु मसीह पापो रे बदले एक ई बार सदा
खे आपणे आपू खे बलिदान करी चुकी रा। एबे से परमेशरो रे दाँणे कनारे
बैठीगे। 13 तेस बखतो तेई एकी खेई न्याल़ने लगी रा, ताकि तेसरे सारे बैरी
तेसरे पैरो निठली चौकी बणो। 14 कऊँकि मसीहे एक ई बलिदानो रे जरिए
सेयो सदा खे सिद्ध बणाईते जो तिना खे लग कित्ते रे ए। 15 पवित्र आत्मा बी
आसा खे येई गवाई देओआ। पईले प्रभुए बोलेया था, 16 "प्रभु बोलोआ कि
जो वाचा मां तिना दिना ते बाद तिना साथे बानणी, से ये कि मां आपणा
बिधान तिना रे दिलो रे लिखणी और मां तिना रे विवेको रे पाणी।" 17 फेर से
ये बोलोआ, "मां तिना रे पाप और तिना रे बुरे काम फेर कदी बी याद नि
करने।" 18 और जेबे पापो री माफी ऊईगी री, तो तेबे पापो खे केसी बी
बलिदानो री जरूरत निए। 19 ओ साथी विश्वासियो, एबे आसा खे पुरा परोसा
ए कि आसे प्रभु यीशुए रे खूनो रे जरिए बड़ी पवित्र जगा रे इम्मता साथे जाई
सकोए। 20 यीशुए आसा खे आपणे शारीरिक पड़दे रे जरिए एक नई और
जिऊँदी बाट खोली ती। 21 और इजी खे कि म्हारा एड़ा महान् पुरोईत ए,
जो परमेशरो रे मन्दरो रा अक्कदार ए, 22 तो आओ आसे सच्चे मनो ते,
पूरे विश्वासो साथे परमेशरो रे नेड़े जाऊँए कऊँकि आसे विवेको रा दोष दूर
करने खे दिलो पाँदे मसीह रे खूनो रा छड़काओ लयी की और शरीरो खे
साफ पाणिए की तुल़ाईता रा ताकि आसे शुद्ध ऊई जाईए। 23 और आपणी
उम्मीदा रे अंगीकारो खे मजबूतिया रे पकड़ी की राखो। कऊँकि परमेशर जिने
वादे कित्ते, से विश्वासो जोगा ए 24 आसे ये बी खास त्यान राखिए कि आसे
आपू बीचे प्यार और खरे कामो खे करने खे एकी-दूजे खे औंसला देया करो।
25 और आराधना रे एकी-दूजे साथे कट्ठा ऊणा नि छाडो, जेड़ी की बऊत
जणेया री रवाज ए, पर एकी-दूजे खे समजयांदे रओ और जिंयाँ-जिंयाँ प्रभुए
रे वापस आऊणे रे दिनो खे नेड़े आऊँदे देखो, तिंयाँ-तिंयाँ ओर बी जादा एड़ा

करेया करो। 26 सच्चाईया खे पछयाणने रे बाद जे आसे जाणी-बूजी की
पाप करदे रऊँए, तो पापो खे फेर कोई ओर बलिदान निए। 27 आ, परमेशरो
रे न्याय रे दण्डो री एक डराऊणी उम्मीद और आगी रा चराकड़ा बाकि ए,
जेसा तेसरे सारे बिरोदी स्वा करी देणे। 28 तिना दिना रे मूसा रे बिधानो खे ना
मानणे वाल़ा दो या तीन जणेया री गवाईया पाँदे, बिना दया ते काया जाओ
था। 29 एबे सोची लो कि से और बी कितणे बड़े-पारी दण्डो जोगा ऊणा,
जिने परमेशरो रा पुत्र पैरो साथे केसेया और वाचा रे खूने की जेतेरे जरिए से
पवित्र ठराया था, अपवित्र जाणेया और कृपा री आत्मा री बेज्जती कित्ती।
30 कऊँकि आसे तेसखे जाणूंए, परमेशरे बोलेया, "बदला लणा मेरा काम ए,
मां ई बदला लणा।" तेबे तिने ये बी बोलेया, "प्रभुए आपणे लोका रा न्याय
करना।" 31 जिऊँदे परमेशरो रे आथो रे पड़ना डराऊणी गल्ल ए। 32 पर
तुसे तिना शुरूआता रे दिना खे याद करो, जिना रे तुसे मसीह री ज्योति
पाई और बड़े पारी दु: खो रे बी टीके रे रये। 33 कदी-कदी तो एड़ा ऊआ
कि खुले तौरो पाँदे तुसा री निन्दा ऊई और क्लेश सईन करदे ऊए तुसा रा
तमाशा बणेया। कदी-कदी एड़ा ऊआ कि तुसे तिना साथे साजे ऊए जिना रा
बऊत बुरा आल करो थे। 34 कऊँकि तुसे कैदिया रे दु: खो रे बी दु: खी ऊए
और आपणी जायदात खुशिया साथे लुटणे दित्ती; ये जाणी की कि तुसा
गे स्वर्गो रे एक ओर बी खरी और सदा रणे वाल़ी जायदात ए। 35 इजी
री खातर प्रभुए पाँदे आपणा विश्वास बणाए रे राखो। याद राखो कि इजी
रा फल बऊत बड़ा ए। 36 कऊँकि तुसा खे सब्र राखणा जरूरी ए, ताकि
परमेशरो री इच्छा पूरी करी की तुसा खे वादे रा फल मिलो। 37 जिंयाँ कि
पवित्र शास्त्र बोलोआ, "एबे बऊत ई थोड़ा जा बखत रई गा रा, जेबे आऊणे
वाल़ा आऊणा और तेस देर नि करनी। 38 पर मेरा तर्मी मांणू विश्वासो साथे
जिऊँदा रणा और जे से माणूं डरी की विश्वासो ते पीछे आटी जाओगा, तो
मेरा मन तेसते खुश नि ऊणा।" 39 आसे तिना लोका बीचा ते निए जो
परमेशरो ते पीछे आटी की नाश ऊई जाओ। बल्कि आसे तिना लोका बीचा
ते जो आपणे विश्वासो रे जरिए जिन्दगी पाओए।

**11** एबे विश्वास उम्मीद कित्ती रिया चीजा रा निश्चा और बिना देखी रिया
चीजा रा सबूत ए। 2 आसा रे बुजुर्गा खे ये विश्वास था, सिर्फ इजी री बजअ

ते परमेशर तिना ते खुश था। 3 विश्वासो तेई आसा खे पता लगी जाओआ
कि सारी सृष्टि परमेशरो रे वचनो रे जरिए बणी। इजी खे आसे जो कुछ
देखूँए, से तिना चीजा ते नि बणी, जो नि दिखदी। (aiōn g165) 4 विश्वासो
तेई आदमो रे पाऊ हाबिले आपणे बड़े पाई कैनो ते खरा बलिदान परमेशरो
खे चढ़ाया और तिजी रेई जरिए परमेशरे से तर्मी जणे री तरअ अपनाया,
और जो बलि हाबिले चढ़ाई थी परमेशर तेसरे तेस बलिदानो ते खुश था।
हाबिल आपणे मरने ते बाद बी आसा खे सिखाओआ कि विश्वास किंयाँ ऊणा
चाईयो। 5 विश्वासो तेई हनोक नाओं रा माणूं जिऊँदा ई स्वर्गो खे चकी ता
और से मरेया नि, और तेसरा पता केसी खे नि लगेया कि से केई चली गा।
कऊँकि परमेशरे से स्वर्गो खे चकी ला था। तेसरे चकणे ते पईले तेसरे बारे रे
ये गवाई दित्ती कि तिने परमेशर खुश कित्तेया। 6 सिर्फ विश्वासो रे जरिए ई
आसे परमेशरो खे खुश करी सकूँए, कऊँकि परमेशरो गे आऊणे वाल़ेया खे
विश्वास करना चाईयो कि से आए और सेयो जो तेसखे सच्चाईया ते टोल़ोए
से टोल़ने वाल़ेया खे फल देओआ। 7 विश्वासो तेई जेबे नूह नाओं रे माणूंए खे
परमेशरे तेसा बाढ़ा रे बारे रे चेतावणी दित्ती थी, जो तिने कदी नि देखी थी,
चेतावणी पाई की आज्ञा मानी की आपणे कराने खे बचाणे री खातर जाह्ज
बणाया। नूह रे विश्वासो रे सामणे बचे रे लोके जिने विश्वास नि कित्तेया सेयो
नाश ऊईगे। परमेशरे नूह खे तर्मी बणाया कऊँकि तिने तेस पाँदे परोसा
कित्तेया। 8 विश्वासो तेई अब्राहमो खे जेबे परमेशरे एकी जगा खे जाणे खे
बुलाया तो से आज्ञा मानी की तेसा जगा खे निकल़ी गा, जेती परमेशरो
तेसखे तेसरी जायदात देणी थी और से नि जाणो था कि आँऊ केई चली रा,
पर फेर बी चली गा 9 जेते जगा रा परमेशरे वादा कित्तेया अब्राहम तेती
परदेशिया जेड़ा तम्बूए रे रया। तेस साथे तेसरा पाऊ इसहाक और तेसरा
पोता याकूबो जेसखे परमेशरो ते सेई वायदा मिलेया था सेयो बी तेती तम्बूआ
रे रये। 10 कऊँकि अब्राहम तेती स्वर्गो रे नगरो रे रणे रा इन्तजार करने लगी
रा था जो सदा खे बणेया रा रओआ, जेतेरा रचणे वाल़ा और बनाणे वाल़ा
परमेशर ए। 11 विश्वासो तेई अब्राहमो री लाड़िए सारे आपणे आपू स्याणी
ऊई की बी गर्भ धारण करने री सामर्थ पाई, कऊँकि तेसे विश्वास कित्तेया कि
परमेशरो आपणा वादा पूरा करना। 12 जेबे अब्राहम बऊत ई स्याणा था और

मरेया रा जा था, तेबे तेसरे सर्गो रे तारे और समुद्र रे कनारे रे बालूए बराबर,
अणगिणत वंश पैदा ऊए। 13 ये सारे लोक जिने परमेशरो पाँदे विश्वास
कित्तेया तिना वादे कित्ती रिया चीजा बिना आसिल कित्ते ई मरी गे। पर सेयो
समजी गे थे कि परमेशरो आऊणे वाल़े बखतो रे क्या करना। सेयो ये बी
समजी गे थे, “आसे तरतिया पाँदे परदेशी और बाअरा ते आए रे लोक ए।”
14 जो एड़िया गल्ला करोए, कि सेयो तरतिया पाँदे परदेशी और बाअरा ते
आए रे लोक ए, सेयो कब्जा करी कि ये दखाओए कि, “ये देश आसा राए।”
15 जेस देशो ते सेयो निकल़ी की आए थे, जे तेसरी खबर-सम्बाल़ लंदे तो
तिना खे वापस जाणे रा मौका था। 16 पर सेयो एक खरे मतलब स्वर्गिय
देशो रे इच्छुक ए, तेबेई तो परमेशर, तिना रा परमेशर बोलणे ते खुश ओ था,
कऊँकि तिने तिना खे एक नगर बणाई राखेया। 17 जेबे परमेशरे अब्राहमे
परखेया तो विश्वासो रे जरिए से इसहाको री बलि चढ़ाणे खे त्यार ऊआ।
इसहाक अब्राहमो रा खास पाऊ था। परमेशरे तेस पाऊए रे बारे रे अब्राहमो
ते वादा कित्तेया था, “ये इसहाको रे जरिए ऊणा कि तेरे वंशो री गिणती
ऊणी।” अब्राहमो खे पूरा विश्वास था कि परमेशर मरे रेया खे जिऊँदा करी
सकोआ। ईंयां ई अब्राहमो खे इसहाक मरे रेया बीचा ते जिऊँदा मिलेया। 20
विश्वासो तेई इसहाके आपणे दो पाऊ याकूबो खे और एसावो खे वादे री
गल्ला रे बारे रे आशीष दित्ती। 21 विश्वासो तेई याकूबे मरदे बखते यूसुफो रे
दूँईं पाऊआ बीचा ते एकी-एकी खे आशीष दित्ती और आपणे डण्डे रा सारा
लयी की परमेशरो री आराधना कित्ती। 22 विश्वासो तेई यूसुफे, जेबे से मरने
वाल़ा था, तो इस्राएलो रे लोका साथे मिस्र देशो ते निकल़ने री चर्चा कित्ती
और तिने तिना खे ये आज्ञा बी दित्ती कि, “जेबे तुसे मिस्र देशो ते जाओगे
तो तुसे मेरे मरने ते बाद मेरी आड्डिया खे आपू साथे लयी जाएओ।” 23
जेबे मिस्र देशो रे राजे इस्राएलो रे छोटे बच्चेया खे काणे री आज्ञा दित्ती तो
विश्वासो तेई मूसे रे माए-बाओ तेसरे जमणे ते बाद तीन मीन्ने तक लकोई की
राखेया; कऊँकि तिने देखेया कि बाल़क बऊत खास ए और सेयो राजे री
आज्ञा ते नि डरे। 24 मिस्र देशो रे फिरौन राजे री बेटिये मूसे खे पाल़ी पोषी
की बड़ा कित्तेया। जेबे मूसा बड़ा ऊईगा तो से विश्वासो ते नि चाओ था कि
लोक तेसखे राजकुमारिया रा पाऊ बोलो। 25 कऊँकि तेसखे पापो रे थोड़े

दिना रा सुख लणे ते, परमेशरो रे लोका साथे दुः ख सईन करना जादा खरा
लगेया। 26 तिने सोचेया मसीह री खातर दुःख सईन करना मिस्र देशो रे
खजाने ते बऊत बड़ा ए। कऊँकि से जाणो था कि एड़ा करने ते तेसखे स्वर्गो
रे परमेशरो ते इनाम मिलणा। 27 विश्वासो तेई राजे रे रोषो ते नि डरी की मूसे
मिस्र देश छाडीता, कऊँकि तिने जाणी ला कि से बिना देखे परमेशरो खे
देखणे लगी रा। 28 विश्वासो रे जरिए ई मूसे इस्राएली लोका खे आज्ञा दित्ती
कि सेयो जानवरा रा खून दरवाजे पाँदे छिड़की कि फसह रे त्योआरो री रवाज
पूरी करो। ताकि इस्राएलो री पईली ल्वादा रा नाश करने वाल़ा दूत, तिना खे
छुँईं नि सको। 29 विश्वासो तेई इस्राएली लोक लाल समुद्रो ते पार एड़े उतरी
गे, जेड़े सूकी जमीना पाँदो ते। पर जेबे मिस्रिए बी एड़ा ई करना चाया, तो
सब डूबी की मरी गे। 30 इस्राएली लोका रे विश्वासो तेई यरीहो नगरो री
शहरपनाह, जेबे सेयो साता दिना तक चऊँ कनारे तिजी रा चक्कर लगाई
चुके, तो से टल़ी गी। 31 विश्वासो तेई राहाब वेश्या परमेशरो री आज्ञा ना
मानणे वाल़ेया साथे नाश नि ऊई, कऊँकि तेसे इस्राएली पेतिया खे शरण
दित्ती। 32 एबे माखे ओर कुछ बोलणे री जरूरत निए। कऊँकि बखत नि रया
कि गिदोनो रे, बाराको रे, समसूनो रे, यिफतहो रे, दाऊदो रे, शमुएलो रे और
भविष्यबक्तेया रे बारे रे बताऊँ। 33 इने विश्वासो रेई जरिए राज्य जीते। सच्चे
फैंसले साथे राज कित्तेया। वादे कित्ती रिया चीजा मिलिया और शेर तिना खे
खाई नि सके। 34 आगी रिया लुपिया तिना खे फूकी नि सकिया, तलवारी री
तेज तारा ते मरी नि सके, कमजोर ऊँदे ऊए बी तागतबर बणी गे, लड़ाईया
रे सुरमे निकल़े, और दुश्मणा री फौज कूटी-कूटी की नठाईती। 35 कुछ
जवाणसे आपणे मरे रे लोक फेर जिऊँदे पाए और कितणे तो मार खांदे-खांदे
मरी गे। तिने लोके छुटकारा पाणे खे परमेशरो पाँदे विश्वास करना नि छाडेया
कऊँकि सेयो मरने ते बाद परमेशरो साथे सदा खे जिऊँदे रणा चाओ थे।
36 कुछ लोका खे तो मजाक और कोड़ेया रा सामणा करना पड़ेया और
कुछ लोक जंजीरे की जकड़ी की जेला रे पाईते। 37 कुछ लोका खे पात्थर
बाए। तिना रे आरे साथे चीरी कि दो टुकड़े करी ते, सेयो तलवारे की काए।
सेयो गरीब थे तिना खे दुःख दित्ते और तिना साथे बुरा बर्ताव कित्तेया। और
सेयो पेडा-बाकरिया री खाल टखी की ओरे-पोरे मारे-मारे फिरे। 38 और

सुणसाण, पाह्ड़, डवार, और तरतिया री खीड़ा रिये पटकदे रये। 39 ये बुरी
दुनिया विश्वासी लोका जोगी नि थी। विश्वासो रेई जरिए इना सबी रे बारे रे
परमेशर खुश ओआ, फेर बी तिना खे से चीज नि मिली, जेते रा वादा परमेशरे
कित्तेया था। 40 कऊँकि परमेशरो गे सिर्फ तिना खेई खरी गल्ला नि थी पर
आसा खे बी थी। परमेशर तिना खे बी आसा साथे सिद्ध बनाणा चाओ था।

**12** आसा रे चऊँ कनारे बऊत सारे लोका री जिन्दगिया रे एड़े उदारण ए जो
आसा खे बताओ कि विश्वास क्या ए। इजी खे आओ, हर एक रोकणे वाऴी
चीज और उऴजाणे वाऴे पापो खे दूर करी की से दौड़ जो आसा खे दौड़नी,
सब्रो साथे दौड़ो। 2 आसे विश्वासो रे कर्ता और सिद्ध करने वाऴे प्रभु यीशुए
री तरफा खे ताकदे रईए। यीशुए तेसा खुशिया खे जो तेसते आगे थी राखी
री, शर्मा री कुछ चिन्ता ना करी की, क्रूसो रा दु: ख सईन कित्तेया और
स्वर्गो रे परमेशरो रे दाँणे कनारे बैठेया। 3 यीशुए रे उदारणो पाँदे सोचो, जिने
पापिया रे जरिए दित्ते रे डराऊणे कष्ट इजी खे सईन कित्ते कि तुसे दु:खी ऊई
की इम्मत नि छाडी देओ। 4 तुसे पापो रे खलाफ लड़दे ऊए एबुए तक तेस
साथे एड़ी लड़ाई नि कित्ती कि तुसा रा खून बया ओ। 5 पर तुसे तिना इम्मती
उपदेशा खे पूली चुकी रे जो परमेशरे तुसा खे पाऊ मानी कि देई राखे थे, “ओ
मेरे पाऊ, प्रभुए री ताड़ना खे अऴकी गल्ल नि जाण और जेबे से ताखे
थिड़को, तो इम्मत नि छाड। 6 कऊँकि प्रभु जेसखे प्यार करोआ, तेसखे
डांटो बी आ और जेसखे आपणा पाऊ बणाई लओआ, तेसखे सजा बी
देओआ।” 7 तुसे दु: खो खे पिते री डांट समजी की सयी लो। परमेशर तुसा
खे पाऊ समजी की तुसा साथे बर्ताओ करोआ। से कुण जा पाऊ ए जेसरी
ताड़ना पिता नि करदा? 8 से ताड़ना जो सबी खे मिलोई, जे तेसखे नि मिली
री ओ, तो तुसे परमेशरो रे असली पाऊ निए। 9 तेबे जबकि म्हारे शारीरिक
पिता बी म्हारी ताड़ना करो था और आसे तिना री इज्जत कित्ती। ये आसा खे
ओर बी जरूरी ए कि जेबे आसा रा आत्मिक पिता आसा खे ताड़ना देओ तो
आसे ओर बी बढ़ी की तिना रे वशो रे रईए ताकि आसा खे अनन्तकालो री
जिन्दगी मिलो। 10 आसा रा संसारिक पिता तो आपणी-आपणी समजा रे
मुताबिक थोड़े दिना तक आसा री ताड़ना करो थे। पर परमेशर आसा री
पलाईया खे ताड़ना करोआ ताकि आसे बी तेसरी पवित्रता रे इस्सेदार ऊई

जाईए। 11 जेस बखते ताड़ना देई जाओई तेस बखते ताड़ना खरी नि लगदी
बल्कि से दुःख देणे वाल़ी लगोई। पर जो ताड़ना रे जरिए शिक्षा पाओए बादो
ते तिना खे चैनी साथे धार्मिकता रा फल मिलोआ। 12 इजी री खातर उठो
और चुस्त ऊई जाओ। 13 सीदिया बाटा रिये चलदे रओ। ताकि जो लोक
तुसा पीछे चलोए कमजोर और लंगड़े ऊणे रे बावजूद बी सेयो नाश नि ओ पर
बची जाओ। 14 सबी साथे मेल-जोल राखो और पवित्र जिन्दगी जिऊणे खे
हर तरअ ते कोशिश करदे रओ। जेतेरे बिना कोई बी प्रभुए खे कदी नि देखी
सकदा। 15 तुसे चौकस रओ कि कोई बी लोक परमेशरो री कृपा ते बिना रई
नि जाओ। त्यान देओ कि तुसा बीचे अविश्वासो री कोई बी कऊड़ी जड़
निकल़ी की कष्ट नि देओ तिजी साथे बऊत लोक अशुद्ध ऊई जाओ। 16 तुसा
बीचे कोई जणा व्याभिचारी नि ओ या अब्राहमो रे पोते एसावो जेड़ा अधर्मी
नि ओ, जिने एक बारा री रोटिया रे बदले आपणे जेठे ऊणे रा पद बेची ता।
17 तुसे जाणोए कि बादो ते जेबे तिने आपणे पिते इसहाको ते आशीष पाणी
चायी, तो तेसखे नि दित्ती और आसू बाह्ई-बाह्ई की आशीष मांगणे पाँदि बी
मन फेरने रा मौका तेसखे नि मिलेया। 18 तुसे सीनै पाह्ड़ो रे नेड़े नि पऊँछे,
जेतेखे देखी सको थे और छुँईं सको थे। एती ना तो लूपिया जेड़ी बल़ी री
आग ए और ना काल़े बादल़, ना बऊत न्हेरा और ना तूफान ए। 19 एती ना
तो तुरहिया री आवाज और ना बोलणे वाल़े रे एड़े शब्दो ए, जेतेखे सुणी की
इस्राएली लोक बिनती करो थे कि, "एबे आसा साथे ओर गल्ला नि करो।"
20 तिने लोके एड़ा इजी खे बोलेया कऊँकि सेयो तेसा आज्ञा खे नि सयी सके
जो परमेशरे तिना खे बोली थी, "जे कोई डांगर बी पाह्ड़ो खे छूँओ, तो पात्थर
बाए जाओ।" 21 और से दर्शन एड़ा डराऊणा था कि मूसे बोलेया, "आऊँ
बऊत डरूँआ और थरथराऊँआ।" 22 तुसे लोक सिय्योनो रे पाह्ड़ो रे नेड़े जो
जिऊँदे परमेशरो रा नगर ए पऊँछी रे। ये सेई स्वर्गिय यरूशलेम ए जेती लाखो
स्वर्गदूत खुशिया रा त्योआर मनाओए। 23 तुसे परमेशरो रे जेठे री सभा रे
आई रे, जिना रे नाओं स्वर्गो रे लिखे रे ए। तुसे आपू परमेशरो रे नेड़े आयी रे
जो सबी रा न्याय करने वाल़ा ए। तुसे स्वर्गो रे तर्मी लोका री आत्मा गे आयी
रे जिना खे सिद्ध बणाई राखेया। 24 तुसे यीशुए गे आयी रे जो आसा साथे
नई वाचा रा बचोलापण करोआ और छड़काओ रे तेस खूनो रे नेड़े आयी रे,

जो हाबिलो रे खूनो ते बी जादा खरिया गल्ला बोलोआ। **25** सावधान रओ,
और परमेशरो री आज्ञा खे नि टाल़ो जो तुसा के बोलणे लगी रा। कऊँकि जेबे
मूसे इस्राएलो रे लोका खे चेतावणी दित्ती थी और तिने आज्ञा नि मानी तो
सेयो लोक बी परमेशरो री सजा ते बची नि सके। तेबे आसे बी सजा ते
नि बची सकदे, जे आसे बी तेसरी आज्ञा नि मानिए जो आसा खे स्वर्गो ते
चेतावणी देओआ। **26** जेबे परमेशरे सीनै पाह्ड़ो ते गल्ल कित्ती थी तेस
बखते तेसरे शब्दे तरती इलाई ती, पर एबे तिने ये वादा करी राखेया कि,
"एक बार फेर मां बस तरती ई नि, बल्कि स्वर्ग बी इलाई देणा।" **27** और ये
वाक्य, "एक बार फेर" इना गल्ला खे दखाओआ कि बणाई रिया सारी चीजा
इल्ली जाणिया और टाई देणियां, ताकि जो चीजा इलाईया नि जांदिया, सेयो
अटल बणिया री रओ। **28** आसा खे जो राज्य मिली रा तिजी खे ईलाया नि
जाई सकदा। तेबेई आसे परमेशरो खे धन्यवाद देंदे रईए और तेसरी इच्छा रे
मुताबिक भग्ति और आदरो साथे तेसरी आराधना करदे रईए जेते कि से खुश
ओआ। **29** कऊँकि म्हारा परमेशर स्वा करने वाल़ी आग ए।

**13** आपू बीचे पाई बईणा जेड़ा प्यार राखो। **2** तिना री बी पराऊणचारी
करो जो जरूरतमंद मुसाफर ए, कऊँकि इजी रे जरिए कई लोके अणजाणे रे
स्वर्गदूता री आओ-बैठ कित्ती। **3** कैदिया री बी ईंयां खबर-सम्बाल़ लओ कि
मानो तिना साथे तुसे बी कैदी ए। जिना लोका साथे बुरा बर्ताओ कित्तेया
जाओआ, तिना री बी ये समजी की खबर-सम्बाल़ लया करो जेड़े कि तुसे
बी तिना रे दुःखो रे साजी ए। **4** ब्या सबी लोका रे आदरो री गल्ल समजी
जाओ और एस रिश्ते रे दोनो आपू बीचे वफादार रओ, कऊँकि परमेशरो
व्याभिचारिया रा और गन्दे काम करने वाल़ेया रा न्याय करना। **5** तुसे
आपणी जिन्दगी धन-दौलता रे लाल़चो ते दूर राखो, जो तुसा गे ए, तिदे
ई सन्तुष्टी राखेया करो, कऊँकि परमेशरे आपू ई बोली राखेया, "मां तूँ
कदी नि छाडणा और ना ईं तूँ पूलणा।" **6** तेबेई तो आसे परोसा करी की
बोलूँए, "प्रभु मेरी मताद करने वाल़ा ए, मां नि डरना। मांणू मेरा कुछ नि करी
सकदा।" **7** जो तुसा रे अगुवे थे और जिने तुसा गे परमेशरो रा वचन सुणाई
राखेया, तिना खे याद राखो। त्यानो साथे तिना रे चाल-चलणो खे देखो कि
तिने किंयाँ आपणी जिन्दगी जी, और सेयो मरने तक परमेशरो रे विश्वासो रे

वफादार बणे रे रए। इजी खे आसा बी एड़ा ई विश्वास करना चाईयो जेड़ा
तिने कित्तेया था। 8 प्रभु यीशु मसीह काल, आज और जुगो-जुगो तक कदी
नि बदलणा। (aiōn g165) 9 इना सारे कई प्रकारा रे और नऊखे उपदेशा खे
नि मानो जो तुसा खे बुरी बाटा रिये लयी जाओए। कऊँकि तुसा रे मनो खे
अच्छा ए कि परमेशरो री कृपा रे जरिए मजबूत बणो, ना कि तिना नियमा रे
मानणे रे जरिए जो खाणे रे बारे रे ए, जिना साथे काम राखणे वाल़ेया खे कुछ
फाईदा नि ऊँदा। 10 म्हारी एक एड़ी बेदी ए जेते पाँदा ते खाणे रा अक्क
तिना लोका खे निए, जो तम्बूओ री सेवा करोए। 11 पुराणे वादे रे मुताबिक
हर साल प्रदान पुरोईत जानवरा रा खून पाप-बल़िया खे बड़ी पवित्र जगा रे
तिना रे पापो री माफिया खे लयी जाओआ, पर जानवरा रे बल़ी कित्ते रे शरीर
लोका रे तम्बूए ते दूर फूके जाओए। 12 इजी बजअ ते यीशुए बी लोका खे
आपणे खूनो रे जरिए पवित्र करने खे यरूशलेमो नगरो ते बारे दु: ख सईन
कित्तेया और मरी गे। 13 तो आओ, एबे आसे यहूदी लोका रे बिधानो खे
छाडी की, यीशु मसीह पाँदि विश्वास करी की ठीक तिंयाँ ई तेस साथे शर्मनाक
दुःख सईन करिए। 14 कऊँकि एते दुनिया रे म्हारा कोई बी सदा रणे वाल़ा
कअर निए। बल्कि आसे तेस स्वर्गिय कअरो री टोल़ा रे ए जो सदा खे ए। 15
इजी री खातर आसे यीशु मसीह रे जरिए आपणे मुंओ ते परमेशरो री स्तुति
और आराधना करदे रईए। जो परमेशरो खे बलिदान ए। 16 और पलाई
करने खे और एकी दूजे री मताद करने खे सदा त्यार रओ, कऊँकि परमेशर
एड़े बलिदानो ते खुश ओआ। 17 आपणे अगुवेया री मानो और तिना रे
अधीन रओ, कऊँकि सेयो तुसा खे देखोए कि तुसे आपणी बाटा ते पटकी नि
जाओ। तिना खे आपणी सेवा रा लेखा देणा पड़ना। तुसे तिना री आज्ञा मानो
ताकि सेयो आपणे कामो खे खुश ऊई जाओ, ना कि उदास ऊई जाओ। ये
तुसा खे बी फाईदे वाल़ा ऊणा। 18 आसा खे प्रार्थना करदे रओ। आसा खे
परोसा ए कि म्हारा विवेक शुद्ध ए और आसे सबी गल्ला रे जो आसे करूँए
परमेशरो री महिमा करना चाऊँए। 19 प्रार्थना करने खे आऊँ तुसा खे ओर बी
औंसला देऊँआ ताकि आऊँ चट-चारे तुसा गे फेर आयी सकूँ। 20 एबे शान्ति
देणे वाल़ा परमेशरे म्हारे प्रभु यीशुए खे मरे रेया बीचा ते जिऊँदा कित्तेया।
यीशु पेडा रा महान् रखवाल़े जेड़ा ए, जेसरा खून परमेशरे आपणे लोका साथे

अनन्त वाचा बनाणे खे इस्तेमाल कित्तेया। (aiōnios g166) 21 परमेशर तुसा
खे हर एक पली गल्ला रे सिद्ध करो, जेते की तुसे तेसरी इच्छा पूरी करो और
जो कुछ तेसखे अच्छा लगोआ, तिजी खे प्रभु यीशु मसीह रे जरिए आसा रे
पुरा करो। जेसरी तारीफ जुगो-जुगो तक ऊँदी रओ। आमीन्। (aiōn g165) 22
ओ साथी विश्वासियो, आऊँ तुसा ते बिनती करूँआ कि एसा चिट्ठिया रिया
गल्ला खे सब्रो साथे सुणी लो, जो मैं तुसा खे इम्मत देणे खे लिखी राखी। मैं
तुसा खे एसा चिट्ठिया रे बऊत गल्ला नि लिखी राखी। 23 तुसा खे ये याद ए
कि तीमुथियुस म्हारा पाई जेला ते छूटी गा रा और जे से चट आईगा, तो मां
तेस साथे तुसा खे मिलणे आऊणा। 24 आपणे सबी अगुवेया खे और सबी
पवित्र लोका खे नमस्कार बोलो। इटली देशो रे परमेशरो रे लोक तुसा खे
नमस्कार बोलोए। 25 तुसा सबी पाँदे परमेशरो री कृपा ऊँदी रओ। आमीन्।

# याकूब

**1** आँऊ याकूब जो परमेशर और प्रभु यीशु मसीह रा दास ए ये चिट्ठी तिना
बारा गोत्रा खे लिखूँआ जो दुनिया रे ओरे-पोरे ऊई की रओए, मेरी तरफा ते
नमस्कार। 2 ओ प्यारे साथी विश्वासियो! जेबे तुसे कई प्रकारा री परीक्षा
रे पड़ो, तो इजी खे पूरी खुशिया री गल्ल समजो, 3 कऊँकि तुसे जाणो
ईए कि जेबे तुसा रे विश्वासो री परख ओई तो तुसे परमेशरो पाँदे परोसा
राखी की सब्रो साथे ओर बी परेशानिया रा सामणा करोए। 4 पर सब्रो खे
आपणा पूरा काम करने देओ ताकि तुसे पूरे और सिद्ध ऊई जाओ और तुसा
रे केसी बी अच्छे चाल-चलणो री कमी नि ओ। 5 पर जे तुसा बीचा ते केसी
खे बी दमाको री कमी ओ, तो परमेशरो ते माँगो, जो बिना ल़वामे ते सबी
खे उदारता ते खुशीया साथे देओआ; और परमेशर सबी खे देओआ। 6
पूरे विश्वासो साथे माँगो कि परमेशरो तेसखे देणा और कुछ शक नि करो,
कऊँकि शक करने वाल़ा समुद्रो री छालिया जेड़ा ए, जो अवा साथे हड़ोईया
और उछल़ोईया। 7 एड़ा मांणू ये नि समजो कि माखे प्रभुए ते कुछ मिलणा,
8 से मांणू आपणा फैंसला नि लई सकदा और आपणी सारी गल्ला रे पोल़ा-
पाल़ा ए। 9 विश्वासी पाई जो गरीब ए तेसखे खुश ऊणा चाईयो कि परमेशरो
ते तेसखे इज्जत मिलणी। 10 और अमीर आपणी नीच दशा पाँदे खुश ओ,
कऊँकि तेसरा पैसा काओ रे फूलो जेड़ा जांदा रणा। 11 सूरज निकल़दे ई
कड़ाके री तूप पड़ोई और काओ खे सकोई देओई और तिजी रा फूल चढ़ी
जाओआ और तिजी री शोभा जांदी रओई, ईंयां ई अमीर आदमी बी आपणी
जिन्दगिया रे कामा रे पाअग-दौड़ करदे ऊए तूड़ा रे मिली जाणे। 12 धन्य ए
से मांणू, जो परीक्षा रे टिके रा रओआ, कऊँकि तेस परीक्षा रे पास ऊई
की अनन्त जिन्दगिया रा मुकट पाणा, जेतेरा वादा परमेशरे आपणे प्यार
करने वाल़ेया साथे करी राखेया। 13 जेबे केसी री परीक्षा ओ, तो से ये
नि बोलो, “मेरी परीक्षा परमेशरो री तरफा ते ओई।” कऊँकि ना तो बुरी
गल्ला रे परमेशरो री परीक्षा ऊई सकोई और ना ई से केसी री परीक्षा आपू
करोआ। 14 पर हर मांणू आपणी ई इच्छा रे खिंजी की और फसी की परीक्षा
रे पड़ोआ। 15 तेबे इच्छा गर्भवती ऊई की पापो खे जमाओई और जेबे पाप
बड़ी जाओआ तो मौता खे पैदा करोआ। 16 ओ प्यारे साथी विश्वासियो!

तोखा नि खाओ। 17 कऊँकि हर एक अच्छा बरदान और हर एक खरा दान
स्वर्गो तेईए और जोतिया रे पिते री तरफा ते मिलोआ। परमेशर सदा एक
जेड़ा रओआ और ना ई टवांवे जेड़ा बदलोआ। 18 तिने आपणी ई इच्छा ते
आसा खे सच्चो रे वचनो रे जरिए नया जीवन दित्तेया ताकि आसे तेसरे बणाए
रे प्राणिया बीचा ते पईले फल़ो जेड़े ओऊँ। 19 ओ प्यारे साथी विश्वासियो! ये
गल्ल तुसे जाणी लो; हर एक मांणू सुणने खे आगे, बोलणे रे धीरज वाल़ा
और रोषो रे सब्रखोर ओ। 20 कऊँकि जेबे कोई मांणू गुस्सा करोआ तो से
तर्मो री जिन्दगी नि बिताई सकदा जेड़ा परमेशर चाओआ। 21 इजी री खातर
मनो रा सारा मईल और सारी दुश्मणदारिया खे दूर करी की परमेशरो रे वचनो
खे नरमाईया रे अपणाओ, जो दिलो रे राखी राखेया और जो तुसा रे प्राणो खे
बचाई सकोआ। 22 परमेशरो रे वचनो पाँदे चलणे वाल़े बणो, बस सुणने
वाल़े ई नि, जो आपणे आपू खे तोखा देओए। 23 कऊँकि जो कोई वचनो खे
सुणने वाल़ा ओ और तिजी पाँदे चलणे वाल़ा नि ओ, तो से तेस मांणूए जेड़ा
ए जो आपणी असली शक्ल शीशे रे देखोआ। 24 कऊँकि से आपणे आपू
खे देखी कि चली जाओआ और फटाफट पूली जाओआ कि आऊँ केड़ा
था? 25 पर से आदमी जो त्यानो साथे परमेशरो रा सिद्ध उपदेश जो लोका
खे पापो ते छुड़ाई देओआ, तिजी रा त्यानो साथे मनन करोआ और तिजी
खे मानोआ और पुलदा नि जो तिने सुणी राखेया, एड़े लोका परमेशरो री
तरफा ते आपणे कामा रे आशीष पाणी। 26 जे कोई आपणे आपू खे भग्त
समजो और आपणी जीबा पाँदे लगाम नि लगाओ, पर आपणे दिलो खे तोखा
देओ, तो तेसरी भग्ति बेकार ए। 27 म्हारे परमेशर पिते रे नेड़े शुद्ध और
साफ निष्कलंक भग्ति ये कि अनाथ और बिदुआ रे क्लेशो रे तिना री खबर-
सम्बाल़ लओ और आपू खे दुनिया रे बुरे कामा ते बचाई की राखो।

**2** ओ प्यारे साथी विश्वासियो! तुसे म्हारे महिमामय प्रभु यीशु मसीह रे चेले
ए इजी खे तुसा बीचे पक्षपात नि ओ। 2 मानी लो जे एक मांणू सुईने रे छल्ले
और सुन्दर टाले पईनी की तुसा री सभा रे आओ और कंगाल़ बी मईले-
चिथड़े टाले पईनी की आओ 3 और तुसे तेस सुन्दर टाले पईने रे खे बऊत
इज्जती साथे बोलो, "तुसे तेती अच्छी जगा रे बैठो," और तेस कंगाल़ो खे
बोलो, "तूँ एती खड़ा रओ या मेरे पैरो गे थाले बैठ," 4 तो क्या तुसे आपू-

बीचे भेद-भाव नि कित्तेया और बुरे बिचारो ते न्याय करने वाले़ नि ठईरे? 5
ओ प्यारे साथी विश्वासियो सुणो! क्या परमेशरे एसा दुनिया रे कंगाल़ नि
चूणे कि विश्वासो रे तर्मी और तेस राज्य रे अक्कदार ओ, जेतेरा वादा परमेशरे
तिना ते कित्तेया, जो तेसते प्यार करोए? 6 पर तुसे तेस कंगाल़ो रा मजाक
उड़ाया। क्या अमीर लोक तुसा पाँदे अत्याचार नि करदे, क्या सेयो ई तुसा खे
कचैरिया रे कसिटी-कसिटी कि नि लयी जांदे? 7 क्या सेयो यीशु मसीह रे
खरे नाओं री निन्दा नि करदे, जेसरे तुसा खे बोलोए। 8 तेबे बी तुसे एस
पवित्र शास्त्रो रे वचनो रे मुताबिक, "तूँ आपणे पड़ोसिये साथे आपू जेड़ा
प्यार राख," सच्ची तेस राज्य रे बिधानो खे पूरी करोए, तो अच्छा ई करोए।
9 पर जे तुसे पक्षपात करोए, तो पाप करोए और बिधान तुसा खे अपराधी
ठराओए। 10 कऊँकि जो कोई सारे बिधानो खे मानोआ, पर एक ई गल्ला
रे चूकी जाओआ, तो से सबी गल्ला रे दोषी ठईरेया। 11 कऊँकि जिने ये
बोलेया, "तूँ व्याभिचार नि करना" तिने ई ये बोलेया, "तैं अत्या नि करनी।"
इजी री खातर जे तैं व्याभिचार नि कित्तेया, पर अत्या कित्ती, तेबे बी तूँ
बिधानो रा उल़घंन करने वाल़ा ठईरेया। 12 तुसे तिना लोका जेड़े वचन बोलो
और काम बी करो, जिना रा न्याय आजादिया रा बिधानो रे मुताबिक ऊणा।
13 कऊँकि जिने दया नि कित्ती, तेसरा न्याय बिना दया ते ऊणा, दया न्याय
पाँदे जयवंत ओई। 14 ओ प्यारे साथी विश्वासियो! जे कोई बोलो कि माखे
प्रभु यीशु मसीह पाँदे विश्वास ए, पर दूजे खे कोई अच्छा काम नि करदा,
तो तिजी ते क्या फाईदा? क्या एड़ा विश्वास कदी तेसखे बचाई सकोआ?
15 जे कोई विश्वासी पाई या बईण नांगे-क्वाड़े ओ और तिना खे हर-रोज
रोटिया री कमी ओ 16 और तुसा बीचा ते कोई तिना खे बोलो, "बेफिकर
ऊई की जाओ, तुसे गरम रओ और रज्जे रे रओ," पर जो चीजा शरीरो खे
जरूरी ए से तिना खे नि देओ, तो क्या फाईदा? 17 तिंयाँ ई विश्वास बी,
जे अच्छे कामो साथे नि ओ, तो से आपणे सबाओ रे मरे राए। 18 बल्कि
कोई बोली सकोआ, "ताखे विश्वास ए और आऊँ अच्छे काम करूँआ।" पर
आँऊ बोलूँआ, "तूँ आपणा विश्वास माखे अच्छे कामो ते बिना साबित कर
और मां आपणा विश्वास आपणे अच्छे कामो साथे साबित करना।" 19
ताखे विश्वास ए कि एक ई परमेशर ए और तूँ अच्छा करेआ। पर दुष्टात्मा

बी विश्वास करोईया और थरथराओईया। **20** ओ नकम्मे मांणू! क्या तूँ ये
पनि जाणदा कि अच्छे कामो ते बिना विश्वास बेकार ए? **21** जेबे म्हारे पिते
अब्राहमे आपणा पुत्र इसहाक बेदिया पाँदे चढ़ाया, तो क्या से कामो ते तर्मी
नि ठईरेया? **22** तो तैं देखी ला कि विश्वासे तेसरे अच्छे कामो साथे मिली कि
असर पाया और तेसरा विश्वास अच्छे कामो रे जरिए सिद्ध ऊआ। **23** और
पवित्र शास्त्रो रा ये वचन पूरा ऊआ, "अब्राहमे परमेशरो पाँदे विश्वास कित्तेया
और तेसरे विश्वासो रे जरिए परमेशरे से एक तर्मी मांणूए रे रूपो रे मानेया"
और से परमेशरो रा दोस्त ऊआ। **24** तो तुसे देखी ला कि मांणू बस विश्वासो
तेई नि, बल्कि अच्छे कामो ते बी तर्मी ठईरोआ। **25** तिंयाँ ई राहाब वेश्या बी,
जेबे तेसे संदेश देणे वाल़े दूता खे आपणे कअरे शरण दित्ती और दूजी बाटा
रिये तिना के दुश्मणा ते बची की निकल़ने रे मताद कित्ती, तो क्या कामे की
तर्मी नि ठईरी? **26** इजी री खातर जिंयाँ शरीर आत्मा ते बिना मरे राए, तिंयाँ
ई विश्वास बी अच्छे कामो ते बिना मरे राए।

**3** ओ प्यारे साथी विश्वासियो! तुसा बीचा ते बऊत मण्डल़िया रे उपदेशक नि
बणो, कऊँकि तुसे जाणोए कि आसे उपदेशक ओर बी दोषी ठईरने। **2** आसे
सब कई बार चूकी जाऊँए, पर जो कोई बोलणे रे नि चूकदा, सेई तो सिद्ध
मांणू ए और से आपणे सारे शरीरो खे वशो रे करी सकोआ। **3** जेबे आसे
कोड़ेया खे आपणे वशो रे करने खे तिना रे मुंओ रे लगाम लगाऊँए, तो आसे
तिना रे सारे शरीरो खे बी फेरी सकूँए। **4** देखो जाह्ज बी हालाँकि इतणे
बड़े ओए, और तेज अवा रे चलाए जाओए, तेबे बी एक छोटी जी पतवारा
रे जरिए मांझियो री इच्छा रे मुताबिक कुमाए जाओए। **5** तिंयाँ ई जीब
बी शरीरो रा एक छोटा जा अंग ए और बड़ी-बड़ी त्वाल़िया मारोई। देखो
थोड़ी जी आगी साथे कितणे बड़े बणो रे आग लगी जाओई। **6** जीब बी एक
आगी जेड़ी ए, जीब म्हारे शरीरो रे अंगा रे पापो रा एक लोक ए और सारे
शरीरो रे कलंक लगाओई और पूरी जिन्दगिया री गतिया रे आग लगाई देओई
और जीब बी नरको री आगी जेड़ी फूकदी रओई। **(Geenna g1067)** **7** हर
प्रकारा रे बणो रे डांगर, पंछी, रेंगणे वाल़े जन्तु और पाणिए रे रणे वाल़े तो
मांणूआ रे वशो रे ऊई सकोए और ऊई बी गये रे। **8** पर जीबा खे मांणूआ
बीचा ते कोई बी वशो रे नि करी सकदा, से एक एड़ी बयाद ए, जो कदी बी

रूकदी नि, से जान लणे वाल़े सापो जेड़े विषे की फरी रिये। 9 इजी जीबा
साथे आसे प्रभु और पिते री स्तुति करूँए और इजी साथे मांणूआ खे जो
परमेशरो रे रूपो रे बणाई राखे, स्राप देऊँए। 10 एक ई मुंओ ते धन्यवाद और
स्राप दोनो निकल़ोए। ओ प्यारे साथी विश्वासियो! एड़ा नि ऊणा चाईयो।
11 क्या सूबल़ा रे एकी ई मुंओ ते मीठा और खारा दोनो पाणी निकल़ोए?
12 ओ प्यारे साथी विश्वासियो! क्या दाऊगल़े रे डाल़ो रे जैतून या अँगूरा
री बेला रे दाऊगल़े लगी सकोए? तिंयाँ ई खारी सूबल़ा ते मीठा पाणी नि
निकल़ी सकदा। 13 तुसा बीचा ते ज्ञानी और समजदार कूणे? जो मांणू एड़ा
ए, से आपणे कामो खे खरे चाल-चलणो ते तेसा नरमाईया साथे सामणे
ल्याओ, जो ज्ञानो ते पैदा ओई। 14 पर तुसे आपणे-आपणे मनो रे कऊड़ी
जल़न और स्वार्थ राखोए, तो सच्चो रे बिरोदो रे कमण्ड नि करना और ना ई
चूठ बोलणा। 15 ये ज्ञान से निए, जो स्वर्गो ते उतरोआ, बल्कि संसारिक,
शारीरिक और शैतानी ए। 16 इजी री खातर जेती जल़न और स्वार्थ ओआ,
तेती बखेड़ा और हर प्रकारा रे बुरे काम ओए। 17 पर जो ज्ञान स्वर्गो ते
आओआ, से पईले तो पवित्र ओआ, तेबे मिलणसार, नरम, खरे बिचार, दया
और खरे फल़े की परे रा और पक्षपात और कपटो ते बिना ओआ 18 और जो
लोक मेल-जोल कराणे वाल़े ए तिना शान्तिया रा बीज बोणा और धार्मिकता
री फसल बाडणी।

4 तुसा बीचे लड़ाईया और चगड़े केथा ते आईगे? पक्का तिना बुरिया इच्छा
ते जो तुसा रे अंगा रे लड़दे-चगड़दे रओए। 2 जेबे तुसे इच्छा राखोए पर
तुसा खे मिलदा नि तो तुसे अत्या करने खे त्यार ऊई जाओए। तुसे दूजे
री चीजा हड़पणे री इच्छा राखोए और जेबे तुसा खे कुछ नि मिलदा, तेबे
तुसे जल़ी की लड़दे-चगड़दे रओए। तुसा खे इजी खे नि मिलदा, कऊँकि
तुसे परमेशरो ते मांगदे नि। 3 तुसे माँगोए और फेर बी तुसा खे मिलदा नि,
कऊँकि बुरी इच्छा ते माँगोए, ताकि आपणे भोग-बिलासो रे उड़ाई देओ। 4
ओ अविश्वासी लोको! क्या तुसे नि जाणदे कि दुनिया री चीजा साथे दोस्ती
राखणी, परमेशरो साथे बैर राखणा रे बराबर ए? तो जो कोई दुनिया रा दोस्त
बणना चाओआ, से आपणे आपू खे परमेशरो रा बैरी बणाओआ। 5 क्या तुसे
ये समजोए कि पवित्र शास्त्र बेकारो रेई बोलोआ कि जिने परमेशरे आत्मा

आसा रे पीतरे बसाई राखी, से बड़ी इच्छा राखोआ कि आसे सिर्फ तेसरी ई
आराधना करिए। 6 से तो ओर बी कृपा देओआ, तेबेई तो पवित्र शास्त्रो रे ये
लिखी राखेया, "परमेशर कमण्डिया रा बरोद करोआ, पर जो दीन ए तिना
पाँदे कृपा करोआ।" 7 इजी री खातर परमेशरो रे अधीन ऊई जाओ और
शैतानो रा मुकाबला करो, तो से तुसा गे ते नठी जाणा। 8 परमेशरो नेड़े
आओ, तो से बी तुसा रे नेड़े आऊणा। ओ पापियो! आपणी जिन्दगिया ते
पापो खे दूर करो और ओ दोगले लोको! आपणे दिलो खे पवित्र करो। 9
आपणे पापो री बजअ ते दु: खी ओ, शोग करो, रोओ। तुसा री आस्सी शोगो
रे और तुसा री खुशी उदासिया रे बदली जाओ। 10 प्रभुए सामणे दीन बणो,
तो तेस तुसे आदरो जोगे बनाणे। 11 ओ प्यारे साथी विश्वासियो! एकी-दूजे री
निन्दा नि करो, जो आपणे पाईया री निन्दा करोआ या पाईया पाँदे दोष
लगाओआ, से बिधानो री निन्दा करोआ और बिधानो पाँदे दोष लगाओआ,
तो तूँ बिधानो पाँदे चलणे वाल़ा निए, पर तेस पाँदे हाकिम ठईरेया। 12
बिधान देणे वाल़ा और हाकिम एक ईए, जेसखे बचाणे और नाश करने री
सामर्थ ए। तूँ कूणे जो आपणे पड़ोसिया पाँदे दोष लगाएया? 13 तुसे जो ये
बोलोए, "आज या काल आसे केसी ओरी नगरो रे जाई की तेती एक साल
बिताऊँगे और व्यापार करी की फाईदा ऊठाऊँगे।" 14 पर ये नि जाणदे कि
काल क्या ऊणा। सुणी तो लओ कि तुसा री जिन्दगी आयी ई क्या? तुसे तो
मानो प्वाफो जेड़े ए, जो थोड़ी देरा खे दिशोआ और तेबे राची जाओआ। 15
इजी रे बदले तुसा खे ये बोलणा चाईयो, "जे प्रभु चाओगा, तो आसे जिऊँदे
रऊँगे और ये कि से काम बी करूँगे।" 16 पर एबे तुसे आपणी त्वाल़िया पाँदे
कमण्ड करोए; एड़ा सारा कमण्ड बुरा ओआ। 17 इजी री खातर जो कोई
पलाई करना जाणोआ और करदा नि, तेसखे ये पाप ए।

**5** ओ अविश्वासी अमीर लोको! सुणी तो लओ! तुसे आपणे आऊणे वाल़े
क्लेशो पाँदे चींगी-चींगी की रोओ। 2 तुसा रा धन नाश ऊईगा और तुसा रे
टाल़ेया खे कीड़े खाई गे। 3 तुसा रे सुईने चाँदियो खे खई लगी गी और
परमेशरो जेस दिने तुसा रा न्याय करना तेस दिने तेसा खईया तुसा रे खलाफ
गवाई देणी और आगी जेड़ा तुसा रा मांस खाई देणा। तुसे आखरी जुगो रे
धनो पाँदे धन कट्ठा करी राखेया। 4 देखो जिने मजदूरे तुसा रे डोरू बाडे, तिना

री मजदूरी, जो तुसे तोखा देई की राखी ली री, से परमेशरो रे नेड़े तुसा रे
खलाफ चींगणे लगी री और तिना मजदूरा री दुहाई जिने तुसा री फसल कट्ठी
कित्ती, सेनाओं रे प्रभुए रे कानो तक पऊँछी गी री। **5** तुसे तरतिया पाँदे
भोग-विलासो रे लगे रे रये और बड़ा पारी सुख पाया। तुसे आपणे पापो रा
कअड़ा परी ता रा और आपू खे परमेशरो री सजा खे त्यार करी राखेया।
**6** तुसे बेकसुर लोक दोषी ठराई कि काई ते, से तुसा रे बिरोद नि करदे।
बाअरा ते आओए, तिना खे मानणा चाओई, तिना खे बी मानणे ते ना करोआ
और मण्डलि़या ते निकयाली़ देओआ। **11** ओ मेरे प्यारे! बुराईया रे नि, पर
पलाईया पीछे चलणे वाले़ बणो, जो पला करोआ, से परमेशरो री तरफा ते
ए, पर जो बुराई करोआ, तिने परमेशर नि देखेया। **12** देमेत्रियुसो रे बारे रे
सबी, बल्कि सच्चे बी आपू गवाई दित्ती और आसे बी गवाई देऊँए और तूँ
जाणेया कि म्हारी गवाई सच्ची ए। **13** मां ताखे बऊत कुछ लिखणा तो था,
पर स्याईया और कलमा ते लिखणा नि चांदा। **14** पर माखे उम्मीद ए कि तां
साथे चट ई मिलूँगा। तेबे आसा आमणे-सामणे गल्ल-बात करनी। ताखे
शान्ति मिलदी रओ। एथो रे दोस्त ताखे नमस्कार बोलोए। तेथो रे दोस्ता खे
नाओं लयी-लयी की नमस्कार बोली देणा।

# यहूदा

**1** ये चिट्ठी मां यहूदा री तरफा ते ए। आँऊ यीशु मसीह रा दास और याकूबो
रा छोटा पाई ए। आँऊ ये चिट्ठी तुसा लोका खे लिखणे लगी रा जो परमेशरे
बुलाई राखे। पिता परमेशर तुसा लोका ते प्यार करोआ और तुसा खे यीशु
मसीह रे सयी-सलामत राखोआ। 2 आँऊ प्रार्थना करूँआ कि दया, शान्ति
और प्यार तुसा खे बऊत जादा मिलदा रओ। 3 ओ प्यारेओ, आँऊ तुसा
लोका खे तेस उद्धारो रे बारे रे लिखणे री हर तरअ ते कोशिश करने लगी रा
था जिदे आसे सब शामिल ए जो परमेशरो री तरफा ते यीशु मसीह रे जरिए
आसा खे मिलोआ। पर एबे आँऊ एसा चिट्ठिया रे जरिए तुसा लोका खे ये
समजयाणा जरूरी समजूँआ ताकि तुसे लोक मसीह रे विश्वासो रे बणे रणे रे
ओर बी कठण कोशिश करो। परमेशरे ये विश्वास एक ई बार और आपणे
सबी लोका खे देई राखेया और ये बदली नि सकदा। 4 आँऊ ये चिट्ठी तुसा
खे इजी खे लिखणे लगी रा कऊँकि कुछ लोक चोरिए जे आसा बीचे आयी
की मिली गे रे, जो यीशु मसीह रे विश्वास करने रा दखावा करोए। सेयो
लोक बिना भग्ति करने वाल़े ए और गल़त तरीके ते ये शिक्षा देओए कि जेबे
परमेशरे आसे रे पाप कृपा करी की माफ करी ते रे तो आसे बुरी जिन्दगी जि
सकूँए। सेयो लोक यीशु मसीह खे ना करोए जो आसा रा एक मात्र स्वामी
और प्रभु ए। पुराणे बखतो तेई पवित्र शास्त्रो रे लिखी राखेया कि परमेशरो
तिना लोका खे सजा देणी। 5 आँऊ तुसा खे इजी गल्ला री याद दलाणा
चाऊँआ, हालाँकि तुसे लोक एसा गल्ला खे पईले तेई जाणोए कि परमेशरे
इस्राएली लोका खे गुलामिया ते छुड़ाया और मिस्र देशो ते बाअरे लयी की
आया, पर परमेशरे बादो ते तिना सबी लोका खे सुणसाण जगा रे मारी ता
कऊँकि तिने लोके तेस पाँदि विश्वास नि कित्तेया था। 6 ये बी याद करो कि
परमेशरे किंयां तिना स्वर्गदूता खे सजा दित्ती जिने आपणे अक्को रे पदो खे
बणाया रा नि राखेया पर इजी री बजाए आपणे दित्ते रे पद और आपणी जगा
छाडी ती। परमेशरे इना दूता खे न्हेरे कुण्डो रे पाई की जंजीरा साथे बानी ता
ताकि कोई बी तिना खे तेस भीषण दिनो रे न्याय ते बचाई नि सको। (aïdios
g126) 7 तिंयाँ ई सदोम, गमोरा और तिजी साथले ओरले-पोरले नगर बी, जो
इना जेड़े व्याभिचारी ऊईगे थे और पराये शरीरो पीछे लगी गे थे। परमेशरे

तिना नगरा रा आगी रे जरिए सत्यानाश करी ता और ये आसा खे परमेशरो रे
न्याय री अनन्त आगी रे बारे रे चेतावणी देओआ। **(aiōnios g166)** **8** ईंयां ई
विश्वासो रा दखावा करने वाल़े लोक ये दावा करोए कि परमेशरे तिना खे
दर्शणो रे प्रकट करी राखेया कि सेयो लोक आपणे शरीरो खे गन्दे काम करी
कि अशुद्ध करोए। सेयो लोक परमेशरो रे अक्को खे तुच्छ जाणोए और
तेजोमय स्वर्गिय प्राणिया खे पला-बुरा बोलोए। **9** पर एथो तक कि मीकाईल
जो परमेशरो रे प्रदान स्वर्गदूता बीचा ते एक ए तिने इना विश्वासो रा दखावा
करने वाल़े लोका जेड़ा नि कित्तेया। जेबे मीकाईले शैतानो साथे भविष्यबक्ता
मूसे री लोथा रे बारे रे बईस कित्ती, तो तेसखे पला-बुरा बोली की दोष लगाणे
री इम्मत नि कित्ती। पर सिर्फ इतणा ई बोलेया, "प्रभु ताखे बको।" **10** पर
यो लोक जिना गल्ला खे नि जाणदे, तिना खे पला-बुरा बोलोए, पर जिना
गल्ला खे नासमज डांगरा जेड़े सबाओ तेई जाणोए, तिना रे आपणे-आपू खे
पाप करने रे जरिए नाश करोए। **11** धिक्कार ए तिना पाँदे, सेयो आदमो रे
पाऊ कैनो जेड़े बुरी चाल चले, जिने आपणा छोटा पाई काया था। तिने लोके
बिलामो जेड़ी सेई गल़ती कित्ती जिने पैसेया रे लाल़चो खे परमेशरो रे लोका
खे पाप करने खे प्रेरित कित्तेया था। सेयो लोक कोरहो जेड़े नाश ऊई जाणे
जिने मूसा रा बरोद कित्तेया था। **12** जिंयां समुद्रो रे लुकी री चट्टान किस्तिया
खे खतरनाक ओई तिंयाँ ई सेयो विश्वासो रा दखावा करने वाल़े लोक तुसा खे
खतरनाक ए, जो प्यारो री पाट्टिया रे तुसा साथे विश्वासिया रे रूपो रे साजा
करोए। सेयो लोक तेस बेशर्म रखवाल़े जेड़े ए, जो सिर्फ आपणी ई देखपाल़
करोआ। सेयो लोक बिना पाणिए रे बादल़ो जेड़े ए, जिना खे अवा उड़ाई की
लयी जाओई। सेयो लोक पतझड़ो रे बिना फल़ो रे डाल़ा जेड़े ए, जो दो
बार मरी चुकी रे और जड़ी ते पट्ठी गे रे। **13** सेयो विश्वासो रा दखावा करने
वाल़े लोक समुद्रो री प्रचण्ड लईरा जेड़े ए, जो आपणी गन्दगी चागो जेड़ी
उछाल़ोईया, तिंयाँ ई सेयो लोक आपणी शर्मा रा काम करोए। सेयो लोक
बाटा ते पटके रे तारे जेड़े ए, जिना खे सदा कालो खे अन्दकूप न्हेरा राखी
राखेया। **(aiōn g165)** **14** हनोके बी जो आदमो ते साती पीढ़िया रे था, इना
लोका रे बारे रे ये बोलदे ऊए भविष्यबाणी कित्ती, "देख, प्रभु आपणे लाखो
पवित्र स्वर्गदूता साथे आया, **15** कि सबी रा न्याय करो और दुष्ट लोका खे

जो बुरे काम तिने बुराईया ते करी राखे और दुष्ट पापिया खे जिने परमेशरो
रे बिरोदो रे बुरे शब्दा रा इस्तेमाल करी राखेया, दोषी ठराओ।" **16** सेयो
विश्वासो रा दखावा करने वाल़े लोक सदा परमेशरो रे बिरोदो रे बुरिया गल्ला
करोए और ओरी लोका दे गल़ती टोल़दे रओए। सेयो आपणी ई इच्छा ते
लगातार बुरे काम करना चाओए। सेयो लोक आपणे फाईदे खे मूँ देखी
की तारीफ करोए। **17** पर ओ मेरे प्यारेओ, तुसे इना गल्ला खे याद राखो,
जो म्हारे प्रभु यीशु मसीह रे प्रेरित पईले बोली चुके रे। **18** सेयो तुसा खे
बोलेया करो थे, "आखरी दिनो रे एड़ा मजाक करने वाल़े ऊणे, जो आपणी
अभक्तिया री इच्छा रे मुताबिक चलणे।" **19** ये सेयो लोक ए, जो तुसा बीचे
फूट पाओए। सेयो दुनिया री बुरी इच्छा रे वशो रे ए और परमेशरो रा आत्मा
तिना रे निए। **20** पर ओ मेरे प्यारेओ, तुसे आपणे बऊत पवित्र विश्वासो रे
तरक्किया खे एकी दूजे री मताद करदे रओ। तुसे लोक पवित्र आत्मा री
सामर्था री अगुवाईया रे प्रार्थना करदे रओ। **21** तुसे लोक अनन्त कालो रे
जीवनो खे म्हारे प्रभु यीशु मसीह री दया री उम्मीदा ते इन्तजार करदे ऊए
आपणे आपू खे परमेशरो रे प्यारो रे बणाए रे राखो। **(aiōnios g166)** **22** तिना
लोका पाँदे दया करो जिना रा विश्वास मजबूत निए। **23** ओरी खे न्याय री
आगी बीचे लमखी की निकयाल़ो। बऊत सारे एड़े लोक ए जिना पाँदे जरूर
दया करो, पर बऊत ई सावधानिया साथे एड़ा करो। तुसे तिना लोका रे
टालेया ते बी नफरत करो जो शरीरो रे जरिए कलंकित ऊईगे रे। **24** सिर्फ
परमेशर ई एबे तुसा खे ठोकर खाणे ते बचाई सकोआ और आपणी महिमा री
भरपूरिया रे सामणे, मग्न और निर्दोष करी की खड़ा करी सकोआ। **25** तिने
म्हारा यीशु मसीह रे जरिए उद्धार करी राखेया। तेसी एक मात्र परमेशरो री
महिमा, गौरव, पराक्रम और अक्क सनातन कालो ते, एबे बी ओ और जुगो-
जुगो तक रओ। आमीन्। **(aiōn g165)**

# प्रकाशित वाक्य

**1** ये प्रकाशितवाक्य यीशु मसीह री तरफा ते ए, जो परमेशरे तिना पाँदे इजी
खे प्रकट कित्तेया कि से आपणे दासा खे तिना गल्ला, जिना रा चट ऊणा
जरूरी ए, दखाओ। मसीहे आपणा स्वर्गदूत पेजी की तेसरे जरिए ये प्रकाशन
आपणे दास यूहन्ने खे बताया। **2** यूहन्ने सेयो सब गल्ला लिखिया जो तिने
देखिया थिया मतलब परमेशरो री तरफा ते दित्तेया रा संदेश और से सब कुछ
जो यीशु मसीहे बोलेया था। **3** धन्य ए से, जो एसा भविष्यबाणिया रे वचना
खे पढ़ोआ और सेयो बी जो इना वचना खे सुणोए और इदे लिखी रिया गल्ला
खे मानोए, कऊँकि बखत नेड़े आयी रा। **4** ये चिट्ठी मां यूहन्ने री तरफा ते ए।
आँऊ ये चिट्ठी आसिया प्रदेशो री सातो मण्डलि़या खे लिखणे लगी रा। आँऊ
प्रार्थना करूँआ कि तुसा सबी लोका खे परमेशरो री तरफा ते जो आए और
जो था और जो आऊणे वाल़ा ए कृपा और शान्ति मिलदी रओ। तिना सातो
आत्मा री तरफा ते, जो परमेशरो रे सिंहासनो रे सामणे ए, तुसा खे कृपा और
शान्ति मिलदी रओ। **5** यीशु मसीह री तरफा ते बी तुसा सबी लोका खे जो
विश्वासो जोगे गवा ए, कृपा और शान्ति मिलदी रओ। यीशु मसीह मरे रेया
बीचा ते जिऊँदे ऊणे वाल़ेया रे जेठा ए और से तरतिया रे राजेया रा हाकिम
ए। से आसा साथे प्यार राखोआ और तिने आपणे खूनो रे जरिए आसे पापो
ते छुड़ाए। **6** यीशुए ई आसे आपणे पिता परमेशरो खे पुरोईता रा राजवंश
बणाईते। तेसरी महिमा और पराक्रम जुगो-जुगो तक रओ। आमीन्। **(aiōn
g165)** **7** देखो, से बादल़ो साथे आऊणे वाल़ा ए और हर एकी आखी से
देखणा, बल्कि जिने से ऊजेया था, तिना बी से देखणा और तरतिया रे सारे
कुल़ा तेसरी बजअ ते जोरे-जोरे की रोणा। आ, ये ऊणा। आमीन्। **8** प्रभु
परमेशर ये बोलोआ, "आऊँ ई पईला और आखरी ए, मतलब से जो आए
और जो था और जो आऊणे वाल़ा ए और जो सर्वशक्तिमान् ए।" **9** आऊँ
यूहन्ना जो तुसा रा साथी विश्वासी पाई और यीशुए खे क्ल़ेश सईणे और
परमेशरो रे राज्य रे और सब्रो रे तुसा रा साथी ए। आँऊ परमेशरो रे वचन और
यीशुए री गवाईया री बजअ ते रोमी अगुवो रे जरिए कैदिया रे रूपो रे पतमुस
नाओं रे टापूओ रे पेजी ता था। **10** प्रभुए रे दिने मतलब जेस दिने विश्वासी
लोक आराधना करने खे कट्ठे ओए आँऊ तेस दिने पवित्र आत्मा ते परी गा

और अचाणक मैं आपणे पीछे तुरहिया जेड़ी जोरो री आवाज सुणी। 11
तिने बोलेया, “जो कुछ तूँ देखेया तिजी खे कताबा रे लिखी की सातो नगरो
री मण्डलि़या गे पेजी दे; मतलब इफिसुस, स्मुरणा, पिरगमुन, थुआतीरा,
सरदीस, फिलदिलफिया और लौदीकिया खे पेजी दे।” 12 तेबे मैं तेसखे जो
मां साथे बोलणे लगी रा था देखणे खे आपणा मूँ फेरेया और पीछे कूमी की
मैं सात दिऊए देखे। 13 तिना दिऊएया बीचे माणूं रे पुत्रो जेड़ा एक मर्द
देखेया। से पैरा तक टाले पइने रे था और तिने छातिया पाँदे सुईने रा पटका
बानेया रा था। 14 तेसरा सिर और बाल़ चिट्टिया ऊना जेड़े थे, बल्कि पाल़े
जेड़े चमकणे लगी रे थे और तेसरिया आखी आगी री लुपिया जेड़िया थिया।
15 तेसरे पैर खरे पीतल़ो जेड़े थे मानो आगी री पट्ठिया रे तपाई राखे और
तेसरी आवाज मुखते पाणिए री छेड़ा जेड़ी थी। 16 तिने आपणे दाँणे आथो
रे सात तारे लयी राखे थे और तेसरे मुंओ ते पईनी दोरी तलवार निकल़ने
लगी री थी। तेसरा मूँ एड़ा चमकणे लगी रा था जेड़ा सूरज कड़क तूपा पाँदे
चमकोआ। 17 जेबे मैं से देखेया तो आऊँ तेसरे पईरा पाँदे मरेया रा जा पड़ी
गा। तेबे तिने मां पाँदे आपणा दाँणा आथ राखी की ये बोलेया, “डर नि, आऊँ
पईला और आखरी ए। 18 आऊँ सेईए जो जिन्दगी देओआ। आँऊ मरी गा
था और एबे देख, आऊँ जुगो-जुगो तक जिऊँदा ए। मांगे ई मौत और नरको
रिया कुँजियाँ ए। (aiōn g165, Hadēs g86) 19 “इजी खे जो गल्ला तैं देखिया
और जो गल्ला उणे लगी रिया और जो इजी ते बाद उणे वाल़िया ए, तिना
सबी लिखी लो। 20 तिना सातो तारेया रा पेत जो तैं मेरे दाँणे आथो रे देखे
थे और तिना सात सुईने रे दिऊएया रा पेत ये ए: सेयो सात तारे, सातो
मण्डलि़या रे स्वर्गदूत ए और सेयो सात दिऊए सात मण्डलि़या ए।”

**2** तिने माखे ये बी बोलेया, “इफिसुस नगरो री मण्डलि़या रे स्वर्गदूतो खे ये
संदेश लिख: आँऊ सेईए जिने सातो तारे आपणे दाँणे आथो रे लयी राखे
और सुईने रे साता दिऊएया बीचे चलो फिरोआ। आँऊ ताखे जो बोलूँआ से
सुण: 2 आऊँ तेरे काम, परिश्रम और तेरा सब्र जाणूंआ। आँऊ ए बी जाणूंआ
कि तूँ बुरे लोका खे देखी नि सकदा। तैं सेयो लोक परखी की चूठे पाए जो
आपणे आपू खे प्रेरित ऊणे रा दखावा करोए। 3 तूँ सब्र करोआ और मेरे
नाओं री तंईं दु: ख सईंदे-सईंदे थकदा नि। 4 पर मां तेरे खलाफ ये बोलणा

कि तैं आपणा पईलका जेड़ा प्यार छाडीता रा। 5 याद करो कि तुसे केथा ते
केथी आई की रुड़ी रे। इजी खे मन फेर और पईले जेड़े काम कर। जे तूँ
आपणा मन नि बदलेगा तो मां तांगे आयी की तेरे दिऊए तेते जगा ते टाई
देणे। 6 पर आहो, तांदे ये अच्छी गल्ल तो आयी की तूँ नीकुलइयों रे कामा
ते कृणा करेया, जिना ते आऊँ बी कृणा करूँआ। 7 जो समजी सकोआ
से तिजी खे त्यानो साथे सुणो और मानी बी लओ कि परमेशरो रा आत्मा
मण्डलि़या खे क्या बोलणे लगी रा। जो जीती जाणे, मां तेसखे तेस जीवनो
रे डाल़ो बीचा ते जो परमेशरो रे स्वर्गलोको रे ए, फल खाणे खे देणे। 8
"स्मुरणा नगरो री मण्डलि़या रे स्वर्गदूतो खे ये संदेश लिख: आँऊ सेईए जो
पईला और आखरी ए और जो मरी गा था पर एबे जिऊँदा ए। आँऊ ताखे जो
बोलूँआ से सुण: 9 आऊँ तेरे क्ल़ेश और गरीबी जाणूंआ पर तूँ अमीर ए और
जो लोक आपणे आपू खे यहूदी बोलोए और आए नि, पर शैतानो री सभा ए,
तिना री निन्दा खे बी जाणूंआ। 10 जो दु: ख ताखे सईन करने पड़ने, तिना ते
नि डर। कऊँकि देखो, शैतान तुसा बीचा ते कईया खे जेला रे पाणा चाओआ,
ताकि तुसे परखे जाओ और तुसा खे दसा दिना तक क्ल़ेश सईन करना
पड़ो। प्राण देणे तक विश्वासी रओ, तो मां ताखे जीवनो रा मुकट देणा। 11
जो समजी सकोआ से तिजी खे त्यानो साथे सुणो और मानी बी लओ कि
परमेशरो रा आत्मा मण्डलि़या खे क्या बोलणे लगी रा। जो जीती जाणे, सेयो
दूजी बार कदी नि मरने। 12 "पिरगमुन नगरो री मण्डलि़या रे स्वर्गदूतो खे ये
संदेश लिख: आँऊ सेईए जेसगे दोरी और पैनी तलवार ए। आँऊ ताखे जो
बोलूँआ से सुण: 13 आऊँ ए तो जाणूंआ कि तूँ तेती रएया जेती शैतानो रा
सिंहासन ए। फेर बी तूँ मेरे नाओं पाँदे खड़ा रएया। तूँ मां पाँदे विश्वास करने
ते बी तिना दिना रे बी पीछे नि आटेया, जिना रे मेरा विश्वासो जोगा गवा
अन्तिपास तुसा बीचे तेते जगा रे काया, जेती शैतान रओआ। 14 पर मां तेरे
खलाफ कुछ गल्ला बोलणिया ए, कऊँकि तांगे कई जणे तो एड़े ए, जो
बिलामो री शिक्षा खे मानोए, जिने बालाको खे इस्राएलिया रे आगे ठोकरा री
बजअ ऊणा सिखाया, ताकि सेयो मूर्तिया पाँदे बलिदान कित्ती री चीजा
खाओ और व्याभिचार करो। 15 ईंयां ई तेरे एती कई एड़े जो नीकुलईयों री
शिक्षा खे मानोए। 16 तेबे मन फिरा! नई तो मां तांगे फटाफट आयी की

आपणे मुंओ री तलवारे की जो मेरा वचन ए तिना लोका रे खलाफ लड़ना।
17 जो समजी सकोआ से तिजी खे त्यानो साथे सुणो और मानी बी लओ कि
परमेशरो रा आत्मा मण्डलि़या खे क्या बोलणे लगी रा। जो जीती जाणा,
तेसखे आऊँ गुप्त मन्ने ते देऊँगा। तेसखे एक चीट्टा पात्थर बी देऊँगा और
तेस पात्थरो पाँदे एक नाओं लिखेया रा ऊणा, जो तेस पाणे वाले़ रे सिवाए
कोई नि जाणी सकणा। 18 "थुआतीरा नगरो रिया मण्डलि़या रे स्वर्गदूतो खे
ये संदेश लिख: मां परमेशरो रे पुत्र जेसरिया आखी आगी री लुपिया जेड़िया
ए और जेसरे पैर खरे पीतल़ो जेड़े ए। आँऊ ताखे जो बोलूँआ से सुण: 19
आऊँ तेरे काम, तेरा प्यार, विश्वास, धीरज और सेवा खे जाणूंआ और ये बी
जाणूंआ कि तेरे एबुए रे काम पईलकेया कामा ते बड़ी की ए। 20 पर मां तेरे
खलाफ कुछ बोलणा कि तूँ तेसा जवाणसा इजेबेला खे रणी देओआ, जो
आपणे आपू खे भविष्यबक्तणी बोलोई। से मेरे दासा खे व्याभिचार करने खे
और मूर्तिया रे सामणे बलि कित्ती रिया चीजा खाणा सिखाई की भरमाओ ई।
21 मैं तेसा खे मन फिराणे रा मौका दित्तेया पर से आपणे व्याभिचारो ते मन
फेरना नि चाँदी। 22 देख, आऊँ तेसा खे बमारिया री शैय्या रे पाऊँआ और
जो तेसा साथे व्याभिचार करोए, जे सेयो बी तेसा जेड़े कामो ते मन नि फेरोगे
तो मां सेयो बड़े क्ले़शो रे पाई देणे। 23 मां तेसा रे सारे बाल़क काई देणे। तेबे
सारी मण्डलि़या जाणी लणा कि दिल और मनो रा परखणे वाल़ा आऊँ ईए
और मां तुसा सबी जणेया खे तुसा रे कामो रे मुताबिक बदला देणा। 24 पर
तुसे थुआतीरा नगरो रे बाकि लोका ते जितणे एसा शिक्षा खे नि मानदे और
जिना गल्ला खे शैतानो रिया गईरिया गल्ला बोलोए, जाणदे नि, आऊँ ये
बोलूँआ कि मां तुसा पाँदे ओर बोज नि पाणा। 25 पर आ, जो तुसा गे ए,
तिजी खे मेरे आऊणे तक सम्बाल़ी की राखो। 26 जो जीती जाणे और मेरे
मुताबिक आखरी तक काम करदा रओगा, मां तेसखे जातिया-जातिया रे
लोका पाँदे अक्क देणा। 27 और तेस लोए रा राजदण्ड लयी की तिना पाँदे
राज करना और जियाँ कुम्हारो रे माट्टिया रे पांडे टुटी जाओए, मैं बी एड़ा ई
अक्क आपणे पिते ते पाई राखेया 28 और मां तेसखे प्याणु तारा देणा। 29
जो समजी सकोआ से तिजी खे त्यानो साथे सुणो और मानी बी लओ कि
परमेशरो रा आत्मा मण्डलि़या खे क्या बोलणे लगी रा।"

**3** “सरदीस नगरो री मण्डलि़या रे स्वर्गदूतो खे ये संदेश लिख: आँऊ से ए
जेसगे परमेशरो रिया सात आत्मा ए और सात तारे ए। से ये बोलोआ कि
आऊँ तेरे कामा खे जाणूंआ, तूँ जिऊँदा तो लगोआ, पर अया मरेया रा। 2
इजी खे सावधान ऊई जाओ और तुसा दे जो कुछ बाकि ए, से बी मरे रेया
जेड़ा ए। तिदे नई जिन्दगिया री शुरूआत करो। कऊँकि मैं तेरे कोई बी काम
आपणे परमेशरो रे नेड़े पूरे नि पाये। 3 तेबे याद कर कि तैं केड़ी शिक्षा पाई
राखी और सुणी थी और तिदे बणेया रा रओ और मन फिराई दे। पर जे तूँ
जागदा नि रएगा तो आऊँ चोरो जेड़ा आयी जाणा और तां कदी पनि जाणी
सकणा कि मां केस बखते तां पाँदे आयी की पड़ी जाणा। 4 पर आ, सरदीस
नगरो री मण्डलि़या रे कुछ एड़े लोक ए जिने आपणे-आपणे टाले अशुद्ध
नि कित्ते। सेयो सफेद टाले पईनी की मां साथे कूमणे, कऊँकि सेयो एते
जोगे आये। 5 जो जीती जाणे, तिना खे सफेद टाले पणयाए जाणे और मां
तिना रा नाओं जीवनो रिया कताबा ते कदी पनि मटयांणा, पर तेसरा नाओं
आपणे पिते रे और तेसरे स्वर्गदूता सामणे मानी लणा। 6 जो समजी सकोआ
से तिजी खे त्यानो साथे सुणो और मानी बी लओ कि परमेशरो रा आत्मा
मण्डलि़या खे क्या बोलणे लगी रा। 7 “फिलदिलफिया नगरो री मण्डलि़या
रे स्वर्गदूतो खे एड़ा संदेश लिख: आँऊ से ए जो पवित्र और सच्चा ए और
जेसगे दाऊदो रिया कुँजियाँ ए। से जो कुछ बी खोलोआ, तेस खोले रे खे
कोई बंद नि करी सकदा और से जो कुछ बी बंद करोआ तेस बंद कित्ते रे खे
कोई खोली नि सकदा। आँऊ ताखे जो बोलूँआ से सुण: 8 आऊँ तेरे कामो
खे जाणूंआ, देख, मैं तां सामणे एक द्वार खोली राखेया, जेतेखे कोई बंद नि
करी सकदा। आँऊ ये बी जाणूंआ कि तेरी सामर्थ थोड़ी जी तो आए फेर बी
तैं मेरे वचन मानी राखे और मेरे नाओं खे ना नि कित्ती। 9 देख, मां शैतानो रे
सेयो सभा वाले़ तेरे वशो रे करी देणे, जो यहूदी बणी बैठी रे, पर आए नि,
बल्कि चूठ बोलोए। देख, मां एड़ा करना कि तिना आयी की तेरे पैरा पाँदे
माथा टेकणा और तिना ये जाणी लणा कि मैं तांते प्यार राखी राखेया। 10 तैं
मेरा वचन मानेया और सब्रो साथे दु:ख सईन कित्तेया। तेबेई मां बी तूँ परीक्षा
रे तेस बखते बचाई की राखणा, जो तरतिया पाँदे रणे वाले़या खे, परखणे खे,
सारे दुनिया रे आऊणे वाला़ ए। 11 आऊँ फटाफट ई आऊणे वाला़ ए। जो

कुछ तुसा गे ए, तेस पकड़ी की राख कि कोई तेरा मुकट छुड़ाई नि लओ। 12
जो जीती जाणे, से मां आपणे परमेशरो रे मन्दरो रे खम्बा बनाणे। से फेर
कदी बारे नि निकल़ने। मां आपणे परमेशरो रा नाओं और आपणे परमेशरो रे
नगर, मतलब-नये यरूशलेमो रे नाओं, जो मेरे परमेशरो गे ते स्वर्गो ते उतरने
वाल़ा ए और आपणा नया नाओं तेस पाँदे लिखणा। 13 जो समजी सकोआ
से तिजी खे त्यानो साथे सुणो और मानी बी लओ कि परमेशरो रा आत्मा
मण्डल़िया खे क्या बोलणे लगी रा। 14 "लौदीकिया नगरो री मण्डल़िया रे
स्वर्गदूतो खे ये संदेश लिख: आँऊ से ए जो आमीन् और विश्वासो जोगा और
सच्चा गवा ए और परमेशरो री सृष्टिया री मूल़ बजअ ए। आँऊ ताखे जो
बोलूँआ से सुण: 15 आऊँ तेरे कामो खे जाणूंआ कि तूँ ना तो ठण्डा ए और
ना गर्म; पला ऊँदा कि तूँ ठण्डा या गर्म ऊँदा। 16 पर तूँ सिर्फ गुल़मुल़ा ए। तूँ
ना ठण्डा ए और ना गर्म ए, तेबेई आऊँ ताखे आपणे मुंओ ते उगल़ने वाल़ा
ए। 17 तूँ जो बोलेया कि आऊँ अमीर ए और पैसे वाल़ा ऊईगा रा और
माखे किजी चीजा री कमी निए। पर ये नि जाणदा कि तूँ नबाग, तुच्छ,
कंगाल़, अन्दा और नांगा ए। 18 इजी री खातर आऊँ ताखे सला देऊँआ कि
आगी रे तपाया रा सुईना मांते मोले लओ कि तूँ अमीर ऊई जाए और सफेद
टाले लयी लो कि पईनी की ताखे आपणे नांगे ऊणे री शर्म नि ओ और
आपणी आखी रे लगाणे खे काजल़ लओ कि तूँ देखणे लगो। 19 आऊँ
जिना-जिना खे प्यार करूँआ, तिना सबी खे ल़वामे और ताड़ना देऊँआ। इजी
री खातर जोशीला ओ, और मन फेर। 20 देख, आऊँ द्वारो पाँदे खड़ेया रा
खटखटाऊँआ। जे कोई मेरा शब्द सुणी की द्वार खोलोगा, तो मां तेस साथे
पीतरे आयी की रोटी खाणी और तेस मां साथे खाणी। 21 जो जीती जाणे,
मां सेयो आपू साथे आपणे सिंहासनो पाँदे बठयाल़ने, जेड़ा आऊँ बी जय
पायी की आपणे पिते साथे तेसरे सिंहासनो पाँदे बैठी गा। 22 जो समजी
सकोआ से तिजी खे त्यानो साथे सुणो और मानी बी लओ कि परमेशरो रा
आत्मा मण्डल़िया खे क्या बोलणे लगी रा।"

4 इना सबी गल्ला खे देखणे ते बाद जेबे मैं नजर दित्ती, तो क्या देखूँआ कि
स्वर्गो रे एक द्वार खुले राए। तेबे तुरहिया री आवाजा जेड़ा मैं से शब्द सुणेया
जो मैं पईले बी सुणेया था। तिने माखे बोलेया, "एती ऊबे आईजा और मां

सेयो गल्ला ताखे दखाणियां, जिना रा इना गल्ला ते बाद पूरा ऊणा जरूरी
ए।" 2 आँऊ तेबुई पवित्र आत्मा ते परी गा। मैं स्वर्गो रे एक सिंहासन देखेया
और तेस सिंहासनो पाँदे कोई बैठी रा था। 3 जो तेस सिंहासनो पाँदे बैठी रा
था से यशबो और माणिक्य रा जा दखाई देओ था। तेस सिंहासनो रे चऊँ
कनारिये मरकतो रा जा मेघधनुष दखाई देओ था। 4 मैं तेस सिंहासनो रे चऊँ
कनारे चऊबी ओर सिंहासन देखे। इना सिंहासना पाँदे चऊबी बुजुर्ग सफेद
टाले पईनी की बैठी रे थे और इना रे सिरो पाँदे सुईने रे मुकट थे। 5 तेस
सिंहासनो ते बिजल़ी और गिड़ना निकल़ने लगी रा था। सिंहासनो रे सामणे
सात दिऊए बल़ने लगी रे थे। यो परमेशरो रिया सात आत्मा ए। 6 तेस
सिंहासनो सामणे मानो बिल्लौरो जेड़ा काँचो जेड़ा समुद्र था। सिंहासनो बीचे
और सिंहासनो रे चऊँ कनारे चार प्राणी थे, जिना रे आगे पीछे आखी ई
आखी थिया। 7 पईला प्राणी शेरो जेड़ा था और दूजे प्राणिये रा मूँ बल़दा जेड़ा
था, तीजे प्राणिये रा मूँ मांणूए जेड़ा था और चौथा प्राणी उड़दे ऊए उकाबो
जेड़ा था। 8 और चारो प्राणिया रे छे-छे पंख थे। चऊँ कनारे और पीतरे आखी
ई आखी थिया और सेयो दिन-रात बिना आराम कित्ते ये बोलदे रओ थे,
"पवित्र, पवित्र, पवित्र प्रभु परमेशर, सर्वशक्तिमान्, जो था और जो आए
और जो आऊणे वाल़ा ए।" 9 जेबे सेयो प्राणी तेसरी जो सिंहासनो पाँदे बैठी
रा था और जो जुगो-जुगो तक जिऊँदा ए, महिमा और आदर और धन्यवाद
करोगे, **(aiōn g165)** 10 तेबे चऊबी बुजुर्ग सिंहासनो पाँदे बैठणे वाल़े रे सामणे
रुड़ी जाणे और तेसगे, जो जुगो-जुगो तक जिऊँदा ए, माथा टेकणा और
आपणा-आपणा मुकट सिंहासनो सामणे ये बोलदे ऊए राखणा, **(aiōn g165)**
11 "ओ म्हारे प्रभु और परमेशर, तूँ ई महिमा और आदर और सामर्थो जोगा
ए, कऊँकि तैं ई सारिया चीजा बणाईया और सेयो तेरी ई इच्छा ते थिया और
बणाईया गईया।"

**5** तेबे मैं तेसरे दाँणे आथो रे एक कताब देखी, जो सिंहासनो पाँदे बैठी रा
था। से कताब पीतरा-बारा ते लिखी री थी और तिजी खे सात मुहरा लगाई
की बंद करी राखेया था। 2 तेबे मैं एक तागतबर स्वर्गदूत देखेया, जो जोरे की
ये प्रचार करो था कि, "एसा कताबा खे खोलणे और इजी री मुहरा खे तोड़ने
जोगा कुण ए?" 3 पर ना स्वर्गो रे, ना तरतिया पाँदे, ना तरतिया ते थाले

कोई तेसा कताबा खे खोलणे या तिजी पाँदे नजर पाणे जोगा निकल़ेया कि
तिदे क्या लिखी राखेया। 4 तेबे मेरिया आखी ते आसू निकल़ने लगे, कऊँकि
तेसा कताबा के खोलणे या तिजी पाँदे नजर पाणे जोगा कोई नि मिलेया। 5
तेबे तिना बुजुर्गा बीचा ते एकी जणे माखे बोलेया, "रोओ नि, देख, यहूदो रे
गोत्रो रा से शेर, दाऊदो वंशो रा मूल़ जयवंत ऊई रा। सेई एसा कताबा खे
खोलणे और इना सात मुहरा खे तोड़ने जोगा ए।" 6 तेबे मैं तेस सिंहासनो गे
चारो प्राणिया और तिना बुजुर्गा बीचे एक मिन्टू खड़ेया रा देखेया। से मानो
फाटेया रा मिन्टू था। तेसरे सात सींग और सात आखी थिया, यो परमेशरो
रिया सात आत्मा ए, जो परमेशरे सारी तरतिया रे पेजी राखिया। 7 तिने
मिन्टूए आगे आयी की जो सिंहासनो पाँदे बैठेया रा था, तेसरे दाँणे आथो ते
से कताब लयी ली, 8 और जेबे तिने कताब लयी ली, तेबे सेयो चारो प्राणी
और चऊबी बुजुर्ग, तेस मिन्टूए रे सामणे माथा टेकणे खे चुकी गे। हर एकी रे
आथो रे बीणा और तूपे की फरे रे सुईने रे कटोरे थे, ये तो परमेशरो रे लोका
रिया प्रार्थना ए। 9 तेबे सेयो ये नया गाणा गाणे लगे, "तूँ एसा कताबा खे
लणे और इजी रिया मुहरा खे खोलणे जोगा ए, कऊँकि तैं फाठी की आपणे
खूने की हर एक कुल़, पाषा, लोक और जातिया बीचा ते परमेशरो खे लोक
मोले लयी राखे। 10 और तिना खे म्हारे परमेशरो खे एक राज्य और पुरोईत
बणाया और सेयो तरतिया पाँदे राज करोए।" 11 तेबे मैं फेर देखेया, और
तेस सिंहासनो, तिना प्राणिया और तिना बुजुर्गा रे चऊँ कनारे ते बऊत सारे
स्वर्गदूता रा शब्द सुणेया, जिना री गिणती लाखो और करोड़ो रे थी, 12 और
सेयो जोरे-जोरे की बोलो थे, "फाटेया रा मिन्टू ई सामर्थ, पैसा, ज्ञान, शक्ति,
आदर, महिमा और तारीफा जोगा ए।" 13 तेबे मैं स्वर्गो रे, तरतिया पाँदे,
तरतिया ते थाले, समुद्रो रिया सब बणाई रिया चीजा खे और सब कुछ जो
तिना रे ए, ये बोलदे ऊए सुणेया, "जो सिंहासनो पाँदे बैठी रा, तेसरा और
मिन्टूए रा धन्यवाद और आदर, महिमा और राज्य जुगो-जुगो तक रओ।"
**(aiōn g165)** 14 तेबे चारो प्राणिये "आमीन्" बोलेया और बुजुर्गे चुकी की
माथा टेकेया।

**6** तेबे मैं देखेया कि मिन्टूए तिना सात मुहरा बीचा ते एक खोली और तेबे
तिना चारो प्राणिया बीचा ते एकी रा गिड़ने रा जा शब्द सुणेया, "आओ।" 2

तेबे मैं नजर दित्ती और तेती माखे एक सफेद रंगो रा कोड़ा दिशेया और तेस
पाँदे जो सवार था, तिने धनुष लयी राखेया था। तेसखे एक मुकट दित्तेया
और से स्वर्गो ते तरतिया री तरफा खे एक जितणे वाल़े जेड़ा और बी जय
पाणे खे निकल़ेया। 3 जेबे मिन्टूए दूजी मुहर खोली, तो तेबे मैं दूजा प्राणी ये
बोलदे ऊए सुणेया, "आओ।" 4 तेबे मैं तेती एक ओर कोड़ा निकल़दा ऊआ
देखेया जो आगी जेड़ा लाली रंगो रा था। तेसरे सवारो खे ये अक्क दित्तेया
कि तरतिया पाँदा ते मेल-जोल चकी दे, ताकि लोक एकी-दूजे खे फाटो
और तेसखे एक बड़ी तलवार दित्ती। 5 जेबे मिन्टूए तीजी मुहर खोली, तो
तेबे मैं तीजा प्राणी ये बोलदे ऊए सुणेया, "आओ।" तेबे मैं तेती एक ओर
कोड़ा निकल़दा ऊआ देखेया जो काल़े रंगो रा था। तेस सवारो रे आथो रे
एक ताकड़ी थी। 6 तेबे मैं तिना चारो प्राणिया बीचा ते एक शब्द ये बोलदे
ऊए सुणेया, "एकी दिनो री मजदूरिया री सेर परी कणक और एकी दिनो
री मजदूरिया री तीन सेर जौ, पर तेल और अँगूरा रे रसो रा नुकशाण नि
करना।" 7 जेबे मिन्टूए चौथी मुहर खोली, तो तेबे मैं चौथे प्राणिये रा शब्द ये
बोलदे ऊए सुणेया, "आओ।" 8 तेबे मैं तेती एक ओर कोड़ा निकल़दा ऊआ
देखेया, जो तोते रे रंगो जेड़ा था। तेसरे सवारो रा नाओं मौत ए और नरक तेस
पीछे-पीछे आऊणे लगी रा था। तिना खे ये अक्क दित्तेया कि तलवार, काल़,
मरी और तरतिया रे बणो रे डांगरा रे जरिए लोका खे काआ। (Hadēs g86) 9
जेबे मिन्टूए पांजी मुहर खोली, तो तेबे मैं बेदिया ते निठे तिना लोका रे प्राण
देखे, जो परमेशरो रे वचनो रा प्रचार करने री बजअ ते और तेसा गवाईया री
बजअ ते कि यीशु आसा रा प्रभु ए, जो तिने लोके दित्ती थी, फाटी ते थे। 10
तिने लोके परमेशरो खे जोरे-जोरे की आक्का पायी की बोलेया, "ओ स्वामी
तूँ पवित्र और विश्वासो जोगा ए! तां कदुओ तक न्याय नि करना और तरतिया
पाँदे रणे वाल़ेया ते म्हारे खूनो रा बदला कदुओ तक नि लणा?" 11 तेबे
तिना बीचा ते हर एकी खे सफेद टाले दित्ते और तिना खे बोलेया, "थोड़ी देर
आराम करो, जदुओ तक कि तुसा साथले दास और विश्वासी पाई, जो तुसा
जेड़े फाटणे वाल़े ए, तिना री बी गिणती पूरी नि ऊई जाओ।" 12 मैं मिन्टू
छठी मुहर खोलदे ऊए देखेया। तेबे एक बड़ा ईल्लण ऊआ और सूरज काल़ा
ऊईगा और प्रयासा देणा बन्द करी ता और पूरा चाँद खूनो जेड़ा लाल ऊईगा।

13 और सर्गो रे तारे तरतिया पाँदे ईंयां छुटणे लगे, जिंयाँ बड़े तूफानो ते
दाऊगले रे डालो ते काच्चे फल चढ़ोए। 14 तेबे सर्ग एड़ा गाईब ऊईगा, जेड़ी
चिट्ठी लपेटणे ते सिकुड़ी जाओई और हर एक पाह्ड़ और टापू आपणी-
आपणी जगा ते टली गे। 15 नतीजन, तेबे तरतिया रे राजे, प्रदान, सरदार,
पैसे वाले, सामर्थी लोक, हर एक दास और हर एक आजाद, पाह्ड़ो रे डवारा
रे और चट्टानी रे जायी की लूकी गे। 16 तेबे पाह्ड़ो ते और चट्टानी ते बोलणे
लगे, कि आसा पाँदे पड़ी जाओ और आसा खे तेसरे मुंओ ते, जो सिंहासनो रे
बैठी रा और मिन्टूए रे प्रकोपो ते लकोई देओ। 17 कऊँकि प्रकोपो रा से
डराऊणा दिन जिदे परमेशरो और मिन्टूए सबी खे सजा देणे आयी पऊँछी रा
और तेसा सजा खे कोई बी सईन नि करी सकदा।

**7** इजी ते बाद मैं तरतिया रे चारो कूणेयां पाँदे चार स्वर्गदूत खड़े देखे। तिने
स्वर्गदूते तरतिया री चारो अवा पकड़ी राखी थी, ताकि तरती या समुद्र या
केसी डालो पाँदे अवा नि चलो। 2 तेबे मैं एक ओर स्वर्गदूतो खे जिऊँदे
परमेशरो री मुहर लयी की पूर्वो ते ऊबो खे आऊँदा ऊआ देखेया। तिने तिना
चारो स्वर्गदूता ते, जिना खे तरती और समुद्रो रा नुकशाण करने रा अक्क
दित्तेया था, जोरे की आक्का पायी की बोलेया, 3 "जदुओ तक आसे आपणे
परमेशरो रे दासो रे माथेया पाँदे मुहर नि लगाई देऊँगे, तदुओ तक तरती,
समुद्र और डाला रा नुकशाण नि करना।" 4 और जिना पाँदे मुहर लगाई, मैं
तिना री गिणती सुणी कि इस्राएलो री ल्वादा रे सारे गोत्रा बीचा ते एक लाख
चवाली ह्जारा पाँदे मुहर लगाई। 5 स्वर्गदूते हर गोत्रो ते बारा ह्जारा लोका
पाँदे मुहर लगाई: यहूदा रे गोत्रो बीचा ते बारा ह्जारा पाँदे मुहर लगाई, रूबेनो
रे गोत्रो बीचा ते बारा ह्जारा पाँदे, गादो रे गोत्रो बीचा ते बारा ह्जारा पाँदे, 6
आशेरो रे गोत्रो बीचा ते बारा ह्जारा पाँदे, मनश्शिह रे गोत्रो बीचा ते बारा
ह्जारा पाँदे, 7 शमौनो रे गोत्रो बीचा ते बारा ह्जारा पाँदे, लेविए रे गोत्रो बीचा
ते बारा ह्जारा पाँदे, इस्साकारो रे गोत्रो बीचा ते बारा ह्जारा पाँदे, 8 जबूलूनो
रे गोत्रो बीचा ते बारा ह्जारा पाँदे, यूसुफो रे गोत्रो बीचा ते बारा ह्जारा पाँदे
और बिन्यामीनो रे गोत्रो बीचा ते बारा ह्जारा पाँदे मुहर लगाई। 9 इजी ते बाद
मैं नजर दित्ती और हर एक जाति, कुल, लोक और पाषा बीचा ते एक एड़ी
बड़ी पीड़ देखी, जेतेखे कोई गिणी नि सको था। सेयो सफेद टाले पईनी की

और आपणे आथो रे खजूरो रिया डाल़िया लयी की सिंहासनो रे सामणे और
मिन्टूए रे सामणे खड़ी रे थे। 10 और सेयो लोक जोरे की आक्का पायी की
बोलणे लगी रे थे, "म्हारे परमेशरो रा, जो सिंहासनो पाँदे बैठी रा और मिन्टूए
री जय-जयकार ओ कऊँकि ये सेयो ईए जिने आसा रा उद्धार कित्तेया।" 11
और सारे स्वर्गदूत, तेस सिंहासन, बुजुर्ग और चारो प्राणिया रे चऊँ कनारे
खड़ी रे थे। तेबे सेयो सिंहासनो रे सामणे मुंओ रे पारे रूड़ी गे और परमेशरो गे
माथा टेकेया, 12 और बोलेया, "आमीन्, म्हारे परमेशरो री स्तुति, महिमा,
ज्ञान, धन्यवाद, आदर, सामर्थ और शक्ति जुगो-जुगो तक बणी री रओ।
आमीन्।" (aiōn g165) 13 इजी ते बाद बुजुर्गा बीचा ते एकी जणे मांते पूछेया,
"क्या तुसे जाणोए कि ये सफेद टाले पईने रे लोक कूणे? और केथा ते आयी
रे?" 14 मैं तेसखे जबाब दित्तेया, "ओ श्रीमान् जी, आँऊ नि जाणदा पर तूँ ई
जाणेया।" तिने बुजुर्गे माखे बोलेया, "ये सफेद टाले पईने रे सेयो लोक ए,
जो तेस बड़े क्लेशो ते निकल़ी की आयी रे। इने लोके आपणे टाले मिन्टूए रे
खूने की तोई की सफेद करी राखे। 15 इजी बजअ ते, "सेयो परमेशरो रे
सिंहासनो रे सामणे ए और तेसरे मन्दरो रे रात-दिन सेवा करोए और जो
सिंहासनो पाँदे बैठी रा, तेस तिना पाँदे आपणा तम्बू ताणना। 16 सेयो फेर
पूखे-त्याये नि ऊणे और ना ई तिना पाँदे तूप और ना ई कोई तपन पड़नी। 17
कऊँकि मिन्टू, जो सिंहासनो रे बीचे ए, तेस तिना री रखवाल़ी करनी और
सेयो जीवनरूपी सूबल़ा रे नेड़े लयी जाणे और परमेशरे तिना री आखी ते सारे
आसू टूसी देणे।"

**8** जेबे मिन्टूए साती मुहर खोली, तेबे स्वर्गो रे आदे कंटे तक सन्णाटा
छाईगा। 2 और मैं सेयो सात स्वर्गदूत, जो परमेशरो सामणे खड़े रे रओए,
देखे और तिना खे सात तुरहिया दित्तिया। 3 तेबे एक ओर स्वर्गदूत सुईने री
तूपदानी लयी की आया और बेदिया रे नेड़े खड़ा ऊईगा। तेस स्वर्गदूतो खे
बऊत सारा तूप दित्तेया कि सारे परमेशरो रे लोका री प्रार्थना साथे, सुईने
रिया तेसा बेदिया पाँदे, जो सिंहासनो रे सामणे ए, चढ़ाओ। 4 और तेस तूपो
रा तुआँ परमेशरो रे लोका री प्रार्थना साथे, स्वर्गदूतो रे आथो ते, परमेशरो
सामणे पऊँछी गा। 5 तेबे स्वर्गदूते तूपदानी लयी की तिदे बेदिया री आग परी
और तरतिया रे पाई ती, तेबे गिड़ना, आवाज, बिजल़िया और इल्लण ऊणे

लगे। 6 तेबे सेयो सातो स्वर्गदूत, जिना गे सात तुरहिया थिया, फूकर देणे खे
त्यार ऊईगे। 7 पईले स्वर्गदूते तुरहिया रे फूकर दित्ती और खूनो साथे मिले रे
ओले़ और आग पैदा ऊई और तरतिया रे पाई ती। इजी बजअ ते तरतिया रा
तीजा इस्सा फूखी गा और डाल़ा रा तीजा इस्सा फूखी गा और सारा अरा
काआ बी फूखी गा। 8 जेबे दूजे स्वर्गदूते तुरहिया रे फूकर दित्ती, तेबे मानो
आगी जेड़ा बल़दा ऊआ एक बड़ा पाह्ड़ समुद्रो रे पायी ता। इजी बजअ ते
समुद्रो रा तीजा इस्सा खून ऊईगा। 9 और समुद्रो री एक तिहाई बणाई
रिया चीजा, जिना रे जिऊ था, मरी गिया और जाह्जा रा तीजा इस्सा नाश
ऊईगा। 10 जेबे तीजे स्वर्गदूते तुरहिया रे फूकर दित्ती, तेबे एक बड़ा तारा, जो
मशाली जेड़ा बल़ो था, सर्गो ते टूटेया और नदिया रे तीजे इस्से पाँदे और
पाणिए री सूबल़ा पाँदे आयी की पड़ी गा। 11 तेस तारे रा नाओं नागदौना
था। इजी बजअ ते एक तिहाई पाणी जईरीला और कड़ुआ ऊईगा। बऊत
सारे मांणू तेस जईरीले और कड़ुए पाणी पीणे ते मरी गे। 12 जेबे चऊथे
स्वर्गदूते तुरहिया रे फूकर दित्ती, तेबे सूरजो री तीजे इस्से पाँदे और चाँदो रे
तीजे इस्से पाँदे और तारेया रे तीजे इस्से पाँदे मुसीबत आईगी। इजी बजअ ते
तिना रा तीजा इस्सा काल़ा ऊईगा और दिनो रे तीजे इस्से पाँदे न्हेरा ऊईगा
और तिंयाँ ई राती रे बी। 13 जेबे आँऊ ये सब देखणे ई लगी रा था, तो सर्गो
रे बीचे एक उकाब उड़दे ऊए देखेया और जोंरे की ये बोलदे ऊए सुणेया:
"तिना स्वर्गदूता री तुरहिया रे शब्दो री बजअ ते, जिना रे फूकर देणी बाकि
ए, तरतिया रे रणे वाल़ेया पाँदे हाय! हाय!"

**9** जेबे पांजुए स्वर्गदूते तुरहिया रे फूकर दित्ती, तेबे मैं स्वर्गो ते तरतिया पाँदे
एक तारा रुड़दा ऊआ देखेया। तेसखे एड़े डूगे गड्डे खे खोलणे री कुँजी दित्ती
जेतेरी गईराईया रा कोई अंत निए। (Abyssos g12) 2 जेबे तिने से डूगा गड्डा
खोलेया, तेबे तेस गड्डे ते बड़ी पट्ठिया जेड़ा तुआँ निकल़ेया और तेस गड्डे रे तुएँ
ते सूरज और सर्गो रे न्हेरा ऊईगा। (Abyssos g12) 3 तेबे तेस तुँए बीचा ते
तरतिया पाँदे टिड्डिया निकल़िया और तिना टिड्डिया खे तरतिया रे लोका खे
बिच्छुआ जेड़ी डंग बाणे री तागत दित्ती। 4 तेबे तिना टिड्डिया खे बोलेया कि
ना तरतिया रे काओ खे, ना केसी अरयालिया खे, ना केसी डाल़ो रा नुकशाण
करो, बस तिना मांणूआ रा, जिना रे माथे रे परमेशरो री मुहर निए। 5 तिना

टिड्डिया खे काणे रा तो नि, पर पाँज मीन्ने तक लोका खे पीड़ देणे रा अक्क
दित्तेया और तिना री पीड़ एड़ी थी, जेड़ी बिच्छुआ री डंग बाणे ते मांणूआ खे
ओई। 6 तिना पाँज मीन्नेया दे मांणूआ मौत टोल़नी, पर मिलणी नि और
मरने री इच्छा करनी और मौत तिना गे ते नठी जाणी। 7 तिना टिड्डिया रा
आकार लड़ाईया खे त्यार कित्ते रे कोड़ेया जेड़ा था और तिना रे सिरो पाँदे
मानो सुईने रे जे मुकट थे और तिना रे मूँ मांणूआ जेड़े थे। 8 तिना रे बाल़
जवाणसा जेड़े लाम्बे थे और दाँद शेरो जेड़े मजबूत थे। 9 तिना रा शरीर मानो
लोए री झिलमा ते टकी रा था। तिना रे पंखो री आवाज एड़ी थी, जेड़ी रथ
और बऊत सारे कोड़ेया री ओई, जो लड़ाईया रे दौड़ोए। 10 तिना री पूँछ
बिच्छुआ जेड़ी थी और तिना रे डंग थे और तिना खे पाँज मीन्ने तक मांणूआ
खे दुःख पऊँछाणे री जो शक्ति देई राखी थी, से तिना री पूँछा रे थी। 11 जेते
डूगे गड्डे री गईराईया अंत निए तेतेरा रा दूत तिना पाँदे राजा था। तेस राजे रा
नाओं इब्रानिया रे अबद्दोन और यूनानिया रे अपुल्लयोन था। (Abyssos g12)
12 पईली मुसीबत बित्ती चुकी, देखो, एबे इना ते बाद दो मुसीबता ओर ऊणे
वाल़िया ए। 13 जेबे छठे स्वर्गदूते तुरहिया रे फूकर दित्ती, तो जो सुईने री बेदी
परमेशरो सामणे ए, तेसा बेदिया रे चऊँ कूणेयां रे सींगो बीचा ते आऊँदा
ऊआ मैं एक शब्द सुणेया। 14 मानो कोई तेस छठे स्वर्गदूतो ते, जेसगे तुरही
थी, बोलेया, "तिना चारो दूता खे, जो बड़ी नदी फराता गे बाने रे ए, खोली
देओ।" 15 तेबे सेयो चारो दूत, जो एसा कअड़िया, दिन, मीन्ना और सालो
खे त्यार कित्ते थे, मांणूआ रे तीजे इस्से खे काणे खे आजाद करी ते। 16 और
फौजा रे सवांरिया री गिणती बी करोड़ थी, मैं तिना री गिणती सुणी। 17
माखे एस दर्शनो रे कोड़े और तिना रे एड़े सवार दिखे, जिना री झिलम आग,
धूम्रकान्त और गन्धको जेड़ी थी। तिना कोड़ेया रे सिर शेरो रे सिरो जेड़े थे
और तिना रे मुंओ ते आग, तुआँ और गन्धक निकल़ो थी। 18 इना तिनो
महामारिया, मतलब-आग, तुआँ और गन्धका ते जो तेसरे मुंओ ते निकल़ो
थी, मांणूआ रा तीजा इस्सा काई ता। 19 तिना कोड़ेया री शक्ति तिना रे मुंओ
रे और तिना री पूँछा रे थी। कऊँकि तिना री पूँछ सापो जेड़ी थी और तिना
पूँछा रे सिर बी थे और इना तेई सेयो लोका खे दुःख देओ थे। 20 और बाकि
मांणू जो तिना महामारिया ते नि मरे थे, आपणे आथो रे कामो ते मन नि

फेरेया कि दुष्टात्मा री, सुईना, चाँदी, पीतल़, पात्थर और काठो री मूर्तिया री
पूजा नि करो, जो ना देखी सकोई, ना सुणी सकोई और ना ई चली सकोई।
21 और जो खून, जादू-टोणा, व्याभिचार और चोरिया तिने कित्ती थी, तिना ते
मन नि फेरेया।

**10** तेबे मैं एक ओर तागतबर स्वर्गदूत बादल़ो ते किरे रे, स्वर्गो ते उतरदे
ऊए देखेया। तेसरे सिरो पाँदे बादल़ो रा मेघधनुष था और तेसरा मूँ सूरजो
जेड़ा और तेसरे पैर आगी रे खम्बे जेड़े थे। 2 तिने आपणा दाँणा पैर समुद्रो रे
और खूँजा तरतिया पाँदे राखेया। तेसरे आथो रे एक छोटी जी खुली री कताब
थी। 3 तेबे से इतणी जोरे की चिंगेया, जेड़ा शेर गर्जोआ और जेबे से चिंगेया,
तो गर्जणा री सात आवाजा सुणिया। 4 जेबे सातो गर्जणा री आवाजा सुणी
चुकिया, तो आऊँ लिखणे वाल़ा ई था, पर मैं स्वर्गो ते ये आवाज सुणी, "जो
गल्ला गर्जणा रे तिना सात आवाजा ते सुणी राखिया, तिना खे गुप्त राख
और लिख नि।" 5 जेस स्वर्गदूतो खे मैं तरतिया पाँदे और समुद्रो रे खड़ेया रा
देखेया था, तिने आपणा दाँणा आथ स्वर्गो री तरफा खे चकेया, 6 और तिने
तेसरी जो जुगो-जुगो तक जिऊँदा ए और जिने स्वर्ग और जो कुछ तिदे ए,
तरती और जो कुछ तिदे ए और समुद्रो खे और जो कुछ तिदे ए, बणाया,
तेसरी ई कसम खाई कि बोलेया, "एबे तो ओर देर नि ऊणी। (aiōn g165) 7
तेस बखते जेबे सातुए स्वर्गदूतो तुरहिया रे फूकर देणी, परमेशरो आपणी
गुप्त योजना पूरी करनी जेतेरा संदेश तिने आपणे दास भविष्यबक्तेया खे
दित्तेया था।" 8 जो आवाज मैं स्वर्गो ते बोलदे ऊए सुणी थी, से फेर मां साथे
गल्ला करने लगेया, "जा, जो स्वर्गदूत समुद्र और तरतिया पाँदे खड़ी रा,
तेसरे आथो री खुली री कताब लयी लो।" 9 तेबे मैं स्वर्गदूतो गे जाई की
बोलेया, "ये छोटी जी कताब माखे दे।" और तिने माखे बोलेया, "लओ,
इजी खे खाई दे और एसा तेरा पेट कड़ुआ तो करना, पर तेरे मुंओ रे सईतो
जेड़ी मीठी लगणी।" 10 तेबे आऊँ से छोटी कताब स्वर्गदूतो रे आथो ते
लयी की खाई गा। से मेरे मुंओ रे सईतो जेड़ी मीठी तो लगी, पर जेबे आऊँ
तेसा खे खाई चुकेया, तो मेरा पेट कड़ुआ ऊईगा। 11 तेबे माखे ये बोलेया
गया, "ताखे बऊत सारे लोका, जातिया, पाषा और राजेया रे बारे रे फेर
भविष्यबाणी करनी ऊगी।"

**11** तेबे मांगे नापणे खे एक नगल़ दित्तेया और तिने बोलेया, “उठ, परमेशरो
रे मन्दर और बेदिया खे नापी लओ और तिदे भक्ति करने वाल़ेया री गिणती
करी लओ। 2 पर मन्दरो रा बारला आँगण छाडी दे, तिजी खे नि नाप कऊँकि
से दुजिया जातिया खे देई राखेया। तिना लोका पवित्र नगर यरूशलेम बयाल़ी
मीन्ने तक केसणा। 3 तेस बखते, मां आपणे दो गवाओ खे ये अक्क देणा
कि सेयो टाट टखी की एक ह्जार दो सौ साठ दिन तक भविष्यबाणी करो।”
4 ये दोनो गवाह् ई जैतूनो रे दो डाल़ और दो दिऊए ए, जो तरतिया पाँदे
राज करने वाल़े प्रभुए रे सामणे खड़े रओए। 5 जे कोई तिना खे नुकशाण
पऊँछाणा चाओआ, तो तिना रे मुंओ ते आग निकल़ी की तिना रे बैरिया खे
स्वा करी देओई। जे कोई तिना खे नुकशाण पऊँछाणा चाओगा, तो जरूर
ईंयां ई काया जाणा। 6 परमेशरे तिना खे ये अक्क देई राखेया कि तिना
री भविष्यबाणिया रे दिना रे सेयो सर्गो खे बंद करी देओ, ताकि बादल़ नि
बरसो। तिना खे ये अक्क बी मिलेया राए कि पाणिए खे खूनो रे बदली देओ
और जेबे-जेबे चाओ तेबे-तेबे तरतिया पाँदे हर प्रकारा री मुसीबत ल्याओ। 7
जेबे सेयो दो गवा आपणी गवाई देई चुकणे, तेबे से डांगर, जो तेते डूगे गड्डे ते
जेते री गईराईया रा अंत निए निकल़ना और तिना साथे लड़ी की तिना ते
जीतणा और सेयो काई देणे। (Abyssos g12) 8 तेबे तिना दूँईं गवा री लोथा
जो काई राखे थे, तेस बड़े यरूशलेम नगरो रे चौको पाँदे पड़िया री रणियां,
जेती तिना रा प्रभु बी क्रूसो पाँदे चढ़ाया था। चिह्नो रे तौरो पाँदे ये नगर सदोम
और मिस्र नगरो जेड़ा ए। 9 सब लोक, कुल़, पाषा और जातिया बीचा ते
लोक तिना दूँईं गवा री लोथा साडे तीन दिन तक देखदे रणे, पर तिना री
लोथा कब्रा रे केसी खे बी राखणे नि देणियां। 10 मरने ते पईले ये दोनो गवा
तरतिया रे लोका खे बऊत सताओ थे। जेबे तरतिया रे लोका ये सुणना कि
सेयो दोनो काईते रे, तेबे सेयो लोक तिना रे मरने ते खुश और मग्न ऊणे और
एकी-दूजे गे पेंट पेजणी। 11 पर साडे तीन दिन बाद परमेशरो री तरफा ते
जिन्दगिया री आत्मा तिना पाँदे बैठी गी और सेयो आपणे पैरो रे पारे खड़े
ऊईगे और तिना खे देखणे वाल़े बऊत डरी गे। 12 तिजी ते बाद तिना दूँईं खे
स्वर्गो ते एक बड़ा शब्द सुणेया, “एती ऊबे आओ।” और ये सुणी की सेयो
बादल़ो पाँदे सवार ऊई की आपणे बैरिया रे देखदे-देखदे स्वर्गो पाँदे चढ़ी गे।

13 तेबे तेस बखते ई एक बड़ा-पारी भूकंप ऊआ और यरूशलेम नगरो रा
दसुआ इस्सा टल़ी गा और तेस ई भूकंपो ते सात ह्जार मांणू मरी गे, बाकि
डरी गे और स्वर्गो रे परमेशरो री महिमा कित्ती। 14 दूजी मुसीबत बित्ती गी,
देखो तीजी मुसीबत चट ई आऊणे वाल़ी ए। 15 जेबे सातुए स्वर्गदूते तुरहिया
रे फूकर दित्ती, तो स्वर्गो रे इजी रे बारे रे बड़े-बड़े शब्द ऊणे लगे, "दुनिया
रा राज्य म्हारे प्रभुए रा और तेसरे मसीह रा ऊईगा और तेस जुगो-जुगो
तक राज्य करना।" (aiōn g165) 16 तेबे चऊबी बुजुर्ग, जो परमेशरो सामणे
आपणे-आपणे सिंहासनो पाँदे थे बैठे रे, मुंओ रे पारे रूड़ी की, परमेशरो गे
माथा टेकी की 17 ये बोलणे लगे, "ओ सर्वशक्तिमान् प्रभु परमेशर, जो आए
और जो था, आसे तुसा खे धन्यवाद करूँए तुसे बड़ी सामर्था खे कामो रे
ल्याई की राज्य करी राखेया।" 18 तेबे दुजिया जातिया खे रोष आईगा और
तुसा रा प्रकोप आयी की पड़ी गा और से बखत आयी पऊँछी रा कि मरेया रा
न्याय कित्तेया जाओ और तुसा रे दास भविष्यबक्तेया खे, परमेशरो रे लोका
खे और तिना छोटेया बड़ेया खे, जो तुसा रे नाओं ते डरोए, बदला दित्तेया
जाओ और तरतिया खे बगयाड़ने वाल़े नाश कित्ते जाओ 19 और परमेशरो रा
मन्दर, जो स्वर्गो रे ए, से खोलेया और तेसरे मन्दरो रे तेसरी वाचा रा सन्दूक
दिशेया। और तेती बिजल़िया, आवाज, गर्जण और ईल्लण ऊणे लगे और
बड़े-बड़े ओल़े पड़े।

**12** इना गल्ला ते बाद स्वर्गो रे एक नऊखा नजारा दिशेया। मैं देखेया कि
एक जवाणस सूरज टखे रे थी और चाँद तेसा रे पैरा निठे था और तेसा रे
सिरो पाँदे बारा तारेया रा मुकट था। 2 से जवाणस गर्भवती थी और चिंगणे
लगी री थी, कऊँकि तेसा खे जमणे रिया पीड़ा लगी री थिया और से बच्चा
जम्मणे रिया पीड़ा रे थी। 3 तेबे स्वर्गो रे एक ओर नऊखा नजारा दिशेया और
देखो, एक बड़ा लाल अजगर था, जेसरे सात सिर और दस सींग थे और
तेसरे सातो सिरो पाँदे सात राजमुकट थे। 4 तेसरी पूँछे सर्गो रे तारेया रा
तीजा इस्सा खिंजी की तरतिया रे पायी ता। और से अजगर तेसा जवाणसा
सामणे, जो बच्चे खे पैदा करने वाल़ी थी, खड़ा ऊईगा, ताकि जेबे से बच्चा
पैदा करो, तो से तेसा रे बच्चे खे खाई जाओ। 5 तेसा रे पाऊ ऊआ, जो लोए
रा राजदण्ड लये रे, सबी जातिया पाँदे राज्य करने वाल़ा था। और तेसा रा

बच्चा परमेशरो गे और तेसरे सिंहासनो गे चकी की पऊँछाई ता। 6 और से
जवाणस तेसा सुनसाण जगा खे नठी गी, जेती परमेशरो री तरफा ते तेसा खे
जगा त्यार करी राखी थी, ताकि से तेती एक ह्जार दो सौ साठ दिना तक
पाल़ी जाओ। 7 तेबे स्वर्गो रे लड़ाई शुरू ऊईगी। मीकाईल और तेसरे स्वर्गदूत
अजगरो साथे लड़ने खे निकल़े, अजगर और तिना रे दूत बी तेस साथे लड़े।
8 पर से अजगर आरी गा और से और तेसरे दूत स्वर्गो ते निकयाल़ी ते। 9 तेबे
से बड़ा अजगर, मतलब सेई पुराणा साप, जेसखे शैतान बोलोए और सारे
दुनिया खे भरमाणे वाल़ा ए, तरतिया रे रूड़ाईता और तेसरे दूत बी तेस साथे
रूड़ाईते। 10 तेबे मैं स्वर्गो ते ये बड़ा शब्द आऊँदे ऊए सुणेया, "एबे म्हारे
परमेशरो रा उद्धार, सामर्थ, राज्य और तेसरे मसीह रा अक्क प्रगट ऊई रा।
कऊँकि म्हारे पाईया पाँदे दोष लगाणे वाल़ा, जो दिन-रात म्हारे परमेशरो
सामणे, तिना पाँदे दोष लगाया करोआ, रुड़ाई ता रा। 11 और सेयो मिन्टूए
रे खूनो री बजअ ते और आपणी गवाईया रे वचनो री बजअ ते, तेस पाँदे
जयवंत ऊए। कऊँकि तिने आपणे प्राण प्यारे नि जाणे, एथो तक की मौत बी
सयी ली। 12 इजी बजअ ते, ओ स्वर्गो और तिना रे रणे वाल़ेयो मगन रओ,
ओ तरती और समुद्र, तुसा खे धिक्कार ए, कऊँकि शैतान बड़े ई रोषो रे तुसा
गे उतरी की आईगा रा, कऊँकि से जाणोआ कि तेसरा थोड़ा ई बखत बाकि
ए।" 13 जेबे अजगरे महसूस कित्तेया कि आऊँ तरतिया पाँदे रुड़ाई ता रा, तो
से जवाणस, जेसा रे पाऊ जम्मेया था, तेसा खे सताणे लगेया। 14 तेबे
तेसा जवाणसा खे बड़े उकाबो जेड़े दो पंख दित्ते, ताकि सापो गे ते उडी की
सुनसाण जगा रे पऊँछी जाओ, जेती से एक बखत और बखतो और आदे
बखतो तक पाल़ी जाओ। 15 तेबे अजगरे तेसा जवाणसा पीछे आपणे मुंओ
ते नदिया जेड़ा पाणी लटेया, कि तेसा खे एसा नदिया ते हड़ाई देओ। 16
पर तरतिये तेसा जवाणसा री मताद कित्ती और आपणा मूँ खोली की, से
नदी, जो अजगरे आपणे मुंओ ते बाह्ई थी, पी ती। 17 नतीजन, अजगरो खे
जवाणसा पाँदे रोष आईगा तेबेई तेसा री बाकि ल्वादा ते, जो परमेशरो रे
ऊक्मो खे मानोए और प्रभु यीशुए री गवाई देणे रे टीके रे थे, लड़ने खे गया
13 और से अजगर समुद्रो रे कनारे पाँदे जायी की खड़ा ऊईगा। तेबे मैं एक
डांगर समुद्रो ते निकल़दा ऊआ देखेया, जेसरे दस सींग और सात सिर थे।

तेसरे सातो सिरा पाँदे दस राजमुकुट थे और तेसरे हर सिरो पाँदे परमेशरो री
निन्दा रे नाओं लिखी राखे थे। 2 जो डांगर मैं देखेया, से चीत्ते जेड़ा था, तेसरे
पैर पालूओ जेड़े थे, मूँ शेरो जेड़ा था। तिने अजगरे आपणी सामर्थ, आपणा
सिंहासन और बड़ा अक्क तेसखे देईता। 3 मैं तेस डांगरो रे सिरो बीचा ते
एकी पाँदे एक बड़ा-पारी जख्म देखेया, मानो से मरने वाल़ा ए, तेबे तेसरे
प्राण लणे वाल़ा जख्म ठीक ऊईगा और सारी तरतिया रे लोक तेस पीछे-पीछे
अचम्बा करदे ऊए चले। 4 तिने अजगरो री पूजा कित्ती, कऊँकि तिने डांगरो
खे आपणा अक्क देईता था और ये बोली की डांगरो री पूजा कित्ती कि,
“एस डांगरो जेड़ा कूणे? कुण एस साथे लड़ी सकोआ?” 5 तेस डांगरो खे
त्वाल़िया मारने खे और परमेशरो री निन्दा करने खे अक्क दित्तेया। तेसखे
बयाल़ी मीन्ने तक काम करने रा अक्क दित्तेया। 6 तिने डांगरे परमेशरो री
निन्दा करने खे मूँ खोलेया कि तेसरा नाओं और तेसरा तम्बू, मतलब स्वर्गो रे
रणे वाल़ेया री निन्दा करो। 7 तेस डांगरो खे ये अक्क दित्तेया कि परमेशरो रे
लोका साथे लड़ो, तिना पाँदे जय पाओ। तेसखे हर एक कुल़, लोक, पाषा
और जातिया पाँदे अक्क दित्तेया। 8 तरतिया रे सब रणे वाल़ेया तेस डांगरो
री पूजा करनी मतलब सेयो लोक जिना रे नाओं दुनिया री शुरूआता तेई तेस
मिन्टूए री जीवनो री कताबा रे नि लिखी राखे थे। से मिन्टू ईए जो काई
राखेया था। 9 जो समजी सकोआ से तिजी खे त्यानो साथे सुणो और मानी
बी लओ। 10 जेसखे कैदा रे पड़ना ए, से कैदा रे पड़ना, जो तलवारी ते
बाओगा, जरूरी ए कि से तलवारी की काया जाणा, परमेशरो रे लोका रा सब्र
और विश्वास इदे ई आए। 11 तेबे मैं एक ओर डांगर तरतिया ते निकल़दे ऊए
देखेया, तेसरे मिन्टूए जेड़े दो सींग थे और से अजगरो जेड़ा बोलो था। 12 ये
तेस पईले डांगरो रा सारा अक्क तेस सामणे कामो रे ल्याओ था और तरती
और तिदे रणे वाल़ेया ते तेस पईले डांगरो री पूजा कराओ था, जेसरे प्राण
लणे वाल़ा जख्म ठीक ऊईगा था। 13 ये दूजा डांगर बड़े-बड़े चिह्न दखाओ
था, एथो तक ई मांणूआ सामणे सर्गो ते तरतिया पाँदे आगी री बरखा करी
देओ था। 14 तिना बड़े-बड़े चिह्न री बजअ ते, जो तेस डांगरो सामणे दखाणे
रा अक्क तेसखे दित्तेया था, से तरतिया पाँदे रणे वाल़ेया खे ईंयां भरमाओ
था कि तरतिया रे रणे वाल़ेया खे बोलो था कि जेस डांगरो रे तलवार लगी

थी, से जिऊँदा ऊईगा रा, तेसरी मूरत बणाओ। 15 तेस दूजे डांगरो खे तेस
पईले डांगरो री मूरता रे प्राण पाणे रा अक्क दित्तेया, ताकि डांगरो री मूरत
बोलणे लगो और जितणे लोक तेस डांगरो री मूरता री पूजा नि करो, तिना खे
काई देओ। 16 तेबे तिने दूजे डांगरे सबी लोका खे छोटा या बड़ा, अमीर या
गरीब और आजाद या दास सबी रे दाँणे आथो रे या तिना रे माथे पाँदे पईले
डांगरो री छाप लगाणे के मजबूर कित्तेया। 17 ताकि तेसखे छाडी की, जेस
पाँदे छाप, मतलब-तेस डांगरो रा नाओं या तेसरे नाओं रा अंक ओ और दूजा
कोई लेण-देण नि करी सको। 18 इजी खे समजणे खे दमाको री जरूरत ए।
पर जेसगे दमाक ए से ये पता लगाई सकोआ कि एस डांगरो रे अंको रा क्या
मतलब ए। कऊँकि ये एक मांणूए रा नाओं ए। और तेसरा अंक छे सौ छयाठ
ए।

**14** तिना गल्ला ते बाद मैं नजर दित्ती और देखो, से मिन्टू सिय्योनो रे पाह्ड़ो
पाँदे खड़ी रा। और तेस साथे एक लाख चवाल़ी ह्जार जणे ए, जिना रे माथे
पाँदे तेसरा नाओं और पिते रा नाओं लिखी राखेया। 2 और स्वर्गो ते माखे
एक एड़ी आवाज सुणी, जो बऊत सारे पाणिए री और बड़ी गिड़ने री जी
आवाज थी और जो आवाज मैं सुणी, से एड़ी थी, मानो बीणा बजाणे वाल़े
बीणा बजाओए। 3 सेयो एक लाख चवाल़ी ह्जार लोक सिंहासनो सामणे
और चारो प्राणिया सामणे और बुजुर्गा सामणे, मानो ये नया गाणा गाणे लगी
रे थे और तिना एक लाख चवाल़ी ह्जार जणेया खे छाडी की, जो तरतिया
पाँदा ते मोले लयी राखे थे, कोई से गाणा नि सिखी सको था। 4 ये एक
लाख चवाल़ी ह्जार सेयो लोक ए, जो जवाणसा साथे अशुद्ध नि ऊए, पर
कुआँरे ए, यो सेयो ईए कि जेती केथी मिन्टू जाओ था, सेयो तेस पीछे चली
पड़ो थे। यो तो परमेशर और मिन्टूए खे पईले फल़ो जेड़े मांणूआ बीचा ते
मोले लयी राखे। 5 तिना रे मुंओ ते कदी चूठ नि निकल़ेया, सेयो निर्दोष ए।
6 तेबे मैं एक ओर स्वर्गदूत सर्गो रे उड़दा ऊआ देखेया, जेसगे तरतिया रे
रणे वाल़ेया री हर जाति, कुल़, पाषा और लोका खे सुनाणे खे सदा कालो
रा ईश्वरीय सुसमाचार था। **(aiōnios g166)** 7 और तिने जोरे की बोलेया,
“परमेशरो ते डरो और तेसरी महिमा करो, कऊँकि तेसरे न्याय करने रा
बखत आयी पऊँछी रा। और तेसरी भक्ति करो, जिने स्वर्ग, तरती, समुद्र और

पाणिए रिया सूबल़ा बणाईया।” **8** तेबे इजी ते बाद एक ओर दूज़ा स्वर्गदूत
ये बोलदा ऊआ आया, “रुड़ी गा, से बड़ा बेबीलोन रुड़ी गा, जिने आपणे
व्याभिचारो री कोपमय शराब सबी जातिया खे पल़याई।” **9** तेबे इना ते बाद
एक ओर तीजा स्वर्गदूत जोरे की ये बोलदा ऊआ आया, “जो कोई तेस डांगर
और तेसरी मूरता री पूजा करो और आपणे माथे रे या आपणे आथो रे तेसरी
छाप लओ, **10** तो तेस परमेशरो रे प्रकोपो री छुदी शराब, जो तेसरे रोषो रे
कटोरे रे पाई राखी, पीणी और पवित्र स्वर्गदूता सामणे और मिन्टूए सामणे
आग और गन्धको री पीड़ा रे पड़ना। **11** तिना री पीड़ा रा तुआँ जुगो-जुगो
तक उठदा रणा और जो तेस डांगर और तेसरी मूरता री पूजा करोए और जो
तिना रे नाओं री छाप लओए, तिना खे रात-दिन चैन नि मिलणा।” **(aiōn
g165)** **12** कऊँकि ये सारिया गल्ला ऊणे वाल़िया ए इजी खे परमेशरो रे
लोका रा सब्र इदे ईए, जो परमेशरो री आज्ञा खे मानोए और यीशुए पाँदे
विश्वास करोए। **13** मैं स्वर्गो ते ये आवाज सुणी, “लिख: जो मुड़दे प्रभुए रे
मरोए, सेयो एबुए ते धन्य ए।” आत्मा बोलोआ, “आ, कऊँकि तिना खे
आपणी मईणता ते आराम मिलणा और तिना रे काम तिना साथे ओए ए।”
**14** तेबे मैं नजर दित्ती और देखो, एक उजल़ा बादल़ था और तेस बादल़ो
पाँदे माणूं रे पुत्रो जेड़ा कोई बैठी रा था, जेसरे सिरो पाँदे सुईने रा मुकट
और आथो रे पैनी दराटी थी। **15** तेबे एकी और स्वर्गदूते मन्दरो ते निकल़ी
की तेसते, जो बादल़ो पाँदे बैठी रा था, जोरे की आक्का पाई की बोलेया,
“आपणी दराटी लयी की बाड, कऊँकि बाडणे रा बखत आईगा रा, कऊँकि
तरतिया री फसल पाक्की चुकी री।” **16** तेबे से जो बादल़ो पाँदे बैठी रा था,
तिने तरतिया पाँदे आपणी दराटी लगाई और तरतिया री फसल बाडी ती। **17**
तेबे एक और स्वर्गदूत तेस मन्दरो ते निकल़ेया, जो स्वर्गो रे ए और तेसगे
बी पैनी दराटी थी। **18** तेबे एक ओर स्वर्गदूत, जेसखे आगी पाँदे अक्क
था, बेदिया ते निकल़ेया और जेसगे पैनी दराटी थी, तिने जोरे की बोलेया,
“आपणी पैनी दराटी लगाई की, तरतिया री अँगूरो री बेला रे गुच्छे बाडी दे,
कऊँकि तिजी रे अँगूर पाक्की चुकी रे।” **19** तेबे तिने स्वर्गदूते आपणी दराटी
लगाई और तरतिया पाँदलिया अँगूरा रिया बेली रा फल बाडी की आपणे
परमेशरो रे प्रकोपो रे बड़े रसकूण्डो रे पाईता **20** और नगरो ते बारे तेस

रसकूण्डो रे अँगूर माण्डे और रसकूण्डो ते इतणा खून निकल़ेया कि कोड़ेया
री लगामा तक पऊँछेया और से सौ कोह तक बईगा।

15 इजी ते बाद मैं स्वर्गो रे एक ओर बड़ा और नऊखा नजारा देखेया,
मतलब-सात स्वर्गदूत, जिना गे सातो आखरी मुसीबता थिया, कऊँकि तिना
रे ऊणे ते परमेशरो रे प्रकोपो रा अंत ए। 2 और मैं आगी साथे मिले रा काँचो
जेड़ा एक समुद्र देखेया और जो तेस डांगरो पाँदे, तेसरी मूरता पाँदे और तेसरे
नाओं रे अंको पाँदे जयवंत ऊए थे, सेयो तेस काँचो रे समुद्रो रे नेड़े परमेशरो
री बीणा लयी की खड़े देखे। 3 सेयो परमेशरो रे दास मूसे रा गाणा और
मिन्टूए रा गाणा गायी-गायी की बोलो थे, "ओ सर्वशक्तिमान् प्रभु परमेशर,
तेरे काम बड़े और नऊखे ए, ओ जुगो-जुगो रे राजा, तेरी चाल ठीक और
सच्ची ए। 4 ओ प्रभु, तांते कुण नि डरना और केस तेरे नाओं री महिमा नि
करनी? कऊँकि बस तूँ ई पवित्र ए। सारिया जातिया तांगे आयी की माथा
टेकणा, कऊँकि तेरे न्याय रे काम प्रगट ऊईगे रे।" 5 इजी ते बाद मैं देखेया
कि स्वर्गो रे मन्दर खोलेया और तिदे साक्षिया रा तम्बू था। 6 और सेयो
सातो स्वर्गदूत, जिना गे सातो मुसीबता थिया, मलमलो रे शुद्ध और चमकदे
ऊए टाल्ले पईनी की और छातिया पाँदे सुईने री पट्टिया बानी की मन्दरो ते
निकल़े। 7 तेबे तिना चारो प्राणिया बीचा ते एकी जणे तिना सातो स्वर्गदूता
खे परमेशरो रे, जो जुगो-जुगो तक जिऊँदा ए, प्रकोपो ते फरे रे सात सुईने रे
कटोरे दित्ते (aiōn g165) 8 और परमेशरो री महिमा और तेसरी सामर्था री
